

चौखम्बा संस्कृत ग्रन्थमाला १२१

कुवलयानन्दः

'रसिकरञ्जनी' संस्कृत टीका तथा आचार्य-जयशङ्करलाल त्रिपाठी विरचित 'भावबोधिनी' हिन्दी-व्याख्या सहित

सम्पादक एवं हिन्दी व्याख्याकार
प्रो. जयशंकरलालत्रिपाठी

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

Kumar Amol

चौखम्बा संस्कृत ग्रन्थमाला
१२१
***

श्रीमदद्वैत-विद्याचार्यवर्य-श्रीमद्भरद्वाजकुलजलधिकौस्तुभ-
श्रीरङ्गराजाध्वरीन्द्रवरतनूभव-श्रीमदप्पयदीक्षितविरचितः

कुवलयानन्दः

श्रीमद्वाधूलवंशमुक्ताफलतिलक-श्रीदेवसिंहसुमतिनन्दन-
श्रीमत्साग्निचित्य-वाजपेययाजि-गङ्गाधर-मनीषिविरचितया
रसिकरञ्जन्याख्यया टीकया

सवंलितः

पण्डित–रा० हालास्यनाथं–विहितया
टिप्पण्या विभूषितः

आचार्य–जयशङ्करलाल त्रिपाठिविरचितया
भावबोधिन्याख्यया हिन्दी-व्याख्यया च समलङ्कृतः

सम्पादको हिन्दीव्याख्याकारश्च
राष्ट्रपति-सम्मानितः
आचार्य–जयशङ्करलालत्रिपाठी
व्याकरणाचार्यः (लब्धस्वर्णपदकः)
एम.ए., पी-एच.डी., डी. लिट्.
संस्कृत-विभागाध्यक्षचरः
संस्कृत-विभागः, कलासङ्कायः
काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
वाराणसी

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : तृतीय, वि०सं० २०७३, सन् २०१६
मूल्य : रू० ४२५.०० (P. B.)
रू० ५७५.०० (H. B.)

ISBN: 978-81-7080-185-0

© चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : (आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice01@gmail.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३५०२०

Kumar Amol

CHOWKHAMBA SANSKRIT GRANTHAMALA
121
****

KUVALAYĀNANDAḤ

OF
ŚRIMAD APPAYA DIXITA
With the Sanskrit Commentary
RASIKA-RANJANI
OF
ŚRIMAD GANGADHAR VAJAPEYIN

With Copious Notes of
Pt. R. Halasya Nath Shastri

Edited
With Hindi Exposition 'BHAVA-BODHINI'
By
PRESIDENT AWARDY
Prof. JAYA SHANKAR LAL TRIPATHI
Vyākaraṇācārya (Goldmedalist)
M. A., Ph.D., D. Litt.
Ex. Professor & Head
Department of Sanskrit, Faculty of Arts,
BANARAS HINDU UNIVERSITY, VARANASI

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
VARANASI

Publisher : Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi.
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi.

ISBN : 978-81-7080-185-0

©CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K. 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)
Phone. Office : (0542) 2333458
Resi. : (0542) 2334032, 2335020
Fax : 0542-2333458
e-mail : cssoffice01@gmail.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com

Also can be had from :
CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)
Phone : (0542) 2335020

सम्पादकीयम्

काव्येऽलङ्काराणां महत्त्वमतिप्राचीनकालादेव विलोक्यते किन्त्वलङ्कारविषये सूक्ष्मं चिन्तनं कदाऽऽरब्धमिति निश्चितरूपेण वक्तुं न शक्यते। निरुक्तादिवैदिकवाङ्मयस्य विलोकनादस्य विषयस्य पुरातनत्वं निर्विवादम्। आचार्यभरतादारभ्याद्यावध्यलङ्कारविषये व्यापकं गभीरञ्च चिन्तनं सततं विधीयमानमवलोक्यते। अत्र भामहाचार्यप्रभृतिभिराचार्यैरलङ्कारविवेचनविषये या पद्धतिराश्रिता तस्याः परिष्कारो विलोक्यते उत्तरवर्तिग्रन्थकाराणां ग्रन्थेषु।

लक्षणकारैरलङ्काराणां लक्षणान्युदाहरणानि च प्रायशः पृथग्रूपेण निरूपितानि परन्तु जयदेवेन स्वकीये ‘चन्द्रालोक’ इतिनामके ग्रन्थे एकस्यामेव करिकायामलङ्काराणां लक्षणमुदाहरणञ्च निरूप्यैकः सरलो मार्गो दर्शितः। तमेव मार्गमाश्रित्य महाविदुषाऽप्पयदीक्षितेन ‘कुवलयानन्द’ नामको ग्रन्थो विरचितः। अयं ग्रन्थोऽतीवलोकप्रियोऽलङ्कारविषयकसामान्यज्ञानवर्धकश्चेत्यत्र न कापि संशीतिः।

अत एवायं ग्रन्थोऽतिप्राचीन–कालादेवालङ्कारिकाणां मध्येऽतीवप्रियतां महत्तां च धत्ते। अस्य वैशिष्ट्यं विलोक्यैव सम्पूर्णेऽपि भारते देशेऽध्ययनाध्यापनक्षेत्रेऽयं ग्रन्थोऽन्यानलङ्कारग्रन्थानतिशेते। दीक्षितस्य बहुज्ञताया अस्मिन् ग्रन्थे बहुत्र स्पष्टं दर्शनं भवति। किञ्च, तेषामालङ्कारिकज्ञाननैपुण्य प्रदर्शिका ‘चित्रमीमांसा’ केनाप्यज्ञातकारणेनापूर्णैव विरचिताऽतो विद्वांसोऽस्य कुवलयानन्दस्याध्ययनेन चिन्तनेन चालङ्कारविषयकं स्पष्टं ज्ञानं वर्धयन्तीति न तिरोहितं साहित्यिकानाम्।

अन्वर्थनामाऽयं कुवलयानन्दः स्वरचनाकालादारभ्यावद्य–पर्यन्तमक्षुण्णं महत्त्वं लोकप्रियत्वं च दधान एव दृश्यते। यद्यपि मम्मटाचार्यैः काव्येष्वलङ्काराणामनिवार्यता नामानि किन्तु चन्द्रालोके जयदेवेन तल्लक्षणमालोचयता स्पष्टशब्दैरलङ्काराणामनिवार्यत्वमुद्घोषितम्—

अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थावनलङ्कृती ।
असौ न मन्यते कस्मादनुण्णमनलं कृती ।। (१।८)

अतएव चित्रमीमांसायामप्पयदीक्षितः—

उपमैका शैलूषी सम्प्राप्ता चित्रभूमिकाभेदान् ।
रञ्जयति काव्यरङ्गे नृत्यन्ती तद्विदां चेतः ।। (१।१)

इति श्लोकेनोपमामहत्त्वप्रदर्शनमाध्यमेनालङ्काराणां महत्त्वमुद्घोषयति स्म काव्ये। अत एवायमलङ्कारविषयकः कुवलयानन्दाख्यो ग्रन्थस्तेन विरचितः।

सरलोऽप्ययं ग्रन्थो बहुषु स्थलेषु पाण्डित्यप्रदर्शनाद् दीक्षितेन काठिन्यमपि भजते। एतदर्थं विद्वद्भिर्विविधा व्याख्या विरचिता यासु श्रीमद्गङ्गाधरवाजपेयिविरचितान्वर्थनाम्नी 'रसिकरञ्जनी' ति व्याख्या रञ्जयति चित्तं सर्वस्य सहृदयस्याध्ययनशीलस्येति प्रसिद्धम्। अस्यां व्याख्यामाध्यमेन काव्यशास्त्रीया नैके विषया स्पष्टीकृता इति स्वयं व्याख्याकारेण व्याख्यायाः समाप्तौ स्पष्टं प्रतिपादितम्। अस्या व्याख्यायाः प्रथमं प्रकाशनं रा० हालास्यनाथशास्त्रिभिः स्वीयैर्महत्त्वपूर्णटिप्पणैः संयोज्य १८९२ ई० वर्षे 'कुम्भकोणम्' स्थितात् 'श्रीविद्याप्रेस' इति मुद्रणालयात् सुन्दररूपेण विहितम्। परन्तु दीर्घकालादिदं संस्कारणं दुर्लभमिवासीत् तेन विदुषां मनःसु कष्टमवर्तत।

यद्यपि रसिकरञ्जनीव्याख्या परमोपकारिकालङ्काररहस्योद्घाटिका चास्ति तथापीयं परम्परागतरीत्याऽध्ययनपराणां यथोपकारिका न तथा राष्ट्रभाषामाध्यमेनाध्ययनशीलानां सुकुमारमतीनां कृते। अतस्तेषामपि हितचिन्तया हिन्दीव्याख्यालेखनेऽहं प्रवृत्तः। सा च हिन्दीव्याख्या 'भावबोधिनी' इत्यन्वर्थनाम्नी सम्प्रति प्रकाश्यतां नीयते।

यदा व्याख्याद्वयविशिष्टस्य कुवलयानन्दस्य प्रकाशनार्थं रसिकरञ्जनीव्याख्यायाः प्रतिलिपेश्च प्राप्तये। मया 'चौखम्भा-संस्कृतसीरीज़' इति विश्रुतस्य संस्कृत-प्रकाशनसंस्थानस्य सञ्चालकाः निवेदितास्तदा तेऽतीवप्रसन्ना सन्तः प्रतिलिपिप्राप्तये सप्रयासाः जाताः। तैर्महता प्रयासेन 'ब्रिटिशम्यूजियम' इति संस्थानात् 'कुम्भकोणम्'संस्करणस्यैका चित्रप्रतिलिपिरधिगता। सा च रा० हालास्यनाथ-शास्त्रि-वर्याणां महता प्रयासेन विरचितैः तदीयटिप्पणैः सह विभूषिताऽऽसीत्।

अस्मिन् प्रस्तुतसंस्करणे मया 'रसिकरञ्जनी' संस्कृत-व्याख्या स्वीया 'भावबोधिनी' हिन्दी-व्याख्या रा० हालास्यनाथकृत-टिप्पणानि च प्रकाश्यतां नीयन्ते। प्रस्तुत-संस्करणस्याधारभूतो ग्रन्थो रा० हालास्यनाथसम्पादित एव वर्ततेऽतस्तेनोपलब्धहस्तलेखानां विषयेऽत्र तद्वचांसि सादरं सांभारञ्चोद्ध्रियन्ते— "प्रागब्दाष्टकादधीतकाव्यजालस्समनुबोधितोऽस्मि बाल्यात्प्रभृत्यात्मजनिर्विशेषमशनवसनादिभिः सम्पोष्य आवर्णोपदेशमादृश्य-

काव्यपरिचयं काव्यविद्यामनुशिक्षितवता मद्भगिनीभर्त्रा गर्गवंशशिखामणिना ईश्वरशर्मणा गुरुमणिना, यथा— "वत्स! मया महता प्रयासेन सम्पाद्य दृढतमेषु तालपत्रेषु स्वहस्तेनैव लिखितामतिदुर्लभामतिविस्तृतामन्वर्थनामधेयां 'कुवलयानन्दटीकां 'रसिकरञ्जनी' परिशीलय, सम्यक्तदर्थावगमेन सफलय च मामकं तत्सम्पादनप्रयासमिति।" ततस्तन्निदेशानुरोधेन तामान्तं परिशीलयन्नस्मद्वंशमुक्तामणिना महता विरचितोऽयं प्रबन्ध इति जानंश्च जातसम्मोदः तां मुद्रणेन सर्वतः प्रकटयितुं धृतमतिरपि विद्याभ्यासपरतया नाशकं तथाचरितुम्। ततो गतेषु केषुचिदब्देषु अतीते खरनाम्नि वत्सरे सकलजनोपयोगिन्यां नागरलिप्यामेव मुद्रणीया सेति निश्चिन्वन् पुस्तकान्तरान्वेषणाय धृतव्यवसायः श्रीकुम्भकोणस्थपच्चयप्पवीथीवास्तव्यानां विश्वामित्रवंशमुक्ताफल-श्रीराजचूडामणिदीक्षितवंश्य—नवीनालङ्कारिक–कुल–तिलक–श्रीमद्धुरस्वामिशास्त्रितनूभव–बालचन्द्र–शास्त्रिसूनुनां 'यज्ञस्वामिशास्त्रिणां' सकाशादलभे द्वितीयं पुस्तकम्। श्रीपाट्टरार्यवीथीवास्तव्य–'श्रीमद्विजय–राघवपाट्टरार्य–तनूभव–श्री–ताताचार्यसकाशाच्च तृतीयम् । श्रीगोविन्दपुराभिजनानां मधुरानगरबिराजमानहूण – वाणी – पाठशालागीर्वाणवाण्याचार्यपदमलङ्कुर्वतां पाणिनितन्त्रपारावारपारीणधिषणानां सहृदय–शिखामणीनामण्णाशास्त्र्यपरनामधेय–महादेव–सुधीमणीनां सकाशात्तुरीयम् । कुम्भघोणनगर– प्रान्तवर्ति–तिरुवशनल्लूर्नामकाग्रहारवास्तव्यानां कणादतन्त्रनिरुपमपाण्डित्यविशदीकृत— दिङ्मुखानां श्रीमहालिङ्गशास्त्रिणां सकाशाच्च पञ्चमम्। एतेषु पञ्चसु क. चिह्नितमाद्यमस्मदाचार्यदत्तमशिथिलमत्रिच्छिन्न-पक्तिकमनत्यबद्धमतिशयितमुद्राक्षरसौन्दर्यवर्णराजिमण्डितमतीताक्ष्य–संवत्सर–भाद्रमासि विलिखितमनतिप्रत्नं च। द्वितीयमपि मदीयपुस्तक– पाठानुसारिपाठं प्रायस्तत्तुल्यमेव। सूक्ष्मतः पर्यालोचने हि अनयोः क. ख. पुस्तकयोः मातृकापि एकैव स्यादिति प्रतिभाति। तृतीयं तु ग चिह्नितं मध्ये मध्ये विच्छिन्नपङ्क्तिकं क्वचित् क्वचित् सुबद्धपाठं विस्पष्टाक्षरमेव। तुरीयं तु घ. चिह्नितमपूर्णमतिशिथिलं प्रायस्सुबद्धमेव। पञ्चमं तु ङ. चिह्नितं तृतीयपुस्तकपाठानुसारि–पाठमनतिस्पष्टवर्णमनतिशिथिलमनतिसुबद्धं च। पञ्चाप्येतानि क्रमात् क. ख. ग. घ. ड़ चिह्नितानि सम्यक् परिशील्य कामपि प्रतिकृतिं विलिख्य परिशोध्य मुद्रणाय प्रारिप्सुः प्राक्यट्यं काश्चित्प्रकटनपत्रिकाम्"।

मयापि पूर्वोक्तरीत्या क. ख. ग. घ. ङ.— इति सङ्केतैः सह एव सम्पाद्य प्रकाशनं क्रियते । कुत्रचित्र स्वबुद्धया संशोधनमपि विहितम्। प्रस्तुत सम्पादनकर्मणि सर्वप्रथमं रा० हालास्यनाथशास्त्रिणामाभारो हृदयेनोररीक्रियते। अन्येषाञ्च येषां विदुषां कृतीनां वा साहाय्यं मयाधिगतं तेभ्योऽपि कृतज्ञतां प्रकटयामि।

अस्मिन् महर्घतायुगे संस्कृतस्य विशालग्रन्थानां प्रकाशनमतिश्रमसाध्यं प्रचुरधनापेक्षञ्च तथापि 'चौखम्भासंस्कृतसीरीज' इति सुप्रतिष्ठितस्य संस्कृतग्रन्थ— प्रकाशनसंस्थानस्य सञ्चालकमण्डलं विशेषतः श्रीमतः ब्रजमोहनदास–गुप्तमहोदयान् टोडरदासेत्युपनाम्नः तथा कमलेशकुमारमहोदयान् प्रति हार्दिकं कार्तरयं प्रकटयामि येषामौदार्येण निर्देशैश्चेदं संस्करणं सुष्ठुरूपेण संस्कृतज्ञानां पुरतः उपस्थाप्यते।

अस्मिन् प्रसङ्गे मम धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिलात्रिपाठी विशेषं धन्यवादमर्हति यस्याः सहयोगमन्तरास्य ग्रन्थस्य प्रकाशनं दुर्लभेवासीत्।

यद्यप्यस्य ग्रन्थस्य सम्पादने हिन्दी–व्याख्यालेखने च सावधानतयाचरितं तथापि वार्द्धक्याद् बुद्धि–दृष्टिदोषाच्च यत्र–तत्र त्रुटीनां सम्भवः। निर्मत्सरैर्विबुधैः जिज्ञासुजनैश्च ताः संशोधनीया इति सविनयं निवेद्यते। अस्य व्याख्याद्वयविभूषितस्य टिप्पणैः समलङ्कृतस्य विस्तृतभूमिकाया संयुतस्य च 'कुवलयानन्दस्य' अध्ययनेन यदि भवेत्कश्चिदप्युपकारोऽध्येतृणां लाभश्च चिन्तकानां शोधच्छात्राणां तदा मन्ये स्वीयस्य श्रमस्य साफल्यमिति शम्।।

शरत्पूर्णिमा, वि० सं० २०६२,
१६ अक्टूबर, २००९ ई०

विनयावनतः
जयशङ्करलालत्रिपाठी

विषयानुक्रमणी

विषय	पृष्ठ संख्या
सम्पादकीयम्	१–४
विषयानुक्रमणी	५–१०
भूमिका	
अलङ्कारों का उत्स	११
अलङ्कारों का व्यवस्थित विवेचन	१३
आचार्य भरत, मेधाविरुद्र	१३
भामह	१४
दण्डी	१५
उद्भट भट्ट	१६
वामन	१७
रुद्रट	१८
रुद्रभट्ट, आनन्दवर्धन	१९
अभिनवगुप्त	२१
राजशेखर	२२
मुकुलभट्ट	२३
धनञ्जय, भट्टनायक, कुन्तक	२४
महिमभट्ट	२५
क्षेमेन्द्र	२६
भोजराज, मम्मट	२७
सागरनन्दी	२९
अग्निपुराण	३०
राजानक रुय्यक, हेमचन्द्र	३१
रामचन्द्र–गुणचन्द्र, शोभाकर मिश्र	३२
वाग्भट (प्रथम), वाग्भट (द्वितीय), अरिसिंह–अमरचन्द्र, देवेश्वर	३३
जयदेव	३४
विद्याधर, विद्यानाथ	३६
विश्वनाथ कविराज	३७
केशव मिश्र, शारदातनय, शिंगभूपाल	३९
भानुदत्त, रूपगोस्वामी	४०
कविकर्णपूर, पण्डितराज जगन्नाथ	४१

विषय **पृष्ठ संख्या**
आशाधर भट्ट ४२
विश्वेश्वर पण्डित, नरसिंह कवि ४३
अप्पय दीक्षित, जीवनवृत्त ४४
दीक्षित के तीन नाम ४५
अप्पय दीक्षित की कृतियाँ ४६
कुवलयानन्द ४८
प्रतिपादन–शैली ४८
अलंकार का लक्षण ४९
कुवलयानन्द में विवेचित अलंकार ५०
अलङ्कारों का वर्गीकरण ५०
अलंकारों का विभाजन ५०
अप्पयदीक्षित द्वारा विवेचित अलंकारों की संख्या ५१
चन्द्रालोक में विवेचित किन्तु कुवलयानन्द में अविवेचित अलंकार ५२
दीक्षित द्वारा नवीन कल्पित अलंकार ५३
दीक्षित द्वारा किया गया परिवर्तन ५४
कुवलयानन्द की संस्कृत–व्याख्यायें ५४
रसिकरञ्जनी आदि दश व्याख्यायें ५४
कुवलयानन्द की हिन्दी-व्याख्यायें ५५
(क) भोलाशङ्करव्यास-कृत ५५
(ख) सम्पादककृत भावबोधिनी-व्याख्या ५५
हालास्यनाथकृत टिप्पण तथा हस्तलेखविवरण ५६

कुवलयानन्दः

मङ्गलाचरणम् १
ग्रन्थकरणप्रतिज्ञा १३
१. उपमा १६
२. अनन्वयः ४९
३. उपमेयोपमा ५२
४. प्रतीपम् ५६
५. रूपकम् ६८
६. परिणामः ८८
७. उल्लेखः ९२
(स्मृतिमदादयः) ९८

विषय	पृष्ठ संख्या
८. स्मृतिः	९८
९. भ्रान्तिः	९९
१०. ससन्देहः	९९
११. अपह्नुतिः	१०४
१२. उत्प्रेक्षा	११९
१३. अतिशयोक्तिः	१४५
१४. तुल्ययोगिता	१६७
१५. क. दीपकम्	१७४
१५. ख. आवृत्तिदीपकम्	१८०
१६. प्रतिवस्तूपमा	१८४
१७. दृष्टान्तः	१९०
१८. निदर्शना	१९५
१९. व्यतिरेकः	२१४
२०. सहोक्तिः	२१८
२१. विनोक्तिः	२२०
२२. समासोक्तिः	२२३
२३. परिकरः	२४५
२४. परिकराङ्कुरः	२५३
२५. श्लेषः	२५५
२६. अप्रस्तुतप्रशंसा	२७१
२७. प्रस्तुताङ्कुरः	२९३
२८. पर्यायोक्तम्	३०८
२९. व्याजस्तुतिः	३१९
३०. व्याजनिन्दा	३२८
३१. आक्षेपः	३३६
३२. विरोधाभासः	३४४
३३. विभावना	३४७
३४. विशेषोक्तिः	३५९
३५. असम्भवः	३६१
३६. असङ्गतिः	३६३
३७. विषमम्	३७०
३८. समम्	३८६
३९. विचित्रम्	३९६

विषय	पृष्ठ संख्या
४०. अधिकम्	३९८
४१. अल्पम्	४०२
४२. अन्योन्यम्	४०४
४३. विशेषः	४०६
४४. व्याघातः	४११
४५. कारणमाला	४१५
४६. एकावलिः	४१६
४७. मालादीपकम्	४१९
४८. सारः	४२२
४९. यथासंख्यम्	४२५
५०. पर्यायः	४२८
५१. परिवृत्तिः	४३५
५२. परिसंख्या	४३७
५३. विकल्पः	४४०
५४. समुच्चयः	४४३
५५. कारकदीपकम्	४४८
५६. समाधिः	४५१
५७. प्रत्यनीकम्	४५४
५८. काव्यार्थापत्तिः	४५७
५९. काव्यलिङ्गम्	४६०
६०. अर्थान्तरन्यासः	४७५
६१. विकस्वरः	४९०
६२. प्रौढोक्तिः	४९६
६३. सम्भावना	४९८
६४. मिथ्याध्यवसितिः	५००
६५. ललितम्	५०३
६६. प्रहर्षणम्	५१५
६७. विषादनम्	५२१
६८. उल्लासः	५२३
६९. अवज्ञा	५३०
७०. अनुज्ञा	५३३
७१. लेशः	५३६

विषय	पृष्ठ संख्या
७२. मुद्रा	५४६
७३. रत्नावली	५४८
७४. तद्गुणः	५५३
७५. पूर्वरूपम्	५५५
७६. अतद्गुणम्	५५८
७७. अनुगुणः	५६२
७८. मीलितम्	५६४
७९. सामान्यम्	५६५
८०. उन्मीलितम्	५७१
८१. विशेषकम्	५७१
८२. गूढोत्तरम्	५७५
८३. चित्रोत्तरम्	५७९
८४. सूक्ष्मम्	५८०
८५. पिहितम्	५८२
८६. व्याजोक्तिः	५८५
८७. गूढोक्तिः	५९३
८८. विवृत्तोक्तिः	५९७
८९. युक्तिः	६०४
९०. लोकोक्तिः	६०७
९१. छेकोक्तिः	६०८
९२. वक्रोक्तिः	६११
९३. स्वभावोक्तिः	६१५
९४. भाविकम्	६१७
९५. उदात्तम्	६१९
९६. अत्युक्तिः	६२१
९७. निरुक्तिः	६२३
९८. प्रतिषेधः	६२५
९९. विधिः	६२७
१००. हेतुः	६३०
(रसवदादयः)	६३४
१०१. रसवत्	६३७
१०२. प्रेयः	६४१

विषय	**पृष्ठ संख्या**
१०३. ऊर्जस्वि	६४२
१०४. समाहितम्	६४४
१०५. भावोदयः	६४५
१०६. भावसन्धिः	६४६
१०७. भावशबलम्	६४७
१०८. प्रत्यक्षम्	६४९
१०९. अनुमानम्	६५१
११०. उपमानम्	६५५
१११. शब्दप्रमाणम्	६५६
१११. क. स्मृतिः	६५७
१११. ख. आचारः	६५८
१११. ग. आत्मतुष्टिः	६५८
१११. घ. श्रुति	६५९
१११. ङ. लिङ्गम्	६६१
१११. च. शब्दप्रमाणकल्पकत्वम्	६६३
११२. अर्थापत्तिः	६६४
११३. अनुपलब्धिः	६६५
११४. संभवः	६६६
११५. ऐतिह्यम्	६६८
११६. संसृष्टिः	६७०
११७. सङ्करः	६७०
११७. क. अङ्गाङ्गिभावसङ्करः	६७३
११७. ख. समप्राधान्यसङ्कारः	६७८
११७. ग. सन्देहसंकरः	६८९
११७. घ. एकवाचकानुप्रवेशसंकरः	६९४
११७. ङ. संकर-संकरः	७०३
पुष्पिका	७११
भावबोधिनी-व्याख्याकारपरिचयः	७१४
प्रथमं परिशिष्टम्	७१६
कुवलयानन्दकारिकाणां पूर्वार्धोत्तरार्धानां सूची	
द्वितीयं परिशिष्टम्	७२८
कुवलयानन्दे पृथक्तयोद्धृतानामुदाहरणानां सूची	

***

भूमिका

भारतवर्ष की इस पवित्र धरा पर अगणित अमूल्य तत्त्व समय-समय पर प्रकाश में आते रहे हैं। यहाँ का इतिहास विश्व का प्राचीनतम है। यह पृथक् विषय है कि यहाँ के मनीषियों ने भौतिक समृद्धि को कभी भी विशेष महत्त्व नहीं दिया। इसी कारण अपना अथवा अपने महत्त्वपूर्ण कार्य का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने का सतर्क प्रयास नहीं किया। इसीलिये आधुनिक इतिहासकार यहाँ के इतिहास पर समय-समय पर प्रश्नचिह्न लगाते रहते हैं।

अलङ्कारों का उत्स —

भारतीय चिन्तन के प्रत्येक विषय का उत्स वेदों में प्राप्त होता है। यह बात अलंकारों के विषय में भी देखी जाती है! विश्व-साहित्य में ऋग्वेद प्राचीनतम ग्रन्थ के रूप में सर्वजन-स्वीकृत है। वेदों में यद्यपि 'काव्य' शब्द का प्रयोग है "देवस्य पश्य काव्यं न ममार न जीर्यति[1]।" किन्तु इसमें देव के काव्य के रूप में वेद का संकेत है। अत: काव्यसौन्दर्य से सम्बद्ध समस्त विषय — गुण, रीति, अलंकार तथा 'ध्वनि' आदि महत्त्वपूर्ण विषय विशेष रूप से वेदाङ्गों में प्राप्त होते हैं। अलंकारों के विषय में तो बहुत अधिक और विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। निम्नलिखित एक ही मन्त्र में उपमा तथा रूपक अलंकारों का सुन्दर प्रयोग है —

उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्ये उशती सुवासाः।[2]

इसी प्रकार उत्प्रेक्षा का सुन्दर उदाहरण इस मन्त्र में द्रष्टव्य है —

"द्वा सुपर्णा सयुजा सखायः समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।"।[3]

निरुक्त में तो उपमा के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुये उपमा का निम्न लक्षण प्रस्तुत किया गया है —

---

१. ऋग्वेद १०/८/३२
२. ऋग्वेद १०/७१/४
३. ऋग्वेद १/१६४/२०

"यद् अतत् तत्सदृशं तदासां कर्मेति गार्ग्यः।"

अर्थात् भिन्न होता हुआ जो उसके सदृश होता है। वह उपमा का कर्म-विषय है — ऐसा गार्ग्य आचार्य कहते हैं।

"ज्यायसा वा गुणेन प्रख्याततमेन वा कनीयांसं वा अप्रख्यातं वा उपमिमीते।[१]"

अधिक गुण वाले अथवा अत्यन्त प्रख्यात उपमान के साथ कम गुणवाले, कम प्रसिद्धि वाले उपमेय का सादृश्य दिखलाया जाता है। यह सामान्य लक्षण ही आगे चलकर उपमा के विशेष विवेचन का आधार बना दिया गया। निरुक्तकार ने उपमा का निम्न उदाहरण ऋग्वेद से दिया है —

तनुत्यजेव तस्करा वनर्गू रशनाभिर्दशभिरध्यधी ताम् ।
इयन्ते अग्ने नव्यसीमनीषा युक्ष्वा रथं न शुचयदभिरङ्गः।।[२]

'इव' के अतिरिक्त 'आ' 'चित्' 'न' प्रभृति कई शब्द सादृश्य अर्थ में प्रयुक्त हुये हैं — ऐसा भी निरुक्तकार ने लिखा है। निरुक्तकार ने तो उपमा के कुछ भेदों का भी स्पष्ट उल्लेख किया है — कर्मोपमा, भूतोपमा, रूपोपमा, सिद्धोपमा, लुप्तोपमा।[३]

व्याकरण शास्त्र में तो उपमा के विषय में पर्याप्त विवेचन किया गया है। उपमा अलंकार के लिये अपेक्षित (१) उपमान, (२) उपमेय, (३) साधारण धर्म तथा (४) सादृश्यवाचक शब्द — इनका उल्लेख निम्न पाणिनीय सूत्रों में स्पष्ट रूप से प्राप्त होता है —

(१) उपमानानि सामान्यवचनैः।[४]
(२) उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे।[५]
(३) तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां तृतीयान्यतरस्याम्।[६]

श्रौती तथा आर्थी उपमा के भेदों का आधार पाणिनीय सूत्र हैं — " तत्र तस्येव"[७] तथा "तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिः।[८]" इन दोनों में प्रथम सूत्र से 'वति'

---

[१] निरुक्त ३/३/
[२] ऋग्वेद १०/४/६
[३] द्र. निरुक्त ३/३/
[४] पा. सू. २/१/५५
[५] पा. सू. २/१/५६
[६] पा. सू. २/३/७९
[७] पा. सू. ५/१/११६
[८] पा. सू. ५/१/११५

= वत् प्रत्यय करने पर श्रौती तथा द्वितीय सूत्र से 'वति' = वत् प्रत्यय करने पर आर्थी उपमा होती है। 'उपमानादाचारे'[१] 'कर्तुः क्यङ् सलोपश्च[२]' 'उपमाने कर्मणि च[३]' आदि सूत्र भी उपमा के विषय में ही प्रवृत्त होते देखे जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि अलंकारों के मूल तत्व वेदों तथा वेदाङ्गों के समय से ही प्राप्त होते हैं।

अलङ्कारों का व्यवस्थित विवेचन —

वेदों तथा वेदाङ्गों में कहीं सांकेतिक तथा कहीं विस्तृत रूप में अलंकारों का वर्णन दृष्टिगोचर होता है किन्तु इनका सुव्यवस्थित रूप में विवेचन भी अति प्राचीन काल से ही प्राप्त होता है। इस विषय में आचार्य भरत से लेकर विश्वेश्वर पाण्डेय पर्यन्त लगभग दो हजार वर्षों की विशाल अवधि में जिन महनीय आचार्यों ने अलंकार-शास्त्र के विकास में योगदान किया है उनका संक्षिप्त वर्णन करना आवश्यक है क्योंकि इसी रीति से प्रस्तुत ग्रंथ 'कुवलयानन्द' के प्रणेता अप्पयदीक्षित के योगदान का सही मूल्यांकन करना संभव है।

आचार्य भरत — (ई. पू. प्रथम शती के लगभग)

साहित्यशास्त्र का इतिहास आचार्य भरत से प्रारम्भ होता है। इनके समय की पूर्व सीमा कालिदास हैं क्योंकि उन्होंने भरत का उल्लेख किया है। इनके नाट्यशास्त्र में शक, यवन, पल्लव आदि विदेशियों का उल्लेख है। अतः ईसा पूर्व प्रथम शती से लेकर ई.पू. चतुर्थ शती के मध्य में भरत का काल सिद्ध होता है। इन्होंने नाट्यशास्त्र नामक एक संग्रह ग्रंथ लिखा है जिसमें प्रमुख रूप से नाटक से सम्बद्ध विषयों का विवेचन है। उत्तर भारतीय पाठ के अनुसार नाट्यशास्त्र में ३६ अध्याय हैं क्योंकि अभिनवगुप्त ने ऐसा ही संकेत दिया है।[४] किन्तु काव्यमाला-संस्करण में ३७ अध्याय हैं। इसमें नाट्य के अतिरिक्त, छन्दःशास्त्र, अलंकारशास्त्र, सङ्गीतशास्त्र प्रभृति विषयों का भी विवेचन है। इसके शुद्ध पाठ के प्रकाशन की महती आवश्यकता है।

मेधाविरुद्र —

इनके नाम का उल्लेख भामह, नमिसाधु तथा राजशेखर ने किया है। राजशेखर के अनुसार ये कवि थे तथा जन्म से अन्धे थे। इन्होंने उपमा के सात

---

[१] पा. सू. ३/१/१०

[२] पा. सू. ३/१/११

[३] पा. सू. ३/४/४५

[४] षट्त्रिंशकात्मक-जगद् - गगनावभाससंविन्मरीचिचयचुम्बित-बिम्ब-शोभम्।
षट्त्रिंशकं भरतसूत्रमिदं विवृण्वन् वन्दे शिवं श्रुति -तदर्थविवेकि धाम ॥
(अभिनवभारतीश्लो. १!)

दोषों का उल्लेख किया है — ऐसा भामह ने लिखा है — हीनता, असम्भव, लिङ्गभेद, वचनभेद, विपर्यय, उपमानाधिक्य, उपमानासादृश्य।[१] वामन तथा मम्मट ने भी इन दोषों की चर्चा की है।

नमिसाधु के अनुसार मेधाविरुद्र शब्द के चार प्रकार ही मानते हैं — नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात। कर्मप्रवचनीय नहीं मानते हैं। यह दुर्भाग्य का विषय है कि इनका कोई भी ग्रन्थ या उसके नाम का उल्लेख नहीं मिलता है किन्तु भामह आदि के द्वारा उद्धृत होने से इनका महत्त्व सिद्ध है। अतः इनका समय भामह (७वीं ई. शतीपूर्वार्द्ध) से पूर्व माना जा सकता है।

भामह —

आचार्य भरत के पश्चात् अलंकारशास्त्र का व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने का श्रेय आचार्य भामह को ही दिया जाता है। इन्होंने 'काव्यालङ्कार' नामक ग्रन्थ की रचना की। इन्होंने दिङ्नाग के 'प्रत्यक्षं कल्पनापोढम्'[२] का 'अर्थात् प्रत्यक्ष कल्पना से रहित होता है और कल्पना का तात्पर्य किसी वस्तु के विषय में नाम तथा जाति आदि की कल्पना' — का उल्लेख किया है। आगे चलकर धर्मकीर्ति ने इसमें 'अभ्रान्तम्' यह पद और जोड़ दिया था किन्तु भामह इस सुधार से परिचित नहीं हैं अतः दिङ्नाग (५०० ई.) और धर्मकीर्ति (६५० ई.) के मध्य में इनका काल मानना चाहिये। अतः षष्ठ शती में भामह का जन्म मानना चाहिये और अलंकारशास्त्र का व्यवस्थित स्वरूप भी उन्हीं से प्रारम्भ होता है।

इनके पिता का नाम 'रक्रिल गोमिन' था जो बौद्ध धर्मानुयायी थे।[३] भामह ने मंगलाचरण में 'सर्वज्ञ' (बुद्ध) को प्रणाम किया[४] है। जिससे इनका भी बौद्ध होना निश्चित है। ये कश्मीरी विद्वान् थे।

---

१. हीनताऽसम्भवो लिङ्गवचोभेदो विपर्ययः।
उपमानाधिकत्वं च तेनासदृशतापि च॥
त एत उपमादोषाः सप्त मेधाविनोदिताः।
सोदाहरणलक्ष्माणो वर्ण्यन्तेऽत्र च ते पृथक्॥
(भामह-काव्यालंकार २/३९-४०)

२. "प्रत्यक्षं कल्पनापोढं ततोऽर्थादिति केचन'। काव्यालंकार ५/६

३. अवलोक्य मतानि सत्कवीनामवगम्य स्वधिया च काव्यलक्ष्म।
सुजनावगमाय भामहेन ग्रथितं रक्रिलगोमिनसूनुनेदम् ॥ काव्यालंकार ६/६/७

४. प्रणम्य सार्वं सर्वज्ञं मनोवाक्कायकर्मभिः।
काव्यालङ्कार इत्येष यथाबुद्धि प्रकाश्यते॥ काव्यालंकार १/१

इनका एक ही ग्रन्थ प्राप्त होता है — काव्यालङ्कार। कुछ विद्वानों के उल्लेख से इनके द्वारा अन्य ग्रन्थ लिखे जाने का भी संकेत मिलता है। काव्यालङ्कार में ६ परिच्छेद हैं जिनमें पाँच विषय वर्णित हैं —

(१) प्रथम परिच्छेद में ६० श्लोक हैं। इसे 'काव्यशरीर' नाम दिया गया है। इसमें काव्य, उसके प्रयोजन तथा लक्षण आदि वर्णित हैं। (२) द्वितीय तथा तृतीय परिच्छेदों को मिलाकर १६० श्लोक हैं। इसे 'अलङ्कार' नाम दिया गया है। इसमें अलंकारों के लक्षण तथा उदाहरण दिये गये हैं। (३) चतुर्थ परिच्छेद में ५० श्लोक हैं जिनमें दोषों का वर्णन किया गया है। (४) पंचम परिच्छेद में ७० श्लोक हैं जिनमें न्यायनिर्णय विवेचित हैं। (५) षष्ठ परिच्छेद में ६० श्लोक हैं जिनमें शब्दशुद्धि-सम्बन्धी अर्थात् व्याकरणविषयक चर्चा है।

षष्ट्या (६०) शरीरं निर्णीतं शंतषष्ट्या (१६०) त्वलंकृतिः।
पञ्चाशता (५०) दोषदृष्टिः सप्तत्या (७०) न्यायनिर्णयः॥
षष्ट्या (६०) शब्दस्य शुद्धिः स्यादित्येवं वस्तुपञ्चकम्।
उक्तं षड्भिः परिच्छेदैः भामहेन क्रमेण वः[1]॥

'काव्यालंकार' पर अनेक टीकायें लिखीं गईं।

दण्डी —

अलङ्कार-शास्त्रपरम्परा में भामह के बाद आचार्य दण्डी का स्थान माना जाता है। इनके समय के विषय में बहुत अधिक विवाद है। दण्डी के एक श्लोक[2] में 'कादम्बरी' की तथा एक में 'शिशुपालवध' की छाया दिखाई देती है।[3] दण्डी की "अवन्तिसुन्दरी" कथा में बाणभट्ट की कादम्बरी का सारांश वर्णित है। व्याकरणशास्त्रीय कर्म के तीन भेदों — विकार्य, निर्वर्त्य तथा प्राप्य का वर्णन करके दण्डी ने भर्तृहरि की वाक्यपदीय का अनुकरण किया है[4]। बाणभट्ट के बाद होना भी निश्चितप्राय है। अतः इनकी पूर्व और पर अवधि को ध्यान में रखते हुये अष्टमशती का उत्तरार्ध (७५० ई. लगभग) इनका काल माना जा सकता है।

---

[1] काव्यालङ्कार की समाप्ति का पद्य।

[2] अरत्नालोकसंहार्यमवार्यं सूर्यरश्मिभिः।
दृष्टिरोधकरं यूनां यौवनप्रभवं तमः॥ काव्यादर्श २/१९७
कादम्बरी की निम्न पंक्ति से तुलना करें — "केवलं च निसर्गत एवाभानुभेद्यमरत्नालोकोच्छेद्यमप्रदीपप्रभापनेयमतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्" कादम्बरीशुकनासोपदेश.

[3] शिशुपाल २/४ । दण्डी-२/३०२

[4] भर्तृहरि ३/४५ । दण्डी २/२४०

दण्डी का 'काव्यादर्श' एक अत्यन्त लोकप्रिय तथा उपयोगी कृति मानी जाती है। इसको आधार बनाकर सिंहली भाषा में 'सियवलकर' (स्वभाषालङ्कार) नामक ग्रंथ की रचना नवम शती के पूर्व में की गई मानी जाती है। काव्यादर्श पर लगभग नौ टीकायें लिखीं गईं जिनमें तरुणवाचस्पति की टीका सबसे प्राचीन मानी जाती है।

काव्यादर्श में तीन परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेद में — काव्य की परिभाषा, काव्यभेद, महाकाव्यादि के लक्षण, गद्य के प्रभेद— कथा, आख्यायिका, मिश्रकाव्य, भाषाप्रभेद वैदर्भ मार्ग एवम् अन्यान्य मार्ग, अनुप्रास, गुण, काव्य के कारण आदि विषय विवेचित हैं। द्वितीय परिच्छेद में ३५ अलङ्कारों के भेद-प्रभेद के साथ लक्षण— उदाहरणादि का निरूपण किया गया है। तृतीय परिच्छेद में यमकप्रपञ्च, गोमूत्रिकादि प्रबन्धकाव्य, प्रहेलिका तथा दोषों का निरूपण किया गया है। यह रीतिसम्प्रदाय का ग्रन्थ है। इसमें पूर्ववर्ती ग्रन्थों की अपेक्षा अलङ्कारों के भेद-प्रभेद रीति, गुणादि विस्तृत रूप में वर्णित हैं।

'काव्यादर्श' के अतिरिक्त 'दशकुमारचरित' तथा 'अवन्तिसुन्दरीकथा' ये दो कृतियाँ दण्डी की और हैं। राजशेखर के नाम से 'शार्ङ्गधरपद्धति' में दण्डी के विषय में निम्न पद्य लिखा मिलता है—

त्रयोऽग्नयस्त्रयो वेदास्त्रयो देवास्त्रयो गुणाः।
त्रयो दण्डिप्रबन्धास्तु त्रिषु लोकेषु विश्रुताः॥[1]

दण्डी के विषय में निम्न पद्य अतिप्रसिद्ध है —

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम् ।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥

उद्भट भट्ट —

अलङ्कारशास्त्रपरम्परा में उद्भट भट्ट का स्थान भी महत्त्वपूर्ण है। उत्तरवर्ती आचार्यों ने बड़े सम्मान के साथ इनका नाम लिया है। यहाँ तक कि आनन्दवर्धन ने भी ससम्मान इनको उद्धृत किया है।

ये कश्मीरी विद्वान् थे। कल्हण की राजतरङ्गिणी के अनुसार उद्भट भट्ट कश्मीर के महाराज जयापीड के सभापण्डित थे —

विद्वान् दीनारलक्षेण प्रत्यहं कृतवेतनः।
भट्टोऽभूदुद्भयस्तस्य भूमिभर्तुः सभापतिः[2]॥

---

[1] शार्ङ्गधरपद्धति श्लोक १७४

[2] राजतरङ्गिणी ४/४९४

जयापीड का शासन ८३६ ई. से ८७० ई. तक माना जाता है। अतः इनका भी यही समय मानना चाहिये।

इनके तीन ग्रंथ हैं — (१) भामहविवरण (२) कुमारसम्भव काव्य और (३) अलङ्कारसारसंग्रह।

'भामहविवरण' का नाम ही मिलता है। इसका कुछ अंश रोम विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुआ है। इनके ग्रन्थ की खोज का श्रेय डॉ. व्यूलर को है। इनके दूसरे ग्रन्थ 'कुमारसम्भव' का उल्लेख प्रतीहारेन्दुराज ने अपनी लघुवृत्ति में किया है। यह कालिदास की कृति से भिन्न है। किन्तु इसमें कालिदास का पूर्ण अनुकरण किया गया है। 'काव्यालङ्कारसार-संग्रह'इनका तीसरा ग्रन्थ है। यह छः वर्गों में विभक्त है तथा केवल ७९ कारिकायें हैं। इसमें ४१ अलङ्कारों के लक्षण तथा उदाहरण दिये गये हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र पर भी इन्होंने कोई व्याख्या लिखी थी ऐसा अभिनवगुप्त आदि ने लिखा है। शार्ङ्गदेव ने अपने संगीतरत्नाकर ग्रन्थ में नाट्यशास्त्र के व्याख्याता के रूप में उद्भट के नाम का उल्लेख किया है—

व्याख्यातारो भारतीये लोल्लटोद्भटशङ्कुकाः।
भट्टाभिनवगुप्ताश्च श्रीमत्कीर्तिधरोऽपरः।।[१]

दुर्भाग्यवश यह टीका भी उपलब्ध नहीं होती है।

वामन —

अलङ्कार-शास्त्र के इतिहास में उद्भट् के पश्चात् वामन का स्थान है। वामन ने काव्यालोचना के समस्त पक्षों पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। 'रीतिरात्मा काव्यस्य'[२] यह इनका उद्घोष है। अतः इन्हें 'रीतिसम्प्रदाय' का संस्थापक आचार्य माना जाता है।

इन्होंने भवभूति के 'उत्तररामचरित' का एक पद्य 'इयं गेहे लक्ष्मीः'[३] को रूपक अलंकार के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है। अतः ये भवभूति के बाद उत्पन्न हुये। अभिनवगुप्त की 'ध्वन्यालोकलोचन' व्याख्या के अनुसार ये आनन्दवर्धन से पहले हुये थे[४]। अतः आनन्दवर्धन (८५० ई.) से पूर्व लगभग ८०० ई. में इनका जन्म मानना चाहिये।

---

१. संगीतरत्नाकर

२. काव्यालंकार सूत्र १,२,६

३. उत्तर रामचरित १/३८

४. द्र. अनुरागवती सन्ध्या दिवसस्तत्पुरः सरः।
अहौ दैवगतिःकीदृक्तथापि न समागमः।। ध्वन्या. पृ. ११४ की लोचन व्याख्या "वामनाभिप्रायेणायमाक्षेपः, भामहाभिप्रायेण तु समासोक्तिरित्यमुमाशयं हृदये गृहीत्वा समासोक्तयाक्षेपयोः युक्तयेदमेकमेवोदाहरणं व्यतरद् ग्रंथकारः।" लोचन पृ. ११४-१५

ये भी कश्मीर के महाराज जयापीड के मंत्री थे —

मनोरथः शङ्खदत्तश्चटकः सन्धिमांस्तथा।
बभूवुः कवयस्तस्य वामनाद्याश्च मन्त्रिणः[१]॥

वामन का एक ही ग्रन्थ उपलब्ध है — 'काव्यालङ्कारसूत्र'। अब तक की गई रचनाओं में यही प्रथम रचना सूत्रशैली में की गई है। इसके तीन भाग हैं— सूत्र, वृत्ति तथा उदाहरण। सूत्र तथा वृत्ति ये दोनों अंश वामन द्वारा ही रचित हैं[२]। उदाहरण[३] अन्य प्रामाणिक ग्रन्थों से भी लिये गये हैं।

'काव्यालङ्कारसूत्र' ग्रन्थ पाँच अधिकरणों में विभक्त है। प्रत्येक अधिकरण में दो अथवा तीन अध्याय हैं। कुल मिलाकर बारह अध्याय हैं। ३१९ सूत्र हैं। चतुर्थ अधिकरण 'आलङ्कारिक अधिकरण' है जिसमें तीन अध्याय हैं। इस पर कुछ टीकाओं का भी पता चलता है।

रुद्रट —

वामन के बाद रुद्रट का स्थान माना जाता है। इनका एक नाम 'शतानन्द' भी था[४]। ये भी कश्मीरी विद्वान् थे। इनके जीवनवृत्त के विषय में अधिक जानकारी नहीं मिलती है। इनका सबसे पहले उल्लेख राजशेखर (९५० ई.) ने किया है कि 'काकुवक्रोक्ति' एक विशिष्ट अलङ्कार है। आनन्दवर्धन ने रुद्रट का कहीं उल्लेख नहीं किया है और न ही रुद्रट ने आनन्दवर्धन का। अतः इनका समय ८५० ई. के पूर्व सिद्ध होता है। जब तक आनन्दवर्धन के ध्वनिसिद्धान्त की स्थापना नहीं हो पाई थी।

रुद्रट का एक ही ग्रन्थ 'काव्यालङ्कार' है। विषय की दृष्टि से यह बहुत विस्तृत तथा संयुक्तिक विषयोपस्थापन करने वाला ग्रन्थ माना जाता है। यह

---

१. राजतरङ्गिणी ४/४९७

२. प्रणम्य परमं ज्योतिर्वामनेन कविप्रिया।
काव्यालङ्कारसूत्राणां स्वेषां वृत्तिर्विधीयते॥ कविप्रिया वृत्ति

३. एभिर्निदर्शनैः स्वीयैः परकीयैश्च पुष्कलैः॥ कविप्रिया.

४. अत्र च चक्रे स्वनामांकभूतोऽयंश्लोकः कविनान्तर्भावितः,
यथा — शतानन्दापराख्येन भट्टवामुकसूनना।
साधितं रुद्रटेनेदं सामाजा धीमता हितम्॥ काव्यालंकार ५/१२-१४ की टीका

आर्या छन्द में लिखा गया है जिनकी संख्या ७३४ है। इसमें १६ अध्याय हैं जिनमें ११ अध्यायों में अलङ्कारों का विवेचन है। वैज्ञानिक रीति से अलङ्कारों के विवेचन का श्रेय रुद्रट ही दिया जाता है। इन्होंने कई नवीन अलङ्कार प्रस्तुत किये हैं।

काव्यालङ्कार पर तीन विद्वानों की टीकाओं का उल्लेख प्राप्त होता है — (१) 'रुद्रटालंकार' इसके रचयिता वल्लभदेव हैं। यह उपलब्ध नहीं है। (२) नमिसाधु जो जैन विद्वान् थे, के द्वारा ११२५ वि.सं. में लिखित उपलब्ध एवं प्रकाशित है[1]।(३) तीसरी टीका के रचयिता आशाधर हैं जो जैन यति थे।

रुद्रभट्ट —

इनकी केवल एक ही रचना मिलती है — शृङ्गारतिलक। इसके तीन परिच्छेदों में रस का, विशेष रूप से शृङ्गार रस का विवेचन किया गया है।

कुछ विद्वान् भ्रमवश रुद्रट तथा रुद्रभट्ट को एक ही विद्वान् मान लेते हैं। वास्तव में ये दोनों अलग-अलग विद्वान् हैं और दोनों की चिन्तनधारा भी अलग-अलग है। दोनों के ग्रन्थों के नाम भी अलग-अलग हैं। इनका समय दशम शती माना जा सकता है क्योंकि हेमचन्द्र ने 'शृङ्गारतिलक' के मङ्गलश्लोक को उद्धृत करके उसका खण्डन भी किया है[2]।

आनन्दवर्धन —

साहित्य-शास्त्र में आनन्दवर्धन का एक विशिष्ट स्थान है। इन्होंने एक ऐसे अभूतपूर्व सिद्धान्त की उद्भावना की जिसे उस समय तक के आचार्य व्यवहार में समझते हुये भी कोई नाम न दे सके थे। वह है — ध्वनिसिद्धान्त। इसकी स्थापना और विरोधियों के खण्डन में आनन्दवर्धन ने अकाट्य युक्तियों, अनुभवों एवं प्रमाणों को प्रस्तुत किया है।

कल्हण ने राजतरङ्गिणी में राजा अवन्तिवर्मा के समय के कवियों में आनन्दवर्धन का नाम भी गिनाया है —

मुक्ताकणः शिवस्वामी कविरानन्दवर्धनः।
प्रथां रत्नाकरश्चागात् साम्राज्येऽवन्तिवर्मणः[3]॥

---

१. पञ्चविंशतिसंयुक्तैः एकादशसमाशतैः।
विक्रमात् समतिक्रान्तैः प्रावृषीदं समर्थित॥ टीका का अन्तिम श्लोक
२. द्र. संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ. २०३
३. राजतरङ्गिणी ५/४

कश्मीर के महाराजा अवन्तिवर्मा का समय ८५५-८८४ ई. माना जाता है। इस आधार पर आनन्दवर्धन का समय नवम शती का पूर्वार्द्ध (८५० ई.) और स्थान कश्मीर सिद्ध होता है।

आनन्दवर्धन ने पाँच ग्रन्थों की रचना की थी — (१) विषमबाणलीला, (२) अर्जुनचरित, (३) देवीशतक, (४) तत्त्वालोक, (५) ध्वन्यालोक (=काव्यालोक)।

इनकी कृतियों में ध्वन्यालोक का महत्त्व सर्वविदित है। इसकी रचना के पूर्व तक काव्य के बाह्य तत्त्वों (अङ्गों, शरीर) पर ही विचार होता आ रहा था। इन्होंने ही सर्वप्रथम यह विचार प्रस्तुत किया कि जिस प्रकार मानव-शरीर में आत्मा होती है और वही प्रधान होती है, उसी प्रकार शब्दार्थमय काव्य शरीर में भी कोई आत्मसदृश तत्त्व होना अनिवार्य है। वह तत्त्व 'ध्वनि' ही हो सकता है[1]। इस ध्वनिसिद्धान्त की उद्भावना में इन्होंने व्याकरण शास्त्र के ध्वनि और स्फोट (व्यंजक तथा व्यङ्ग्य) सिद्धान्त का आश्रयण लिया। यह अलग विषय है कि इनका ध्वनि सिद्धान्त बहुत गम्भीर व्यापक तथा केवल सहृदयजन-संवेद्य है। इस सर्वथा नवीन कल्पना के लिये इन्हें संभावित पूर्वपक्षियों के तर्कों की कल्पना करके उनका खण्डन करना पड़ा। इन्होंने तीन प्रकार के विरोधी प्रस्तुत किये — (१) अभाववादी, ये ध्वनि की सत्ता ही नहीं मानते हैं, (२) भाववादी, ये लक्षणा द्वारा ही ध्वनि का कार्य चलाने का पक्ष लेते हैं, (३) अनिर्वचनीयतावादी, ये मन से तो ध्वनि को स्वीकार करते हैं किन्तु लक्षण बनाने में अपनी असमर्थता व्यक्त करते हैं। इन तीनों विरोधियों के तर्कों की कल्पना[2] स्वयं करने के पश्चात् आनन्दवर्धन ने इनका खण्डन सफलतापूर्वक किया और अपने 'ध्वनि सिद्धान्त' की स्थापना की जो आज न केवल भारतवर्ष में अपितु विश्वसाहित्य में प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुका है।

'ध्वन्यालोक' में चार उद्द्योत हैं। इसकी विषय वस्तु के तीन भाग हैं— (१) कारिका, (२) वृत्ति और (३) उदाहरण। कारिकाकार और वृत्तिकार दोनों

---

[1] काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैर्यः समाम्नातपूर्व-
स्तस्याभावं जगदुरपरे भाक्तमाहुस्तमन्ये।
केचिद् वाचां स्थितमविषये तत्त्वमुचुस्तदीयं
तेन ब्रूमः सहृदयमनःप्रीतये तत्स्वरूपम् ॥ ध्वन्यालोक १/१

[2] न चास्माभिरभाववादिनां विकल्पाः श्रुताः किन्तु सम्भाव्य दूषयिष्यन्ते अतः परोक्षत्वम्। लोचन. पृ. १२

एक ही अर्थात् आनन्दवर्धन ही हैं — अथवा कारिकायें किसी अन्य ने लिखीं और वृत्ति आनन्दवर्धन ने लिखी — ये दो मत प्रचलित हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान् यही मानते हैं कि कारिका तथा वृत्ति दोनों के रचयिता आनन्दवर्धन ही हैं। ध्वन्यालोक पर अभिनवगुप्तपादाचार्य की लोचन टीका अतिमहत्त्वपूर्ण, उपयोगी तथा लोकप्रिय है। इसमें कहीं-कहीं इन्होंने अपने मत भी प्रस्तुत किये हैं। अतः ध्वन्यालोक क़ा रहस्य समझाने में लोचन टीका परम सहायक है[१]— यह समस्त साहित्यिक जानते हैं। आनन्दवर्धन की अन्य कृतियों के विषय में विशेष ज्ञान नहीं प्राप्त होता है।

अभिनवगुप्त —

साहित्यशास्त्र में अभिनवगुप्त जैसे बहुविषयज्ञ विद्वान् बहुत कम हैं। इनके पूर्वज उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर 'कन्नौज' (कान्यकुब्ज) के रहने वाले थे। कन्नौज के राजा यशोवर्मा (८०० ई.) पर कश्मीर के राजा ललितादित्य ने आक्रमण कर दिया था, जिसमें यशोवर्मा पराजित हो गये थे। उनके राज्य में 'अत्रिगुप्त' नामक एक महान विद्वान् थे जिन्हें राजा ललितादित्य बड़े सम्मान के साथ कन्नौज से कश्मीर ले गये और कश्मीर लाकर प्रचुर धन-वैभव से उन्हें सन्तुष्ट कर अपनी सभा का पण्डित बना दिया[२]। इन्हीं 'अत्रिगुप्त' के वंश में लगभग २०० वर्षों के बाद अभिनवगुप्त ने जन्म लिया। इस विषय का उल्लेख स्वयं अभिनव गुप्त ने तंत्रालोक में किया है। इस आधार पर अभिनव गुप्त का समय दशम शती का अन्तिम भाग अथवा 'ग्यारहवीं' का पूर्वार्द्ध सिद्ध होता[३] है। इनके पितामह का नाम वराह गुप्त और पिता का नाम नरसिंह गुप्त था और 'चलूख' उपनाम था।

ये परम जिज्ञासु थे अतः कश्मीर के तत्कालीन अनेक तत्तद्विषयज्ञ विद्वानों से इन्होंने भिन्न-भिन्न शास्त्रों का अध्ययन किया था। अपने उन समस्त गुरुओं का ससम्मान उल्लेख इन्होंने तत्तद्विषय के ग्रंथों में किया है।

---

१. किं लोचनं विनालोको भाति चन्द्रिकयापि हि।
तेनाभिनवगुप्तोऽत्र लोचनोन्मीलनं व्यधात् ।। (लोचन टीका की समाप्ति में)

२. निःशेषशास्त्रसदनं किल मध्यदेशस्तस्मिन्नजायत गुणाभ्यधिको द्विजन्मा।
कोऽप्यत्रिगुप्त इति नाम निरुक्तगोत्रश्शास्त्राब्धिचर्वणकलोद्यदगस्त्यगोत्रः।। (तंत्रालोक)

३. अपनी 'विवृतिविमर्शिनी' कृति का रचनाकाल १०४० ई. लिखकर अपना जन्म १०वीं का अन्त अथवा ११वीं शती का प्रारम्भ है— यह स्वयं संकेत किया है।

साहित्य-शास्त्र के अतिरिक्त शैवदर्शन पर इनकी रचनाओं का अतिमहत्त्व-पूर्ण स्थान है। इन्होंने लगभग ४१ ग्रंथ लिखे। दार्शनिक ग्रंथों में 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञा-विमर्षिणी' 'तंत्रसार' मालिनीविजयवार्तिक' 'परमार्थसार' 'परात्रिंशिकाविवरण' आदि ग्रन्थ त्रिकदर्शन सिद्धान्त के प्रतिष्ठापक ग्रन्थ हैं। इनके 'तंत्रालोक' ग्रन्थ का महत्त्व अवर्णनीय है। ये विद्वान् होने के साथ-साथ सिद्ध साधक भी थे।

साहित्य-शास्त्रीय ग्रन्थों में (१) 'ध्वन्यालोकलोचन' (२) 'अभिनव-भारती' (३) 'काव्यकौतुकविवरण' ये तीन ग्रन्थ अत्यन्त प्रामाणिक, उपयोगी, प्रौढ़ एवं गम्भीर माने जाते हैं। इनके ४१ ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है।

इन्होंने लक्ष्मणगुप्त से शैव दर्शन और भट्टेन्दुराज से साहित्य शास्त्र का अध्ययन किया था। नाट्यशास्त्र की व्याख्या की प्रेरणा 'भट्टतोत' से प्राप्त की थी। व्याकरण शास्त्र अपने पिता नरसिंह गुप्त से, वामनाथ से द्वैताद्वैततंत्र, भूतिराज से ब्रह्मविद्या तथा भूतिराजतनय से द्वैतवादी शैवसम्प्रदाय की शिक्षा प्राप्त की थी। इन्होंने सभी गुरुओं का ससम्मान उल्लेख उन-उन विषयों के ग्रंथों में किया है।

ये ब्रह्मचारी थे तथा अपने पीछे एक लम्बी शिष्य-परम्परा को छोड़कर एक गुफा में प्रविष्ट होने के बाद समाधि में लीन हो गये थे।

राजशेखर —

दशम शती के विद्वानों में रचनाकार तथा समीक्षक इन दोनों रूपों में राजशेखर का नाम प्रतिष्ठित है। यद्यपि ये विदर्भ क्षेत्र के मूल निवासो थे किन्तु तत्कालीन अतिसमृद्ध नगर कान्यकुब्ज (कन्नौज) इनका कार्यक्षेत्र रहा है। उस समय के प्रतीहारवंशीय राजा महेन्द्रपाल तथा महिपाल इनके शिष्य[१] थे।

राजशेखर ने अपने को 'यायावरीयः' लिखा है। इससे प्रतीत होता है कि ये यायावर कुल के थे। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध कवि 'अकालजलद' इनके पितामह तथा 'दर्दुक' इनके पिता थे तथा 'शीलवती' माता थीं। इनकी पत्नी चौहानवंशीय अतिविदुषी अवन्तिसुन्दरी नाम की थीं[२]। अपने काव्यमीमांसा ग्रन्थ में राजशेखर

---

१. आपन्नार्तिहरः पराक्रमधनः सौजन्यवारान्निधिः
त्यागी सत्यसुधाप्रवाहशशभृत् कान्तः कवीनां गुरुः।
वर्ण्यं वा गुणरत्नरोहणगिरे किं तस्य साक्षादसौ
देवो यस्य महेन्द्रपालनृपतिः शिष्यो रघुग्रामणीः।। बालरामायण १/१८

२. चहुमानकुल-मौलिमालिका राजशेखरकवीन्द्रगेहिनी।
भर्तुः कृतिमवन्तिसुन्दरी सा प्रयोक्तुमेवमिच्छति।।
कर्पूरमञ्जरी १/११ संस्कृत-छाया

ने अनेक स्थलों पर अपनी पत्नी अवन्तिसुन्दरी का नाम लिखते हुये उनके मत का उल्लेख किया है। उपुर्यक्त कान्यकुब्ज नगर के महाराजाओं का गुरु होने से इनका काल भी वही होना चाहिये जो उनका था अर्थात् नवमशती का उत्तरार्ध अथवा दशमी शती का पूर्वार्द्ध।

इन्होंने अनेक काव्यग्रन्थ लिखे जिनमें — (१) बालरामायण, (२) बालभारत, (३) विद्धशालभञ्जिका, (४) कर्पूरमञ्जरी — ये प्रमुख रचनायें हैं। कर्पूरमञ्जरी प्राकृतभाषा में लिखी हुई है।

साहित्यशास्त्रीय समीक्षा से सम्बद्ध इनका ग्रन्थ है — 'काव्यमीमांसा'। यह ग्रन्थ बहुत बाद में (लगभग ७५ वर्ष पूर्व) ही प्राप्त हुआ था। यह १८ भागों या अधिकरणों में लिखा गया अतिविशालकाय ग्रन्थ रहा होगा किन्तु इस समय इसका केवल प्रथम 'कविरहस्य' नामक एक ही अधिकरण प्राप्त होता है। ग्रन्थ का परिशीलन करने पर प्रतीत होता है कि यह ग्रन्थ 'कविशिक्षासम्प्रदाय' से सम्बद्ध होना चाहिये। राजशेखर ही वे विशिष्ट विद्वान् हैं जिन्होंने सर्वप्रथम यह घोषणा की कि 'साहित्यशास्त्र' पंचम वेद है और अलंकार शास्त्र सप्तम वेदाङ्ग।

राजशेखर बहुमुखी प्रतिभा के धनी तथा बहुविषयमर्मज्ञ विद्वान् थे। इसीलिए आलोचना और रचना दोनों में इनकी प्रतिभा लक्षित होती है। वह दिन वास्तव में बड़े गौरव का होगा जिस दिन इनकी काव्यमीमांसा के शेष १७ अधिकरण भी प्राप्त हो जायेंगे।

मुकुलभट्ट —

भट्टकल्लट के पुत्र मुकुलभट्ट की एक ही कृति प्राप्त होती है— 'आभिधावृत्तिमातृका'। अभिनवगुप्त के गुरु प्रतीहारेन्दुराज ने मुकुलभट्ट को अपना गुरु लिखा है[१]। ये कश्मीर के महाराज अवन्तिवर्मा (८५५-८८४ ई.) के समकालीन थे[२]। इसी समय ध्वन्यालोककार आनन्दवर्धन भी हुये थे। इन्हीं के ध्वनिसिद्धान्त का खण्डन करने के लिये मुकुलभट्ट ने 'अभिधावृत्तिमातृका' नामक लघुकाय १५ कारिकाओं का एक ग्रन्थ लिखा जिस पर वृत्ति भी स्वयं लिखी। इसलिये इनको आनन्दवर्धन के कुछ पश्चात् या समकालीन अर्थात् नवमशती का मानना चाहिये। ये यद्यपि मीमांसाशास्त्र के पण्डित थे किन्तु व्याकरण, न्याय, साहित्य आदि पर भी इनका विशेष अधिकार था।

---

१. विद्वदग्रयान्मुकुलादधिगम्य विरच्यते।
प्रतिहारेन्दुराजेन काव्यालंकार-संग्रहः।। काव्यालंकारसंग्रह का अन्तिम पद्य

२. अनुग्रहाय लोकानां भट्टाः श्रीकल्लटादयः।
अवन्तिवर्मणः काले सिद्धाः भुवमवातरन् ।। राजतरङ्गिणी ५/६६

धनञ्जय —

भरत मुनि. प्रणीत नाट्यशास्त्र का एक लघु संग्रह ग्रन्थ धनञ्जय का 'दशरूपक' है। इस ग्रन्थ में लगभग ३०० (६८+ ७२+ ७६+ ८६ = ३०२) करिकायें हैं। अन्त में ग्रन्थकार ने अपना परिचय देते हुए ग्रंथ का नाम 'दशरूप' लिखा है। इसकी रचना प्रसिद्ध राजा मुञ्ज के समय (९७४ - ९९४ ई.) में हुई थी[1]। धनञ्जय के भाई धनिक् ने इस ग्रन्थ पर 'अवलोक' नामक टीका लिखी थी क्योंकि दोनों ने ही अपने पिता का नाम 'विष्णु' लिखा है। इस टीका के अतिरिक्त चार अन्य टीकायें भी दशरूपक पर लिखीं गईं।

दशरूपक में चार प्रकाश (अध्याय) हैं। प्रथम में पञ्चसन्धि, सन्ध्यङ्ग तथा अन्य नाटकीय विषय विवेचित हैं। द्वितीय में नायक, नायिकाभेद, चारों नाट्यवृत्तियाँ तथा उनके अङ्गों का विवेचन है। तृतीय में नाटक के दश प्रकारों का विस्तृत विवेचन है। चतुर्थ में रस का विशिष्ट विवेचन है। ये व्यञ्जनावादी नहीं हैं अपितु 'तात्पर्यवादी' हैं। अतः भट्टनायक से प्रभावित प्रतीत होते हैं। आजकल यह ग्रन्थ अति लोकप्रिय है।

भट्टनायक —

भट्टनायक दशम शती के प्रौढ़ विद्वान् तथा महान् आलोचक थे। ये ध्वनि-सिद्धान्त के विरोधी माने जाते हैं। इन्होंने 'हृदयदर्पण' नामक ग्रन्थ लिखा था। जो दुर्भाग्यवश उपलब्ध नहीं है। ध्वनि-सिद्धान्त के विरोधी होने के कारण इन्हें आनन्दवर्धन के बाद का मानना चाहिये। अभिनवगुप्त ने ध्वन्यालोकलोचन में भट्टनायक के मत का खण्डन किया है[2]। अतः अभिनवगुप्त के पहले अर्थात् आनन्दवर्धन तथा अभिनवगुप्त के मध्य काल का होना चाहिये। इसलिये इनका काल ९५० ई. के लगभग होना चाहिये। ये भी कश्मीरी विद्वान् थे।

रसनिष्पत्ति-विषयक विवेचनकर्ता के रूप में इनकी ख्याति है। काव्यप्रकाश में इनका मत उद्धृत है। इन्होंने अभिधाव्यापार, भावकत्वव्यापार तथा भोजकत्व-व्यापार — इन तीन व्यापारों के माध्यम से रसनिष्पत्ति सिद्ध की है[3]।

कुन्तक —

साहित्यशास्त्र में 'वक्रोक्ति—सिद्धान्त' के समर्थक के रूप में कुन्तक की प्रसिद्धि है। इन्होंने 'वक्रोक्ति' को ही काव्य का जीवनाधायक तत्त्व

---

[1] विष्णोः सुतेनापि धनञ्जयेन विद्वन्मनोरागनिबद्धहेतुः।
आविष्कृतं मुञ्जमहीशगोष्ठीवैदग्ध्यभाजा दशरूपमेतत्।। दशरूपक ४/८६

[2] तेन यद् भट्टनायकेन द्विवचनं दूषितं तद्गजनिमीलिकैव। लोचन पृ. १०३

[3] द्र. काव्यप्रकाश रससूत्रव्याख्या

सिद्ध किया है — "वक्रोक्तिरेव वैदाग्ध्यभङ्गीभणितिरुच्यते।"[1] आनन्दवर्धन तथा राजशेखर के बाद तथा महिमभट्ट[2] के पूर्व में होने से दशमशती इनका काल सिद्ध होता है। इनकी एक ही कृति प्राप्त होती है— 'वक्रोक्तिजीवित'।

ये अभिधावादी आचार्य थे। इनके 'वक्रोक्तिजीवित' ग्रंथ में चार उन्मेष हैं। प्रथम तथा द्वितीय उन्मेष पूरे मिलते हैं। तृतीय तथा चतुर्थ अधूरे, कारिका, वृत्ति तथा उदाहरण — इन तीन भागों में कारिकायें तथा वृत्ति दोनों ही कुन्तक की हैं, उदाहरण अन्य आचार्यों के हैं। इन्होंने वक्रोक्ति की व्यापक व्याख्या करके इसके महत्त्व को स्थापित किया है।

महिमभट्ट —

ध्वनिविरोधी आचार्यों की पंक्ति में महिमभट्ट अग्रगण्य माने जाते हैं। इन्होंने 'व्यक्तिविवेक' नामक ग्रन्थ की रचना के प्रारम्भ में ही यह प्रतिज्ञा कर डाली कि समस्त ध्वनि सिद्धान्त का अनुमान में अन्तर्भाव कर दूँगा —

अनुमानान्तर्भावं सर्वस्यैव ध्वनेः प्रकाशयितुम्।
व्यक्तिविवेकं कुरुते प्रणम्य महिमा परां वाचम्[3]।।

इन्हें 'राजानक' उपाधि प्राप्त थी इस कारण इनका कश्मीरी होना सिद्ध है। इनके पिता का नाम 'श्रीधैर्य' तथा गुरु का नाम 'श्यामल' था। इन्होंने वक्रोक्तिकार तथा लोचनकार के मतों का खण्डन किया है और अलंकारसर्वस्वकार रुय्यक ने इनके मत का उल्लेख किया है। अंतः रुय्यक के पूर्व तथा लोचनकार के पश्चात् अर्थात् दशमशती के उत्तरार्ध अथवा ग्यारहवीं शती के प्रारम्भ में इनको मानना उचित है।

'व्यक्तिविवेक' के अतिरिक्त इनके 'तत्त्वोक्तिकोष' नामक एक अन्य ग्रन्थ का भी उल्लेख मिलता है किन्तु दुर्भाग्यवश वह ग्रन्थ अनुपलब्ध है। व्यक्तिविवेक में तीन 'विमर्श' (अध्याय) हैं। प्रथम में व्यंजना का प्रबल खण्डन किया गया है। द्वितीय में अनौचित्य को काव्य का प्रमुख दोष मानकर उसका विस्तृत विवेचन किया गया है। तृतीय विमर्श में ध्वनि-सिद्धान्त का प्रखर रूप से विरोध किया गया है। चालीस से अधिक उदाहरण देकर सभी का अन्तर्भाव अनुमान में सिद्ध किया गया है। इनके कथन का खण्डन करने वालों में अलंकारसर्वस्वकार रुय्यक प्रथम विद्वान् हैं।

---

[1] वक्रोक्तिजीवितम्। (१।११)

[2] काव्यकाञ्चनकषाश्ममानिना कुन्तकेन निजकाव्यलक्ष्मणि।
यस्य सर्वनिरवद्यतोदिता श्लोक एष स निदर्शितो मया।। (व्यक्तिविवेक)

[3] व्यक्तिविवेक के आदिम श्लोकों में।

क्षेमेन्द्र —

जैसे आनन्दवर्धन को ध्वनि सम्प्रदाय के, वामन को रीति सम्प्रदाय के, कुन्तक को वक्रोक्ति सम्प्रदाय के संस्थापक आचार्य के रूप में महत्त्व दिया जाता है, वैसे ही क्षेमेन्द्र को 'औचित्य सम्प्रदाय' के संस्थापक आचार्य के रूप में मान्यता प्राप्त है। इनका विशिष्ट ग्रन्थ है — 'औचित्यविचारचर्चा' तथा कविकण्ठाभरण'।

इनका काल विवादित नहीं है क्योंकि इन्होंने अपने उक्त दोनों ही ग्रन्थों में अपने आश्रयदाता राजा का नाम 'कश्मीरनरेश अनन्त' ऐसा लिखा[१] है। इनका शासन काल १०२८-१०६५ ई. माना जाता है। अतः क्षेमेन्द्र का काल ग्यारहवीं शती का पूर्वार्द्ध मानना उचित है।

इनके पितामह का नाम 'सिन्धु' तथा पिता का नाम 'प्रकाशेन्द्र' था। क्षेमेन्द्र ने अपना एक नाम 'व्यासदास' भी लिखा है[२]। बृहत्कथामंजरी में इन्होंने अभिनव गुप्त को अपना साहित्य शास्त्र का गुरु लिखा है — "श्रुत्वाभिनवगुप्ताख्यात् साहित्यं बोधवारिधेः[३]।

महाराज अनन्त द्वारा अपने पुत्र 'कलस' को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया गया था, उस समय इन्होंने 'दशावतारचरित' ग्रन्थ लिखा, जिसका रचनाकाल १०६६ ईः लिखा है।

इन्होंने लगभग चालीस ग्रन्थ लिखे थे किन्तु सम्प्रति — (१) भारतमञ्जरी, (२) बृहत्कथामञ्जरी, (३) औचित्यविचार-चर्चा, (४) कवि-कण्ठाभरण, (५) सुवृत्ततिलक, (६) समयमातृका आदि कुछ ही ग्रन्थ प्राप्त होते हैं। 'औचित्यविचारचर्चा' अलंकार शास्त्र से सम्बद्ध तथा 'कविकण्ठाभरण' कविशिक्षा से सम्बद्ध ग्रन्थ है। औचित्य के विषय में क्षेमेन्द्र के वचन विचारणीय हैं[४]।

---

[१] "तस्य श्रीमदनन्तनृपतेः काले किलायं कृतः।" (औचित्यविचारचर्चा)
"राज्ये श्रीमदन्तराजनृपतेः काव्योद्भवोऽयं कृतः॥" (कविकण्ठाभरण)

[२] इत्येष विष्णोरवतारमूर्तेः काव्यामृतास्वादविशेषभक्त्या।
श्रीव्यासदासान्यतमाभिधेन क्षेमेन्द्रनाम्ना विहितः प्रबन्धः
(दशावतारचरित १०।४१)

[३] बृहत्कथामञ्जरी १९।३७

[४] औचित्यस्य चमत्कारकारिणश्चारुचर्वणे।
रसजीवितभूतस्य विचारं कुरुतेऽधुना॥
अनौचित्यादृते नान्यद् रसभंगस्य कारणम्।
प्रसिद्धौचित्यबन्धस्तु रसस्योपनिषत्परा॥

भोजराज —

संस्कृत-साहित्यानुरागी, विद्वानों के आश्रयदाता, दानी, प्रौढ़ विद्वान् तथा रचनाकार के रूप में धारानरेश महाराजा भोज भारतीय जनमानस में सुप्रतिष्ठित हैं। इनका समय ग्यारहवीं शती माना जाता है। जिसकी पुष्टि एक शिलालेख से होती है[१]। जिसके आधार पर इनका समय ११वीं शती का प्रारम्भ अथवा १०वीं शती का उत्तरार्ध सिद्ध होता है।

अलंकार साहित्य में इनकी दो विशाल कृतियाँ मानी जाती हैं — (१) सरस्वती कण्ठाभरण, (२) शृङ्गार प्रकाश। राजतरङ्गिणीकार कल्हण ने अपने कश्मीरी शासक अनन्तराज तथा मालवाधीश भोज की समान रूप से प्रशंसा करते हुये दोनों की विद्वत्प्रियता का उल्लेख किया है[२]। इनके पिता का नाम 'नवसाहसाङ्क उपाधिधारी सिन्धुराज' या 'सिन्धुल' था जो मुञ्जराज के बाद वहाँ के शासक बने थे।

सरस्वतीकण्ठाभरण में पाँच परिच्छेद हैं। प्रथम में दोष-गुण विवेचित हैं। द्वितीय में २४ शब्दालंकारों का निरूपण है। तृतीय में २४ अर्थालंकारों का तथा चतुर्थ में २४ उभयालंकारों का विवेचन है। पंचम में रस, भाव, पंच सन्धियाँ तथा चार वृत्तियों का प्रतिपादन है। शृङ्गारप्रकाश अभी पूर्ण रूप में प्रकाशित नहीं हो सका हैं। किन्तु हस्तलेख सम्पूर्ण ग्रन्थ का प्राप्त है। प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान् डॉ. राघवन् ने इसी ग्रन्थ पर शोधकार्य करके पीएच.डी. उपाधि प्राप्त की थी[३]। राजा भोज एक समन्वयवादी आलोचक के रूप में माने जाते हैं। इन्होंने शृंङ्गार रस को ही प्रधान अथवा एकमात्र रस माना है और दश रसों को स्वीकार किया है[४]। इन्होंने शृङ्गार की विशेष व्याख्या की है।

मम्मट —

भारतीय संस्कृत-साहित्य का कौन ऐसा अध्येता होगा जो मम्मट नाम से परिचित न हो? मम्मट भी कश्मीरी विद्वान् थे। कितने दुःख का विषय है कि इस महान् विद्वान् के विषय में भी हमारी जानकारी अल्प ही है। आनन्दवर्धन

---

१. "इति। संवत् १०७८ चैत्र सुदी १४ स्वयमाज्ञा मंगलं महाश्रीः स्वहस्तोऽपं भुजदेवस्य।" डॉ. नागेन्द्र द्वारा लिखित काव्यप्रकाशभूमिका से उद्धृत।

२. स च भोजनरेन्द्रश्च दानोत्कर्षेण विश्रुतौ।
सूरी तस्मिन् क्षणे तुल्यं द्वावास्तां कविबान्धवौ।। (राजतरङ्गिणी ७।२५९)

३. शृङ्गारवीरकरुणाद्भुतरौद्रहास्य- बीभत्सवत्सलभयानकशान्तनाम्नः।
आम्नासिषुर्दशरसान् सुधियो वयं तु शृङ्गारमेव रसनाद् रसमामनामः।।
(शृङ्गार प्रकाश)

द्वारा उद्भावित तथा अभिनवगुप्त द्वारा परिपोषित 'ध्वनिसिद्धान्त' को अकाट्य तर्कों द्वारा प्रतिष्ठापित करने का श्रेय आचार्य मम्मट को ही प्राप्त है। इसीलिये इन्हें 'ध्वनि-प्रस्थान-परमाचार्य' जैसी गौरवपूर्ण उपाधि प्रदान की गई है। इनके जीवनवृत्त के विषय में महाकवि श्रीहर्ष से सम्बद्ध किंवदन्ती तथा काव्यप्रकाश के टीकाकार भीमसेन द्वारा उपस्थापित तथ्य इतिहास की कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं।

मम्मट का पारिवारिक वृत्त सर्वथा अन्धकारावृत्त है। समय के विषय में अनुमान लगाया जा सकता है। मम्मट ने काव्यप्रकाश में अन्य प्राचीन विद्वानों के साथ आचार्य अभिनवगुप्त का मत भी उपस्थित किया है[1]। अभिनवगुप्त ११वीं शती के प्रारम्भ (१०१५ ई. के लगभग) विद्यमान थे। पद्मगुप्त के नवसाहसांकचम्पू में राजा भोज की प्रशंसा वाले श्लोकों में से एक श्लोक मम्मट ने 'उदात्त' अलंकार के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है[2]। नवसाहसांक चम्पू १०१० ई. के आस-पास की रचना है और राजा भोज का शासनकाल ९९६ ई. से १०५१ ई. तक माना जाता है। इन तथ्यों से मम्मट का समय ग्यारहवीं शती का पूर्वार्द्ध माना जा सकता है क्योंकि रुय्यक ने अलंकार सर्वस्व में कुछ विषयों में मम्मट का खण्डन किया है। रुय्यक का काल १२वीं शती का प्रारम्भ माना जाता है।

मम्मट की एक ही कृति मिलती है 'काव्यप्रकाश', वह भी अपूर्ण रूप में 'परिकर' अलंकार-पर्यन्त। आगे का भाग 'अल्लट' नामक किसी अन्य विद्वान् द्वारा लिखा गया हैं। इसका उल्लेख काव्यप्रकाश के अन्त में लिखित निम्न श्लोक में स्पष्ट शब्दों में किया गया है—

इत्येष मार्गो विदुषां विभिन्नोऽप्यभिन्नरूपः प्रतिभासते यत्।
न तद्विचित्रं यदमुत्र सम्यग् विनिर्मिता संघटनैव हेतुः॥[3]

काव्यप्रकाश के प्राचीनतम टीकाकार माणिक्यचन्द्र[4] तथा बाद में

---

[1] द्रष्टव्य रससूत्र की व्याख्या।

[2] मुक्ताकेलिविहारसूत्रगलिताः सम्मार्जनीभिर्हृताः
प्रातः प्राङ्गणसीम्नि मन्थरचलद्बालाङ्घ्रिलाक्षारुणाः।
दूराद्दाडिमबीजशङ्कितधियः कर्षन्ति केलीशुकाः,
यद्विद्वद्भवनेषु भोजनृपतेस्तत्त्यागलीलायितम् ॥ (काव्य. उदा. ५०६)

[3] काव्यप्रकाश की समाप्ति का पद्य

[4] अथ चायं ग्रन्थोन्येनारब्धोऽन्येन च समापित इति द्विखण्डोऽपि सङ्घटनावशाद— खण्डायते। अन्तिम श्लोक की मणिक्यचन्द्र की टीका।

'संकेत'[1] टीकाकार रुय्यक ने स्पष्ट शब्दों में दो विद्वानों की रचना माना है। राजानक आनन्द नामक कश्मीरी विद्वान ने भी मम्मट तथा अलक इन दो विद्वानों की रचना मानी है[2]।

काव्यप्रकाश में कारिका, वृत्ति तथा उदाहरण ये तीन भाग हैं। कारिका तथा वृत्ति एक ही विद्वान् की रचनायें हैं अथवा दो विद्वानों की — इस विषय में विवाद है। बहुमत यही है कि दोनों की रचना मम्मट ने ही की। उदाहरण विभिन्न आचार्यों की रचनाओं से लिये गये हैं।

काव्यप्रकाश में दश उल्लास हैं और १४२ कारिकाओं में २११ सूत्र माने गये हैं। प्रथम उल्लास में काव्य के प्रयोजन, निर्माण के हेतु तथा भेदों का विवेचन है। द्वितीय में शब्दवृत्तियों तथा अर्थों के भेद वर्णित हैं। तृतीय में अर्थ की व्यंजकता का विस्तृत वर्णन है। चतुर्थ में ध्वनिनिर्णय, रसविवेचन और पञ्चम में ध्वनि तथा गुणीभूतव्यङ्ग्य के विषय में प्रतिपादन है। षष्ठ उल्लास अत्यल्प है जिसमें चित्रकाव्य की चर्चा है। सप्तम में दोषों की तथा अष्टम में गुणों की चर्चा है। नवम में शब्दालंकार विवेचित हैं। दशम उल्लास में केवल ६१ अर्थालंकार ही माने गये हैं। उन्हीं का प्रतिपादन किया गया है।

काव्यप्रकाश की महत्ता तथा लोकप्रियता इस बात से सिद्ध होती है कि 'श्रीमद्भगवद्गीता की टीकाओं के बाद काव्यप्रकाश के ऊपर ही सर्वाधिक लगभग ७५ संस्कृत टीकायें तथा वर्तमान में दर्जन भर हिन्दी-व्याख्यायें लिखीं गई। अभी आगे भी लिखी जाती रहेंगी, यह निश्चित है।

मम्मट एक समर्थ संग्रहकर्ता रहे हैं। अपने समय तक लिखित समग्र साहित्य को नीरक्षीरविवेक न्याय से इन्होंने स्वीकारा अथवा नकारा है। अपने पूर्ववर्ती आचार्यों की न्यूनताओं को भी दूर करने का प्रयास किया है। अलङ्कार- साहित्य में मम्मट की उपेक्षा करना किसी के लिये सम्भव नहीं है। मम्मट एक युगपुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हुये हैं और उन्हीं से अलंकार-साहित्य का कालविभाजन होता है— मम्मट से पूर्व और मम्मट से पश्चात्।

यहाँ मम्मट से उत्तरवर्ती प्रमुख आचार्यों का संक्षिप्त परिचय कराना अनुपयोगी नहीं होगा।

सागरनन्दी —

सागरनन्दी को आचार्य मम्मट के बाद का माना जाता है। इन्होंने अलंकार-

---

[1] 'एतेन महामतीनां प्रसरणहेतुरेष ग्रन्थो ग्रन्थकृताऽनेन कथमप्यसमाप्तत्वादपरेण च पूरितावशेषत्वाद् द्विखण्डोऽपि।

[2] यदुक्तम् - कृतः श्री मम्मटाचार्यवर्यैः परिकरावधिः।
प्रबन्ध पूरितः शेषो विधायालकसूरिभि।।

शास्त्र पर कोई रचना न करके नाट्यशास्त्र पर 'नाटकलक्षणरत्नकोश' नामक ग्रन्थ लिखा। इनका मूल नाम 'सागर' था किन्तु 'नन्दी' वंश का होने से 'नन्दी' शब्द इनके नाम के साथ जोड़ दिया गया। अपने 'नाटकलक्षणरत्नकोश' ग्रन्थ के अन्त में इन्होंने पूर्ववर्ती अनेक नाट्यशास्त्रीय विद्वानों के नामों का उल्लेख किया है[1]।

इन्होंने राजशेखर का उल्लेख किया है। अतः राजशेखर के बाद इनका समय हो सकता है। सागरनन्दी के मतों का उल्लेख करने वालों में एक रायमुकुट हैं जिनका समय १४३१ माना जाता है। अतः सागरनन्दी १४वीं शती के उत्तरार्ध में अथवा १५ शती के पूर्वार्द्ध में माने जा सकते हैं।

इनका ग्रन्थ कारिकारूप में है।

अग्निपुराण —

साहित्य-शास्त्रीय अनेक ग्रन्थों में वर्णित साहित्य-शास्त्रीय विषयों का उल्लेख अग्निपुराण में प्राप्त होता है[2]। अग्निपुराण के ३३६ से ३४६ तक ११ अध्यायों में साहित्य-शास्त्रीय विषय प्रदर्शित किये गये हैं। ३३६वें अध्याय में काव्य लक्षण, काव्यभेद, कथा-आख्यायिका तथा महाकाव्य के विषय में प्रतिपादन है। ३३७ में नाट्य-सम्बन्धी विषय-नाटक के भेद, प्रस्तावना, ५ अर्थप्रकृतियाँ, ५ सन्धियाँ वर्णित हैं। ३३८ में रस-सम्बन्धी विवेचन तथा नायक-नायिका भेद वर्णित हैं। ३३९ में चार प्रकार की रीतियाँ (पाञ्चाली, गौड़ी, वैदर्भी तथा लाटी) तथा चार प्रकार की वृत्तियाँ (भारती, सात्त्वती, कैशिकी, आरभटी) का विवेचन है। ३४० में नृत्य के अवसर पर होने वाले अङ्गविक्षेप वर्णित हैं। आगे ३४१वें अध्याय में चार प्रकार के अभिनय सात्त्विक, वाचिक, आङ्गिक तथा आहार्य वर्णित हैं। ३४२ में शब्दालंकार प्रतिपादित हैं। ३४३-४४ में अर्थालंकारों का विवेचन है। अन्त के दो अध्यायों ३४५-४६ में गुणों तथा दोषों का वर्णन है। इन सभी अध्यायों में ३६२ श्लोक हैं।

अग्निपुराण का रचनाकाल १२वीं से १४वीं शती के मध्य माना जाता है।

---

[1] श्रीहर्ष-विक्रमनराधिपमातृगुप्तगर्गाश्मकुट्टनखकुट्टकबादरीणाम् ।
एषां मतेन भरतस्य मतं विगाह्य घुष्टं मया समनुगच्छत रत्नकोशम्॥

(अन्तिम श्लोक)

[2] अधिकांश इतिहासकार तथा समीक्षक पुराणों के मतों को मान्यता नहीं देते हैं। किन्तु अग्निपुराण की विषय वस्तु देखकर उसमें प्रतिपादित सिद्धान्तों की सर्वथा उपेक्षा तर्कसंगत नहीं मानी जा सकती। इसीलिये पं. बलदेव उपाध्याय ने अग्नि पुराण को भी सम्मिलित किया है। प्रस्तुत ग्रन्थ का सम्पादक भी इसी मत का समर्थक है।

राजानक रुय्यक —

मम्मट के 'काव्यप्रकाश' पर रुय्यक ने 'काव्यप्रकाशसंकेत' नामक टीका लिखी। अतः ग्यारहवीं शती के मम्मट के पश्चात् इनका काल होना चाहिये। श्रीकण्ठचरित में मंखक ने 'रुय्यक' का परिचय अपने गुरु के रूप में दिया[१] है और इन्होंने अपने 'अलंकार-सर्वस्व' में मङ्खक कविविरचित 'श्रीकण्ठचरित' काव्य के पाँच श्लोक उद्धृत किये हैं। 'श्रीकण्ठचरित' का रचनाकाल ११४५ई. है। अतः राजानक रुय्यक ग्यारहवीं शती के अन्तिम भाग या १२वीं के पूर्वार्द्ध में हुये होंगे। 'राजानक' उपाधि से इनका 'कश्मीरी' होना निश्चित है।

'अलंकारसर्वस्व' में सूत्र, वृत्ति तथा उदाहरण तीन भाग हैं। सूत्र तथा वृत्ति एक व्यक्ति की रचनायें हैं— इस विषय में विवाद है। 'अलङ्कारसर्वस्व' के प्राचीन व्याख्याकार जयरथ ने कारिकायें तथा वृत्ति दोनों एक ही व्यक्ति की रचनायें मानी हैं[२]। परम्परा और अनेक प्रमाण दोनों के रचयिता के रूप में रुय्यक को ही मानते हैं।

इनके अनेक ग्रन्थ हैं। अलंकारमञ्जरी, अलंकारानुसारिणी, नाटकमीमांसा, हर्षचरितवार्तिक — इनका उल्लेख रुय्यक तथा जयरथ ने किया है। इस समय इनके तीन ग्रन्थ प्रकाशित हैं — (१) संहृदयलीला, (२) व्यक्तिविवेक की टीका, (३) अलंकारसर्वस्व। सहृदयलीला छोटा सा ग्रन्थ है, व्यक्तिविवेकटीका अपूर्ण है। अलंकारसर्वस्व एक प्रौढ़ तथा ध्वनिपरम्परा का ग्रन्थ है। इसमें कोई विभाजन न करके अलंकारों का विवेचन किया गया है। मम्मट से अधिक अलंकार इसमें हैं। इन्होंने 'विकल्प' तथा 'विचित्र' इन दो नवीन अलंकारों की कल्पना की है।

'काव्यप्रकाशसंकेत' टिप्पणी रूप में लघु ग्रन्थ है। जयरथ ने रुय्यक के १२ ग्रन्थों का संकेत किया[३] है।

हेमचन्द्र —

जैनधर्मानुयायी हेमचन्द्र ने व्याकरण तथा साहित्य शास्त्र पर महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ लिखे। इनका जन्म अहमदाबाद जिले के 'धुन्धुक' गाँव में ११४५ वि. सं.

---

[१] व्याख्यासु यस्य वदनं रदनांशुभिरीक्ष्यते।
.... ॥
तं श्रीरुय्यकमालोक्य सप्रियं गुरुग्रहीत् ।
सौहार्दप्रश्रयरसस्त्रोतस्सम्भेदमज्जनम् ॥ श्रीकण्ठचरित २५।२६-३०

[२] द्र. संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ. २३०

[३] द्र. डॉ. रामचन्द्र द्विवेदी — अलंकार- सर्वस्वमीमांसा पृ. २४

(१०८८ ई.) में हुआ था तथा देहावसान ११७२ ई. में हुआ था। अनहिलपट्टन के चालुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज (१०९३ ई. ११४३ ई.) की प्रार्थना पर इन्होंने अपने प्रसिद्ध 'सिद्धहेम' नामक व्याकरण ग्रन्थ की रचना की थी।

साहित्यशास्त्र में इनका ग्रन्थ है— 'काव्यानुशासन'। यह सूत्र शैली में रचा गया जिसकी वृत्ति इन्होंने स्वयं ही लिखी। यह एक संग्रह ग्रन्थ है जिसमें मौलिकता बहुत कम दिखाई देती है। इसमें आठ अध्याय हैं जिनमें काव्यशास्त्रीय विविध विषयों का विवेचन है। इन्होंने 'संसृष्टि' भेद अलग न मानकर 'संकर' में ही गतार्थ किया है। इन्होंने 'ध्वन्यालोक' 'अभिनव-भारती' 'काव्यमीमांसा' तथा 'काव्यप्रकाश' आदि ग्रन्थों की अविकल पंक्तियाँ उद्धृत की हैं।

रामचन्द्र-गुणचन्द्र —

हेमचन्द्र के पश्चात् उनके दो प्रमुख शिष्यों रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र का काल आता है। इन दोनों ने संयुक्त रूप में 'नाट्यदर्पण' नामक एक ग्रन्थ लिखा जिसमें चार अध्याय हैं। गुणचन्द्र के किसी अन्य ग्रन्थ का उल्लेख नहीं मिलता है जब कि रामचन्द्र के कई ग्रन्थों की चर्चा प्राप्त होती है क्योंकि जैन साहित्य में रामचन्द्र को 'प्रबन्धशतकर्ता' लिखा गया है[१]।

'नाट्यदर्पण' कारिकाओं में लिखा गया है जिन पर दोनों लेखकों की ही वृत्तियाँ है। इस ग्रन्थ में चार 'विवेक' (अध्याय) हैं जिनमें नाटक, रूपक, प्रकरण, रस तथा भावाभिनयादि का वर्णन है।

ये गुजरात के सिद्धराज (१०९३-११४३), कुमारपाल (११४३-११७८) तथा अजयपाल (११७२-११७४) इन तीन राजाओं के समय में विद्यमान थे। अतः हेमचन्द्र के इन दोनों शिष्यों का काल १२वीं शती माना जाना चाहिये।

शोभाकर मिश्र —

इन्होंने एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा — "अलंकाररत्नाकर"।[२] 'रत्नाकर' नाम से इस ग्रन्थ का उल्लेख अप्पयदीक्षित तथा पण्डितराज ने किया है। जयरथ ने अपनी 'विमर्षिणी' टीका में इनके मत का अनेक स्थलों पर खण्डन किया है। अतः इनका काल १३वीं शती से पहले होना चाहिये।

ये कश्मीरी प्रतीत होते हैं। इनका ग्रन्थ सूत्र तथा वृत्ति के रूप में लिखा गया है। इन्होंने कुछ नवीन अलंकार भी माने हैं, जैसे — अचिन्त्य, अनुकृति, अभेद, अवरोह, अशक्य, आपत्ति आदि। अतः अलंकारों के विकास में इनका योगदान मानना चाहिये। इन्होंने सौ अलंकार माने हैं।

---

[१] द्र. डॉ. नगेन्द्र काव्यप्रकाशभूमिका पृ. ७९ तथा पं. बलदेव उपाध्याय-संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ. ३६।

[२] पूना से इस ग्रन्थ का प्रकाशन हुआ है।

वाग्भट (प्रथम) —

हेमचन्द्र के समय ही एक अन्य जैन विद्वान् भी हुये थे जिनका नाम था वाग्भट (प्रथम)। इनकी एक ही कृति मिलती है — 'वाग्भटालंकार'। इनका प्राकृत नाम 'बाहड़' था तथा इनके पिता का नाम सोम था और वे किसी राजा के अमात्य पद पर प्रतिष्ठित थे।[१] अपनी कृति में इन्होंने संस्कृत तथा प्राकृत में स्वनिर्मित उदाहरण देकर संस्कृत तथा प्राकृत दोनों भाषाओं का अपना पाण्डित्य प्रदर्शित किया है। गुजरात के राजा जयसिंह से इनका परिचय होने के कारण इनका भी वही काल सिद्ध होता है जो राजा जयसिंह का है। (१०९३-११४३ ई.) अर्थात् ११वीं शती का उत्तरार्ध। इनका ग्रन्थ बहुत लोकप्रिय था इसीलिये उस पर अनेक टीकायें लिखीं गईं।

वाग्भट (द्वितीय) —

'काव्यानुशासन' नामक ग्रन्थ के रचयिता का नाम भी 'वाग्भट' ही है। किन्तु इन्होंने प्रथम वाग्भट का उल्लेख अपने ग्रन्थ में किया, अतः ये दोनों अलग-अलग विद्वान थे। इनके पिता का नाम 'नेमकुमार' था। ये १४वीं शती के लगभग हुये थे।

इनका 'काव्यानुशासन' सूत्रशैली का ग्रन्थ है जिस पर इन्होंने स्वयं 'अलंकार तिलक' नामक टीका भी लिखी। इसमें पाँच अध्याय हैं। इन्होंने अपने दो अन्य ग्रन्थों का भी उल्लेख किया है— 'ऋषभदेवचरित' तथा 'छन्दोऽनुशासन'।

अरिसिंह- अमरचन्द्र —

जैसे रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र एक ही गुरु (हेमचन्द्र) के शिष्य थे और दोनों ने मिलकर एक ग्रन्थ 'नाट्यदर्पण' लिखा। उसी प्रकार अरिसिंह तथा अमरचन्द्र दोनों ने एक ग्रन्थ की रचना की- काव्यकल्पलता।' ये दोनों जिनदत्तसूरि के शिष्य थे। धीरधवल तथा वास्तुपाल के समकालीन होने से इन दोनों का समय १३वीं शती सिद्ध होता है। अमरचन्द्र ने कई अन्य ग्रन्थ भी लिखे थे — 'छन्दोरत्नावली' 'काव्यकल्पलता-परिमल' तथा 'अलंकार-प्रबोध'। काव्यकल्पलता ग्रन्थ कविता निर्माण की शिक्षा देने वाला उत्तम ग्रन्थ है।

देवेश्वर —

कविशिक्षा प्रदान करने वाला एक अन्य ग्रन्थ भी लिखा गया — 'कवि-कल्पलता। इसके रचयिता का नाम 'देवेश्वर' था। इन्होंने अमरचन्द्र की कृति 'काव्यकल्पलता' को अपना आदर्श माना है और उसमें से प्रचुर सहायता ली है। अतः उसके बाद की यह रचना है। इनके ग्रन्थ का एक पद्य 'शार्ङ्गधरपद्धति'

---

[१] द्र. बलदेव उपाध्याय-संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ. २३७

में उद्धृत है जिसका रचनाकाल १३६३ ई. है। अतः 'देवेश्वर' का काल इससे पूर्व अर्थात् १४वीं शती का प्रारम्भ सिद्ध होता है।

जयदेव —

अलंकार-शास्त्र में जयदेव का 'चन्द्रालोक' एक अत्यन्त लोकप्रिय रचना है। इसकी लोकप्रियता से आकृष्ट होकर राजा जसवन्त सिंह ने हिन्दी में 'भाषा भूषण' नामक ग्रन्थ की रचना की जो कि चन्द्रालोक का अनुवाद है। जयदेव का एक नाम 'पीयूषवर्षी' भी था[1]। इनके पिता 'महादेव' तथा माता 'सुमित्रा' थीं— यह बात चन्द्रालोक के प्रत्येक मयूख के अन्त में लिखी है।

महादेवः सत्रप्रमुखमखविद्यैकचतुरः
सुमित्रा तद्भक्तिप्रणिहितमतिर्यस्य पितरौ[2]।

'प्रसन्नराघव' के रचयिता जयदेव ने भी अपने पिता का नाम 'महादेव' तथा माता का नाम 'सुमित्रा' लिखा है[3]। अतः दोनों कृतियों के रचयिता जयदेव एक ही व्यक्ति हैं। हाँ, गीतगोविन्दकार जयदेव इनसे अलग व्यक्ति हैं[4]। क्योंकि उनके पिता का नाम 'भोजदेव' तथा माता का नाम रामादेवी था। गीतगोविन्दकार बंगाली थे। प्रस्तुत जयदेव को कुछ लोगों ने मैथिल माना है। किन्तु इसकी पुष्टि नहीं होती है।

इनका समय पूरी तरह निश्चित नहीं हो सका है। चन्द्रालोक की प्रमुख टीका 'शरदागम' नाम्नी है जिसके रचयिता प्रद्योतनभट्ट मिश्र हैं और इसका रचना काल १५८३ ई. है। इसके अतिरिक्त साहित्यदर्पण में ध्वनिकाव्य के उदाहरण के रूप में 'प्रसन्नराघव' का निम्न श्लोक उद्धृत है —

कदली कदली करभः करभः करिराजकरः करिराजकरः[5]।
भुवनत्रितयेऽपि बिभर्ति तुलामिदमूरुयुगं न चमूरुदृशः॥

शार्ङ्गधरपद्धति में भी प्रसन्नराघव के श्लोक उद्धृत हैं। इसका रचनाकाल १३६३ है। अतः मम्मट के पश्चात् और शार्ङ्गधरपद्धति से पूर्व अर्थात्

---

१. जयदेवस्यैव पीयूषवर्षीति नामान्तरम्। नागाभट्ट-राकागम टीका

२. चन्द्रालोक १।१६

३. प्रसन्नराघव अङ्क १ श्लोक १४-१५

४. डॉ. नागेन्द्र ने एक व्यक्ति माना है। द्र. काव्य प्रकाशभूमिका पृ. ८५ किन्तु पं. बलदेव उपाध्याय ने अलग-अलग माना है और इसका प्रमुख आधार दोनों के माता-पिता का नाम भिन्न-भिन्न होना-लिखा है।
(द्र. संस्कृशास्त्रों का इतिहास पृ. २४१)

५. साहित्यदर्पण ४।३

१३वीं शती का उत्तरार्ध जयदेव का काल होना चाहिये। मम्मट के बाद का होना तो चन्द्रालोक से ही सिद्ध है[1]।

इनका अलंकारशास्त्रीय एक ही ग्रन्थ मिलता है — चन्द्रालोक। इसमें १० मयूख (अध्याय) हैं। ३५० अनुष्टुप् छन्द हैं। सरल एवं सुन्दर भाषा है। प्रथम मयूख में काव्य का लक्षण, हेतु, शब्द के तीन भेद वर्णित हैं। द्वितीय में दोष तथा तृतीय में 'लक्षण' नामक काव्याङ्गों का वर्णन है। चतुर्थ में दश गुण, पंचम में पाँच शब्दालंकारों तथा एक सौ अर्थालंकारों का सुन्दर वर्णन है। (अप्पयदीक्षित ने इसके पञ्चम मयूख के आधार पर ही अपना 'कुवलयानन्द' ग्रन्थ बनाया है।) षष्ठ में रस, भाव, रीतियाँ तथा वृत्तियाँ विवेचित हैं। सप्तम में व्यंजना तथा ध्वनिकाव्य के भेदों का तथा अष्टम में गुणीभूतव्यङ्ग्य के भेदों का विवेचन है। नवम में लक्षणा का तथा दशम में अभिधा का विवेचन है।

इस ग्रन्थ की प्रमुख विशेषता है — एक ही श्लोक में लक्षण तथा उदाहरण का निरूपण। संभवतः इसी शैली से आकृष्ट होकर ही अप्पयदीक्षित ने भी कुवलयानन्द में इसी शैली का आश्रयण लेकर अलंकारों का विवेचन किया है[2]।

इस लोकप्रिय ग्रन्थ पर लगभग छह टीकायें प्राचीनकाल में लिखी गईं, जिनमें 'शरदागम' टीका (१५८३ ई.) महत्त्वपूर्ण है जिसका सहारा कुवलयानन्दकार ने लिया है और इस बात का स्पष्ट उल्लेख भी किया है —

चन्द्रालोको विजयतां शरदागमसम्भवः।
हृद्यः कुवलयानन्दो यत्प्रसादादभूदयम्[3]।।

---

[1] १. जयदेव ने मम्मट के काव्यलक्षण "तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि" का खण्डन करते हुये यह पद्य लिखा है —

अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थावनलङ्कृती ।
असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलं कृती ।। (चन्द्रालोक १।८)

[2] २. तुलनीय— उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः ।
हृदये खेलतोरुच्चैस्तन्वङ्गीस्तनयोरिव ।। (चन्द्रालोक ५।११)
उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः।
हंसीव कृष्ण! ते कीर्तिः स्वर्गङ्गामवगाहते ।। (कुवल. ५)

[3] ३. कुवलयानन्द की समाप्ति का पद्य। शरदागम टीका की रचना रीवाँ नरेश श्री वीरभद्रदेव की आज्ञा से उनकी सभा के पण्डित श्री पद्मनाभ मिश्र (प्रद्योतनभट्टाचार्य अपरनाम) ने १६४० वि. सं. में की थी।

जयदेव की दूसरी रचना है — 'प्रसन्नराघव' नाटक। इसमें राम की कथा का वर्णन है। यह सात अंकों का नाटक है। इसमें नाटकीयता की अपेक्षा कवित्व अधिक है। इसकी ललित सूक्तियों का प्रभाव तुलसीदास पर देखा जा सकता है[1]।

विद्याधर —

अलंकारसाहित्य में 'एकावली' ग्रन्थ का अपना एक विशिष्ट स्थान है। इसकी रचना विद्याधर ने की है। इसके लक्षण तथा समस्त उदाहरण विद्याधर ने स्वयं बनाये हैं। ये उदाहरण ग्रन्थकार ने अपने आश्रयदाता उत्कल नरेश 'नरसिंह' की स्तुति में लिखे हैं[2]। इस राजा का समय १२८०—१३१४ ई. माना जाता है। अतः विद्याधर को तेरहवीं शती के उत्तरार्ध का मानना चाहिये।

'एकावली' में आठ उन्मेष (अध्याय) हैं जिनमें क्रमशः — (१) काव्यस्वरूप, (२) वृत्तिविचार, (३) ध्वनिभेद, (४) गुणीभूतव्यङ्ग्य, (५) गुण-रीति, (६) दोष, (७) शब्दालंकार तथा (८) अर्थालंकार विवेचित हैं। इस ग्रन्थ के मूल आधार काव्य प्रकाश तथा अलंकार सर्वस्व हैं। इसे काव्यप्रकाश का एक संक्षिप्त रूप भी कहा जा सकता है। १४ वीं शती के प्रसिद्ध व्याख्याकार मल्लिनाथ ने 'एकावली' पर 'तरला' नामक टीका लिखी और अपनी व्याख्याओं में एकावली के काव्यलक्षण आदि अधिक उद्धृत किये।

विद्यानाथ —

विद्यानाथ ने 'प्रतापरुद्रयशोभूषण' नामक ग्रन्थ की रचना की। ये दाक्षिणात्य थे। इनका ग्रन्थ दक्षिण भारत में बहुत लोकप्रिय है। इस ग्रन्थ में कारिका, वृत्ति तथा उदाहरण ये तीन अंश हैं। विद्यानाथ ने इसके समस्त उदाहरण आन्ध्र प्रदेश के अपने काकतीयवंशीय राजा 'प्रतापरुद्र' की स्तुति में बनाकर लिखे हैं[3]। प्रतापरुद्र (वीररुद्र या रुद्र) अत्यन्त वीर एवं प्रतापी राजा थे। इनका समय १३ वीं शती का अन्त अथवा १४वीं शती का प्रारम्भ माना जाता है। अतः विद्यानाथ का भी यही काल होना चाहिये।

इस ग्रन्थ में नौ प्रकरण (अध्याय) हैं। इनमें क्रमशः नायक, काव्य, नाटक, रस, दोष, गुण, शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा मिश्रालंकार का विवेचन

---

१. द्र. बलदेव उपाध्याय- संस्कृत साहित्य का इतिहास पृ. ५७३

२. एवं विद्याधरस्तेषु कान्तासंमितलक्षणम् ।
करोमि नरसिंहस्य चाटुश्लोकानुदाहरन् ।। (एकावली का प्रारम्भ)

३. प्रतापरुद्रदेवस्य गुणानाश्रित्य निर्मितः।
अलंकारप्रबन्धोऽयं सन्तः कर्णोत्सवोऽस्तु वः।। (प्रतापरुद्र. १।९)

किया गया है। इन्होंने मम्मट को आदर्श मानते हुये भी अलंकार क्षेत्र में रुय्यक का प्रमुखरूपेण अनुकरण किया है।

'प्रतापरुद्रयशोभूषण' की व्याख्या कुमारस्वामी ने लिखी जिन्होंने अपने को प्रसिद्ध व्याख्याकार मल्लिनाथ का पुत्र कहा है। इस व्याख्या का नाम 'रत्नापण' है। यह बहुत महत्त्वपूर्ण तथा उपयोगी टीका है। इसमें अनेक प्राचीन विद्वानों के मतों की चर्चा है[१]।

विश्वनाथ कविराज —

मम्मट के काव्यप्रकाश के पश्चात् अलंकार-शास्त्र में विश्वनाथ कविराज का 'साहित्यदर्पण' सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रन्थ माना जाता है। ये उत्कल (उड़ीसा) के प्रतिष्ठित पण्डितकुल में उत्पन्न हुये थे। इनके पिता चन्द्रशेखर[२] थे। ये भी अपने पुत्रतुल्य ही महान् पण्डित तथा 'सान्धिविग्रहिक' पदवीधारी थे। इन्होंने भी 'पुष्पमाला' तथा 'भाषार्णव' ये दो ग्रन्थ लिखे थे। विश्वनाथ के पितामह अथवा वृद्धपितामह का नाम 'नारायण' था- ऐसा उल्लेख मिलता है[३]। अत: पितामह या वृद्धपितामह का निर्णय करना कठिन है। ऐसा माना जा सकता है। कि काव्यप्रकाश की टीका लिखते समय इनके पितामह की आयु बहुत अधिक न रही हो किन्तु मौलिक ग्रंथ 'साहित्यदर्पण' की रचना के समय इनके पितामह बहुत वृद्ध हो गये हों अत: 'वृद्ध' विशेषण लगा दिया हो। वृद्ध पितामह के उल्लेख के पूर्व पितामह का उल्लेख न करना व्यावहारिक नहीं है। अस्तु, सन्देह तो बना ही है।

विश्वनाथ संस्कृत तथा प्राकृत के अतिरिक्त कई भाषाओं के पण्डित थे। इन्होंने अपने को 'षोडशभाषा-वारविलासिनी-भुजङ्ग' इस विशेषण से विभूषित लिखा है[४]।

इन्होंने इन काव्यग्रन्थों की रचना की— (१) राघवविलास, (२) कुवलयाश्वचरित (प्राकृतभाषा की रचना) (३) प्रभावतीपरिणय (नाटिका) (४) चन्द्रकला

---

[१] द्र. संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ. २४६

[२] श्रीचन्द्रशेखरमहाकविचन्द्रसूनुः। साहित्यदर्पण का अन्तिम श्लोक

[३] विश्वनाथ ने काव्यप्रकाश की टीका में पितामह लिखा है -- " यदाहुः श्री कलिङ्गभूमण्डलाखण्डल- महाराजाधिराज-नरसिंहदेवसभायां धर्मदत्तं स्थगयन्तः .... अस्मत् पितामहश्रीमन्नारायणदासपादाः"
किन्तु साहित्यदर्पण में वृद्धपितामह लिखा है —
"तत्प्राणत्वं चास्मद्वृद्धपितामह-सहृदयगोष्ठी-गरिष्ठ कवि पण्डितमुख्य-श्रीमन्नारायणपादैरुक्तम्।" साहित्यदर्पणः। २-३

[४] द्र. साहित्यदर्पणप्रथमपरिच्छेद की समाप्ति में।

(नाटिका), (५) प्रशस्तिरत्नावली (करम्भक है षोडश भाषाओं की रचना)। (६) 'नरसिंहविजय' नामक एक काव्य का भी इन्होंने उल्लेख किया है।

इनका काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ है — 'साहित्यदर्पण'। इनके ऊपर रुय्यक तथा मम्मट का बहुत प्रभाव दिखाई देता है। जयदेव के प्रसन्नराघव का एक श्लोक[१] तथा नैषध का एक श्लोक[२] उद्धृत करने के कारण उन दोनों के बाद का होना सुनिश्चित है। इनके समय का निर्धारण इनके द्वारा उद्धृत निम्न श्लोक से भी होता है —

सन्धौ सर्वस्वहरणं विग्रहे प्राणनिग्रहः।
अल्लावद्दीननृपतौ न सन्धिर्न न च विग्रहः[३]।।

यहाँ. प्रसिद्ध मुगलशासक अल्लाउद्दीनखिलजी ही प्रतीत होते हैं क्योंकि इन्होंने दक्षिणी प्रान्तों पर आक्रमण कर विजय प्राप्त की थी। इनका समय १२९६ से १३१६ ई. तक माना जाता है। उक्त श्लोक में वर्तमानकालिक निर्देश होने से उनके समय ही विश्वनाथ को होना चाहिये अर्थात् चौदहवीं शती का प्रारम्भ इनका काल सम्भव है। 'साहित्यदर्पण' की एक हस्तलिखित प्रति वि. सं. १४४० (१३८४ ई.) की प्राप्त हुई है, उससे भी इनका समय चौदहवीं शती का पूर्वार्द्ध सिद्ध होता है[४]।

साहित्यदर्पण में दश परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेद में काव्य का स्वरूप तथा भेद वर्णित हैं। द्वितीय में वाक्य तथा पद के लक्षण, शब्द की तीन वृत्तियाँ वर्णित हैं। तृतीय में रस, भाव, नायक-नायिका-भेद से सम्बद्ध विषय विवेचित हैं। चतुर्थ में ध्वनि तथा गुणीभूत व्यङ्ग्य की चर्चा है। पञ्चम में व्यंजना की स्थापना हेतु अकाट्य तर्क दिये गये हैं। षष्ठ में नाटक के लक्षण तथा उनके भेद आदि का विस्तृत विवेचन है। सप्तम में दोष तथा अष्टम में गुण विवेचित हैं। नवम में काव्य की चार रीतियों का विस्तृत विवेचन है। दशम में शब्दालंकार तथा अर्थालंकार सोदाहरण विवेचित हैं।

साहित्यदर्पण पर अनेक टीकायें लिखी गईं जो इसकी लोकप्रियता सिद्ध करती हैं। विश्वनाथ के पुत्र अनन्तदास ने लोचन नामक टीका लिखी थी। साहित्य शास्त्र के प्रवेशार्थी के लिये यह ग्रन्थ सर्वाधिक उपयोगी है।

---

[१] कदली कदली करभः करभः करिराजकरः करिराजकरः।
भुवनत्रितयेऽपि बिभर्ति तुलामिदमूरुयुगं न चमूरुदृशः।। (साहित्य ४।३)

[२] धन्यासि वैदर्भि गुणैरुदारैर्यया समाकृष्यत नैषधोऽपि
इतः स्तुतिः का खलु चन्द्रिकायाः यदब्धिमप्युत्तरलीकरोति।
(नैषध ३।११६। साहित्य. १०।५०)

[३] साहित्य दर्पण ४।१४

[४] संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ. २४८

केशव मिश्र —

इन्होंने 'अलंकार-शेखर' नामक ग्रन्थ लिखा। इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में तथा अन्त में इन्होंने लिखा है कि इसकी रचना राजा धर्मचन्द्र के पुत्र माणिक्यचन्द्र के आग्रह पर की गई है। इनका शासन दिल्ली के समीपवर्ती क्षेत्र में था और समय १६वीं शती के आस-पास है। अतः केशव मिश्र भी इसी समय के होने चाहिये।

'अलंकार शेखर' में तीन भाग हैं— कारिका, वृत्ति तथा उदाहरण। इन्होंने किसी शौद्धोदनि नामक आचार्य के वचनों के आधार पर कारिकायें लिखी हैं किन्तु इस नाम के किसी साहित्यिक विद्वान् का कोई उल्लेख नहीं मिलता है। इनके द्वारा उल्लिखित श्रीपाद नामक विद्वान् का भी परिचय ज्ञात नहीं होता है[1]। इस ग्रन्थ में आठ 'रत्न' (अध्याय) हैं और २२ मरीचियाँ हैं जिनमें काव्यशास्त्रीय विभिन्न विषय विवेचित हैं।

शारदातनय —

ये अलंकार-शास्त्र के विवेचक न 'होकर नाट्य-शास्त्र' के विद्वान् थे। इन्होंने 'भाव प्रकाशन' नामक ग्रन्थ लिखा जिसमें दश "अधिकार' (अध्याय) हैं। इनमें क्रमशः — (१) भाव (२) रसस्वरूप (३) रसभेद (४) नायक-नायिका (५) नायिकाभेद (६) शब्दार्थसम्बन्ध (७) नाट्येतिहास (८) दशरूपक (९) नृत्यभेद (१०) नाट्यप्रयोग — इन विषयों का विवेचन किया गया है। इन पर भोज तथा मम्मट का अधिक प्रभाव है। यह ग्रन्थ नाट्य तथा रस के विशिष्ट ज्ञान के लिये एक 'कोष' के समान है।

ये शारदादेवी के पुत्र थे अतः इनका 'शारदातनय' यह नाम प्रसिद्ध हो गया था। इनका समय १३वीं शती का मध्य माना जा सकता है क्योंकि शिंगभूपाल ने 'रसार्णवसुधाकर' ग्रन्थ में इनके मत का उल्लेख किया है।

शिंगभूपाल —

ये नाट्य तथा संगीत के विद्वान् थे। पं. बलदेव उपाध्याय ने कलकत्ते के हस्तलेख के आधार पर 'संगीतरत्नाकर' की टीका भी शिंगभूपाल द्वारा लिखित मानी है[2]। इन्होंने 'रसार्णव-सुधाकर' नामक ग्रन्थ की रचना की। इसमें तीन 'विलास' है — (१) रञ्जकोल्लास, (२) रसिकोल्लास (३) भावोल्लास।

---

१. संस्कृत शास्त्रों का इतिहास- पृ. २५१

२. इति श्रीमदान्ध्रमण्डलाधीश्वर-प्रतिगुण-वैभव-श्रीनयवान-नरेन्द्र-नन्दन-भुजबल-भीम-श्री-सिंगभूपाल-विरचितायां संगीतरत्नाकर-टीकायां सुधाकराख्यायां रागविवेकाध्यायो द्वितीयः।
(राग-विवेकाध्याय का अन्त)

ग्रन्थ के प्रारम्भ में इन्होंने अपने परिचय में लिखा है कि ये रेचल्लवंश में उत्पन्न दाचयनायक के प्रपौत्र, शिंगप्रभु के पौत्र अनन्त (अपरनाम अन्नपोत) के पुत्र थे। शिंगभूपाल के ६ पुत्र थे। विन्ध्याचल से लेकर श्रीशैल के मध्यवर्ती विशाल क्षेत्र पर इनका आधिपत्य था। इनकी राजधानी का नाम 'राजाचला' था। इन्होंने अपने को 'शूद्र' लिखा है[1]। इनका समय १४वीं शती माना जाता है। दक्षिणी होने के कारण दक्षिण में इनके ग्रन्थ का अधिक प्रसार-प्रचार है। संगीत का ऐतिहासिक स्वरूप जानने के लिए यह ग्रन्थ अत्यन्त उपकारक है।

भानुदत्त —

नायक-नायिका-भेदों का अतिविस्तृत विवेचन करने के कारण भानुदत्त का विशिष्ट नाम है। इनके दो ग्रन्थ मिलते हैं— (१) रसमञ्जरी (२) रसतरङ्गिणी। रसमञ्जरी का संक्षिप्त रूप रसतरङ्गिणी है। रसमञ्जरी के अन्त में इन्होंने अपना परिचय दिया है—

तातो यस्य गणेश्वरः कविकुलालङ्कार-चूडामणिः।
देशो यस्य विदेहभूः सुरसरित्कल्लोलकिर्मीरिता[2]।।

इससे इनका जन्म-स्थान मिथिला और पिता गणेश्वर थे, यह सिद्ध होता है।

रसमञ्जरी अति प्रसिद्ध ग्रन्थ है जिस पर ११ टीकायें लिखी गईं। १३वीं शती का अन्त और १४वीं शती का प्रारम्भ इनका समय माना जाता है।

रूपगोस्वामी —

ये चैतन्य महाप्रभु के शिष्य तथा वैष्णव धर्म के अनुयायी थे। ये 'मुकुन्द' के पौत्र तथा 'कुमार' के पुत्र थे। चैतन्य महाप्रभु का समकालीन होने से इनका भी समय १५वीं शती का अन्त अथवा १६वीं का प्रारम्भ माना जाता है। अलंकार साहित्य में इनके तीन ग्रन्थ मिलते हैं— (१) नाटकचन्द्रिका (२) भक्तिरसामृतसिन्धु (३) उज्ज्वलनीलमणि।

इन्होंने 'भक्ति' को भी 'रस' सिद्ध करने में अपना अद्भुत पाण्डित्य प्रदर्शित किया है। इसीलिये यह ग्रन्थ 'भक्तिरसामृतसिन्धु' भक्तिरस का माननीय कोश माना जाता है। 'उज्ज्वलनीलमणि' में शृङ्गार की चर्चा है। 'नाटकचन्द्रिका' में नाट्यशास्त्रीय विवेचन है।

---

[1] द्र. डॉ. नागेन्द्र की काव्यप्रकाश-भूमिका पृ. ८९ तथा पं. बलदेव उपाध्याय का संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ. २२४

[2] रसमञ्जरी का अन्तिम पद्य।

कवि कर्णपूर —

कवि कर्णपूर का वास्तविक नाम 'परमानन्ददास' था। ये शिवानन्द सेन के पुत्र तथा श्रीनाथ के शिष्य थे। इनका जन्म नदिया जिले में १५२४ ई. में हुआ था। इनके पिता चैतन्य महाप्रभु के साक्षात् शिष्य थे। इन्होंने चैतन्य- महाप्रभु का जीवन-चरित-वर्णन करने के लिये 'चैतन्यचन्द्रोदय' नामक नाटक की रचना की। अलंकारशास्त्र पर इनका प्रसिद्ध ग्रन्थ है— 'अलंकारकौस्तुभ'। इसमें दश 'किरणें' (अध्याय) हैं जिनमें — काव्यलक्षण, शब्दशक्ति, ध्वनि, गुणीभूतव्यङ्ग्य, रस, भाव, गुण, शब्दालङ्कार, अर्थालङ्कार, रीति तथा दोष— इन विषयों का क्रमशः विवेचन है।

अप्पयदीक्षित —

प्रस्तुत ग्रन्थ 'कुवलयानन्द' के रचयिता अप्पय दीक्षित के विषय में आगे विस्तृत चर्चा की जायेगी उसे वहीं देखना चाहिये।

पण्डितराज जगन्नाथ —

अलङ्कार साहित्य के क्षेत्र में पण्डितराज जगन्नाथ का अमूल्य एवं अविस्मरणीय योगदान है। कुवलयानन्दकार अप्पयदीक्षित तथा पण्डितराज जगन्नाथ ये दोनों ही दक्षिण भारत के तथा अधिकांशतः समकालीन विद्वान् माने जाते हैं। पण्डितराज के पिता का नाम 'पेरुभट्ट' तथा माता का नाम 'लक्ष्मी देवी' था। दक्षिण भारत के होने पर भी अपने अद्वितीय वैदुष्य के कारण इन्हें दिल्ली में शाहजहाँ के दरबार में सम्माननीय स्थान प्राप्त हुआ था और वहीं इनका यौवन काल भी बीता—"दिल्लीवल्लभपाणिपल्लवतले नीतं नवीनं वयः।"

शाहजहाँ के बेटे दाराशिकोह को इन्होंने संस्कृत पढ़ाई। अध्यात्म विद्या के प्रति दाराशिकोह की विशेष रुचि देखकर पण्डितराज ने 'जगदाभरण' नामक एक महाकाव्य ही दाराशिकोह पर बना डाला। ये रसिक विद्वान् थे[१]। इनके विषय में अनेक किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं। एक किंवदन्ती के अनुसार ये किसी यवनी युवती पर आसक्त होकर उसी के साथ रहने लगे थे और वृद्धावस्था में काशी में आकर गङ्गा के तट पर 'गङ्गालहरी' का प्रणयन करते हुये अपने शरीर का परित्याग कर दिया था।

शाहजहाँ तथा दाराशिकोह का समकालीन होने से पण्डितराज का

---

१. न याचे गजालिं न वा वाजिराजिं न वित्तेषु चित्तं मदीयं कदाचित्।
इयं सुस्तनी मस्तकन्यस्त-कुम्भा लवङ्गी कुरङ्गीदृगङ्गीकरोतु॥
यवनी नवनीतकोमलाङ्गी शयनीये यदि नीयते कदाचित्।
अवनीतलमेव साधु मन्ये न वनी माघवनी विनोदहेतुः॥

समय विवादित नहीं है। शाहजहाँ के दरबार के एक सरदार नवाब 'आसफ खाँ' की मृत्यु से पण्डितराज बहुत दुःखी हुये थे और इसमें उन्होंने 'आसफ विलास' नामक ग्रंथ लिखा। आसफ खाँ की मृत्यु १६४१ ई. में हुई थी। इससे सिद्ध होता है कि पण्डितराज १६वीं शती के अन्त में अथवा १७वीं के पूर्वार्द्ध में उत्पन्न हुये होंगे।

पण्डितराज की अनेक काव्य कृतियाँ हैं — १. भामिनीविलास २. गङ्गालहरी ३. करुणालहरी ४. अमृतलहरी ५. लक्ष्मीलहरी ६. आसफविलास ७. जगदाभरण ८. प्राणभरण ९. सुधालहरी १०. यमुनावर्णन चम्पू।

भट्टोजिदीक्षित द्वारा लिखित सिद्धान्तकौमुदी की टीका 'प्रौढमनोरमा' का खण्डन करने के लिये इन्होंने ११ 'मनोरमाकुचमर्दन' नामक व्याकरणशास्त्रीय ग्रन्थ लिखा।

अलंकारशास्त्र में इनका महनीय ग्रन्थ है— 'रसगङ्गाधर'। यह प्रौढ़, गम्भीर तथा पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें पण्डितराज ने मम्मट, विश्वनाथ, अप्पयदीक्षित आदि पूर्ववर्ती विद्वानों के अनेक सिद्धान्तों की प्रखर आलोचना की है। इसकी अनेक विशेषताओं में एक यह है कि इन्होंने इसमें सभी लक्षण तथा उदाहरण स्वयं ही बनाकर लिखे हैं[1]। परन्तु संस्कृतजगत् का यह दुर्भाग्य ही है कि इतनी उच्च कोटि का ग्रन्थ अधूरा ही प्राप्त होता है। इसके प्रथम और द्वितीय आनन ही मिले हैं। 'रसगङ्गाधर' नाम से प्रतीत होता है कि पण्डितराज इसमें पाँच आनन (शङ्कर जी के पाँच मुखों के समान) रखना चाहते थे। रसगङ्गाधर में काव्यलक्षण, काव्य के चार भेद (नया भेद उत्तमोत्तम काव्य) तथा ७० अलंकारों का बहुत ही प्रामाणिक एवं व्यापक विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ पर नागेश भट्ट की 'गुरुमर्मप्रकाशिका' टीका अति प्रामाणिक मानी जाती है। अन्य कुछ विद्वानों की भी व्याख्यायें प्राप्त होती हैं।

आशाधर भट्ट —

इन्होंने अपने पिता का नाम 'रामजी भट्ट' तथा गुरु का गाम 'धरणीधर' लिखा है[2]। इन्होंने अलङ्कारशास्त्र-विषयक तीन ग्रन्थ लिखे थे— (१) कोविदानन्द (२) त्रिवेणिका (३) अलङ्कारदीपिका।

---

[1] निर्माय नूतनमुदाहरणानुरूपं काव्यं मयात्र निहितं न परस्य किञ्चित्।
किं सेव्यते सुमनसां मनसापि गन्धः कस्तूरिकाजननशक्तिभृता मृगेण?।।
(रसगङ्गाधर १।६।)

[2] शिवयोस्तनयं नत्वा गुरुं च धरणीधरम्।
आशाधरेण कविना रामजीभट्टसूनुना।। (अलंकारदीपिका के प्रारम्भ में)

अलंकारदीपिका में कुवलयानन्द को आधार बनाया गया है। इसमें तीन प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण में कुवलयानन्द की कारिकाओं की सरल व्याख्या है। द्वितीय का नाम उद्दिष्टालंकार प्रकरण रखा गया है जिसमें कुवलयानन्द के 'रसवत्' आदि अलंकारों के भी लक्षण आदि बनाये गये हैं। तीसरा 'परिशेष प्रकरण' है जिसमें संसृष्टि तथा संकर की चर्चा है। इसकी कारिकायें आशाधर भट्ट ने स्वयं बनायीं हैं। जयदेव के चन्द्रालोक में १०० अलंकार हैं। दीक्षित के कुवलयानन्द में ११५ (११७) अलंकार विवेचित हैं जब कि इन्होंने १२५ अलंकारों का विवेचन किया है। इनके अन्य ग्रन्थ भी हैं— अद्वैततत्त्व, प्रमाणरत्न।

अप्पयदीक्षित के बाद होने के कारण इनका समय १८वीं शती मानना चाहिये।

विश्वेश्वर पण्डित (पाण्डेय) —

ये पर्वतीय विद्वान् थे। इनका जन्म उत्तरांचल के अल्मोड़ा जिले के पटिया गाँव के पाण्डेय वंश में हुआ था जो कि अपनी विद्वत्ता के लिये प्रसिद्ध था। इनका समय १८वीं शती का प्रारम्भ है। इनके पिता का नाम 'लक्ष्मीधर' था। इन्होंने कहीं-कहीं पण्डितराज एवम् अप्पय दीक्षित के मतों का खण्डन भी किया है।

'अलङ्कार-कौस्तुभ' नामक उत्कृष्ट ग्रन्थ की रचना द्वारा इन्होंने अलंकार-साहित्य में अपना विशिष्ट योगदान किया है। यह पण्डितराज की शैली में लिखा गया प्रौढ़ ग्रन्थ है। इसके अतिरिक्त 'अलंकार-मुक्तावली' 'रसचन्द्रिका' 'अलंकार-प्रदीप' 'कवीन्द्रकण्ठाभरण' भी इनकी उत्तम रचनायें हैं।

व्याकरणशास्त्र में पाणिनीय सूत्रों की प्रौढ़ व्याख्या के रूप में इन्होंने 'वैयाकरणसिद्धान्तसुधानिधि' नामक ग्रन्थ लिखा जो अपूर्ण ही उपलब्ध होता है। न्यायशास्त्र में 'तर्ककुतूहल' इनका गम्भीर ग्रन्थ है।

नरसिंह कवि —

इन्हें 'अभिनव कालिदास' भी कहा जाता है। इन्होंने अलङ्कार शास्त्रविषयक ग्रन्थ लिखा है — 'नञ्जराजयशोभूषण'। यह ग्रन्थ विद्यानाथ के 'प्रतापरुद्रयशोभूषण' के समान ही लिखा गया है। कवि ने इसमें समस्त उदाहरण अपने आश्रयदाता 'नञ्जराज' की प्रशंसा में बनाकर लिखे हैं। नञ्जराज १८वीं शती में मैसूर राज्य के मुख्य मंत्री थे। राज्य प्रशासन का सारा कार्य इन्हीं के अधीन था। ये बहुत प्रतापी, वीर तथा बुद्धिमान् थे। इन्होंने मरहठों तथा मुसलमानों से टक्कर लेकर मैसूर-राज्य की रक्षा की थी।

'नञ्जराजयशोभूषण' में सात विलास हैं जिनमें क्रमशः — नायक, काव्य, ध्वनि, रस, दोष, नाटक तथा अलंकारों का विवेचन है। इसके षष्ठ विलास में उदाहरण के रूप में कवि ने अपने आश्रयदाता की स्तुति में एक पूरा नाटक ही लिख दिया है।

उपसंहार —

आचार्य भरत से आरम्भ होकर नरसिंह कवि अथवा विश्वेश्वर पण्डितपर्यन्त अजस्र धारा में प्रवहमान काव्य-शास्त्रसरित् में उपर्युक्त विद्वानों के अतिरिक्त अन्य अनेक विद्वानों का भी योगदान समय-समय पर होता रहा है। दुर्भाग्य से उनमें से बहुतों के नाम का भी हमें आज ज्ञान नहीं है। किन्तु आज जो भी साहित्य-शास्त्र या काव्यशास्त्र उपलब्ध है वह विश्व की किसी भी भाषा के साहित्य-शास्त्र की तुलना में किसी भी रूप में कम नहीं है। आवश्यकता है पूर्वोक्त विद्वानों के महनीय ग्रन्थों में प्रतिपादित विषयों के निष्पक्ष परिशीलन की तथा प्रकाशन की।

अप्पयदीक्षित —

ऊपर कालक्रम में अप्पय दीक्षित के नाम का उल्लेख मात्र किया गया है। यहाँ उनके जीवनवृत्त, वैदुष्य, कृतियाँ आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है —

जीवनवृत्त —

संस्कृत-जगत् में अप्पय दीक्षित एक विश्रुत, बहुविषयज्ञ एवं प्रौढ़ पण्डित के रूप में प्रतिष्ठित हैं। बहुमुखी प्रतिभासम्पन्न एवं विविध विषयों को समान रूप से प्रतिपादन करने में समर्थ अप्पयदीक्षित का योगदान अविस्मरणीय है।

इनका जन्म दक्षिण भारत में हुआ था। वे तैलङ्ग ब्राह्मण थे। इन्होंने अपने पिता तथा आश्रयदाता राजा का उल्लेख अपने ग्रन्थों में किया है—

"इति श्रीमदद्वैतविद्याचार्य — श्रीमद्भरद्वाजकुल— जलधिकौस्तुभ— श्रीरङ्गराजाध्वरीन्द्र— वरसूनोः श्रीमदप्पयदीक्षितस्य कृतिः कुवलयानन्दः समाप्तः[१]।"

इसमें इन्होंने अपने पिता का नाम 'रङ्गराजाध्वरीन्द्र' लिखा है और अद्वैत विद्या का प्रकाण्ड पण्डित भी कहा है। यही बात उन्होंने 'वेदान्तकल्पतरुपरिमल' व्याख्या के अन्त में भी लिखी है[२]।

---

[१] कुवलयानन्द की समाप्ति पृ. ७१२

[२] कल्पतरुपरिमल टीका की समाप्ति में पृ. १०२२

अमुं कुवलयानन्दमकरोदप्पदीक्षितः।
नियोगाद् वेङ्कटपतेर्निरुपाधिकृपानिधेः॥[1]

कुवलयानन्द के इस अन्तिम श्लोक में इन्होंने किसी 'वेङ्कटराजा' को अपना आश्रयदाता लिखा है। दक्षिण भारत में दो राजा 'वेङ्कट' नाम वाले हुये। जिनमें एक 'विजयानगरम्' के और दूसरे 'पेन्नकोण्डा' के, जिनके १५८६ से १६१३ तक के हस्तलेख मिलते हैं। यह वेङ्कट कौन और कब हुआ था? इसमें कुछ मतभेद है। आफ्रेक्ट तथा एगलिंग के अनुसार अप्पयदीक्षित का आश्रयदाता विजयनगर का राजा वेङ्कट (१५३५ के लगभग) था। परन्तु हुत्श ने पेन्नकोण्डा के राजा वेङ्कट प्रथम को दीक्षित का आश्रयदाता लिखा है। इस राजा के १५८६ से १६१३ तक के हस्त लेख भी प्राप्त होते हैं[2]।

'शिवादित्यगणि' की पुष्पिका में अप्पय दीक्षित ने 'चिन्नवीर' के पुत्र तथा 'लिङ्गनायक' के पिता 'चिन्नबोम्' को अपना आश्रयदाता लिखा है। चिन्नबोम् 'बेलूरा' का राजा था तथा १५४९ से १५६६ तक के लेख इसके विषय में मिले हैं। उक्त दोनों मतों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अप्पय दीक्षित का काल सामान्य रूप से १५४९ ई. से १६१३ ई. के मध्य में अर्थात् १६वीं सदी के उत्तरार्द्ध में मानना चाहिये।

कमलाकरभट्ट ने अप्पय दीक्षित का उल्लेख किया है। उसी समय के आसपास होने वाले पण्डितराज जगन्नाथ ने दीक्षित के मतों का खण्डन करने के लिये 'चित्रमीमांसाखण्डन' ग्रन्थ में कटु आलोचना की है[3]। यह भी दीक्षित को १६वीं शती के उत्तरार्द्ध में सिद्ध करता है क्योंकि १७वीं शती के मध्य में अप्पयदीक्षित के भ्रातुष्पुत्र (भतीजे) नीलकण्ठ दीक्षित ने 'चित्रमीमांसादोषधिक्कार' नामक ग्रन्थ लिखकर पण्डितराज के खण्डनवचनों का उत्तर दिया था। अतः इसकी रचना पण्डितराज के पश्चात् हुई — ऐसा सिद्ध होता है। चूँकि पण्डितराज का समय १७वीं शती का पूर्वार्द्ध है अतः उससे पहले अर्थात् १६वीं शती का उत्तरार्द्ध ही अप्पयदीक्षित का काल मानना तर्कसंगत है।

दीक्षित के तीन नाम —

अप्पय दीक्षित के तीन नामों का उल्लेख प्राप्त होता है— (१) अप्पयदीक्षित (२) अप्प दीक्षित (३) अप्पय्य दीक्षित।

---

[1] कुवलयानन्द की समाप्ति में श्लोक २७१ पृ. ७१२

[2] कुवलयानन्द-भूमिका भोलाशंकरव्यास पृ. १ टि.

[3] संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ. २६२

इनमें द्वितीय तथा तृतीय नाम का उल्लेख तो कुवलयानन्द की समाप्ति में दिखाई देता है —

"अमुं कुवलयानन्दमकरोदप्पदीक्षितः।"

"श्रीमदद्वैत................श्रीमदप्पय्य-दीक्षितस्य कृतिः कुवलयानन्दः समाप्तः।"

पण्डितराज ने चित्रमीमांसाखण्डन में तृतीय नाम का उल्लेख किया है[1]। रसगङ्गाधर[2] में प्रथम नाम का प्रयोग है।

प्रथम नाम का उल्लेख 'कल्पतरुपरिमल' टीका के अन्त में भी मिलता है-

"इति श्रीमद्भरद्वाज. .... रङ्गराजाध्वरिवरसूनोरप्पयदीक्षितस्य कृतौ...............।"[3]

अप्पयदीक्षित की कृतियाँ —

अप्पय दीक्षित विविध शास्त्रों के निष्णात विद्वान् थे। इन्होंने शताधिक (लगभग १०४) ग्रन्थों की रचना करके संस्कृत-वाङ्मय की विविध शाखाओं को सुशोभित किया है। अभी तक जिन ग्रन्थों के विषय में जानकारी मिल सकी है उनका विषयानुसार विवेचन नीचे किया जा रहा है—

(१) **अद्वैतवेदान्त- विषयक** ६ ग्रन्थ हैं— (१) श्रीपरिमल (२) सिद्धान्तलेशसंग्रह (३) वेदान्तनक्षत्रवादावली (४) मध्वतन्त्रमुखमर्दनम् (५) मध्वमतविध्वंसनम् (६) न्यायरक्षामणि।

(२) **रामानुजमत-विषयक** ५ ग्रन्थ हैं— (१) नखमयूखमालिका (२) नखमयूखमालिका-व्याख्या (३) वेदान्तदेशिक-विरचित 'यादवाभ्युदय' की व्याख्या (४) वेदान्तदेशिक-विरचित 'पादुकारहस्य' की व्याख्या (५) वरदराजस्तव।

(३) **माध्वसिद्धान्तानुसारी** २ ग्रन्थ हैं— (१) न्यायरत्नमाला (२) न्यायरत्नमाला-व्याख्या।

(४) **पूर्वमीमांसाशास्त्र** के २ ग्रन्थ हैं— (१) नक्षत्रवादावली (२) विधिरसायन।

(५) **व्याकरणविषयक** १ ग्रन्थ है— नक्षत्रवादावली।

(६) **भक्तिविषयक** २६ कृतियाँ हैं— (१) शिखरिणीमाला (२) शिवतत्त्वविवेक (३) ब्रह्मतर्कस्तव (४) लघुविवरण (५) आदित्यस्तवरत्न

---

[1] सूक्ष्मं विभाव्य मयका समुदीरितानामप्यय्यदीक्षितकृताविह दूषणानाम्।
निर्मत्सरो यदि समुद्धरणं विदध्यादस्याहमुज्ज्वलमतेश्चरणौ वहामि।
(चित्रमीमांसाखण्डन)

[2] रसगङ्गाधर पृ. ४८

[3] कल्पतरुमरिमल पृ. १०२२

(६) आदित्यस्तवव्याख्या (७) शिवाद्वैतविनिर्णय (८) शिवध्यानपद्धति (९) पञ्चरत्न (१०) पञ्चरत्नव्याख्या (११) आत्मार्पण (१२) मानसोल्लास (१३) शिवकर्णामृत (१४) आनन्दलहरी (१५) चन्द्रिका (१६) शिवमहिमकालिकास्तुति (१७) शिवमहिमव्याख्या (१८) रत्नत्रयपरीक्षा (१९) रत्नत्रयपरीक्षा-व्याख्या (२०) अरुणाचलेश्वरस्तुति (२१) अपीतकुचाम्बा-स्तुति (२२) चन्द्रकलास्तव (२३) शिवार्कमणि दीपिका (२४) शिवपूजाविधि (२५) नयमणिमाला (२६) नयमणिमालाव्याख्या।

(७) अलङ्कारशास्त्र-विषयक ३ ग्रन्थ हैं — (१) वृत्तिवार्तिक (२) चित्रमीमांसा (३) कुवलयानन्द।

कुछ अन्य ग्रन्थों का संकेत विभिन्न ग्रन्थों में मिलता है जिसके आधार पर १०४ ग्रन्थों की रचना ज्ञात होती है। प्रकृत में उपयोगी होने से केवल अलङ्कारशास्त्रीय तीन ग्रन्थों पर ही विचार करना उचित है।

(१) वृत्तिवार्तिक — इसके नाम से इसका विवेच्य स्पष्ट है। इसमें वृत्ति- शब्दशक्ति के विषय में चर्चा की गई है। इस ग्रन्थ में दो परिच्छेद हैं जिनमें केवल अभिधा तथा लक्षणा के विषय में ही विचार किया गया है, व्यंजना के विषय में कोई विचार प्राप्त न होने से यह ग्रन्थ अधूरा ही प्रतीत होता है। किन्तु दीक्षित ने इसकी अपूर्णता के विषय में कुछ भी नहीं लिखा है।

(२) चित्रमीमांसा — यह दूसरा ग्रन्थ भी अधूरा ही है। इसके अधूरे रह जाने की बात स्वयं दीक्षित ने इसके अन्त में लिख दी है —

अप्यर्धचित्रमीमांसा न मुदे कस्य मांसला।
अनूरुरिव धर्मांशोरर्धेन्दुरिव धूर्जटेः॥[1]

चित्रमीमांसा प्रौढ़ एवं विशद विवेचनात्मक ग्रन्थ है। दीक्षित ने इसमें केवल बारह अलंकारों का ही प्रतिपादन किया है— (१) उपमा, (२) उपमेयोपमा, (३) अनन्वय, (४) स्मरण, (५) रूपक, (६) परिणाम, (७) ससन्देह, (८) भ्रान्तिमान्, (९) उल्लेख, (१०) अपह्नुति, (११) उत्प्रेक्षा, (१२) अतिशयोक्ति। यद्यपि कुवलयानन्द में दीक्षित ने श्लेष[2], प्रस्तुतांकुर[3] तथा अर्थान्तरन्यास[4] अलंकारों के विवेचन में यह संकेत किया है कि इनके विषय में 'चित्रमीमांसा' में अधिक चर्चा है किन्तु दुर्भाग्यवश दीक्षित के मन की बात मन में ही रह गयी और

---

[1] चित्रमीमांसा की समाप्ति पृ. ४१७

[2] "एतद्विवेचनं तु चित्रमीमांसायां द्रष्टव्यम्" कुवलयानन्द में श्लेष की समाप्ति पर पृ. २६९

[3] "वस्तुतस्तु अयमप्यलङ्कार एव न ध्वनिरिति व्यवस्थापितं चित्रमीमांसायाम् ।" कुवलयानन्द में प्रस्तुतांकुरालंकार में पृ. ३००

[4] "प्रपञ्चश्चित्रमीमांसायां द्रष्टव्यः।" कुवलयानन्द में अर्थान्तरन्यास में पृ. ४८७

वे अतिशयोक्ति तक ही लिख सके क्योंकि वर्तमान में चित्रमीमांसा का इतना ही अंश मिलता है और वहीं दीक्षित द्वारा इस ग्रन्थ के अपूर्ण होने की बात भी कह दी गई है।

'चित्रमीमांसा' पर वैद्यनाथ पायगुण्डे की व्याख्या प्रसिद्ध है। पण्डितराज ने 'चित्रमीमांसाखण्डनम्' नामक एक ग्रन्थ लिखकर दीक्षित की कटु आलोचना की है। रसगङ्गाधर में भी अनेक स्थलों पर दीक्षित का खण्डन किया है। यह दोनों मूर्धन्य विद्वानों के परस्पर वैमनस्य का परिणाम ही है। पण्डितराज द्वारा लिखे गये 'चित्रमीमांसाखण्डन' के उत्तर में अप्पय दीक्षित के भ्रातुष्पुत्र नीलकण्ठ दीक्षित ने 'चित्रमीमांसादोषधिक्कार' नामक ग्रन्थ लिखा था जिसमें पण्डितराज के खण्डन का खण्डन किया गया है।

कुवलयानन्द —

इसमें केवल अर्थालङ्कारों पर ही विचार किया गया है। कुवलयानन्द की रचना का मुख्य आधार जयदेवविरचित 'चन्द्रालोक' ग्रन्थ का पंचम मयूख है। दीक्षित ने स्पष्ट लिखा है कि जिन अलंकारों का विवेचन चन्द्रालोक में है उनको यहाँ भी प्रायः उसी रूप में लक्षण-लक्ष्य के साथ उपस्थापित किया गया है किन्तु जो नवीन अलंकार माने गये हैं उनके लक्षण और लक्ष्य (उदाहरण) नवीन कल्पित किये गये हैं —

> येषां चन्द्रालोके दृश्यन्ते लक्ष्य-लक्षणश्लोकाः।
> प्रायस्त एव तेषामितरेषां त्वभिनवा विरच्यन्ते।।[१]

इतना अवश्य है कि दीक्षित ने चन्द्रालोक की प्रतिपादन-शैली का इतना सफल अनुकरण किया है कि दोनों ग्रन्थों का अन्तर समझ पाना कुछ कठिन है।

कुवलयानन्द में कुल मिलाकर २७३ श्लोक हैं जिनमें आदि के मङ्गलाचरण और समाप्ति के श्लोक भी सम्मिलित हैं।

प्रतिपादन-शैली —

जैसा कि दीक्षित ने स्वयं लिखा है कि कुवलयानन्द में 'चन्द्रालोक' का आश्रयण लिया गया है। अतः प्रतिपादन-शैली भी प्रायः उसी प्रकार की है। विशेष बात यह है कि चन्द्रालोक में केवल कारिका में ही लक्षण और उदाहरण लिखे गये हैं। कारिका का आशय समझाने के लिये वृत्ति और स्वतंत्र उदाहरण नहीं दिये गये है। किन्तु अप्पय दीक्षित ने इस रिक्तता को समझा। इसीलिये नवीन ग्रन्थ 'कुवलयानन्द' लिखने की आवश्यकता समझी। इसमें चन्द्रालोक की अधिकांश कारिकायें अपरिवर्तित रूप में हैं या उनमें सामान्य परिवर्तन किया गया है। दीक्षित ने उन कारिकाओं का पूरा तात्पर्य स्पष्ट करने के लिये साथ में 'वृत्ति' भी

---

[१] कुवलयानन्द श्लोक ४ पृ. १५

लिखी, अलग से भी उदाहरण दिये और कठिन स्थलों पर उदाहरण में समन्वय भी प्रस्तुत किया।

कहीं-कहीं विवेचन के समय दीक्षित का प्रौढ़ पाण्डित्य भी जाग उठा है जिससे यह सरल ग्रन्थ भी कठिनता और प्रौढ़ता से अस्पृष्ट नहीं रह सका। उदाहरणार्थ — उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, निदर्शना, समासोक्ति, श्लेष, अप्रस्तुतप्रशंसा, पर्यायोक्त, काव्यलिङ्ग, अर्थान्तरन्यास, ललित तथा सङ्कर — इन अलंकारों के विवेचन देखे जा सकते हैं। सम्भवतः इसी कारणवश 'कुवलयानन्द' उच्चकोटि के (कठिन) ग्रन्थों की श्रेणी में गिना जाता है।

अलङ्कार का लक्षण —

अलंकार का स्वरूप विभिन्न आचार्यों के मत में इस प्रकार प्राप्त होता है,

वामन — "सौन्दर्यमलङ्कारः।"[1]
"अलंकृतिरलङ्कारः।"[2]
काव्यशोभायाः कर्तारो धर्माःगुणाः,
तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः।[3]

दण्डी — काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते।[4]

मम्मट — उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्।
हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्राःसोपमादयः॥[5]

रुय्यक — अभिधाप्रकारविशेषा एवालङ्काराः॥[6]

विश्वनाथ — शब्दार्थयोरस्थिरा ये धर्मा शोभातिशायिनः।
रसादीनुपकुर्वन्तोऽलङ्कारास्तेऽङ्गदादिवत् ॥[7]

'अलङ्कार' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में देखा जाता है — (१) भाव अर्थ में—अलम् + कृ + क्तिन् = अलङ्कृतिः = अलङ्कारः, शोभा का भाव, सुन्दरता = सौन्दर्य। (२) करण अर्थ में — अलम् + कृ + घञ्। करण अर्थ में— अलंक्रियतेऽनेन इति अलङ्कारः। इस व्युत्पत्ति के अनुसार जिस तत्त्व के द्वारा काव्य की शोभा बढ़ाई जाती है उसे 'अलङ्कार' कहते हैं। इस समय सामान्यतया यह करण-व्युत्पत्ति वाला अर्थ ही अधिक प्रचलित है।

---

[1] वामन 'काव्यालंकारसूत्रवृत्ति १।१।१

[2] वामन 'काव्यालंकारवृत्ति पृ. ५

[3] वामन 'काव्यालंकारसूत्रवृत्ति ३।१।१ तथा ३।१

[4] काव्यादर्श २।१

[5] काव्यप्रकाश ८।६७

[6] रुय्यक अलंकारसर्वस्व पृ. ८

[7] साहित्यदर्पण १०।१

कुवलयानन्द में विवेचित अलङ्कार —

अप्पय दीक्षित ने कुवलयानन्द में केवल अर्थालंकारों का ही विवेचन किया है। उन्होंने यद्यपि 'चन्द्रालोक' का आश्रयण लिया है किन्तु उसके सभी अलंकारों का विवेचन नहीं किया है और कई नवीन अलंकार भी स्वीकार कर उनके लक्षण तथा उदाहरण दिये हैं।

अलंकारों का वर्गीकरण —

अलंकारों के वर्गीकरण के विषय में दीक्षित मौन हैं। सम्भवतः रुय्यककृत वर्गीकरण देखकर उन्हें अलग से वर्गीकरण की आवश्यकता नहीं प्रतीत हुई।

आचार्य भरत ने चार अलंकारों की सत्ता सिद्ध की थी जिसे उत्तरवर्ती आचार्य निरन्तर बढ़ाते गये और लगभग २०० संख्या तक पहुँच गये। वर्गीकरण का मूल रूप यह है— (१) शब्दालंकार (२) अर्थालङ्कार (३) उभयालङ्कार (= मिश्रालंकार)।

शब्दालङ्कार —

इसमें चमत्कार का आश्रय शब्दविशेष ही रहता है, अर्थ का विचार गौण रहता है। इसका सामान्य लक्षण है — "शब्दपरिवृत्ति — असहत्वं शब्दालंकारत्वम्।" अन्वयव्यतिरेक के द्वारा शब्दविशेष के रहने पर अलंकारविशेष रहता है, उस शब्द का परिवर्तन कर देने पर वह अलंकार नहीं रहता है। यदि शब्द का परिवर्तन (पर्यायवाची का प्रयोग) कर देने पर भी अलंकारत्त्व नष्ट नहीं होता है तो वह शब्दालंकार नहीं माना जा सकता।

अर्थालङ्कार —

जहाँ चमत्कार का आश्रय अर्थविशेष रहता है, शब्दविशेष का प्रयोग गौण रहता है, वहाँ अर्थालङ्कार होता है।

उभयालङ्कार —

यह नाम से ही स्पष्ट है। इस प्रकार के अलंकारों का प्रयोग बहुत कम होता है।

अर्थालङ्कारों का विभाजन —

विभिन्न आचार्यों ने अर्थालङ्कारों का विभाजन किया है। दीक्षित ने इस विषय में कुवलयानन्द में कोई चर्चा नहीं की है। यहाँ विविध आचार्यों द्वारा स्वीकृत विभाजन नीचे प्रस्तुत है — (१) सादृश्यमूलक (२) विरोधमूलक (३) शृङ्खलाबद्ध (४) तर्कन्यायमूलक (५) वाक्यन्यायमूलक (६) लोकन्यायमूलक (७) गूढार्थप्रतीतिमूलक (८) संश्लेषमूलक अलंकार।

(१) सादृश्यमूलक — अलंकारों का विभाजन पुनः तीन वर्गों में किया जाता है — (क) भेदाभेदप्रधान (ख) अभेदप्रधान (ग) गम्यौपम्याश्रय।

(क) भेदाभेदप्रधान हैं — (१) उपमा (२) उपमेयोपमा (३) अनन्वय (४) स्मृतिमान्।

(ख) अभेदप्रधान अलंकार दो वर्गों में विभाजित हैं — (अ) आरोपमूलक (आ) अध्यवसायमूलक।

(अ) आरोपमूलक हैं — (१) रूपक (२) परिणाम (३) ससन्देह (४) भ्रान्तिमान् (५) उल्लेख (६) अपह्नुति।

(आ) अध्यावसायमूलक हैं — (१) उत्प्रेक्षा (२) अतिशयोक्ति।

(ग) गम्यौपम्याश्रय अलंकार हैं — (१) तुल्ययोगिता (२) दीपक (३) प्रतिवस्तूपमा (४) दृष्टान्त (५) निदर्शना (६) व्यतिरेक (७) सहोक्ति (८) विनोक्ति (९) समासोक्ति (१०) परिकर (११) परिकरांकुर (१२) श्लेष (१३) अप्रस्तुतप्रशंसा (१४) अर्थान्तरन्यास (१५) पर्यायोक्त (१६) व्याजस्तुति (१८) आक्षेप।

(२) **विरोधमूलक** अलंकार हैं — (१) विरोध (२) विभावना (३) विशेषोक्ति (४) अतिशयोक्ति (५) असंगति (६) विषम (७) सम (८) विचित्र, (९) अधिक (१०) अन्योन्य (११) विशेष (१२) व्याघात।

(३) **शृङ्खलाबद्ध** अलङ्कार हैं — (१) कारणमाला (२) एकावली (३) मालादीपक (४) सार।

(४) **तर्कन्यायमूलक** अलंकार हैं — (१) काव्यलिङ्ग (२) अनुमान।

(५) **वाक्यन्यायमूलक** अलंकार हैं— (१) यथासंख्य (२) पर्याय (३) परिवृत्ति (४) परिसंख्या (५) अर्थापत्ति (६) विकल्प (७) समुच्चय (८) समाधि।

(६) **लोकन्यायमूलक** अलंकार हैं — (१) प्रत्यनीक (२) प्रतीप (३) मीलित (४) सामान्य (५) तद्गुण (६) अतद्गुण (७) उत्तर।

(७) **गूढार्थप्रतीतिमूलक** अलंकार हैं — (१) सूक्ष्म (२) व्याजोक्ति (३) वक्रोक्ति (४) स्वभावोक्ति (५) भाविक (६) उदात्त (७) रसवत् (८) प्रेयः (९) ऊर्जस्वी (१०) भावोदय (११) भावसन्धि (१२) भावशबलता।

(८) **संश्लेषमूलक** अलंकार हैं — (१) संसृष्टि (२) सङ्कर।

अप्पय दीक्षित द्वारा विवेचित अलङ्कारों की संख्या :—

अप्पयपदीक्षित ने यद्यपि 'चन्द्रालोक' के आधार पर 'कुवलयानन्द' की रचना की है किन्तु उन्होंने उसमें विवेचित कुछ अलङ्कार छोड़ दिये हैं और कुछ नवीन कल्पित किये हैं।

यहाँ एक बात अवश्य विचारणीय है कि चन्द्रालोक के अलंकारों की संख्या को लेकर विद्वानों में मतभेद है। डॉ. सुशील कुमार डे के अनुसार जयदेव

ने आठ शब्दालंकारों का तथा एक सौ अर्थालङ्कारों का विवेचन किया था। अप्पयदीक्षित ने भी उसमें आठ शब्दालङ्कार और एक सौ अर्थालंकार माने हैं। किन्तु सेठ कन्हैयालाल पोद्दार ने उसमें आठ शब्दालंकार और बयासी अर्थालंकार विवेचित माने हैं। डे ने चन्द्रालोक में पाठभेद भी माना है और कई अलङ्कारों के नाम में भी भेद देखा है।[1]

कुवलयानन्द में निम्न एक सौ अलङ्कारों का विवेचन किया गया है।

(१) उपमा (२) अनन्वय (३) उपमेयोपमा (४) प्रतीप (५) रूपक (६) परिणाम (७) उल्लेख (८) स्मृति (९) भ्रान्तिमान् (१०) ससन्देह (११) अपह्नुति (१२) उत्प्रेक्षा (१३) अतिशयोक्ति (१४) तुल्ययोगिता (१५) दीपक (१६) आवृत्तिदीपक (१७) प्रतिवस्तूपमा (१८) दृष्टान्त (१९) निदर्शना (२०) व्यतिरेक, (२१) सहोक्ति (२२) विनोक्ति (२३) समासोक्ति (२४) परिकर (२५) परिकराङ्कुर (२६) श्लेष (२७) अप्रस्तुतप्रशंसा (२८) प्रस्तुताङ्कुर (२९) पर्यायोक्त (३०) व्याजस्तुति (३१) व्याजनिन्दा (३२) आक्षेप (३३) विरोधाभास (३४) विभावना (३५) विशेषोक्ति (३६) असम्भव (३७) असङ्गगति (३८) विषम (३९) सम (४०) विचित्र (४१) अधिक (४२) अल्प (४३) अन्योन्य (४४) विशेष (४५) व्याघात (४६) कारणमाला (४७) एकावली (४८) मालादीपक (४९) सार (५०) यथासंख्य (५१) पर्याय (५२) परिवृत्ति (५३) परिसंख्या (५४) विकल्प (५५) समुच्चय (५६) कारकदीपक (५७) समाधि (५८) प्रत्यनीक (५९) अर्थापत्ति (६०) काव्यलिङ्ग (६१) अर्थान्तरन्यास (६२) विकस्वर (६३) प्रौढ़ोक्ति (६४) सम्भावना (६५) मिथ्याध्यवसिति (६६) ललित (६७) प्रहर्षण (६८) विषादन (६९) उल्लास (७०) अवज्ञा (७१) अनुज्ञा (७२) लेश (७३) मुद्रा (७४) रत्नावली (७५) तद्गुण (७६) पूर्वरूप (७७) अतद्गुण (७८) अनुगुण (७९) मीलित (८०) सामान्य (८१) उन्मीलित (८२) निमीलित (८३) उत्तर (८४) सूक्ष्म (८५) पिहित (८६) व्याजोक्ति (८७) गूढोक्ति (८८) विवृतोक्ति (८९) युक्ति (९०) लोकोक्ति (९१) छेकोक्ति (९२) वक्रोक्ति (९३) स्वभावोक्ति (९४) भाविक (९५) उदात्त (९६) अत्युक्ति (९७) निरुक्ति (९८) प्रतिषेध (९९) विधि (१००) हेतु।

चन्द्रालोक में विवेचित किन्तु कुवलयानन्द में अविवेचित अलङ्कार —

चन्द्रालोक में विवेचित किन्तु कुवलयानन्द में अविवेचित अलंकार हैं — प्रतीपोपमा, ललितोपमा, स्तबकोपमा, गूढोत्प्रेक्षा, गूढाक्षेप, विरोध, उदारसार, प्रश्नोत्तर, भाविकच्छवि।

---

[1] द्र. अलङ्कारधारणा और विकास पृ. २५२-३

दीक्षित द्वारा नवीन कल्पित अलङ्कार —

उपर्युक्त एक सौ अलंकारों में दीक्षित ने निम्न नवीन अलङ्कार भी प्रतिपादित किये हैं जो जयदेव के चन्द्रालोक में विवेचित नहीं हैं — (२८) प्रस्तुतांकुर (३१) व्याजनिन्दा (४२) अल्प (५६) कारकदीपक (६५) मिथ्या-ध्यवसिति (६६) ललित (७१) अनुज्ञा (७२) लेश (७३) मुद्रा (७४) रत्नावली (८२) विशेषक (८३) उत्तर (८४) सूक्ष्म (८७) गूढोक्ति (८८) विवृतोक्ति (८९) युक्ति (९०) लोकोक्ति (९१) छेकोक्ति (९७) निरुक्ति (९८) प्रतिषेध (९९) विधि (१००) हेतु। इनमें मिथ्याध्यवसाय, निरुक्ति, हेतु- इन तीन अलंकारों का विवेचन चन्द्रालोक के तृतीयमयूख में है। अत: १७।१८ अलंकार ही नवीन प्रतीत होते हैं।

दीक्षित ने एक सौ के अतिरिक्त प्रमाणों के आधार पर भी आठ अलंकार और अधिक स्वीकार किये हैं — (१) प्रत्यक्ष (२) अनुमान (३) उपमान (४) शब्द (श्रुति और स्मृति आदि इसी में अन्तर्भूत किये हैं (५) अर्थापत्ति (६) अनुपलब्धि (७) सम्भव (८) ऐतिह्य। इन आठ के विवेचन के पूर्व इन्होंने पुराने आचार्यों द्वारा स्वीकृत इन सात अलंकारों को भी स्वीकार किया है— (१) रसवत् (२) प्रेय: (३) ऊर्जस्वी (४) समाहित (५) भावोदय (६) भावसन्धि (७) भावशबलता।

संसृष्टि का एक ही भेद किया है किन्तु संकर के पाँच भेद प्रदर्शित किये हैं— (१) अङ्गाङ्गिभावसंकर (२) समप्राधान्यसंकर (३) सन्देहसंकर (४) एकवाचकानुप्रवेशसंकर (५) संकरसकर।

निष्कर्ष यह है कि एक सौ अलंकार सामान्य रूप में, सात अलंकार रसवत् आदि तथा आठ अलंकार प्रमाण रूप में मान लेने पर एक सौ पन्द्रह अलंकार स्वतंत्र रूप में सम्भव हैं। इनकी संसृष्टि और संकर की स्थिति में कुल संख्या ११७ तक पहुँच जाती है। अलंकारों के भेद-उपभेद मानकर इस संख्या में विवाद हो सकता है। किन्तु कुवलयानन्दकार की निम्न पंक्तियों से कुल संख्या ११७ ही सिद्ध होती है—

> इत्थं शतमलङ्कारा: लक्षयित्वा निदर्शिता:।
> प्राचामाधुनिकानां च मतान्यालोच्य सर्वत:॥१६८॥
> रसभाव - तदाभास - भावशान्तिनिबन्धना:।
> चत्वारो रसवत् प्रेय ऊर्जस्वि च समाहितम्॥१६९॥
> भावस्य चोदय: सन्धि: शबलत्वमिति त्रय:।
> अष्टौ प्रमाणालङ्कारा: प्रत्यक्षप्रमुखा: क्रमात्।
> एवं पञ्चदशान्यानप्यलङ्कारान् विदुर्बुधा:॥१७०॥

१००+४+३+८=११५+संसृष्टि+संकर=११७ अलंकारों का विवेचन कुवलयानन्द में किया गया है। इतना स्पष्ट उल्लेख किये जाने पर भी कुछ विद्वानों का संख्या के विषय में भ्रम बना रहना आश्चर्यजनक है।

दीक्षित द्वारा किया गया परिवर्तन —

दीक्षित ने प्रारम्भ में ही यह उल्लेख कर दिया है कि चन्द्रालोक में प्रतिपादित अलंकारों के लक्षण और उदाहरण कुवलयानन्द में रहेंगे। किन्तु नवीन अलंकारों के लक्षण-उदाहरण भी प्रस्तुत किये जायेंगे। साथ ही, चन्द्रालोक में प्रतिपादित लक्षण तथा उदाहरण कुवलयानन्द में कई स्थलों पर कुछ या अधिक बदल भी दिये जायेंगे[१]।

कुवलयानन्द की संस्कृत व्याख्यायें —

कुवलयानन्द की लोकप्रियता का प्रमाण है इस पर निम्नलिखित दश संस्कृत व्याख्याओं (टीकाओं) का लिखा जाना —

(१) रसिकरञ्जनी — यह अतिप्रसिद्ध तथा प्रामाणिक व्याख्या मानी जाती है। इसके रचयिता गङ्गाधर वाजपेयी हैं। इन्होंने व्याख्या के अन्त में यह लिखा है कि अप्पय दीक्षित इनके पितामह के भाई के गुरु थे। पाठ की शुद्धि-अशुद्धि के निर्णय में यह व्याख्या अति सहायक है। यह कुवलयानन्द मात्र की व्याख्या न होकर अलंकारशास्त्र के विभिन्न गूढ तत्त्वों को स्पष्ट करने वाली अति प्रौढ़ विस्तृत तथा प्रामाणिक व्याख्या है।

इस व्याख्या का प्रणयन तंजौर के राजा शाहजी (१६८१-१७११) के निर्देश से उनके आश्रयण में किया गया था। इसका प्रथम बार प्रकाशन पण्डित रा. हालास्यनाथ की टिप्पणी के साथ कुम्भकोणम् से सन् १८९२ में हुआ था।

प्रस्तुत संस्करण में उसी संस्करण को आधार मानकर इस व्याख्या का प्रकाशन किया जा रहा है।

(२) 'अलङ्कारसुधा' तथा **(३) विषमपदव्याख्यानषट्पदानन्द** — इन दोनों व्याख्याओं के प्रणेता सर्वतन्त्रस्वतन्त्र महान् वैयाकरण नागेश भट्ट हैं। प्रथम व्याख्या में अधिक स्थलों की व्याख्या की गई है जबकि दूसरी के नाम से ही स्पष्ट है कि कुछ विशेष अंशों पर ही लिखी गई है।

(४) अलङ्कारचन्द्रिका — इसके लेखक वैद्यनाथ तत्सत् हैं जो प्रसिद्ध वैयाकरण वैद्यनाथ पायगुण्डे से भिन्न व्यक्ति हैं। इसका प्रकाशन हो चुका है।

(५) अलङ्कारदीपिका — इसके रचयिता आशाधर हैं। यह केवल

---

[१] लक्षण तथा उदाहरण आदि का भेद नीचे हालास्यनाथ की टिप्पणी में स्पष्ट लिखा हुआ है। यह अधिकांश अलंकारों के विवेचन में देखना चाहिये।

कारिकाओं की व्याख्या है।

(६) **काव्यमंजरी** — इसकी रचना न्यायवागीश भट्टाचार्य ने की।

(७) **कुवलयानन्दटीका** — इसका प्रणयन मथुरानाथ ने किया।

(८) **कुवलयानन्द-टिप्पणी** — इसकी रचना कुरवीराम ने की।

(९) **अलङ्कारचन्द्रिका** — इसके लेखक देवीदत्त हैं।

(१०) **बुधरञ्जनी** — इसके रचयिता वेंगलसूरि हैं। वास्तव में यह टीका चन्द्रालोक के पंचम मयूख की है। किन्तु साथ में दीक्षित के कुवलयानन्द की भी टीका कर दी गई है।

कुवलयानन्द की हिन्दी व्याख्यायें —

(क) आचार्य भोलाशंकर व्यासकृत

इस लोकप्रिय ग्रन्थ पर सर्वप्रथम हिन्दी व्याख्या लिखने का श्रेय स्व. आचार्य भोलाशङ्कर व्यास को प्राप्त है। श्रीव्यास जी ने अपने अलंकारशास्त्रीय ज्ञान का सुन्दर प्रदर्शन कर अध्येता को अलंकारशास्त्र का हिन्दी माध्यम से ज्ञान कराने में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त की है। इनकी विस्तृत भूमिका अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण तथा उपयोगी है।

किन्तु जैसा कि इसके नाम 'हिन्दी-कुवलयानन्द' से स्पष्ट है कि यह हिन्दी माध्यम से अलंकार जानने वालों की समस्याओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है अतः परम्परागत संस्कृत के अध्येता को इससे सन्तुष्टि नहीं प्राप्त होती है।

(ख) सम्पादककृत भावबोधिनी-हिन्दी-व्याख्या —

कुवलयानन्द के प्रस्तुत संस्करण में सम्पादक द्वारा विरचित विस्तृत 'भावबोधिनी' हिन्दी-व्याख्या है। यह व्याख्या अनेक दृष्टियों से उपयोगी है। इसमें मूल ग्रन्थ के शब्दार्थ तथा भावार्थ दोनों को यथासम्भव प्रस्तुत किया गया है। पहले प्रत्येक कारिका तथा उदाहरण श्लोक का अन्वय प्रतिपादित किये जाने से पदार्थबोधपुरःसर वाक्यार्थबोध में सरलता होती है। हिन्दी अनुवाद भी किया गया है। स्पष्ट ज्ञान कराने के लिये अतिरिक्त पद अथवा वाक्य कोष्ठक में रखे गये हैं जिनसे मूलार्थ और अतिरिक्तार्थ की स्पष्ट प्रतीति हो जाती है।

कारिका का अन्वय तथा अनुवाद दोनों में **'लक्षण'** तथा **'उदाहरण'** प्रतीक देकर दोनों का अलग-अलग प्रतिपादन किये जाने से सामान्य व्यक्ति भी शीघ्र ही दोनों को समझ सकता है। जहाँ केवल अनुवाद द्वारा भाव स्पष्ट नहीं हो सका है वहाँ **'विमर्श'** के अन्तर्गत विस्तृत व्याख्या करके सरलतापूर्वक समझाने का प्रयास किया गया है। उदाहरण के लिये उद्धृत पद्यों का भी पहले अन्वय और उसके बाद अनुवाद प्रस्तुत किया गया है। जहाँ उदाहरण की संगति समझने में कुछ

कठिनता प्रतीत होती है वहाँ लक्षण में समन्वय भी समझाया गया है।

हालास्यनाथकृत टिप्पण तथा हस्तलेख-विवरण —

प्रस्तुत संस्करण का आधार कुम्भकोणम् से प्रकाशित कुंवलयानन्द का संस्करण है। उस संस्करण में रा. हालास्यनाथकृत टिप्पण भी है। वह टिप्पण अति उपयोगी होने से प्रस्तुत संस्करण में भी उसे साभार प्रकाशित किया जा रहा है।

उक्त टिप्पण में कई विशेषतायें हैं —

१. चन्द्रालोक के साथ जहाँ भी कुवलयानन्द का अन्तर है वह टिप्पण में स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है।

(२) दोनों ग्रन्थों के पाठ-भेद भी प्रदर्शित किये गये हैं।

(३) मम्मट आदि के साथ भी यत्र तत्र तुलना की गई है।

(४) कहीं-कहीं पाठशुद्धि पर भी प्रकाश डाला गया है।

(५) हालास्यनाथ जी को कुवलयानन्द तथा रसिकरञ्जनी के पाँच हस्तलेख प्राप्त हुये थे —

(क) ईश्वरवर्मा जो हालास्यनाथ के भगिनीपति (बहनोई) थे, उन्होंने यत्नपूर्वक संशोधित तालपत्रलिखित 'रसिकरञ्जनी' टीका प्रकाशनार्थ हालास्यनाथ को सौंपी थी।

(ख) कुम्भकोणस्थ बालचन्द्रशास्त्री के सुपुत्र यज्ञस्वामी शास्त्री से द्वितीय पुस्तक प्राप्त हुई थी।

(ग) श्रीमान् विजयराघव पाट्टरार्य के सुपुत्र श्री ताताचार्य से तृतीय पुस्तक प्राप्त हुई थी।

(घ) अण्णाशास्त्री अपरनामधेय महादेव सुधीमणि से चतुर्थ पुस्तक प्राप्त हुई थी।

(ङ) कुम्भकोणम् के समीप ग्रामवासी श्री महालिङ्ग शास्त्री से पंचम पुस्तक प्राप्त हुई थी।

उपर्युक्त पाँच हस्तलेखों तथा पुस्तकों को शास्त्री जी ने क्रमशः क. ख. ग. घ. ङ. इन प्रतीकों से अपने टिप्पण में रखा था, उन्हें उसी रूप में यहाँ भी प्रकाशित किया गया है।

हालास्यनाथ द्वारा प्राप्त हस्तलेखों का विस्तृत विवरण 'सम्पादकीयम्' में उन्हीं के शब्दों में देखा जा सकता है।

अध्येताओं के ज्ञानवर्धनार्थ यह टिप्पण इस संस्करण में रखा गया है। कुछ स्थलों पर प्रस्तुत सम्पादक ने भी कुछ टिप्पण जोड़े हैं, उनकी संख्या बहुत कम होने से अलग से संकेत करना आवश्यक नहीं समझा गया। कहीं-कहीं वह बात हिन्दी व्याख्या में भी लिख दी गई है।

***

॥ श्रीः ॥

श्रीमेधादक्षिणामूर्तये नमः।

विमर्श— दो पदार्थों में परस्पर किसी साधर्म्य के आधार पर बारी-बारी से अर्थात् दो वाक्यों द्वारा उपमानत्व तथा उपमेयत्व कल्पित होने पर उपमेयोपमा होती है। यद्यपि दो पदार्थों में किसी भी एक का अन्य के साथ सादृश्य बतलाने पर द्वितीय का प्रथम के साथ सादृश्य अर्थतः सिद्ध है। जैसे— 'राम उदारता में कृष्ण के सदृश हैं।' यहाँ कृष्ण का सादृश्य राम के साथ शब्दतः और राम का सादृश्य कृष्ण के साथ अर्थतः सिद्ध है फिर भी यदि यह भी कह दिया जाय— 'कृष्ण उदारता में राम के समान हैं।' तो उन दोनों का ही सादृश्य सिद्ध होता है, किसी तीसरे का सादृश्य वारित हो जाता है। यह तृतीय सदृश का व्यवच्छेद ही इस अलंकार का चमत्कार है ॥१०॥

यथा वा—

खमिव जलं जलमिव खं हंसश्चन्द्र इव हंस इव चन्द्रः ।
कुमुदाकारास्तारास्ताराकाराणि कुमुदानि ॥

पूर्वत्र पूर्णश्रीरिति धर्म उपात्तः । इह तु निर्मलत्वादिधर्मो नोपात्त इति भेदः । उदाहरणद्वयेऽपि प्रकृतयोरेवोपमानोपमेयत्वकल्पनम्, राज्ञि धर्मार्थसमृद्धेः शरदि गगनसलिलादिनैर्मल्यस्य च वर्णनीयत्वात् । प्रकृताप्रकृतयोरप्येषा सम्भवति ।

गिरिरिव गुजराजोयं गजराज इवोच्चकैर्विभाति गिरिः ।
निर्झर इव मदधारा मदधारेवास्य निर्झरः स्रवति ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे उपमेयोपमाप्रकरणम् ॥३॥

****

खमिव जलमिति । अत्र नैर्मल्यं साधारणधर्मः । औज्ज्वल्यवर्तुलत्वादिरुत्तरयोस्साधारणो धर्मः । पर्वोदाहरणादस्य वैलक्षण्यं प्रदर्शयति— पूर्वत्रेति । ततश्च धर्मोपादानानुपादानाभ्यामस्याः द्वैविध्यमिति भावः । धर्मस्यानुगामित्ववस्तुप्रतिवस्तुभावाभ्यां निर्देशाद्धर्मोपादानेऽपि द्वैविध्यं सम्भवति । तत्र अनुगामितया धर्मनिर्देश आलोकोदाहरणे व्यक्तः । वस्तुप्रतिवस्तुभावेन यथा—

सच्छायाम्भोजवदनास्सच्छायवदनाम्बुजाः ।
वाप्योऽङ्गना इवाभान्ति यत्र वाप्य इवाङ्गनाः ॥१०॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यामुपमेयोपमाप्रकरणम् ।।३।।

****

अथवा जैसे दूसरे उदाहरण में—

अन्वयः— खम्, इव, जलम्, इव, खम्, हंसः, इव, चन्द्रः, चन्द्रः, इव, हंसः, ताराः, कुमुदाकाराः, कुमुदानि, ताराकाराणि (सन्ति) ।

[शरदृतु में] जल आकाश के समान (निर्मल) हो रहा है और आकाश जल के समान (निर्मल) । चन्द्रमा हंस के समान (धवल) हो रहा है और हंस चन्द्रमा के समान (धवल) । तारागण कुमुदिनियों के समान (मनोहारी) हो रहे हैं और कुमुदिनियाँ तारागणों के समान (मनोहारी) ।

(इस पद्य में तीन बार उपमेयोपमा हैं। (१) जल और आकाश, आकाश और जल । (२) चन्द्रमा और हंस, हंस और चन्द्रमा । (३) तारागण और कुमुद,

कुमुद और तारागण। प्रथम वाक्य में जो उपमेय है वही द्वितीय में उपमान बन गया है। फलतः उन दोनों का ही परस्पर सादृश्य सिद्ध होता है, किसी तीसरे कें सादृश्य का व्यवच्छेद हो जाता है।]

प्रथम उदा० में 'पूर्णश्रीः' इस साधारण धर्म (पूर्णश्रीत्व) का उपादान है। किन्तु द्वितीय उदाहरण में निर्मलत्व (धवलत्व, मनोहारित्व) आदि धर्म का उपादान नहीं किया गया है, यही दोनों में भेद है। (अतः साधारण धर्म के उपादान तथा अनुपादान दोनों ही स्थितियों में उपमेयोपमा होती है- ऐसा समझना चाहिये।) यहाँ प्रस्तुत दोनों उदाहरणों में प्रकृत पदार्थों का ही उपमेयत्व तथा उपमानत्व कहा गया है क्योंकि राजा में धर्म की समृद्धि तथा अर्थ की समृद्धि का और शरदृत्तु में गगन की निर्मलता तथा जल की निर्मलता का वर्णन किया जा रहा है। [दोनों उदाहरणों में सभी उपमेय और उपमान प्रकृत अर्थात् वर्णनीय हैं। अतः दो प्रकृतों की उपमेयोपमा है।]

यह उपमेयोपमा प्रकृत तथा अप्रकृत पदार्थों की भी हो सकती है। जैसा कि इस उदाहरण में है—

अन्वयः— अयम्, गजराजः, गिरिः, इव उच्चकैः, विभाति, गिरिः, गजराजः, इव, [उच्चकैः, विभाति,] अस्य, मदधाराः, निर्झरः, इव, स्रवति, निर्झरः, मदधारा, इव, [स्रवति] ॥९॥

यह गजराज पर्वत के समान (ऊँचा) सुशोभित हो रहा है और पर्वत गजराज के समान ऊँचा शोभित हो रहा है, इस हाथी की मदधारा निर्झर=झरने के समान बह रही है, (पर्वत का) झरना इस (हाथी) की मदधारा के समान बह रहा है।

[यहाँ 'अयम्' सर्वनाम से निर्दिष्ट होने के कारण गजराज प्रकृत=वर्णनीय है और 'गिरि' अप्रकृत=उपमान है अर्थात् गजराज उपमेय और गिरि उपमान है। उत्तरांश में गिरि अप्रकृत है और गजराज प्रकृत है। उत्तरार्ध में निर्झर अप्रकृत है और मदधारा प्रकृत है। इस प्रकार प्रकृत और अप्रकृत पदार्थों का साम्य वर्णित किया गया है।

पूर्वार्ध में उच्चैस्त्व=ऊँचाई साधारण धर्म है और उत्तरार्ध में स्रवति=स्रवण=बहना क्रिया साधारण धर्म है।]

॥ इस प्रकार अप्पयदीक्षित की कृति 'कुवलयानन्द' में
उपमेयोपमा अलङ्कार समाप्त हुआ ॥

****

४. अथ [1]प्रतीपम्–

(क) प्रतीपमुपमानस्योपमेयत्वप्रकल्पनम् ।
त्वल्लोचनसमं पद्मं त्वद्वक्त्रसदृशो विधुः ।।११।।

प्रसिद्धोपमानोपमेयभावप्रातिलोम्यात् प्रतीपम् ।।

प्रतीपं लक्षयति—**प्रतीपमिति** । न चोपमानस्योपमेयत्वकल्पनमुपमेयोपमायामप्यस्तीति लक्षणस्यातिव्याप्तिरिति वाच्यम्, तृतीयसदृशव्यवच्छेदफलकत्वशून्यत्वे सतीति विवक्षितत्वात् । उपमेयोपमायाः प्रतीपोपमामेलनरूपतया तदंशे प्रतीपसत्वेन सङ्ग्राह्यत्वाद्वा । 'त्वल्लोचनसमं पद्मम्' इत्युदाहरणे पद्मस्य लोचनोपमानतया प्रसिद्धस्य लोचनं प्रत्युपमेयत्वकल्पनाल्लक्षणसङ्गतिः । प्रतीपशब्दस्यान्वर्थतां

४. प्रतीप अलङ्कार–प्रथम भेद

अन्वयः— उपमानस्य, उपमेयत्वप्रकल्पनम्, प्रतीपम्, पद्मम्, त्वल्लोचनसमम्, विधुः, त्वद्वक्त्रसदृशः (अस्ति) ।।११।।

लक्षण— [प्रसिद्ध] उपमान की उपमेय के रूप में कल्पना करना 'प्रतीप' अलंकार होता है ।

---

[1] चन्द्रलोके तु **'विख्यातस्योपमानस्य यत्र स्यादुपमेयता । इन्दुर्मुखमिवेत्यादौ स्यात्प्रतीपोपमा मता।।'** इत्येक एव प्रतीपभेदः निरूपितः । इतरे चत्वारो भेदाः प्रकाशकारादिमतानुसारेण ग्रन्थकृता परिकल्पिता इति वेदितव्यम् । देवरकोण्डौ-गलार्यकृष्णबुधस्तु, प्रतीपालङ्कारमुपमेयोपमायामन्तर्भावयति । तथाहि । **यत्प्रसिद्धोपमाने स्यात् उपमेयत्वकल्पनम् । पर्यायेण द्वयोस्तद्वा सोपमेयोपमा द्विधा ।।** यत्र प्रसिद्धे उपमाने केवलमुपमेयताकल्पनं स्यात् तत्र एका उपमेयोपमा । यत्र द्वयोरुपमानोपमेययोः क्रमेण तदुभयताकल्पनं वा स्यात्तत्र अपरा उपमेयोपमा। आद्या यथा— 'निशाकरोऽपि मलिनस्सुप्तोत्थितमिवाननम् । कलाशेषेऽपि या लक्ष्मीनं सा पूर्णेऽपि विद्यते ।। यथा— पुष्पं प्रवालोपहितं यदि स्यात् मुक्ताफलं वा स्फुटविद्रुमस्थम् । ततोऽनुकूर्याद्विशदस्य तस्यास्ताम्रोष्ठपर्यस्तरुचः स्मितस्य ।। द्वितीया यथा वा— धर्मोऽर्थ इव पूर्णश्रीरर्थो धर्म इव स्थितः । कामस्ताविव तौ काम इव गोपालबालके ।। इति ।। चन्द्रालोके प्रतीपोपमानन्तरं केचिदुपमाभेदा निरूपिताः । यथा— **उपमाने तु लीलादिपदाढ्ये ललितोपमा । त्वन्नेत्रयुगलं धत्ते लीलां लीलाम्बुजन्मनोः ।।'** इयं ललितोपमा ग्रन्थकृता उत्तरत्र निदर्शनाप्रकरणे पदार्थवृत्तिनिदर्शनात्वेन निरूपयिष्यते । **'अनेकस्यार्थ-**

युग्मस्य सादृश्यं स्तबकोपमा । श्रितोस्मि चरणौ विष्णोर्भृङ्गस्तामरसो यथा ।।' स्यात्सम्पूर्णोपमा यत्र द्वयोरपि विधेयतः । पद्मानीव विनिद्राणि नेत्राण्यासन्नहर्मुखे ।। इति ।। ग्रन्थकृता अपह्नुतिप्रकरणे उदाहरिष्यमाणं कल्पित-भ्रान्तिपूर्वकमह्नुतिभेदं दण्डी तत्त्वाख्यानोपमाख्यमुपमाभेदं मेने— यदाह दण्डी—**“न पद्मं मुखमेवेदं न भृंगौ चक्षुषी इमे । इति विस्पष्टसादृश्यात्तत्वाख्यानोपमा मता ।। इति ।।** देवरकोण्डौगलार्यकृष्णबुधस्तु, अन्यानपि कांश्चिदुपमाभेदानुदाहजार । तथा हि— **वाक्यार्थेनैव वाक्यार्थः को वा यत्रोपमीयते । एकानेकेवशब्दत्वात् सा वाक्यार्थोपमा द्विधा ।।** यत्र कश्चिद्वाक्यार्थः वाक्यार्थेनैवोपमीयते । एकार्थपतिपादक एव शब्दः । वाचकस्तु एको वानेको वा स्थितश्चेत्तत्र वाक्यार्थोपमालङ्कारः द्विधा । अस्य 'दिने दिने सा परिवर्धमाना' इत्यादिं कुमारसम्भवस्थं पद्यमुदाहरणम् । मालारूपणाप्य-यमलङ्कारो दृश्यते । **मालावदुपमानानि वाचकाश्च तथा परे । यत्रोच्यन्ते यथासंख्यं तत्र मालोपमा स्मृता ।।** यत्र यथाक्रमं पंक्तिशः उपमानानि व्यंञ्जकाश्च उच्यन्ते तत्र मालोपमालङ्कारः । अस्य 'सुरगज इव दन्तैः' इत्यादि पद्यमुदाहरणम् । इदं रघुवंशे दशमसर्गस्यान्त्यं पद्यम् । **एकमेवोपमानं स्यात् अनेकेवादिवाचकैः । सहोक्तं धर्मतो यत्र सानेकेवोपमा मता ।** यत्र एकमेवोपमानमनेकवाचकैस्सह साधर्म्यात्सादृश्यवदुच्यते तत्र अनेकेवोपमालङ्कारः । 'ततः प्रतस्थे कौवेरीम्' इत्यादि पद्यमुदाहरणम् । **स्यादभूतोपमा यत्र गगनोत्थारविन्दवत् । असिद्धे धर्मतस्साम्येऽप्युपमानत्वकल्पनम् ।।** यत्र गगनारविन्दवदसत्यपि साधर्म्यवति वस्तुनि उपमानत्वकल्पनमङ्गीकृतं स्यात्तत्राभूतोपमालङ्कारः । 'उभौ यदि व्योम्नि पृथक्प्रवाहौ' इत्याद्युदाहरणम् । **स्याद्बिम्बप्रतिबिम्बत्वेनोपमानोपमानोमेययोः । सादृश्यं यत्र वाच्यं चेत्तदाख्यानोपमा मता ।।** यत्र बिम्बप्रतिबिम्बभावेनौपम्यं वाच्यं स्यात् तत्र बिम्बप्रतिबिम्बोपमालङ्कारः । अस्य 'पाण्ड्योऽयमंसार्पितलम्बहारः' इत्यादि पद्यमुदाहरगम् । **प्रसिद्धमुपमानं यत्र स्याच्चेत्कविसम्मतम् । सा तु नीचोपमेत्याहुरिति लक्षणसम्भवात् ।।** यत्रोपमानं पूर्णोपमालक्षणलक्षितं सत् कविसम्मतिमात्ररहितं चेत् तत्र नीचोपमालङ्कारः । यथा— प्रतीपभूपालमदापहर्ता राजोल्लासन्मौक्तिककण्ठभूषः । वराहयूधान्यनुधावमाना सकण्ठरज्जुस्सरमेव भाति ।। इति ।। प्रकाशकारस्तु, शृङ्खलान्यायेनोत्तरोत्तरमुपमानोपमेयभाववत्सु 'भणितिरिव मतिर्मतिरिव चेष्टा चेष्टेव कीर्तिरतिविमला' । इत्यादिषु रशनोपमाख्यमुपमाभेदमाचख्यौ । चित्रमीमांसायामुपमेयोपमाप्रतीपयोरपि उपमान्तर्भावस्य ग्रन्थकृदङ्गीकृतत्वात् एते उपमाभेदाः पूर्णालुप्तयोर्द्वयोरेवान्तर्भावमश्नुवन्ति, नैते पृथगुदाहार्याः इति च तदनुदाहर्तृर्ग्रन्थकृत आशय इति बोद्धव्यम् । एवमन्येऽप्युपमावैचित्र्यभेदाः परस्सहस्रं सुधीभिरुन्नेतुं शक्या इत्यलमतिविमर्शेन।

यथा वा—

यत्त्वन्नेत्रसमानकान्ति सलिले मग्नं तदिन्दीवरं
मेघैरन्तरितः प्रिये तव मुखच्छायानुकारी शशी ।
येऽपि त्वद्गमनानुसारिगतयः ते राजहंसा गता-
स्त्वत्सादृश्यविनोदमात्रमपि मे दैवेन न क्षम्यते ॥

दर्शयति— **प्रसिद्धेति । यत्त्वदिति ।** अत्र वर्षर्तुप्रवासिनः कान्ताविरहदूयमानमानसस्य कान्तावयवलोचनमुखादिदर्शनासम्भवेऽपि तत्सदृशोन्दीवरादिदर्शनोद्बोधितसंस्कारोपचीयमानकान्तालोचनादिस्मृतिधारया आत्मानं विनोदयिष्यामीति मन्यमानस्य तन्नेत्रादिसदृशेन्दीवरादिदर्शनप्रतिबन्धेन ततोऽप्यात्मनोविनोदासम्भवमाकलयतो दैवं प्रत्युपालम्भोक्तौ कान्तासादृश्यविनोदमात्रासहत्वं दैवस्य प्रधानभूतो वाक्यार्थः । स च समर्थनसापेक्षतया पादत्रयप्रतिपादितप्रतीपालङ्कारत्रयेण संसृष्टिरूपेण समर्थित इति प्रतीपानुप्राणितं काव्यलिङ्गमत्र तुरीयपादे विवक्षितम्। तेन च विधिं प्रत्यसूयारूपो भावो ध्वन्यत इति **भावध्वनिरिति** विमर्शनीयम्।

अत्रेदं बोध्यम्। उपमायामिवास्मिन् प्रतीपे पूर्णालुप्ताद्यवान्तरभेदास्सम्भवन्तः तत्र तत्र उदाहरणेषु सहृदयैरुन्नेतुं शक्या इति ग्रन्थकृता नोपन्यस्ताः। तत्र मूलोदाहरणे धर्मस्यानुपादानाद्धर्मलुप्तता। 'यत्त्वन्नेत्रे'त्यत्र पूर्णतेति स्फुटावगमात्। 'त्वल्लोचनायते पद्मं त्वद्वक्त्रति सुधाकरः।' इत्युत्तरार्धपाठे धर्मवाचकलोप इत्यादिकमुन्नेयम् ॥११॥

उदाहरण— (हे प्रिये !) कमल तुम्हारे नेत्रों के समान [सुन्दर] हैं, (तथा) चन्द्रमा तुम्हारे मुख के समान [आनन्ददायक] है।

प्रसिद्ध उपमानोपमेयभाव का प्रतिलोम=उल्टा होने से प्रतीप [यह अन्वर्थनामा अलंकार होता] है।

अथवा जैसे इस उदाहरण में —

अन्वयः— हे प्रिये ! यत् (इन्दीवरम्), त्वन्नेत्रसमानकान्ति, तद्, इन्दीवरम्, सलिले, मग्नम्। तव, मुखच्छायानुकारी, शशी, मेघैः, अन्तरितः, त्वद्गमनानुसारि-गतयः, ये, अपि, राजहंसाः, ते, गताः। दैवेन, मे, त्वत् सादृश्यविनोदमात्रमपि, न, क्षम्यते।

'हे प्रिये ! वे इन्दीवर (नीलकमल) जो तुम्हारे नयनों की शोभा के समान शोभा वाले हैं, वे जल में डूब गये हैं। तुम्हारे मुख की कान्ति का अनुकरण करने वाले (मुखसदृश सौन्दर्यवाले) चन्द्रमा को बादलों ने छिपा दिया है। तुम्हारी चाल का अनुसरण करने वाले अर्थात् तुम्हारी चाल के समान चलने वाले जो

(ख) [१]अन्योपमेयलाभेन वर्ण्यस्यानादरश्च तत्।
अलं गर्वेण ते वक्त्र! कान्त्या चन्द्रो भवादृशः ।।१२।।

द्वितीयं प्रतीपमाह— **अन्योपमेयेति**। श्लोकं व्याचष्टे— **अत्युत्कृष्टेति**। ततश्च कारिकायामन्यपदमवर्ण्यपरम्। तेन अवर्ण्यस्य उपमेयस्य लाभेन=कल्पनेन

राजहंस हैं वे भी [मानसरोवर में] चले गये हैं। [क्या करूँ?] विधाता तुम्हारे सादृश्य से मेरा जो केवल विनोद=विरहयापन अर्थात् मन बहलाना है उसे भी नहीं सहन कर रहा है।

विमर्श— इस उदाहरण में इन्दीवर=नीलकमल, चन्द्रमा और राजहंस— इन प्रसिद्ध उपमानों को क्रमशः नेत्र, मुख तथा गति का उपमेय बनाकर इनका अपकर्ष कर दिया गया है। अतः 'प्रतीप' अलंकार है। कारिका के उत्तरार्ध में जो उदाहरण है— 'त्वल्लोच'न'समं पद्मम्' आदि, इसमें साधारण धर्म का उल्लेख नहीं किया गया है। द्वितीय उदाहरण में कान्तिमत्ता, छायानुकारित्व तथा गमनानुसार-गतिमत्त्व इन साधारण धर्मों का भी उल्लेख है।

प्रतीप का सामान्य अर्थ है— उल्टा, विपरीत। शास्त्र तथा लोक में जो वस्तुयें उत्कृष्टगुणवाली होने से उपमान के रूप में प्रसिद्ध हैं उन्हें यदि उपमेय बना दिया जाय अर्थात् उनका महत्त्व कम कर दिया जाय और प्रसिद्ध उपमेय को उपमान बना कर उसका महत्त्व बढ़ा दिया जाय तो 'प्रतीप' अलंकार होता है।

एक बात ध्यान रखनी चाहिये कि व्यतिरेक अलंकार में भी उपमान को उपमेय तथा उपमेय को उपमान बना दिया जाता है। तब दोनों में अन्तर का आधार क्या है? समाधान यह है कि व्यतिरेक में उपमेय का आधिक्य वैधर्म्यमूलक होता है और प्रतीप में उपमेय का आधिक्य साधर्म्यमूलक होता है। प्रस्तुत पद्यों में उपमान की अपेक्षा उपमेय का जो उत्कर्ष दिखलाया गया है उसमें साधारण धर्म समान ही है। जब कि 'शैला इवोन्नताः सन्तः किन्तु प्रकृतिकोमलाः।' इस व्यतिरेक के उदाहरण में सज्जन उपमेय और पर्वत उपमान है। पर्वत स्वभावतः कठोर होते हैं जबकि सज्जन स्वभाव से कोमल—यह वैधर्म्य है।

उपमेयोपमा में तृतीय सदृश का व्यवच्छेद कराना इष्ट होता है इसमें ऐसा नहीं होता है ॥११॥

४. प्रतीप अलङ्कार–द्वितीय भेद

अन्वयः— अन्योपमेयलाभेन, वर्ण्यस्य, अनादरः, च, तत् (प्रतीपम्)। हे वक्त्र, ते, गर्वेण, अलम्, कान्त्या, चन्द्रः, भवादृशः [अस्ति] ॥१२॥

---

[१] अन्यत्=अवर्ण्यमुपमानम्, तद्रूपं यदुपमेयम्, तस्य लाभेन वर्णनीयस्य मुखादेरनादरः=गर्वपरिहारोऽपि। (अलङ्कारचन्द्रिका पृ० १२)

अत्युत्कृष्टगुणतया वर्ण्यमानस्यान्यत्र स्वसादृश्यमसहमानस्य उपमेयं किञ्चित्प्रदर्श्य, तावता तस्य तिरस्कारो द्वितीयं प्रतीपं पूर्वस्मादपि विच्छित्तिविशेषशालि ॥

यथा वा—

गर्वमसम्भाव्यमिमं लोचनयुगलेन किं वहसि भद्रे ! ।
सन्तीदृशानि दिशि दिशि सरस्सु ननु नीलनलिनानि ॥

अत्युत्कृष्टगुणतया स्वसादृश्यमन्यस्मिन्नसहमानस्य वर्ण्यस्य तिरस्कारः द्वितीयं प्रतीपमिति कारिकार्थौ विवृतो भवति। 'अलं गर्वेणे'त्युदाहरणे वक्त्रं सर्वोत्कृष्टकान्तिमत्तया स्वसादृश्यगन्धं क्वापि न सहते। तादृशस्य तस्य अवर्ण्यं चन्द्रमुपमेयं परिकल्प्य, अलं गर्वेणेति वक्त्रस्यानादरोक्तेः लक्षणसङ्गतिरिति भावः। उदाहरणान्तरमाह— **गर्वमसम्भाव्यमिति**। अत्र लोचनयुगलस्य इतरासम्भावितगर्ववत्त्वोक्त्या निस्सीमकान्तिमत्त्वनिबन्धन वस्त्वन्तरे स्वसादृश्यगन्धासहत्वं व्यञ्जितम्। **सन्तीदृशानीति**। लोचनसदृशानीत्यर्थः। बहुवचनेन दिशिदिशीति देशभेदकथनेन नानादेशगतविविधसरस्समुन्मीलितानवधिनीलनलिनानि तत्सदृशानि सन्तीत्युक्त्या लोचनयुगलस्यात्यन्ततिरस्कारो व्यक्तं प्रतीयते। अत्रापि प्रतीपशब्दस्यपूर्ववदेवान्वर्थता ॥१२॥

लक्षण— अन्य=अवर्ण्य=उपमान (तद्रूप जो उपमेय उसके) मिल जाने के कारण=मान लिये जाने के कारण वर्ण्य=उपमेय मुखादि का अनादर=अहंकार दूर कर दिया जाना— द्वितीय प्रकार का 'प्रतीप' होता है।

उदाहरण— हे मुख ! तुम [अपने सौन्दर्य का] गर्व मत करो क्योंकि सौन्दर्य के द्वारा चन्द्रमा तुम्हारे समान है। [इसमें चन्द्रमा रूप अवर्ण्य=उपमान को उपमेय बनाकर वर्ण्य मुख का अनादर किया गया है।]

(अपने) अत्यधिक उत्कृष्ट गुणों के कारण जो वर्ण्यमान (उपमेय) किसी अन्य पदार्थ में अपने सादृश्य को नहीं सहन करता है, अपने बराबर किसी अन्य को नहीं समझता है ऐसे उस वर्ण्यमान (उपमेय) का उससे भिन्न कोई दूसरा उपमेय दिखला करके उससे उस (वर्ण्य) का तिरस्कार करना द्वितीय प्रतीपभेद है जो कि प्रथम से भी अधिक चमत्कारकारी होता है।

[प्रथम भेद में केवल इतना ही होता है कि साधर्म्य के आधार पर उपमान को उपमेय बनाकर उपमान का महत्त्व कम कर दिया जाता है। किन्तु इस द्वितीय भेद में वर्ण्य=उपमेय का अनादर=गर्वपरिहार=तिरस्कार कर दिया जाता है। इसी कारण इसमें अधिक चमत्कार होता है। यह दोनों के उदाहरणों से स्पष्ट है।]

(ग) वर्ण्योपमेयलाभेन तथान्यस्याप्यनादरः ।
कः क्रौर्यदर्पस्ते मृत्यो ! त्वत्तुल्याः सन्ति हि स्त्रियः ।।१३।।

अत्युत्कृष्टगुणतया क्वचिदप्युपमानभावमसहमानस्यावर्ण्यस्य वर्ण्य-

---

अथ द्वितीयप्रतीपप्रतिद्वन्द्वितया तृतीयप्रतीपप्रतिपादिकामालोककारिकां पठति— **वर्ण्येति** । वर्ण्यस्य उपमेयस्य लाभेनेत्यर्थः । **तथेति** । पूर्वप्रतीपे यथा वर्ण्यस्यानादरस्तथेत्यर्थः । **अन्यस्येति** । अप्रकृतस्येत्यर्थः । 'कः क्रौर्यदर्पः' इत्युदाहरणे क्रौर्ये स्व-साम्यं क्वचिदप्यसहमानस्य मृत्योस्समानतया स्त्रियो निरूप्य, तावता मृत्यु-तिरस्कारवर्णनाल्लक्षणसङ्गतिः । पूर्वोक्तप्रतीपवैपरीत्यमस्य प्रतिपादयन् श्लोकं व्याचष्टे— **अत्युत्कृष्टेति** । अस्यैव उदाहरणान्तरमाह— **अहमेवेति** । अत्र हाला-

---

अथवा जैसे दूसरे उदाहरण में—

अन्वयः— हे भद्रे ! इमम्, असम्भाव्यम्, गर्वम्, लोचनयुगलेन, किम्, वहसि ? दिशि, दिशि, सरस्सु, ईदृशानि, नीलनलिनानि, ननु, सन्ति ।

हे कल्याणि ! तुम अपने दोनों नेत्रों से इस असंभाव्य=न हो सकने योग्य अर्थात् असहनीय गर्व का वहन क्यों कर रही हो अर्थात् तुम्हें अपनी आँखों की सुन्दरता पर इतना गर्व क्यों है ? (तुम ऐसा मत समझना कि संसार में तुम्हारे नेत्रों के समान सुन्दर कोई दूसरी वस्तु नहीं है।) अरे ! प्रत्येक दिशा में (चारों ओर) बहुत से सरोवरों में ऐसे ही अर्थात् तुम्हारे नेत्रों के समान ही बहुत से (हजारों की संख्या में) नीले कमल निश्चित ही (विद्यमान) हैं।

[इस उदाहरण में नेत्रों को उपमेय के रूप में वर्णित करने के बाद कमलों को उपमान बना दिया गया परन्तु उनका अनादर सूचित करने के लिये उपमान कमलों में बहुवचन दिया गया है। इस उदाहरण में साधारण धर्म का उल्लेख नहीं है जब कि कारिकाभागस्थ उदाहरण में 'कान्तिमत्त्व' रूप साधारण धर्म उल्लिखित है। इससे स्पष्ट है कि धर्म के उपादान और अनुपादान दोनों में यह भेद होता है।] ॥१२॥

प्रतीप अलङ्कार–तृतीय भेद —

अन्वयः— वर्ण्योपमेयलाभेन, तथा, अन्यस्य, अनादरः, अपि, [प्रतीपम् अस्ति]! हे मृत्यो ! ते, क्रौर्यदर्पः, क्व ? हि, त्वत्तुल्याः, स्त्रियः, सन्ति ॥१३॥

लक्षण— वर्ण्य = प्रकृत उपमेय का कोई दूसरा उपमेय मिल जाने के कारण अर्थात् उपमेय के उपमान बन जाने के कारण (जैसा पूर्व प्रतीपभेद भेद में होता है) वैसा अन्य = अप्रकृत का अनादर किया जाना भी प्रतीप है। उदाहरण-

---

मुपमेयं परिकल्प्य, तावता तस्य तिरस्कारः पूर्वप्रतीपवैपरीत्येन तृतीयं प्रतीपम्। यथा वा—

अहमेव गुरुस्सुदारुणानामिति हालाहल ! मा स्म तात ! दृष्यः ।
ननु सन्ति भवादृशानि भूयो भुवनेऽस्मिन् वचनानि दुर्जनानाम् ।।

हलस्य न दुर्जनवचनोपमानत्वं लोकसिद्धं, साधारणधर्मयोगाभावात्। किन्तु प्रस्तुत-दुर्जनदौरात्म्यख्यापनाय हालाहलतुल्यतया निस्सीमपरसन्तापकारिक्रौर्यविवक्षया हालाहलस्य तदुपमानत्वमसम्भाव्यं परिकल्प्य तावता तस्य तिरस्कारप्रतीतेः पूर्वस्मा-द्विच्छित्तिविशेषो द्रष्टव्यः। पूर्वोक्तप्रतीपद्वयवैधर्म्याच्चास्य प्रतीपत्वम्, न तु प्रसिद्धो-पमानोपमेयवैपरीत्यात्। तदेतदाह— **पूर्वप्रतीपवैपरीत्येनेति** । इति भावः ।।१३।।

हे मृत्यु ! तुम्हें अपनी क्रूरता का यह कौन सा घमण्ड है अर्थात् तुम अपनी क्रूरता का घमण्ड क्यों करते हो ? अरे तुम्हारे समान [अतिक्रूर] तो स्त्रियाँ हैं। [यहाँ मृत्यु उपमान अवर्ण्य विषय है इसी को वर्ण्य=स्त्रियों के समान बताने पर, उपमेय बनाने के बाद इसका अनादर भी किया गया है।]

अपने अति उत्कृष्ट गुणों के कारण किसी अन्य वस्तु में अपनी उपमानता= बराबरी को न सहन करने वाले अवर्ण्य=अपकृत, उपमान को वर्ण्य=उपमेय बनाकर, इसी आधार पर उसका (उपमान से उपमेय बने हुए का) तिरस्कार किया जाता है, इस प्रकार प्रतीप के द्वितीय भेद का उल्टा होने के कारण यह तीसरे प्रकार का प्रतीप है।

[द्वितीय भेद में वास्तविक उपमेय का अनादर होता है। इस तृतीय भेद में अप्रकृत=अवर्ण्य उपमान को उपमेय बनाकर इस उपमान का अनादर भी किया जाता है— यह दोनों में अन्तर है। जैसे अप्रकृत उपमान मृत्यु को पहले उपमेय बनाया फिर प्रकृत स्त्रियों की क्रूरताधिक्य कहकर उसका अनादर भी कर दिया। क्रूरता में मृत्यु के समान कोई नहीं है किन्तु बहुत सी स्त्रियों को इसके समान बतलाया गया, इसी से मृत्यु का तिरस्कार भी हो जाता है।]

अथवा इस उदाहरण में—

अन्वयः— हे हालाहल ! तात् !, सुदारुणानाम्, अहम् एव, गुरुः, इति, मा, स्म, दृष्यः। अस्मिन् भुवने, दुर्जनानाम्, भवादृशानि, वचनानि, भूयः, सन्ति, ननु।

हे हालाहल तात ! मैं [ही संसार की समस्त] अति दारुण वस्तुओं का गुरु हूँ, सबसे अधिक दारुण हूँ— ऐसा अहंकार मत करो। क्योंकि इस संसार में तुम्हारे समान ही दुर्जनों के (अति दारुण) वचन निश्चित रूप से हैं।

(घ) वर्ण्येनान्यस्योपमाया अनिष्पत्तिवचश्च तत् ।
मुधापवादो मुग्धाक्षि ! त्वन्मुखाभं किलाम्बुजम् ।।१४।।

अवर्ण्ये वर्ण्योपमित्यनिष्पत्तिवचनं पूर्वेभ्य उत्कर्षशालि चतुर्थं प्रतीपम्। उदाहरणे मुधापवादत्वोक्त्या उपमित्यनिष्पत्तिरुद्घाटिता।

यथा वा—

आकर्णय सरोजाक्षि ! वचनीयमिदं भुवि ।
शशाङ्कस्तव वक्त्रेण पामरैरुपमीयते ॥

तुरीयं प्रतीपं लक्षयति—**वर्ण्येनेति**। अन्यस्य=अप्रकृतस्य। उपमायाः=उपमितिक्रियायाः। सादृश्यबुद्धेरिति यावत्। श्लोकं व्याकुर्वन् पूर्वस्मादस्य विशेषमाह—**अवर्ण्य इति। पूर्वेभ्य इति।** पूर्वेषु आद्ययोरवर्ण्यस्य उपमेयत्वकल्पनया तृतीये वर्ण्यस्य उपमेयत्वकल्पनया च उपमितिक्रियानिष्पत्तिरस्ति। अत्र तु सा नेति विशेषः। उदाहरणे अम्बुजे मुखसादृश्यं प्रसञ्जयित्वा तस्य मुधापवादत्वोक्त्या सादृश्याभावो गर्भीकृतः। तेन अनुपमं मुखमिति पर्यवस्यतीति पूर्वेभ्यश्चमत्कृतिविशेषः स्पष्टः। उपमितिक्रियानिष्पत्तिमद्भ्यः पूर्वप्रतीपेभ्योऽपि अतएव वैपरीत्यादस्य प्रतीपत्वमनुसन्धेयमिति भावः ।।१४।।

विमर्श— यहाँ दुर्जनों के वचनों की अतिशय दारुणता वर्णन करना कवि का अभीष्ट होने से यही वर्ण्य है और हलाहल विष अवर्ण्य है। किन्तु कवि ने दुर्जनों के वचनों की ओर अधिक दारुणता बतलाने की भावना से अवर्ण्य—हलाहल को उपमेय बना दिया, इसी को वर्ण्य के रूप में कह दिया। फलतः अभीष्ट विषय 'दुर्जनवचन' उपमान बन गये। इससे स्पष्ट है कि यहाँ जिस हलाहल को उपमेय=वर्ण्य बनाया गया है उसका अपकर्ष=तिरस्कार भी कर दिया गया है। हलाहल अकेला है, दुर्जनों के वचन अनेक हैं।

४. प्रतीप अलङ्कार–चतुर्थ भेद—

अन्वयः— वर्ण्येन, अन्यस्य, उपमायाः, अनिष्पत्तिः, च, तत् (=प्रतीपम्)। हे मुग्धाक्षि ! अम्बुजम्, त्वन्मुखाभम्, किल, मुधा, अपवादः ।।१४।।

लक्षण— वर्ण्य=उपमेय के साथ किसी अन्य (अवर्ण्य, उपमान) की उपमा=सादृश्य का निष्पादन न कहना—चतुर्थ प्रकार का प्रतीप है [भाव यह है कि जब कोई पदार्थ (उपमान) वर्ण्य के समान है— इस बात को निरर्थक बतला कर झूठ घोषित कर दिया जाय तो प्रतीप का चतुर्थ भेद होता है।]

(ङ) प्रतीपमुपमानस्य कैमर्थ्यमपि मन्वते ।
दृष्टं चेद्वदनं तस्याः किं पद्मेन किमिन्दुना ? ।।१५।।

पञ्चमं प्रतीपमाह— **प्रतीपमिति** । ननु, उपमानप्रयोजनानां बहूनां सद्भावात् तत्कारणोपमानस्य कथं वैयर्थ्यकथनमित्याशङ्कां निराकुर्वन् श्लोकं व्याचष्टे—

उदाहरण— हे मुग्धाक्षि ! (मोहक नयनों वाली) कमल तुम्हारे मुख के समान है यह बिलकुल झूठा अपवाद (लोकोक्ति) है ।

अवर्ण्य=उपमान में वर्ण्य=उपमेय की उपमिति क्रिया (बराबरी करने) की कही जाती हुई अनिष्पत्ति—पूर्ववर्ती तीन भेदों से अधिक उत्कर्षशाली चतुर्थ प्रतीपभेद होता है। उदाहरण में 'मुधा अपवाद=बेकार की बात हैं'—ऐसा कहते हुये उपमिति क्रिया की अनिष्पत्ति उद्घाटित की गई है ।

अथवा जैसे दूसरे उदाहरण में—

अन्वयः— हे सरोजाक्षि ! आकर्णय, भुवि, इदम्, वचनीयम्, पामरैः, तव, वक्त्रेण, शशाङ्कः, उपमीयते ।।

हे कमलसदृश नेत्रोंवाली सुन्दरि ! भूलोक (संसार) में यह बात (झूठी होने से) निन्दित है— 'मूर्ख लोग तुम्हारे मुख के साथ चन्द्रमा की उपमा दे रहे हैं, तुलना कर रहे हैं ।'

विमर्श— इस उदाहरण में अवर्ण्य=उपमानत्वेन प्रसिद्ध चन्द्रमा की वर्ण्य=उपमेय मुख के साथ बराबरी कहने के बाद उस कथन को झूठ कहकर निन्दित किया जा रहा है। पहले चन्द्र में मुख का सादृश्य प्रसक्त किया गया किन्तु बाद में मुधापवादत्वकथन से सादृश्याभाव व्यक्त करने के कारण चमत्कार है ।

प्रथम तथा द्वितीय भेद में उपमान को उपमेय के रूप में कल्पित किया जाता है । तृतीय भेद में वर्ण्य के उपमेयत्व की कल्पना से उपमिति क्रिया की निष्पत्ति कही जाती है । किन्तु इस चतुर्थ भेद में उपमितिक्रिया की निष्पत्ति ही सम्भव नहीं होती है । इसी के द्वारा उपमेय का उत्कर्ष सिद्ध किया जाता है ।।१४।।

४. प्रतीप अलङ्कार–पञ्चम भेद—

अन्वयः— उपमानस्य, कैमर्थ्यम्, अपि, प्रतीपम्, मन्वते । तस्याः, वदनम्, दृष्टम्, चेत्, (तदा) पद्मेन, किम्, इन्दुना, किम्? ।।१५।।

लक्षण— उपमान का कैमर्थ्य, (किमर्थता=किसलिये है, अर्थात् वैयर्थ्य) को भी (कुछ आचार्य) प्रतीप अलङ्कार मानते हैं।

उपमेयस्यैवोपमानप्रयोजनधूर्वहत्वेन उपमानकैमर्थ्यमुपमानप्रातिलोम्यात् पञ्चमं प्रतीपम् ।

यथा वा—

तदोजसस्तद्यशसः स्थिताविमौ वृथेति चित्ते कुरुते यदा यदा ।
तनोति भानोः परिवेषकैतवात् तदा विधिः कुण्डलनां विधोरपि ।।१९।।
(नैषध १)

उपमेयस्येति । तथा च उपमाप्रयोजनानां सर्वेषामुपमेयेनैव सिद्धेस्तत्कैमर्थ्यं कथयितुं शक्यमिति भावः । अत एवास्मिन् प्रतीपशब्दोऽप्यन्वर्थ इत्याह—**उपमानेति** । तत्कैमर्थ्यवर्णनेन तत्प्रतिकूलतयास्य प्रतीपत्वमिति भावः । **तदोजस इति** । अत्र भानुचन्द्रमसोः कार्यस्य प्रतापधवलीकरणादेः नैषधीयौजीयशोभ्यां सततोदिताभ्यां सर्वकालमविच्छेदेन सम्भवात् अतादृशयोर्भानुचन्द्रमसोः कैमर्थ्याभिव्यक्तये स्वतस्सिद्धं परिवेषमह्नुत्य, विधिकर्तृककुण्डलक्रिया उत्प्रेक्ष्यते तद्वैयर्थ्येन निमित्तेन इति सापह्नवक्रियास्वरूपोत्प्रेक्षा पञ्चमप्रतीपप्रकारानुप्राणितात्रेति पूर्वोदाहरणाद्विशेषोऽनुसन्धेयः।

उदाहरण— यदि उस (सुन्दरी) का मुख देख लिया तो फिर कमल से क्या ? चन्द्रमा से क्या ? [अर्थात् इन दोनों का देखना व्यर्थ है। इनके दर्शन का आनन्द तो सुन्दरीवदनदर्शन से ही हो गया।]

उपमेय ही उपमान के प्रयोजन का धूर्वाही अर्थात् कार्यसम्पादक हो जाता है इस कारण उपमान की किमर्थता=व्यर्थता सिद्ध होती है। उपमान का प्रतिलोम होने से यह भी पंचम प्रतीप है।

[भाव यह है कि कमल या चन्द्र आदि आह्लादजनक होते हैं। इनके द्वारा उपमेय की आह्लादकता बताई जाती है। परन्तु यदि उपमेय ही उपमान का कार्य करने लग जाय तब तो उपमान का क्या प्रयोजन रहेगा ? वह व्यर्थ होने लगेगा। यह उपमान की व्यर्थता=प्रतिकूलता सिद्ध करना ही इस प्रतीपभेद का प्रयोजन है।]

अथवा जैसे (नैषधीय चरित के पद्य में देखा जा सकता है) —

अन्वयः— विधिः तदोजसः, तद्यशसः, स्थितौ, (सत्याम्), इमौ, व्यर्थौ, इति, यदा, यदा, चित्ते, कुरुते, तदा, परिवेषकैतवात्, भानोः, विधोः, अपि, कुण्डलनाम्, तनोति ।।९।।

ब्रह्मा जी उस नल के ओज (प्रताप) और उसके यश इन दोनों के विद्यमान रहने पर ये सूर्य तथा चन्द्रमा व्यर्थ हैं, ऐसा जब-जब मन में सोचते हैं तब-तब वे परिवेष (परिधि) के बहाने से कुण्डलना=व्यर्थतासूचक गोल-गोल रेखा

केचिदनन्वयोपमेयोपमाप्रतीपानामुपमाविशेषत्वेन तदन्तर्भावं मन्यन्ते ॥

एवमुपदर्शितेष्वनन्वयादिषु वादिभेदेन मतभेदेनाह— **केचिदिति**। दण्डिप्रभृतय इत्यर्थः। **उपमाविशेषत्वेनेति**। साधर्म्यवर्णनमात्रस्यैव उपमालङ्कारलक्षणत्वं न तु तत्र भेदादिविशेषणगर्भतापि विवक्षणीया। तेनानन्वयस्य उपमेयोपमायाश्च प्रतीपोपमामेलनरूपत्वात् प्रतीपस्याप्रकृतविषयोपमारूपत्वाच्च न पार्थक्यमिति भावः।

ग्रन्थकारस्तु, उपमेयोपमाप्रतीपयोः[1] प्रकृताप्रकृतविषयोपमाद्वयत्वाप्रकृतविषयोपमात्वाभ्याम् उपमान्तर्भावमुपमितिक्रियानिष्पत्तिमत्त्वात्, अनन्वयस्योपमितिक्रियानिष्पत्तिप्रतिष्ठितत्वविरहाद् बहिर्भावं च चित्रमीमांसायां व्युदपादयदिति तत्रैव तत्प्रप-

बना देते हैं। [सूर्य का कार्य प्रताप उत्पन्न करना और चन्द्रमा का कार्य प्रकाश प्रदान करना है। परन्तु ये दोनों कार्य भूलोक में नल के ओज तथा यश के द्वारा ही सम्पादित करा दिये जा रहे हैं। अतः सूर्य और चन्द्र दोनों की व्यर्थता सिद्ध है। इसके अतिरिक्त सूर्य केवल दिन में और चन्द्रमा केवल रात्रि में अपना कार्य करते हैं, इसके विपरीत नल के ओज तथा यश सदैव स्थित रहते हुये कार्य सम्पादन करते हैं। इससे भी सूर्य-चन्द्र का वैयर्थ्य सिद्ध है। इसमें अपह्नुति और उत्प्रेक्षा के साथ 'प्रतीप' अलङ्कार है।]

---

[1] अत्र प्रतीपशब्देन तदीयाद्यभेदत्रयमेव गृह्यते। इतरयोरुपमान्तर्भावस्य ग्रन्थकृदनभिप्रेतत्वात्। यतश्चित्रमीमांसायां ग्रन्थकारः उपमालक्षणविचारावसरे—'**व्यापार उपमानाख्यो भवेद्यदि विवक्षितः। क्रियानिष्पत्तिपर्यन्तमुपमालंकृतिस्तु सा**। उपमानव्यापारः=उपमितिक्रियानिष्पादको व्यापारः। सादृश्यवर्णना। सा उपमितिक्रियानिष्पत्तिपर्यन्तं विवक्षिता चेदुपमाङ्कार इत्यर्थः।' इति उपमासामान्यलक्षणमुक्त्वा, 'मुखेन निष्कलङ्केन' इत्यादि व्यतिरेके 'आकर्णय सरोजक्षि !' इत्यादि तुरीयप्रतीपे अनन्वये च उपमितिक्रियानिष्पत्तेरभावमुपन्यस्य अस्य लक्षणस्यातिव्याप्ति परिहरन् उपमितिक्रियानिष्पत्तिमत् 'गर्वमसम्भाव्यमिमम्' इत्यादितुरीयप्रतीपमुपमेयोपमा चेत्युभयमपि सङ्ग्राह्यमेवेति न तद्व्यापनं लक्षणस्य दोषः' इत्यादिना उपमेयोपमायाः प्रकृताप्रकृतोपमाद्वयरूपतया प्रतीपस्याप्रकृतविषयोपमारूपतया च नोपमातः पार्थक्यमिति न्यरूपयत्। एवं च उपमितिक्रियानिष्पत्तिमत्सादृश्यवर्णनमुपमासामान्यक्षणमनुसन्धेयम्। उपमितिक्रियानिष्पत्तिरुपमेयोपमायां प्रतीपाद्यभेदत्रये च अस्ति। अन्त्यभेदद्वये अनन्वये च नेति विवेकः। रसगङ्गाधरकारस्तु, प्रतीपाद्यभेदत्रयस्योपमान्तर्भावमाचष्टे। इतरयोर्भेदयोस्तुरीयस्य अनुक्तवैधर्म्ये व्यतिरेके पञ्चमस्य केषां चिन्मते आक्षेपे च अन्तर्भावं, तस्याक्षेपत्वमनङ्गीकुर्वतां प्राचां मते प्रतीपत्वं च अभिप्रैति ॥

अन्ये तु, पञ्चमं प्रतीपप्रकारम् उपमानाक्षेपरूपत्वादाक्षेपालङ्कारमाहुः ॥१५॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे प्रतीपप्रकरणम् ॥४॥

ञ्चनं द्रष्टव्यमिति भावः । **अन्ये त्विति** । रुद्रटादय इत्यर्थः । आहुरित्यस्वरसोद्भावनम् । तद्बीजं तु 'आक्षेपो वक्तुमिष्टस्य' इत्याक्षेपस्य वक्ष्यमाणलक्षणस्यात्रासम्भवात् नास्याक्षेपत्वसम्भवः । इदं च तत्रैव स्फुटीकरिष्यत इत्यनुसन्धेयम् ॥१५॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां प्रतीपप्रकरणम् ।।४।।

(दण्डी आदि) कुछ आचार्य अनन्वय, उपमेयोपमा तथा प्रतीप को उपमाविशेष ही होने के कारण उपमा में ही इनका अन्तर्भाव मानते हैं।

अन्य (रुद्रट तथा वामन विद्वान्—इस पञ्चम प्रकार के प्रतीप को आक्षेप अलंकार मानते हैं क्योंकि इसमें उपमान का आक्षेप किया जाता है।

[इन दोनों प्रकार के वक्तव्यों के साथ अप्पय दीक्षित सहमत नहीं हैं। इसीलिये सभी पाँच भेदों का सोदाहरण विवेचन किया है।] ॥१५॥

विमर्श— अप्पय दीक्षित ने प्रतीप अलंकार का विस्तृत विवेचन करने के बाद प्राचीन आचार्यों द्वारा किये गये खण्डन का संकेत भी किया है।

प्रतीप के पाँच भेदों में से आदि के तीन भेदों का ही अन्तर्भाव उपमा में सम्भव है क्योंकि अन्त के दो भेदों में तो उपमिति क्रिया ही निष्पादित नहीं हो पाती है। अतः इनके अन्तर्भाव का प्रश्न ही नहीं उठता है। यदि गम्भीरता से सोचें तो प्रतीप का कोई भी भेद उपमा में अन्तर्भूत नहीं हो सकता, कारण यह है कि इस अलंकार के चमत्कार के प्रति साधारण धर्म प्रयोजक ही नहीं है। इसमें साधर्म्यमूलक उपमानतिरस्कार ही चमत्कार के प्रयोजकत्वरूप से विवक्षित होता है न कि साधर्म्य ही मुख्य रूप से चमत्कारजनकत्व रूप से विवक्षित होता है।

उपर्युक्त रीति के समान ही अनन्वय तथा उपमेयोपमा अलंकारों में भी सादृश्य की चमत्कारजनकत्वरूप से प्राधान्येन विवक्षा नहीं होती है, अपि तु क्रमशः द्वितीय और तृतीय पदार्थ के सादृश्य का व्यवच्छेदक होते हुये चमत्कारकारिता होती है। अतः इन दोनों का भी अन्तर्भाव उपमा में उचित नहीं है। यदि सादृश्य के वर्णन मात्र से ही किसी अलंकार को उपमा में अन्तर्भत कर दिया जाय तब तो व्यतिरेक अलंकार को भी उपमा में अन्तर्भूत मानना होगा। यदि कहें कि व्यतिरेक में तो साधर्म्य का समानाधिकरण वैधर्म्य ही चमत्कार में प्रधान होता है न कि वैधर्म्य, तब तो प्रतीप आदि में भी अन्तर स्पष्ट है। अतः इन्हें स्वतन्त्र मानना ही उचित है।

५. अथ रूपकम्—

[१] विषय्यभेद-ताद्रूप्यरञ्जनं विषयस्य यत् ।
रूपकं तत् त्रिधाधिक्यन्यूनत्वानुभयोक्तिभिः ।।१६।।

अयं हि धूर्जटिस्साक्षाद्येन दग्धाः पुरः क्षणात् ।
अयमास्ते बिना शम्भुस्तार्तीयीकं विलोचनम् ।।१७।।

'एवं साधर्म्ये त्रयः प्रकाराः। भेदप्राधान्यं दीपकतुल्ययोगितादिषु । अभेदप्राधान्यं रूपकातिशयोक्त्यादिषु । भेदाभेदयोस्साम्ये उपमा' — इति सर्वस्वोक्तेः भेदाभेदगर्भानुपमादीनलङ्कारान्प्रदर्श्य, अभेदगर्भान्नलङ्कारान्वक्तुं तेषु प्रथमं रूपकं लक्षयति— **विषयीति।** विषयिणः=उपमानस्य ये अभेदताद्रूप्ये तयोः रञ्जनमिति तद्द्वन्द्वगर्भषष्ठीतत्पुरुषः। षष्ठ्यर्थश्च सम्बन्धो विषयिता। तथा च विषय्यभेदताद्रूप्यान्यतरविषयिताकबोधविषयत्वं यत् विषयस्य तद्रूपकम्। रञ्जनविषयीभूतविषय्यभेदताद्रूप्यान्यतरद्रूपकमिति यावत्। न चैवमतिशयोक्तावति-व्याप्तिः; निरुक्तरञ्जनस्य विषयितावच्छेदकतावच्छिन्नत्वेन विवक्षणीयत्वात्। 'पश्य नीलोत्पल-द्वन्द्वा'दिति वक्ष्यमाणातदुदाहरणे नीलोत्पलद्वन्द्वशराभेदबुद्ध्योः नेत्रकटाक्षगोचरयोः नेत्रत्वकटाक्षत्वरूपविषयतावच्छेदकावच्छिन्नत्वाभावात् । अत एव 'नेदं मुखं किन्तु शशाङ्कबिम्बम्' इत्यपह्नुतौ विषयतावच्छेदकमुखादेस्संसर्गितया

वामन ने उपमान के कैमर्थ्य वाले प्रतीप के पञ्चम भेद में उपमान का आक्षेप मानकर इसे आक्षेप ही माना है "उपमानकैमर्थ्यस्योपमानाक्षेपश्चाक्षेपः।" (काव्यालंकार ४ । ३ । २७) ॥४॥

॥ इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति 'कुवलयानन्द'
में प्रतीप अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ॥४॥

५. रूपक अलङ्कार—

अन्वयः— विषयस्य, यद्, विषय्यभेद-ताद्रूप्य-रञ्जनम्, तद्, रूपकम्, (तत्) आधिक्य-न्यूनत्वानुभयोक्तिभिः, त्रिधा, [भवति] ॥१६॥

---

१. चन्द्रालोके तु—'यत्रोपमानचित्रेण सर्वथाप्युरज्यते । उपमेयमयी भित्तिस्तत्र रूपकमिष्यते ।। समानधर्मयुक्साध्यारोपात्सोपाधिरूपकम् । उत्सिक्तक्षितिभृल्लक्ष्यपक्षच्छेदपुरन्दरः ।।' साधारणधर्मविशिष्टोपमानस्य यत्रारोप इत्यर्थः । 'पृथक्कथितसादृश्यं दृश्यं सादृश्यरूपकम् । उल्लसत्पञ्चशाखस्ते राजते भुजभूरुहः ।। स्यादंगयष्टिरित्येवं विधमाभासरूपकम् । अंगयष्टिधनुर्वल्लीत्यादिरूपितरूपकम् ।।' इति रूपकविभागोऽस्ति ।

शम्भुर्विश्वमवत्यद्य स्वीकृत्य समदृष्टिताम् ।
अस्या मुखेन्दुना लब्धे नेत्रानन्दे किमिन्दुना ? ।।१८।।
साध्वीयमपरा लक्ष्मीरसुधासागरोदिता ।
अयं कलङ्किनश्चन्द्रान्मुखचन्द्रोऽतिरिच्यते ।।१९।।

विषये निषिध्यमानतया निरुक्तरञ्जनस्य तदवच्छिन्नत्वाभावान्नातिव्याप्तिः। न चैवमपि 'यद्दातुस्सौम्यते'ति वक्ष्यमाणासम्भवद्वस्तुसम्बन्धनिबन्धने अतिव्याप्तिः। विषयीभूतैन्दवाकलङ्कताभेदरञ्जनस्य दातृत्वसौम्यतात्वरूपविषयतावच्छेदकावच्छिन्नत्वादिति वाच्यम्, बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नधर्मवैशिष्ट्यविषयतानैयत्यराहित्यस्यापि रञ्जने विशेषणत्वात्। दातृसौम्यतादौ ऐन्दवाकलङ्कताभेदरञ्जनस्य सौम्यताकलङ्कतयोर्विषयविषयिणोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नेन्दुदातृवैशिष्ट्यविषयत्वनैयत्यमत्त्वेन तद्वैधुर्याभावात्। न च तथापि तादृशवैशिष्ट्यराहित्यमेव विशेषणमास्ताम् न तु नैयत्यमपि तत्र निवेशनीयम्। तावतैव क्वचिदपि बिम्बप्रतिबिम्बभावशून्ये रूपके लक्षणसद्भावान्निदर्शनायां सर्वत्र बिम्बप्रतिबिम्बभावसत्वात् न तद्वैशिष्ट्य-

---

(१) अयम्, साक्षात्, धूर्जटिः, हिं, येन, पुरः, क्षणात्, दग्धाः। (२) अयम्, विना तार्तीयीकम्, लोचनम्, शम्भुः, आस्ते। (३) समदृष्टिताम्, स्वीकृत्य, शम्भुः, अद्य, विश्वम्, अवति।

(१) अस्याः, मुखेन्दुना, नेत्रानन्दे, लब्धे, इन्दुना, किम्? (२) असुधासागरोदिता, इयम्, अपरा, साध्वी, लक्ष्मीः [अस्ति] । (३) कलङ्किनः, चन्द्रात्, अयम्, मुखचन्द्रः, अतिरिच्यते ॥१७-१९॥

लक्षणः— विषय=उपमेय का विषयी=उपमान के साथ अभेद या ताद्रूप्य में रंग जाना अर्थात् अभेदरूप से तद्रूप=उसी के रूप से वर्णन किया जाना 'रूपक' अलंकार होता है। यह रूपक विषयी=उपमान के आधिक्य, न्यूनत्व और अनुभयरूप में कहने से तीन प्रकार का होता है।

विमर्श— रूपक शब्द की व्युत्पत्ति है— रूप्यते=इतरव्यावृत्ततया ज्ञाप्यते धर्मी अनेन इति रूपम्, तद्रूपम् अस्य असौ— तद्रूपः, तस्य भावः-ताद्रूप्यम्-चन्द्रकार्यकारित्वाद् विषयिणः=उपमानस्य अभेद-ताद्रूप्याभ्यां विषयस्य=उपमेयस्य, यद् रञ्जनमिव रञ्जनम् स्वोपरक्तबुद्धि-विषयीकरणमिति यावत्, तद्रूपकमित्यर्थः।

'उपात्तबिम्बाविशिष्ट-विषयधर्मिकाहार्यारोप-निश्चय-विषयीभूतम् उपमानाभेद ताद्रूप्यान्यतरद् रूपकम्। (अलंकारचन्द्रिका पृ० १५)

जहाँ उपमान के अभेद या ताद्रूप्य का उपमेय के साथ वर्णन करते हुए उस

राहित्यमिति नातिप्रसङ्ग इति वाच्यम्, सर्वत्र रूपके बिम्बप्रतिबिम्बभावाभावेऽपि क्वचित्

[१]व्योमानोकहपुष्पगुच्छमलिभिस्सञ्छाद्यमानोदरम्,
पश्यैतच्छशिनस्सुधासहचरं बिम्बं कलङ्काङ्कितम् ॥

तथा—

स्वधाकृतं यत्तनयैः पितृभ्यः श्रद्धापवित्रं तिलमिश्रमम्भः ।
चन्द्रं पितृस्थानतयोपतस्थे तदङ्करोचिःखचिता सुधैव ॥

इत्यादौ चन्द्रबिम्बसुधयोः कलङ्काङ्करोचिर्विशिष्टयोर्भ्रमरगर्भितव्योमतरुकुसुमत्व-तिलमिश्राम्भस्त्वरूपणे बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नकलङ्कभ्रमराङ्करोचिस्तिलवैशिष्ट्यविषयकत्व-सत्त्वेन तद्राहित्याभावेनावप्त्यापत्तेः । नियमविवक्षणे च तदभावस्य सर्वत्र सत्त्वान्नाव्याप्तिः, न वातिव्याप्तिः । यद्वा, तादृशधर्मवैशिष्ट्यविषयताशून्यरञ्जनवृत्त्यवच्छेद्यतानिरूपितविषयता-सम्बन्धावच्छिन्नरञ्जनावच्छेदकताविशिष्टाभेदताद्रूप्यान्यतरवृत्त्यलङ्कारविभाजकधर्मवत्त्वं विवक्षणीयम् । तेन नोक्ताव्याप्त्यतिब्याप्ती । तादृशरूपकत्वस्य रूपके सत्त्वात् । निदर्शनात्वस्य च निरुक्तरञ्जनावच्छेदकत्वविशिष्टाभेदताद्रूप्यान्यरवृत्तित्वाभावात्। एतेन—

बिम्बाविशिष्टे निर्दिष्टे विषये यद्यनिह्नुते ।
उपरञ्जकतामेति विषयी रूपकं तदा ॥

इति चित्रमीमांसायां ग्रन्थकृदुक्तं लक्षणमपि बिम्बवैशिष्ट्यनियमराहित्यगर्भतया तादृगुपाधिवस्त्वघटिततया वा सङ्गमनीयम्। अन्यथा उक्तदोषप्रसङ्गात्। अतो रसगङ्गाधरोक्तिनादर्तव्येति दिक्॥

उपमान के रूप में ही उपमेय को एक प्रकार से रंग दिया जाता है वहाँ रूपक अलंकार होता है।

इस प्रकार (१) अभेदरूपक और (२) ताद्रूप्यरूपक ये दो भेद होते हैं। पुनः यह देखना चाहिये कि उक्त दोनों में विशेषतायें किस रूप में हैं? (१) उपमेय का उपमान से आधिक्य वर्णित है या (२) न्यूनत्व या (३) अनुभयत्व (समान स्थिति)। इस प्रकार अभेदरूपक के तीन भेद और ताद्रूप्यरूपक के तीन भेद मिलाकर रूपक के छह भेद हो जाते हैं।

कारिका में इनके जो उदाहरण हैं वे प्रतिलोम-उल्टे क्रम से हैं, पहले (१) अनुभय, फिर (२) न्यूनत्व और अन्त में (३) आधिक्य।

---

[१] अस्यार्धस्य पूर्वार्धम् 'कन्दर्पद्विपकर्णकम्बु-मलिनैर्दानाम्बुभिर्लाञ्छितं संलग्नाञ्जनपुञ्जकालिमकलं गण्डोपधानं रतेः।' इत्येतदत्र नोदाहृतम्। इदं पद्यं सर्वस्वटीकायां विमर्शिन्यामुदाहृतम्। **कन्दर्पद्विपेति।** सर्वत्र षष्ठीतत्पुरुषः। कम्बु शंखः। 'शंखः स्यात् कम्बुरस्त्रियाम्' इत्यमरवचनान्नपुंसकत्वमपि। कलं रमणीयम् ।

विषयि=उपमानभूतं पद्मादि। विषयः=तदुपमेयभूतं वर्णनीयं मुखादि। विषयिणो रूपेण विषयस्य रञ्जनं रूपकम्, अन्यरूपेण रूपवत्त्वकरणात्। तच्च क्वचित्प्रसिद्धविषय्यभेदे पर्यवसितम्। क्वचिद्भेदे प्रतीयमान एव तदीयधर्मारोपमात्रे पर्यवसितम्। ततश्च, रूपकं तावत् द्विविधम्— अभेदरूपकं ताद्रूप्यरूपकं चेति। द्विविधमपि प्रत्येकं त्रिविधम्— प्रसिद्धविषय्याधिक्यवर्णनेन तन्न्यूनत्ववर्णनेन अनुभयोक्त्या च। एवं रूपकं षड्विधम् ॥

'अयं ही'त्यादिसार्धश्लोकेनाभेदरूपकाणि, 'अस्या मुखेन्दुने'त्यादिसार्धश्लोकेन ताद्रूप्यरूपकाणि, आधिक्यन्यूनत्वानुभयोक्त्युद्देशक्रमप्रातिलोम्येनोदाहृतानि।

श्लोकं व्याचष्टे— **विषयीति**। **रूपेणेति**। तृतीयार्थो विषयता। तथा च विषयिरूपप्रकारकं विषयविशेष्यकं ज्ञानं रञ्जनमिति भावः। यद्यपि रूपकवाक्ये न रञ्जनं प्रतिपाद्यम्। अपि तु रूपकवाक्यात्तादृशबोधो भवति। न च स्वरूपसतस्तस्यालङ्कारत्वं युक्तम्। सर्वत्र वर्ण्यमानस्यैबालङ्कारत्वात्। तथापि तादृशरञ्जनविषयीभूतम् अभेदताद्रूप्यान्यतरदिह रूपकमिति हृदयम्।

रूपकशब्दावयवव्युत्पत्तिं प्रदर्शयति— **अन्यरूपेणेति**। विषयिधर्मेणेत्यर्थः। तत्त्रिधेत्याद्यंशं व्याचष्टे—**तच्चेति**। चस्त्वर्थः। **क्व चिदिति**। यत्र न विषयविषयिणोर्भेदप्रत्ययः तत्र प्रसिद्धविषयभेदस्यैव सामानाधिकरण्यात्प्रतीतेरभेदपर्यन्तता। **क्व चिदिति**। यत्र भेदनिर्देश इत्यर्थः। तत्र प्रसिद्धविषय्यभेदबोधाम्भवेन तद्धर्मारोपस्यैव विवक्षितत्वादिति भावः। फलितमाह— **ततश्चेति**। द्वयोरपि प्रत्येकं त्रैविध्यात् षड्विधत्वमिति भावः।

ननु, 'आधिक्यन्यूनत्वानुभयोक्तिभि'रिति विभागवाक्ये आधिक्यस्य प्रथममुक्तेरधिकाभेदरूपकमेव प्रथममुदाहर्तुं युक्तम्, न त्वनुभयाभेदरूपकमित्याशङ्क्य, उदाहरणश्लोकान् लक्ष्यानुसारेण तेषु योजयति— **अयं हीत्यादीति**। अत्र अयमितिं वर्णनीयं राजानं निर्दिश्य शम्भुरिति शम्भुपदेन तत्सामानाधिकरण्यादभेदप्रत्ययः।

(अनु०) १—अनुभय का उदाहरण—'यह (राजा) साक्षात् शंकर है, क्योंकि इसने [शत्रु राजाओं के] पुरों=नगरों को क्षण में जला डाला।' २— सह राजा तृतीयनेत्र से रहित शंकर ही है। ३— समदृष्टित्व (अर्थात् विषमनेत्रत्व=तृतीयनेत्रत्व का अभाव) स्वीकार करके, अर्थात् दो नेत्रों वाला हो करके आज सारे संसार की रक्षा कर रहा है। [ये अभेदरूपक के तीन भेदों के उदाहरण हैं।]

'येन दग्धा' इति विशेषणेन वर्णनीये राज्ञि प्रसिद्धशिवाभेदानुरञ्जनान् शिवस्य पूर्वावस्थातो वर्णनीयराजभावावस्थायां न्यूनत्वाधिक्ययोरवर्णनाच्च अनुभयाभेदरूपकमाद्यम्। तृतीयलोचनप्रहाणोक्त्या पूर्वावस्थातो न्यूनता-

---

साक्षादिति पदेन भेदकधर्मानिर्देशादनुभयोक्तिस्सूचिता। तेन पुरदहनकर्तृशिवसादृश्यं वर्णनीये राज्ञि गम्यते। न च येनेति यच्छब्दस्य तच्छब्दसाकाङ्क्षत्वात्तदनुपादानात् न्यूनत्वं दोषः। उत्तरवाक्यगतयच्छब्दस्य पूर्ववाक्ये तच्छब्दोपादानं विनापि निराकाङ्क्षत्वात्।

साधु चन्द्रमसि पुष्करैः कृतं मीलितं यदभिरामताधिके।
उद्यता जयिनि कामिनीमुखे तेन साहसमनुष्ठितं पुनः ॥

इत्यत्र द्वितीयपादगतयच्छब्दस्य उत्तरवाक्यगतत्वेन पूर्ववाक्ये तच्छब्दोपादानं विनैव निराकाङ्क्षत्वेन न न्यूनपदत्वमिति दोषोल्लासः काव्यप्रकाशादौ क्षुण्ण इति भावः। **द्वितीयमिति।** 'अयमास्ते' इत्यत्रेति शेषः।

[ताद्रूप्यरूपक के] उदाहरण १— इस सुन्दरी के मुखरूपी चन्द्रमा द्वारा ही नेत्रानन्द (नयनों का सुख) प्राप्त हो जाने पर अब चन्द्रमा से क्या लेना-देना? २— यह सुन्दरी (नायिका) दूसरी लक्ष्मी ही है जो कि सुधासाग़र से उत्पन्न नहीं हुई है। ३— [इस सुन्दरी का] यह मुखरूपी चन्द्रमा कलङ्की चन्द्रमा से बढ़कर अर्थात् अधिक आह्लाददायक है।

(वृत्ति का अनु०) विषयी=उपमानभूत, पद्म आदि। विषय=उस विषयी का उपमेयभूत वर्णनीय मुख आदि। (अभेद या तद्रूप से) उपमान के (आह्लादकत्वादि) रूप से विषय=उपमेय का रंग जाना (उपमान के रूप से उपमेय का प्रतीत होना) रूपक होता है क्योंकि अन्य (=उपमान) के रूप से (उपमेय का) रूप कर दिया जाता है। (ध्यान रहे यहाँ 'रंजन' का गौण प्रयोग है क्योंकि इसमें विषयी उपमान के आह्लादकत्वादि धर्म से विषय उपमेय की प्रतीति करायी जाती है) वह रंजन=रंगजाना अर्थात् विषयी उपमान के रूप से विषय=उपमेय का प्रतीत होना। (दो प्रकार का होता है)— (१) कहीं पर (कवि-सम्प्रदाय आदि में) प्रसिद्ध विषयी=उपमान के साथ अभेद में पर्यवसित होना। (जहाँ दोनों में भेदप्रतीति नहीं होती है वहाँ अभेदेन रंजन होता है।) (२) कहीं पर भेद प्रतीयमान (व्यङ्ग्य) रहने पर ही उस विषयी के धर्म के आरोपमात्र में पर्यवसित होता है अर्थात् प्रसिद्ध उपमान के साथ उपमेय का अभेद फलित होता है और अप्रसिद्ध उपमान के साथ भेद प्रतीयमान रहते उस उपमान में धर्म का आरोपमात्र फलित होता है। इस कारण सर्वप्रथम रूपक के दो भेद होते हैं—(१) अभेदरूपक और २—तद्रूपरूपक। इन दोनों ही भेदों के दो पुनः तीन-तीन भेद होते हैं— (१) (कवि-सम्प्रदाय में) प्रसिद्ध विषयी

की तुलना में विषय=उपमेय का आधिक्य वर्णन करने से, (२) प्रसिद्ध विषयी=उपमान की तुलना में विषय=उपमेय का न्यूनत्व करने से और (३) प्रसिद्ध उपमान की तुलना में उपमेय का अनुभयत्व=न आधिक्य और न न्यूनत्व, केवल समानता वर्णन करने से।

इस प्रकार अभेदरूपक ३ तथा ताद्रूप्यरूपक ३ तीन मिलकर रूपक के छह भेद हो जाते।

"अयं हि............................समदृष्टिताम्"

इस डेढ़ श्लोक के द्वारा अभेदरूपक (के तीनों भेदों) के उदाहरण हैं—

"अयं हि....................मुखचन्द्रोऽतिरिच्यते" इस डेढ़ श्लोक के द्वारा ताद्रूप्यरूपक (के तीनों भेदों के उदाहरण कहे गये) हैं। (इनमें कौन वाक्य किस भेद का उदाहरण है यह कैसे समझा जाय? इसका स्पष्टीकरण यह है—) (१) आधिक्य, (२) न्यूनत्व और (३) अनुभयत्व— ये विपरीत क्रम से कहे गये हैं, उदाहरण दिये गये हैं अर्थात् सबसे पहले (१) अनुभयत्व, फिर (२) न्यूनत्व और सबसे अन्त में (३) आधिक्य के वर्णन के उदाहरण दिये गये हैं।

(१) अनुभयत्वोक्ति का उदाहरण 'यह राजा साक्षात् शंकर है क्योंकि इसने क्षण में ही शत्रुओं के नगरों को जला डाला।' इस उदाहरण में वर्णनीय राजा में 'येन दग्धाः' इस विशेषण के द्वारा प्रसिद्ध शिवजी के साथ अभेद का अनुरंजन (आरोप) है। (इसमें रिपुपुरदग्धृत्व दोनों में समान रूप से है और साक्षात् शब्द का उल्लेख है। अतः अभेद है) इस कारण शिव जी की पूर्व अवस्था (उपमानावस्था) तथा वर्णनीय इस राजा की अवस्था (उपमेय की अवस्था) में न तो कोई न्यूनता कही गयी है और न अधिकता, इसलिए यहाँ— अनुभय-अभेदरूपक नामक प्रथम भेद है। (२) "बिना तीसरे नेत्र के यह शंकर हैं', इस उदाहरण में शिव जी के तृतीय नेत्र की न्यूनता कह देने के कारण पूर्वावस्था (शिव की उपमानावस्था) से (उपमेय राजा की) न्यूनता का प्रदर्शन=कथन होने से न्यूनत्वोक्ति वाला अभेद रूपक नामक द्वितीय भेद है, परन्तु यह न्यूनत्व का कथन भी (विषयी शिव तथा विषय राजा इन दोनों के) अभेद की दृढ़ता करता है, अभेद ही दृढ़ करता है इसलिए चमत्कारजनक है। (३) "विषमदृष्टित्व को छोड़कर अर्थात् समदृष्टि अपना कर यह राजा आज संसार की रक्षा कर रहा है। 'इसमें विषम-दृष्टि के परित्याग के द्वारा संसार का रक्षक हैं'— ऐसे कथन से (विषयी=उपमान-भूत) शिव की पूर्व अवस्था (उपमानावस्था) से वर्णनीय (उपमेय) राजा की अवस्था में उत्कर्ष की प्रतीति होती है इसलिए अधिकाभेदरूपक नामक तृतीय भेद

प्रदर्शनान्न्यूनाभेदरूपकं द्वितीयम्। न्यूनत्ववर्णनमप्यभेददार्ढ्यापादकत्वाच्चमत्कारि। विषमदृष्टित्वपरित्यागेन जगद्रक्षकत्वोक्त्या शिवस्य पूर्वावस्थातो वर्णनीयराजभावावस्थायाम् उत्कर्षविभावनादधिकाभेदरूपकं तृतीयम्। एवमुत्तरेषु ताद्रूप्यरूपकोदाहरणेष्वपि क्रमेणानुभयन्यूनाधिकभावा उन्नेयाः। अनेनैव क्रमेणोदाहरणान्तराणि ॥

ननु उपमेयस्य न्यूनत्वोक्तौ प्रकृतापकर्षपर्यवसानात् न चमत्कारितेत्यत आह—**न्यूनत्ववर्णनमपीति**। जगदवनकृते जगत्संहारकृत्तार्तीयीकलोचनप्रहाणं कार्यानुगुण्यादुचितमिति तृतीयलोचनशून्यस्साक्षाच्छम्भुरेवायमिति अभेददृढीकरणात् न न्यूनत्ववर्णनं चमत्कारविरोधीति भावः। **विषमेति**। यद्यपि विषमदृष्टित्यागः 'शम्भुर्विश्व'मित्युदाहरणे न शब्दात्प्रतीयते। समदृष्टितास्वीकारस्यैव तेनावगमात्। तथापि विषमदृष्टित्यागं विना समदृष्टितास्वीकारस्यानुपपद्यमानतया तेनाक्षेपात्तस्य प्रतीतिरिति तात्पर्यम्। ताद्रूप्यरूपकेऽप्यवान्तरभेदाः अभेदरूपकन्यायेन ज्ञातव्या इत्याह—**एवमिति**।

उन्नेया इति। अयमभिसन्धिः—'अस्या मुखेन्दुने'त्यत्र मुखस्य न प्रसिद्ध-

हैं। इसी रीति से उत्तरवर्ती डेढ़ श्लोक से ताद्रूप्यरूपक के तीन उदाहरणों में भी क्रमशः (१) अनुभयोक्ति, (२) न्यूनत्वोक्ति, (३) आधिक्योक्ति समझ लेनी चाहिए। इसी (अनुभयत्व, आधिक्य और न्यूनत्व की उक्ति के) क्रम से अन्य उदाहरण दिये जा रहे हैं।

विमर्श— अभेदरूपक के तीनों उदाहरणों को स्पष्ट करने के बाद ताद्रूप्य रूपक के तीनों भेदों को अध्येताओं के समझने के लिए छोड़ दिया गया है। इन्हें इस प्रकार समझना चाहिए— (१) इस नायिका के मुखरूपी चन्द्र से ही नेत्रानन्द प्राप्त हो जाने पर (आकाशस्य) चन्द्रमा से क्या लाभ?'' यहाँ वर्णनीय उपमेय में उपमान चन्द्रमा से न तो आधिक्य वर्णित है और न न्यूनत्व। अतः अनुभयोक्ति ताद्रूप्यरूपक है। (२) यह सुन्दरी दूसरी लक्ष्मी ही है जो सुधा समुद्र से उत्पन्न नहीं हुई है। इसमें उपमेय साध्वी सुन्दरी में उपमान लक्ष्मी से असुधासागरोत्पन्नत्व न्यून है अतः न्यूनत्वोक्ति ताद्रूप्य रूपक है। (३) यह मुखरूपी चन्द्रमा कलङ्कवाले चन्द्रमा से बढ़कर अर्थात् अधिक सुन्दर है। यहाँ उपमान चन्द्रमा से निष्कलङ्कित्व रूप उत्कर्ष उपमेय मुख में अधिक होने से आधिक्योक्ति ताद्रूप्य रूपक है।

अनुभयत्व, आधिक्य तथा न्यूनत्व उक्ति के अन्य उदाहरण भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं—

चन्द्रज्योत्स्नाविशदपुलिने सैकतेऽस्मिन् सरय्वाः
वादद्यूतं चिरतरभूत्सिद्धयूनोः कयोश्चित्।
एको वक्ति प्रथमनिहतं कैटभं कंसमन्यः
स त्वं तत्त्वं कथय भगवन् ? को हतस्तत्र पूर्वम् ॥१०॥

चन्द्राभेदप्रतीतिस्सम्भवति। प्रसिद्धेन्दोः कैमर्थ्यवर्णनेन मुखेन्दोस्ततो भेदप्रतीतेः। तेन इन्दुगतसाधारणधर्मस्य इन्दुत्वस्य मुखे उपरञ्जनमात्रम्। प्रसिद्धचन्द्रात् न्यूनत्वाधिक्योरवर्णनाच्चानुभयताद्रूप्यरूपकम्। 'साध्वीयमपरे'त्यत्र इयमिति काञ्चन नायिकां निर्दिश्य, अपरलक्ष्मीत्वोक्त्या प्रसिद्धलक्ष्मीतो भेदाविष्करणात् सुधासागरोदितत्ववैकल्याच्च न्यूनताद्रूप्यरूपकम्। 'अयं कलङ्किन' इत्यत्र प्रसिद्धचन्द्रात् कण्ठतो व्यतिरेकप्रतिपादनेन प्रसिद्धचन्द्रकलङ्कित्वविशेषणेन मुखचन्द्रे कलङ्कवैधुर्यप्रतीत्या आधिक्यवर्णनात् अधिकताद्रूप्यरूपकमिति क्रमेणानुसन्धेयम्।

स्वयमेषामुदाहरणान्तराण्याह—अनेनैवेति । चन्द्रज्योत्स्नेति। अत्र यद्यपि चन्द्रपदमनर्थकम्, ज्योत्स्नायाश्चन्द्रं विना अन्यत्रासम्भवात्। तथापि चन्द्रोदयकालिकत्वं ज्योत्स्नाया व्यञ्जयितुम्। तदपि प्राभातिकज्योत्स्नया न तादृशपुलिनविशदिमेति वैशद्यातिशयव्यक्तये। सिद्धयूनोरिति । त्रिदिवे आकाशगङ्गासैकते न तथा रामणीयकमिति तदपहाय भुवमवतीर्णयोस्सिद्धयूनोस्सरयूसैकते वादोक्त्या

---

(१) अनुभयोक्ति वाले अभेदरूपक का उदाहरण—

अन्वयः— अस्मिन्, चन्द्रज्योस्तना-विशदपुलिने, सैकते, कयोश्चित्, सिद्धयूनोः, चिरतरम्, वादद्यूतम्, अभूत्। एकः, कैटभम्, प्रथमनिहतम्, वक्ति, अन्यः, कंसम्, [प्रथमनिहतम्, वक्ति] भगवन् !, सः, त्वम्, तत्त्वम्, कथय, तत्र, कः, पूर्वम्, हतः ॥१०॥

[कोई कवि अपने राजा को स्वयं विष्णु भगवान् का अवतार मानकर उनकी प्रशंसा करते हुए कह रहा है—] सरयू नदी का बालुकामय टापू जो कि चन्द्रमा की चाँदनी के समान धवल था, उस पर (बैठे हुये) किन्हीं दो सिद्ध युवकों के मध्य में बहुत देर तक वादरूपी द्यूत होता रहा। उन दोनों में एक कैटभ राक्षस को (विष्णु द्वारा) पहले मारा गया, यह कहता था और दूसरा कंस को पहले मारा गया—यह कहता था। हे प्रभो! वह (विष्णु के अवतार) आप ही उनके विवाद का तत्त्व=सही बात बतलाइये कि उन (कैटभ और कंस) में पहले कौन आपके द्वारा मारा गया था? अर्थात् विष्णुरूपी राजा आप ही अपने किये गये पराक्रम की सत्यता बता सकते हैं।

अत्र 'स त्वमि'त्यनेन यः कंसकैटभयोर्हन्ता गरुडध्वजः तत्तादात्म्यं वर्णनीयस्य राज्ञः प्रतिपाद्य, तं प्रति कंसकैटभवधयोः पौर्वापर्यप्रश्नव्याजेन तत्तादात्म्यदृढीकरणात् पूर्वावस्थात उत्कर्षापकर्षयोरविभावनाच्चानुभयाभेदरूपकम्।

वेधा द्वेधा भ्रमं चक्रे कान्तासु कनकेषु च।
तासु तेष्वप्यनासक्तस्साक्षाद् भर्गो नराकृतिः॥११॥

अत्र साक्षादिति विशेषणेन विरक्तस्य प्रसिद्धशिवतादात्म्यमुपदर्श्य नराकृतिरिति दिव्यमूर्तिवैकल्यप्रतिपादनान्न्यूनाभेदरूपकम्।

तस्य ततोऽपि रमणीयतातिशयव्यञ्जनात्। उदाहरणे लक्षणमनुगमयति— **अत्र स त्वमिति।** स इति प्रकृतपरामर्शिना तच्छब्देन मधुकैटभहन्तुः प्रत्यवमर्शादिति भावः।

द्वितीयमुदाहरति—**वेधा इति।** भ्रमोऽत्र मोहः। ब्रह्मसृष्टिविषयेषु न क्वापि तादृशमोहराहित्यमिति तत्सृष्टिगन्धानभिभूततया तदुभयामोहविदूरता शिव एवेति तत्तादात्म्यारोपस्साक्षादित्यनेन गर्भीकृतः। **पूर्वावस्थात इति।** पुरुषोत्तमभावा-वस्थात इत्यर्थः। **उत्कर्षेति।** 'द्वीपान्तरेऽपी'त्युत्तरार्धेन उत्कर्षोक्तिरित्यर्थः। **किं पद्मस्येति।** 'अत्रापरश्शीतांशु'रिति प्रसिद्धचन्द्रभेदं मुखात्मकचन्द्रे प्रतिपाद्यप्रसिद्धचन्द्रकार्याणां पद्मकान्तिविघटकत्वादीनां मुखात्मकचन्द्रेणैव सिद्धेः प्रसिद्धचन्द्र अकिञ्चित्कर इति तस्य कैमर्थ्योक्तेः पञ्चमप्रतीपप्रकारः प्राधान्येन विवक्षितः। 'वक्त्रेन्दा'विति सामानाधिकरण्यावगतं रूपकं तदङ्गमिति **तयोरङ्गाङ्गिभावसङ्करो** द्रष्टव्यः।

इस पद्य में 'स त्वम्' इन दो सर्वनामों से— जो कंस तथा कैटभ को मारने वाले गरुडध्वज विष्णु हैं उनका वर्णनीय राजा के साथ तादात्म्य (अभेद) प्रतिपादित करने के बाद उस राजा से कंसवध तथा कैटभवध में पहले क्या किया था— ऐसे प्रश्न के बहाने से उस विष्णु का राजा के साथ तादात्म्य दृढ़ कर दिया जाता है। इसलिए तथा पूर्वावस्था (उपमानरूप विष्णु की अवस्था में) की अपेक्षा (उपमेय राजा की अवस्था के) उत्कर्ष या अपकर्ष का वर्णन नहीं है इसलिये 'अनुभयोक्ति वाला अभेद रूपक है। (इसमें उपमान विष्णु तथा उपमेय राजा का अभेदमात्र ही बतलाया गया है। उपमेय राजा की कोई न्यूनता या अधिकता नहीं कही गई है।)

२. न्यूनत्वोक्ति वाले अभेद रूपक का उदाहरण–

अन्वयः— वेधाः, कान्तासु, कनकेषु, च, द्वेधा, भ्रमम्, चक्रे। तासु, तेषु, अपि, अनासक्तः, नराकृतिः, साक्षात् भर्गः, (अस्ति)। ॥११॥

त्वय्यागते किमिति वेपत एष सिन्धुः
त्वं सेतुमन्थकृदतः किमसौ बिभेति।
द्वीपान्तरेऽपि न हि तेऽस्त्यवशंवदोऽद्य
त्वां राजपुङ्गव! निषेवत एव लक्ष्मीः ॥१२॥

ब्रह्मा ने दो प्रकार का भ्रम=मोह उत्पन्न किया है पहला स्त्रियों में और दूसरा कनक=स्वर्ण में। परन्तु उन (स्त्रियों) में तथा उस (स्वर्ण में) भी आसक्तिहीन यह (मुनि) मनुष्यरूपधारी साक्षात् शिव ही है।

इसमें 'साक्षात्' इस विशेषण के प्रयोग के द्वारा विरक्त मुनि का प्रसिद्ध (विरक्त) शिव जी के साथ तादात्म्य प्रदर्शित करके अर्थात् दोनों का अभेद कहकर 'नर की आकृति वाला' इस कथन द्वारा (शिव की) दिव्य मूर्ति का वैकल्य=न्यूनता कह देने से न्यूनत्वोक्ति वाला अभेदरूपक है।

३. आधिक्योक्ति वाले अभेद रूपक का उदाहरण-

अन्वयः— हे राजन्!, त्वयि, आगते, सति, एषः, सिन्धुः, किमिति, वेपते? किम्, त्वम्, सेतुमन्थकृत्, (असि), अतः, असौ, बिभेति? हि, अद्य, द्वीपान्तरे, अपि, ते, अवशंवदः, न, अस्ति। हे राजपुङ्गव!, लक्ष्मीः, त्वाम्, निषेवते, एव ॥१२॥

(कोई कवि किसी समुद्र तट पर आये हुये राजा की प्रशंसा में यह पद्य कह रहा है—)

हे राजन्! (समुद्र तट पर) तुम्हारे आ जाने पर यह समुद्र क्यों काँप रहा है? क्या आप (दुबारा) सेतु बाँधने वाले (राम) तथा इसका मन्थन करने वाले (विष्णु) हैं। ऐसा (मन में सोच कर) यह समुद्र काँप रहा है? आज किसी अन्य द्वीप में भी कोई दूसरा राजा ऐसा नहीं है जो आपके अधीन (जीता हुआ) न हो। (अतः पुल=सेतु बाँधने की आवश्यकता ही नहीं है। अब रही लक्ष्मी पाने की बात, वह भी निष्फल है क्योंकि) हे राजपुङ्गव! लक्ष्मी (राजलक्ष्मी) तो आपकी सेवा कर ही रही है। [दो कार्यों के लिये ही विष्णु ने रामावतार में समुद्र पर पुल बाँधा था तथा इससे पूर्व समुद्रमन्थन किया था। वे कार्य आपके पहले से ही सिद्ध हैं, अतः विष्णुरूपधारी आपके आगमन से समुद्र का डरना व्यर्थ है।]

इस पद्य में 'त्वं सेतु-मन्थकृत्' (तुम्हीं लंकाद्वीप जीतने के लिए समुद्र पर पुल बाँधने वाले तथा तुम्हीं लक्ष्मी को पाने के लिए समुद्रमन्थन करवाने वाले थे) इसके द्वारा पुलबन्धन तथा अमृतार्थ समुद्रमन्थन को करने वाले भगवान पुरुषोत्तम के साथ वर्णनीय राजा के तादात्म्य का वर्णन किया गया है। इसके बाद 'तुम्हारा यहाँ समुद्र तट पर आना न तो सेतुबन्धन के लिए है और न ही

अत्र 'त्वं सेतुमन्थकृ'दिति सेतोरमृतमन्थनस्य च कर्त्रा पुरुषोत्तमेन सह वर्णनीयस्य तादात्म्यमुक्त्वा, तथापि त्वदागमनं सेतुबन्धनाय वा अमृतमन्थनाय वेति समुद्रेण न भेतव्यम्। द्वीपान्तराणामपि त्वद्वशंवदत्वेन पूर्ववत् द्वीपान्तरे जेतव्याभावात्, प्राप्तलक्ष्मीकत्वेन च (बन्धन) मन्थनप्रसक्त्यभावाच्चेति पूर्वावस्थात उत्कर्षविभावनादधिकाभेदरूपकम्।

किं पद्मस्य रुचिं नहन्ति नयनानन्दं विधत्ते न किं
वृद्धिं वा झषकेतनस्य कुरुते नालोकमात्रेण किम्?।
वक्त्रेन्दौ तव सत्ययं यदपरः शीतांशुरुज्जृम्भते
दर्पः स्यादमृतेन चेदिह तदप्यस्त्येव बिम्बाधरे ॥१३॥

अमृतमन्थन के लिए है, इसलिए समुद्र को (तुमसे) नहीं डरना चाहिए। चूँकि अन्य सभी द्वीप आपके अधीन होने से पूर्ववत् (रामावतार में लंका के समान) अब और कोई दूसरा द्वीप जीतना शेष नहीं बचा है। इसके अतिरिक्त राज्यलक्ष्मी प्राप्त हो जाने के कारण (पुल) बाँधने की और समुद्र मथने का कोई प्रसङ्ग=आवश्यकता नहीं है। इन दो कारणों से पूर्वावस्था=पुरुषोत्तम की विष्णुरूप और रामावताररूप की अपेक्षा (इस वर्णनीय राजा के) उत्कर्ष का वर्णन किये जाने से आधिक्योक्ति अभेद रूपक है। अब ताद्रूप्यरूपक के तीन उदाहरणों में—

४. अनुभयोक्ति ताद्रूप्यरूपक का उदाहरण–

अन्वयः— तव, वक्रेन्द्रौ, सति, अयम्, अपरः, शीतांशुः, यद्, उज्जृम्भते, (तस्मात्, तव, वक्रेन्दुः) पद्मस्य, रुचिम्, न, हन्ति, किम्? नयनानन्दम्, न, विधत्ते, किम्? आलोकमात्रेण, झषकेतनस्य, वृद्धिम्, न, कुरुते, किम्? चेत् अमृतेन, दर्पः, स्यात्, इह, तद्, अपि, तव, बिम्बाधरे, अस्ति, एव ॥१३॥

(कोई नायक नायिका के मुखरूपी चन्द्रमा की शोभा का वर्णन करते हुए कह रहा है—) हे प्रिये ! तुम्हारे मुखरूपी चन्द्रमा के होते हुए यह जो दूसरा चन्द्रमा उज्जृम्भित=प्रकाशित हो रहा है तो क्या यह (तुम्हारा मुखचन्द्र) कमल की शोभा का अपहरण नहीं करता है? क्या (यह) नेत्रों को सुख नहीं दे रहा है? क्या प्रकाशमात्र से झषकेतन (१-समुद्र, २-कामदेव) की वृद्धि नहीं करता है? यदि (गगनस्थ चन्द्र को) अमृत के कारण गर्व हो तो वह (अमृत) भी बिम्बफल के सदृश तुम्हारे अधरोष्ठ में विद्यमान ही है। (इन कारणों से गगनस्थ चन्द्र का कोई कार्य नहीं बचता है।)

इस पद्य में 'अपरः शीतांशुः' (दूसरा गगनस्थ चन्द्रमा) इस कथन से मुखरूपी चन्द्रमा का प्रसिद्ध चन्द्रमा से भेद बताने के बाद उस वक्रेन्दु-मुखरूपी चन्द्रमा का प्रसिद्ध चन्द्रमा के कार्यों का करना मात्र प्रतिपादित किया

अत्र 'अपरश्शीतांशु'रित्यनेन वक्त्रेन्दोः प्रसिद्धचन्द्राद्भेदमाविष्कृत्य तस्य च प्रसिद्धचन्द्रकार्यकारित्वमात्रप्रतिपादनेन उत्कर्षापकर्षयोरप्रदर्शनात् अनुभयताद्रूप्यरूपकम्।

अचतुर्वदनो ब्रह्मा द्विबाहुरपरो हरिः ।
अभाललोचनश्शम्भुः भगवान् बादरायणः ॥१४॥

अत्र हर्यादावपर इति विशेषणात् त्रिष्वपि ताद्रूप्यमात्रविवक्षा विभाविता चतुर्वदनत्वादिवैकल्यं चोक्तमिति न्यूनताद्रूप्यरूपकम्।

अन्वयः— यत्र, तिमिघट्टनेन, पौरविलासिनीषु, संसंभ्रमम्, तीरम्, गतासु, (सतीषु) शिप्रा, उल्लसत्फेनततिच्छलेन, मुक्ताट्टहासा, इव विभाति ।।४१।।

जिस (शिप्रा) में (जलविहार करती हुई) पुरवासिनी रमणियाँ मछलियों के टकराने (के भय) से जब तट के किनारे पर चली जाती हैं, भाग आती हैं तब वह शिप्रा (उनको डरी देखकर) उफनते हुये फेने के समूह के बहाने से अट्टहास करती हुई सी सुशोभित होती है।

उस (अर्थात् ऊपरवाले सापह्नव अतिशयोक्ति के भेद) से इस 'गतासु' उदाहरण में इतना भेद है कि इसमें अपह्नुति गर्भ में है क्योंकि यहाँ पर फेनतति के धर्म फेनततित्व का अपह्नव=निषेध किया गया है, उसी में अट्टाहासत्व की उत्प्रेक्षा=सम्भावना की गई है। जबकि उनमें अर्थात् 'त्वत्सूक्तिसु' तथा 'मुक्ताविद्रुममन्तरा' इनमें पर्यस्त अपह्नुतिगर्भा (अतिशयोक्ति) है क्योंकि

ह्नुतं तत्रैवाट्टहासत्वोत्प्रेक्षणात्। इह तु पर्यस्तापह्नुतिगर्भत्वम्। इन्दुमण्डलादावपह्नुतस्यामृतादेः सूक्त्यादिषु निवेशनात्।

इदं च पर्यस्तापह्नुतिगर्भत्वमुत्प्रेक्षायामपि सम्भवति। तत्र स्वरूपोत्प्रेक्षायां यथा—

जानेऽतिरागादिदमेव बिम्बं बिम्बस्य च व्यक्तमितोऽधरत्वम्।
द्वयोर्विशेषावगमाक्षमाणां नाम्नि भ्रमोऽभूदनयोर्जनानाम् ॥४२॥
(नैषधम् ७।३९)

ननु, सर्वस्वकृता शुद्धापह्नुतिगर्भत्वमेवोक्तमुत्प्रेक्षायां, न तु पर्यस्तापह्नुतिगर्भत्वमित्याशङ्‌क्याह— **ततस्त्वियानिति**। तथा च तत्र शुद्धापह्नुतिगर्भत्वकथनस्य इतरापह्नुतिगर्भत्वोपक्षणत्वाल्लक्ष्यप्राचुर्याच्च पर्यस्तापह्नुतिगर्भत्वमस्या युक्तमेवेति भावः। उत्प्रेक्षायां शुद्धापह्नुतिगर्भत्वोक्तेरूपलक्षणतां पर्यस्तापह्नुतिगर्भोत्प्रेक्षोदाहरणेन स्पष्टयति— **इदं चेति**।

तत्र स्वरूपोत्प्रेक्षायामपह्नुतिगर्भत्वमुदाहरति— **जानेऽतिरागादिति**। अत्र दमयन्त्यधरे अतिरागेण निमित्तेन बिम्बफलतादात्म्योत्प्रेक्षा फले बिम्बात्वापह्नवत्वात् सापह्नवा। हेतूत्प्रेक्षायां सापह्नवत्वं दर्शयति— **हेतूत्प्रेक्षाया इति**। यथा वा—

इनमें चन्द्रमण्डलादि में अपह्नुति अमृतादि का सूक्ति आदि में निवेश=स्थिति कही गई है अर्थात् चन्द्रमण्डल में अमृतत्व का निषेध करके सूक्ति में उसकी स्थिति बतलाई गई है। [इसी प्रकार पुष्प आदि में मधुरस आदि का निषेध करके दन्तपंक्ति और अधर के मध्य में उसकी स्थिति बतलाई गई है।]

यह पर्यस्त अपह्नुतिगर्भत्व उत्प्रेक्षा में भी सम्भव है अर्थात् उत्प्रेक्षा में भी पर्यस्त अपह्नुति रह सकती है। उनमें स्वरूपोत्प्रेक्षा में पर्यस्त अपह्नुतिगर्भत्व का उदाहरण यह है—

अन्वयः—अतिरागात्, इदम्, एव, बिम्बम्, जाने, बिम्बस्य, च, इतः, अधरत्वम्, व्यक्तम्। द्वयोः, विशेषावगमाक्षमाणाम्, जनानाम्, अनयोः, द्वयोः, नाम्नि, भ्रमः, अभूत् ॥४२॥

अधिक लालिमा (अनुराग) के कारण वास्तविक बिम्ब (बिम्बफल) तो यही (=दमयन्ती का अधरोष्ठ ही) है, इस बिम्ब से उस बिम्बफल का अधरत्व=निकृष्टत्व व्यक्त ही है (अधरबिम्ब तथा बिम्बफल) के अन्तर को न समझ पाने वाले मापर लोगों इन दोनों के नाम में भ्रम हो गया है [अर्थात् वास्तविक बिम्ब यह है और वास्तविक बिम्बाधर=बिम्ब से निकृष्ट, वह बिम्ब फल है— यह भेद जिन्हें नहीं समझ में आया है वे ही इस 'बिम्ब' को बिम्बाधर और बिम्बाधर को बिम्ब कहने लगे।] (यह नैषध का श्लोक है।)

अत्र प्रसिद्धबिम्बफले बिम्बतामपह्नुत्यातिरागेण निमित्तेन दमयन्त्यधरे तदुत्प्रेक्षा पर्यस्तापह्नुतिगर्भा। हेतूत्प्रेक्षायां तद्गर्भत्वं प्राग्लिखिते हेतूत्प्रेक्षोदाहरण एव दृश्यते। तत्र च अन्धकारेष्वान्ध्यहेतुत्वमपह्नुत्यान्यत्र तन्निवेशितम्। फलोत्प्रेक्षायां यथा—

रवितप्तो गजः[१] पद्मान् तद् गृह्यान् बाधितुं ध्रुवम्।
सरो विशति न स्नातुं गजस्नानं हि निष्फलम्॥४३॥

अत्र गजस्य सरःप्रवेशं प्रतिफले स्नाने फलत्वमपह्नुत्य पद्मबाधने तन्निवेशितम्। अलमनया प्रसक्तानुप्रसक्त्या। प्रकृतमनुसरामः।

मुग्धस्समोहात्सुभगात्र देहाद्दद्धवद्भ्रूरचनाय चापम्।
भ्रूभङ्गजेयस्तव यन्मनोभूरनेन रूपेण यदा तदासीत्॥

अत्र मन्मथस्य मुग्धपदवाच्यत्वे वस्तुतो हेतोस्सौन्दर्यस्य हेतुत्वमपह्नुत्य दमयन्तीभ्रूरचनार्थनिजचापदानकृतमौढ्यं हेतुत्वेनोत्प्रेक्षितम्। फलोत्प्रेक्षायां तदाह—**रवितप्त**

इसमें प्रसिद्ध बिम्ब फल में (विद्यमान) बिम्बत्व धर्म का अपह्नव=निषेध करके अतिरागरूप सम्बन्ध के कारण दमयन्ती के अधर में उस बिम्बत्व की उत्प्रेक्षा= सम्भावना की गई है। (अतः) पर्यस्त अपह्नुतिगर्भा उत्प्रेक्षा है (क्योंकि बिम्बफल में बिम्बत्व का अपह्नव=निषेध किया गया है।) हेतूत्प्रेक्षा में पर्यस्त अपह्नुतिगर्भत्व तो पहले लिखे गये हेतूत्प्रेक्षा के उदाहरण में ही देखा जा सकता है।

[विवस्वताऽनायिषतेव मिश्राः स्वगोसहस्रेण समं जनानाम्।
गावोऽपि नेत्रापरनामधेयास्तेनेदमान्ध्यं खलु नान्धकारैः॥]

इस पद्य में अन्धकार में आन्ध्यहेतुत्व धर्म का अपह्नव करके अन्य में उसे सन्निविष्ट कर दिया है। [उत्प्रेक्षा अलंकार में इसकी व्याख्या की जा चुकी है।]

फलोत्प्रेक्षा में (पर्यस्त अपह्नुतिगर्भत्व का) उदाहरण—

अन्वयः— रवितप्तः, गजः, स्नातुम्, सरः, न, प्रविशति, (अपि तु) तद्गृह्यान्, पद्मान् बाधितुम्, (इति) ध्रुवम्, हि, गजस्नानम्, निष्फलम् ॥४३॥

सूर्य की (किरणों से) सन्तप्त हाथी नहाने के लिये सरोवर में नहीं घुसता है अपितु (उसे सन्तप्त करने वाले सूर्य के) पक्षवाले, समर्थक कमलों को पीड़ित करने (तोड़ने) के लिये ही (घुसता है) क्योंकि हाथी का नहाना तो निष्फल माना जाता है।

यहाँ हाथी के सरोवर में प्रवेश के फलभूत स्नान में फलत्व का अपवह्न= निषेध करके कमलों को पीड़ित करना रूप फल में सन्निविष्ट किया गया है

---

[१] 'वा पुंसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम्॥ (अमरः १।१०।३९) इत्यनुसारेण पद्मादिशब्दाः पुंसि नपुंसके च बोध्याः।

---

[१]भेदकातिशयोक्तिस्तु तस्यैवान्यत्ववर्णनम् ।
अन्यदेवास्य गाम्भीर्यमन्यद्धैर्यं महीपतेः ।।३७।।

अत्र लोकप्रसिद्धगाम्भीर्याद्यभेदेऽपि भेदो वर्णितः ।

इति । अत्र गजगतसरःप्रवेशस्य [२]स्नानफलत्वमपह्नुत्य रविपक्षीयकमलबाधन फलत्वेनोत्प्रेक्षितमिति सापह्नवफलोत्प्रेक्षा । गजतापकर्तृस्तपनस्य प्राबल्यात् तं बाधितुमशक्तो गजस्तन्मित्रभूतकमलवर्गमबाधतेति प्रतीतेः प्रत्यनीकालङ्कारः । तदुत्थापिता फलोत्प्रेक्षेति तयोरङ्गाङ्गिभावसङ्करः । **प्रसक्तानुप्रसक्त्येति** । अतिशयोक्तिमापह्नवत्वं प्रकृतम् । तत्प्रदर्शनेन स्वरूपोत्प्रेक्षायां सर्वस्वकारोक्तं प्रदर्शितम् । तदनुप्रसक्तं हेतुफलोत्प्रेक्षयोस्सापह्नवत्वमिति रीत्या प्रसक्तानुप्रसक्तिः ।

भेदकातिशयोक्तिमाह—**भेदकेति** । भेद एव भेदकः, स्वार्थिकः कप्रत्ययः । तदपि वर्ण्यमानभेदपरम् । तथा चाभेदे सत्यपि भेदवर्णने वर्ण्यमानभेदरूपातिशयोक्तिरित्यर्थः । तत्रान्यदेवेत्युदाहरणम् । तत्र लक्षणं योजयति—**अत्रेति** । एवमनयाऽतिशयोक्त्या वर्णनीय-महीपतेरितरमहीपतिभ्यो व्यतिरेको ध्वन्यत इत्यलङ्कारेणालङ्कारध्वनिः । अत्रैवोदाहरणान्तरमाह— **अन्येयमिति** । अत्र प्रसिद्धरूपसम्पत्तितो

अर्थात् सूर्यपक्षसमर्थक कमलों को पीडित करना यह फल कहा गया है । (अतः पर्यस्त अपह्नुतिगर्भा फलोत्प्रेक्षा है) प्रसङ्गवश उपस्थित इस (उत्प्रेक्षा अलङ्कार) के विषय में अधिक विचार अनावश्यक है । अतः प्रस्तुत विषय का ही विवेचन करते हैं—

भेदकातिशयोक्ति—

अन्वयः— तस्य, एव, अन्यत्ववर्णनम्, तु, भेदकातिशयोक्तिः । अस्य, महीपतेः, गम्भीर्यम्, अन्यद्, एव, (अस्य) धैर्यम्, अन्यत् (एव) ।।३७।।

लक्षण— उस (विषयी) का ही अन्य रूप में वर्णन करना भेदकातिशयोक्ति होती है। (भेद एव=यहाँ स्वार्थिक 'क' प्रत्यय है।)

उदाहरण— इस राजा का गाम्भीर्य दूसरा ही है, इसका धैर्य (भी) दूसरा ही है। इसमें लोकप्रसिद्ध गाम्भीर्य तथा धैर्य के साथ (राजा के गाम्भीर्य तथा धैर्य का) अभेद रहने पर भी उनसे भिन्नता कही गई है । [गाम्भीर्य तथा धैर्य सभी में एक से होते हैं फिर भी उन्हें दूसरे प्रकार का बतलाने से भेदक=भेद कहने से भेदकातिशयोक्ति है।]

---

१. चन्द्रालोके '**भेदकातिशयोक्तिस्स्यात्तस्यैवान्यत्वकल्पनम् । अहो अन्यैव लावण्यलीला बालाकुचस्थले ।।**' इति पाठः ।

२. 'स्नानं फलत्वेनापह्नुत्य' इति क.ख.भ. पाठः ।

यथा वा—

अन्येयं रूपसम्पत्तिरन्या वैदग्ध्यधोरणी।
नैषा नलिनपत्राक्षी सृष्टिस्साधारणी विधेः ॥४४॥

सम्बन्धातिशयोक्तिस्स्यादयोगे योगकल्पनम्।
सौधाग्राणि पुरस्यास्य स्पृशन्ति विधुमण्डलम्॥३८॥

यथा वा—

कतिपयदिवसैः क्षयं प्रयायात् कनकगिरिः कृतवासरावसानः।
इति मुदमुपयाति चक्रवाकी वितरणशालिनि वीररुद्रदेवे ॥४५॥

वर्णनीयवनितारूपसम्पत्तेरभेदेऽपि भेदवर्णनात् भेदातिशयोक्तिः। वर्णनीयवनितायाः विधिसृष्टित्वनिषेधेन विलक्षणरूपसम्पत्त्यादेः समर्थनात् वाक्यार्थहेतुकं काव्यलिङ्गम्। अनयोश्चाङ्गाङ्गिभावसङ्करः।

सम्बन्धातिशयोक्तिं लक्षयति— **सम्बन्धेति**। असम्बन्धे सम्बन्धकल्पनमित्यर्थः। उदाहरणे सौधाग्राणां विधुमण्डलासम्बन्धेऽपि सम्बन्धवर्णनात् स्पष्टो लक्षणानुगम इति ग्रन्थकृता न विवृतमुदाहरणम्। उदाहरणान्तरमाह—**कतिपयेति**।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— इयम्, रूपसम्पत्तिः, अन्या, (इयम्) वैदग्ध्यधोरिणी, अन्या। एषा, नलिनपत्राक्षी, विधेः, साधारणी, सृष्टिः, न, (वर्तते) ॥४४॥

(इसकी) यह रूपसुन्दरता दूसरी ही है, यह विदग्धतापरम्परा दूसरी ही है। कमल के समान सुन्दर नेत्रों वाली यह (सुन्दरी) ब्रह्मा की साधारण सृष्टि नहीं है। [स्त्रियों की रूपशोभा तथा वैदग्ध्यपरम्परा एक समान ही होती है तथापि उनमें भेद का वर्णन होने से यहाँ भेदकातिशयोक्ति है।]

सम्बन्धातिशयोक्ति—

अन्वयः— अयोगे, योगकल्पनम्, सम्बन्धातिशयोक्तिः।
उदा० अस्य, पुरस्य, सौधाग्राणि, विधुमण्डलम्, स्पृशन्ति ॥३८॥

लक्षण— असम्बन्ध रहने पर भी सम्बन्ध की कल्पना करना सम्बन्धातिशयोक्ति होती है।

उदाहरण— इस नगर के महलों की चोटियाँ (अग्रभाग) चन्द्रमण्डल को छू रही हैं।

[यद्यपि महलों की चोटियों का चन्द्रमण्डल के साथ वास्तव में कोई सम्बन्ध नहीं होता है फिर भी सम्बन्ध=स्पर्श करने का वर्णन किया गया है। अतः सम्बन्धातिशयोक्ति है।]

अत्र चक्रवाक्यास्सवित्रस्तमयकारकमहामेरुक्षयसम्भावनाप्रयुक्तसन्तोषासम्बन्धेऽपि तत्सम्बन्धो वर्णितः।

[1]योगेऽप्ययोगोऽसम्बन्धातिशयोक्तिरितीर्यते।
त्वयि दातरि राजेन्द्र! स्वर्द्रुमान्नाद्रियामहे।।३९।।

अत्र स्वर्द्रुमेष्वादरसम्बन्धेऽपि तदसम्बन्धो वर्णितः।

यथा वा—

अनयोरनवद्याङ्गि! स्तनयोर्जृम्भमाणयोः।
अवकाशो न पर्याप्तस्तव बाहुलतान्तरे।।४६।।

अत्र लक्षणं योजयति—**तत्रेति**। अनया चातिशयोक्त्या रुद्रनरपतेःपुरातनदातृभ्यो व्यतिरेकप्रतीतेः व्यतिरेकध्वनिरिति द्रष्टव्यम्।

असम्बन्धातिशयोक्तिं लक्षयति— **योगेऽपीति**।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— वीररुद्रदेवे, वितरणशालिनि, सति, कृतवासरावसानः, कनकगिरिः, कतिपयदिवसैः, क्षयम्, प्रयायात्, इति, चक्रवाकी, मुदम्, उपयाति।।४५।।

वीर राजा रुद्रदेव के दानशील हो जाने पर अब दिन का अन्त करने वाला सुमेरु पर्वत (स्वर्ण का पर्वत) कुछ ही दिनों में समाप्त हो जायेगा— यह (सोच कर) चक्रवाकी प्रसन्नता को प्राप्त कर रही है।

इसमें सूर्य के अस्त को कराने वाले सुमेरु पर्वत के विनाश की सम्भावना से होने वाले चक्रवाकी के सन्तोष का सम्बन्ध न रहने पर भी उसके सम्बन्ध का वर्णन किया गया है। [वास्तव में चक्रवाकी को ऐसा सन्तोष नहीं होता है तथापि उसके सम्बन्ध का वर्णन करने से यहाँ सम्बन्धातिशयोक्ति अलङ्कार है।]

असम्बन्धातिशयोक्ति—

अन्वयः— योगे (सति), अपि, अयोगः, असम्बन्धातिशयोक्तिः, इति, ईर्यते। राजन्! त्वयि, दातरि (सति), स्वर्द्रूमान्, न, आद्रियामहे।।३९।।

लक्षण— योग (=सम्बन्ध) रहने पर भी अयोग=असम्बन्ध (का वर्णन किये जाने) में असम्बन्धातिशयोक्तिः (होती है) ऐसा कहा जाता है।

उदाहरण— हे राजन्! तुम्हारे (समान) दानदाता के होने पर हम स्वर्गद्रुम=कल्पवृक्षों का भी आदर नहीं करते हैं।

---

[1] अयमपि मूलकृत्कल्पित एव।

[1]अक्रमातिशयोक्तिस्स्यात् सहत्वे हेतुकार्ययोः ।
आलिङ्गन्ति समं देव! ज्यां शराश्च पराश्च ते ।।४०।।

अत्र यदा मौर्व्या शरसन्धान कृतं तदानीमेव शत्रवः क्षितौ निपतन्तीति हेतुकार्ययोस्सहत्वं वर्णितम् ।

अक्रमातिशयोक्तिं लक्षयति— **अक्रमेति** । कार्यकारणयोस्तुल्यकालत्वे अक्रमातिशयोक्तिरित्यर्थः । सर्वस्वकारस्तु— कार्यकारणपौर्वापर्यव्यतिक्रमरूपातिशयोक्तिं पञ्चमी लक्षयित्वा पौर्वापर्यव्यतिक्रमस्य कार्यकारणयौगपद्य कार्यपूर्ववृत्तित्वाभ्यां द्वैविध्यादिमामतिशयोक्तिं पञ्चमातिशयोक्त्यवान्तरभेदतया व्याचख्यौ । लक्ष्ये लक्षणं योजयति— **अत्र यदेति** । शरसन्धानसमकालमेव शत्रवः क्षितौ पतिता इति ज्यामालिङ्गन्तीति ज्याशब्दश्लेषमहिम्ना मौर्वीसम्बन्धक्षितिपतनयोस्तुल्यकालत्वप्रतीतेरित्यर्थः शराणां परेषां च आलिङ्गन्तीत्येकक्रियान्वयेन तुल्ययोगितालङ्कारः । तयोरेकवाचकानु-

इसमें कल्पवृक्षों में आदर का सम्बन्ध रहने पर भी उनका सम्बन्ध न होना वर्णित किया गया है, इसलिये असम्बन्धातिशयोक्ति है ।

अथवा दूसरा उदाहरण—

हे अनवद्याङ्गि !, तव, जृम्भमाणयोः, स्तनयोः, बाहुलतान्तरे, पर्याप्तः, अवकाशः न, (वर्तते) ।।४६।।

हे अनिन्दनीय अङ्गों वाली सुन्दरी ! तुम्हारे बढ़ते हुए स्तनों के लिए तुम्हारी भुजारूपी लताओं के बीच में पर्याप्त अवकाश (रिक्त) स्थान नहीं है ।

विमर्श— यद्यपि बाहुओं के मध्य में पर्याप्त अवकाश है तथापि उसके अभाव का वर्णन किया जाने से सम्बन्ध में असम्बन्ध का वर्णन है । इसी प्रकार पूर्ववर्ती पद्य में याचकों का कल्पवृक्षों के साथ वास्तव में आदर सम्बन्ध रहता ही है तथापि कवि ने उसका असम्बन्ध कहा है । अतः ये दोनों असम्बन्धातिशयोक्ति के उदाहरण हैं । इसके नाम से ही यह स्पष्ट है कि पूर्ववर्ती सम्बन्धातिशयोक्ति भी मानी जाती है।

अक्रमातिशयोक्ति—

अन्वयः— हेतुकार्ययोः, सहत्वे, अक्रमातिशयोक्तिः, स्यात् ।
देव ! ते, शराः पराः, च, ज्याम्, समम्, आलिङ्गन्ति ।।४०।।

लक्षण— कारण और कार्य दोनों के एक साथ होने पर अक्रमातिशयोक्ति होती है।

---

[1] चन्द्रालोके **'अक्रमातिशयोक्तिस्यात् युगपत्कार्यकारणे'** इति पाठः ।

यथा वा—

मुञ्चति मुञ्चति कोशं भजति च भजति प्रकम्पमरिवर्गः ।
हम्मीरवीरखड्गे त्यजति त्यजति क्षमामाशु ।।४७।।

अत्र खड्गस्य कोशत्यागादिकाल एव रिपूणां धनगृहत्यागादिर्वर्णितः ।

प्रवेशसङ्करः । उदाहरणान्तरमाह— **यथावेति** । अत्र मुञ्चतीत्येकं पदं सप्तम्यन्तं खड्गविशेषणम् । एवमुत्तरत्रापि बोध्यम् । द्वितीयं क्रियापदम् अरिवर्गान्वयि । अत्र धनगृहत्यागखड्गकोशत्यागादेः कार्यकारणभूतस्य यौगपद्याभिधानात् अक्रमातिशयोक्तिः स्फुटेत्याह— **अत्रेति** । अत्र 'मुञ्चति भजति त्यजती'त्यनेकक्रियाणाम् अरिवर्गैककारकान्वयेन यौगपद्यप्रतीतेः समुच्चयालङ्कारः ।

उदाहरण— हे राजन् ! तुम्हारे बाण और शत्रु दोनों एक साथ ही ज्या (बाण की प्रत्यञ्चा और पृथिवी) का आलिङ्गन करते हैं ।

यहाँ जब प्रत्यञ्चा पर बाणों का सन्धान किया गया तभी शत्रु लोग (मरकर) भूमि पर गिर जाते हैं— इस प्रकार कारण और कार्य का एक साथ होना वर्णित है। [जबकि यह सामान्य नियम है कि कार्य से नियतपूर्व वृत्ति वाला ही कारण माना जाता है। अतः बाणों के प्रहार के बाद ही शत्रुओं का मर कर पृथ्वी पर गिरना देखा जाता है। परन्तु यहाँ बाण चढ़ाना रूपी कारण और शत्रुमृत्यु रूपी कार्य इन दोनों का एक साथ वर्णन होने से अर्थात् कारण और कार्य में कोई क्रम न होने से अक्रमातिशयोक्ति अलंकार है।]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— हम्मीरवीर-खड्गे, कोशम्, मुञ्चति (सति), अरिवर्गः, (कोशं मुञ्चति) प्रकम्पम्, भजति (सति, अरिवर्गः, प्रकम्पम्) भजति, क्षमाम्, त्यजति, (सति) (अरिवर्गः) आशु, क्षमाम्, त्यजति ।।४७।।

हम्मीर राजा का खड्ग जब कोश=म्यान छोड़ता है तो उसके शत्रु लोग कोश=खजाने को छोड़ कर भागते हैं, जब (शत्रुओं को काटने के लिए) प्रकम्पित होने लगता, लहराने लगता है तब शत्रु लोग भी (मृत्युभय से) काँपने लगते हैं और (वह खड्ग) जब क्षमा छोड़ देता है, निर्दय हो जाता है तो शत्रु लोग शीघ्र ही क्षमा=पृथ्वी छोड़ देते हैं अर्थात् मर जाते हैं या दूसरे स्थानों पर शरण के लिये युद्धभूमि से भाग जाते हैं।

इसमें खड्ग के कोश=म्यान के छोड़ने आदि के समय में ही शत्रुओं के द्वारा

चपलातिशयोक्तिस्तु कार्ये हेतुप्रसक्तिजे ।
यास्यामीत्युदिते तन्व्या वलयोऽभवदूर्मिका ।।४१।।

अत्र नायकप्रयाणप्रसक्तिमात्रेण योषितोऽतिकार्श्यं कार्यमुखेन दर्शितम् ।

चपलातिशयोक्तिं लक्षयति— **चपलेति** । हेटुप्रसक्तिमात्रेण हेत्वभावेऽपि कार्यवर्णनं चपलातिशयोक्तिरित्यर्थः । उदाहरणे नायकप्रवासाभावेऽपि यास्यामीति प्रवासप्रसक्तिमात्रश्रवणे नायिकांगुलीयकस्य वलयभावो वर्णितः । तेनाङ्गकार्श्यं व्यञ्जितमिति कार्श्यरूपकार्यस्य हेतुप्रसक्तिमात्रेणोपपत्तिर्वर्णितेति लक्षणानुगमः स्पष्ट इत्याह— **अत्रेति** । व्यङ्ग्येन वनिताङ्गकार्श्येन उर्मिकावलयभावसमर्थनात् काश्यलिङ्गालङ्कारध्वनिः । किमिति कार्श्यं तवेदमाकस्मिकमिति पृष्टे कार्श्यकार्यस्य निबन्धनात् कार्यनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसा । तस्या अतिशयोक्तेश्चाङ्गाङ्गिभावसङ्करः ।

धन-गृह-त्यागादि का वर्णन किया गया है। [यहाँ हम्मीर राजा के खड्ग के कोश-त्यागादि रूप कारण के साथ ही साथ शत्रुओं के धन-गृहत्यागादि रूप कार्य का होना वर्णित है। कारण और कार्य में पौर्वापर्य नहीं है। इसमें कोश, क्षमा इन शब्दों में श्लेष होने से यह श्लिष्ट प्रयोगाधारित अक्रमातिशयोक्ति है।]

चपलातिशयोक्ति—

अन्वयः— हेतुप्रसक्तिजे, कार्ये (सति) तु, चपलातिशयोक्तिः ।
यास्यामि, इति, उदिते, सति, तन्व्याः, ऊर्मिका, वलयः, अभवत् ।।४१।।

लक्षण— हेतु=कारण की प्रसक्तिमात्र में ही कार्य हो जाने पर अर्थात् कारण वास्तव में घटित नहीं हो सका, केवल उसके ज्ञानमात्र में ही कार्य हो जाता है तो चपलादिशयोक्ति होती है।

उदाहरण— (विदेश जाने के लिए तत्पर नायक द्वारा) 'मैं जाऊँगा'— इतना कहते ही तन्वी नायिका की अँगूठी (उसके हाथ का) कंगन बन गयी।

इसमें नायक के प्रवास की प्रसक्ति=ज्ञानमात्र से ही नायिका का अतिशय दुर्बल होना कार्यमुख से दिखलाया गया है। [यहाँ अभी नायक का विदेशगमन रूप कारण उपस्थित नहीं हुआ, केवल उसके जाने का ज्ञान ही हुआ है तो भी नायिका का अत्यन्त दुर्बल होना रूपी कार्य वर्णित किये जाने से यह चपलातिशयोक्ति है।]

'आदातुं सकृदीक्षितेऽपि कुसुमे हस्ताग्रमालोहितं
लाक्षारञ्जनवार्तयापि सहसा रक्तं तलं पादयोः ।
अङ्गानामनुलेपनस्मरणमप्यत्यन्तखेदावहं
हन्ताधीरदृशः किमन्यदलकामोदोऽपि भारायते ॥४८॥

यथा वा—

यामि, न यामीति धवे वदति पुरस्तात्क्षणेन तन्वङ्ग्याः ।
गलितानि पुरो वलयान्यपराणि पुनस्तथैव दलितानि ॥४९॥

उदाहरणान्तरमाह— **आदातुमिति** । अत्रापि पुष्पादीनां हस्ताग्रलौहित्यादिकारणानामभावेऽप्यादानोद्देशेन कुसुमेक्षणादिसम्पत्तिमात्रेण हस्ताग्रलौहित्याद्युक्तेः उक्तातिशयोक्तिरित्यर्थः । अत्र पादचतुष्टयप्रतिपादितानामतिशयोक्तीनां परस्परनिपेक्षतया संसृष्टिः । **यामि न यामीति** । अत्र पुरोवलयावस्त्रं सनपाश्चात्यवलयदलनरूपकार्ययोः प्रवासतदभावरूपकारणप्रसक्तिमात्रेण सम्पत्ति-

---

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— आदातुम्, कुसुमे, सकृत्, ईक्षिते, अपि, हस्ताग्रम्, आलोहितम् । लाक्षारञ्जनवार्तया, अपि, पादयोः, तलम्, सहसा, रक्तम् । अङ्गानाम्, अनुलेपनस्मरणम्, अपि, अत्यन्तखेदावहम्, हन्त !, अधीरदृशः, अन्यत्, किम् ? अलकामोदः, अपि, भारायते ॥४८॥

(किसी अत्यन्त सुकुमार नायिका का वर्णन यहाँ है ।) फूल को ग्रहण करने (लेने) के लिए जब एक बार भी देखती है तब उसकी हथेली लाल-लाल हो जाती है, अर्थात् वह फूल भी नहीं पकड़ सकती । जब महावर लगाने की बात भी होती है तो (उतने से ही) उसके पैरों के तलवे अचानक गुलाबी हो जाते हैं अर्थात् वह महावर भी नहीं लगा सकती । अंगों में अनुलेपन (उबटन) लगाने का स्मरणमात्र ही उसे अत्यन्त कष्ट देने लगता है, अर्थात् अनुलेपन कराना उसे सह्य नहीं है । बहुत कष्ट का विषय है कि उस चञ्चल नयनों वाली के लिये और क्या कहें, बालों में सुगन्ध (इत्र आदि) लगाना भी उसके लिये बोझा सा लगता है ।

[यहाँ फूल को ग्रहण करने के लिए देखने मात्र से हथेली का लाल हो जाना आदि में केवल कारण की प्रसक्ति=ज्ञानमात्र से ही उन-उन कार्यों का होना वर्णित है । अतः चपलातिशयोक्ति है ।]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— यामि, न, यामि—इति, धवे, पुरस्तात्, वदति, सति, क्षणेन, तन्वङ्ग्याः, बलयानि, पुरः, गलितानि, अपराणि, तदैव, दलितानि ॥४९॥

'मैं जाता हूँ, (अच्छा तो फिर) 'नहीं जाता हूँ'— इस प्रकार से सामने

अत्यन्तातिशयोक्तिस्तत् [1]पौर्वापर्य-व्यतिक्रमे ।
अग्रे मानो गतः, पश्चादनुनीता प्रियेण सा ।।४२।।

वर्णनात् उक्तातिशयोक्तिद्वयस्य संसृष्टिरिति द्रष्टव्यम् । अत्र प्रसिद्धप्रवासादिकारणाभावेऽपि वनिताङ्गकार्श्यादिरूपकार्योत्पत्तिवर्णनात् 'विभावनालङ्कारेणैव चमत्कारात् न चपलातिशयोक्तिर्नामातिरिक्तोऽलङ्कार उरीकार्यः । नह्यलाक्षारसासिक्तं रक्तं त्वच्चरणद्वयम् ।' इति लाक्षारसासेचनरूपकारणविरहेऽपि रक्तिमरूपकार्योत्पत्तिवर्णनरूपविभावनातो नात्र वैलक्षण्यं पश्यामः ।

इयांस्तु भेदः । यत्तत्र कारणाभावो वाच्यः । अत्र कारणप्रसक्त्युक्त्या कारणाभावो गम्यत इत्येनेनैवाभिप्रायेण प्राञ्चो नैनां व्यवजह्रुरिति ।

अत्यन्तातिशयोक्तिमाह— **अत्यन्तेति । तत्पौर्वापर्येति ।** तच्छब्देन चपलातिशयोक्तिलक्षणश्लोकगतहेतुकार्यपदोपस्थितयोर्हेतुकार्ययोः परामर्शेन तयोर्हेतुकार्ययोः पौर्वापर्यस्य व्यतिक्रमे[2] त्यागे सति उक्तातिशयोक्तिरित्यर्थः । उदाहरणयोः प्रियानुनयकटाक्षपतनरूपकारणयोः पश्चाद्भावस्य मानशान्तिगजान्तलक्ष्मीव्याप्त्योः कार्ययोः प्राथम्यवर्णनात् लक्षणसंगतिः स्पष्टा ।

ही पति द्वारा कहे जाने पर उस कृशाङ्गी नायिका के कुछ कंगन तो पहले (हाथ से) नीचे खिसक गये और कुछ अर्थात् शेष बचे हुए कंगन टूट कर गिर गये ।

विमर्श— इस पद्य में जब नायक ने यह कहा कि 'मैं जाता हूँ तो' यह सुनते ही नायिका अत्यन्त दुबली हो गई जिसके कारण कंगन अत्यन्त ढीले हो गये, हाथों में नहीं रुक पाये, नीचे खिसक गये । दूसरे क्षण जब उसने कहा— 'अच्छा तो नहीं जाता हूँ', तब वह प्रसन्नता से इतनी फूल गई कि हाथ में बचे हुए कंगन मोटापा के कारण चटक गये, टूट गये । यहाँ परदेश-गमनरूप कारण घटित नहीं हुआ है, केवल उसका ज्ञान हुआ है उतने से ही दुर्बलता के कारण कंगनों का खिसकना वर्णित है । इसी प्रकार वह नायक गया नहीं है— इतने के ज्ञान से ही वह नायिका खुशी में फूली नहीं समायी कि उसके हाथ में कंगन छोटे लगने लगे, फलतः टूट गये, चटक गये । वास्तव में कारण नहीं है । केवल उसका ज्ञान ही हुआ है फिर भी कार्य हो गया है । अतः चपलातिशयोक्ति है ।

लक्षण— उन कारण तथा कार्य के पौर्वापर्य के व्यतिक्रम होने पर अत्यन्तातिशयोक्ति होती है अर्थात् कार्य पहले और कारण बाद में वर्णित किये जाने पर अत्यन्तातिशयोक्ति होती है ।

अत्यन्तातिशयोक्ति—

अन्वयः— तत्—पौर्वापर्यव्यतिक्रमे, अत्यन्तातिशयोक्तिः, स्यात् ।
मानः, अग्रे, गतः, प्रियेण, सा, पश्चात्, अनुनीता ।।४२।।

---

[1] रसिकरञ्जनीसम्मतोऽयं पाठः, [2] 'व्यतिक्रमे वैपरीत्ये सति' इति ख. पाठः ।

यथा वा—

कवीन्द्राणामासन् प्रथमतरमेवाङ्गणभुव-
श्चलद्भृङ्गासङ्गाकुलकरिमदामोदमधुराः ।
अमी पश्चात्तेषामुपरि पतिता रुद्रनृपतेः
कटाक्षाः क्षीरोदप्रसरदुरुवीचीसहचराः ॥५०॥

एतास्तिस्रोऽप्यतिशयोक्तयः कार्यशैघ्र्यप्रत्यायनार्थाः ।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अतिशयोक्तिप्रकरणम्[1] ॥१३॥

उदाहरण— (नायिका का) अभिमान (रूठना) तो पहले ही चला गया जबकि प्रियतम ने बाद में मनाया ।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— कवीन्द्राणाम्, अङ्गणभुवः, प्रथमम्, एव, चलद्भृङ्गासङ्गाकुलकरिमदामोदमधुराः, आसन्, पश्चात्, तेषाम्, उपरि, रुद्रनृपतेः, क्षीरोदप्रसरदुरुबीचीसहचराः, अमी, कटाक्षाः पतिताः ॥५०॥

(इसमें किसी रुद्र नामक राजा की दानशीलता का वर्णन है ।) कवीन्द्रों के आंगन तो पहले ही चंचल (उड़ते हुए) भौंरों के कारण व्याकुल हाथियों के मदजल की सुगन्ध से सुगन्धित (मधुर) थे बाद में उन आंगनों पर राजा रुद्र के ऊपर उठती हुई दुग्धसमुद्र की विशाल लहरों के समान ये कटाक्ष (=कृपा दृष्टियाँ) गिरे । [इसमें यदि कार्य को भूतकाल और कारण को वर्तमान काल में कहा जाय तो आंगन तो दुग्धसागर की लहरों से पहले ही गीले हो जाते थे, कृपाकटाक्ष तो बाद में गिरते थे । राजा रुद्र का प्रसन्न होना उसके कृपाकटाक्ष पात का कारण हैं जिससे कवियों के आंगन में हाथियों की भीड़ एकत्रित होना रूपी कार्य उत्पन्न होता है । किन्तु कवि ने पहले हाथियों की उपस्थितिरूप कार्य का वर्णन करने के बाद कृपाकटाक्षपात रूपी कारण का वर्णन किया है । अतः कारण और कार्य का विपर्यय है ।]

ये तीनों अतिशयोक्तियाँ— (१) अक्रमातिशयोक्ति, (२) चपलातिशयोक्ति

---

[1] अयमत्र सङ्ग्रहः— प्राचीनास्तु 'सम्बन्धे असम्बन्धः, असम्बन्धे सम्बन्ध, भेदे अभेदः, अभेदे भेदः, कार्यकारणपौर्वापर्यव्यतिक्रमः, इत्येतत्पञ्चकान्यतमत्वमतिशयोक्तिसामान्यलक्षणमभिदधुः । प्रकाशकारादयस्तु, विषयस्य विषयिणां निगीर्याध्यवसानम्, तस्यैवान्यत्वम्, यद्यादिशब्दैरसम्भविनोऽर्थस्य कल्पनम्, कार्यकारणपौर्वापर्यविपर्ययश्च, इत्येतदन्यतमत्वमतिशयोक्तित्वं वदन्ति । नव्यास्तु, 'निगीर्याध्यवसानमेवातिशयोक्तिः, प्रभेदान्तरं तु अनुगतरूपाभावादलङ्कारान्तरमेवे'ति मन्यन्ते ।

नन्वेतासु तिसृषु किंकृतश्चमत्कार इत्यत आह— **एता इति** । अक्रमचपलात्यन्तातिशयोक्तय इत्यर्थः । **कार्येति** । कारणसम्पत्त्यग्रिमकालप्रतीक्षासहत्वरूपशैघ्र्यावगमफलार्थतथा यौगपद्यादिवर्णनस्य चमत्कारकारितया एतासामलंकृतित्वं युक्तमिति भावः । अत्र सर्वास्वेतासु अतिशयोक्तित्वं नैकं वक्तुं शक्यम्। परस्परविलक्षणतयैव तासां लक्षणात्। तथापि तावदन्यतमत्वं वा काव्यमीमांसकानिदम्प्रथमव्यवहारसिद्धाखण्डधर्मो वा तत्। अत एव तादृशधर्मगर्भलक्षणं प्रागभिहितमित्यनुसन्धेयम्। काव्यप्रकाशे तु 'यद्यर्थोक्तौ च कल्पन'मिति यद्यर्थस्य यदिशब्देन चेच्छब्देन— वा उक्तावसम्भविनोऽर्थस्य यत्कल्पनं सा काचिदतिशयोक्तिरित्यतियोक्तिभेदं लक्षयित्वा—

राकायामकलङ्कं चेदमृतांशोर्भवेद्वपुः ।
तस्या मुखं तदा साम्यपराभवमवाप्नुयात् ।। काव्य० ४५२ इत्युदाहृतम् ।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्याम् अतिशयोक्तिप्रकरणम् ।। १३ ।।

और (३) अत्यन्तातिशयोक्ति कार्य की शीघ्रता की व्यञ्जना कराने के लिए हैं ।

विमर्श— लोक में यह सामान्य नियम है कि कार्य का नियतपूर्ववृत्ति कारण होता है और कारण के बिना कोई भी कार्य नहीं होता है । परन्तु काव्य में, कवियों की रचनाओं में यह वैचित्र्य देखा जाता है कि वे कभी-कभी कार्य का वर्णन पहले कर देते हैं और कारण का बाद में । इस प्रकार के वर्णन का उद्देश्य यहाँ रहता है कि कारण और कार्य में विलम्ब नहीं रहता है ।

इस अतिशयोक्ति के प्रसंग में यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि कवि ने कार्य का वर्णन पहले किया है और कारण बाद में, अतः अत्यन्तातिशयोक्ति है ।

अतिशयोक्ति को अन्य अलंकारों से भिन्न बतलाते हुए रसिकरञ्जनीकार ने प्रारम्भ में ही इस विषय की विस्तृत चर्चा की है। इसे उसी में देखना चाहिए। चन्द्रिकाकार ने अतिशयोक्ति का एक सामान्य लक्षण किया है— 'रूपकभिन्नत्वे सति चमत्कृतिजनकाहार्यारोपनिश्चयविषयत्वम् अतिशयोक्ति-सामान्य-लक्षणम् ।' इसमें 'रूपकभिन्नत्वे सति' इस कथन से रूपक से भिन्नता सिद्ध है । 'आहार्यादि' कथन से भ्रान्ति से तथा 'निश्चयादि' कथन से उत्प्रेक्षा से भिन्नता सिद्ध हो जाती है ।

अलंकारों के नामकरण के विषय में यह न्याय स्वीकार किया जाता है— 'प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्तीति।' अतः अन्य अलंकारों के स्थलों पर भी यद्यपि अतिशयोक्ति रहती है तथापि उसकी प्रधानतया विवक्षा नहीं रहती है अतः वहाँ अन्य अलंकार ही माने जाते हैं ।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पयदीक्षित की कृति 'कुवलयानन्द'
में अतिशयोक्ति अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।। १३ ।।

---

१४. अथ तुल्ययोगिता—

वर्ण्यानामितरेषां[१] वा धर्मैक्यं तुल्ययोगिता ।
संकुचन्ति सरोजानि स्वैरिणीवदनानि च ।।४३।।

एवमभेदाश्रयानलङ्कारान् व्युत्पाद्य गम्यमानौपम्याश्रयालङ्कारान्वक्तुमादौ पदार्थगतालङ्कारद्वयमाह— **वर्ण्यानामिति । इतरेषामिति ।** अवर्ण्यानामित्यर्थः । धर्मो गुणक्रियारूपतया द्विविधो विवक्षितः । तुल्यं=युगपत् योगिता=अन्वयोऽस्यामित्यन्वर्थं तुल्ययोगिता नाम । उक्तार्थपरतयैव कारिकां विवृण्वन् उदाहरणयोर्लक्षणा-

---

१४- तुल्ययोगिता—

अन्वयः— वर्ण्यानाम्, इतरेषाम्, वा, धर्मैक्यम्, तुल्ययोगिता, [अलङ्कारः भवति] । सरोजानि, स्वैरिणीवदनानि, च, संकुचन्ति ।।४३।।

लक्षण— वर्ण्यों=प्रस्तुतों का अथवा अन्यों=अप्रस्तुतों का धर्मैक्य=एकधर्माभिसम्बन्ध होने पर 'तुल्ययोगिता' अलंकार होता है ।

उदाहरण— [चन्द्रोदय हो जाने पर] कमल और स्वैरिणी स्त्रियों=अभिसारिकाओं के मुख संकुचित होने लगते हैं, मुरझाने लगते हैं ।

विमर्श— यहाँ पर कमल और स्वैरिणीमुख दोनों ही प्रकृत=प्रस्तुत हैं । इनके संकोचक्रियारूप एक धर्म के अभिसम्बन्ध का वर्णन किया गया है अर्थात् दोनों की एक ही क्रिया वर्णित है । अतः तुल्ययोगिता अलंकार है । रात्रि में जब चन्द्रमा आकाश में निकल आता है, उसकी चाँदनी फैल जाती है तब अभिसार के लिए बाहर निकलना कठिन होता है । अतः अभिसारिकाओं के मुख मलिन हो जाते हैं, क्योंकि उनका स्वैर विहार बाधित होता है । कमलों का संकुचित होना प्राकृतिक दशा है ।

चन्द्रिकाकार ने तुल्ययोगिता का यह लक्षण माना है— अनेक प्रस्तुतमात्रसम्बद्धैकचमत्कारिधर्मानेकाप्रस्तुतमात्रसम्बद्धैकधर्मान्यतरत्वं लक्षणं बोध्यम् । इसमें 'अनेक' इस विशेषण के कारण 'मुखं विकसितस्मितं वशितवक्त्रिमप्रेक्षितम्' इत्यादि पद्य में इसकी अतिव्याप्ति नहीं होती है क्योंकि इसमें अनेक वर्ण्यों=प्रस्तुतों के

---

[१] चन्द्रालोके क्रियादिभिरनेस्य तुल्यता तुल्ययोगिता । सङ्कुचन्ति सरोजानि स्वैरिणीवदनानि च । प्राचीनाचलचूडाग्रचुम्बिबिम्बे सुधाकरे । इति पाठः । क्रियादिभिरित्यत्र आदिना गुणो गृह्यते । बहुत्वं व्यक्त्यभिप्रायमिति वेद्यम् ।

त्वदङ्गमार्दवे दृष्टे कस्य चित्ते न भासते।
मालती-शशभृल्लेखा-कदलीनां कठोरता ? ।।४४।।

प्रस्तुतानामप्रस्तुतानां वा गुणक्रियारूपैकधर्मान्वयस्तुल्ययोगिता। 'संकुचन्ती'ति प्रस्तुततुल्ययोगिताया उदाहरणम्। अत्र प्रस्तुतचन्द्रोदय-कार्यतया वर्णनीयानां सरोजानां प्रकाशभीरुस्वैरिणीवदनानां च सङ्कोचरूपैक-क्रियान्वयो दर्शितः। उत्तरश्लोके नायिकासौकुमार्यवर्णने प्रस्तुते अवर्णनीयानां मालत्यादीनां कठोरतारूपैकगुणान्वयः।

नुगमं दर्शयति— **प्रस्तुतानामिति**। उदाहरणसयोर्भेदं दर्शयति— **संकुचन्तीति**। निशा-मुखे कमलसङ्कोचस्य स्वैरिणीवदनसङ्कोचस्य च प्रस्तुतत्त्वात् प्रस्तुततुल्ययोगिता।

साथ एक ही धर्म का प्रयोग नहीं किया गया है। दीपक में अतिव्याप्ति रोकने के लिए 'प्रस्तुतमात्र' का उपदान है। जहाँ प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत दोनों का एकधर्माभिसम्बन्ध रहता है वहाँ तो 'दीपक' होता है। 'अन्यतरत्व' के उपादान से यह फलित होता है कि तुल्ययोगिता के दो भेद हैं— (१) प्रस्तुतगत (२) अप्रस्तुतगत-तुल्ययोगिता। पहला उदाहरण प्रस्तुतगत तुल्ययोगिता का है। अगला उदाहरण अप्रस्तुतगत तुल्ययोगिता का समझना चाहिए।

अन्वयः— त्वदङ्गमार्दवे, दृष्टे, सति, मालती-शशभृल्लेखा-कदलीनाम्, कठोरता, कस्य, चित्ते, न भासते ? ।।४४।।

[कोई नायक अपनी नायिका से कह रहा है—] हे प्रिये ! तुम्हारे अङ्गों की कोमलता देख लेने पर किसके मन में मालतीपुष्प, चन्द्रकला और कदली की कठोरता नहीं प्रतीत होती है ? अर्थात् ये तीनों ही वस्तुयें तुम्हारी कोमलता के आगे हीन है। [सभी में कठोरतारूप एक धर्म का सम्बन्ध है।]

केवल प्रस्तुतों का अथवा केवल अप्रस्तुतों का गुणरूप या क्रियारूप एक धर्म का सम्बन्ध होना तुल्ययोगिता अलंकार है। 'संकुचन्ति' (संकुचित हो जाते हैं, मुरझा जाते हैं) यह पद्यांश प्रस्तुतों की तुल्ययोगिता का उदाहरण है, इस पद्यांश में प्रस्तुत चन्द्रोदय के कार्यरूप में वर्णनीय कमलों का तथा (चन्द्रमा के) प्रकाश से डरने वाली स्वेच्छाचारिणी अभिसारिकाओं का 'संकोचरूप' (मुरझाना, उदास हो जाना) एक क्रिया का सम्बन्ध दिखलाया गया है। आगे दूसरे श्लोक में नायिका की सुकुमारता का वर्णन प्रस्तुत है किन्तु मालती आदि अप्रस्तुतों के कठोरता रूप एक गुण का सम्बन्ध वर्णित है। [ये सभी अप्रस्तुत हैं। अतः अप्रस्तुतों की तुल्ययोगिता है।]

यथा वा—

सञ्जातपत्रप्रकरान्वितानि समुद्वहन्ति स्फुटपाटलत्वम्।
विकस्वराण्यर्ककराभिमर्शाद्दिनानि पद्मानि च वृद्धिमीयुः ॥५१॥

नागेन्द्रहस्तास्त्वचि कर्कशत्वादेकान्तशैत्यात् कदलीविशेषाः।
लब्ध्वापि लोके परिणाहि रूपं जातास्तदूर्वोरुपमानबाह्याः ॥५२॥
(कुमार. १/३६)

अत्र ग्रीष्मवर्णने तदीयत्वेन प्रस्तुतानां दिनानां पद्मानां चैकक्रियान्वयः। ऊरुवर्णने तु अप्रस्तुतानां करिकराणां कदलीविशेषाणां चैकगुणान्वयः।

उत्तरश्लोके मालत्यादीनामप्रस्तुतत्वं स्फुटमेव। स्वयमुदाहरणान्तरमाह **सञ्जातेति**। अत्र ग्रीष्मवर्णनप्रस्तावे दिनानां पद्मानां च वृद्धेर्वर्णनीयत्वेन प्रस्तुतत्वात् तेषां वृद्धिप्राप्तिरूपैकक्रियान्वयात् प्रस्तुततुल्ययोगिता। अत्र गम्यौपम्यप्रयोजकसाधारणधर्मप्रतिपादकानि श्लिष्टविशेषणानि सञ्जातपत्रेत्यादीनीति पूर्वोदाहरणाद्विच्छित्तिविशेषः। द्वितीयोदाहरणे ऊरुवर्णनप्रस्तावे नागेन्द्रहस्तादीनामप्रस्तुतत्वात् तेषामुपमानबाह्यत्वरूपैकगुणान्वयादप्रस्तुततुल्ययोगिता। उपमानबाह्यत्वस्य समर्थनीयस्य त्वगादिगतकार्कश्यादिना समर्थनात् काव्यलिङ्गम्। तदुत्थापिता च तुल्ययोगितेति तयोरङ्गाङ्गिभाव इत्यवधेयम्।

अन्वयः— सञ्जातपत्रप्रकरान्वितानि, स्फुटपाटलत्वम्, समुद्वहन्ति, अर्ककराभिमर्शाद्, विकस्वराणि, दिनानि, पद्मानि, च, वृद्धिम्, ईयुः ॥५१॥

[इस पद्य में ग्रीष्म ऋतु का वर्णन है] नवीन उत्पन्न पल्लवों से युक्त, स्फुट पाटलत्व को धारण करने वाले अर्थात् इससे युक्त तथा सूर्य की किरणों के सम्पर्क से प्रकाशवान् दिन तथा (नये पत्तों वाले, स्फुटित लाल रंग को धारण करने वाले तथा सूर्य की किरणों के सम्पर्क से खिले हुए) कमल ये दोनों ही वृद्धि=शोभा को प्राप्त हो गये।

[यहाँ ग्रीष्म का वर्णन प्रस्तुत है उसके दिनों का तथा कमलों का वर्णन भी प्रस्तुत है। इन दोनों का 'वृद्धिमीयुः'=बढ़ना वर्धनक्रियारूप एक धर्म का अभिसम्बन्ध है। अतः प्रस्तुतों की तुल्ययोगिता है।]

अन्वयः— त्वचि, कर्कशत्वाद्, नागेन्द्रहस्ताः, एकान्तशैत्यात्, कदलीविशेषाः, परिणाहि, रूपम्, लब्ध्वा, अपि, लोके, तदूर्वोः, उपमानबाह्याः, जाताः ॥५२॥

[पार्वती के उरूयुगल की श्रेष्ठता वर्णित है] चमड़ी बहुत कड़ी या खुरदुरी होने से हाथी की सूँड़ और सदैव शीतल रहने से कदलीविशेष— ये दोनों ही लोक में विशाल रूप प्राप्त कर लेने पर भी पार्वती के उरुयुगल की उपमानकोटि से बाहर हो गये हैं अर्थात् इन दोनों को पार्वती के उरुयुगल का उपमान नहीं

हिताहिते वृत्तितौल्यमपरा तुल्ययोगिता ।
प्रदीयते[1] पराभूतिः मित्र-शात्रवयोस्त्वया ।।४५।।

अत्र हिताहितयोर्मित्रशात्रवयोरुत्कृष्टभूतिदानस्य पराभवदानस्य च श्लेषेणाभेदाध्यवसायाद्वृत्तितौल्यम् ।

द्वितीयां तुल्ययोगितां लक्षयति— **हिताहित इति** । हितसहितोऽहितः= हिताहितः तस्मिन्निति मध्यमपदलोपिसमासो द्रष्टव्यः । द्वन्द्वे द्विवचनापत्तेः । वृत्ति- वर्तनं तत्तुल्यत्वमित्यर्थः । उदाहरणे मित्रशात्रवयोः पराभूतिर्दीयत इति श्लेषेण

बनाया जा सकता है । [यहाँ पार्वती के उरुयुगल का वर्णन प्रस्तुत है । हाथी की सूँड़ तथा कदलीविशेष अप्रस्तुत है' । इन अप्रस्तुतों का 'उपमान-बाह्यत्वरूप' एक गुण का सम्बन्ध वर्णित है ।]

यहाँ=प्रथम पद्य में ग्रीष्म ऋतु के वर्णन के प्रसङ्ग में उसके अंगभूत दिनों तथा कमलों का 'वर्धनरूप' एक क्रिया के साथ सम्बन्ध है । और द्वितीय पद्य में पार्वती के उरुयुगल के वर्णनप्रसङ्ग में अप्रस्तुत हाथी की सूँड़ और कदलीविशेष इन दोनों का (पार्वती के उरुयुगल के उपमान रूप से बाहर कर दिया जाना रूप) एक गुण का सम्बन्ध है । [अतः यहाँ अप्रस्तुतों की तुल्ययोगिता है ।]

२. द्वितीय प्रकार की तुल्ययोगिता—

अन्वयः— हिताहिते, वृत्तितौल्यम्, अपरा, तुल्ययोगिता ।
त्वया, मित्र-शात्रवयोः, पराभूमिः, प्रदीयते ।।४५।।

लक्षण— हित तथा अहित अर्थात् हितकारक मित्र में और अहितकारक शत्रु में समान रूप का व्यवहार दूसरी प्रकार की तुल्ययोगिता होती है ।

उदाहरण— हे राजन् ! तुम मित्र तथा शत्रु दोनों के लिए 'पराभूति' देने वाले हो। मित्रपक्ष-में-परा=उत्कृष्टा भूति=सम्पत्तिः। शत्रु पक्ष में पराभूति=पराभव पराजय—यह अर्थ है।)

इस उदाहरण में हितकारक मित्र और अहितकारक शत्रु दोनों को उत्कृष्टभूतिप्रदान और पराभवप्रदान इनका श्लेष के द्वारा अभेदाध्यवसाय होने से वृत्तितुल्यता है। [भाव यह है कि 'पराभूतिः' इस शब्द में श्लेष है। इसे 'दान' के साथ सम्बद्ध करके दोनों का अभेदाध्यवसाय करके तुल्यवृत्ति हो जाती है जबकि दोनों में वास्तव में भिन्नता है। पण्डितराज इसे अलग भेद नहीं मानते हैं। वे सामान्य लक्षण में ही इसे भी गतार्थ कर लेते हैं।]

---

[1] अयं भेदः चन्द्रालोके न दृश्यते ।

यथा वा—

यश्च निम्बं परशुना यश्चैनं मधुसर्पिषा।
यश्चैनं गन्धमाल्याद्यैः सर्वत्र कटुरेव सः ।।५३।।

अत्र 'वृश्चति-सिञ्चत्यर्चती'त्यध्याहारैः वाक्यानि पूरणीयानि।

पूर्वोदाहरणं स्तुतिपर्यवसायि। इदं तु निन्दापर्यवसायीति भेदः। इयं सरस्वतीकण्ठाभरणोक्ता तुल्ययोगिता।

उत्कृष्टभूतिपराभवयोरैक्याद् वृत्तितौल्यमिति । लक्षणं योजयति— **अत्रेति** । इयं च श्लेषसङ्कीर्णा। तदसङ्कीर्णामुदाहरति— **यश्चेति** । तत्तद्वाक्योचितक्रियाध्याहारेण श्लोकं व्याकुर्वन् लक्षणानुगमं दर्शयति— **अत्रेति** । तथा चोचितक्रियाध्याहारेण तत्तद्वाक्यार्थप्रतीतौ च्छेदकसेचकार्चकेषु अहितहितरूपेषु कटुत्वेन तुल्यताप्रतीतेर्लक्षणानुगमः स्पष्ट इति भावः । अस्याः सर्वस्वकारादिभिरनभिधानादपसिद्धान्त इत्याशङ्क्याह— **इयमिति** । तथा च सरस्वतीकण्ठाभरणे प्रतिपादनात् नापसिद्धान्त इति भावः ।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— यः, निम्बम्, परशुना, [वृश्चति], यः, च, एनम्, मधुसर्पिषा, [सिञ्चति], यः, च, एनम्, गन्धमाल्याद्यैः, [अर्चति] किन्तुः, सः, सर्वस्य, कटुः एव ।।५३।।

जो नीम को (काटता है), जो इसे मधु और घी से (सींचता है) और जो इसे गन्धमाल्य आदि से (पूजता है)— इन सभी के लिए यह नीम कड़वा ही रहता है।

इस पद्य में 'वृश्चति'=काटता है, 'सिञ्चति'=सींचता है, तथा 'अर्चति'=पूजता है— इन क्रियाओं का अध्याहार करके वाक्य पूर्ण कर लेने चाहिए। [यहाँ तीनों प्रकार के लोगों के साथ नीम का एक 'कटुत्वव्यवहार' ही रहता है। अतः तुल्ययोगिता माननी चाहिए।]

पहले वाला कारिकास्थ उदाहरण राजा की स्तुति में पर्यवसित होता है किन्तु यहाँ तो नीम की निन्दा पर्यवसित होती है— यही दोनों में भेद है। यह तुल्ययोगिता सरस्वतीकण्ठाभरण में भोजराज द्वारा कही गयी है। [उसी के आधार पर यहाँ भी लिखी गयी।]

गुणोत्कृष्टैस्समीकृत्य[1] वचोऽन्या तुल्ययोगिता ।
लोकपालो यमः पाशी श्रीदश्शक्रो भवानपि ।।४६।।

अत्र वर्णनीयो राजा शक्रादिभिः लोकपालत्वेन समीकृतः ।

यथा वा—

सङ्गतानि मृगक्षीणां तडिद्विलसितान्यपि ।
क्षणद्वयं न तिष्ठन्ति घनारब्धान्यपि स्वयम् ।।५४।।

पूर्वत्र स्तुतिरिह तु निन्दा । इयं काव्यादर्शे दर्शिता ।[2]

दण्ड्यभिमतां तुल्ययोगितामाह— **गुणोत्कृष्टैरिति** । अत्र 'यत्प्रायः श्रूयते यच्च तत्तादृगवगम्यते' इति वाक्यविदभिमतन्यायानुसारेण प्रसिद्धगोत्कृष्टसाम्यस्य वर्णनीये प्रतीतेः तुल्ययोगिताशब्दस्यान्वर्थताप्यस्तीति भावः । एतदेवोदाहरणे योजयति— **अत्रेति** । उदाहरणान्तरमाह— **संगतानीति** । पूर्वोदाहरणाद्विशेषमाह— **पूर्वत्रेति** ।

अन्वयः— गुणोत्कृष्टैः, समीकृत्य, वचः, अन्या, तुल्ययोगिता ।
यमः, पाशी, श्रीदः, शक्रः, भवान्, अपि, लोकपालः (अस्ति) ।।४६।।

लक्षण— उत्कृष्ट गुणों वाले पदार्थों के साथ बराबरी करके कहना— एक अन्य प्रकार की तुल्ययोगिता होती है ।

उदाहरण— हे राजन्, यम, वरुण, कुबेर, इन्द्र और आप भी लोकपाल ही हैं ।

इसमें वर्णनीय राजा को इन्द्रादि के साथ 'लोकपाल' के रूप में बराबर कहा गया है ।

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— स्वयं, घनारब्धानि, अपि, मृगाक्षीणाम्, सङ्गतानि, तडिद्विलसितानि, अपि, क्षणद्वयम्, न, तिष्ठन्ति ।।५४।।

हरिणी के समान चञ्चल नेत्रों वाली सुन्दरियों की स्वयं प्रारम्भ की गई घनी=उत्कट संगतियाँ=मिलन तथा (मेघों द्वारा) आरम्भ की गई बिजली की चमक ये दोनों ही दो क्षण तक नहीं ठहरती हैं ।

यहाँ कारिकास्थ उदाहरण में राजा की स्तुति की गई है । किन्तु इस द्वितीय उदाहरण में निन्दा की गई है । [बिजली की क्षणिक चमक के समान

---

[1] अयमपि भेदौ चन्द्रालोके न दृश्यते ।

[2] विवक्षितगुणोत्कृष्टैर्यत्समीकृत्य कस्यचित् ।
कीर्तनं स्तुतिनिन्दार्थं सा मता तुल्ययोगिता ।। (काव्या० २।३३०)

इमां तुल्ययोगितां सिद्धिरिति केचिद् व्यवजह्रुः। यदाह जयदेवः—

सिद्धिः[१] ख्यातेषु चेन्नाम कीर्त्यते तुल्यतोक्तये।
युवामेव हि विख्यातौ त्वं बलैर्जलधिर्जलैः ।।इति।।

मतान्तरेष्वत्र वक्ष्यमाणं दीपकमेव।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे तुल्ययोगिताप्रकरणम् ।।१४।।

****

तथा च गुणोत्कृष्टैरिति लक्षणे उत्कृष्टपदमपकृष्टोपलक्षणम्। तुल्यत्वावगतिहेतोः प्रायपाठस्य 'सङ्गतानि मृगाक्षीणा'मित्यत्राविशेषादिति भावः। मतान्तरे अत्र समुदितप्रकृताप्रकृतैकधर्मान्वयात् वक्ष्यमाणं दीपकमिति द्रष्टव्यम्। इमामेव जयदेवादयः सिद्धिशब्देन व्यवजह्रुरित्याह— **इमामिति**। अस्मिन्नर्थे तदीयां कारिकां प्रमाणयति— **सिद्धिरिति**। ननु, मतान्तरे अस्यास्तुल्ययोगिताया अभावादुक्तोदाहरणेषु कोऽलङ्कार इत्यत आह— **मतान्तरेष्विति**। सर्वस्वकारादितमतेष्वित्यर्थः।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां तुल्ययोगिताप्रकरणम् ।।४।।

****

स्त्रियों की संगति क्षणिक बतलाकर उनकी निन्दा ही की गई है। यह तुल्ययोगिता दण्डी ने काव्यादर्श (२।३३०) में कही है।

कुछ विद्वान् तुल्ययोगिता के इस भेद को 'सिद्धि' अलंकार कहते हैं। जैसा कि चन्द्रालोककार जयदेव ने कहा है—

'जहाँ प्रसिद्ध पदार्थों में (उनकी) तुल्यता बतलाने के लिए वर्णन किया जाय वहाँ 'सिद्धि' नामक अलंकार होता है। उदाहरण— हे राजन्! इस संसार में आप दो ही प्रसिद्ध हैं, बल के कारण आप और जल के कारण समुद्र।'

अन्य आलङ्कारिकों के मतानुसार इस उदाहरण में आगे कहा जाने वाला दीपक अलंकार ही है। [कारण यह है कि यहाँ राजा प्रस्तुत है और समुद्र अप्रस्तुत। प्रस्तुत तथा अप्रस्तुतों का एक धर्माभिसम्बन्ध होने से यहाँ दीपक अलंकार ही मानना उचित है। इसीलिए अप्पय दीक्षित ने भी ऐसा लिखा है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति 'कुवलयानन्द' में
तुल्ययोगिता अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।१४।।

****

---

[१] इयं कारिका चन्द्रालोककृता जयदेवेन काव्यलक्षणप्रतिपादके तृतीयमयूखे प्रतिपादिता।

१५. अथ दीपकम्—

वदन्ति[1] वर्ण्यावर्ण्यानां धर्मैक्यं दीपकं बुधाः ।
मदेन भाति कलभः प्रतापेन महीपतिः ।।४७।।

प्रस्तुताप्रस्तुतानामेकधर्मान्वयो दीपकम्। यथा कलभनरपालयोः प्रस्तुताप्रस्तुतयोर्भानक्रियान्वयः ।

दीपकं लक्षयति— **वदन्तीति** । समुदितानां वर्ण्यावर्ण्यानाम् एकधर्मान्वयो दीपकमित्यर्थः । समुदितानामिति विशेषणं तुल्ययोगितायां 'संकुचन्ती'त्यादावतिव्याप्तिपरिहारार्थम् । तेन प्रस्तुताप्रस्तुतान्यतरैकधर्मान्वयरूपायां तस्यां समुदितैकधर्मान्वयाभावान्नातिव्याप्तिः । लक्षणं व्याकुर्वन् उदाहरणे लक्षणानुगतिं दर्शयति— **प्रस्तुतेति** । कारिकायां मूले च वर्ण्यावर्ण्यानां प्रस्तुताप्रस्तुतानामित्यत्र च बहुवचनमविवक्षितम् । उदाहरणे कलभनृपयोर्द्वयोः एकधर्मान्वयेन दीपकोक्तेः । तुल्ययोगितालक्षणेऽपि एषैव रीतिरनुसन्धेया । न च तथापि 'चन्द्रो यथा भाति तथा मुखं च' 'पाण्ड्योऽयमंसार्पितलम्बहारः' इत्युपमायामपि प्रकृताप्रकृतयोश्चन्द्रमुखाद्योः भानरूपैकक्रियान्वयादतिव्याप्तिरिति वाच्यम्, औपम्यव्यञ्जकत्वेनैकधर्मान्वयस्य विवक्षितत्वात् । तत्र यथेवादिशब्दोपादानेन उपमाव्यक्तेरनपेक्षणात् विशिष्टोपमाक्षिप्तविशेषणोपमायाम् एकदेशविवर्तिन्यां च तस्यामुपमाया गम्यत्वेऽपि तद्व्यञ्जकैकधर्मान्वयाभावान्नातिप्रसङ्गः । एवं तुल्ययोगितालक्षणेऽपि विशेषणमेतदनुसन्धेयम्। इतरथा—

इतराण्यपि रक्षांसि पेतुर्वानरकोटिषु ।
रजांसि समरोत्थानि तच्छोणितनदीष्विव ।।

इत्यत्र समराङ्गतया समरभूमौ रक्षःपतनस्येव रजसां तच्छोणितनदीषु

---

१५. दीपक अलंकार—

अन्वयः— बुधाः, वर्ण्यावर्ण्यानाम्, धर्मैक्यम्, दीपकम्, वदन्ति ।
कलभः, मदेन, भाति, भूपतिः, प्रतापेन, भाति ।।४७।।

लक्षण— वर्ण्य=प्रस्तुतों तथा अवर्ण्य=अप्रस्तुतों का एक धर्म से सम्बन्ध होना विद्वान् लोग दीपक अलंकार कहते हैं ।

उदाहरण— हाथी मद से सुशोभित होता है और राजा प्रताप से (सुशोभित होता है)।

प्रस्तुतों तथा अप्रस्तुतों दोनों का किसी एक धर्म से सम्बन्ध होना दीपक अलंकार

---

[1] चन्द्रालोके 'प्रस्तुताप्रस्तुतानां च तुल्यत्वे सति दीपकम् । मेधां बुधः सुधामिन्दुर्बिभर्ति वसुधां भवान् । इति पाठः ।

पतनस्यापि वर्णनीयत्वेन प्रस्तुतानामेव रक्षोरजसां पातरूपैकधर्मान्वयादतिव्याप्तिप्रसङ्गात्। एवं 'त्वत्कीर्तेः पुरतो भाति ज्योत्स्ना श्यामान्धकारवत्।' इत्यत्र कीर्तिवर्णने ज्योत्स्नान्धकारयोर्द्वयोरवर्णनीयतया तयोर्भानरूपैकधर्मान्वयादतिव्याप्तिस्तद्विशेषणानुपादाने अनुसन्धेया। न च तथापि—

त्रातः काकोदरो येन द्रोग्धापि करुणात्मना।
पूतनामारणख्यातः स वोऽस्तु शरणं प्रभुः॥

इति प्रकृतश्लेषे 'अब्जद्वयमिदं भाति हरिणाहितसक्तिकम्।' इत्यप्रकृतश्लेषे च प्रकृतयोः रामकृष्णयोरप्रकृतयोः कमलचन्द्रमसोश्च शरणत्वभानरूपैकधर्मान्वयातत्रातिव्याप्तितादवस्थ्यमिति वाच्यम्, श्लेषस्थले अर्थद्वयस्य श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायस्य सर्वसम्प्रतिपन्नत्वेन प्रस्तुतानेकगोचरस्याप्रस्तुतानेकगोचरस्य वा एकधर्मान्वयनिबन्धनस्य विवक्षितस्य तत्राभावात्। अत एव प्रस्तुतानामप्रस्तुतानां वेति लक्षणे बहुवचनमनेकत्वोपलक्षणमुपात्तम्। न च श्लिष्टविशेषणविन्यास एव धर्मद्वयस्य श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायात् ऐक्यमभ्युपगतं, न तु श्लिष्टयोर्धर्मिणोरपीति वाच्यम्, प्रकृताप्रकृतश्लेषे उपमानोपमेयव्यवस्थापकयोः श्लिष्टधर्मिगतत्वेन प्रकृतधर्मिण्यप्रकृतार्थोपमायाः प्रतीत्या अभेदाध्यवसायकृतैक्याभावेऽपि प्रकृतश्लेषे अप्रकृतश्लेषे वा विनिगमनाविरहेण उपमानोपमेयव्यवस्थासम्भवेन उपमानुपपत्तेः। श्लेषमहिम्ना श्लिष्टधर्मिद्वयप्रतिपत्तौ सत्याम् अनन्तरं व्यञ्जनया अर्थद्वयाभेदाध्यवसायसम्भवात्।

इयांस्तु भेदः। एकत्रोपमाया व्यक्तिः अपरत्र रूपकाव्यक्तिरिति। यदि तु 'द्वयेऽपि नागास्तन्वन्ति जिह्वान्ताल्लेखनं मुहुः।' इत्यत्र श्लिष्टाप्रकृतधर्मिकतुल्ययोगितायाम् अर्थद्वयस्य श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायात् प्रस्तुताप्रस्तुतान्यतरानेकधर्मान्वयभावात् अव्याप्तिरिति भाव्यते तदापि नानुपपत्तिः। वैयञ्जनिकबोधदशायामभेदाध्यवसायेऽपि प्राथमिकपदार्थोपस्थितिदशायाम् अर्थद्वयस्यैक्याभावेन अनेकप्रस्तुताप्रस्तुतान्यतरैकधर्मान्वयनिबन्धनसत्त्वात् उक्तश्लेषोदाहरणयोः प्रथमकक्ष्यागतधर्मिद्वयानेकत्वमादाय तुल्ययोगिताभ्युपगमेऽपि क्षतिविरहात्। तावता तयोस्सङ्करोपपत्तेः। न चैवमनेकविशेषणवैयर्थ्यम्, एकस्य प्रस्तुतस्याप्रस्तुतस्य वा एकधर्मान्वयस्थले 'विभाति चन्द्रो रजनीमुखेऽसौ' इत्यादावतिव्याप्तिवारणाय तद्विशेषणावश्यकत्वात्। न चैवमपि श्लिष्टधर्मिकतुल्ययोगितायां रूपकव्यक्त्यभ्युपगमे औपम्यव्यञ्जकैकधर्मान्वयाभावात् अव्याप्तिरिति वाच्यम्, रूपकव्यक्तावपि सादृश्यापरनाम्न औपम्यस्य व्यज्यमानतया औपम्यव्यञ्जकत्वस्य सत्त्वेनोक्तदोषाप्रसक्तेः। यत्तु 'त्रातः काकोदर' इत्यादिश्लेषे प्रथमं कृष्णधर्मिकशरणत्वादिवैशिष्ट्यावगाहिन्येका

यथा वा—

मणिश्शाणोल्लीढः समरविजयी हेतिदलितो
मदक्षीणो नागः शरदि सरिदाश्यानपुलिना।
कलाशेषश्चन्द्रस्सुरतमृदिता बालवनिता
तनिम्ना शोभन्ते गलितविभवाश्चार्थिषु नृपाः ॥५५॥

अत्र प्रस्तुततानां नृपाणामप्रस्तुनानां मण्यादीनां च शोभैकधर्मान्वयः। प्रस्तुतैकनिष्ठस्समानो धर्मः प्रसङ्गादन्यत्रोपकरोति प्रासादार्थमारोपितो

प्रतीतिः, रामधर्मिकशरणत्वादिवैशिष्ट्यावगाहिनी द्वितीया प्रतीतिरिति लक्षणे विवक्षितायाः समूहालम्बनात्मकप्रतीतेः तत्राभावान्नातिव्यातिरिति, तन्न। श्लेषे हि अर्थद्वयस्य स्वस्वगोचराभिधाभ्यां क्रमेणोपस्थितावपि युगपदेव शाब्दबोधः। न तु शाब्दबोधयोः पौर्वापयम्। विनिगमनाविरहेण तदसम्भवात्, युगपदुभयोपस्थितौ तु सुतराम्। न च तात्पर्यग्रहस्य विनिगमकत्वमिति युक्तम्, प्रकृताप्रकृतश्लेषे तात्पर्यग्राहकस्य प्रकरणादेर्व्यवस्थिततया तत्सम्भवेऽपि प्रकृतश्लेषे अप्रकृतश्लेषे च तदसम्भवेन युगपदेव शाब्दबोधोपपत्तेरित्यलं प्रसक्तानुप्रसक्त्या।

दीपकशब्दस्यान्वर्थतां वक्तुं तस्य व्युत्पत्तिमाह— प्रस्तुतैकेति। प्रसंगादिति। प्रस्तुततात्पर्येण निर्दिष्टस्य धर्मस्य तात्पर्यविषये अपकृते अन्वयप्रसङ्गः। ततः

होता है। जैसे— इस उदाहरण में अप्रस्तुत हाथी और प्रस्तुत राजा दोनों का 'भान=सुशोभित हांना' रूपी एक क्रिया से सम्वन्ध है। [अतः प्रस्तुत और अप्रस्तुत का धर्मैक्य होने से यहाँ 'दीपक' अलंकार है।]

अथवा जैसे दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— शाणोल्लीढः, मणिः, हेतिदलितः, समरविजयी, मदक्षीणः, नागः, शरदि, आश्यानसलिला, सरित्, कलाशेषः, चन्द्रः, सुरतमृदिता, बालवनिता, अर्थिषु, गलितविभवाः, नृपाः, च, तनिम्ना, शोभन्ते ॥५५॥

शान रखने वाले पत्थर से घिसा गया मणि, आयुधों (के प्रहार) से क्षत-विक्षत किन्तु समर में विजयी योद्धा, मदजल बहने से क्षीण हाथी, शरद् ऋतु में सूखे तटों वाली नदी, कला-मात्र में अवशिष्ट (द्वितीया का) चन्द्रमा, सुरतक्रीडा के कारण म्लान नवयुवती तथा याचकों को दान देकर समाप्त हुए धन वाले राजा लोग 'कृशता' से सुशोभित ही होते हैं।

इस श्लोक में प्रस्तुत राजा का तथा अप्रस्तुत मणि आदि पदार्थों का शोभन क्रियारूप एक धर्म का सम्बन्ध है। [अतः दीपक अलंकार है।] प्रस्तुत किसी एक में रहने वाला समान धर्म प्रसंगवश अन्यत्र अर्थात् अप्रस्तुतों का भी उपकार

दीप इव रथ्यामिति दीपसादृश्याद्दीपकम्। 'संज्ञायां च' (५।३।९७) इतीवार्थे कन् प्रत्ययः। यद्यपि—

सुवर्णपुष्पां पृथिवीं चिन्वन्ति पुरुषास्त्रयः।
शूरश्च कृतविद्यश्च यश्च जानाति सेवितुम् ॥५६॥

इत्यत्र प्रस्तुताप्रस्तुतानां युगपद्धर्मान्वयः प्रतिभाति। 'मदेन भाति कलभ' इत्यत्र अप्रस्तुतस्यैव प्रथमं धर्मान्वयः तथापि प्रासङ्गिकत्वं न हीयते। वस्तुगत्या प्रस्तुतोद्देशेन प्रवृत्तस्यैव वर्णनस्याप्रस्तुतेऽप्यन्वयात्। न हि दीपस्य रथ्याप्रासादयोर्युगपदुपकारकत्वेन जामात्रर्थं श्रपितस्य

अन्यत्राप्रकृते=उपकरोति स्ववैशिष्ट्यबोधप्रयोजको भवति। अत्र दृष्टान्तमाह— **प्रासादार्थमिति**। तथा च दीप इव दीपक इत्यस्मिन्नर्थे दीपकशब्दो व्युत्पन्न इति भावः। कुत एषा व्युत्पत्तिरित्यत आह— **संज्ञायां चेति**। 'इवे प्रतिकृतौ' इत्यधिकारपठितेनानेन सूत्रेणैव इवार्थे कन्प्रत्यये सति दीपकशब्दनिष्पत्तेः धर्मान्वये दीपसादृश्यलाभ इत्यर्थः।

ननु प्रस्तुतैकनिविष्टस्य धर्मस्य प्रसङ्गादन्यत्रोपकारकत्वं न युक्तम्। उभयत्र प्रस्तुताप्रस्तुतयोः युगपदेकधर्मान्वयेन अप्रस्तुतान्वयसमनन्तरभावित्वाभावेन प्रासङ्गिकत्वायोगादित्यभिप्रेत्य शङ्कते— **यद्यपीति**। **सुवर्णपुष्पामिति**।। सुवर्णानि पुष्प्यतीति सुवर्णपुष्पा तथाभूतां पृथिवीं शूरादयस्त्रयः पुरुषाः कुर्वन्तीत्यर्थः। अत्र सुवर्णानि पुष्प्यतीत्यर्थो बाधितः। पृथिव्यां तेन पुष्पसादृश्यात्सुलभसमृद्धिसम्भारभाजनता लक्ष्यते। तत्प्रयोजनं च शूरकृतविद्यसेवकानामितरजनेभ्यः प्राशस्त्यावगतिः, ततश्च पुष्पाणि यथा सुलभसमृद्धिभाजनानि तथैतेषां सुवर्णमित्यभिप्रायः। अत्र 'चिन्वती'ति क्रियापदस्यैकत्वाद्युगपद्धर्मान्वयात् न प्रासङ्गिकता युज्यत इति भावः। युगपद्धर्मान्वयेऽपि तस्य धर्मस्य प्रस्तुतान्वयतात्पर्येणैव निर्दिष्टतया अप्रस्तुतान्वये

कर देता है, उनसे भी सम्बद्ध हो जाता है जैसे कि राजमहल में प्रकाश के लिए जलाया गया दीपक उसके सामने स्थित मार्ग में भी प्रकाश करता है— इस कारण दीप के साथ सादृश्य होने के कारण यह दीपक अलंकार कहा जाता है।' 'संज्ञायाम्' (५।३।९७) इस सूत्र से 'इव' अर्थ में कन् प्रत्यय होता है— दीप इव दीपकम्।

एक शङ्का और उसका समाधान—

यद्यपि— सुवर्णरूपी पुष्पोंवाली इस पृथ्वी का चयन=चुनना तीन ही व्यक्ति करते हैं— (१) शूर, (२) सफल विद्या वाले विद्वान् और (३) जो व्यक्ति सेवा करने की सही विधि जानता है ॥५६॥

सूपस्यातिथिभ्यः प्रथमपरिवेषणेन च प्रासङ्गिकत्वं हीयते। तुल्ययोगितायां त्वेकं प्रस्तुतमन्यदप्रस्तुतमिति विशेषाग्रहणात् सर्वोद्देशेनैव धर्मोक्तिरिति विशेषः।

तात्पर्याभावेन प्रासङ्गिकत्वोपपत्तेः। न हि योगपद्यमात्रेण तस्य तद्धीयते। लोके रथ्याप्रासादयोः युगपदुपकुर्वतोऽपि दीपस्य रथ्योद्देशेन आरोपितत्वाभावेन प्रासङ्गिकत्वस्य सम्प्रतिपन्नत्वात्। किं बहुना, अनुद्देश्योपकारे प्रथमभाविन्यपि प्रासङ्गिकत्वं दृश्यते। जामात्रर्थं श्रपितस्य सूपस्य प्रथमअतिथिभ्यः परिवेषणेन तदुपकारस्य प्राथम्येऽपि प्रासङ्गिकत्वाहानेः। एवं प्राथम्येऽपि प्रासङ्गिकत्वे किमु वक्तव्यं योगपद्ये तत्सम्भवतीत्यभिप्रेत्य समाधत्ते— **तथापीति**।

नन्वेवं तुल्ययोगितायामप्येकधर्मनिर्देशस्य एकार्थत्वेन इतरार्थत्वस्य प्रासङ्गिकत्वापत्तौ दीपकतुल्ययोगितयोरविशेषप्रसङ्ग इत्यत आह— **तुल्ययोगितायां त्विति**। एकस्य प्रस्तुतत्वम् अपरस्याप्रस्तुतत्वमिति विशेषस्यागृह्यमाणतया सर्वोद्देशेन धर्मनिर्देशात् न तस्य प्रासङ्गिकत्वापत्तिः। प्रयाजादीनामिव दर्शादित्रिके तन्त्रतायां गृह्यमाणविशेषत्वं प्रयोजकम्। तच्च तत्राप्यस्तीति न प्रासङ्गिकत्वापत्त्या तयोरविशेषप्रसक्तिरिति भावः। एवं निर्देशवैषम्यादनयोर्विशेषमभिधाय व्यङ्ग्यवैलक्षण्या-

---

इस पद्य में प्रस्तुत और अप्रस्तुतों का एक साथ 'सुवर्णपुष्पा पृथ्वी का चयन' इस एक क्रियारूपी धर्म का सम्बन्ध प्रतीत होता है। इसी प्रकार 'मदजल से हाथी सुशोभित होता है' — इस पूर्वोक्त पद्य में केवल अप्रस्तुतों का ही पहले 'भान' क्रिया रूप धर्म का अन्वय होता है [बाद में राजा के साथ भान क्रिया का सम्बन्ध होता है] [तब इनमें धर्म की वैसी प्रसङ्गोपकारिता कैसे संगत होगी जैसी कि प्रासादस्थ दीप की रथ्या के प्रति उपकारिता रहती है? समाधान यह है कि] —तथापि प्रासङ्गिकता नहीं छूटती है। [भाव यह है कि 'सुवर्ण पुष्पाम्' आदि में प्रस्तुत और अप्रस्तुत दोनों के साथ एक साथ क्रियारूप धर्म का अन्वय प्रतीत हो रहा है और 'मदेन कलभः भाति' इसमें पहले हाथी के साथ भान क्रिया का सम्बन्ध होता है बाद में राजा के साथ [ऐसा होने पर भी प्रस्तुत के धर्म का अप्रस्तुत के लिए प्रासङ्गिक होना दूर नहीं होता है, बना ही रहता है।] वास्तविकता तो यह है कि प्रस्तुत के उद्देश्य से प्रवृत्त ही वर्णन=धर्म का अप्रस्तुत में भी अन्वय होता ही है। जैसे दीप प्रासाद और रथ्या दोनों का उपकारक एक साथ ही होता है तो उसकी प्रासङ्गिकता नष्ट नहीं होती है और जामाता के बनाये गये सूप=दाल-भात आदि अन्य अतिथि को पहले परोस दिये जाने पर भी जामाता के लिए उसकी प्रासङ्गिकता नष्ट होती है अर्थात् जामाता को भी सूप परोसा ही जाता है। [यही स्थिति सर्वत्र समझनी चाहिये।]

अयं चानयोरपरो विशेषः। उभयोरनयोरुपमालङ्कारस्य गम्यत्वाविशेषेऽपि अत्राप्रस्तुतमुपमानं प्रस्तुतमुपमेयमिति व्यवस्थित उपमानोपमेयभावः। तत्र तु विशेषाग्रहणादैच्छिकस्य इति ॥

दप्यनयोर्विशेषस्सम्भवतीत्याह— **अयं चेति**। उपमाव्यञ्जकत्वस्योभयत्राविशेषेऽपि व्यवस्थितोपमाव्यञ्जकत्वं दीपके। तत्र तु ऐच्छिकोपमाव्यञ्जकत्वमिति वैषम्यमनयोरिति भावः। अत्र धर्मस्यादिमध्यान्तर्गतत्वेन त्रैविध्यमाकरे द्रष्टव्यम्। विस्तरभीतेर्नेहोच्यते।

विमर्श— दीक्षित ने एक शंका यह उठाई है कि कभी-कभी एक साथ और कभी-कभी आगे पीछे धर्म का सम्बन्ध होने पर उसकी प्रासंगिकता समाप्त नहीं हो जाती है क्या? उत्तर यह दिया कि जैसे प्रासाद में प्रकाश के लिए दीप जलाया ज़ाता है वह प्रासाद के साथ ही साथ रथ्या को भी प्रकाशित करता है। इसका अर्थ यह नहीं समझना चाहिए कि रथ्या के लिए दीप की प्रासंगिकता समाप्त हो जाती है। इसी प्रकार किसी ने अपने जामाता के लिए कोई विशेष भोज्य बनाया और जामाता को परोसने के पहले कुछ अन्य अतिथि आ गये तो वह भोज्य पहले उन्हें भी परोसा गया बाद में जामाता को। यहाँ जामाता के विषय में उस भोज्य की प्रासंगिकता नष्ट नहीं होती है, बनी ही रहती है। ठीक इसी प्रकार अप्रस्तुत के साथ ही साथ प्रस्तुत का भी एक धर्माभिसम्बन्ध वर्णन करने में अथवा अप्रस्तुत के साथ प्रस्तुत का भी एक धर्माभिसम्बन्ध पहले कर देने मात्र से वहाँ 'दीपक' अलंकार नहीं होगा, ऐसी बात नहीं है, वहाँ दीपक ही होता है। अब तुल्ययोगिता से दीपक का भेद भी बता रहे हैं।

(अनु०) तुल्ययोगिता में एक पदार्थ प्रस्तुत होता है और दूसरा अप्रस्तुत-- ऐसी कोई विशेष व्यवस्था नहीं है [क्योंकि तुल्ययोगिता में या तो सभी प्रस्तुत होते हैं या सभी अप्रस्तुत, उनका एकधर्माभिसम्बन्ध रहने पर तुल्ययोगिता होती है, इसमें सभी में एक साथ धर्म का सम्बन्ध देखा जाता है— यह दीपक और तुल्ययोगिता में भेद समझना चाहिए। [किन्तु दीपक में प्रस्तुत और अप्रस्तुत दोनों का धर्म सम्बन्ध रहता है।]

इन दोनों में एक यह भी भेद है— इन दोनों ही अलंकारों में उपमा अर्थात्— सादृश्य गम्य ही रहता है फिर भी इस दीपक में अप्रस्तुत उपमान होता है और प्रस्तुत उपमेय, इस कारण इस दीपक में उपमानोपमेयभाव व्यवस्थित है जबकि तुल्ययोगिता में उपमानोपमेयभाव ऐच्छिक है, उसमें कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। अर्थात् तुल्ययोगिता में प्रस्तुत या अप्रस्तुत कोई भी उपमान भी हो सकता है और उपमेय भी, कवि की इच्छा ही इसमें कारण है। दीपक में ऐसा नहीं है।

त्रिविधं[१] दीपकावृत्तौ भवेदावृत्तिदीपकम्।
वर्षत्यम्बुदमालेयं वर्षत्येषा च शर्वरी ।।४८।।

आवृत्तिदीपकं लक्षयति— **त्रिविधमिति**। पदतदर्थव्योर्व्यस्तयोस्समस्तयोश्च अनेकोपकारकतया दीपस्थानीययोरावृत्तौ त्रिविधमावृत्तिदीपकमित्यर्थः। एकक्रियाया अनेककारकान्वयवत् अनेककारकस्यावृत्तक्रियान्वयात् आवृत्तिदीपकमन्वर्थं नामेति भावः। अत्र पदावृत्तौ उत्तरार्धमुदाहरणम्। उत्तरश्लोके इतरयोरिति विभागः। अत्र 'वर्षती'ति क्रियापदस्य शर्वर्या वर्षवदाचरतीत्यर्थभेदात्पदावृत्तिदीपकम्।

आवृत्तिदीपक अलंकार—

अन्वयः— दीपकावृत्तौ, आवृत्तिदीपकम्, त्रिविधम्, भवति।
इयम्, अम्बुदमाला, वर्षति, एषा, शर्वरी, च, वर्षति ।।४८।।

लक्षण— जहाँ दीपक की आवृत्ति होती है वहाँ 'आवृत्ति दीपक' अलंकार होता है। यह तीन प्रकार का होता है।

उदाहरण— यह मेघमाला बरस रही है, यह रात्रि वर्ष के समान आचरण कर रही है अर्थात् बहुत लम्बी लग रही है।

विमर्श— दीपक, आवृत्तिदीपक, मालादीपक— ये भेद भी वर्णित हैं। कुछ विद्वान् इन्हें स्वतन्त्र मानते हैं, कुछ दीपक के ही भेद सिद्ध करते हैं। कारिका के स्वरूप से भी यह स्वतन्त्र अलंकार लगता है। यहाँ इसे दीपक का एक भेद माना गया है। दण्डी ने आवृत्तिदीपक के तीन भेद माने हैं—

अर्थावृत्तिः पदावृत्तिरुभयावृत्तिरित्यपि।
दीपकस्थानमेवेष्टमलङ्कारत्रयं यथा ।। (काव्यादर्शः २।२१६)

(१) अर्थावृत्ति, (२) पदावृत्ति, (३) उभयावृत्ति। कारिका में पहला उदाहरण पदावृत्ति का है— 'वर्षति' इस क्रिया रूप एक धर्म का सम्बन्ध दोनों के

---

[१] चन्द्रालोके **'आवृत्ते दीपकपदे भवेदावृत्तिदीपकम्। दीप्त्याग्निर्भाति भातीन्दुः कान्त्या भाति रविस्त्विषा।'** इति पाठः। काव्यप्रकाशे तु मालादीपकमधिकमुक्तम्। रसगङ्गाधरकारस्तु, तदुदाहरणस्य मालादीपकत्वं निरस्य एकावलीभेदत्वं व्याचष्टे। नव्यास्तु, तुल्ययोगितातो दीपकं न पृथग्भावमर्हति। धर्मसकृद्वृत्तिरूपाया विच्छित्तेरविशेषात्। तस्मात्तुल्ययोगिताया एव त्रैविध्यमुचितम्। प्रकृतानामेव धर्मस्य सकृद्वृत्तिः, अप्रकृतानामेव, प्रकृताप्रकृतानां चेति। एवं च प्राचीनानां तुल्ययोगितातो दीपकस्य पृथगलङ्कारतामाचक्षणाणां दुराग्रहमात्रमिति वदन्ति।

उन्मीलन्ति कदम्बानि स्फुटन्ति कुटजोद्गमाः ।
माद्यन्ति चातकास्तृप्ताः माद्यन्ति च शिखावलाः ।।४९।।

इस पद्य में भगवान् के चरणकमलों के धोने के लिये जलरूप दिव्य नदी गंगा में [चरणप्रक्षालन की जलकणिकायें] आलता के रसादि के समान मिली हुईं तथा उस गङ्गा के साथ ही साथ समुद्र में प्रविष्ट होने वाली भगवान् के नाखूनों की कान्ति की लेश कणिकाओं के परिणाम (फल, कार्य) के रूप से संभाव्यमान समुद्र के नवनीतपद के वाच्य चन्द्ररूपी कार्य से उन भगवान् के नाखूनों की कान्ति का उत्कर्ष (रूप कारण) प्रतीत होता है।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— अस्याः, चेद्, गतिसौकुमार्यम् (निरीक्ष्यते तदा) अधुना, हंसस्य, गर्वैः, अलम्, यदि, संलापः, श्रूयते, तदा, परभृतैः, वाचयमत्वव्रतम्, धार्यताम्, यदि, अङ्गानाम् अकठोरता, (निरीक्ष्यते तदा) सा, मालती, दृषत्प्राया,

---

अङ्गनामकठोरता यदि दृषत्प्रायैव सा मालती
कान्तिश्चेत्कमला किमत्र बहुना काषायमालम्बताम् ॥१०४॥

अत्र नायिकागतिसौकुमार्यादिषु वर्णनीयत्वेन प्रस्तुतेषु हंसादिगतगर्वशान्त्यादिरूपाणि औचित्येन सम्भाव्यमानानि कार्याण्यभिहितानि। एतानि च पूर्वोदाहरण इव न वस्तुकार्याणि किं तु तन्निरीक्षणकार्याणि।

लज्जा तिरश्चां यदि चेतसि स्यादसंशयं पर्वतराजपुत्र्याः।
तं केशपाशं प्रसमीक्ष्य कुर्युर्बालप्रियत्वं शिथिलं चमर्यः ॥१०५॥

(कुमार. १।४८)

'भाती'ति क्रियापदमध्याहार्यमित्यभिप्रेत्य प्रकृते योजयति— **अत्रेति**। अर्थकार्य-

---

एवं, कान्तिः, चेत् (वीक्ष्यते) अत्र, बहुना, किम्, कमला, काषायम्, अवलम्बताम् ॥१०४॥

(किसी सुन्दरी का वर्णन है—) यदि इस सुन्दरी की गति की सुकुमारता देख ली तो फिर हंसों को (अपनी चाल का) गर्व करना व्यर्थ है। यदि इसकी वाणी सुन ली तो फिर कोयल को वाचमयत्वव्रत=मौन व्रत धारण कर लेना चाहिये। यदि इसके अङ्गों की अकठोरता=कोमलता देख ली तो फिर मालती लता पत्थर के समान (कठोर) है, यदि इसकी कान्ति देख ली तो अधिक क्या कहना, अब तो लक्ष्मी को काषायवस्त्र धारण कर लेना चाहिये अर्थात् संन्यास ले लेना चाहिये।

इस पद्य में किसी (अद्‌भुत सुन्दरी) नायिका की गति की सुकुमारता आदि वर्णनीय रूप से प्रस्तुत है किन्तु कवि द्वारा हंस आदि के गर्वशान्ति आदि (घमण्ड को नष्ट कर देना आदि) कार्यों को जो कि यहाँ औचित्य के कारण संभावित हैं, कहा गया है। पूर्ववर्ती पद्य में जैसे चन्द्रमारूपी वस्तु नखकान्तिकणिकासमूह का कार्य है, वैसे इस प्रस्तुत पद्य में हंसगर्वखण्डन आदि कार्य नहीं कहे गये हैं अपि तु उस सुन्दरी की गति के निरीक्षण के कार्य के रूप में कहे गये हैं अर्थात् सुन्दरी की गति की सुकुमारता आदि के निरीक्षणरूपी कारण से हंसों के गतिसुकुमारताविषयक घमण्ड आदि का नष्ट होना रूपी कार्य कहे गये हैं।

(इस पद्य के समान ही निरीक्षण का कार्य इस पद्य में भी कहा गया है—)

अन्वयः— यदि, तिरश्चाम्, चेतसि, लज्जा, स्यात्, तर्हि, पर्वतराजपुत्र्याः, तम्, केशपाशम्, निरीक्ष्य, असंशयम्, चमर्यः, बालप्रियत्वम् शिथिलम्, कुर्युः ॥१०५॥

इत्युदाहरणान्तरे तथैव स्पष्टम्।

'अङ्गानामकठोरते'ति तृतीयपादे तु वर्णनीयाङ्गसौकुमार्यातिशयनिरीक्षणकार्यत्वमपि नार्थक्षेप्यमालतीकठोरत्वे विवक्षितम्। प्रतियोगिविशेषापेक्षकठोरत्वस्य तदकार्यत्वात्। किं तु तद्बुद्धेरेव। इदमपि 'त्वदङ्गमार्दवे दृष्टे' इत्युदाहरणान्तरे तथैव स्पष्टम्। अर्थस्य कार्यत्व इव बुद्धेः कार्यत्वेऽपि कार्यनिबन्धनत्वं न हीयत इत्येतादृशांन्यपि कार्यनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसायामुदाहृतानि प्राचीनैः।

वस्तुतस्तु तदतिरेकेऽपि न दोषः। न ह्यप्रस्तुतप्रशंसायां प्रस्तुताप्रस्तुतयोः पञ्चविध एव सम्बन्ध इति नियन्तुं शक्यते, सम्बन्धान्तरेष्वपि तद्दर्शनात्।

कारणभाव एवेयमप्रस्तुतप्रशंसेति न नियम इति नानुपत्तिरित्याह— **अर्थस्येति**। एवं प्राचीनदर्शितरीत्या तस्याः भेदानुदाहृत्य विधान्तरेणापि स्वयं तद्भेदः सम्भव-

---

यदि पक्षियों के मन में लज्जा होती हो तो निश्चय ही पार्वती के उस (लोकोत्तर सुन्दर) केशपाश को देखकर चमरी गायें अपने बालों के मोह को शिथिल कर डालें।

इस पद्य में भी निरीक्षणरूपी कारण के कार्य के रूप में चमरियों के बालप्रियत्व का शिथिल करना रूपी कार्य वर्णित है।

('अस्याश्चेद्' इस पद्य के तृतीय चरण में 'अङ्गानामकठोरता' इसके द्वारा वर्णनीय=प्रस्तुत सुन्दरी के अङ्गों के सौकुमार्यातिशयनिरीक्षण के कार्य के रूप में अर्थक्षेपलभ्य मालती का कठोरत्व विवक्षित नहीं है क्योंकि कठोरता को प्रतियोगी विशेष की अपेक्षा होती है। जिससे वह (कठोरता निरीक्षण का) कार्य नहीं मानी जा सकती, अपितु कठोरताविषयिणी बुद्धि ही कार्य मानी जा सकती है। यह भी 'त्वदङ्गमार्दवे दृष्टे' इसमें इसी प्रकार से स्पष्ट किया गया है। जैसे कोई अर्थ (विषय) कार्य बनता है वैसे ही बुद्धि भी कार्य बनती है, इसमें कार्यनिबन्धनत्व नष्ट नहीं होता है। इसीलिये इस (प्रस्तुत) प्रकार के उदाहरण प्राचीनों द्वारा कार्यनिबन्धना अप्रस्तुत प्रशंसा के विषय में दिये गये हैं।

[यदि कोई यह शंका करे तब तो उक्त भेदों से अलग यह भेद भी होने लगेगा इसका उत्तर है—] वास्तव में वह अतिरिक्त भेद होने पर भी कोई दोष नहीं है। कारण यह है कि अप्रस्तुतप्रशंसा में प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत का केवल पाँच प्रकार का ही सम्बन्ध होता है— यह नियम करना सम्भव नहीं है क्योंकि अन्य प्रकार के सम्बन्ध में भी अप्रस्तुतप्रशंसा देखी जाती है।

यथा वा —

तापत्रयौषधिवरस्य तव स्मितस्य
निश्वासमन्दमरुता निबुसीकृतस्य।
एते कडङ्कर-चया इव विप्रकीर्णा
जैवातृकस्य किरणा जगति भ्रमन्ति ॥१०६॥

तीत्याह— **वस्तुतस्त्विति** । एतदेवोदाहरणमुखेन दर्शयति— **तापत्रयेति** । आध्यात्मिकादिभेदभिन्नतापापाकरणौषधिश्रेष्ठस्य निश्वासरूपेण मन्दमरुता प्राकृततण्डुलादिरहितत्वङ्मात्ररूपबुसस्य विप्रकीर्णकडङ्करनिकरा इव एते चन्द्रकिरणा जगति भ्रमन्ति। कडङ्करा इवान्तर्निस्सारतया तत्र तत्र लघुतया भ्रमन्तीति वाक्यार्थः। अत्र 'ओषधिवरस्ये'ति रूपकम्। 'निबुसीकृतस्ये'ति तदुत्थापितातिशयोक्तिः। ताभ्यामुत्थापिता

विमर्श— अप्पय दीक्षित ने आरम्भ में मम्मट का अनुसरण करके अप्रस्तुत-प्रशंसा के पाँच भेद प्रस्तुत किये। किन्तु उनके मत में इसे पाँच भेदों में सीमित कर देना उचित नहीं है। यदि अन्य भी कोई स्थिति सम्भव हो तो वहाँ भी अप्रस्तुत-प्रशंसा मानी जा सकती है। एक और बात वे कहना चाहते हैं कि कोई अर्थ (विषय) ही कार्य या कारण के रूप में रहे— यह भी आवश्यक नहीं है। बुद्धि को भी कार्य और कारण के रूप में माना जा सकता है। 'अस्याश्चेद्' इस पद्य के तृतीय पाद में 'अङ्गानामकठोरता यदि दृषत्प्रायैव सा मालती' ऐसा लिखा है। 'अकठोरता' में अभाववाची नञ् का प्रयोग है। अभावज्ञाने प्रतियोगिज्ञानं कारणम्— यह नियम है। अतः इस पद के अर्थ के ज्ञान में अभावज्ञान के पहले 'यस्याभावः सः प्रतियोगी' के अनुसार पहले कठोरता का ज्ञान अपेक्षित है। यह कठोरता अर्थाक्षेपलभ्य मालती की नहीं मानी जा सकती क्योंकि मालती की कठोरता प्रस्तुत करना कवि का विवक्षित नहीं है अपितु मालती की प्रस्तरतुल्यता की बुद्धि होना ही यहाँ कार्य है। सुन्दरी के अङ्गों की अकठोरता देखने से मालती की प्रस्तरतुल्यता की बुद्धि बन जाती है। यही स्थिति 'त्वदङ्गमार्दवे दृष्टे' इस तुल्ययोगिता के उदाहरण में भी मालती आदि तीनों की कठोरताविषयिणी बुद्धि बन जाती है। अप्पय दीक्षित ने बुद्धिपरिवर्तन को भी कार्य रूप में स्वीकार किया है। [उपर्युक्त पाँच भेदों से अतिरिक्त भी अप्रसतुतप्रशंसा सम्भव है— इसके लिये अग्रिम उदाहरण दे रहे हैं—]

अन्वयः— निश्वासमन्दमरुता, निबुसीकृतस्य, तापत्रयौषधिवरस्य, तव, स्मितस्य, कडङ्कर-चयाः, इव, बिप्रकीर्णाः, जैवातृकस्य, किरणाः जगति, भ्रमन्ति ॥१०६॥

[कोई भक्त भगवान् की स्तुति कर रहा है—] हे विष्णो ! आपके निश्वास के मन्द पवन द्वारा बुस रहित-भूमी से शून्य बनाई गई, तीनों प्रकार के

अत्र ह्यप्रस्तुतानां चन्द्रकिरणानां भगवन्मन्दस्मितरूपदिव्यौषधीधान्यविशेषकडङ्करचयत्वोत्प्रेक्षणेन भगवन्मन्दस्मितस्य तत्सारतारूपः कोऽप्युत्कर्षः प्रतीयते। न च धान्यकडङ्करचययोः कार्यकारणभावादिसम्बन्धोऽस्ति। अतस्सहोत्पत्त्यादिकमपि सम्बन्धान्तरमाश्रयणीयमेव। एवमुपमानोपमेयावाश्रित्य तत्र कविकल्पितकार्यकारणभावनिबन्धने अप्रस्तुतप्रशंसे दर्शिते।

ततोऽन्यत्रापि दृश्यते। यथा—

कालिन्दि! ब्रूहि कुम्भोद्भव! जलधिरहं नाम गृह्णासि कस्मा-
च्छत्रोर्मे नर्मदाहं त्वमपि वदसि मे नाम कस्मात्सपत्न्याः।
मालिन्यं तर्हि कस्मादनुभवसि? मिलत्कज्जलैर्मालवीनां
नेत्राम्भोभिः, किमासां समजनि? कुपितः कुन्तलक्षोणिपालः ॥१०७॥

स्वरूपोत्प्रेक्षा। तैरनुप्राणिता अप्रस्तुतप्रशंसेति तात्पर्यार्थः। अत्र धान्यकडङ्करचययोः सहोत्पत्त्यादिसम्बन्धाश्रयणेनाप्यप्रस्तुतप्रशंसा दृष्टेत्साह— न चेति। एवमुपमानोपमेयत्वेन सम्प्रतिपन्नयोर्मन्दस्मितभगवन्नखकान्त्यादिचन्द्रमसोरौत्प्रेक्षिककार्यकारणभावाश्रयणेनाप्रस्तुतप्रशंसाभेदौ प्राचीनैर्दर्शितौ। ततोऽन्यत्रापि सा सम्भवतीत्याह—

तापों को नष्ट करने वाली उत्तम औषधि रूपी आपकी मुस्कान के इधर-उधर बिखरे हुए कडङ्करचय (तिनकों के समूह) के समान ये चन्द्रमा की किरणें संसार में घूम रही हैं।

इस पद्य में अप्रस्तुत चन्द्रकिरणों की भगवान् की मन्दमुस्कानरूपी दिव्य औषधि धान्यविशेष के कडङ्करचय=तिनकों के समूह के रूप में उत्प्रेक्षा की गई है। इससे भगवान् की मन्द-मन्द मुस्कान उन चन्द्रकिरणों का सार है— ऐसा उनका कोई उत्कर्ष भी प्रतीत होता है। [कडङ्कर भीतर से हल्का होता है अतः उसका इधर-उधर घूमना चन्द्रकिरणों के साथ मेल खाता है।] यहाँ औषधि=धान्य और कडङ्करसमूह (भूसा) में कार्यकारणभाव आदि सम्बन्ध नहीं है। इसलिये 'साथ में उत्पन्न होना' रूपी किसी अन्य सम्बन्धं को ही मानना पड़ेगा (क्योंकि औषधि=धान्य और उसका भूसा साथ-साथ ही उत्पन्न होते हैं।) इस प्रकार उपमान-उपमेय को मानकर अर्थात् उनकी कल्पना करके कविकल्पित कार्यकारणभाव निबन्धना अप्रस्तुतप्रशंसा के दोनों भेद ऊपर दिखलाये गये हैं।

इससे भिन्न स्थलों में भी (कार्यकारणभावनिबन्धना अप्रस्तुतप्रशंसा) देखी जाती है। जैसे—

अत्र 'किमासां समजनी'ति मालवीनां तथारोदनस्य निमित्ते पृष्टे तत्प्रियमरणरूपनिमित्तमनाख्याय 'कुपितः कुन्तलक्षोणिपाल' इति तत्कारणमभिहितमिति कारणनिबन्धना। मालवान् प्रति प्रस्थितेन

कालिन्दीति। एतदेवोपपादयति— **अत्र किमासामिति**। तथा च कार्यकारणभाव-शब्दोऽत्र **प्रयोज्यप्रयोजकभाव** पर इति भावः॥

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अप्रस्तुतप्रशंसाप्रकरणम् ।। २६।।

****

अन्वयः— कालिन्दि !, कुम्भोद्भव ! ब्रूहि, अहम्, जलधिः कस्मात्, मे, शत्रोः, नाम, गृह्णासि ? अहम्, नर्मदा, त्वम्, अपि, मे, सपत्न्याः, नाम, कस्मात्, वदसि ? तर्हि, मालिन्यम्, कस्मात्, अनुभवसि ? मालवीनाम्, मिलत्कज्जलैः, नेत्राम्भोभिः, आसाम्, किम्, अजनि ? कुन्तलक्षोणिपालः, कुपितः ॥१०७॥

[इस पद्य में समुद्र तथा नर्मदा के वार्तालाप के माध्यम से कुन्तलेश्वर की वीरता का वर्णन किया गया है—]

[समुद्र पूछता है—] "हे कालिन्दि !" [नर्मदा उत्तर देती है] "कहो कुम्भोद्भव=अगस्त्य।" [समुद्र कहता है] "मैं अगस्त्य नहीं हूँ समुद्र हूँ। तुम मेरे शत्रु अगस्त्य का नाम क्यों ले रहे हो ?" [नर्मदा कहती है] "तुम भी तो मेरी सौत कालिन्दी का नाम क्यों ले रहे हो?" [समुद्र पूछता है यदि तुम कालिन्दी नहीं हो तो] "यह मलिनता=कालापन कहाँ से आई है?" [नर्मदा कहती है] "मालव देश के राजपरिवार की स्त्रियों के काजलों से युक्त आँसुओं के काले जल से यह मलिनता आई है।" [समुद्र पूछता है—] "उनका क्या हुआ?" [नर्मदा उत्तर देती है] कुन्तल देश के महाराज क्रुद्ध हो गये।

इस पद्य में [समुद्र ने मालवदेश की राजघराने की स्त्रियों के काजल से मिले आँसुओं से नर्मदा के मलिन होने का कारण जानने के लिये] "इनका क्या हुआ?" इस प्रश्न के द्वारा उन मालवदेश की स्त्रियों के रुदन का कारण पूछा। इस पर नर्मदा ने उनके पतियों की मृत्युरूप कारण नहीं बताया, अपितु "कुन्तलेश्वर कुपित हो गये" यह कारण बतलाया, इसलिये यह कारणनिबन्धना अप्रस्तुतप्रशंसा है। [कुन्तलेश्वर के कुपित होने से उनके पतियों की मृत्यु हुई, जिसके कारण वे रोईं और काले अश्रु जल से नर्मदा का जल मलिन हुआ। यहाँ मूल कारण बतला कर

कुन्तलेश्वरेण 'किं ते निर्जिता' इति पृष्टे तद्वधानन्तरभावि जलधिनर्मदाप्रश्नोत्तर-रूपै कार्यमभिहितमिति अत्रैव कार्यनिबन्धनापि। पूर्वस्यां प्रश्नश्शाब्दः अस्यामार्थ इति भेदः॥

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अप्रस्तुतप्रशंसाप्रकरणम् ।।२६।।

****

कार्य की व्यञ्जना की गई है। [इसी पद्य में कार्यनिबन्धना अप्रस्तुतप्रशंसा भी है। किसी ने यह पूछा कि] मालव देश पर आक्रमण करने के लिये प्रस्थान कर देने वाले कुन्तलेश्वर ने "क्या मालववासियों को जीत लिया ?"—इस प्रकार का प्रश्न करने पर मालवराज के वध के बाद होने वाले, समुद्र और नर्मदा के प्रश्नोत्तर रूप कार्य को कहा गया है इसलिये इसी में कार्यनिबन्धना अप्रस्तुतप्रशंसा भी है। पहली वाली कारणनिबन्धना "किमासां समजनि?" इसमें प्रश्न शब्दतः किया गया है जबकि इस कार्यनिबन्धना में (किं जिताः मालवा· ? यह) प्रश्न आर्थ है— यही दोनों में भेद है।

विमर्श— अप्रस्तुतप्रशंसा के क्षेत्र को विस्तृत करना दीक्षित को अभीष्ट है। वे इसे केवल पाँच स्थितियों तक ही सीमित नहीं रखना चाहते। इसीलिये सहोत्पत्ति आदि को भी कारण माना है। इसके अलावा शाब्द तथा आर्थ आधार पर भी भेद की कल्पना की है। "जैसे-कालिन्दी ! ब्रूहि, कुम्भोद्भव' आदि पद्य में कारणनिबन्धना अप्रस्तुतप्रशंसा शाब्दी है क्योंकि "किम् आसां समजनि" यज प्रश्न शब्दतः किया गया है परन्तु मालवों पर आक्रमण के लिये प्रस्थान कर चुके कुन्तलेश्वर द्वारा 'वे मालव राज्य के शासक पराजित कर दिये गये'— ऐसा किसी ने प्रश्न किया, उसके उत्तर में उन लोगों की मृत्यु के बाद समुद्र और नर्मदा का जो प्रश्नोत्तर हुआ वही कार्यरूप में वर्णित है। किन्तु इसमें कवि ने प्रश्न किया नहीं है, अध्येता स्वतः 'किं ते निर्जिताः ?' ऐसा प्रश्न उठाता है अतः यह प्रश्न आर्थ है। यहाँ कार्यकारण-भाव का तात्पर्य प्रयोज्यप्रयोजकभाव समझना चाहिये।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।२६।।

****

२६. प्रस्तुताङ्कुरः—

प्रस्तुतेन प्रस्तुतस्य द्योतने प्रस्तुताङ्कुरः[1] ।
किं भृङ्ग ! सत्यां मालत्यां केतक्या कण्टकेद्धया ।।६६।।

यत्र प्रस्तुतेन वर्ण्यमानेनाभिमतमन्यत् प्रस्तुतं द्योत्यते तत्र प्रस्तुतांकुरालङ्कारः। उत्तरार्धमुदाहरणम्। इह प्रियतमेन साकमुद्याने विहरन्ती

एवमप्रस्तुतेन प्रस्तुतव्यक्तावप्रस्तुतप्रशंसालङ्कारं निरूप्य प्रस्तुतेन प्रस्तुतस्य द्योतने प्रस्तुतांकुरालङ्कारमाह— **प्रस्तुतेनेति**। केनचिद्वर्णितेन प्रस्तुतेन प्रस्तुतान्तरव्यक्तौ। स च गम्यगमकभावसम्बन्धमन्तरा न सम्भवतीति उपमानोपमेयभावसम्बन्धो बोध्यः। तथा चायं प्रस्तुतांकुरो द्विविधस्सम्पन्नः— गमकस्य प्रस्तुतस्य उपमानत्वोपमेयत्वाभ्यामित्यभिप्रेत्याह— **यत्रेति**। सादृश्यमूलकत्वं प्रस्तुतद्योतनस्य विवक्षणीयम्।

---

२७. प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार —

अन्वयः— प्रस्तुतेन, (अन्यस्य) प्रस्तुतस्य, द्योतने, प्रस्तुताङ्कुरः (भवति)।

भृङ्ग ! मालत्याम्, कण्टकेद्धया, केतक्या, किम् ? ।।६६।।

लक्षण — प्रस्तुत वृत्तान्त द्वारा (किसी अन्य) प्रस्तुत वृत्तान्त के द्योतित होने पर प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार होता है।

उदाहरण— हे भौंरे ! मालती के होते हुये काँटों से भरी केतकी (केवड़ा) से क्या? अर्थात् व्यर्थ है, या उचित नहीं है।

---

[1] अयमलङ्कारः चन्द्रालोके न दृश्यते। प्राचीनानां मते अस्य अप्रस्तुतप्रशंसायामन्तर्भावात्। तथा हि— उद्योते अप्रस्तुतप्रशंसाप्रकरणे 'अत्रेदं बोध्यम्। अप्रस्तुतपदेन मुख्यतात्पर्यविषयीभूतार्थातिरिक्तोऽर्थो ग्राह्यः। एतेन 'किं भृङ्ग सत्यां मालत्यां केतक्या कण्टकेद्धया।' इत्यत्र 'प्रियतमेन साकमुद्याने विहरन्ती काचित् भृङ्गं प्रत्येवमाहेति प्रस्तुतेन प्रस्तुतान्तरद्योतने प्रस्तुतांकुरनामा भिन्नोऽलङ्कार' इति अपास्तम्। मदुक्तरीत्याऽस्या एव सम्भवात्। मुख्यतात्पर्यविषयः प्रस्तुतश्च नायिकानायकवृत्तान्ततदुत्कर्षकतया गुणीभूतव्यङ्ग्यस्तदाऽत्र सादृश्यमूला समासोक्तिरेवेति केचित्। अन्ये तु (रसगङ्गाधरकारादयस्तु) अप्रस्तुतेन प्रशंसेत्यपि अप्रस्तुतप्रशंसाशब्दार्थः। एवं च वाच्येन व्यक्तेन वा अप्रस्तुतेन वाच्यं व्यक्तं वा प्रस्तुतं यत्र सादृश्याद्यन्यतमप्रकारेण प्रशस्यते=उत्कृष्यते इत्यर्थादपीयमेवेत्याहुरिति दिक्।' इत्युक्तम्।

काचिद् भृङ्गं प्रत्येवमाहेति वाच्यार्थस्य प्रस्तुतत्वम्। न चानामन्त्रणीयामन्त्रणेन वाच्यासंभवादप्रस्तुतमेव वाच्यमिह स्वरूपप्रस्तुतावगतये निर्दिष्टमिति वाच्यम्, मौग्ध्यादिना भृङ्गादावप्यामन्त्रणस्य लोके दर्शनात्।

अन्यथा—

येन लम्बालक: साधु: करघातारुणस्तन:।
अकारि भग्नवलयो गजासुरवधूजन: ॥

इत्यत्र गजासुरवधजनगतलम्बालकत्वादिना कार्येण तत्कारणस्य गजासुरवधस्य व्यक्तेरतिव्याप्ते:। द्वयोरपि कार्यकारणयोर्विच्छित्तिशालितया वर्णनीयत्वात् उक्तविवक्षायां गजासुरवधव्यक्ते: सादृश्यमूलकत्वाभावान्नतिव्याप्तिरिति भाव:। उदाहरणं व्याचष्टे— **इहेति**। भृंगमिति। भ्रमरमुद्दिश्य मयोपलम्भे कृते तमुपालम्भमयं परेङ्गितज्ञ: स्वयमेव वेत्स्यतीत्यभिप्रेत्य दाक्षिण्येन प्रियतमं साक्षादुपालब्धुमपारयन्ती काचिदित्थं भृङ्गमुपालभत इति वाच्यस्य भृङ्गोपालम्भस्य प्रस्तुतत्वमिति भाव:।

ननु तिर्यग्रूपतया असम्बोधनीयस्य भृङ्गस्यामन्त्रणेन वाच्यासम्भवाद्वाच्यमिहाप्रस्तुतमिति लक्षणमसम्भवीति सारूप्यनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसोदाहरणतया न ततो विलक्षणमलंकृतिमधिगन्तुमिदं प्रभवतीत्याशङ्क्य परिहरति— **न चेति**। **मौग्ध्यादिनेति**।

धाराकदम्बधरणीरुह ! धारयैनान् प्राणान्मम प्रणयिनीगतिशंसितेन।
मित्रेण ते सपदि मेघकुलेन वैरं तत्कुन्तलस्य यदि तन्न विचारणीयम् ॥

'वयं तत्त्वान्वेषान्मधुकर ! हतास्त्वं खलु कृती' इत्यादौ मोहादिना अचेतनतिर्यगाद्यामन्त्रणस्य बहुशो दृष्टे: अचेतनस्थावरादिभि: प्रश्नोत्तरप्रवृत्तेश्च

जहाँ प्रस्तुत=वर्ण्यमान के द्वारा ही अभीष्ट अन्य प्रस्तुत वृत्तान्त द्योतित होता है तो वहाँ प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार होता है। कारिका का उत्तरार्ध उदाहरण है। यहाँ अपने प्रियतम के साथ उद्यान में विहार करती हुई कोई नायिका भौंरे से ऐसा=उक्त प्रकार का प्रश्न करती है इसलिये वाच्यार्थ प्रस्तुत है। यहाँ एक शंका हो सकती है कि भौंरा तो कुछ समझता नहीं है अत: नायिका द्वारा भौंरे को सम्बोधित करना अभीष्ट नहीं है। फिर भी कवि ने उसे सम्बोधित कराया है अत: अनामन्त्रणीय के आमन्त्रण के कारण [भौंरे के पक्ष में घटित होने वाला] वाच्यार्थ सम्भव नहीं है जब तक कि इसे अप्रस्तुत न माना जाय, इसलिये यहाँ अप्रस्तुत ही वाच्यार्थ स्वरूप=स्वसदृश प्रस्तुतवृत्तान्त (नायकवृत्तान्त) की व्यञ्जना के लिये निर्दिष्ट है— ऐसा मान लेना चाहिये— यह शंका ठीक नहीं है, क्योंकि मूर्खता आदि

यथा—

"कस्त्वं भोः !" "कथयामि दैवहतकं मां विद्धि शाखोटकं"
वैराग्यादिव वक्षि" "साधु विदितं" "कस्मादिदं कथ्यते?" ।
"वामेनात्र वटस्तमध्वगजनस्सर्वात्मना सेवते
न च्छायापि परोपकारकरिणी मार्गस्थितस्यापि मे ॥१०८॥

इत्यत्र चेतनाचेतनप्रश्नोत्तरवत् तिर्यगामन्त्रणस्यात्यन्तमसम्भावितत्वाभावात्। एवं प्रस्तुतेन वाच्यार्थेन भृङ्गोपालम्भरूपेण वक्त्र्याः कुलवध्वाः

तिर्यगामन्त्रणं नात्यन्तमसम्भावितमिति इह भृङ्गोपालम्भः प्रस्तुत इति भावः । वाच्यभृङ्गोपालम्भेन व्यङ्ग्यं प्रियतमोपालम्भं विवेचयति— **एवं प्रस्तुतेनेति** ।

के कारण भौंरे आदि के विषय में भी आमन्त्रण=सम्बोधन करना लोक में देखा जाता है । [अतः यहाँ प्रस्तुत वाच्यार्थ से प्रस्तुत ही व्यङ्ग्यार्थ की प्रतीति में कोई बाधा नहीं है । अचेतन को लक्षित करके भी बातें कही जाती है । इसके अगणित उदाहरण हैं ।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— भोः, त्वम्, कः ? दैवहतकम्, माम्, शाखोटकम्, विद्धि । वैराग्याद्, इव, वक्षि, साधु, विदितम्, कस्मात्, इदम्, कथ्यते? अत्र, वामेन, वटः, तम्, अध्वगजनः, सर्वात्मना, सेवते, मार्गस्थितस्य, अपि, मे, छाया, अपि, न, परोपकार-करिणी, अस्ति ॥१०८॥

[कोई कवि या पथिक शाखोटक=सेंहुण के वृक्ष से पूछता है— "अरे भाई तुम कौन हो ?" (शाखोटक उत्तर देता है—) "अरे भाई, बता रहा हूँ, मुझ अभागे को शाखोटक वृक्ष समझिये।" (पथिक फिर पूछता है-) "इतने वैराग्य = उदासी से क्यों बोल रहे हो?" (शाखोटक कहता है) "आपने ठीक ही समझा।" (पथिक कहता है) "ऐसा क्यों कह रहे हो अर्थात् उदासीनभाव से कहने का क्या कारण है?" (शाखोटक उत्तर देता है) यहाँ (मार्ग के) बायीं ओर बरगद का जो वृक्ष है, यात्री= पथिक लोग उसके नीचे पूर्ण रूप से विश्राभ करते हैं, आश्रय बनाते हैं किन्तु मैं तो मार्ग के बीचोबीच खड़ा हूँ, फिर भी मेरी छाया=परछाईं भी परोपकार करने में समर्थ नहीं है। [यहाँ किसी ऐसे दानी की व्यञ्जना हो रही है जो देना तो चाहता है किन्तु जातिकृत या धनाभावकृत कमी के कारण से कोई उससे याचना नहीं करता है।]

इस पद्य में जैसे चेतन तथा अचेतन के मध्य में प्रश्नोत्तर हो रहा है वैसे ही कारिकास्थित उदाहरण में आमन्त्रण=भौंरे का सम्बोधन किया जाना अत्यन्त असम्भावित

सौन्दर्याभिमानशालिन्याः क्रूरजनपरिवृत्तिदुष्प्रधर्षायां परवनितायां विटसर्वस्वापहरणसङ्कल्पदुरासदायां वेश्यायां वा कण्टकसंकुलकेतकीकल्पायां प्रवर्तमानं प्रियतमं प्रत्युपालंभो द्योत्यते।

कुलवध्वा इति। वेश्याया वक्त्रीत्वे साक्षादेव सा नायकमुपालम्भेतेति न भृङ्गापदेशोपालम्भो घटत इति कुलवधूत्वोक्तिः। कुलवधूत्वेऽपि वक्त्र्यां नायिकाभिलषितरामणीयकाभावेन ईदृशोपालम्भो युज्यत इति कुलवधूविशेषणम्। **सौन्दर्येति।** 'कण्टकेद्धये'ति विशेषणगर्भितमभिप्रायं विशदयति— **क्रूरजनेति।** बहलकण्टकावृतत्वोक्त्या क्रूरजपरिवेष्टनदुराधर्षत्वं व्यज्यते। तेन क्रूरजनपरिवृततया परवनितायां प्रवृत्तिरात्महानिपर्यवसायिनीति यच्चिन्तनं तवानुचितमिति भावः। **परवनितायामिति।** निरन्तरधर्मप्रवणैकचेतसस्तव तत्सङ्गतिरनुचितेत्यभिप्रायं ध्वनयति— **विटसर्वस्वेति।** न त्वदीयसौभाग्यवैदग्ध्यादिगुणदर्शनेन न त्वय्यभिलाषुका। किं तु तैस्तैः कृत्रिमैरहृदयैरुपचारैः सर्वस्वहरणैदम्पर्यसङ्कल्पदुरध्यवसायेन दूरपरिहरणीयेति। अत एवंभूतायां परवनितायां वेश्यायां वः प्रवृत्तेस्तुल्यत्वाद्विकल्पोक्तिः। 'कण्टकसंकुलकेतकीकल्पाया''मित्युभयसाधारणं विशेषणं परवनितायां रक्षकजनाकीर्णतया आत्महानिपर्यन्तशङ्काव्यंञ्जनानुकूलं वेश्यायां मकरन्दपानलोलुपदिगन्तविसृमरातिशयितामोदाकृष्टमधुकरकुलानुषङ्गापरिपन्थिकण्टकवेधनिदानमकरन्दानवाप्तिवत्तवापि विविधकृत्रिमोपचारविरचनचातुरीवशीकृतविटजनसर्वस्वापहरणमात्र-

नहीं है अर्थात् जैसे इस पद्य में वृक्ष को सम्बोधित करके प्रश्नोत्तर किया जा रहा है उसी प्रकार कारिका के उदाहरण में भौंरे को सम्बोधित किया जाना अत्यन्त असंभव नहीं है अर्थात् सम्भव है। [जिससे उस वृत्तान्त के प्रस्तुत बनने में बाधा नहीं है।] इस उपर्युक्त रीति के अनुसार 'भृङ्गवृत्तान्तरूप वाच्यार्थ प्रस्तुत है जो कि भौंरे को उलाहना देना रूप है, इस प्रस्तुत वृत्तान्त से अपने सौन्दर्यादि का अभिमान रखने वाली कुलवधू वक्त्री=कहने वाली है उसका अपने ऐसे प्रियतम के प्रति उलाहना प्रतीत हो रहा है जो प्रियतम,— क्रूर लोगों के साथ रहने के कारण दुष्प्रधर्ष=बहुत कठिनाई से वश में की जाने योग्य परवनिता में अथवा अपने प्रति अनुरक्त कामुक व्यक्ति के सर्वस्व का हरण करने के संकल्प के कारण दुर्लभ वेश्या में जो कि काँटों से भरी केतकी के समान है— में प्रेम करने के लिये प्रवृत्त हो रहा है। [इस प्रकार यहाँ प्रस्तुत भृङ्गोपालम्भरूपी वृत्तान्त से प्रस्तुत नायकविषयक उपालम्भ द्योतित=व्यञ्जित हो रहा है अतः प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार है।]

यथा वा—

अन्यासु तावदुपमर्दसहासु भृङ्ग !
लोलं विनोदय मनस्सुमनोलतासु ।
बालामजातरसं कलिकामकाले
व्यर्थं कदर्थयसि किं नवमल्लिकायाः ॥१०९॥

अत्राप्युद्यानमध्ये चरन्तं भृङ्गं प्रत्ययमुपालम्भ इति वाच्यार्थस्यापि प्रस्तुतत्वम् । इदं च प्रौढाङ्गनासु विद्यमानासु बालिकां रतये क्लेशयति कामिनि शृण्वति कस्याश्चिद्विदग्धाया वचनमिति तं प्रत्युपालम्भो द्योत्यते ।

स्वसमीहितमिद्धिसङ्कल्पसन्दानितहृदये वेश्याजने रतिः न शृङ्गारपर्यवसायिनीति व्यञ्जनानुकूलार्थभिप्रायगर्भम् ।

अत्रैवोदाहरणान्तरमाह— **अन्यास्विति । उपमर्दसहास्विति ।** वात्स्यायनोदितविविधालिङ्गनचुम्बनविकल्पलतावेष्टितादिबन्धगाढीभवद्रतावेशवशंवदतया अङ्गीकृतोपमर्दास्विति चरणाघातझङ्कारादिकृतदलविसंस्थुलतारूपोपमर्दसहास्विति अभिप्रायनर्भ कामिन्यां मधुकरे च साधारणम् । प्रकृतोदाहरणे भृङ्गोपालम्भस्य प्रस्तुतत्वमुपपादयति— **अत्रापीति ।** व्यङ्ग्योपालम्भप्रकारमाह— **इदं चेति ।**

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— हे भृङ्ग !, उपमर्दसहासु, अन्यासु, सुमनोलतासु, लोलम्, मनः, तावत्, विनोदय, नवमल्लिकायाः, अजातरजसम्, बालाम्, कलिकाम्, अकाले, व्यर्थम्, किम्, कदर्थयसि ? ॥१०९॥

"हे भौंरे ! उपमर्दन सहन कर लेने में समर्थ अन्य पुष्पलताओं में अपने चञ्चल मन को बहला लो । नवमालिका की उस बाला=नवीन कली को जिसमें अभी रजस् =पराग भी नहीं उत्पन्न हुआ, असमय में व्यर्थ में क्यों कुचल डाल रहे हो ?"

इस पद्य में भी उद्यान के बीच में विचरण करने वाले भौंरे के प्रति यह उलाहना है— अतः यह वाच्यार्थ भी प्रस्तुत है । और प्रौढ रतिकर्म में समर्थ रमणियों के विद्यमान रहने पर भी किसी बालिका को रतिक्रीडा के लिये कष्ट देने वाले कामी को सुनाने के लिये किसी विदग्धा नायिका का यह वचन है इससे उस कामुक नायक के प्रति उलाहना देना प्रतीत हो रहा है । [दोनों ही वृत्तान्त प्रस्तुत हैं। एक वाच्यरूप में और दूसरा व्यङ्ग्यरूप में । अतः प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार है ।]

यथा वा—

कोशद्वन्द्वमियं दधाति नलिनी कादम्बचञ्चुक्षतं
धत्ते चूतलता नवं किसलयं पुंस्कोकिलास्वादितम् ।
इत्याकर्ण्य मिथस्सखीजनवचस्सा दीर्घिकायास्तटे
चेलान्तेन तिरोदधे स्तनतटं बिम्बाधरं पाणिना ॥११०॥

अत्र 'इय'मिति नलिनीव्यक्तिविशेषनिर्देशेन 'दीर्घिकायास्तट' इत्यनेन च वाच्यार्थस्य प्रस्तुतत्वं स्पष्टम् । प्रस्तुतान्तरद्योतनं च उत्तरार्धे स्वयमेव कविनाविष्कृतम् ।

अङ्गनासु प्रौढत्वोक्तिः श्लोकगतोक्ताभिप्रायगर्भोपमर्दसहत्वविशेषणाविष्करणाय स्वच्छन्दसम्भोगसम्भूतामन्दप्रमोदमेदुरमनस्कतया समीहितसिद्ध्यै च । **विदग्धाया इति** । वाच्यवृत्त्या प्रियतमो न कुलवधूपालम्भभाजनमिति द्योतनायेति भावः ।

कोशद्वन्द्वमिति । अत्रापि वाच्यार्थस्य लक्षणानुगतये प्राकरणिकतामुपपादयति— **अत्रेति** । **इयमिति** । संनिकृष्टवाचिना इदंशन्देन 'दीर्घिकायास्तट'इत्यनेन च उद्याने नायिकया सह विचरन्त्याः सख्या उक्तेर्नलिन्यादीनां प्रस्तुतत्वमित्यर्थः । **कादम्बचञ्चुक्षतमिति** । नायककरजसम्मर्दस्फोरणाय । एवमग्रेऽपीति भावः ।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— इयम्, नलिनी, कादम्ब-चञ्चुक्षतम्, कोशद्वन्द्वम्, दधाति, (इयम्) चूतलता, 'पुंस्कोकिलास्वादितम्, नवम्, किसलयम्, धत्ते, इति, मिथः, सखीजनवचः, आकर्ण्य, दीर्घिकायाः, तटेः, सा, स्तनतटम्, चेलान्तेन, बिम्बाधरम्, (च) पाणिना, तिरोदधे ॥११०॥

[बावड़ी में स्नान करती हुई किसी सखी को देखकर दूसरी सखी आपस में बातें करती है—] "अरे ! यह कमलिनी हंस की चोंच से क्षत-विक्षत दो कमल-कलिकाओं को धारण कर रही है । यह आम्रलता पुंस्कोकिल (पुरुष कोयल) द्वारा चखे गये नव पल्लव को धारण कर रही है— इस प्रकार से सखियों की बातचीत को सुनकर बावड़ी के तट पर [स्नान करती हुई नायिका ने] अपने दोनों स्तनों के ऊपरी भाग को आंचल से तथा बिम्बफलसदृश ओंठ को हाथ से ढक लिया ।

इस पद्य में 'इयम्' इस सर्वनाम के द्वारा नलिनीरूपी व्यक्तिविशेष (तथा आमलतारूप व्यक्तिविशेष) का निर्देश है । और 'दीर्घिकायाः तटे'=बावड़ी के तट पर— इस निर्देश से इन दोनों वाच्यार्थों का प्रस्तुत होना स्पष्ट है । [भाव यह है कि 'इयम्' यह सर्वनाम सन्निकट अर्थ में प्रयुक्त होता है । अतः नलिनी और आम्र]

अत्राद्योदाहरणयोरन्यापदेशध्वनिमाह लोचनकारः । अप्रस्तुतप्रशंसायां वाच्यार्थोऽप्रस्तुतत्वादवर्णनीय इति तत्राभिधायामपर्यवसितायां तेन प्रस्तुतार्थव्यक्तिरलङ्कारः । इह तु, वाच्यस्य प्रस्तुतत्वेन तत्राभि-

---

प्रस्तुतान्तरेति । नायिकागतनायककृतकरजघर्षणचुम्बनादिवृत्तान्तस्येत्यर्थः । पूर्णोदाहरणद्वयादत्र विशेषमाह— **कविनेति** । पूर्वोदाहरणयोःप्रियतमोपालम्भस्य व्यङ्ग्यतैव, नाभिधासंस्पर्शः । इह तु, पूर्वार्धेन व्यञ्जितस्य प्रियतमावृत्तान्तस्य 'इत्याकर्ण्ये'त्याद्युत्तरार्धेन नलिनीसहकारलतावृत्तान्तसमाकर्णनजनितमन्दाक्षविलक्षतया स्तनतटतिरोधानादिवर्णनेन वाच्यकक्ष्याधिरोहणं कृतमिति भावः ।

नन्वत्र प्रस्तुतांकुरालङ्कारकथनमयुक्तम् । लोचनकारादिभिरन्यापदेशध्वनेरुक्तत्वादित्याशङ्क्य, प्रस्तुतांकुरमत्रापि व्यवस्थायिष्पन् तन्मतं सोपपत्तिकं दर्शयति— **अत्रेति** । अत्र प्रस्तुतभृङ्गोपालम्भेन प्रियतमोपालम्भद्योतने अन्यापदेशध्वन्युक्तावप्रस्तुतप्रशंसापि दत्तजलाञ्जलिः स्यात् । तत्रापि प्रस्तुतवृत्तान्तस्य वाच्येन वृत्तान्तेन गम्यमानत्वादित्याशङ्क्य परिहरति— **अप्रस्तुतप्रशंसायामिति** । तत्र वाच्यार्थस्यावर्णनीयतया कविसंरम्भागोचरत्वात् कविसंरम्भसीमावधिः प्रस्तुतवृत्तान्त एवेति तस्य व्यङ्ग्यस्य प्रतीतावेव तात्पर्यपर्यवसाने अभिधापर्यवसानमिति न ध्वनिसम्भव इति तत्राप्रस्तुतप्रशंसालङ्कारसम्भवेऽपि नेह तत्सम्भवः । वाच्यार्थस्य प्रस्तुततया कविसंरम्भस्य तत्र विश्रान्त्या अभिधायास्तत्रैव पर्यवसितत्वेन व्यङ्ग्यार्थस्य विषयसौन्दर्यबलेन लब्धप्रसरस्य वाच्यकक्ष्यामतिवर्तमानत्वात् । अतोऽत्रान्यापदेशध्वनिरेव युक्त इत्यभिप्रायः ।

लता दोनों ही प्रस्तुत हैं। 'दीर्घिका का तट' यह भी प्रस्तुत का ही सूचक है।] इसके द्वारा दूसरे प्रस्तुत=नायिकासम्बन्धी वृत्तान्त की अभिव्यञ्जना तो कवि ने स्वयं ही अन्तिम पंक्ति में प्रकट कर दी है। (क्योंकि "चेलान्तेन तिरोदधे स्तनतटं बिम्बाधरं पाणिना" ऐसा स्पष्ट कहा गया है।)

प्रारम्भ के दो उदाहरणों ("कस्त्वं भोः" तथा "अन्यासु तावदुपमर्द") में ध्वन्यालोक की लोचनव्याख्या करने वाले अभिनवगुप्ताचार्य ने 'अन्यापदेशध्वनि' कही है। [यहाँ का तात्पर्य यह है कि अप्पयदीक्षित ने प्रस्तुतांकुर के तीन उदाहरण दिये। अन्तिम तृतीय उदाहरण "कोशद्वन्द्वमियं दधाति' में ही प्रस्तुत से एक अन्य प्रस्तुत अर्थ की व्यञ्जना मानकर प्रस्तुतांकुर अलंकार माना है। अन्य दोनों उदाहरणों में कुछ विद्वान् जिनमें अभिनवगुप्त भी हैं, अन्यापदेश ध्वनि मानते हैं।

धायां पर्यवसितायामर्थसौन्दर्यबलेनाभिमतार्थव्यक्तिर्ध्वनिरेति ।

वस्तुतस्त्वयमप्यलङ्कार एव न ध्वनिरिति व्यवस्थापितं चित्रमी-

तदिदं मतं दूषयति— **वस्तुतस्त्विति**। समासोक्तौ तावद्वाच्यस्य वृत्तान्तस्य प्रस्तुततया कविसंरम्भगोचरत्वेनाभिधायां पर्यवसितायामपि विशेषणसाम्यबलेनाप्रस्तुतवृत्तान्तावगतावपि प्रस्तुतधर्म्यध्यारोपेण वाच्यार्थसौन्दर्यावहतया

किन्तु अप्पयदीक्षित ध्वनि न मानकर अलंकार ही सिद्ध कर रहे हैं। पहले अभिनवगुप्त का आशय] "अप्रस्तुत-प्रशंसा अलंकार में अप्रस्तुत होने के कारण वाच्यार्थ (कवि द्वारा) वर्णन के लिये अभीष्ट नहीं होता है, इस कारण अभिधाशक्ति पर्यवसित=क्षीणशक्ति नहीं होती है [क्योंकि कवि की विवक्षा प्रस्तुत अर्थ को कहने की नहीं है अतः अभिधा अपना कार्य आगे भी करती रहती है।] जिसके कारण (अप्रस्तुत वाच्यार्थ के द्वारा) प्रस्तुत वृत्तान्त की व्यञ्जना होती है [और यह व्यङ्ग्यार्थ वाच्यार्थ का पर्यवसान कराने में सहायक होता है। फलतः प्रस्तुत व्यङ्ग्यार्थ अप्रस्तुत वाच्यार्थ का परिपोषक बन जाता है] जिससे यहाँ अलंकार होना ठीक है। [यह अप्रस्तुतप्रशंसा पक्ष में कहा गया है।] किन्तु यहाँ पर अर्थात् आदि के दोनों उदाहरणों में वाच्यार्थ भी प्रस्तुत है (और वङ्ग्यार्थ भी) इस कारण अभिधा वृत्ति अपना बोध कराना रूपी कार्य करके पर्यवसित=क्षीणशक्ति वाली ही है [इस कारण उस वाच्यार्थ की पुष्टता के लिये व्यङ्ग्यार्थ की आवश्यकता नहीं होती है।] इस स्थिति में अर्थसौन्दर्य के बल से ही अभिमत अर्थ की अभिव्यक्ति हो जाती है। अतः यहाँ ध्वनि ही माननी चाहिये।" [अभिनवगुप्त के इस मत से दीक्षित सहमत नहीं हैं, अतः अपना विचार रख रहे हैं]

वास्तव में यहाँ भी अलंकार ही है ध्वनि नहीं है— ऐसा चित्रमीमांसा में व्यवस्थापित किया गया है। तृतीय उदाहरण तो अलङ्कार का ही है— इस विषय में किसी का विवाद नहीं है।

विमर्श— दीक्षित ने प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार के तीन उदाहरण दिये हैं। तृतीय उदाहरण के विषय में कोई मतभेद नहीं है किन्तु प्रारम्भ के दो उदाहरणों "कस्त्वं भोः" तथा 'अन्यासु तावदुपमर्दसहासु' को लेकर लोचनकार के साथ दीक्षित का वैमत्य है। लोचनकार अप्रस्तुतप्रशंसा में यह कहते हैं कि इसमें वाच्यार्थ कवि का विवक्षित नहीं होता है क्योंकि वह अप्रस्तुत रहता है। जब वाच्यार्थ कवि का अभीष्ट नहीं है तो उसे बोधित करने वाली अभिधा शक्ति समाप्त नहीं होती है, उसका कार्य शेष रहता है। इसलिये अप्रस्तुत वाच्यार्थ से प्रस्तुत अर्थ व्यक्त होता

मांसायाम्। तृतीयोदाहरणस्य त्वलङ्कारत्वे कस्यापि न विवादः। उक्तं हि ध्वनिकृता—

न ध्वनित्वम्। यथा वाप्रस्तुतप्रशंसायामप्रस्तुतसामान्यविशेषभावादिसम्बन्धेन प्रतीयमानस्य प्रस्तुतस्य वाच्योपस्कारत्वेन न ध्वन्यन्तर्भावः। तथेहापि भृङ्गोपालम्भे वाच्ये अभिधापर्यवसानेऽपि व्यङ्ग्यप्रियतमोपालम्भः सारूप्येण प्रतीयमानोऽपि कविसंरम्भगोचर एवेति उभयोस्तुल्यत्वात् कविसंरम्भगोचरत्वेन प्राधान्यात्समप्राधान्यरूपगुणीभूतव्यङ्ग्यतैव युक्ता।

किञ्च। वाच्यस्याप्राधान्ये व्यङ्ग्यस्य प्राधान्यविवक्षायामेव ध्वनिरिति सिद्धान्तः। न चेह वाच्यस्याप्राधान्यमस्ति। तथात्वे तस्याविवक्षितत्वापत्त्या अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यध्वन्यतर्भावोक्त्ययोगात्। अत उक्तोदाहरणे अन्यापदेशध्वनिरयुक्त एवेति प्रस्तुतांकुरालङ्कार एव युक्त इति भावः।

तृतीयोदाहरणस्येति। अत्रार्थे ध्वनिकारोक्तिं संवादयति— **उक्तं हीति**। [1]शब्दश्चार्थस्य शब्दार्थौ। तौ च तौ च शब्दार्था इत्येकशेषः। तेषां शक्त्या सामर्थ्येनाक्षिप्तः प्रतीतः व्यङ्ग्योऽर्थः कविना स्वोक्त्याऽऽविष्क्रियते साऽन्यैव ध्वनितो भिन्नैव श्लेषादिरलंकृतिर्न ध्वनिरिति कारिकार्थः। अत्र तदुक्तोदाहरणैरेव तदुक्तं स्फुटीकुर्मः। तत्र शब्दशक्त्याक्षिप्तं यथा—

है और वह अलङ्कार की श्रेणी में माना जाता है लेकिन पहले वाले जो दो उदाहरण हैं उनमें तो वाच्यार्थ प्रस्तुत है, कवि का विवक्षित है अतः अभिधा शक्ति अपना बोध्यरूप कार्य कराकर समाप्त हो जाती है। उससे बोध्य अर्थ की पुष्टि कराने के लिये व्यङ्ग्यार्थ की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इस कारण इनमें जो पहला अर्थ प्रतीत होता है उसी के सौन्दर्यबल से दूसरे अभिमत अर्थ की व्यञ्जना होती है, अतः यह दूसरा अर्थ ध्वनि ही मानना चाहिये, अलङ्कार नहीं।

अभिनवगुप्त के इस कथन से अपनी असहमति दिखलाते हुये अप्पय दीक्षित का यह कहना है कि आदि के इन दोनों पद्यों में भी अलङ्कार ही मानना चाहिये। अपने मत के समर्थन में इन्होंने अपने दूसरे ग्रन्थ चित्रमीमांसा का उल्लेख किया है किन्तु दुर्भाग्यवश चित्रमीमांसा इस समय 'अतिशयोक्ति' प्रकरण तक ही प्रकाशित है, प्राप्त है, अतः दीक्षित के मत का यथार्थ रहस्य जान पाना सम्भव नहीं है। लोचन में उक्त तीनों श्लोक नहीं है। ध्वन्यालोक में केवल 'कस्त्वं भोः' (ध्वन्या-

---

१. शब्दश्चार्थश्च शब्दार्थौ चेत्येकशेषः। (लोचन. पृ० २७२)

शब्दार्थशक्त्याक्षिप्तोऽपि व्यङ्ग्योऽर्थः कविना पुनः ।
यत्राऽऽविष्क्रियते स्वोक्त्या सान्यैवालंकृतिर्ध्वनेः ॥
(ध्वन्या० २।२३) इति ।

'वत्से ! मा गा विषादं श्वसनमुरुजवं सन्त्यजोर्ध्वप्रवृत्तं,
कम्पः को वा गुरुस्ते भवतु बलभिदा जृम्भितेनात्र याहि ।
प्रत्याख्यानं सुराणामिति भयशमनच्छद्मना कारयित्वा,
यस्मै लक्ष्मीमदाद्वः स दहतु दुरितं मन्थमूढा पयोधिः ॥

'विषमत्तीति विषादः । ऊर्ध्वप्रवृतमग्निम् । कम्पः=अपां पतिः । को=ब्रह्मा वा । तव गुरुः । बलाभिदा=इन्द्रेण । जृम्भितेन=ऐश्वर्यमत्तेन । बलनाशकेन जृम्भितेन गात्रमर्दनात्मकेनेति पदानामर्थोऽवगन्तव्यः । अत्र श्लेषोत्थापितदेवतान्तरप्रत्याख्यानरूपः प्रतीयमानोऽर्थः 'प्रत्याख्यानं सुराणामि'ति स्ववचनेनैवाभिधीयते इति निवेदितम् । अतो नायं ध्वनिः किं तु श्लेषालङ्कार एवेति ।

अर्थशक्त्याक्षिप्त यथा—

अम्बा शेतेऽत्र वृद्धा परिणतवयसामग्रणीरत्र तातो
निश्शेषागारकर्मश्रमशिथिलतनुः कुम्भदासी तथाऽत्र ।
अस्मिन् पापाहमेका कतिपयदिवसप्रोषितप्राणनाथा
पान्थायेत्थं तरुण्या गदितमवसरव्याहृतिव्याजपूर्वम् ॥

अत्र 'वृद्धे'ति 'परिणतवयसामग्रणी'रिति 'निश्शेषागारे'ति च विशेषणानि आन्ध्यबाधिर्यवयःपरिणामायासातिशयादिकृतनिद्रापारवश्यसमासादितबाह्यकरणवृत्त्यस्तमया जननी-तात-दास्यः । तेन स्वच्छन्दमावयोर्निधुवनविलसितानि जयन्त्वित्यभिप्रायगर्भाणि । रन्तुमायाहीति चरणत्रयव्यङ्ग्योऽर्थोऽ'वसरव्याहृतिव्याजपूर्वं'मित्युक्त्या कविनाऽऽविष्कृत इति नायं ध्वनेर्विषयः ।

लोक तृतीय उद्योत) में है । अतः यहाँ का प्रतिपादन अस्पष्ट ही है । रसिकरंजनी में भी पूर्ण भाव स्पष्ट नहीं किया गया है । दीक्षित ने अपने मत के समर्थन में [ध्वन्यालोक की कारिका प्रस्तुत की है—] जैसा कि ध्वनिकार ने कहा है—

अन्वयः— शब्दार्थशक्त्या, आक्षिप्तः, अपि, व्यङ्ग्यार्थः, कविना, यत्र, (पुनः), स्वोक्त्या, आविष्क्रियते, सा, ध्वनेः, अन्या, एव अलङ्कृतिः ॥

शब्दशक्ति, अर्थशक्ति अथवा उभयशक्ति के द्वारा आक्षिप्त (बोधित) जिस व्यङ्ग्य अर्थ को कवि द्वारा अपनी उक्ति से दुबारा प्रकाशित किया जाता है वहाँ ध्वनि से भिन्न दूसरा ही अलङ्कार होता है अर्थात् ध्वनि नहीं होती है । [इसमें शक्ति का तात्पर्य सामर्थ्य है ।]

एतानि सारूप्यनिबन्धनान्युदाहरणानि । सम्बन्धान्तरनिबन्धनान्यपि कथञ्चिद्वाच्यव्यङ्ग्ययोः प्रस्तुतत्वालम्बनेनोदाहरणीयानि । दिङ्मात्रमुदाह्रियते—

रात्रिश्शिवा का चन सन्निधत्ते विलोचने जाग्रतमप्रमत्ते ।
समानधर्मा युवयोस्सकाशे सखा भविष्यत्यचिरेण कश्चित् ॥१११॥

उभयशक्त्या यथा— 'दृष्ट्या केशव ! गोप ! रागहृतये'ति प्रागुदाहृतम् । इदं च प्रागेव व्याख्यातम् । एवं च 'कोशद्वन्द्व'मित्युदाहरणे प्रस्तुतनलिनीसहकारलतावृत्तान्तस्फोरितप्रियतमावृत्तान्तस्तनतटतिरोधानादिना स्पष्टीकृत इति प्रस्तुतांकुरस्यैवायं विषय इति भावः ।

प्रस्तुतांकुरोऽयमलङ्कारः प्राचीनोक्तरीत्या न सारूप्यनिबन्धन एव । अप्रस्तुतप्रशंसावत् सम्बन्धान्तरनिबन्धनस्यापि सम्भवात् । तथा च लक्षणे सादृश्यमूलकत्वं विशेषणमनुपादेयम् । न च पूर्वोक्तप्राचीनदर्शितपर्यायोक्ते अतिप्रसङ्गः । तस्यापि लक्ष्यत्वादित्यभिप्रेत्याह— **सम्बन्धान्तरेति** । तत्रावयवावयविभावसम्बन्धनिबन्धनमुदाहरति— **रात्रिश्शिवेति** । शिवा=श्रेयःप्रदा । काचन अनिर्वचनीयमाहात्म्यशालिनी त्यर्थः । अत्र वर्णनीयत्वेन प्रस्तुततार्तीयीकलोचनरूपावयवप्राप्तिवर्णनेनावयविशिवसारूप्यं शिवरात्रिमाहात्म्यप्रयुक्तत्वाद्विशेषाद्वर्णनीयं गम्यमिति अवयवावयविभावनिबन्धनोऽत्र प्रस्तुतांकुर इत्यर्थः । अत्रैव कार्यनिबन्धनोऽप्ययं वक्तुं शक्यः । शिवरात्रिमाहात्म्यप्रसादायत्ततया तृतीयलोचनप्राप्तिकृत्स्नशिवरूपप्राप्त्योर्ललाटलोचनप्राप्तिकार्येण तन्मूलकारणीभूतशिवरात्रिमाहात्म्यव्यक्तेरिति द्रष्टव्यम् ।

ऊपर दिये गये तीनों उदाहरण सारूप्यनिबन्धन हैं, सारूप्यमूलक हैं। (अप्रस्तुतप्रशंसा के समान ही) अन्य सम्बन्धों को मानकर भी यह अलङ्कार होता है क्योंकि वाच्य और व्यङ्ग्य का किसी भी प्रकार प्रस्तुतत्व मानकर उदाहरण दिये जा सकते हैं। यहाँ दिङ्मात्र उदाहरण प्रस्तुत है—

अन्वयः— हे विलोचने ! शिवा, काचन, रात्रिः, सन्निधत्ते, (अतः) अप्रमत्ते, जाग्रतम्, कश्चित्, समानधर्मा, सखा, युवयोः, सकाशे, अचिरेण, भविष्यति ॥१११॥

[कोई शिवभक्त रात्रिजागरण के समय अपने नेत्रों को सावधान करते हुये कह रहा है—] हे दोनों नेत्रों ! कोई कल्याणकारिणी रात्रि आ गई है इसलिये तुम अप्रमत्त अर्थात् सावधान होकर जागते रहना, तुम्हारे पास शीघ्र ही तुम्हारे समान गुणों वाला कोई मित्र (उपस्थित) होगा।

अत्र शिवसारूप्यमिव तदेकदेशतया तद्वाच्यं ललाटलोचनमपि शिवरात्रिमाहात्म्यप्रयुक्तत्वेन वर्णनीयमिति तन्मुखेन कृत्स्नं शिवसारूप्यं गम्यम्।

यथा वा—

वहन्ती सिन्दूरं प्रबलकबरीभारतिमिर-
त्विषां बृन्दैर्बन्दीकृतमिव नवीनार्ककिरणम्।
तनोतु क्षेमं नस्तव वदनसौन्दर्यलहरी-
परीवाहस्रोतस्सरणिरिव सीमन्तसरणिः ॥११२॥

अत्र वर्णनीयत्वेन प्रस्तुतायास्सीमन्तसरणेर्वदनसौन्दर्यलहरीपरीवाहत्वोत्प्रेक्षणेन परिपूर्णतटाकवत्परीवाहकारणीभूता स्वस्थाने अमान्ती वदनसौन्दर्यसमृद्धिः प्रतीयते। सापि वर्णनीयत्वेन प्रस्तुतैव।

अत्रैवोदाहरणान्तरमाह— **वहन्ती सिन्दूरमिति**। अत्र सीमन्तसरणौ लहरीपरीवाहत्वमुत्प्रेक्ष्यम्। तेन वदनसौन्दर्यस्य तटाकत्वरूपणं गम्यम्। तस्यां चोत्प्रेक्षायां वदनसौन्दर्यैकदेशः सीमन्तसरणिविसृमरः सिन्दूरत्वेनाध्यवसितो निमित्तम्। सिन्दूरे च वन्दीकृतनवीनार्ककिणत्वोत्प्रेक्षा कबरीभारतिमिरत्वरूपेणोत्थापितेत्यनयोः रूपकस्य चाङ्गाङ्गिभावसङ्करः।

इस पद्य में कवि के लिये शिवसारूप्यप्राप्ति के वर्णन के समान ही शिवरात्रि के माहात्म्य के भी होने के कारण उसके द्वारा वाच्य एकदेश्य ललाटस्थ तृतीय नेत्र भी वर्णनीय=प्रस्तुत हो जाता है, इस वर्णन के द्वारा भक्त का समस्त शिवसारूप्य व्यञ्जित हो जाता है। [यह दूसरा अर्थ अलङ्कार की सिद्धि कराता है। एकदेश्य= अवयवभूत ललाटस्थ नेत्र, इस एकदेश्य का सम्बन्ध ही निबन्धन=निमित्त है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— प्रबल-कबरीभार-तिमिरत्विषाम्, वृन्दैः, बन्दीकृतम्, नवीनार्ककिरणम्, इव, सिन्दूरम्, वहन्ती, वदनसौन्दर्यलहरीपरीवाहस्रोतस्सरणिः, इव, तव, सीमन्तसरणिः, नः, क्षेमम्, तनोतु ॥११२॥

[कोई भक्त पार्वती के सीमन्त = केशमध्यस्थ सिन्दूर लगाने वाले स्थान = माँग का वर्णन कर रहा है] हे पार्वती जी! घने केशपाशरूपी अन्धकार के कान्तिसमूह द्वारा बन्दी बनाई गई सूर्य की किरणों के समान (दिखाई देने वाले) सिन्दूर को धारण करती हुई तथा मुख के सौन्दर्य की लहरों के परीवाह (= तालाब

यथा वा—

अङ्गासङ्गिमृणालकाण्डमयते भृङ्गावलीनां रुचिं
नासामौक्तिकमिन्द्रनीलसरणिं श्वासानिलाद् गाहते।
दत्तेयं हिमवालुकापि कुचयोर्धत्ते क्षणं दीपतां
तप्तायःपतिताम्बुवत्करतले धाराम्बु संलीयते ॥११३॥

अङ्गासङ्गीति। मृणालकाण्डनासामौक्तिकादौ भृङ्गाबलिरुच्यादिसम्बन्धाभावेऽपि तत्सम्बन्धवर्णनादतिशयोक्तिः। तदुत्थापितः प्रस्तुतांकुर इति तयोरङ्गाङ्गि-

---

आदि के) स्रोत की सरणि के समान तुम्हारी सीमन्तसरणि (सिन्दूर भरे मस्तक के स्थानविशेष की लम्बी रेखा) हमारे कल्याण का विस्तार करे।

इस पद्य में देवी की सीमन्तसरणि वर्णनीय होने से प्रस्तुत है। इस पर वदनसौन्दर्यलहरी-परीवाहत्व की उत्प्रेक्षा की गई है, इस कारण पूर्ण रूप से लबालब भरे हुये तालाब के समान, परीवाह की कारणभूत तथा अपने स्थान पर न समाती हुई वदनसौन्दर्य की समृद्धि प्रतीत हो रही है और यह वदनसौन्दर्य-समृद्धि भी (कवि के लिये) वर्णनीय होने से प्रस्तुत ही है। [यहाँ सीमन्तसरणि में लहरीपरीवाहत्व की उत्प्रेक्षा की जाती है। यहाँ सीमान्तसरणि रूप प्रस्तुत अर्थ से वदनसौन्दर्य-समृद्धि की व्यञ्जना होती है और यह व्यङ्ग्य अर्थ भी प्रस्तुत ही है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— अङ्गासङ्गिमृणालकाण्डम्, भृङ्गावलीनाम्, रुचिम्, अयते, नासामौक्तिकम्, श्वासानिलाद्, इन्द्रनीलसरणिम्, गाहते, कुचयोः, दत्ता, इयम्, हिमवालुका, अपि, क्षणम्, दीपताम्, धत्ते, करतले, धाराम्बु, तप्तायःपतिताम्बुवत्, संलीयते ॥११३॥

[किसी नायिका के अति उग्र विरहताप का वर्णन है।] इस नायिका के अंगों के समूह पर रखा गया कमलनाल भौंरों की कान्ति को प्राप्त कर लेता है अर्थात् जलकर काला हो जाता है, इसकी नाक में (लटकता हुआ सफेद) मोती (अत्यन्त उष्ण) श्वासवायु से इन्द्रनीलमणि की पदवी को प्राप्त कर लेता है

अत्र नायिकाया विरहासहत्वातिशयप्रकटनाय सन्तापवत्कार्याणि मृणालमालिन्यादीन्यपि वर्णनीयत्वेन विवक्षितानीति तन्मुखेन सन्तापोऽवगम्यः। यत्र कार्यमुखेन कारणस्यावगतिरपि श्लोके निबद्धा न तत्रायमलङ्कारः किं त्वनुमानमेव।

यथा—

परिम्लानं पीनस्तनजघनसङ्गादुभयत-
स्तनोर्मध्यस्यान्तः परिमिलनमप्राप्य हरितम्।

भावसङ्करः। यदि रुचिसरणिपदयोस्तत्सदृशरुच्यादिपर्यवसानं तदा निदर्शनासङ्करो द्रष्टव्य इत्यभिप्रेत्य गम्यगमकयोरुभयोरपि प्रस्तुतत्वमुपपादयति— **अत्र नायिकाया इति।**

ननु, कार्यमुखेन कारणस्यावगतौ प्रस्तुतांकुरश्चेत्तदवगतिनिबन्धने कोऽलङ्कार इत्यत आह— **यत्रेति।** कारणावगतिनिबन्धने कारणस्य गम्यत्वाभावान्नायमलङ्कारः। किं तु कार्येण कारणानुमानादनुमानालङ्कार इत्यर्थः। अत्रोदाहरणमाह—

अर्थात् काला हो जाता है, इसके दोनों कुचों=स्तनों पर रखा हुआ कर्पूरचूर्ण भी क्षण भर में जलने लग जाता है और इसके करतल में (धारारूप में गिराया गया) धाराजल तपते हुये लोहे (के तवा, कड़ाही आदि) पर गिराये गये पानी के समान लुप्त=गायब हो जाता है, सूख जाता है।

इस पद्य में (किसी विरहिणी) नायिका के विरहासत्व का अतिशय (विरह सहन न करने पाने का अतिशय) प्रकट करने के लिये सन्ताप वाले कार्यकमलनाल का मलिन हो जाना आदि वर्णनीय होने से कवि के विवक्षित हैं अतः प्रस्तुत हैं, अर्थात् इन प्रस्तुतों को वाच्य के रूप में प्रयुक्त किया गया है, यहाँ इन कार्यों के द्वारा प्रस्तुत अर्थ— 'नायिका का सन्ताप' व्यङ्ग्य समझना चाहिये अर्थात् सन्तापजन्य व्यङ्ग्यों=फलों का वर्णन करके कवि ने नायिका के सन्ताप को व्यंजित किया है। [कार्य से कारण की व्यञ्जना वाले प्रस्तुतांकुर अलङ्कार और अनुमान अलङ्कार में क्या भेद होता है?] जहाँ पद्य में कार्य के द्वारा कारण का भी ज्ञान हो रहा हो वहाँ पर प्रस्तुतांकुर अलङ्कार नहीं होता है अपितु अनुमान अलङ्कार ही होता है।

इदं व्यस्तन्यासं प्रशिथिलभुजाक्षेपबलनैः
कृशाङ्ग्यास्सन्तापं वदति नलिनीपत्रशयनम् ॥१॥१४॥
(रत्ना० २।१३)

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे प्रस्तुताङ्कुरप्रकरणम् ॥२७॥

परिम्लानमिति । अत्र नलिनीपरिम्लानतादिना कार्येण (कारणस्य[१] गम्यत्वे) नलिनीपत्रशयनस्य कारणस्यावगतिर्वदतीत्यनेनाविवक्षितवाच्येनोपनिबद्धेत्यनुमानालङ्कार इति भावः।

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां प्रस्तुतांकुरप्रकरणम् ॥२७॥

जैसा कि इसमें है—

अन्वयः— पीनस्तन-जघनसङ्गाद्, उभयतः, परिम्लानम्, तनोः, मध्यस्य, अन्तः परिमिलनम्, अप्राप्य, हरितम् श्लथभुजाक्षेपबलनैः, व्यस्तन्यासम्, इदम्, विसिनीपत्रशयनम्, कृशाङ्ग्याः, सन्तापम्, वदति॥११४॥

[रत्नावली नाटिका के द्वितीय अंक में वत्सराज उदयन सागरिका की विरह दशा का वर्णन कर रहे हैं—] पीन=मोटे, भारी स्तनों एवं ऊरुओं के सम्पर्क=दबाव के कारण दोनों ओर से मुरझाई हुई, किन्तु शरीर के मध्य भाग का सम्पर्क=दबाव न पड़ने के कारण हरी-भरी, शिथिल हाथों के पटकने के कारण अस्तव्यस्त (उलटी-पुलटी), कमलिनी के पत्तों की यह शय्या कृशाङ्गी (सागरिका) के सन्ताप को कह रही है, सूचित कर रही है।

[इस पद्य में पूर्व के तीन चरणों में सन्ताप के कार्य कहे गये हैं और चतुर्थ चरण में 'कृशाङ्ग्याः सन्तापं वदति विसिनीपत्रशयनम्' यह लिखकर कारण का स्पष्ट कथन कर दिया है। अतः इसमें विरहसन्ताप व्यङ्ग्य न होकर वाच्य ही हो गया है। अतः इसमें प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार न होकर अनुमान-अलंकार ही मानना चाहिये। अनुमान का लक्षण और उदाहरण १०८ अलङ्कार संख्या में आगे लिखा जायेगा]।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।२७।।

****

---

१. इदं ख. पुस्तक एव दृश्यते।

२८. अथ पर्यायोक्तम्—

(ननु[1], प्रस्तुतकार्याभिधानमुखेन कारणस्य गम्यत्वमपि प्रस्तुतांकुरविषयश्चेत् किं तर्हि पर्यायोक्तमित्याकांक्षायामाह—)

पर्यायोक्तं[2] तु गम्यस्य वचो भङ्ग्यन्तराश्रयम् ।
नमस्तस्मै कृतौ येन मुधा राहुवधूकुचौ ।।६७।।

यदेव गम्यं विवक्षितं तस्यैव भङ्ग्यन्तरेण विवक्षितरूपादपि

प्रस्तुतकार्येण कारणस्य गम्यत्वे प्रस्तुतांकुरौक्तौ पर्याक्तोस्य विषयापहार एव स्यात्। तस्य तत्रैव लब्धप्रसरत्वादित्याशङ्कामुखेन पर्यायोक्तस्य विषयं

२८. पर्यायोक्त अलङ्कार—

[प्रस्तुत कार्य के कहने के माध्यम से यदि कारण का गम्यत्व भी प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार का विषय बन सकता है तब फिर पर्यायोक्त अलङ्कार का क्या स्वरूप होगा?—इस आकांक्षा में कह रहे हैं—]

अन्वयः— गम्यस्य, भङ्ग्यन्तराश्रयम्, वचः, तु, पर्यायोक्तम् ।
तस्मै, नमः, येन, राहुवधूकुचौ, मुधा, कृतौ ।।६७।।

लक्षण— व्यङ्ग्य अर्थ को प्रकार भेद से कहना=प्रतिपादित करना पर्यायोक्त अलङ्कार होता है। [भाव यह है कि विवक्षित अर्थ को वाच्यवाचकभाव से न कह कर व्यञ्जना व्यापार द्वारा (वाच्य को) ही कह देना पर्यायोक्त अलङ्कार होता है। चूँकि इसमें व्यङ्ग्य अर्थ अति गूढ रहता है अतः यह ध्वनि का विषय नहीं बन सकता।]

उदाहरण— उन भगवान् विष्णु को प्रणाम है जिन्होंने राहु दैत्य की पत्नी के दोनों स्तनों को व्यर्थ बना दिया।

---

[1] इयमवतारिका मुद्रितेषु पुस्तकेषु चन्द्रिकाव्याख्यागतत्वेन दृश्यते। रसिकरञ्जनीकारेण कुवलयानन्दगतत्वेन व्याख्याततया तालपत्रलिखितप्राचीनकुवलयानन्दपुस्तकेषु दृश्यमानतया च मूलगतत्वेनैव पाठोऽत्रादृत इति विज्ञेयम् ।

[2] चन्द्रालोके तु, **'कार्याद्यैःप्रस्तुते ह्युक्ते पर्यायोक्तिं प्रचक्षते। तृणान्यंकुरयामास विपक्षनृपसद्मसु।** इति पाठः।

चारुतरेण केनचिद्रूपान्तरेणाभिधानं पर्यायोक्तम्। उत्तरार्धमुदाहरणम्। अत्र भगवान् वासुदेवः स्वासाधारणरूपेण गम्यः। राहुवधूकुचवैयर्थ्यकारकत्वेन रूपान्तरेण स एवाभिहितः।

यथा वा—

लोकं पश्यति यस्यांघ्रिः स यस्यांघ्रिं न पश्यति।
ताभ्यामप्यपरिच्छेद्या विद्या विश्वगुरोस्तव ॥११५॥

अत्र गौतमः पतञ्जलिश्च स्वासाधारणरूपाभ्यां गम्यौ रूपान्तराभ्यामभिहितौ।

प्रदर्शयंस्तल्लक्षयति— **नन्विति। यदेवेति।** यदेव व्यङ्ग्यं विवक्षितं तदेव रूपान्तरेणाभिधीयते चेत्तदेव पर्यायोक्तं न तु कार्यमुखेन कारणस्याभिधानमिति नोक्तदोष इत्यर्थः। उदाहरणे लक्षणं योजयति—**अत्रेति।** वासुदेवोऽत्रासाधारणरूपेण गम्यः। स च राहुवधूकुचवैयर्थ्यकारकत्वेन चारुतररूपेणाभिहित इति इदं पर्यायोक्तमित्यर्थः।

विषयव्याप्त्यर्थमुदाहरणान्तरमाह **लोकं पश्यतीति।** अत्र गौतमपतञ्जली स्वासाधारणरूपेण गम्यौ पूर्वार्धेन अक्षपादगूढपादत्वाभ्यां प्रतिपादिताविति पर्यायोक्तम्। 'ताभ्यामपरिच्छेद्ये'ति प्रकृतयोस्तयोरपरिच्छेद्यत्वरूपैकधर्मान्वयित्वेन तुल्ययोगिता पर्यायोक्तोत्थापिबेति तयोरङ्गाङ्गिभावसङ्करः। 'ताभ्यामपी'त्यपिशब्देन अनितरसाधारणशिवानुग्रहभाजोस्तयोरपिच्छेद्यत्वे

जो व्यङ्ग्य अर्थ विवक्षित हो उसी व्यङ्ग्य अर्थ को भङ्ग्यन्तर=दूसरे रूप से=विवक्षित रूप से भी अधिक सुन्दर किसी रूप से कहा जाना पर्यायोक्त अलङ्कार होता है। कारिका का उत्तरार्ध उदाहरण है। इस श्लोक में भगवान् वासुदेव (विष्णु) अपने असाधारण रूप में व्यङ्ग्य हैं। इसी अर्थ को 'राहु की वधू के कुचों को व्यर्थ कर देने वाले हैं'— दूसरे रूप में कहा गया है। [यहाँ पर विष्णु का असाधारण रूपवर्णन विवक्षित है वह व्यङ्ग्य है। इसी अर्थ को और अधिक सुन्दरता के साथ कहने के लिये उन्हें राहु की पत्नी के कुचों को व्यर्थ बना देने वाला कहा गया है। अतः एक अर्थ के रहते उसी जैसा दूसरा अर्थ भी प्रतीत हो जाने से यहाँ पर्यायोक्त अलंकार है।]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— यस्य, अङ्घ्रिः, लोकम्, पश्यति, सः, यस्य, अङ्घ्रिम्, न, पश्यति, विश्वगुरोः, तव, विद्या, ताभ्याम्, अपि, अपरिच्छेद्या ॥११५॥

यथा वा—

निवेद्यतां हन्त समापयन्तौ शिरीषकोशम्रदिमाभिमानम् ।
पादौ कियद्दूरमिमौ प्रयासे निधित्सते तुच्छदयं मनस्ते ॥११६॥
(नैषध० ८/२४)

किमु वक्तव्यमितरापरिच्छेद्येति कैमुत्येनार्थसंसिद्धिरूपार्थापत्त्यलङ्कारः । तस्य च तुल्ययोगितासङ्करस्य प्रागुक्तस्याङ्गाङ्गिभावसङ्कर इत्यूहनीयम् ।

उदाहरणान्तरं दर्शयति— **निवेद्यतामिति । हन्तेति ।** अत्र मनसोऽनुचितकार्यारम्भोन्मुखतापादनमयुक्तं तवेति व्यज्यते । **तुच्छदयमिति ।** दयाविधुर-

---

जिस (महर्षि गौतम) का पैर संसार को देखता है (क्योंकि वे अक्षपाद थे) और संसार जिस (शेषावतार पतञ्जलि) के पैर को नहीं देखता है । विश्व गुरु तुम्हारी विद्या उक्त दोनों के द्वारा भी अपरिच्छेद = नापी जाने योग्य, समझने योग्य नहीं है ।

इस पद्य में न्यायसूत्रकार गौतम तथा महाभाष्यकार पतञ्जलि अपने असाधारण रूप में वर्णन से गम्य=व्यञ्जना से समझने योग्य हैं परन्तु यहाँ दोनों को एक अन्य रूप से भी वर्णित किया गया है ।

[यह प्रसिद्धि है कि महर्षि गौतम के पैर में भी एक आँख थी, इस कारण उनका एक नाम 'अक्षपाद' भी है । चलते फिरते चिन्तन करते रहते थे, उसी आँख से जमीन पर सब देख भी लेते थे । इसीलिये श्लोक में कहा गया कि जिसके पैर की आँख सारे संसार को देख लेती थी । महर्षि पतञ्जलि शेषनाग के अवतार माने जाते हैं । और नाग=सर्प के पैर नहीं होते हैं । यहाँ उन दोनों का असाधारण रूप जो कि व्यङ्ग्य है, अभिधा से भी कहा गया है । अतः एक अर्थ से दूसरा अर्थ व्यक्त होने से पर्यायोक्त अलङ्कार है । इसमें अनेक अलंकारों का संकर है जिसे रसिकरञ्जनी में देखना चाहिये ।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— निवेद्यताम्, तुच्छदयम्, ते, मनः, शिरीषकोषम्रदिमाभिमानम्, समापयन्तौ, इमौ, पादौ, कियद्, दूरम्, प्रयासे, निधित्सते, हन्त ॥११६॥

[नैषधीयचरित अष्टम सर्ग में दूत बने हुये नल से दमयन्ती पूछ रही है—] हे दूतश्रेष्ठ ! बताओ तो सही तुम्हारा यह निर्दय मन शिरीष की कली की कोमलता के घमण्ड को चूर-चूर कर देने वाले इन अपने पैरों को, हाय, कितनी दूर तक प्रयास में रखना चाहता है अर्थात् और आगे कितनी दूर तक चलाना चाहता है ।

अत्र कियद्दूरं जिगमिषेति गम्य एवार्थो रूपान्तरेणाभिहितः । यथा वा—

देवं वन्दे जलधिशरधिं देवतासार्वभौमं
व्यासप्रष्ठा भुवनविदिता यस्य वाहाधिवाहाः ।
भूषापेटी भुवनमधरं पुष्करं पुष्पवाटी
शाटीपालाश्शतमखमुखाश्चन्दनद्रुर्मनोभूः ॥११७॥

मित्यर्थः । प्रयासावहपादनिधित्सायां दयाविरहस्य समर्थनाद्वाक्यार्थहेतुकं काव्यलिङ्गमलङ्कारः । दूरजिगमिषायाः गम्यायाः कियद्दूरपादनिधित्सात्वेन चारुतररूपेणाभिधानात्पर्यायोक्तमिति तयोरङ्गाङ्गिभावसङ्करः । 'शिरीषकोशम्रदिमाभिमानं सम्पादयन्ता'वित्ययेन शिरीषकोशात्पादयोरुत्कर्षप्रतीतेर्व्यतिरेकालङ्कारः । तस्य च तयोश्चाङ्गाङ्गिभावसङ्कर इत्यवधेयम् ।

इस पद्य में [दमयन्ती नल से यह पूछना चाहती है कि] 'कितनी दूर तक जाने की इच्छा है'— यह गम्य (व्यङ्ग्य) अर्थ ही दूसरे रूप में वर्णित किया गया है । [तुच्छ का अर्थ—शून्य, रिक्त आदि भी है— 'शून्यं तु वशिकं तुच्छरिक्तके''— अमरकोष ३।१।५६]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— देवतासार्वभौमम्, जलधिशरधिम्, देवम्, वन्दे, भुवनविदिताः, व्यासप्रष्ठाः, यस्य, वाहाधिवाहाः, अधरम्, भुवनम्, भूषापेटी, पुष्करम्, पुष्पवाटी, शतमखमुखाः शाटीपालाः, चन्दनद्रुः, मनोभूः ॥११७॥

उन देवाधिदेव भगवान् शंकर की वन्दना करता हूँ, जिनका तूणीर समुद्र है, जिनके वाहन के वाहन लोकप्रसिद्ध व्यास आदि महर्षि हैं, जिनके गहनों को रखने वाली पेटी (सन्दूक) पाताल लोक है, जिनकी पुष्पवाटिका आकाश है, जिनकी साड़ी रखने वाले इन्द्रादि लोकपाल हैं, जिनका चन्दन वृक्ष कामदेव है ।

[शिवपुराण के अनुसार संहार के समय शिव ने भगवान् विष्णु को ही बाण बनाकर प्रहार किया था। बाणरूपी विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं। अतः वह क्षीरसागर शिवजी के बाण रखने वाला तूणीर बना था। वेद शिवजी के वाहन हैं और व्यास आदि महर्षि उन वाहनरूपी वेदों को वहन=धारण करते हैं अतः वे महर्षि शिवजी के वाहन के वाहन हैं। शिवजी के आभूषण सर्प हैं, वे पाताल में रहते हैं। अतः आभूषणों की पेटी पाताल है। वे चन्द्रमारूपी पुष्प को मस्तक पर धारण करते हैं और चन्द्रमा आकाश में रहता है अतः आकाश उनकी पुष्पवाटिका है । भगवान शंकर नग्न रहते हैं, दिगम्बर हैं, अतः दिशायें उनकी धोती हैं ।

अत्र यस्य वेदा वाहाः, भुजङ्गमा भूषणानीत्यादि तत्तद्वाक्यार्थव्यवस्थितौ वेदत्वाद्याकारेण गम्या एव वेदादयो व्यासप्रमुखविनेयत्वाद्याकारेणाऽभिहिताः। परन्तु देवतासार्वभौमत्वस्फुटीकरणाय विशेषणविशेष्यभावव्यत्यासेन प्रतिपादिताः। अत्र अलङ्कारसर्वस्वकृतापि पर्यायोक्तस्य संप्रदायगतमिदमेव लक्षणमङ्गीकृतम् —

उदाहरणान्तरमाह— **देवं वन्द इति**। लक्षणमुदाहरणे सङ्गमयति— **अत्रेति**। अत्र जलधौ शरधित्वरूपणं, व्यासादिषु अतिशयोक्त्या वाहत्वाध्यवसितवेदवाहकत्वरूपणम्, अधरभुवने भूषात्वाध्यवसित-भुजङ्गमञ्जूषात्वरूपणं, पुष्करे पुष्पत्वेनाध्यवसितचन्द्राद्यारामत्वरूपणं, शतमखमुखेषु दिक्पालेषु शाटीपालत्वरूपणं, मनोभवे चन्दनद्रुमत्वरूपणमिति रूपकाणामतिशयोक्तीनां च सङ्करः। तेन देवतासार्वभौमत्वसमर्थनात्तदुत्थापितं काव्यलिङ्गं च। अत्र लक्षणमुपपादयति— **अत्रेति**। नन्वत्र व्यासादयो भगवद्वाहाधिवाहादित्वेन प्रतिपादिताः। वेदत्वादिना गम्यानां वेदादीनां व्यासप्रमुखविनेयत्वाद्याकारेणानभिधानात् कथं पर्यायोक्तमत आह— **परं त्विति**। भगवद्वाहाधिवाहत्वादिना अभिधानेन विना देवतासार्वभौमत्वसमर्थनायोगाद्व्यासादीनां वाहाधिवाहत्वप्रतिपादनेऽपि समानसंवित्संवेद्यतया व्यासादिविनेयत्वस्य लाभेन पर्यायोक्तं युक्तमिति भावः।

ननु, सर्वस्वकारादिभिः 'कार्यमुखेन कारणप्रत्यायनं पर्यायोक्त'मित्युक्तेः कथं तद्विरुद्धमत्र तल्लक्षणाभिधानमित्याशङ्क्य तेषामप्यत्रैव तात्पर्यमिति वदन् तदीययथाश्रुततल्लक्षणयोजनमनुपपन्नमित्याह— **अलंकारेति**। **सम्प्रदायेति**।

इन्द्रादि दिक्पाल उन धोतियों की रक्षा करने वाले हैं। शंकर जी ने कामदेव को जलाकर उसकी भस्म अपने शरीर पर चन्दन के समान लगाई थी अतः उनका चन्दनवृक्ष कामदेव है।]

इस पद्य में 'जिन महादेव के वेद वाहन हैं, सर्प आभूषण हैं— ऐसा अर्थ उन-उन वाक्यों का व्यवस्थित है इसमें 'वेदत्व' आदि रूप से अवगम्य=समझे जाने वाले वेद आदि पदार्थ, व्यास आदि प्रमुख महर्षियों द्वारा विनेयत्व=ढोने जाने वाले हैं— इत्यादि रूप में प्रतिपादित किये गये हैं, परन्तु कवि ने भगवान् महादेव का देवतासार्वभौमत्व=देवाधिदेवत्व प्रकट करने के लिये विशेषणविशेष्यभाव को अदलबदल कर (व्यत्यास से) प्रतिपादित किया है। अलंकारसर्वस्वकार रुय्यक ने भी पर्यायोक्त अलंकार का सम्प्रदायागत यही लक्षण लिखा है— "व्यङ्ग्य अर्थ का भी जहाँ अन्य प्रकार से कथन किया जाता है वहाँ 'पर्यायोक्त' अलंकार होता है।"

“गम्यस्यापि भङ्ग्यन्तरेणाभिधानं पर्यायोक्त”मिति ।

(अलङ्कार० पृ० १४०)

चक्राभिघातप्रसभाज्ञयैव चकार यो राहुवधूजनस्य ।
आलिङ्गनोद्दामविलासबन्ध्यं रतोत्सवं चुम्बनमात्रशेषम् ॥११८॥

इति प्राचीनोदाहरणं त्वन्यथा योजितम् । राहुवधूगतेन विशिष्टेन रतोत्सवेन राहुशिरश्छेदः कारणरूपो गम्यत इति । एवं च “गम्यस्यैवाभिधान”मिति लक्षणस्यानुपपत्तिमाशङ्क्याह— यद्गम्यं तस्यैवाभिधानायोगात्कार्यादिद्वारेणैवाभिधानं लक्षणे विवक्षितमिति । लक्षणमपि क्लिष्टगत्यायोजितम् ।

उद्भटरुद्रटमम्मटभामहादिसम्प्रदायागतमित्यर्थः । तदीयं सूत्रमेव पठति— **गम्यस्येति** । उदाहरणमुखेन तदीयलक्षणयोजनाप्रकारं दर्शयति— **चक्राभिघातेति** ।

विमर्श— ‘वेद जिन महादेव के वाहन हैं, सर्प आभूषण हैं— ऐसे वाक्य और इनके अर्थ पूर्णतया व्यवस्थित हैं। इनमें वेदत्व रूप से वेद का ज्ञान व्यङ्ग्य है क्योंकि यहाँ ‘व्यासादि द्वारा विनेयत्व रूप से. वेदों को प्रतिपादित किया गया है। अतः एक अर्थ वाच्य है और दूसरा ‘वेदत्व’ आदि रूपी अर्थ व्यङ्ग्य है। अब प्रश्न यह है कि ऐसा कहने का प्रयोजन क्या है? समाधान यह है कि देवतासार्वभौमत्व प्रकट करने के लिये यहाँ विशेषणविशेष्यभाव का विपर्याय कर दिया गया है— ‘वेदा यस्य वाहाः, सर्पा यस्य भूषणानि’ आदि रीति से कहने पर भी महादेव का माहात्म्य प्रकट था किन्तु विपर्यास करके कहना— जिनके वाहनों के वाहन व्यास आदि हैं, आभूषणों की सन्दूक पाताल लोक है— आदि कथन से उन महादेव का देवता-सार्वभौमत्व प्रकट हो जाता है, विशेष स्पष्टीकरण के लिये रसिकरंजनी देखें।

अन्वयः— यः, चक्राभिघात-प्रसभाज्ञया, एव, राहुवधूजनस्य, रतोत्सवम्, आलिङ्गनोद्दामविलासवन्ध्यम्, चुम्बनमात्रशेषम्, चकार ॥११८॥

यहाँ प्रथम उदाहरण 'त्वत्खड्ग' में कंकण आदि की रचना=सजावट अन्यत्र की जाती है यह प्रसिद्ध है इसलिये उसे नहीं लिखा गया। [भाव यह है कि जैसे "अपारिजातां वसुधाम्' इसमें यह लिखा है कि जहाँ करना चाहा था वहाँ न करके अन्यत्र कर डाला, ऐसा इस उदाहरण में नहीं लिखा गया है क्योंकि कंकणादि जहाँ धारण करने हैं वहाँ न धारण करके अन्यत्र धारण कर लिए, इसका कारण यह है कि इनका धारणीय स्थान अति प्रसिद्ध है अतः लिखने की आवश्यकता नहीं थी।] इसके अतिरिक्त 'भूषा भवन्ति' इस भवन क्रिया से भावनारूप=अन्य-स्थान पर होने वाली कृति=कार्य का आक्षेप कर लिया जाता है। [भाव यह है कि 'भवन्ति' इस क्रिया

३७. अथ विषमम् —

[१]विषमं वर्ण्यते यत्र घटनाननुरूपयोः ।
क्वेयं शिरीषमृद्वङ्गी क्व तावान्मदनज्वरः ।।८७।।

विषमालंकृतिं लक्षयति— विषममिति । अननुरूपयोः=अनुचितघटनयोर्यद्घटनवर्णनमेतदेकं विषममित्यर्थः । उदाहरणे अधिकरणशक्तिप्रधानाभ्यामदन्ताभ्यामव्ययाभ्यामनुचितघटनत्वाविष्करणात्तथाविधयोस्तन्वीमदनज्वरयोर्घटनं निबद्ध-

पद से भावना=व्यापार क्रिया की प्रतीति होती है और वह किसी स्थान पर ही होनी चाहिए, यह आवश्यक है। 'अभिनवा' पद यह सूचित करता है कि जहाँ सामान्यतया होती है वहाँ न होकर अन्यत्र नवीन स्थान पर होती है। अतः करणीय स्थान से भिन्न स्थान में करना स्वतः सिद्ध है, इसलिएं 'असंगति' अलंकार है।]

विमर्श— रसगंगाधरकार पण्डितराज जगन्नाथ ने अप्पय दीक्षित के 'असंगति' अलंकार के उदाहरणों का खण्डन करके उनका अन्य अलंकारों के उदाहरणों में अन्तर्भाव किया है। (द्रष्टव्य रसगंगाधर पृ. ९४-९५)

परन्तु कुवलयानन्द के अलंकारचन्द्रिका-व्याख्या के प्रणेता वैद्यनाथ ने पण्डितराज के तर्कों का खण्डन करके 'असंगति' के ही उदाहरण सिद्ध किये हैं। (द्र. अलंकारचन्द्रिका पृ. ११३)

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'असङ्गति' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।३६।।

****

३७. विषम अलङ्कार—

(१) प्रथम भेद

अन्वयः— अननुरूपयोः, (पदार्थयोः), घटना, (यत्र) वर्ण्यते, तत्र, विषमम्, [अलङ्कारः, भवति] क्व, इयम्, शरीषमृद्वङ्गी, क्व, तावान्, मदनज्वरः ?

लक्षण— जहाँ दो अननुरूप=अनुचित पदार्थों का (एक साथ) वर्णन किया जाता है वहाँ 'विषम' अलंकार होता है।

---

[१] चन्द्रालोके तु, 'विषमं यद्यनौचित्यादनेकान्वयकल्पनम्। क्वातितीव्रविषास्सर्पाः क्वासौ चन्दनभूरुहः।' इति पाठः।

अत्र अतिमृदुत्वेनातिदुस्सहत्वेन चाननुरूपयोरङ्गनामदनज्वरयोर्घटना। यथा वा—

अभिलषसि यदीन्दो ! वक्त्रलक्ष्मीं मृगाक्ष्याः
पुनरपि सकृदब्धौ मज्ज संक्षालयाङ्कम्।
सुविमलमथ बिम्ब पारिजातप्रसूनैः
सुरभय, वद नो चेत्त्वं क्व तस्या मुखं क्व? ॥१४८॥

पूर्वत्र वस्तुसती घटना। अत्र चन्द्रवदनलक्ष्म्योस्तर्किता घटनेति भेदः।

मिति लक्ष्ये लक्षणसङ्गतिरित्याह—**अत्रेति**। उदाहरणान्तरमाह— **अभिलषसीति**। पूर्वोदाहरणाद्भेदमाह— **पूर्वत्रेति**। (न हिं) चन्द्रवदनलक्ष्म्योः वास्तवसम्बन्धाभावेऽपि कविकल्पितं तत्सम्बन्धवर्णनमिति भावः।

उदाहरण— कहाँ शिरीष (सिरस) के पुष्प के समान कोमल अंगों वाली यह सुन्दरी और कहाँ उतना (कष्टदायक) मदनज्वर?

इस पद्य में अतिमुदुत्व और अतिदुःसहत्व धर्मों के कारण अननुरूप (अनुचित) दो पदार्थों—अङ्गना तथा मदनज्वर का वर्णन किया गया है।

[कोमलता से लिए शिरीष=सिरस के पुष्प को गिना जाता है जो थोड़ी भी उष्णता में मुरझा जाता है। उसके समान अंगों वाली सुन्दरी तथा भीषण सन्ताप देने वाला मदनरूपी ज्वर—इन दोनों का एक साथ वर्णन करने से यहाँ 'विषम' अलंकार का प्रथम भेद होता है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— हे इन्दो! यदि त्वम्, मृगाक्ष्याः, वक्त्रलक्ष्मीम्, अभिलषसि, (तर्हि) पुनः, अपि, अब्धौ, सकृत्, मज्ज, अङ्कम्, क्षालय, अथ, सुविमलम्, बिम्बम्, पारिजातप्रसूनैः, सुरभय, नो, चेत्, वद, क्व, त्वम्, क्व, च, तस्याः, मुखम्? ॥१४८॥

हे चन्द्रमा! यदि तुम हरिणसदृश नेत्रों वाली उस (सुन्दरी) के मुख की कान्ति की कामना करते हो तो फिर से दुबारा एक बार समुद्र में डूब जाओ, डुबकी लगा लो और अपने कलंक को धो डालो। इसके पश्चात् अत्यन्त निर्मल अपने बिम्ब को पारिजात के पुष्पों से सुगन्धित कर लो। यदि ऐसा नहीं [कर पाते हो] तो बताओ कहाँ तुम और कहाँ उसका (अनुपम सुन्दर सुगन्धित) मुख?

[1] विरूपकार्यस्योत्पत्तिपरं विषमं मतम् ।
कीर्तिं प्रसूते धवलां श्यामा तव कृपाणिका ।।८८।।

अत्र कारणगुणप्रक्रमविरुद्धा श्यामाद्धवलोत्पत्तिः। कार्यकारणयोर्निवर्त्यनिवर्तकत्वे पञ्चमी विभावना, विलक्षणगुणशालित्वे त्वयं विषम इति भेदः ।

द्वितीयं विषमं लक्षयति— **विरूपेति**। कारणरूपविजातीयरूपशालिकार्योत्पत्तिर्द्वितीयं विषममित्यर्थः। उत्तरार्धे 'कारणगुणा हि कार्यगुणानारभन्त' इति न्यायविरुद्धविरूपकार्योत्पत्तिर्वर्णिततेत्याह— **अत्रेति**। कारणरूपविजातीयेत्यनुक्त्वा कारणविलक्षणेत्येव लक्षणमस्त्वित्याशङ्क्याह— **कार्यकारणयोरिति**। तथोक्तौ 'सुधांशुकिरणा' इत्युदाहृतपञ्चमविभावनायां कार्यकारणयोर्निवर्त्यनिवर्तकभावेन कारणविलक्षणकार्योत्पत्तिवर्णनादतिव्याप्तिः। अत उक्तविवक्षानुसरणमिति भावः।

प्रथम श्लोक में अननुरूप दो पदार्थों की घटना=एक साथ वर्णन वास्तविक=सत्य है। किन्तु इस द्वितीय उदाहरण में चन्द्रमा तथा नायिकामुखकान्ति की अननुरूपता कवि द्वारा तर्कित=कल्पित है अर्थात् अवास्तविक है— यही दोनों में भेद है।

(२) विषम अलंकार का द्वितीय भेद—

अन्वयः— विरूपकार्यस्य, उत्पत्तिः, अपरम्, विषमम्, मतम् ।
तव, श्यामा, कृपाणिका, धवलाम्, कीर्तिम्, प्रसूते ।।८८।।

लक्षण— (किसी कारण से) विरूप=विपरीत अर्थात् अपने से भिन्न धर्म=गुण वाले कार्य की उत्पत्ति होना— 'विषम' अलंकार का दूसरा भेद माना गया है।

उदाहरण— हे राजन्! आपकी काली तलवार श्वेत यश को उत्पन्न करती है।

[कारणभूत तलवार काली है। अतः उससे उत्पन्न होने वाली वस्तु भी काली ही होनी चाहिए। किन्तु यहाँ उससे श्वेत यश की उत्पत्ति वर्णित है। अतः 'विषम' का दूसरा भेद है।] इस पद्य में कारण=तलवार के गुणों के प्रक्रम (परम्परा) के विरुद्ध श्याम वस्तु से धवल वस्तु की उत्पत्ति वर्णित है। (जबकि नियम यह है 'कारणगुणा हि कार्यगुणानारभन्ते' अर्थात् कारण के गुणों के अनुसार ही कार्य के गुण होते हैं। अतः विपरीत उत्पत्ति होने से अलंकार होता है। (यद्यपि विषम

---

[1] एतदादयः विषमभेदाश्चन्द्रालोके नोक्ताः, किं तु मूलकृदुक्ता इति वेद्यम् ।

अनिष्टस्याप्यवाप्तिश्च तदिष्टार्थसमुद्यमात् ।
भक्ष्याशयाऽहिमंजूषां दष्ट्वाऽऽखुस्तेन भक्षितः ।।८९।।

इष्टार्थमुद्दिश्य किञ्चित्कर्मारब्धवतो न केवलमिष्टस्यानवाप्तिः, किं तु ततोऽनिष्टस्यापि प्रतिलम्भश्चेत्तदपि विषमम्। यथा भक्ष्यप्रेप्सया सर्पपेटिकां दष्ट्वा प्रविष्टस्य मूषकस्य न केवलं भक्ष्यालाभः किं तु स्वरूपहानिरपीति।

अनिष्टस्येति। इष्टप्राप्त्यनुकूलव्यापारेण इष्टानवाप्त्या अनिष्टावाप्तिस्तृतीयं विषममित्यर्थः। उदाहरणे लक्षणं योजयति— **यथा भक्ष्येति।** उदाहरणे 'दष्ट्वा प्रविष्ट' इति पदमध्याहार्यम्। अन्यथा समानकर्तृकतावाचिनः क्त्वा=प्रत्ययस्य मञ्जूषादंशनभक्षणयोर्भिन्नकर्तृकत्वादनुपपत्तेरिति ध्येयम्।

का ऐसा भेद मान लेने पर विभावना अलंकार के पंचम भेद से अन्तर नहीं प्रतीत होता है तथापि) कार्य और कारण में निवर्त्यनिवर्तक भाव (जन्य-जनक-भाव) रहने पर ही विभावना मानी जाती है। (इसके विपरीत कार्य तथा कारण में) विलक्षण अर्थात् विरोधी गुण रहने पर यह 'विषम' अलंकार होता है— यह (विभावना और विषम में) भेद है।

३. विषम अलंकार का तृतीय भेद—

अन्वयः— इष्टार्थसमुद्यमात्, अनिष्टस्य, अवाप्तिः, च, अपि, तत् (विषमम्)। भक्ष्याशया, अहिमञ्जूषाम्, दष्ट्वा, (तस्यां प्रविष्टः), आखुः, तेन (सर्पेण) भक्षितः ।।८९।।

लक्षण— इष्ट पदार्थ की प्राप्ति के लिये किए गए प्रयास से अनिष्ट की प्राप्ति हो जाना भी वह=विषम का तृतीय भेद होता है।

उदाहरण— भोज्य (खाने योग्य) पदार्थ की आशा से साँप की पिटारी को काट कर [उसमें घुसे हुए] चूहे को उस साँप ने खा डाला। [दृष्ट्वा=देखकर—यह पाठ भी कुछ विद्वानों ने लिखा है। किन्तु 'देखना' कोई विशेष उद्यम नहीं है। अतः 'दष्ट्वा=काटकर प्रविष्टः' ऐसा अर्थ करने के लिए 'दष्ट्वा' यही पाठ उचित है। 'क्त्वा' प्रत्यय की उपपत्ति के लिए भी 'प्रविष्ट' पद का अध्याहार आवश्यक है क्योंकि समानकर्तृकत्व में ही 'क्त्वा' प्रत्यय होता है।]

किसी अभीष्ट वस्तु को उद्देश्य बनाकर किसी कार्य को करने वाले को केवल इष्ट की अप्राप्ति ही नहीं अपितु उससे भी अधिक यदि अनिष्ट की प्राप्ति

यथा वा—

गोपाल इति कृष्ण ! त्वं प्रचुरक्षीरवाञ्छया ।
श्रितो, मातृस्तनक्षीरमप्यलभ्य त्वया कृतम् ॥१४९॥

इदमर्थावाप्तिरूपेष्टार्थसमुद्यमादिष्टानवाप्तावनिष्टप्रतिलम्भे चोदाहरणम्।

उदाहरणान्तरमाह— **गोपाल इतीति** । न चात्र इष्टक्षीरेच्छया प्रवृत्तस्येष्टानवाप्तिमात्रसत्त्वेऽपि नानिष्टावाप्तिरुपनिबद्धेति नोक्तं विषमं युज्यत इति वाच्यम्; 'इष्टार्थसमुद्यमादिष्टविरोधिनोऽवाप्तिर्विषम'मिति विवक्षितस्य लक्षणस्य इष्टक्षीरप्राप्तिविरोधिनस्तदभावस्य वर्णनेन सद्भावात्। इष्टविरोधित्वं च इष्टानवाप्त्यर्थप्रतिलम्भयोस्साधारणम्। पूर्वोदाहरणे इष्टविरोधिन आत्महानिरूपानिष्टस्य प्राप्तिसत्त्वादुभयानुगतिः स्पष्टेति भावः।

इष्टस्य सुखदुःखाभावान्यतरसाधनरूपतया द्वैविध्यादुक्तरूपं विषममपि द्विविधमित्यभिप्रेत्याह— **इदमिति**। सुखसाधनरूपेष्टानवाप्तावुदाहरणम्। दुःखाभावसाधन-

---

हो जाती है तो वह भी विषम (का तीसरा भेद) होता है। जैसे कारिकास्थित उदाहरण में भक्ष्य पदार्थ को पाने की इच्छा से साँप की पेटी को काटकर उसमें प्रविष्ट हुए चूहे को केवल भक्ष्य की अप्राप्ति ही नहीं होती है अपितु अपने स्वरूप की हानि अर्थात् मृत्यु भी मिलती है [भाव यह है कि इष्ट तो नहीं ही मिला साथ ही अपने प्राण भी गँवा बैठा।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः — हे कृष्ण! त्वम्, गोपालः, इति, प्रचुरक्षीरवाञ्छया, श्रितः, त्वया, तु, [मोक्षप्रदानेन] मातृस्तनक्षीरम्, अपि, अलभ्यम्, कृतम् ॥ १४९ ॥

[कोई भक्त श्रीकृष्ण भगवान् की प्रशंसा में कह रहा है] हे कृष्ण! तुम गोपाल = गायों को पालने वाले हो, अतः प्रचुर दुग्ध की इच्छा से मैंने तुम्हारी शरण ली थी किन्तु तुमने तो [मोक्ष प्रदान करके] माता के स्तनों का दूध भी अलभ्य कर दिया। [मोक्ष हो जाने से जन्म-मरण का चक्र समाप्त हो गया।]

इष्ट पदार्थ की प्राप्ति रूप जो इष्टार्थ के लिए समुद्यम उससे इष्ट की अप्राप्ति होना और अनिष्ट की प्राप्ति होना— में उपुर्यक्त उदाहरण है। [द्वितीय उदाहरण में अनिष्ट की प्राप्ति कैसे है? इसका समाधान यह है कि इष्टविरोधी की प्राप्ति भी अनिष्ट प्राप्ति है। कोई सगुणोपासक मोक्ष नहीं चाहता होगा, वह

अनर्थपरिहारार्थरूपेष्टार्थसमुद्यमात्तदुभयं यथा —

दिवि श्रितवतश्चन्द्रं सैंहिकेयभयाद् भुवि।
शशस्य पश्य तन्वङ्गि! साश्रयस्य ततो भयम्॥१५०॥

अत्र न केवलं शशस्य स्वानर्थपरिहारानवाप्तिः किंतु साश्रयस्याप्यनर्थावाप्तिरिति दर्शितम्।

परानिष्टप्रापणरूपेष्टार्थसमुद्यमात्तदुभयं यथा —

रूपेष्टार्थनुकूलव्यापारादनिष्टपरिहाररूपेष्टविपरीतावाप्तावुदाहरणं वक्ष्यमाणमित्यर्थः। इदमेवोदाहरणेन दर्शयति — **दिवीति**। शशस्य सिंहकृतस्वानर्थपरिहाररूपेष्टावाप्तये भूमिं परित्यज्य दिवि चन्द्रमाश्रितस्य सैंहिकेयाद्भयवणनेनाश्रयसहितस्यानर्थपरिहाररूपेष्टानवाप्त्यनर्थावाप्त्योर्निबन्धनादुक्तरूपं विषममत्रेत्यर्थः। सर्वमिदं स्वेष्टविपरीतावाप्तावुदाहरणम्। परानिष्टप्रापणस्यापीष्टतया तदनुकूलयत्नत-

---

भगवान् की आराधना के लिए पुनर्जन्म चाहता होगा। उसी का कथन यहाँ उपनिबद्ध होने से इष्टविरोधी की प्राप्ति में 'विषम' अलंकार संगत हो जाता है।]

अनर्थ के परिहारार्थरूप इष्ट पदार्थ की प्राप्ति के लिए किए गए उद्यम से दोनों (इष्ट की अप्राप्ति और अनर्थ) की प्राप्ति में उदाहरण —

अन्वयः — हे तन्वङ्गि, पश्य, भुवि, सैंहिकेयभयाद्, दिवि, चन्द्रम्, श्रितवतः, शशस्य, साश्रयस्य, ततः, भयम्॥ १५०॥

हे कृशाङ्गि! देखो तो, पृथिवी पर सैंहिकेय = शेर के भय से (डरकर) आकाश में चन्द्रमा का आश्रय = सहारा लेने वाले खरगोश को (वहाँ भी) आश्रयसहित अर्थात् चन्द्रमा के साथ-साथ अपना भी सैंहिकेय (शेर, राहु) से [निगल लिये जाने का] भय रहता ही है।

इस पद्य में खरगोश को अपने अनर्थ के परिहार की अप्राप्ति ही नहीं है अपितु आश्रयभूत चन्द्रमासहित अनर्थ की प्राप्ति भी है। [भाव यह है कि खरगोश ने पृथ्वी पर सिंहिका पुत्र = शेर से डर कर आकाश में जाकर चन्द्रमा का सहारा पकड़ा। किन्तु वहाँ भी सिंहिकापुत्र = राहु से उसे केवल अपना ही नहीं अपितु अपने आश्रयभूत चन्द्रमा का भी ग्रहण किए जाने का भय हो जाता है। इस प्रकार अनर्थ = अनिष्ट का परिहार नहीं हुआ साथ ही अनर्थ की प्राप्ति भी हो गई। अतः दोनों का एक ही उदाहरण बन गया।]

दूसरे को अनिष्ट पहुँचाना रूपी अपने इष्ट अर्थ के लिए किए गये समुद्यम

दिधक्षन्मारुतेर्बालं तामदीप्य दशाननः ।
आत्मीयस्य पुरस्यैव सद्यो दहनमन्वभूत् ॥१५१॥

'पुरस्यैवे'त्येवकारेण परानिष्टप्रापणाभावो दर्शितः ।

'अनिष्टस्याप्यवाप्तिश्चे'ति श्लोके अनिष्टावाप्तेरपि शब्दगृहीताया इष्टानवाप्तेश्च प्रत्येकमपि विषमपदेनान्वयः। ततश्च केवलानिष्टप्रतिलम्भः केवलेष्टानवाप्तिश्चेत्यन्दपि विषमद्वयं लक्षितं भवति।

स्तद्विपरीतप्रापणमित्यर्थः। **दिधक्षन्निति।** अत्र हनूमतो बालदिधक्षया हुताशन-मायोजयतो रावणस्य हनूमदनिष्टप्रापणरूपेष्टप्राप्त्यनुकूलयत्नतस्तदनवाप्त्यनिष्टप्राप्त्योनिबन्धनादुक्तं विषममित्यर्थः।

ननु, परानिष्टप्रापणस्यानुपादानात्कथमुक्तरूपविषममित्यत आह — **पुरस्यैवेति।** अत्रैवकारेणेतरव्यवच्छेदार्थकेन परानिष्टप्रापणाभावः स्पष्टीकृत इत्यर्थः । अथान्यदपि विषमद्वयमनिष्टस्याप्यवाप्तिश्चेति कारिकायामनुक्तसमुच्चयार्थक-च शब्द-संगृहीताया इष्टानवाप्तेश्च प्रत्येकं विषमपदान्वयेन केवलानिष्टप्रतिलम्भः केवलेष्टानवाप्तिश्च विषममिति वाक्यार्थप्रतीतेः स्पष्टमित्याह — **अनिष्टस्यापीति।**

से दोनों (दूसरे का अनिष्ट न पहुँचा पाना और अपना इष्ट सिद्ध न कर पाना) का उदाहरण—

अन्वयः — मारुतेः, बालम्, दिधक्षन्, दशाननः, तम्, आदीप्य; आत्मीयस्य, पुरस्य, एव, सद्यः, दहनम्, अन्वभूत् ॥१५१॥

मारुतिनन्दन हनुमान् के (पूँछ के) बालों को जलाने की इच्छा करने वाले रावण ने शीघ्र ही अपने ही नगर (लंका) को जलाने का अनुभव किया।

इस पद्य में 'पुरस्य एव' (अपनी लंका नगरी का ही) इस 'एवकार' के प्रयोग से दूसरे अर्थात् हनुमान् का अनिष्ट नहीं कर सका— यह भाव प्रदर्शित किया गया है।

'अनिष्टस्याप्यवाप्तिश्च' (यह जो तृतीय लक्षण में है) इस श्लोक में 'अनिष्ट की अवाप्ति भी' इसमें 'अपि' (= भी) शब्द से संगृहीत की जाने वाली 'और इष्ट की अनवाप्ति' इनमें प्रत्येक अर्थात् दोनों (अनिष्टावाप्ति और इष्टानवाप्ति) का 'विषम' पद के साथ अन्वय होता है। इसलिए (१) केवल अनिष्ट की प्राप्ति और (२) केवल इष्ट की अप्राप्ति= इन दो प्रकारों के दो और 'विषम' अलंकार लक्षित होते हैं। [भाव यह है कि ८९वीं कारिका में 'अनिष्टस्याप्यवाप्तिश्च' यह लिखा है। इसमें 'अपि' शब्द का प्रयोग है जिससे 'इष्ट की अप्राप्ति' यह अर्थ भी संगृहीत हो जाता है। इस कारण ऐसे स्थल पर भी 'विषम' अलंकार हो

तत्र केवलानिष्टप्रतिलम्भो यथा —

पद्मातपत्ररसिके ! सरसीरुहस्य
किं बीजमर्पयितुमिच्छसि वापिकायाम् ।
कालः कलिर्जगदिदं न कृतज्ञमज्ञे
स्थित्वा हरिष्यति तवैव मुखस्य लक्ष्मीम् ॥१५२॥

अत्र पद्मातपत्रलिप्सया पद्मबीजवापं कृतवत्यास्तल्लाभोऽस्त्येव, किंतु मुखशोभाहरणरूपोत्कटानिष्टप्रतिलम्भः।

केवलेष्टानवाप्तिर्यथा —

खिन्नोऽसि, मुञ्च शैलं, बिभृमो वयमिति वदत्सु शिथिलभुजः ।
भरभुग्नवितथबाहुषु गोपेषु हसन् हरिर्जयति ॥१५३॥

तत्र केवलानिष्टप्रतिलम्भमुदाहरति— **पद्मातपत्रेति।** अत्र लक्षणानुगमं दर्शयति— **अत्रेति।** अनिष्टप्रतिलम्भस्य इष्टानवाप्तिवैशिष्ट्याभावमुपपादयन् केवलानिष्टप्रतिलम्भं दर्शयति— **अत्र पद्मेति।**

द्वितीयमुदाहरति **खिन्नोऽसीति।** अत्र गोवर्धनधारणोद्यमेन गोपानामिष्टस्य

सकता है जहाँ इन दोनों में से कोई एक भी है । यह आगे दो उदाहरणों में स्पष्ट दिखाई देता है —]

(१) (दोनों में) केवल अनिष्टप्राप्ति का उदाहरण —

अन्वयः— हे पद्मातपत्ररसिके! वापिकायाम् , सरसीरुहस्य, बीजम्, (वपन्ती), किम्, अर्पयितुम्, इच्छसि? अज्ञे! कालः, कलिः, इदम्, जगत्, न, कृतज्ञम्, स्थित्वा, तव, एव, मुखस्य, लक्ष्मीम्, हरिष्यति ॥१५२॥

हे कमलपत्र के छत्र को पाने की अभिलाषा वाली सुन्दरि! इस बावड़ी में कमल के बीजों को बोती हुई तुम क्या वापस लेना चाहती हो, प्राप्त करना चाहती हो। अरे पगली, यह कलियुग का समय है, संसार में कोई कृतज्ञ नहीं है। उत्पन्न होकर यह कमल तुम्हारे ही मुख की शोभा को हरेगा।

इस पद्य में कमल के छत्र को प्राप्त करने की इच्छा से कमल के बीजों को चुकने वाली को कमल के छत्र का लाभ तो होता है किन्तु उससे उस सुन्दरी के मुख की शोभा का हरण होना रूपी उत्कट (महान्) अनिष्ट की प्राप्ति भी हो रही है। (इस प्रकार यहाँ केवल अनिष्ट की प्राप्ति का वर्णन होने से 'विषम' का उदाहरण बन जाता है।)

(२) केवल इष्ट की अप्राप्ति का उदाहरण —

अन्वयः— खिन्नः, असि, शैलम्, मुञ्च, वयम्, बिभृमः, इति, वदत्सु, शिथिलभुजः, भर-भुग्न-वितथाबाहुषु, गोपेषु, सत्सु, हसन्, हरि जयति ॥१५३॥

अत्र यद्यपि शैलस्योपरिपतनरूपानिष्टावाप्तिरपि प्रसक्ता तथापि भगवत्कराम्बुजसंस्पर्शमहिम्ना सा न जातेति शैलधारणरूपेष्टावाप्ति मात्रम् —

यथा वा —

लोके कलङ्कमपहातुमयं मृगाङ्को
जातो मुखं तव पुनस्तिलकच्छलेन।
तत्रापि कल्पयसि तन्वि! कलङ्करेखां
नार्यस्समाश्रितजनं हि कलङ्कयन्ति ॥१५४॥

अत्रानिष्टपरिहाररूपेष्टानवाप्तिः।

शैलधारणस्यानवाप्तेर्निबन्धनात्केवलेष्टानवाप्तिरित्यर्थः। नन्वत्र 'भरभुग्नवितथबाहु'ष्विति विशेषणबलात् शैलपतनरूपानिष्टावाप्तेरपि सूचनात् कथं केवलेष्टानवाप्तिरित्यत आह **अत्र यद्यपीति । भगवदिति** । तथा चानिष्टावाप्तिप्रसक्तावपि भगवत्कराम्बुजस्पर्शमहिम्ना 'सा न जाते'ति केवलेष्टानवाप्तिरस्त्येवेतिं उदाहरणं युक्तमेव । अनर्थपरिहारूपेष्टानवाप्तिं केवलामुदाहरति— **लोक इति**। अत्र चन्द्रमसः कलङ्कापनोदाय मुखात्मना भवनानुकूलसमुद्यमात्कलङ्करूपानर्थपरिहाररूपेष्टानवाप्तिः मुखभावेऽपि तिलकापह्नवेन कलङ्ककल्पनया अर्थान्तरन्याससमर्थितया दर्शितेत्यभिप्रेत्याह — **अत्रेति।**

हे कृष्ण ! तुम थक गये होगे, अब इस गोवर्धन पर्वत को छोड़ दो, हमलोग इसे थाम लेते हैं, उठाये रहते हैं— इस प्रकार से गोपालों द्वारा कहने पर हाथ को ढीला किए हुए, पर्वत के बोझ से टेढ़े हाथों वाले गोपालों के ऊपर हँसते हुए श्रीकृष्ण की जय हो।

इस पद्य में यद्यपि (गोपालों के) ऊपर पर्वत का गिर जाना रूपी अनिष्ट की प्राप्ति भी प्रसक्त है (अर्थात् भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा हाथ ढीले कर लिए जाने पर गोवर्धन पर्वत उन गोपालों पर गिर सकता था, अतः अनिष्ट की प्राप्ति भी प्रसक्त है।) तथापि भगवान् श्रीकृष्ण के करकमलों के सम्पर्क के कारण वह (पर्वत पतन रूप अनिष्ट की प्राप्ति) नहीं हो सकी । इसलिये उस पर्वत को धारण = उठाये रखना रूप इष्ट की अप्राप्ति मात्र ही उदाहरण बनता है।

अथवा (अनिष्ट-प्राप्ति मात्र का) दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— हे तन्वि!, अयम्, मृगाङ्कः, लोके, कलङ्कम्, अपहातुम्, तव, मुखम्, जातः, तत्र, अपि, तिलकच्छलेन पुनः, कलङ्करेखाम्, कल्पयसि, हि, नार्यः, समाश्रितजनम्, कलङ्कयन्ति ॥१५४॥

यथा वा —

शापोऽप्यदृष्टतनयाननपद्मशोभे
सानुग्रहो भगवता मयि पातितोऽयम्।
कृष्यां दहन्नपि खलु क्षितिमिन्धनेद्धो
बीजप्ररोहजननीं दहनः करोति ॥१५५॥

परानिष्टप्रापणरूपेष्टानवाप्तिं केवलां दर्शयति — **शापोऽपीति**। नन्वत्र पुत्रशोककृतमरणरूपस्य परानिष्टस्यावाप्तेः कथं केवलतदनवाप्तिरित्यत

हे कृशाङ्गि! यह चन्द्रमा इस संसार में अपना कलंक धोने के लिये (मिटाने के लिये) तुम्हारा मुख बन गया (तुम्हारे मुख में कोई कलंक नहीं है) किन्तु तुम तिलक लगाने के बहाने से उस मुख में भी पुनः कलंक रेखा बना दे रही हो, अर्थात् कलंकयुक्त कर दे रही हो। वास्तव में स्त्रियाँ अपने आश्रित व्यक्ति को कलंकित कर हो डालती हैं।

इस पद्य में अनिष्टपरिहाररूप इष्ट की अप्राप्ति हो रही है। [अतः केवल इष्टानवाप्ति का उदाहरण बन जाता है।]

अथवा तीसरा उदाहरण —

अन्वयः— भगवता, अदृष्टतनयाननपद्मशोभे, मयि, अयम्, शापः, अपि सानुग्रहः, पातितः। इन्धनेद्धः, दहनः, कृष्याम्, क्षितिम्, दहन्, अपि, बीजप्ररोह, जननीम्, करोति ॥१५५॥

[श्रवण कुमार की मृत्यु के पश्चात् दशरथ श्रवण के अन्धे माता-पिता से कह रहे हैं —] भगवन्, अपने पुत्र के मुखकमल की शोभा न देख सकने वाले मेरे ऊपर यह शाप भी अनुग्रहसहित दिया है। इन्धन से उग्र जलती हुई आग कृषि योग्य भूमि को जलाती हुई भी उस भूमि को बीज के अंकुर को उत्पन्न करने वाली अर्थात् उपजाऊ बना देती है। [चूँकि उस समय तक दशरथ को पुत्र प्राप्ति नहीं हो सकी थी और शाप मिला था कि 'तुम भी मेरे ही समान पुत्र शोक में मरोगे'। अतः इस शाप के सत्य होने में भी दशरथ को अपना हित दिखाई दे रहा था कि इसकी सत्यता सिद्ध करने के लिये मुझे पुत्रप्राप्ति अवश्य होगी।]

इस पद्य में दूसरे को अनिष्ट पहुँचाना रूपी इष्ट की अप्राप्ति है। [भाव यह है कि श्रवण के पिता शाप देकर दशरथ का अनिष्ट करना चाहते थे किन्तु दशरथ का अनिष्ट न होकर इष्ट ही होने का प्रसङ्ग आ गया क्योंकि] श्रवण

अत्र परानिष्टप्रापणरूपेष्टानवाप्ति:। स्वतोऽनिष्टस्यापि मुनिशापस्य महापुरुषार्थपुत्रलाभावश्यम्भावगर्भतया दशरथेनेष्टत्वेन समर्थितत्वात्।

यत्र केन चित्स्वेष्टसिद्ध्यर्थं नियुक्तेनान्येन नियोक्तुरिष्टमुपेक्ष्य स्वस्यैवेष्टं साध्यते तत्रापीष्टानवाप्तिरूपमेव विषमम्।

यथा—

यं प्रति प्रेषिता दूती तस्मिन्नेव लयं गता।
सख्य:! पश्यत मौढ्यं मे विपाकं वा विधेरमुम् ॥१५६॥

आह— **स्वत इति**। तथा चानिष्टप्रापणानुकूलमुनिशापस्य भवदवतारगर्भतया दशरथेनाङ्गीकृता ग्लानिर्न दोषायेति लौकिकन्यायेनानुज्ञालङ्कारविधया इष्टत्वेनाभ्यनुज्ञातत्वात् परानिष्टप्रापणरूपेष्टानवाप्तिरविकलेति भाव:।

एवं यत्र स्वेहितसिद्ध्यर्थं विनियुक्तोऽन्यस्तदिष्टमुपेक्ष्य स्वेष्टमेव साधयन्निबद्धस्तत्रापीष्टार्थसमुद्यमेन स्वसमीहितालाभस्य तुल्यत्वादुक्तमेव विषममित्यभिप्रेत्वाह— **यत्र केनचिदिति**। यत्र किञ्चिदिष्टावाप्तिपूर्वकतदनवाप्तिस्तत्रापीदमेव

के पिता मुनि का शाप स्वत: तो अनिष्ट था किन्तु उससे महापुरुषार्थी पुत्र का लाभ अवश्य होने वाला था— ऐसा उस शाप के भीतर छिपा हुआ था जिससे दशरथ की इष्ट की सिद्धि का समर्थन हुआ था। [अत: यहाँ दूसरे का अनिष्ट पहुँचाना रूपी स्वइष्ट की अनवाप्ति होती है।]

जहाँ किसी के द्वारा अपना इष्ट सिद्ध करने के लिये किसी को नियुक्त किया गया, लगाया गया हो और वह अपने नियोक्ता (कार्य में लगाने वाले) व्यक्ति के इष्ट की उपेक्षा करके अपने ही इष्ट की सिद्धि कर लेता है वहाँ भी इष्ट की अप्राप्तिरूप ही 'विषम' अलंकार होता है। [भाव यह है कि किसी ने किसी अन्य व्यक्ति को अपना इष्ट साधने के लिये नियुक्त किया। उस धूर्त ने अपने नियोक्ता के इष्ट को सिद्ध करने के स्थान पर अपना ही इष्ट सिद्ध कर लिया। वहाँ भी इष्ट की अप्राप्तिरूप 'विषम' अलंकार होता है। आजकल ऐसा प्राय: देखा जा रहा है कि विश्वासघात करके लोग अपना इष्ट पहले सिद्ध करते हैं बाद में नियोक्ता का।]

इसका उदाहरण —

अन्वय : — यम्, प्रति, दूती, प्रेषिता, (सा) तस्मिन्, एव, लयम्, गता, हे सख्य:! मे, मौढ्यम्, वा, विधे:, अमुम्, विपाकम्, पश्यत ॥१५६॥

जिसके पास [उसे मना कर अपने पास बुलाने के लिये] दूती को भेजा था

'तस्मिन्नेव लयं गते'ति नायके दूत्याः स्वाच्छन्द्यं दर्शितम्। यथा वा—

नपुंसकमिति ज्ञात्वा तां प्रति प्रेषितं मनः।
तत्तु तत्रैव रमते हताः पाणिनिना वयम्॥१५७॥

एतानि सर्वथैवेष्टानवाप्तेरुदाहरणानि।

कदाचिदिष्टावाप्तिपूर्वक-तदनवाप्तिर्यथा—मदीये वरदराजस्तवे—

भानुर्निशासु भवदङ्घ्रिमयूखशोभा-
लोभात्प्रताप्य किरणोत्करमाप्रभातम्।
तत्रोद्धृते हुतवहात्क्षणलुप्तरागे
तापं भजत्यनुदिनं स हि मन्दतातः॥१५८॥

विषममित्याह— **क्वचिदिति**। अत्र उदाहरणद्वयं स्वकृतवरदराजस्तवगतं दर्शयति— **भानुरिति**। प्रथमश्लोकस्य तात्पर्यमाह— **अत्र हीति**। भानुर्भगवच्च-

---

वह दूती उसी व्यक्ति में लीन हो गई। अरे सखियों! मेरी मूर्खता को अथवा दैव के इस दुर्विपाक को देखो।

'उसी में लीन हो गई'— इस कथन से नायक के साथ दूती की स्वच्छन्दता (निर्बाध रमण) दिखलायी गयी है। [यहाँ नायिका ने दूती को अपना कार्य सिद्ध करने के लिये भेजा था वह उसका कार्य न करके स्वयं ही स्वच्छन्दतापूर्वक रमण करने लगी। इसमें भी नियोक्ता के इष्ट की अनवाप्ति है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वय : — नपुंसकम्, इति, ज्ञात्वा, मनः, ताम्, प्रति, प्रेषितम्, तत्, तु, तत्र, एव, रमते, वयम्, पाणिनिना, हताः ॥१५७॥

'मन नपुंसकलिङ्ग वाला है'— यह सोचकर हमने उसे प्रिया के पास (अपना सन्देशवाहक दूत बनाकर) भेजा था, किन्तु वह मन तो स्वयं वहीं पर रमण करने लगा। हाय, पाणिनि ने सचमुच हमें मार डाला।

[इसमें नियोक्ता का इष्ट सिद्ध न करके अपना इष्ट सिद्ध करने के कारण इष्ट की अप्राप्तिरूप 'विषम' अलंकार है।] ये सभी सर्वथा इष्ट की अनवाप्ति के उदाहरण [दिखलाये गये] हैं।

कभी-कभी इष्ट की प्राप्ति के बाद इष्ट की अप्राप्ति भी वर्णित होती है। जैसा कि मेरे वरदराजस्तव में है—

अन्वयः— भानुः, भवदङ्घ्रि-मयूख-लोभात्, निशासु, किरणोत्करम्, आप्रभातम्, प्रताप्य, तत्र, हुतवहात्, उद्धृते, क्षणलुप्तरागे, अनुदिनम्, तापम्, भजति, हि, सः, मन्दतातः, अस्ति॥१५८॥

यथा वा —

त्वद्वक्त्रसाम्यमयमंबुजकोशमुद्रा-
भंगात्त-तत्सुषममित्रकरोपक्लृप्त्या ।
लब्ध्वापि पर्वणि विधुः क्रमहीयमान-
श्शंसत्यनीत्युपचितां श्रियमाशुनाशाम् ॥१५९॥

रणमयूखानां या शोभा सा स्वकिरणेषु स्यादितीहमान: आप्रभातं स्वयमग्नौ प्रविश्य स्वकिरणसमूहं हुतवहे तप्तं कृत्वा तस्मादुद्धृते तस्मिन्क्षणेन लुप्ते तप्तोद्धृत-नाराचत्तापं गच्छति। यावद्रागानुवृत्ति भानोरौष्ण्यमनभिव्यक्तं पश्चादभिव्यक्तं भवति स एव तापो भगवदंघ्रिमयूखशोभाप्राप्तिलक्षणनिजेष्टस्य सार्वत्रिकाप्राप्तिकृतानुतापस्त-मनुदिनं भजति।

नन्वेकस्मिन्दिने स्वप्रयासानर्थक्यदर्शने कथमनुदिनमाप्रभातं प्रयासानुभव इत्थमित्यपेक्षायां 'स हि मन्दतात' इत्युक्तम्। स: यस्मादस्य शनैश्चरस्य मन्दबुद्धे: पिता। 'पितृगुणा: खलु पुत्रेषु संक्रामन्ती'ति प्रसिद्धिरिति । ततश्चात्र सूर्यस्य महत्यपि तथाविधे प्रयत्ने तात्कालिकेष्टावाप्तिरेव, न सार्वकालिकीति प्रतिपादनादिदमपि विषममित्यर्थ:।

हे भगवन् ! यह सूर्य आपके चरणों की किरणों की शोभा (प्राप्त करने) के लोभ से सभी रात्रियों में सायंकाल से लेकर प्रभात काल तक अपने किरण-समूह को तपाता रहता है, उसके बाद प्रात:काल आग से किरणों को निकाल लेने पर क्षण भर में (अग्निसंपर्कजन्य) लालिमा दूर हो जाती है और वह पूरे दिन ताप का अनुभव करता रहता है क्योंकि वह सूर्य मन्द=मन्दबुद्धि शनैश्चर का पिता है। [मन्दस्य=शनैश्चरस्य तात=पिता इति मन्दतात:। शनि को सूर्य का पुत्र कहा गया है। चूँकि पुत्र मन्द है अत: पिता भी मन्द है। वह दिन में भगवान् के चरणों का लाभ नहीं उठाता है अतएव सन्तप्त रहता है। किसी ने 'मन्दताप:' पाठ मानकर 'मन्दतापवाला सूर्य' ऐसा अर्थ किया जो उचित नहीं प्रतीत होता है। इसके लिये रसिकरञ्जनी देखें।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वय :— अयम्, विधु:, अम्बुजकोशमुद्राभङ्गात्त—तत्सुषममित्रकरोपक्लृप्त्या, पर्वणि, त्वद्वक्त्रसाम्यम्, लब्ध्वा, अपि, क्रमहीयमान:, अनीत्युपचिताम्, श्रियम्, आशुनाशाम्, शंसति ॥१५९॥

(कोई भक्त भगवान् की प्रशंसा में कह रहा है—) हे भगवन् ! यह चन्द्रमा कमलकोशरूपी खजाने में मुद्रा=सील, ताला आदि तोड़कर उसकी

अत्र ह्याद्यश्लोके सूर्यकिरणानां रात्रिष्वग्निप्रवेशनमागमसिद्धम्[१]। सूर्यस्य निजकिरणेषु भगवच्चरणकिरणसदृशारुणिमप्रेप्सया तत्कृतं तेषामग्नौ प्रतापनं परिकल्प्य तेषामुदयकालदृश्यमरुणिमानं च तप्तोद्धृतनाराचानामिवाग्निसन्तापन-प्रयुक्तारुणिमानुवृत्तिं परिकल्प्य सूर्यस्य महतापि प्रयत्नेन तात्कालिकेष्टावाप्तिरेव जायते न सार्वकालिकेष्टावाप्तिरिति दर्शितम्।

द्वितीयश्लोके चन्द्रस्य भगवन्मुखलक्ष्मीं लिप्समानस्य सुहृत्त्वेन मित्रशब्द-

---

सुषमा (शोभा) को ग्रहण कर लेने वाले अपने मित्र के हाथों (सूर्य की रश्मियों) के उपकार से पर्व=पूर्णिमा के दिन (किसी प्रकार) आपके मुख का साम्य अर्थात् आपके मुख की कान्ति के समान कान्ति प्राप्त करके भी क्रमश: (प्रतिपदा आदि तिथियों में) क्षीण होता हुआ— 'अनीति के द्वारा बढ़ी हुई सम्पत्ति=लक्ष्मी को शीघ्र ही नष्ट होने वाली सूचित करता है।

इनमें प्रथम श्लोक में (वर्णित) सूर्य की किरणों का रात्रिकाल में अग्नि में प्रविष्ट होना वेदादि ग्रन्थों में प्राप्त है। सूर्य की अपनी किरणों में भगवान् के चरणों की अरुणिमा (लालिमा) के समान लालिमा प्राप्त करने की इच्छा से सूर्य के द्वारा आग में उन किरणों के किये प्रतपनं (तपामा) की कल्पना करके और उदय काल में दिखाई देने वाली (उन किरणों की) लालिमा को आग में तपाने के बाद आग से निकाले गये बाणों के समान अग्नि में तपाने से होने वाली लालिमा की अनुवृत्ति की कल्पना करके सूर्य को बहुत बड़े प्रयत्न द्वारा भी केवल कुछ समय के लिये इष्टसिद्धि उत्पन्न होती है न कि सर्वकालिक इष्टसिद्धि होती है— यही दिखलाया गया है। [भाव यह है कि सूर्य भगवान् विष्णु के चरणों की शोभा=लालिमा को प्राप्त करने के लिये अपनी किरणों को सारी रात आग में तपाता रहता है। इसके फलस्वरूप उसे तपती आग में डालकर निकाले गये बाणों की लालिमा के समान अपनी किरणों में भी कुछ देर के लिये अर्थात् उदयकालपर्यन्त के लिये लालिमा मिल पाती है। केवल कुछ समय के लिये ही भगवान् के चरणों की लालिमा के समान लालिमा प्राप्त करने के लिये सूर्य को कितना अधिक प्रयत्न करना पड़ता है। इससे स्पष्ट है कि सूर्य की इष्टसिद्धि तो होती है किन्तु कुछ ही समय के लिये न कि सदैव के लिये। अत: यहाँ 'विषम' अलंकार है।]

द्वितीय श्लोक में भगवान् के मुख की शोभा प्राप्त करने के इच्छुक चन्द्रमा के, 'मित्र' शब्द में श्लेष के द्वारा सूर्य को 'मित्र'=सुहृद के रूप में

---

[१] "तस्माद्दिवाग्निरादित्यं प्रविशति रात्रावादित्यस्तम्।"

श्लेषवशात्सूर्यं परिकल्प्य तत्किरणस्य कमलमुकुलविकासनं चन्द्रानुप्रवेशनं च सुहृत्पाणेर्भगवन्मुखलक्ष्मीनिधानकोशगृहमुद्रामोचनपूर्वकं ततो गृहीतभगवन्मुखलक्ष्मीकस्य तया भगवन्मुखलक्ष्म्या चन्द्रप्रसाधनार्थं चन्द्रस्पर्शरूपं च परिकल्प्यैतावतापि प्रयत्नेन पौर्णमास्यामेव भगवन्मुखसाम्यरूपेष्टावाप्तिर्जायते, न सार्वकालिकीति दर्शितम्।

द्वितीयश्लोकस्याभिप्रायमाह— द्वितीयश्लोक इति। तत्र चन्द्रमसो भगवन्मुखसाम्यं प्रेप्सतः सुहृद्भावेन सूर्यं परिकल्प्य तदीयकिरणजालस्य चन्द्रानुप्रवेशमागमसिद्धं सुहृत्करात् भगवन्मुखे लक्ष्मीनिधानकोशगृहभङ्गपूर्वकं ततो गृहीतभगवन्मुखलक्ष्म्या चन्द्रप्रसाधनार्थं चन्द्रस्पर्शरूपतया परिकल्प्य, इयतापि प्रयासेन पौर्णमास्यामेवेष्ट=प्राप्तिर्न सर्वदेति प्रतिपादनात्प्रागुक्तं विषममत्राप्यविकलमिति भावः। अत्राद्यश्लोके विषमालङ्कारस्तावत्स्पष्टः। तस्य च 'शोभालोभा'दिति निदर्शनया 'प्रताप्य उद्धृत' इत्यतिशयोक्तिभ्यां तापशब्दश्लेषेण च सङ्करः। तेन चाप्रस्तुतभानुवृत्तान्तवर्णनेन भगवच्चरणकिरणानां सर्वाधिकारुणिमोत्कर्षप्रतीतेरप्रस्तुतप्रशंसोत्थापकतया तयोस्सङ्करः।

कल्पित करके उस (सूर्य) की किरणों द्वारा कमलमुकुलों का विकास (प्रस्फुटन=खिलाना) तथा चन्द्रमा में अनुप्रवेश— सुहृत् सूर्य के हाथ=किरण से भगवान् की मुखशोभा के निधान (आधार) भूत कोशगृह (भाण्डागार) की मुद्रा=ताला को तोड़ना और इसके बाद वहाँ से भगवान् की मुखशोभा को ले लेना, उस भगवन्मुखशोभा से चन्द्रमा को सुशोभित करने के लिये अर्थात् चन्द्रमा को देने के लिये उस चन्द्रमा का स्पर्श करना— इतने प्रयत्न करके भी केवल पौर्णमासी के दिन ही भगवन्मुखशोभासाम्य रूप इष्ट की प्राप्ति होती है, सदा के लिये नहीं होती है— यह दिखलाया गया है। [भाव यह है कि द्वितीय श्लोक में 'मित्र' शब्द है जो श्लेष द्वारा 'सूर्य' और 'सुहृद्' दोनों अर्थों को बतलाता है। चन्द्रमा को भगवन्मुखशोभा प्राप्त करने की इच्छा हुई। उसने सूर्य को मित्र बनाया और सूर्य की किरणों से कमलमुकुल का विकसित होना तथा चन्द्रमा में अनुप्रवेश होना सिद्ध है। अतः उन किरणों ने भगवन्मुखशोभा के भाण्डागारभूत कोशगृह की मुद्रा=ताला को तोड़ा (कमलों को खिलाया, विकसित किया) वहाँ से भगवन्मुखशोभा लेकर चन्द्रमा को सजाने या प्रसन्न करने के लिये उसका स्पर्श किया— इतने सब प्रयत्न से चन्द्रमा को भगवन्मुखशोभा की समानता रूप इष्टसिद्धि तो मिलती है किन्तु वह केवल एक रात्रि अर्थात् पूर्णिमा की रात्रि के लिये, सदैव के

क्वचिदिष्टानवाप्तावपि तदवाप्तिभ्रमनिबन्धनाद्विच्छित्तिविशेषः ।
यथा—

बल्लालक्षोणिपाल! त्वदहितनगरे सञ्चरन्ती किराती
रत्नान्यादाय कीर्णान्युरुतरखदिराङ्गारशङ्काकुलाङ्गी ।
क्षिप्त्वा श्रीखण्डखण्डं तदुपरिमुकुलीभूतनेत्रा धमन्ती
श्वासामोदप्रसक्तैर्मधुकरपटलैर्धूमशङ्कां करोति ॥१६०॥

अत्र प्रभूताग्निसंपादनोद्योगात्तत्संपादनालाभेऽपि तल्लाभभ्रमोधूमभ्रमोपन्यासमुखेन दर्शितः ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे विषमप्रकरणम् ॥३७॥

****

द्वितीयेऽपि विषमालङ्कारः स्पष्ट एव। 'त्वद्वक्त्रसाम्यं लब्ध्वे'ति प्रसिद्धोपमानस्योपमेयत्वकल्पनात् प्रतीपालङ्कारः। कोशमुद्राशब्दयोः श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायरूपातिशयोक्तिः कमलमुकुलविकासनस्य तत्रत्यभगवन्मुखलक्ष्मीग्रहणार्थसुहृत्करव्यापारत्वकल्पनया तद्विकासकमित्रकिरणसमूहगतचन्द्रानुप्रवेशस्य गृहीतया भगवन्मुखलक्ष्म्या चन्द्रप्रसाधनार्थंसुहृत्करव्यापारत्वस्य च कल्पनया अतिशयोक्तिः। 'शंसती'त्यनेन स्वयं दृष्टान्तीभूतोऽन्यायोपार्जिता श्रीराशुनाशेति परान्प्रति बोधयतीति प्रतिपादनात्सम्भवद्वस्तुसम्बन्धनिबन्धनमित्येतेषां सङ्करः।

वास्तवेष्टानवाप्तावपि तदवाप्तिभ्रमनिबन्धनेनेदं विषमं सम्भवतीत्याह— **क्वचिदिति** । उदाहरति— **बल्लालेति** । तत्र विषमप्रकारं योजनति— **अत्रेति** ॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां विषमप्रकरणम् ॥३७॥

****

लिये नहीं। इस प्रकार इन दोनों ही उदाहरणों में इष्टावाप्तिपूर्वक इष्ट की अनवाप्ति का वर्णन होने से 'विषम्' अलंकार के उदाहरण बन गये हैं।]

कहीं-कहीं (वास्तव में) इष्ट की प्राप्ति न होने पर भी इष्टप्राप्ति का भ्रम होता है जिससे विच्छित्ति=काव्यसौन्दर्यविशेष देखा जाता है।

इसका उदाहरण—

अन्वयः— हे वल्लालक्षोणिपाल!, त्वदहितनगरे, सञ्चरन्ती, किराती, कीर्णानि, रत्नानि, आदाय, उरुतर-खदिराङ्गार-शङ्काकुलाङ्गी, तदुपरि, श्रीखण्ड-खण्डम्, क्षिप्त्वा, मुकुलीभूतनेत्रा, धमन्ती, श्वासामोदप्रसक्तैः, मधुकरपटलैः, धूमशङ्काम्, करोति ॥१६०॥

---

३८. अथ समम् —

समं[1] स्याद्वर्णनं यत्र द्वयोरप्यनुरूपयोः ।
स्वानुरूपं कृतं सद्म हारेण कुचमण्डलम् ।।९०।।

प्रथमविषमप्रतिद्वन्द्वीदं समम् ।

विषमप्रतिद्वन्द्विसमालङ्कारं लक्षयति— सममिति । अनुरूपघटनवर्णनं

(कोई कवि विजय के पश्चात् वल्लालनरेश की प्रशंसा कर रहा है—) हे वल्लालनामक राजन् ! तुम्हारे (पराजित अतएव पलायित) शत्रुओं के नगर में घूमती फिरती कोई किरात स्त्री इधर-उधर बिखरे पड़े रत्नों को उठाकर, उनमें उग्र जलते हुये खैर के अंगारों की शंका से व्याकुल होती हुई, उन (रत्नों, पर चन्दन की लकड़ी के टुकड़े रखकर, आँखें बन्द करके (मुख से) फूँकती हुई, निश्वास की सुगन्ध से आकर एकत्रित हुये भौंरों के समूह से धुयें की शंका=भ्रान्ति कर रही है।

इसमें प्रचुर अग्नि बनाने के प्रयास से भी उस (अग्नि) का लाभ नहीं हो पा रहा है, फिर भी उसके लाभ के भ्रम को धुयें के भ्रम के कथन के माध्यम से दिखलाया गया है। [यहाँ किराती ने रत्नों को अंगारा समझा । उन पर चन्दन की लकड़ियाँ रखीं और मुख से फूँकना प्रारम्भ कर दिया। चन्दन की लकड़ियों को फूँकने से श्वास सुगन्धित हो गयी जिससे भौंरे एकत्रित हो गये। उसे लगा कि यह धुआँ निकल रहा है और आग अब जलने ही वाली है। इस प्रकार यहाँ इष्ट=अवप्राप्ति नहीं हो रही है किन्तु उसका भ्रम है । इसलिये 'विषम' अलङ्कार का उदाहरण बन गया है ।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'विषम' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।३७।।

****

३८. सम अलङ्कार—

(१) प्रथम भेद

अन्वयः— यत्र, द्वयोः, अनुरूपयोः, वर्णनम्, स्यात्, (तत्र), समम्, (इति अलङ्कारः अस्ति)। हारेण, कुचमण्डलम्, स्वानुरूपम्, सद्म, कृतम् ।।९०।।

---

[1] चन्द्रालोके तु, 'सममौचित्यतोऽनेकवस्तुसम्बन्धवर्णनम्। अनुरूपं कृतं सद्म हारेण कुचमण्डलम्।।' इति पाठः।

यथा वा—

कौमुदीव तुहिनांशुमण्डलं जाह्नवीव शशिखण्डमण्डनम्।
पश्य कीर्तिरनुरूपमाश्रिता त्वां विभाति नरसिंह्मभूपते ॥१६१॥

यथा वा—

चित्रं चित्रं बत बत महच्चित्रमेतद्विचित्रं
जातो दैवादुचितघटनासंविधाता विधाता।
यन्निम्बानां परिणतफलस्फीतिरास्वादनीया
यच्चैतस्याः कवलनकलाकोविदः काकलोकः॥१६२॥

पूर्वस्तुतिपर्यवसायीदं तु निन्दापर्यवसायीति भेदः।

यत्तदाद्य-विषमप्रतिद्वन्द्वी समालङ्कारोऽयमित्यर्थः। उदाहरणे कुचभारयोरनुरूपयोर्घटनं वर्णितमितीदं सममिति भावः। पूर्वोदाहरणतोऽत्र विशेषमाह— पूर्वमिति।

लक्षण— जहाँ दो अनुरूप (योग्य) पदार्थों का वर्णन होता है वहाँ 'सम' अलंकार होता है।

उदाहरण— हार ने [इस सुन्दरी के] कुचमण्डल को अपने योग्य आश्रय=निवास स्थान बना लिया है।

[पूर्वोक्त] विषम अलंकार के प्रथम भेद ('विषमं वर्ण्यते यत्र घटनाननुरूपयोः') का यह प्रतिद्वन्द्वी 'सम' अलंकार है।

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— हे नरसिंहभूपते!, पश्य, तुहिनांशुमण्डलम्, कौमुदी, इव, शशिखण्ड-मण्डनम्, जाह्नवी, इव, अनुरूपम्, त्वाम्, आश्रिता, कीर्तिः, विभाति ॥१६१॥

हे नरसिंह महाराज! देखिये, चन्द्रमण्डल को प्राप्त की हुई चाँदनी के समान, शशिखण्डमण्डन=शशिशेखर भगवान् शंकर को प्राप्त की हुई गङ्गा के समान यह कीर्ति अपने योग्य आपको प्राप्त कर शोभित हो रही है। [जैसे चाँदनी चन्द्रमा के साथ, गङ्गा शंकर के साथ शोभित होती है वैसे ही यह कीर्ति अपने अनुरूप आपको पाकर शोभित हो रही है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— चित्रम्, चित्रम्, बत, बत, महत्, चित्रम्, एतद्, विचित्रम्, विधाता, दैवात्, उचितघटनासंविधाता, जातः, यत्, निम्बानाम्, परिणतफल-स्फीतिः, आस्वादनीया, यत्, च, एतस्याः, कवलनकलाकोविदः, काकलोकः [सृष्टः] ॥१६२॥

सारूप्यमपि[१] कार्यस्य कारणेन समं विदुः ।
नीचप्रवणता लक्ष्मि ! जलजायास्तवोचिता ।।९१।।

इदं द्वितीयविषमप्रतिद्वन्द्वि समम्।

द्वितीयं समालङ्कारमाह— सारूप्यमिति । कार्यकारणयोः सारूप्यं=समानगुणत्वं द्वितीयं समम्। उदाहरणे नीचप्रवणादुदकादुद्भूताया लक्ष्म्या नीचप्रवणत्वं

आश्चर्य है आश्चर्य है, अरे अरे ! बहुत आश्चर्य है, यह विचित्र है कि दैवयोग से ब्रह्मा योग्य घटना=कार्य को कराने वाला बन गया। क्योंकि (पहले तो) नीम के पके हुये फलों की वृद्धि अर्थात् ढेर के ढेर नीम के पके फलों को आस्वाद करने योग्य बनाया और (दूसरा) यह कि उनके खाने की कला में पटु कौवे (बनाये हैं)।

[एक और कटु निम्बफल दूसरी ओर काँव-काँव करने वाला कौवा। इन दोनों के भक्ष्याभक्षकभाव सम्बन्ध का निर्माण करने वाला ब्रह्मा वास्तव में योग्य के लिये योग्य का निर्माता है।]

प्रथम उदाहरण का पर्यवसान स्तुति=प्रशंसा में होता है। [क्योंकि कवि राजा की स्तुति करना चाहता है] किन्तु इस दूसरे उदाहरण का पर्यवसान निन्दा में होता है। [क्योंकि कटुनिम्बफल का और कटुभाषी कौवे का स्रष्टा ब्रह्मा ही है।]

२. सम का द्वितीय भेद—

अन्वयः— कार्यस्य, कारणेन, समम्, सारूप्यम्, अपि, समम्, विदुः ।
हे लक्ष्मि ! जलजायाः, तव, नीचप्रवणता, उचिता ।।९१।।

लक्षण— जहाँ कार्य का कारण के साथ सारूप्य=समानगुणत्व है वहाँ भी 'सम' अलंकार होता है ।

उदाहरण— हे लक्ष्मि ! जल (=जड़, मूर्ख) में उत्पन्न होने वाली तुम्हारी नीच के प्रति आसक्ति उचित ही है। [श्लेष में ड और ल में भेद नहीं माना जाता है। अतः जल में उत्पन्न होने से जल के समान नीचे की ओर जाना और जड़=मूर्खों में उत्पन्न, मूर्खों के पास होने से नीच लोगों के प्रति तुम्हारा लगाव उचित ही है क्योंकि कार्यकारण का समान गुण वाला होना प्रसिद्ध है।]

यह सम विषम के द्वितीय भेद ('विरूपकार्यस्योत्पत्तिरपरं विषमं मतम्') का प्रतिद्वन्द्वी=विरोधी है।

---

[१] अयं भेदः चन्द्रालोके नोक्तः।

यथा वा—

दवदहनादुत्पन्नो धूमो घनतामवाप्य वर्षैस्तम्।
यच्छमयति तद्युक्तं सोऽपि हि दवमेव निर्दहति ॥१६३॥

यथा वा—

आदौ हालाहलहुतभुजा दत्तहस्तावलम्बो
बाल्ये शंभोर्निटिलमहसा बद्धमैत्रीनिरूढः।
प्रौढो राहोरपि मुखविषेणान्तरङ्गीकृतो यः
सोऽयं चन्द्रस्तपति किरणैर्मामिति प्राप्तमेतत् ॥१६४॥

युक्तमिति प्रतिपादनादिदं द्वितीयविषमप्रतिद्वन्द्वि सममिति भावः। उदाहरणान्तरमाह— **दवदहनादिति।** अत्रापि दवदहनोद्भवस्यधूमस्य स्वकारणदवदहनगतं स्वकारणविरोधित्वं दवदहनशमयितृत्ववर्णनेन प्रतिपादितमितीदं सममिति भावः। उदाहरणान्तरमाह— **आदाविति।** अत्र चन्द्रस्योत्पत्तिप्रभृति दुष्टसंसर्गतस्तदीयपरोद्वेजकत्वधर्मसंक्रान्तेरिदमपि सममेवेति भावः। अत्र चन्द्रहालाहलादीनां यद्यपि

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— दवदहनात्, उत्पन्नः, धूमः, घनताम्, अवाप्य, वर्षैः, तम्, यत्, शमयति, तद्, युक्तम्, हि, सः, अपि, दवम्, एव निर्दहति ॥१६३॥

दवदहन=दावाग्नि से उत्पन्न हुआ धुआँ बादल का रूप प्राप्त कर वर्षा से उस दावाग्नि को ही जो शान्त कर देता है, बुझा देता है, वह तो बिल्कुल ठीक ही है क्योंकि वह (दावाग्नि) भी तो [दव=वन से उत्पन्न होकर] उस वन को ही जला डालता है। [दव=दावौ-वनारण्यवह्नी।' (अमरकोश ३-३-२१५)। वनं=काननम्, अरण्यवह्निः= वनाग्निश्च— उभौ दव-दावौ स्याताम्।' इसके अनुसार दव और दाव दोनों के दो-दो अर्थ हैं— वन और वनाग्नि। वन से उत्पन्न वनाग्नि जैसे वन को जलाकर नष्ट कर देती है, उसी प्रकार वनाग्नि=दावाग्नि से निकला हुआ धुआँ भी बादल बनकर वर्षा करके अपने उपादान कारणभूत दावाग्नि को बुझा देता है, समाप्त कर देता है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— यः, आदौ, हलाहलहुतभुजा, दत्तहस्तावलम्बः, बाल्ये, शम्भोः, निटिलमहसा, बद्धमैत्रीनिरूढः, प्रौढः, राहोः, अपि, मुखविषेण, अन्तरङ्गीकृतः, सः, अयम्, चन्द्रः, किरणैः, माम्, तपति, इति, एतत्, प्राप्तम् ॥१६४॥

पूर्वत्र कारणस्वभावानुरूप्यं कार्यस्यात्रागन्तुकतदीयदुष्टसंसर्गानुरूप्यमिति भेदः।

विनानिष्टं च तत्सिद्धिर्यदर्थं कर्तुमुद्यमः ।
युक्तो वारणलाभोऽयं स्यान्न ते वारणार्थिनः ।।९२।।

न कार्यकारणभावस्तथापि सदसत्सङ्गतेस्सदसद्गुणदोषसंक्रामकत्वस्य प्रसिद्धतया तथाविधसंसर्गशालिनोः कार्यकारणतुल्ययोगक्षेमतया तदानुरूप्यमपि सममेवेत्यभिप्रेत्याह— **पूर्वत्रेति।**

तृतीयविषमप्रतिद्वन्द्वि सममाह— **विनेति।** यदर्थः=यस्येष्टस्य सिद्ध्यर्थः

[विरह-सन्तप्त कोई नायिका चन्द्रमा की निन्दा कर रही है—] यह चन्द्रमा आदि अवस्था में [समुद्र के भींतर] हालाहल विष की आग के द्वारा सहारा प्राप्त कराया गया, [चन्द्र और हालाहल विष आदि सभी समुद्र से ही निकले हैं।] उसके बाद बाल्यावस्था में भगवान् शंकर के मस्तक की अग्नि के साथ मित्रता बनाकर बड़ा हुआ, प्रौढ़ होकर भी राहु के मुख में स्थित विष से अन्तरङ्गता प्राप्त की— वही चन्द्रमा अब अपनी किरणों से मुझे तपा (जला) रहा है— यह तो न्यायप्राप्त (उचित) ही है। [भाव यह है कि जन्म से लेकर प्रौढ़ अवस्था तक जिसे उष्णता=दाहकता-शक्तिवालों का संसर्ग मिला हो तो उसका स्वरूप भी दाहक ही होना चाहिये, यह उचित ही है। यहाँ यद्यपि कार्य-कारणभाव स्पष्ट नहीं है तथापि सदसत् की संगति के गुण दोष तो संक्रान्त होते ही हैं। अतः इसे भी कारण=कार्यभाव के तुल्य ही समझ लेना चाहिये।]

पहले वाले उदाहरण में कारण के स्वभाव के अनुरूप कार्य का होना वर्णित है और इस प्रस्तुत पद्य में चन्द्रमा के आगन्तुक गुण जो उसके दुष्टसंसर्ग से हुए हैं, उनकी अनुरूपता का वर्णन है, यह भेद है। [भाव यह है कि पहले उदाहरण में तो कारण और कार्य का आनुरूप्य स्वभाव को मान कर है। कारण का जो स्वभाव है वह कार्य में भी आया है। किन्तु यहाँ संसर्गवशात् गुण आया है क्योंकि चन्द्रमा का संसर्ग ऐसों के साथ रहा है जो जलाने वाले हैं। अतः संसर्गजन्य गुण के प्रभाव का वर्णन है।]

---

१. अयं भेदोऽपि न चन्द्रालोकस्थः इति वेद्यम्।

इदं सममनिष्टस्याप्यवाप्तिश्चेत्यर्थसंगृहीतस्य त्रिविधस्यापि विषमस्य प्रतिद्वन्द्वि, इष्टावाप्तेरनिष्टस्याप्रसङ्गाच्च। अत्र गजार्थितया राजानमुपसर्पन्तं तद्दौवारिकैर्वार्यमाणं प्रति नर्मवचनमुदाहरणम्। न चात्र निवारणमनिष्टमापन्नमित्यनुदाहरणत्वं शङ्कनीयम्, राजद्वारि क्षणनिवारणं सम्भावितमिति तदङ्गीकृत्य प्रवृत्तस्य विषमालङ्कारोदाहरणेष्वि-

---

कर्तुर्व्यापारस्य चेदनिष्टं विना तस्येष्टस्य साधकस्तदपि सममित्यर्थः। **त्रिविधस्येति।** स्वगतसुखदुःखाभावसाधनगोचरतया परानिष्टप्रापणरूपेष्टगोचरतया च कर्तृमुद्यमस्य त्रिविधतया त्रिविधस्येत्यर्थः। उदाहरणे गजार्थितया राजद्वारमुपगतं द्वाराधिकृतैर्निरुध्यमानं प्रति परिहासोक्तौ वारणार्थोद्यमादिष्टसिद्धेरनिष्टा-

---

३. 'सम' का तृतीय भेद—

अन्वयः— यदर्थम्, कर्तुम्, उद्यमः, अनिष्टम्, विना, तत्सिद्धिः, च, (समम्) अलङ्कारः। वारणार्थिनः, ते, अयम्, वारणलाभः, युक्तः, न, स्यात्? ॥९२॥

लक्षण— जिस अर्थ (कार्य, फलप्राप्ति) के लिये कार्य करने का उद्यम किया जाता है, उस वस्तु की प्राप्ति यदि बिना किसी अनिष्ट के हो जाती है तो वहाँ भी 'सम' अलंकार (का तृतीय भेद) होता है।

उदाहरण— हाथी पाने की इच्छा करने वाले तुम्हें हाथी मिलना ठीक नहीं है क्या? अर्थात् ठीक ही है।

यह तृतीय प्रकार का सम अलंकार 'अनिष्टस्याप्यवाप्तिश्च' (कारिका ८९) इससे संगृहीत तीसरे प्रकार के विषम के तीनों अवान्तर उपभेदों का प्रतिद्वन्द्वी=उल्टा है, क्योंकि [इसमें] इष्ट की प्राप्ति तो होती है किन्तु अनिष्ट का कोई प्रसङ्ग नहीं आता है [जबकि विषम में अनिष्ट की प्राप्ति भी होती है।]

उपर्युक्त पद्य में हाथी माँगने की इच्छा से राजा के पास जाते हुये किन्तु राजा के द्वारपालों द्वारा (जाने से) रोके जाते हुए किसी याचक के प्रति (किसी अन्य व्यक्ति द्वारा) नर्म वचन=परिहासोक्ति है। [उदाहरण का भाव यह है कि याचक हाथी माँगने राजा के पास जा रहा था, द्वारपाल उसे रोक रहे थे, किसी प्रकार राजा को उसकी इच्छा ज्ञात हो गई, उसे हाथी दे दिया गया। अब उस पर हँसता हुआ कोई कह रहा है— 'अरे भाई, तुम हाथी माँगना चाह रहे थे वह तुम्हें मिल गया ठीक ही है न?' यहाँ केवल इष्ट की प्राप्ति वर्णित है जिसके लिये उद्यम किया जा रहा था। अतः 'सम' अलंकार है।]

वातर्कितोत्कटानिष्टापत्त्यभावात्। किं च यत्रातर्कितोत्कटानिष्टसत्त्वेऽपि श्लेषमहिम्नेष्टार्थत्वप्रतिपत्तिः तत्रापि समालङ्कारोऽप्रतिहत एव।

यथा —

उच्चैर्गजैरटनमर्थयमान एव
त्वामाश्रयन्निह चिरादुषितोऽस्मि राजन्!।
उच्चाटनं त्वमपि लम्भयसे तथैव
मामद्य नैव विफला महतां हि सेवा ॥१६५॥

ननुबन्धिन्याः प्रतिपादनादुक्त संयुज्यत इति भावः। **उत्कटेति**। सर्वत्र समीहितकार्यसिद्धौ नान्तरीयकानिष्टस्य सद्भावेनानिष्टविनाकृतेष्टस्याप्रसिद्ध्या लक्षणे उत्कटानिष्टविनाकृतेष्टसिद्धेर्विवक्षिततया उक्तदोषासिद्धेरिति भावः।

ननु, यत्र उत्कटानिष्टसत्वेऽपि श्लेषबलादिष्टार्थप्रतिभासेनानिष्टप्रतिलम्भप्रतीतिस्तत्र समविशेषे उत्कटानिष्टविनाकृतत्वाभावादव्याप्तिरित्याशङ्क्य उत्कटानिष्टप्रतिभासविनाकृतेष्टलाभप्रतीतिमात्रस्यैव समालङ्कारप्रयोजकत्वमित्यभिप्रेत्याह— **किं चेति**। अत्रोदाहरणमाह— **उच्चैरिति**। अत्रोच्चगजाटनमभिलषतो ममोच्चाटनं प्राप्तमिति वाक्यार्थो नैव विफल इत्यर्थान्तरन्यासापोस्कृतः प्रतीयते।

यह कि (द्वारपालों द्वारा) 'रोका जाना' तो अनिष्ट की प्राप्ति है अतः यह उदाहरण बनाना ठीक नहीं है— ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। राजद्वार पर कुछ देर के लिये रोका जाना संभावित है, यह मानकर ही वह याचक प्रवृत्त हुआ था। इसलिये जैसा विषम अलंकार के उदाहरणों में अतर्कित उत्कट अनिष्ट आ जाता है वैसा अनिष्ट (राजद्वार पर क्षण भर के लिये रोके जाने से) नहीं होता है। [भाव यह है कि विषम के उदाहरणों में तो अतर्कित=अचानक कोई उत्कट अनिष्ट आ ही जाता है। जब कि यहाँ उस याचक को ज्ञात था कि राजा से मिलने से पूर्व राजद्वार पर कुछ देर के लिये उसे रोका जायगा। बाद में अनुमति मिलेगी और मनोरथ पूरा होगा। वही हुआ। अतः यह विषम का उदाहरण नहीं बन सकता, इसके अतिरिक्त जहाँ अतर्कित=असंभावित उत्कट अनिष्ट के रहने पर भी श्लेष की महिमा से इष्ट वस्तु की प्राप्ति हो जाती है वहाँ भी बिना किसी बाधा के 'सम' अलंकार होता ही है]

जैसा कि इस उदाहरण में है—

अन्वयः— हे राजन्!, उच्चैः, गजैः, अटनम्, अर्थयमानः, एव, त्वाम्, आश्रयन्, इह, चिरात्, उषितः, अस्मि। अद्य, त्वम्, अपि, माम्, तथा, एव, उच्चाटनम्, लम्भयसे, हि, महताम्, सेवा, नैव, विफला ॥१६५॥

अत्र यद्यपि व्याजस्तुतौ स्तुत्या निन्दाभिव्यक्तिविवक्षायां विषमालङ्कारः, तथापि प्राथमिकस्तुतिरूपवाच्यविवक्षायां समालङ्कारो न निवार्यते।

एवं यत्रेष्टावाप्तिसत्त्वेऽपि श्लेषवशादसतोऽनिष्टार्थस्य प्रतीतिस्तत्रापि समालङ्कारस्य न क्षतिः। यथा—

नन्वत्र व्याजस्तुतौ स्तुत्या निन्दाभिव्यक्तिरूपद्वितीयकक्ष्यायामिष्टविपरीतार्थप्रतिभासेन विषमालङ्कारस्यैव प्रतीतेर्न समालङ्कारो युज्यत इति शङ्कते— **अत्रेति। प्राथमिकेति।** तथा च वाच्यकक्ष्यायामुच्चाटनशब्दश्लेषमहिम्ना इष्टार्थप्रतीत्या समालङ्कारो युक्त इति भावः। वस्तुसदिष्टप्राप्तिसद्भावेऽपि यत्र श्लेषवशेनासदनिष्टार्थप्रत्ययस्तत्रापि समालङ्कार

(कोई कवि राजा से कह रहा है—) हे राजन्! ऊँचे-ऊँचे हाथियों से अर्थात् उन पर बैठकर घूमने की याचना (इच्छा) करता हुआ मैं तुम्हारा आश्रय (सहारा) लेकर दीर्घकाल से इस आपके नगर में पड़ा हूँ। आज तुम भी उसी प्रकार से मुझे उच्चाटन (ऊपर घूमना, किसी स्थान से निकाला जाना) दे रहे हो, बड़े लोगों की सेवा विफल नहीं होती है।

[यहाँ 'उच्चाटन' शब्द में श्लेष है, जिससे दो अर्थ निकलते हैं— (१) उच्चैः अटनम्=ऊपर घूमना, (२) चुरादिगणीय 'चट, स्फुट भेदने' धातु के साथ 'उत्' उपसर्ग लगाने पर अर्थ बदल जाता है— उत् + चट् + णिच् + ल्युट्=उच्चाटनम्। इसका अर्थ है— बाहर कर देना, निकाल देना, एक प्रकार का जादू-मन्त्र चलाकर शत्रु का नाश कर देना। कवि का विवक्षित अर्थ पहला वाला है। श्लेष से राजा ने दूसरा— अर्थ करके उसे अपने राज्य से बाहर निकाल दिया।]

यद्यपि इस पद्य में व्याजस्तुति में स्तुति से (राजा की) निन्दा की विवक्षा में 'विषम' अलंकार [माना जा सकता] है। तथापि प्रथमतः उपस्थित स्तुतिरूप वाच्यार्थ की विवक्षा मानने पर तो 'सम' अलंकार नहीं रोका जा सकता, अर्थात यह रहता ही है। [अतः श्लेष की महिमा से समालंकार का यह उदाहरण बन जाता है। वास्तव में यहाँ 'सम' न मानकर 'विषम' ही मानना अधिक उचित है क्योंकि प्रथमतः इष्ट लाभ रहने पर भी पर्यवसान तो अनिष्ट-प्राप्ति में ही हो रहा है। दीक्षित का कथन प्रौढ़ोक्ति प्रतीत होता है।]

उपर्युक्त के समान ही जहाँ इष्ट की प्राप्ति होने पर भी श्लेष के कारण अविद्यमान (असत्) अनिष्टार्थ की प्रतीति होती है वहाँ भी 'सम' अलंकार होने में कोई क्षति नहीं है।

शस्त्रं न खलु कर्तव्यमिति पित्रा नियोजितः ।
तदेव शस्त्रं कृतवान्पितुराज्ञा न लंघिता ॥१६६॥

अत्र 'पितुराज्ञा न लंघिते'त्यनेन विरोधालङ्काराभिव्यत्त्यर्थं 'न खल्वि'त्यत्र पदद्वयविभागात्मकरूपान्तरस्यापि विवक्षायाः सत्त्वेऽपि नखं लुनातीति नखल्वित्येकपदेन वस्तुसदर्थान्तररूपान्तरमादाय

एव द्रष्टव्य इत्याह— **एवमिति।** अत्रोदाहरणमाह— **शस्त्रमिति।** नखं लुनातीति नखल्वित्यैकपद्यमाश्रित्य वस्तुसदिष्टावाप्तेस्सद्भावात्समालङ्कार अप्रतिहत एव। न खल्वित्यस्याव्ययरूपपदद्वयतामाश्रित्य इष्टविपरीतार्थं प्रतीतिसद्भावेऽपि तस्याप्रयोजकत्वादिति भावः। एवं श्लेषनिबन्धनाऽसदिष्टावाप्तिप्रतीति-

---

जैसे उदाहरण—

अन्वयः— शस्त्रम्, न, खलु, (नखलु), कर्तव्यम्, इति पित्रा, नियोजितः, तदेव, शस्त्रम्, कृतवान्, पितुः, आज्ञा, न, लङ्घिता ॥१६६॥

शस्त्र=शस्त्रग्रहण नहीं करना है— इस प्रकार पिता के द्वारा आदेश प्राप्त पुत्र ने उसी (नखलु) को शस्त्र बना दिया और पिता की आज्ञा का उल्लंघन भी नहीं किया।

['न खलु'— ये दो पद मानकर पिता ने बोला था। किन्तु पुत्र ने 'नख=लु' एक पद समझा— 'नखं लुनाति=कृन्तति इति नखलु' अर्थात नाखून काटने का औजार। पुत्र ने 'नखलु' को शस्त्र बना दिया। इस प्रकार 'नखलु' से इष्ट-प्राप्ति होती है जब कि पिता का आशय 'न खलु' इन दो पदों से प्रतीत होने वाले अर्थ में था। अतः श्लेष के कारण अनिष्टार्थ की भी प्रतीति होती है।]

इस पद्य से 'पिता की आज्ञा का उल्लंघन नहीं किया' इस कथन से विरोध अलंकार की प्रतीति कराने के लिये 'नखलु' इसकी दो पदों 'न खलु' इस रूप में विभाग करके प्रतीति कराने की विवक्षा रहने पर भी 'नखं लुनाति' इति-नखलु (=नाखूनों को काटने का औजार) इस एक पद के द्वारा वस्तुसद् अन्य अर्थ रूपी रूपान्तर मानकर 'सम' अलंकार हो ही जाता है। [भाव यह है कि 'पितुराज्ञा न लंघिता' इस कथन से विरोध अलंकार की अभिव्यक्ति करने के लिये यह आवश्यक है कि 'नखलु' इस एक पद का 'न खलु' इन दो अव्यय पदों के रूप में विभाग कर दिया जाय। इससे विरोध का परिहार हो जाता है कि पुत्र ने पिता की आज्ञा का वास्तव में उल्लंघन नहीं किया। परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं हो सकता कि 'नखलु' यह एक पद न माना जाय और

समालङ्कारोऽप्यस्त्येव श्लेषलब्धासदिष्टावाप्तिप्रतीतिमात्रेणापि (गत) रहितमुदाहरणम् । यथा —

सत्यं तपस्सुगत्यै, यत्तप्त्वाम्बुषु रविप्रतीक्षं सत् ।
अनुभवति सुगतिमब्जं त्वत्पदजन्मनि समस्तकमनीयाम् ॥१६७॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे समप्रकरणम् ॥ ३८ ॥

****

मात्रेणाप्यस्यात्मलाभ इत्याह — **श्लेषेति** । तथात्वेऽपि समोदाहरणत्वमविहतमित्यर्थः। उदाहरणे पद्मस्य तप्ताम्बुवासं स्वाभाविकं कामिनीपदभाव्जन्मरूपसद्गतिसाधनतप्ताम्बुवासत्वेन परिकल्प्य तस्य तज्जन्मरूपेष्टावाप्तिरसत्यपि श्लेषवशान्निबद्धेति समालङ्कारोऽयमिति भावः।

अत्र सर्वस्वकारादयः — प्रथमद्वितीयविषमप्रतिद्वन्द्विसमयोर्नालङ्कारत्वम्। विच्छित्तिविशेषाभावात्। न खलु तन्तुपटयोर्गुणासम्यवर्णने वा ओदनार्थं पाकादौ प्रवृत्त्या ओदनादिप्रतिलम्भे वा काचिद्विच्छित्तिः। किं तुम तद्वैपरीत्यमात्रे न कश्चिदलङ्कार इत्याहुः। वस्तुतस्तु, 'दवदहनादुत्पन्नो धूम'इत्यत्र 'आदौ हालाहलहुतभुजे'त्यादौ च विच्छित्तिविशेषस्यानुभूयमानस्य तन्तुपटादिसारूप्यस्याचत्कारितामात्रेणापह्नवायोगात् 'उच्चैर्गजैरति व्याजस्तुतावपि प्राथमिकस्तुतिरूपवाच्यकक्ष्यायां पाकादिप्रवृत्त्या ओदनसिद्धिप्रतिपादने विच्छित्त्यभावमात्रेण न विच्छित्तिर्हीयते। कविप्रतिभोत्थापितकार्यकारणसारूप्येष्टार्थसमुद्यमायत्तानिष्टविनाकृतेष्टप्राप्तेरलङ्कारत्वस्य चारुतातिशयशालितया अङ्गीकर्तुं युक्तत्वादिति दिक् ॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां समप्रकरणम् ॥ ३८ ॥

****

इसका दूसरा अर्थ (नाखून काटने का औजार) न माना जाय। अतः 'न खलु' इन दो पदों को मानकर इष्ट विपरीत अर्थ के हो जाने पर भी 'सम' होने में बाधा नहीं होती है।]

श्लेष के द्वारा प्रतीत असत् इष्ट की अवाप्तिमात्र की प्रतीतिमात्र से भी (रहित) उदाहरण बन सकता है । जैसा कि —

अन्वय : — (हे सुन्दरि !), तपः, सुगत्यै, (इति) सत्यम् , थत् , अब्जम्, अम्बुषु, रविप्रतीक्षम् , (सत्) तप्त्वा, त्वत्पदजन्मनि, समस्तकमनीयाम्, सुगतिम् , अनुभवति ॥ १६७ ॥

अथ विचित्रम् —

विचित्रं[1] तत्प्रयत्नश्चेद्विपरीतः फलेच्छया ।
नमन्ति सन्तस्त्रैलोक्यादपि लब्धुं समुन्नतिम् ।।९३।।

विचित्रं लक्षयति — **विचित्रमिति।** यस्य कारणस्य यत्फलं तस्माद्यदा तद्विपरीतं फलं भवति तदा विपरीतफलनिष्पत्त्युद्देश्यस्तद्विपरीतफलानुकूलव्यापारः

हे सुन्दरि ! तपस्या सुगति के लिये होती है, यह बात सच है क्योंकि कमल पानी में (रहता हुआ) सूर्य की ओर देखता हुआ तप करके तुम्हारे चरण के रूप में जन्म लेकर सभी प्रकार से मनोहारी सुगति को प्राप्त करता है।

[यहाँ सुगति' शब्द में श्लेष है। इसके दो अर्थ हैं — (१) सुगति = सद्गति, स्वार्गादि लोकों में जाना, (२) सुन्दर गति। कमल प्रथम अर्थ इष्ट की प्राप्ति के लिये जल में तप करता है। किन्तु उसे वह न मिलकर सुन्दरी के चरण के रूप में जन्म लेकर सुन्दर गति = चाल अवश्य मिली है। यहाँ इष्ट (सुगति) की प्रतीतिमात्र है वास्तव में प्राप्ति नहीं है फिर भी 'सम' अलंकार मानना चाहिये।

विमर्श — अन्य आचार्यों ने प्रायः पहले 'सम' अलंकार का विवेचन किया है बाद में 'विषम' का। दीक्षित ने पहले 'विषम' का विवेचन करके उसके वैपरीत्य में 'सम' का विवेचन किया है। इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं दिखलाया है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'सम' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।। ३८ ।।

****

३९. 'विचित्र' अलङ्कार —

अन्वयः— फलेच्छया, तद्विपरीतः, प्रयत्नः, चेद् , विपरीतम् , अलङ्कारः ।
सन्तः, त्रैलोक्याद् , अपि, समुन्नतिम् , लब्धुम् , नमन्ति ॥ ९३ ॥

लक्षण — फल की इच्छा से विपरीत उसका प्रयत्न किया जाय तो 'विचित्र' अलङ्कार होता है । [भाव यह है कि कोई व्यक्ति किसी विशेष फल की प्राप्ति की इच्छा से कोई प्रयत्न करे और वह उल्टा दिखलाई देने लगे, कवि की प्रतिभा से ऐसा वर्णन हो जाय कि लगे कि उस फल के लिये यह प्रयत्न तो विपरीत = उल्टा हो रहा है, तब यह अलंकार होता है ।]

---

[1] 'विचित्रं चेत्प्रयत्नः स्याद्विपरीतफलप्रद :' इति चन्द्रालोकपाठः।

यथा वा —

मलिनयितुं खलवदनं विमलयति जगन्ति देव ! कीर्तिस्ते ।
मित्राह्लादं कर्तुं मित्राय द्रुह्यति प्रतापोऽपि ॥१६८॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे विचित्रप्रकरणम् ॥ ३९ ॥

****

आश्चर्यहेतुत्वादन्वर्थनामा विचित्रालङ्कार इत्यर्थः । उदाहरणे सर्वाधिकौन्नत्यलिप्सया इष्टौन्नत्यविपरीत-नमनानुकूलयत्नवर्णनाल्लक्षणानुगमः । उत्तरत्रापि खलवदनमालिन्यमित्राह्लादोद्देशेन प्रवृत्तयोर्वर्ण्यराजगतकीर्तिप्रतापयोस्तदनुकूलयत्नतो जगद्वैमल्यभित्रद्रोहसम्पत्तिवर्णनाद्विचित्रालङ्कारः। 'मित्राह्लाद' - मित्यत्र श्लेषानुप्राणितः। इतरत्र शुद्ध इति भेदः ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां विचित्रप्रकरणम् ।। ३९ ।।

****

उदाहरण — सज्जन लोग तीनों ही लोकों से उन्नति = उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये विनत = विनम्र हो जाते हैं।

[यहाँ फल है उन्नताप्राप्ति किन्तु इसके लिये प्रयत्न है — विनम्र होना, नीचा होना। अतः 'विचित्र' अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— हे देव!, ते, कीर्तिः, खलवदनम्, मलिनयितुम्, जगन्ति, विमलयति। प्रतापः, अपि, मित्राह्लादम्, कर्तुम्, मित्राय, द्रुह्यति ॥ १६८ ॥

[कोई कवि किसी राजा की प्रशंसा करते हुये कह रहा है—] हे राजन्! आपकी कीर्ति दुष्टों के मुख को मलिन (दूषित) करने के लिये समस्त लोकों को विमल = श्वेत बना रही है। [और आपका] प्रताप भी मित्रों = सुहृदों को आनन्द = प्रसन्नता देने के लिये मित्र = सूर्य से भी द्रोह = शत्रुता कर रहा है।

[यहाँ दुष्टों के मुख को मलिन करना रूपी फल की इच्छा से समस्त संसार का विमलीकरणरूप प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार मित्रों को आह्लाद प्रदान रूपी फल के लिये मित्रद्रोह रूपी प्रयास किया जा रहा है। अतः विपरीत प्रयास होने से 'विचित्र' अलंकार है। 'मित्र' में श्लेष होने से श्लेषमूलक और अन्यत्र शुद्ध 'विचित्र' अलंकार समझना चाहिये।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'विचित्र' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।। ३९ ।।

****

---

४०. अथ अधिकम् —

अधिकं[१] पृथुलारादाधेयाधिक्यवर्णनम् ।
ब्रह्माण्डानि जले यत्र तत्र मान्ति न ते गुणाः ।।९४।।

अत्र, यत्र महाजलौघेऽन्तानि ब्रह्माण्डानि बुद्बुदकल्पानीत्याधारस्यातिविशालत्वं प्रदर्श्य, 'तत्र न मान्ती'त्याधेयानां गुणानामाधिक्यं वर्णितम्।

यथा वा —

युगान्तकालप्रतिसंहृतात्मनो जगन्ति यस्यां सविकासमासत ।
तनौ ममुस्तत्र न कैटभद्विषस्तपोधनाभ्यागमसंभवा मुदः ।।१६९।।
(शिशु० १/२३)

अधिकालङ्कारं लक्षयति— **अधिकमिति।** महत आधारादाधेयस्य महत्त्ववर्णनमधिकारलङ्कार इत्यर्थः। उदाहरणे 'ब्रह्माण्डानी'ति बहुवचनेनानन्त-

---

४०. 'अधिक' अलङ्कार —

अन्वयः— पृथुलाराधारात्, आधेयाधिक्यवर्णनम्, अधिकम् (अलङ्कारः) ।
यत्र, जले, ब्रह्माण्डानि, मान्ति, तत्र, ते, गुणाः, (मान्ति) ।।९४।।

उदाहरण— जहाँ विशाल आधार से भी आधेय का अधिक होना वर्णित है वहाँ 'अधिक' अलंकार होता है। [कोई आधार स्वरूपतः बहुत विशाल है किन्तु कवि ने ऐसे आधेय का वर्णन कर दिया जो उस विशाल आधार से भी बड़ा है तब 'अधिक' अलंकार होता है।]

उदाहरण— [कोई राजा की प्रशंसा कर रहा है—] जिस जल (- राशि) में समस्त ब्रह्माण्ड समाये रहते हैं उसी आधारभूत जल राशि में हे राजन्! आपके गुण नहीं समा पाते हैं।

इस पद्य में, जिस महान् जलसमूह में बुद्बुदकल्प = बुलबुलों के समान अनन्त ब्रह्माण्ड रहते हैं— इससे (यह कहकर) आधार की अति विशालता प्रदर्शित करने के बाद उस जलसमूह में आपके गुण नहीं समा पाते हैं— इससे (यह कहकर) आधेय गुणों की अधिकता का वर्णन किया गया है।

---

[१] चन्द्रालोके तु **'अधिकं' बोध्यमाधारादाधेयाधिक्यवर्णनम्।** यया व्याप्तं जगतस्यां वाचि मान्ति न ते गुणाः।।' इति पाठः।

---

[1]पृथ्वाधेयाद्यदाधाराधिक्यं तदपि तन्मतम् ।
कियद्वाग्ब्रह्म यत्रैते विश्राम्यन्ति गुणास्तव ।।९५।।

अत्र 'एत' इति प्रत्यक्षदृष्टमहावैभवत्वेनोक्तानां गुणानां 'विश्राम्यन्ती'-त्यसंबाधावस्थानोक्त्या आधारस्य वाग्ब्रह्मण आधिक्यं वर्णितम् ।

यथा वा —

अहो विशालं भूपाल ! भुवनत्रितयोदरम् ।
माति मातुमशक्योऽपि यशोराशिर्यदत्र ते ।।१७०।।

कोटिब्रह्माण्डानां यत्र जलराशौ बुद्बुदायमानतया सङ्करेणावस्थानं तत्रातिविपुले जलराशौ वर्ण्यगुणामानोक्तेराधेयाधिक्यं स्पष्टमेवेति भावः। उदाहरणान्तरं स्पष्टम्। पूर्वोक्ताधिकवैपरीत्येन द्वितीयमधिकमाह-पृथ्वाधेयादिति। महत्त्वेन

अथवा अन्य उदाहरण —अन्वयः — कैटभद्विषः, युगान्तकालप्रतिसंहृतात्मनः, यस्याम् , तनौ, जगन्ति, सविकासम्, ममुः, तत्र (तनौ), तपोधनाभ्यागमसंभवाः, मुदः, न, (ममुः) ।। १६९।।

[शिशुपालवध प्रथम सर्ग का २३वाँ श्लोक है। इसमें नारद - आगमन से श्रीकृष्ण को होने वाले आनन्द का वर्णन है।] कैटभ दैत्य का वध करने वाले विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण के जिस शरीर में प्रलयकाल में अपने आप में समेटे हुये समस्त लोक (आराम से) समाविष्ट हो जाते हैं उसी शरीर में तपोधन देवर्षि नारद के शुभागमन से उत्पन्न आनन्द (खुशियाँ) नहीं समा सके। [यहाँ आधार है श्रीकृष्ण का शरीर और आधेय हैं मुद् = आनन्द। आधेय की अधिकता वर्णित है। अतः 'अधिक' अलंकार है।]

२. 'अधिक' अलंकार का द्वितीय भेद —

अन्वय : — पृथ्वाधेयाद्, यद्, आधाराधिक्यम्, तद्, अपि, तत्, मतम्, यत्र, एते, तव, गुणाः, विश्राम्यन्ति, (तद्) वाग्ब्रह्म, कियत् ।। ९५ ।।

लक्षण— पृथु = विशाल भी आधेय से आधार की अधिकता होना, वह भी 'अधिक' अलंकार है। [यह प्रथम लक्षण = भेद का विपरीत = उल्टा है। इसमें आधार की अधिकता होती है।]

उदाहरण— जिसमें आपके ये (अनन्त) गुण विश्राम करते हैं वह वाग्ब्रह्म (शब्दरूपी ब्रह्म) कितना विशाल है?

---

[1] अयं भेदः चन्द्रालोके नास्ति।

अत्र यद्यप्युदाहरणद्वयेऽपि 'कियद्वाग्ब्रह्मे'त्य 'हो विशाल'मिति चाधारयोः प्रशंसा क्रियते तथापि तनुत्वेन सिद्धवत्कृतयोश्शब्दब्रह्मभुवनो-

---

प्रसिद्धादाधेयादाधाराधिक्यवर्णनमप्यधिकम्। उदाहरणयोर्गुणानां महावैभवशालितया 'एत' इति शब्दनिर्दिष्टानामाधारभूतस्य वाग्ब्रह्मणो मातुमशक्य इत्युक्त्या विशालतया निर्दिष्टस्य यशोराशेर्भुवनगर्भमानोक्त्या भुवनोदरस्य च महत्त्ववर्णनादुक्तरूपमधिकमत्रेति भावः। तनुत्वेनेति। एतच्छब्दनिर्दिष्टप्रत्यक्षपरिदृष्टातिवैभवशालिगुणापेक्षया मातुमशक्य इत्युक्त्या यशोराशिमहत्त्वेन च वाग्ब्रह्मभुवनोदरयोस्तनुत्वस्य सिद्धतया गुणयशोराश्यधिकरणतया काल्पनिकमाधिक्यमादाय प्रशंसा प्रस्तुतगुणादिप्रशंसापर्यवसायिनीति भावः। 'आधाराधेययोरनानुरूप्यमधिकं तच्चाधारवैपुल्याद्वे'ति लक्षणं सर्वस्वकारीयमपि आधाराधेययोरानुरूप्याभाववर्णनं यत्राधाराधेयान्यतरवैपुल्यपर्यवसायि तत्राधिकमिति परिष्करणीयम्। एतेन सर्वस्वलक्षणस्य—

इस पद्य में 'एते = ये' इस शब्द से प्रत्यक्षदृष्ट महावैभव वाले होने के रूप में कहे गये गुणों का 'विश्राम्यन्ति' इस (क्रिया पद) से बिना किसी विघ्न-बाधा के उसमें रहना कहा गया है इसलिये आधार वाग्ब्रह्म की अधिकता = विशालता वर्णित है। [भाव यह है, कि आपके अनेक विशिष्ट गुण हैं जो बहुत विशाल संख्या में हैं फिर भी वे वाग्ब्रह्म रूप आधार में विश्राम करते हैं = आनन्द से रह लेते हैं। इससे पृथु भी आधेय की अपेक्षा आधार का आधिक्य वर्णित है। यह प्रथम भेद का उल्टा है उसमें आधेय आधार की अधिकता वर्णित होती है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— हे भूपाल!, अहो! भुवनत्रितयोदरम्, विशालम्, यत्, अत्र, मातुम्, अशक्यः, अपि, ते, यशोराशिः, माति ॥ १७० ॥

[कोई कवि किसी राजा की प्रशंसा कर रहा है—] हे राजन्! आश्चर्य है तीनों लोकों का उदर = मध्य भाग (कितना) विशाल है क्योंकि जिसमें आपको जो नापने में अशक्य है जो अपरिमेय है ऐसी यशोराशि = गुणों का समूह (तीनों लोकों के उदर में) समा जाती है।

यहाँ यद्यपि उपर्युक्त दोनों ही उदाहरणों में 'कियद्वाग्ब्रह्म' तथा 'अहो विशालम्' इन कथनों से आधार की प्रशंसा की जा रही है तथापि तनुत्व = छोटे होने वाले रूप में सिद्ध के समान किये गये 'शब्दब्रह्म' तथा 'भुवनोदर' के क्रमशः 'गुण' तथा

दरयोर्गुणयशोराश्यधिकत्वेनाधिकरणत्वं प्रकल्प्यैव प्रशंसा क्रियत इति तत्प्रशंसा प्रस्तुतगुणयशोराशिप्रशंसायामेव पर्यवस्यति ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अधिकप्रकरणम् ॥ ४० ॥

****

'द्वयं गतं सम्प्रति शोचनीयतां समागमप्रार्थनया कपालिनः ।
कला च सा कन्तिमती कलावतस्त्वमस्य लोकस्य च नेत्रकौमुदी ॥

इत्यत्र कपालित्वकान्तिमत्त्वाभ्यां परस्परानुरूपयोः कपालिचन्द्रकलयोर्वर्ण्यमानस्य सङ्घटनस्याधाराधेयभावरूपतया उक्तलक्षणसद्भावेन विषमविशेषे अतिव्याप्तेर्नेदं लक्षणं युज्यते। न चात्राधिकमेवास्तु, अननुरूपसङ्घटनस्याधाराधेयरूपतायामधिकं तदतिरिक्तसामानाधिकरण्यादिसम्बन्धरूपतायां च विषममित्येवाधिकविषमयोर्भेदः। उदाहृतश्लोके तुरीयचरणे 'विधिरेवे'त्यादिप्रागुदाहृते विषमोदाहरणे च तथैव स्पष्टत्वादिति वाच्यम्, तथा सति एतत्प्रतिद्वन्द्विसमालङ्कारस्यापि अनुरूपयोराधाराधेयभावान्यसम्बन्ध एव प्रवृत्त्यापत्त्या प्रागुदाहृतसमालङ्कारोदाहरणस्य 'कौमुदीव तुहिनांशुमण्डल'मित्यादेस्तदनुदाहरणत्वप्रसङ्गात्। अतः प्रागुदाहृते विषमे लक्षणातिव्याप्तिर्दुरुद्धरेति केषांचिदुत्प्रेक्षणं निरस्तम्। उक्तोदाहरणे आधाराधेयानानुरूप्यस्य तदन्यतरवैपुल्यपर्यवसानाभावेनातिव्याप्त्यप्रसक्तेरिति दिक् ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्याम् अधिकप्रकरणम् ।। ४० ।।

****

'यशोराशि' की अपेक्षा अधिक होने के रूप में अधिकरणता की कल्पना करके ही [वाग्ब्रह्म तथा भुवनत्रितयोदर की] प्रशंसा की जा रही है जो कि प्रस्तुत 'गुणों' तथा 'यशोराशि' की ही प्रशंसा में पर्यवसित होती है। [भाव यह है कि उक्त दोनों उदाहरणों में 'कियद्वाग्ब्रह्म' तथा 'अहो विशालम्' इन वचनों से आधार की ही प्रशंसा की जा रही है। किन्तु कवि का विवक्षित तो आधेय 'गुण' और 'यशोराशि' की प्रशंसा करना है। अतः वास्तव में तनु = अल्प न होने वाले भी शब्द ब्रह्म और भुवनत्रितयोदर की अल्परूप में कल्पना की गई है अर्थात् आधार को अल्प और आधेय को अधिक बड़ा कहा गया है । यह काल्पनिक आधिक्य मानकर आधार की जो प्रशंसा की जा रही है उसका वास्तव में पर्यवसान आधेय 'गुण' और 'यशोराशि' की प्रशंसा में ही हो रहा है।]

४१. अथ अल्पम् —

अल्पं[1] तु सूक्ष्मादाधेयाद्यदाधारस्य सूक्ष्मता ।
मणिमालोर्मिका तेऽद्य करे जपवटीयते ।।९६।।

अल्पालङ्कारं लक्षयति— **अल्पमिति**। यत्राधेयसूक्ष्मता आधारसौक्ष्म्य-पर्यवसायिनी तत्र सूक्ष्मालङ्कारः। उदाहरणे मणिमालामयोर्मिकायाः अंगुलिमात्रतया

विमर्श— यहाँ दो शंकायें हो सकती हैं— (१) 'शब्दब्रह्म' और 'भुवनत्रितयोदर' ये अप्रस्तुत हैं, अतः अप्रस्तुत की प्रशंसा करना और उनका आधिक्य वर्णन करना, (२) अप्रस्तुत की प्रशंसा होने से अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार ही क्यों न मान लिया जाय? इनका समाधान यह है कि उक्त पद्यों में अप्रस्तुत (शब्दब्रह्म, भुवनत्रितयोदर) के साथ ही साथ प्रस्तुत गुण तथा यशोराशि का भी वाच्य रूप में स्पष्ट वर्णन किया गया है जब कि अप्रस्तुतप्रशंसा में 'प्रस्तुत' का वर्णन ही नहीं किया जाता है। अतः इनमें अप्रस्तुतप्रशंसा की शंका नहीं करनी चाहिये। विशेष ज्ञानार्थ रसिकरञ्जनी देखनी चाहिये।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
' अधिक ' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।। ४० ।।

****

४१. 'अल्प' अलंकार —

अन्वयः— सूक्ष्मात्, आधेयात्, आधारस्य, सूक्ष्मता, यत्, तत्, तु, अल्पम् (अलंकार)।

मणिमालोर्मिका, अद्य, ते, करे, जपवटीयते ॥ ९६ ॥

लक्षण— सूक्ष्म भी आधेय से आधार की सूक्ष्मता (अधिक) हो तो 'अल्प' अलंकार होता है। [यह उपर्युक्त 'अधिक' का उल्टा है। जहाँ आधेय अधिक सूक्ष्म हो किन्तु आधार को उससे भी अधिक सूक्ष्म वर्णित कर दिया जाय तो 'अल्प' अलंकार होता है।]

उदाहरण— मणिमालामयी अंगूठी आज (इस समय) तुम्हारे हाथ में जपवटी= जपमाला की गोली के समान लग रही है।

मणिमालामयी ऊर्मिका = अंगूठी अंगुलिमात्र परिमाण वाली (अंगुली की नाप की छिद्र वाली) है अतः सूक्ष्म है। अब यह अंगूठी (आधेय) विरहिणी

---

[1] अल्पालङ्कारः चन्द्रालोके न दृश्यते।

अत्र मणिमालामयोर्मिका तावदंगुलिमात्रपरिमितत्वात्सूक्ष्मा। सापि विरहिण्याः करे कङ्कणवत्प्रवेशिता तस्मिन् जपमालावल्लम्बत इत्युक्त्या ततोऽपि करस्य विरहकार्श्यादतिसौक्ष्म्यं दर्शितम्।

यथा वा —

यन्मध्यदेशादपि ते सूक्ष्मं लोलाक्षि! लक्ष्यते।
मृणालसूत्रमपि ते न संमाति स्तनान्तरे॥१७१॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अल्पप्रकरणम्॥ ४१ ॥

****

सूक्ष्मायाः करधृतजपवहीसादृश्येन लम्बमानताप्रतीतेर्वर्ण्यमानोर्मिकासौक्ष्म्यस्य विरहनिबन्धनशरीरकार्श्यव्यञ्जनेन करस्य सौक्ष्म्ये पर्यवसानमिति लक्षणानुगतिरिति भावः। उदाहरणान्तरं स्पष्टम्। एवमाधारसौक्ष्म्यादाधेयसौक्ष्म्यवर्णनमपि अल्पमेव। यथा—

यदसौ पदमणिमनिधेर्विदधौ दशरथवधूदरस्यान्तः ।
ख्यापितमणोरणीयानिति निगमोक्तेरनेन याथार्थ्यम् ॥

नायिका के हाथ (की अंगुली) में कंगन के समान पहनाई गई, उसमें जप माला के समान लटक रही है— यह कहकर उस अंगूठी (आधेय) की अपेक्षा हाथ (आधार = अंगुली) की कृशता विरह के कारण अधिक होने से आधार हाथ की अंगुली की अति सूक्ष्मता वर्णित है। [अंगूठी स्वतः आकार में छोटी होती है, वह हाथ की अंगुली में धारण की जाती है। अतः अंगूठी (आधेय) हाथ की अंगुली (आधार) से बड़ी होती है, तभी पहनी जा सकती है किन्तु विरह के कारण वह नायिका इतनी दुबली हो गई कि वह अंगूठी उसकी अंगुली में नहीं अपितु हाथ में जप माला के समान लटक रही है। इस प्रकार आधार = हाथ और इसकी अंगुली अधिक सूक्ष्म = पतले हैं, अंगूठी अधिक बड़ी है। अतः सूक्ष्म आधेय की अपेक्षा आधार सूक्ष्मतर वर्णित होने से 'अल्प' अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— हे लोलाक्षि! ते, मध्यदेशाद्, अपि, यत्, सूक्ष्मम्, दृश्यते, तत्, मृणालसूत्रम्, अपि, ते, स्तनान्तरे, न, सम्माति ॥ १७१ ॥

हे चञ्चलनयने! जो (मृणालसूत्र) तुम्हारे मध्यदेश (कटिभाग) से भी सूक्ष्म = पतला दिखाई दे रहा है, वही मृणालसूत्र हमारे स्तनों के बीच में

४२. अथ अन्योन्यम् —

अन्योन्यं नाम यत्र स्यादुपकारः परस्परम् ।
त्रियामा शशिना भाति शशी भाति त्रियामया ।।९७।।

अत्राधारभूतदशरथवधूदरस्याणीयस्तया आधेयस्य तद्गर्भस्थितस्य भगवतोऽणीयस्त्वं निबद्धमित्यवधेयम्।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यामल्पप्रकरणम् ।। ४१ ।।

****

अन्योन्यालङ्कारमाह— अन्योन्यमिति। परस्परसद्भावस्य परस्परव्यापारस्य वा परस्परोपकारजनकत्वे अन्योन्यालङ्कारः। उदाहरणे शशिनिशयोः परस्परसद्भावेन चारुतोत्कर्षादन्योन्यालङ्कार इत्यर्थः।

नहीं समा पा रहा है। [भाव यह है कि तुम्हारे स्तन इतने विशाल और कठोर हैं कि उनके मध्य में इतना भी स्थान = अवकाश नहीं है कि मृणालसूत्र भी रखा जा सके। यहाँ आधेय = मृणालसूत्र की सूक्ष्मता मध्यदेश से भी अधिक बतलाई गई है। किन्तु उत्तरार्ध में उसी मृणालसूत्र को दोनों स्तनों के मध्य में रखने का स्थान (आधार) नहीं मिल रहा है इससे आधार की और अधिक सूक्ष्मता वर्णित होने से 'अल्प' अलंकार है। अधिकांश आचार्य इस अलंकार को नहीं मानते हैं।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अल्प' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।। ४१ ।।

****

४२. अन्योन्य अलङ्कार —

अन्वयः— यत्र, परस्परम् , उपकारः, स्यात्, तत्र, अन्योन्यम्, नाम (अलङ्कारः)।
शशिना, त्रियामा, भातिं, त्रियामया (च) शशी, भाति ॥ ९७ ॥

लक्षण— जहाँ (वर्णनीय दो पदार्थों का) परस्पर उपकार वर्णित है वहाँ 'अन्योन्य' नामक अलङ्कार होता है।

चन्द्रमा के द्वारा रात्रि शोभित होती है और रात्रि के द्वारा चन्द्रमा।

यथा वा —

यथोर्ध्वाक्षः पिबत्यम्भः पथिको बिरलाङ्गुलिः ।
तथा प्रपापालिकापि धारां वितनुते तनुम् ॥१७२॥

अत्र प्रपापालिकायाः पथिकेन स्वासक्त्या पानीयदानव्याजेन बहुकालं स्वमुखावलोकनमभिलषन्त्या विरलांगुलीकरणतः चिरं पानीयदानानुवृत्तिसंपादनेनोपकारः कृतः। तथा प्रपापालिकयापि पानीयपानव्याजेन चिरं स्वमुखावलोकनमभिलपतः पथिकस्य धारातनूकरणतश्चिरं पानीयपानानुवृत्तिसंपादनेनोपकारः कृतः। अत्रोभयोर्व्यापाराभ्यां स्वस्वोपकारसद्भावेऽपि परस्परोपकारोऽपि न निवार्यते ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अन्योन्यप्रकरणम् ॥४२॥

****

द्वितीयमुदाहरति — **यथोर्ध्वाक्ष इति।** नन्वत्रोभयोर्व्यापाराभ्यां पथिकप्रपापालिकयोः स्वस्वोपकारस्यापि विद्यमानतया कथमन्योन्यमित्यत आह — **अत्रोभयोरिति ।।**

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यामन्योन्यप्रकरणम् ।। ४२।।

****

[यदि चन्द्रमा है तो रात्रि की शोभा होती है और यदि रात्रि है तो चन्द्रमा की। इस प्रकार दोनों परस्पर उपकार करते हैं जिससे दोनों की शोभा बढ़ती है। अतः 'अन्योन्य' अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— पथिकः, ऊर्ध्वाक्षः, यथा, विरलाङ्गुलिः, अम्भः, पिबति, प्रपापालिका, अपि, तथा, धाराम्, तनुम्, वितनुते ॥ १७२ ॥

कोई पथिक (राहगीर) ऊपर आँखें किये हुये जैसे अंगुलियों को फैलाये हुये पानी पी रहा है, पानी पिलाने वाली स्त्री भी उसी प्रकार पानी की धार को पतली कर दे रही है।

इस पद्य में पथिक ने, वह प्रपापालिका = पानी पिलाने वाली जो अपनी ओर आसक्ति के कारण पानी पिलाने के बहाने बहुत देर तक अपना मुख दिखलाना चाहती है, उसका अंगुली विरल (फैली) कर देने से लम्बे समय तक पानी देते रहने के कारण उपकार किया है। और उस पानी पिलाने वाली ने भी, पानी

४३. अथ विशेषः —

विशेषः ख्यातमाधारं विनाप्याधेयवर्णनम् ।
गते सूर्येऽपि दीपस्थाः तमश्छिन्दन्ति तत्कराः ।।९८।।

विशेषं लक्षयति — **विशेष इति।** प्रसिद्धाधाराभावेऽपि आधेयसद्भावो

पिलाने के बहाने से देर तक अपने (नायिका के) मुख को देखने के इच्छुक पथिक का, पानी की धार पतली करते हुये बहुत देर तक पानी पिलाते हुए उपकार किया है। यहाँ दोनों के व्यापार से अपना-अपना उपकार तो हो ही रहा है साथ में परस्पर उपकार भी नहीं रोका जा सकता। [भाव यह है कि किसी पानी पिलाने वाली स्त्री का यह स्वभाव था कि लोग उसके सुन्दर मुख को देखें। किसी पथिक के मन में भी यह विचार आया कि इसका सुन्दर मुख अधिक से अधिक देर तक देखा जाय। वह पानी पीने लगा, स्त्री का मुख देखने लगा। उसने अपनी अंगुलियाँ फैला दीं जिससे अधिकांश पानी नीचे गिरने लगा। स्त्री ने उसका भाव समझ लिया। वह भी पानी की धार और पतली करके पानी पिलाने लगी। यहाँ केवल नायिका का मुख देखा जाना ही उपकार नहीं है नायक का मुख देखा जाना भी उपकार है क्योंकि यदि वह आँखें उठाकर पानी पिलाने वाली का मुख देख रहा है तो वह पानी पिलाने वाली भी उसका मुख देखते हुए ही सावधानी से पतली धार से पानी गिरा रही है। अतः परस्पर उपकार होने से 'अन्योन्य' अलंकार में कोई बाधा नहीं है। किन्तु प्रस्तुत विषय में पण्डितराज ने दीक्षित की आलोचना की है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अन्योन्य' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।। ४२ ।।

****

४३. विशेष अलंकार —

अन्वयः— ख्यातम्, आधारम्, बिना, अपि, आधेयवर्णनम्, विशेषः ।
सूर्ये, गते, अपि, दीपस्थाः, तत्कराः, तमः, छिन्दन्ति ।। ९८ ।।

लक्षण — प्रसिद्ध आधार के (वर्णन के) बिना भी आधेय का वर्णन करना 'विशेष' अलंकार होता है।

उदाहरण — सूर्य के चले (= अस्त हो) जाने पर भी दीपक में स्थित उसकी किरणें अन्धकार का नाश कर रही हैं।

[सूर्य आधार है उसकी किरणें आधेय हैं। यहाँ सूर्य के अभाव में भी अन्यत्र उसकी किरणों का वर्णन होने से 'विशेष' अलंकार है।]

यथा वा —

कमलमनम्भसि कमले कुवलयमेते च कनकलतिकायाम् ।
सा च सुकुमारसुभगेत्युत्पातपरम्परा केयम् ।।१७३।।

अत्राद्ये सूर्यस्य प्रसिद्धाधारस्याभावेऽपि तत्किरणानां दीपस्थितिरुक्ता। द्वितीये सलिलस्य प्रसिद्धाधारस्याभावेऽपि कमलकुवलययोरन्यत्रावस्थितिरुक्ता।

क्वचित्प्रसिद्धाधाररहितानामाधारान्तरनिर्देशं विनैवाप्रलयमवस्थितेर्वर्णनं दृश्यते। यथा —

वर्ण्यमानः विशेषालङ्कारः। उदाहरणे सूर्यकिरणानामाधारस्य सूर्यस्याभावेऽपि अन्यत्र स्थितिवर्णनात्। द्वितीये प्रसिद्धाधारमुदकं विना कमलादीनां स्थितिवर्णनाल्लक्षणानुगतिः। पूर्वोदाहरणे शुद्धः, द्वितीये अतिशयोक्तिसङ्कीर्णोऽयमिति भावः। सर्वमिदमाधारान्तरनिर्देश-सहितम्।

क्वचित्प्रसिद्धाधाररहितानामाधारान्तरनिर्देशं विनैव सद्भावो दृश्यत इत्याह— क्वचिदिति।

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः — अनम्भसि, कमलम्, कमले कुवलयम्, कनकलतिकायाम् च, एते, सा, च, सुकुमारसुभगा, का, इयम्, उत्पातपरम्परा? ॥ १७३ ॥

बिना जल के भी कमल (मुख) है, और उस कमल में दो कुवलय (= नील कमल) हैं और ये तीनों (श्वेत कमल और दोनों नील कमल) स्वर्णलता (सुन्दरी के शरीर) में है और वह (लता) सुकुमार और सुन्दर है— न जाने यह कौन-सी उत्पात की परम्परा (प्राकृतिक नियम के विपरीत कार्य हो रहे हैं)? [इसमें कमल के आधार जल का वर्णन किये बिना 'कमल' का अस्तित्व वर्णित है।]

यहाँ प्रथम पद्य में प्रसिद्ध सूर्यरूपी आधार के बिना भी उसकी किरणों की स्थिति दीपक में बतलाई गई है । और द्वितीय पद्य में कमल के प्रसिद्ध आधार जल के बिना भी कमल और कुवलय इन दोनों की अन्यत्र = जल भिन्न अर्थात् कनक - लतिका = सुकुमारी के शरीर में स्थिति कही गई है। [अतः प्रसिद्ध लोकनिर्ज्ञात आधार के बिना ही आधेयों का वर्णन किए जाने से 'विशेष' अलंकार है।]

कभी-कभी प्रसिद्ध आधाररहित तथा अन्य किसी आधारविशेष के बिना

दिवमप्युपयातानामाकल्पमनल्पगुणगणा एषाम् ।
रमयन्ति जगन्ति गिरः कथमिव कवयो न ते वन्द्याः ॥१७४॥

अत्र कवीनामभावेऽपि तद्गिरामाधारान्तरनिर्देशं विनैवाप्रलयमवस्थितिर्वर्णिता।

विशेषस्सोऽपि[१] यद्येकं वस्त्वनेकत्र वर्ण्यते ।
अन्तः पुरो बहिः पश्चात्सर्वदिक्ष्वपि सैव मे ।।९९।।

अथान्यं विशेषं लक्षयति— **विशेष इति।** एकस्य वस्तुनोऽनेकाधारेषु स्थितिवर्णनं द्वितीयो विशेष इत्यर्थः। उदाहरणे लक्षणानुगतिः स्पष्टा।

ही आधेय की प्रलयपर्यन्त स्थिति का वर्णन भी देखा जाता है। वहाँ भी यह अलंकार मानना चाहिये।] उदाहरण—

अन्वयः— दिवम्, अपि; उपयातानाम्, एषाम्, अनल्पगुणगणाः, गिरः, आकल्पम्, जगन्ति रमयन्ति, ते, कवयः, कथम्, इव, न, वन्द्याः? ॥१७४॥

[मृत्यु के पश्चात्] स्वर्ग चले जाने वाले भी इन महाकवियों की अत्यधिक गुणसमूह से युक्त वाणियाँ संसार को प्रसन्न करती ही रहती हैं, तो फिर ऐसे वे कवि क्यों नहीं वन्दनीय हैं? अर्थात् अवश्य वन्दनीय हैं।

इस पद्य में कवियों (आधार) के बिना भी उनकी वाणियों (आधेयों) की किसी अन्य आधार के उल्लेख किये बिना भी प्रलयपर्यन्त स्थिति का वर्णन किया गया है। [कवि मर जाते हैं किन्तु उनकी अमूल्य वाणियाँ तब तक विद्यमान रहती हैं जब तक कि पूर्ण प्रलय नहीं हो जाता। यहाँ वाणियों (आधेय) के आधार न कवि हैं और न कोई अन्य, फिर भी आधेय = वाणियों की सत्ता कही गई है। अतः यहाँ भी 'विशेष' अलंकार है।]

२. 'विशेष' का द्वितीय भेद —

अन्वयः— यदि, एकम्, वस्तु, अनेकत्र, वर्ण्यते, सः, अपि, विशेषः।
अन्तः, बहिः, पुरः, पश्चात्, मे, सर्वदिक्षु, अपि, सा, एव, (दृश्यते) ॥९९॥

लक्षण— यदि एक ही वस्तु अनेक स्थानों पर वर्णित की जाय तो वह भी 'विशेष' अलंकार का भेद होता है।

उदाहरण— भीतर, बाहर, आगे, पीछे, मेरी सभी शिक्षाओं में अर्थात् सभी ओर वही (प्रेमिका) (दिखाई देती) है।

यथा वा —

हृदयान्नापयातोऽसि दिक्षु सर्वासु दृश्यसे ।
वत्स! राम! गतोऽसीति सन्तापेनानुमीयसे ॥१७५॥

[1]किञ्चिदारम्भतोऽशक्यवस्त्वन्तरकृतिश्च सः ।
त्वां पश्यता मया लब्धं कल्पवृक्षनिरीक्षणम् ॥१००॥

तृतीयं विशेषमाह — **किञ्चिदिति** । किञ्चित्कार्यानुकूलयत्नतोऽशक्यवस्त्वन्तरकरणं तृतीयो विशेष इत्यर्थः। उत्तरो ग्रन्थो निगदव्याख्यातः॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां विशेषप्रकरणम् ॥ ४३ ॥

****

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— हे वत्स! राम! हृदयात्, न, अपयातः, असि, सर्वासु, दिक्षु, दृश्यसे, (किन्तु) गतः, असि, इति, सन्तापेन, अनुमीयसे ॥१७५॥

(महाराज दशरथ विलाप कर रहे हैं—) हे बेटा राम! तुम मेरे हृदय से कहीं दूर नहीं हुये हो, (फिर भी) सभी दिशाओं में चारों ओर (तुम ही तुम) दिखाई दे रहे हो (इतना होने पर भी) मुझे होने वाले सन्ताप से तुम्हारे विषय में यह अनुमान हो रहा है— 'तुम (मुझे छोड़कर) चले गये हो। [यद्यपि हृदय में भी हो, सभी ओर दिखाई भी दे रहे हो फिर सन्ताप नहीं होना चाहिये था किन्तु सन्ताप से यह अनुमान करना पड़ रहा है तुम मुझे छोड़कर चले गये हो। यहाँ राम एक हैं उनका अनेक स्थानों पर एक साथ वर्णन होने से 'विशेष' अलंकार है।]

३. 'विशेष' का तृतीय भेद —

अन्वयः— किञ्चिदारम्भतः, अशक्यवस्त्वन्तरकृतिः, च, सः ।
त्वाम्, पश्यता, मया, कल्पवृक्षनिरीक्षणम्, लब्धम् ॥१००॥

लक्षण— किसी वस्तु के आरम्भ से ही अन्य अशक्य वस्तु की कृति=रचना (का वर्णन किया जाना) भी वह 'विशेष' का तृतीय भेद होता है।

---

[1] इमौ विशेषभेदौ चन्द्रालोके नौक्तौ।

यथा वा —

स्फुरदद्भुतरूपमुत्प्रतापज्वलनं त्वां सृजतानवद्यविद्यम्।
विधिना ससृजे नवो मनोभूः भुवि सत्यं सविता बृहस्पतिश्च ॥१७६॥

अत्राद्ये राजदर्शनारम्भेण कल्पवृक्षदर्शनरूपाशक्यवस्त्वन्तरकृतिः। द्वितीये राजसृष्ट्यारम्भेण मनोभवादिसृष्टिरूपाशक्यवस्त्वन्तरकृतिः ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे विशेषप्रकरणम् ॥४३॥

****

उदाहरण— हे राजन्! आपका दर्शन करते हुए मैंने कल्पवृक्ष का दर्शन कर लिया।

(इस पद्य में राजा के दर्शन से प्रारम्भ हुआ कार्य परिणत हुआ। कल्पवृक्ष दर्शन में जो कि अशक्य, असम्भव है फिर भी कवि ने वर्णन किया है अतः 'विशेष' का तृतीय भेद होता है।)

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे राजन्! स्फुरदद्भूतरूपम्, उत्प्रतापज्वलनम्, अनवद्यविद्यम्, त्वाम्, सृजता, विधिना, भुवि, सत्यम्, नवः, मनोभूः, सविता, बृहस्पतिः, च, ससृजे ॥१७६॥

(कोई कवि राजा की प्रशंसा में वर्णन कर रहा है) हे राजन्! शोभायमान अद्भुत रूप वाले, उत्कटप्रताप से जाज्वल्यमान, निर्दोष पवित्र विद्याओं से युक्त आपकी रचना (सृष्टि) करते हुए विधाता ने सच ही इस पृथ्वी पर नये कामदेव, सूर्य और बृहस्पति की रचना कर डाली। [यहाँ बनाना प्रारम्भ किया था राजा को किन्तु बना दिया— कामदेव, सूर्य तथा बृहस्पति को। अतः 'विशेष' अलंकार है।]

प्रथम उदाहरण में राजा के दर्शन से आरम्भ करके कल्पवृक्षदर्शन रूप अशक्य अन्य वस्तु की रचना का वर्णन किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय पद्य में राजा की सृष्टि प्रारम्भ करके कामदेव आदि (सूर्य तथा बृहस्पति) रूप अन्य अशक्य देवताओं की सृष्टि कर डाली। (अतः इन दोनों में 'विशेष' अलंकार है।)

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अन्योन्य' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।। ४३ ।।

****

४४. अथ व्याघातः —

स्याद्व्याघातोऽन्यथाकारि तथाऽकारि[१] क्रियेत चेत्।
यैर्जगत्प्रीयते हन्ति तैरेव कुसुमायुधः ।।१०१।।

यत् यत्साधनत्वेन लोकेऽवगतं तत्केनचित्तद्विरुद्धसाधनं क्रियेत चेत् स व्याघातः। यद्वा यत्साधनतया केनचिदुपात्तं तदन्येन तत्प्रतिद्वन्द्विना तद्विरुद्धसाधनं क्रियेत चेत्सोऽपि व्याघातः। तत्राद्य उदाहृतः।

व्याघातालङ्कारकारिकां विवृणोति— **यदिति**। यत् यत्कारणत्वेन लोकप्रसिद्धं तत् अन्येन केनचित् तद्विपरीतकारि क्रियते चेत् स व्याघात इत्यर्थः। अयमेको व्याघातः। यत् यत्साधनत्वेन केन चिदङ्गीकृतं तत्तत्प्रतिद्वन्द्विना तद्विरुद्धसाधनत्वेन करणं द्वितीयो व्याघातः। आद्यस्योत्तरार्धमुदाहरणम्। तत्र कुसुमानां जगत्प्रीतिसाधनतया प्रसिद्धानां तद्विरुद्धेन मन्मथेन जगदुपद्रवसाधनतया करणात्।

४४. 'व्याघात' अलंकार —

अन्वयः— अन्यथाकारि, तथाऽकारि, चेत्, क्रियेत, व्याघातः, स्याद्।
यैः, जगत्, प्रीयते, तैः, एव, कुसुमायुधः, हन्ति ॥१०१॥

लक्षण— दूसरे अर्थात् विपरीत रूप से करने वाला किया जाय और जैसा करना चाहिये वैसा न किया जाय तो 'व्याघात' अलंकार होता है।

उदाहरण— जिन फूलों से संसार प्रसन्न किया जाता है कामदेव उन्हीं फूलों से संसार को मार डालता है। [पुष्प वास्तव में आनन्द एवं सुख प्रदान करने वाले होते हैं किन्तु उनसे इसके विपरीत विरहियों की हत्या कार्य करने का वर्णन किया गया है। अतः 'अन्यथा=विरुद्ध कार्य करने का वर्णन होने से 'व्याघात' अलंकार है।]

विमर्श — यहाँ व्याघात के दो रूप बतलाये गये हैं (१) किसी कार्य विशेष के साधन के रूप में प्रसिद्ध कोई पदार्थ उस प्रसिद्ध कार्य से विरुद्ध कार्य करने वाला हो जाय तो वहाँ 'व्याघात' अलंकार होता है। (२) जिसे किसी ने साधन के रूप में मानकर कोई कार्य किया उसे कोई दूसरा यदि उसके प्रतिद्वन्द्वी साधन से सम्पन्न कर देता है तो वह भी व्याघात होता है। ग्रन्थकार स्वयं दोनों व्याख्यायें कर रहे हैं।

---

[१] अत्र चन्द्रालोके **'वस्त्वन्यक्रियमुच्यते।'** इति द्वितीयपादपाठोऽन्यथा दृश्यते।

द्वितीयो यथा —

दृशा दग्धं मनसिजं जीवयन्ति दृशैव याः ।
विरूपाक्षस्य जयिनीस्ताः स्तुवे वामलोचनाः ।।१७७।।

सौकर्येण[1] निबद्धापि क्रिया कार्यविरोधिनी ।
दया चेद्बाल इति मय्यपरित्याज्य एव ते ।।१०२।।

द्वितीयमुदाहरति— **दृशा दग्धमिति** । अत्र मनसिजदाहसाधनतया शिवेनोपात्ताया दृशस्तत्प्रतिद्वन्द्विनीभिरङ्गनाभिस्तद्विरुद्धमनसिजोज्जीवनसाधनतया करणमुपनिबद्धमिति द्वितीयो व्याघात इत्यर्थः ।

अथापरं व्याघातं लक्षयति— **सौकर्येणेति**। किञ्चित्कार्यार्थतया

(अनु०) लोक में जो पदार्थ (कार्य) जिस साधन (कारण) वाले के रूप में प्रसिद्ध है=सभी को ज्ञात है यदि किसी के द्वारा उस साधन से भिन्न साधन वाला कर दिया जाता है, अर्थात् दूसरे कारण रूप से कर दिया जाता है तो वहाँ 'व्याघात' होता है। अथवा जिस साधन (कारण) वाले के रूप में किसी ने सम्पन्न किया किन्तु उससे भिन्न व्यक्ति द्वारा उसके प्रतिद्वन्द्वी साधन रूप से उसके विरुद्ध साधन वाला कर दिया जाता है वह भी व्याघात होता है।

दूसरे का उदाहरण —

अन्वयः— दृशा, दग्धम्, मनसिजम्, याः, दृशा, एव, जीवयन्ति, (अतः), विरूपाक्षस्य, जयिनी, ताः, वामलोचनाः, नुमः ।।१७७।।

[शिवजी द्वारा] तृतीय नेत्र से जला (भस्म) किए गए कामदेव को जो अपने नेत्रों से पुनर्जीवित कर देती हैं, विरूपाक्ष भगवान् शंकर को भी जीत लेने वाली उन सुन्दरियों को प्रणाम करते हैं।

[शिव जी के नेत्र ने कामदेव को भस्म कर दिया था किन्तु उनकी प्रतिद्वन्द्वीभूत सुन्दरियों के नेत्रों ने ही उसे पुनर्जीवित कर दिया। अतः उनसे विपरीत क्रिया करना वर्णित होने से 'व्याघात' है।]

व्याघात का अन्य भेद —

अन्वयः — सौकर्येण, निबद्धा, अपि, क्रिया, कार्यविरोधिनी, चेत् [सोऽपि व्याघातः]। बालः, इति, मयि, दया, चेत्, ते, अपरित्याज्यः, एव ।।१०२।।

---

[1] अयं व्याघातभेदः चन्द्रालोके नोक्तः।

कार्यविशेषनिष्पादकतया केनचित्सम्भाव्यमानादर्थादन्येन कार्यविरोधिक्रियासौकर्येण समर्थ्यते चेत् सोऽपि व्याघातः। कार्यविरुद्धक्रियायां सौकर्यं कारणस्य सुतरां तदानुगुण्यम्। यथा— जैत्रयात्रोन्मुखेन राज्ञा युवराजस्य राज्य एव स्थापने यत्कारणत्वेन सम्भावितं बालत्वं, तत्प्रत्युत तद्विरुद्धस्य सहानयनस्यैव कारणतया युवराजेन परित्यागस्यायुक्तत्वं दर्शयता समर्थ्यते।

केनचित्सम्भाविताद्वस्तुनः तत्कार्यविरोधि कारणं सौकर्येण समर्थ्यते चेत् स तृतीयो व्याघातः। उदाहरणे जैत्रयात्राप्रस्थितेन नृपेण युवराजस्य बाल्याद्राज्ये स्थापनं

लक्षण— सौकर्य से निबद्ध भी क्रिया यदि कार्य की विरोधिनी होने लग जाय तो वहाँ भी 'व्याघात' अलंकार होता है।

उदाहरण— [कोई राजा अपने पुत्र को बालक समझकर युद्धभूमि में अपने साथ नहीं ले जाना चाहता है किन्तु इसी आधार पर वह युद्धभूमि में ले चलने का आग्रह कर रहा है—] 'मैं बालक हूँ'— यह सोचकर यदि मुझ पर दया कर रहे हो अर्थात् रणभूमि में साथ में नहीं ले जा रहे हो तो [ठीक नहीं है क्योंकि] बालक होने के कारण ही तो मैं अकेला छोड़ने लायक नहीं हूँ, परित्याज्य नहीं हूँ।

किसी के द्वारा कार्यविशेष को सम्पन्न करने वाले के रूप में सम्भाव्यमान किसी पदार्थ से किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा उक्त कार्य की विरोधी क्रिया का सौकर्य से समर्थन कर दिया जाता है तो वह भी 'व्याघात' होता है। किसी कार्य के विरुद्ध क्रिया में सौकर्य का तात्पर्य है कारण का उस अनुकूल हो जाना। [भाव यह है कि किसी व्यक्ति ने एक कार्य को सम्पादित करने के लिए किसी पदार्थ को कारण बनाया। दूसरे व्यक्ति ने उसी पदार्थ को उसके कार्य के विरोधी कार्य करने में साधन बना लिया तो ऐसे वर्णन में भी व्याघात अलंकार होता है। ग्रन्थकार स्वयं उदाहरण में समन्वय दिखा रहे हैं—] उदाहरणार्थ विजय यात्रा के लिये प्रस्थानोन्मुख राजा ने युवराज को राजधानी में ही रुकने के लिये जिस बालकपन, बाल्यावस्था को कारण के रूप में संभावित किया, बताया, राजकुमार ने उसी बाल्यावस्था को राजा के कथन के विरुद्ध उस राजा के साथ अपने को भी ले जाने के ही कारण के रूप में दिखलाते हुये, अपने परित्याग (अकेले छोड़ देने) का अनौचित्य दिखलाते हुये समर्थन किया है अर्थात् बाल्यावस्था को राजा ने परित्याग में कारण बनाया था राजकुमार—

यथा वा—

लुब्धो न विसृजत्यर्थं नरो दारिद्र्यशङ्कया ।
दातापि विसृज्यत्यर्थं तयैव ननु शङ्कया ॥१७८॥

अत्र पूर्वोत्तरार्धे पक्षप्रतिपक्षरूपे कयोश्चिद्वचने इति लक्षणानुगति:॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे व्याघातप्रकरणम् ॥४४॥

****

कर्तव्यत्वेन सम्भावितं तत्स्थापनसाधनतयोपात्तं बालत्वं तद्विरुद्धस्वनयनसाधनतया युवराजेन समर्थितमिति लक्षणानुगति: ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्याम् व्याघातप्रकरणम् ।।४४।।

****

ने उसी बाल्यावस्था को 'साथ में ले चलने=अपरित्याग में' कारण बनाया। अत: विरोधी कार्य होने से 'व्याघात' का लक्ष्य है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वय:— लुब्ध:, नर:, दारिद्र्यशङ्कया, अर्थम्, न, विसृजति, दाता, अपि, तया, एव, शङ्कया, अर्थम्, विसृजति, ननु ॥१७८॥

लोभी व्यक्ति इसलिये धन का दान नहीं करता है कि वह दरिद्र न हो जाय। और दानी व्यक्ति भी उसी शंका से धन का दान करता है अर्थात् दरिद्र न होना पड़े इस शंका से दानी धन का दान करता है।

यहाँ पूर्वार्ध तथा उत्तरार्ध में पक्ष-प्रतिपक्ष के रूप में किन्हीं दो व्यक्तियों की उक्तियाँ हैं इस प्रकार लक्षण की संगति हो जाती है। [पूर्वार्द्ध में दारिद्र्यशंका से धनदान न करना कहा गया है। उत्तरार्ध में भी दारिद्र्यशंका से धनदान करना कहा गया है। दानी के मन में यह शंका है कि अभी धन है, दान कर लें, आगे हो सकता है कि धन न रहे, दारिद्र्य आ जाय। अत:'दारिद्र्यशंका' को ही धनदान न करने और धनदान करने दोनों के हेतु के रूप में वर्णित किया जाने से यहाँ भी 'व्याघात' अलंकार है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'व्याघात' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।४४।।

****

४५. अथ कारणमाला —

गुम्फः कारणमाला स्यात् यथा प्राक्प्रान्तकारणैः ।
नयेन श्रीः, श्रिया त्यागस्त्यागेन विपुलं यशः ।।१०३।।

उत्तरोत्तरकारणभूतपूर्वपूर्वैः पूर्वपूर्वकारणभूतोत्तरोत्तरैर्वा वस्तुभिः कृतो गुम्फः कारणमाला। आद्योदाहृता।

द्वितीया यथा—

भवन्ति नरकाः पापात् पापं दारिद्र्यसम्भवम् ।
दारिद्र्यमप्रदानेन तस्माद्दानपरो भवेत् ।।१७९।।

।। अति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे कारणमालाप्रकरणम् ।।४५।।

****

कारणमालां लक्षयति— **गुम्फ इति।** प्राक्प्रान्तकारणैः=पूर्वपूर्वकारणैः उत्तरोत्तरैः कारणैर्वा गुम्फः कारणमालेत्यर्थः। उत्तरार्धे नयश्रीत्यागानां पूर्वपूर्वेषां श्रीत्यागयशोरूपोत्तरोत्तरकार्यकारणानां ग्रथनाल्लक्षणानुगतिः स्पष्टा।

द्वितीयामुदाहरति— **भवन्तीति।** अत्र पापदारिद्र्याप्रदानानां पूर्वपूर्वनरकादिहेतुतयोपनिबद्धानां गुम्फनम् इति ।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां कारणमालाप्रकरणम् ।।४५।।

****

४५. कारणमाला अलंकार —

अन्वयः— यथाप्राक्-प्रान्त-कारणैः, गुम्फः, कारणमाला, स्यात् ।
नयेन, श्री, श्रिया, त्यागः, त्यागेन, विपुलम्, यशः ।।१०३।।

लक्षण— (१) जहाँ पूर्व-पूर्व वाला पदार्थ बाद-बाद वाले पदार्थ के प्रति कारण हो और (२) बाद-बाद वाला पूर्व-पूर्व पदार्थ के प्रति कारण हो, वहाँ 'कारणमाला' अलंकार होता है।

उदाहरण— नय=नीति से लक्ष्मी (मिलती है।) लक्ष्मी से दान (करना सम्भव होता है) और दान से अत्यधिक यश [मिलता है। यहाँ पूर्व-पूर्व वर्णित पदार्थ उत्तरोत्तर वर्णित पदार्थ का कारण बतलाया गया है।]

उत्तर-उत्तर के प्रति कारणभूत पूर्व-पूर्व वस्तुओं से अथवा पूर्व-पूर्व के प्रति कारणभूत उत्तर-उत्तर वस्तुओं से किया गया गुम्फ=पद्य आदि 'कारणमाला' का लक्ष्य होता है। प्रथम अर्थात् उत्तर-उत्तरवर्ती के प्रति कारणभूत पूर्व पूर्ववर्ती

४६. अथ एकावलिः —

गृहीतमुक्तरीत्यार्थश्रेणिरेकावलिर्मता ।
नेत्रे कर्णान्तविश्रान्ते कर्णौ दोस्स्तम्भदोलिनौ ।।१०४।।

दोस्स्तम्भौ जानुपर्यन्तप्रलम्बनमनोहरौ ।
जानुनी रत्नमुकुराकारे तस्य महीभुजः ।।१०५।।

एकावलिं लक्षयति— गृहीतेति। गृहीतं च तन्मुक्तं च गृहीतमुक्तं तस्य रीतिः=पङ्क्तिः तया गृहीतमुक्तरीत्या। अभेदे तृतीया। ततश्च गृहीतमुक्तपङ्क्ति-

---

पदार्थ के वर्णन का उदाहरण कारिका में दिया गया है।

द्वितीय प्रकार की कारणमाला का उदाहरण—

अन्वयः— पापात्, नरकाः, भवन्ति, पापम्, दारिद्र्यसम्भवम्, अप्रदानेन, दारिद्र्यम्, तस्मात्, दानपरः, भव ।।१७९।।

पाप से नरक मिलता है, पाप दारिद्र्य से होता है और दारिद्र्य दान न करने से होता है इसलिये दान देने वाला बनना चाहिये। [दान न देना कारण है दारिद्र्य का, दारिद्र्य कारण है पाप का, पाप कारण है नरकप्राप्ति का। इस प्रकार उत्तर-उत्तर वर्णित वस्तुयें पूर्व-पूर्व के प्रति कारण हैं। अतः यहाँ 'कारणमाला' है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'कारणमाला' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।४५।।

****

४६. एकावली अलंकार —

अन्वयः— गृहीत-भुक्तरीत्या, अर्थश्रेणिः, एकावलिः, मता। तस्य, महीभुजः, नेत्रे, कर्णान्तविश्रान्ते, कर्णौ, दोस्स्तम्भदोलितौ, दोस्स्तम्भौ, जानुपर्यन्तप्रलम्बनमनोहरौ, जानुनी, मुकुराकरे, स्तः ।।१०४-१०५।।

लक्षण— ग्रहण करना या छोड़ देना— इस रीति से पदार्थों की श्रेणी का वर्णन 'एकावली' होता है। [व्याख्या आगे देखें]

उदाहरण— उस राजा के नेत्र कानों तक लम्बे हैं, कान दोनों हाथरूपी स्तम्भों से आन्दोलित=चञ्चल हैं, दोनों हाथ जानु=घुटनों तक लम्बे और मनोहर हैं, और जानु=घुटने रत्ननिर्मित मुकुर-दर्पण के समान आकार वाले हैं। [मुकुर का अर्थ 'दर्पण' लेना उचित नहीं प्रतीत होता है। अतः मुकुर=मुकुल का पर्याय

उत्तरोत्तरस्य पूर्वपूर्वविशेषणभावः पूर्वपूर्वस्योत्तरोत्तरविशेषणभावो वा गृहीतमुक्तरीतिः। तत्राद्यः प्रकार उदाहृतः।

द्वितीयो यथा—

दिक्कालात्मसमैव यस्य विभुता विद्योतते
यत्रामुष्य सुधीभवन्ति किरणा राशेस्स यासामभूत्।
यस्तत्पित्तमुषस्सु योऽस्य हविषे यस्तस्य जीवातवे
वोढा यद्गुणमेष मन्मथरिपोस्ताः पान्तु नो मूर्तयः ॥१८०॥

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे एकावलिप्रकरणम् ।।४६।।

****

रूपार्थश्रेणिरेकावली। गृहीतमुक्तरीतिं विवृणोति— **उत्तरोत्तरस्येति । आद्यः प्रकार इति।** उत्तरोत्तरस्य पूर्वपूर्वविशेषणभावः। उदाहरणे उत्तरोत्तरस्य कर्णादेः पूर्वपूर्वनेत्रादिविशेषणतया गृहीतस्य विशेषणभावपरित्यागेन वाक्यान्तरप्रक्रमात् गृहीतमुक्तरीतिः स्पष्टेति भावः।

द्वितीयमुदाहरति— **दिक्कालात्मेति।** अत्र गगनादीनां पूर्वपूर्वेषामुत्तरोत्तरविशेषणभावः स्पष्टः।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्याम् एकावलिप्रकरणम् ।।४६।।

****

मानकर 'कली' अर्थ लेना अधिक उचित प्रतीत होता है— रत्नमयकलिका के समान 'जानु' हैं क्योंकि कली का आकार और जानु का आकार कुछ मिलता-जुलता है।]

उत्तर उत्तरवर्ती वस्तु पूर्व पूर्ववर्ती के प्रति विशेषण बनायी जाय अथवा पूर्व-पूर्व वस्तु उत्तर-उत्तर वस्तु के प्रति विशेषण बनायी जाय— यह गृहीत-मुक्तरीति है। इनमें प्रथम का उदाहरण कारिका में दिया गया है।

[कारिका में वर्णित उदाहरण में सबसे पहले नेत्र वर्णित हैं उनके विशेषण दिये गये हैं— कर्ण। कर्ण के विशेषण बनाये गये भुजाद्वय। भुजाद्वय के विशेषण हैं— जानुद्वय और जानुद्वय के विशेषण हैं रत्नमुकुर। इस प्रकार पूर्व -पूर्व वर्णित का उत्तर उत्तर वर्णित विशेषण बनने से पूर्व-पूर्व का विशेष्य बनना सिद्ध हो गया। यहाँ

विशेषण के रूप में उत्तरोत्तर की स्थापना की गई है। क्योंकि अनेक आचार्यों ने 'स्थापना' और 'निषेध' का उल्लेख किया है।]

[द्वितीय भेद में पूर्व-पूर्व वर्णित वस्तु उत्तर-उत्तर वर्णित वस्तु के प्रति विशेषण बनती है— इस]

द्वितीय स्वरूप का उदाहरण —

अन्वयः— दिक्कालात्मसमा, एव, यस्य, विभुता, तत्र, यः, विद्योतते, यत्र, अमुष्य, किरणाः, सुधीभवन्ति, यासाम्, राशेः, सः, अभूत्, यः, तत्पित्तम्, यः, उषःसु, अस्य हविषे, यः, तस्य, जीवातवे, यद्गुणम्, एषः वोढा, मन्मथरिपोः, ताः, मूर्त्तयः, नः (वः) पान्तु ॥१८०॥

[इस पद्य में भगवान् शंकर की अष्टमूर्तियों का वर्णन है—] जिस (मूर्ति) की दिशा तथा काल के समान विभुता (व्यापकता) है (अर्थात् आकाशरूप), जो उस (आकाशरूप मूर्ति) में विद्योतित होता है, चमकता है (अर्थात् सूर्यरूप), जिसमें इस (सूर्य) की किरणें अमृत बन जाती हैं (अर्थात् चन्द्ररूप) वह चन्द्र जिनकी राशि से (= अपाम् राशिः = समुद्रः तस्मात्) उत्पन्न हुआ है। (अर्थात् जलरूप), जो इस (जल) का पित्त है (अर्थात् अग्निरूप), जो इस (अग्नि) को उषःकाल में हविष् अर्थात् हविर्दान करने वाला (अर्थात् यजमानरूप) है, जो इस (यजमान) के जीवनधारण के लिये है, (अर्थात् वायुरूप) है और जिस (पृथिवी) के गुण (गंध) को यह (वायु) ढोने वाला है (अर्थात् पृथिवीरूप) ऐसे मन्मथरिपु भगवान् शंकर की ये (१) आकाश (२) सूर्य (३) चन्द्र (४) जल (५) अग्नि (६) यजमान (७) वायु तथा (८) पृथ्वी रूपी मूर्तियाँ अर्थात् शिव की अष्ट मूर्तियाँ हमारा (तुम्हारा) कल्याण करें।

[इस पद्य में आकाश से लेकर पृथ्वी तक वर्णित सभी पूर्व-पूर्व पदार्थ उत्तरोत्तर वर्णित पदार्थ के विशेषण के रूप में हैं। अतः 'एकावली' है। ['एकावली = एकयष्टिका' इस अमरकोश के अनुसार एकलता के सदृश होने से यह नाम सादृश्य- मूलक है। दीक्षित ने अपोह = निषेध वाला उदाहरण नहीं दिया है। भट्टिकाव्य द्वितीय सर्ग में शरत्काल के वर्णन का निम्न पद्य 'निषेध' का प्रसिद्ध सुन्दर उदाहरण है —

न तज्जलं यत्र सुचारुपङ्कजं, न पङ्कजं तत् यदलीनषट्पदम् ।
न षट्पदोऽसौ कलगुञ्जितो न यः न गुञ्जितं तन्न जहार यन्मनः ॥

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'एकावली' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।४६।।

****

---

४७. अथ मालादीपकम् —

दीपकैकावलीयोगान्मालादीपकमिष्यते ।
स्मरेण हृदये तस्यास्तेन त्वयि कृता स्थितिः ।।१०६।।

अत्र स्थितिरिति पदमेकम्, स्मरेण तस्या हृदये स्थितिः कृता, तेन तस्या हृदयेन त्वयि स्थितिः कृतेत्येवंवाक्यद्वयान्वयि। अतो दीपकं गृहीतमुक्तरीतिसद्भावादेकावली चेति दीपकैकावलीयोगः।

मालादीपकं लक्षयति — **दीपकेति।** एकधर्मान्वयस्य गृहीतमुक्तरीतेश्च मेलने मालादीपकमित्यर्थः । उदाहरणे स्मरहृदययोः स्थितिरूपैकधर्मान्वयेन दीपकस्य गृहीतमुक्तरीतेश्च सद्भावात् दीपकैकाबलीयोगः स्पष्ट इत्याह — **अत्र स्थितिरिति।**

---

४६. मालादीपक - अलङ्कार —

अन्वयः— दीपकैकावलीयोगात्, मालादीपकम्, इष्यते ।
स्मरेण, तस्याः, हृदये, तेन, त्वयि, स्थितिः, कृता ॥१०६॥

लक्षण — दीपक तथा एकावली — इन दोनों का एक साथ योग रहने पर 'माला दीपक ' अलङ्कार होता है।

उदाहरण — [कोई दूती किसी नायक से नायिका की दशा बतला रही है—]

हे नायक! कामदेव ने उस (नायिका) के हृदय में (स्थिति बनाई) और उस (हृदय) ने तुममें अपनी स्थिति बना ली।

इस पद्य में 'स्थितिः = सत्ता, आसन' इस एक पद का (अर्थात् एक कर्म का) अन्वय दोनों वाक्यों के साथ होता है — (१) कामदेव ने उस नायिका के हृदय में स्थिति बनाई (२) और उसके हृदय ने तुम में अपनी स्थिति बनाई। इसलिये दीपक अलंकार है तथा गृहीतमुक्तरीति होने के कारण एकावली भी है, इस प्रकार दीपक और एकावली इन दोनों का योग होने से — मालादीपक अलङ्कार है। [एकावली-नायिका के हृदय का ग्रहण पहले कामदेव ने अपने निवास स्थान के रूप में किया। फिर नायिका के हृदय का आधार नायक को बनाकर पहले वाले निवास स्थान का परित्याग किया गया है। अतः पहले ग्रहण फिर त्याग की स्थिति होने से एकावली भी है। रसिकरञ्जनी में इस स्वतंत्र अलंकार की आलोचना की गई है। इसे उसी में देखें।]

यथा वा —

सङ्ग्रामाङ्गणसङ्गतेन भवता चापे समारोपिते
देवाकर्णय येन येन सहसा यद्यत्समासादितम् ।
कोदण्डेन शराः, शरैररिशिरस्तेनापि भूमण्डलं,
तेन त्वं, भवता च कीर्तिरतुला, कीर्त्या च लोकत्रयम् ॥१८१॥

अत्र 'येन येन सहसा यद्यत्समासादित'मिति संक्षेपवाक्यस्थितमेकं 'समासादितमि'ति पदं 'कोदण्डेन शरा' इत्यादिषु षट्स्वपि विवरणवाक्येषु

उदाहरणान्तरमाह— **संग्रामांगणेति।** अत्र काव्यप्रकाशकृता = अभवन्मतयोगदोषपराहतमिदं पद्यम्। आसादितमित्यासादनक्रियायां कोदण्डादीनां कर्मत्वे कोदण्डं शरानिति सर्वत्र द्वितीयाप्रसङ्गः। वाक्यार्थस्य कर्मत्वे प्रातिपदिकार्थमात्रविवक्षया कोदण्डः शरा इति प्रथमाप्रसङ्गः। येन कोदण्डादिना यद्यच्छरादिकमिति यच्छब्दार्थकोदण्डाद्योरभेदेनान्वयादासादनकर्मत्वावगतौ तस्याकर्णनकर्मत्वेनान्वये शरा इति लिङ्गवचनानुपपत्तेः। अतः अभवन्मतयोगदोषकबलितमेतदिति प्रतिपादितम्। तन्निरासमभिप्रेत्य लिङ्गवचनविपरिणामादिना तत्तद्वाक्यार्थसमुचितेनाभिमतान्वयमाह— **अत्रेति।**

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— हे देव! संग्रामाङ्गणसंगतेन, भवता, चापे, समारोपिते, सति, येन, येन, सहसा, यत्, यत्, समासादितन्, (तत्) आकर्णय, कोदण्डेन, शराः, शरैः, अरिशिरः, तेन, अपि, भूमण्डलम्, तेन, त्वम्, भवता, च, अतुला, कीर्तिः, कीर्त्या, च, लोकत्रयम् [समासादितम्] ॥१८१॥

[कोई कवि किसी राजा की प्रशंसा करते हुये उससे कह रहा है—] हे राजन्! संग्राम भूमि में आकर आपने जब धनुष चढ़ाया अर्थात् धनुष खींचा तो जिस-जिस ने जो-जो प्राप्त किया, उसे सुनिये— [आपके] धनुष ने बाण (प्राप्त किये), बाणों ने शत्रुओं का शिर (प्राप्त किया), शत्रुओं के शिरों ने पृथ्वी (प्राप्त की), पृथ्वी ने आपको (प्राप्त किया), आपने अतुलनीय यश को (प्राप्त किया) और यश ने तीनों लोकों को (प्राप्त किया)।

इस पद्य में 'येन येन सहसा यद्यत् समासादितम्' (जिस-जिस ने अचानक जो-जो प्राप्त किया—) इस संक्षेप वाक्य में प्रयुक्त 'समासादितम्' यह एक ही क्रियापद 'कोदण्डेन शराः' (धनुष ने बाणों को) आदि छह विवरण वाक्यों में आवश्यकतानुसार उचित लिङ्ग और वचन का परिवर्तन करते हुये अन्वित होता

तत्तदुच्च[1] लितलिङ्गवचनविपरिणामेनान्वेतीति दीपकम्। शरादीनामुत्तरोत्तरविशेषणभावादेकावली चेति दीपकैकावलीयोगः।।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे मालादीपकप्रकरणम् ।। ४७ ।।

****

समासादितमिति। क्रियाया उत्तरवाक्ये 'कोदण्डेन शरा' इत्यत्र लिङ्गवचनविपरिणामेन 'समासादिता'इति 'तेन त्व'मित्यत्र 'समासादित' इति लिङ्गविपरिणामेन 'भवता च कीर्ति'रित्यत्रापि लिङ्गविपरिणामेन सर्वत्र क्रियासम्बन्धादभिमतान्वयसिद्धेर्दीपकैकावलीयोगः स्पष्ट इत्यर्थः।

अत्र केचित्— 'मालादीपकं नालङ्कारान्तरं, किं तु अलङ्कारद्वयसङ्करवद्दीपकोत्थापितत्वादेकावल्यास्तयोः सङ्कर एव। अन्यथा अलङ्कारान्तरसङ्करस्यापि सङ्करबहिर्भावापत्ते' रित्याहुः। वस्तुतस्तु, नात्र दीपकसम्भवः। उदाहरणे कोदण्डादीनां सर्वेषामपि प्रस्तुताप्रस्तुतैकधर्मान्वयरूपदीपकस्यात्र प्रसरायोगात् । न चास्तु प्रकृतैकरूपधर्मान्वयात्तुल्ययोगितेति वाच्यम्, तथात्वे तत्सङ्करापत्तेरिति। वस्तुतस्तु, नात्रालङ्कारसङ्करवत् सङ्करमात्रकृतो विच्छित्तिविशेषः। नियतदीपकैकावलीयोगकृतविच्छित्तिविशेषस्यालङ्कारान्तरनिर्वाह्यत्वात् इति।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां मालादीपकप्रकरणम् ।। ४७ ।।

****

है। शर आदि पदार्थ उत्तरोत्तरवर्ती पदार्थों के विशेषण बन गये हैं अतः 'एकावली' भी है। इस प्रकार 'दीपक' और 'एकावली' का योग है। [इससे 'मालादीपक' नामक अलंकार का उदाहरण बन जाता है।]

विमर्श — काव्यप्रकाशकार ने सप्तम उल्लास में श्लोक संख्या २२९ में 'संग्रामाणङ्गमागतेन' इस पद्य को लिखते हुये इसमें 'अभवन्मतयोग' दोष दिखलाया है। अप्पय दीक्षित उसका निराकरण करने के लिये यह कह रहे हैं— 'येन येन सहसा यद्यत् समासादितम्' यह संक्षेप वाक्य है। इसका विवरण आगे छह वाक्यों में दिया गया है। विवरण वाक्यों के लिये आवश्यकतानुसार लिङ्ग और वचन का परिवर्तन जैसे अन्यत्र किया जाता है वैसे ही यहाँ भी कर लेना चाहिये अर्थात् 'कोदण्डेन शराः समासादिताः, शरैः अरिशिरः समासादितम्, तेन भूमण्डलं समासादितम्, तेन त्वं समासादितः, भवता च अतुला कीर्तिः समासादिता,

---

[1] 'उचित'— इतिपाठो युक्ततरः प्रतिभाति।

४८. अथ सारः —

उत्तरोत्तरमुत्कर्षः[१] सार इत्यभिधीयते ।
मधुरं मधु, तस्माच्च सुधा, तस्याः कवेर्वचः ।।१०७।।

यथा वा —

अन्तर्विष्णोस्त्रिलोकी निवसति, फणिनामीश्वरे सोऽपि शेते,
सिन्धोः सोऽप्येकदेशे, तमपि चुलुकयां कुम्भयोनिश्चकार ।
धत्ते खद्योतलीलामयमपि नभसि, श्रीनृसिंहक्षितीन्द्र !
त्वत्कीर्तेः कर्णनीलोत्पलमिदमपि च प्रेक्षणीयं विभाति ॥१८२॥

साराललङ्कारं लक्षयति— उत्तरोत्तरमिति। पूर्वपूर्वापेक्षया उत्तरोत्तरोत्कर्षः

कीर्त्या च भुवनत्रयं समासादितम् — इस प्रकार से आवश्यकतानुसार वचन— लिङ्ग आदि का परिवर्तन कर लेने से कोई दोष नहीं रहता है और ऐसा परिवर्तन अनेक स्थलों पर सर्वमान्य हैं। इस कारण मम्मट ने जो दोष प्रदर्शित किया है, उसका औचित्य चिन्तनीय है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'मालादीपक' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।४७।।

****

४८. सार अलंकार —

अन्वयः— उत्तरोत्तरम्, उत्कर्षः, सारः, इति, अभिधीयते ।
मधु, मधुरम्, तस्मात्, च, सुधा, (मधुरा), तस्याः, च, कवेः, वचः, मधुरम् ॥१०७॥

लक्षण — [पूर्व-पूर्व में वर्णित पदार्थ की अपेक्षा] उत्तरोत्तर वर्णित पदार्थ का उत्कर्ष [वर्णित होना] 'सार' अलङ्कार होता है।

उदाहरण— मधु = शहद मीठा होता है, उससे भी अधिक मीठी सुधा (अमृत) होती है— इस (सुधा) से भी (अधिक मीठे) होते हैं कवि के वचन। [यहाँ मधु की अपेक्षा अमृत और अमृत की भी अपेक्षा कविवचनों का उत्कर्ष वर्णित है। अतः 'सार' अलङ्कार है।]

---

१. अत्र चन्द्रालोके 'सारो नाम यदोत्कर्षः सारताया यथोत्तरम्। सारं सारस्वतं तत्र काव्यं तत्र शिवस्तवः। उदारसारश्चेद्भाति भिन्नो भिन्नतया गुणः।। मधुरं मधु पीयूषं तस्मात्तस्मात्कवेर्वचः।' इति पाठः।

अयं श्लाघ्यगुणोत्कर्षः।

अश्लाघ्यगुणोत्कर्षो यथा —

तृणाल्लघुतरस्तूलस्तूलादपि च याचकः ।
वायुना किं न नीतोऽसौ मामयं प्रार्थयेदिति ॥१८३॥

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— हे नृसिंहक्षितीन्द्र! त्रिलोकी, विष्णोः, अन्तः, निवसति, सः, अपि, फणिनाम्, ईश्वरे, शेते, सः, अपि, सिन्धोः, एकदेशे, तम्, अपि, कुम्भयोनिः, चुलुकयाम्, चकार, अयम्, अपि, नभसि, खद्योतलीलाम्, धत्ते, इदम्, अपि, त्वत्- कीर्तेः, प्रेक्षणीयम्, कर्णनीलोत्पलम् विभाति ॥१८२॥

[कोई कवि महाराज नृसिंह की कीर्ति की प्रशंसा के द्वारा उनकी स्तुति कर रहा है—] हे महाराज नृसिंह देव! ये तीनों लोक भगवान् विष्णु के मध्य (उदर) में रहते हैं और वे विष्णु भगवान् नागों के अधिपति शेषनाग पर शयन करते हैं और वह शेषनाग भी समुद्र के एक भाग में रहता है, उस समुद्र को भी महर्षि अगस्त्य ने चुल्लू में भर कर पी लिया था, वे अगस्त्य भी आकाश में जुगनू के समान टिमटिमाते रहते हैं और यह आकाश भी आपकी कीर्ति (रूपी सुन्दरी) के दर्शनीय कर्णाभूषण (कर्णफूल) नीलकमल के समान शोभित होता है।

[इस पद्य में सबसे पहले तीनों लोकों की विशालता, फिर इनका विष्णु के उदर में रहना, इससे इनकी अपेक्षा विष्णु का उत्कर्ष, विष्णु का भी शेषनाग में शयन = आराम करना— इससे विष्णु की अपेक्षा शेषनाग का उत्कर्ष, शेषनाग का समुद्र के एक कोने में रहना— इससे उसकी अपेक्षा समुद्र का उत्कर्ष, समुद्र को भी चुल्लू में भर कर अगस्त्य ने पी लिया था अतः समुद्र की अपेक्षा अगस्त्य का उत्कर्ष, अगस्त्य का जुगनू के समान आकाश में टिमटिमाना, चमकना— इससे इनकी अपेक्षा आकाश का उत्कर्ष, और इस नीले महान आकाश का भी आपकी कीर्तिरूपी रमणी के कान का कमलसदृश आभूषण बन जाना— इससे आपकी कीर्ति का उत्कर्ष सर्वाधिक है और वह कीर्ति आपकी है। अतः महाराज! आप सर्वाधिक उत्कृष्ट हैं— यह भाव है।]

इस पद्य में प्रत्येक पदार्थ के श्लाघ्य गुणों का उत्तरोत्तर उत्कर्ष वर्णित है।

अश्लाघ्य गुणों के उत्तरोत्तर उष्कर्ष का उदाहरण —

अन्वयः— तृणात्, तूलः, लघुतरः, तूलात्, अपि, च, याचकः,[लघुतरः], वायुना, किम्, न, नीतः? अयम्, माम्, प्रार्थयेत्, इति ॥१८३॥

उभयरूपो यथा—

गिरिर्महान्, गिरेरब्धिर्महानब्धेर्नभो महत्।
नभसोऽपि महद्ब्रह्म ततोऽप्याशा महीयसी ॥१८४॥

अत्र ब्रह्मपर्यन्तेषु महत्त्वं श्लाघ्यगुणः। प्रकृतार्थे त्वाशायामश्लाघ्यगुणः॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे सारप्रकरणम् ॥४८॥

****

सार इत्यर्थः। अयं च गुणागुणोत्कर्षाभ्यां द्विविध इत्यभिप्रेत्य उदाहरणानि दर्शयति— मधुरमिति। शेषमतिरोहितार्थम् ॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्याम् सारप्रकरणम् ॥४८॥

****

तिनके से भी हल्की रुई होती है, रुई से भी हल्का याचक (भिखारी) होता है। तो फिर हवा इसे क्यों नहीं उड़ा ले जाती? 'कहीं यह मुझसे भी याचना न करने लग जाय'— इसलिये।

अथवा अन्य उदाहरण—

[इसमें हल्कापन=लघुता, तुच्छता का उत्कर्ष उत्तरोत्तर वर्णित है। सबसे लघु तृण, इससे भी लघु रुई, रुई से भी लघु=हल्का, तुच्छ महत्त्वहीन होता है— याचक=भिखारी। यहाँ लघुता का उत्कर्ष उत्तरोत्तर वर्णित है।]

उभयरूप— (अर्थात् श्लाघ्य और अश्लाघ्य उभयविध गुणों के)

उत्कर्ष का उदाहरण—

अन्वयः— गिरिः, महान्, गिरेः, अब्धिः, महान्, अब्धेः, नभः, महत्, ब्रह्म, नभसः, अपि, महत्, (किन्तु) आशा, ततः, अपि, महीयसी ॥१८४॥

[संसार में] पर्वत महान् है, पर्वत से भी महान् (विशाल) समुद्र है, समुद्र से भी विशाल आकाश है, ब्रह्म आकाश से भी विशाल है, किन्तु आशा तो ब्रह्म से भी बढ़कर है।

यहाँ पर्वत से लेकर ब्रह्मपर्यन्त तो लाघ्य=महत्त्व के गुणों का उत्कर्ष है। किन्तु प्रकृत अर्थ में आशा में अश्लाघ्य गुण वर्णित है। [कवि किसी से धनादि प्राप्ति की आशा से ऐसा कह रहा है। अतः यहाँ आशा की महत्ता वास्तव में निकृष्टता में पर्यवसित होती है। अतः यह अश्लाघ्य गुण है। इस प्रकार श्लाघ्य तथा अश्लाघ्य दोनों गुणों के समावेश का यह उदाहरण है।]

॥ इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'सार' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ॥४८॥

****

४९. यथासङ्ख्यम्—

यथासङ्ख्यं[1] क्रमेणैव क्रमिकाणां समन्वयः ।
शत्रुं मित्रं विपत्तिं च जय रञ्जय भञ्जय ।।१०८।।

यथासंख्यं लक्षयति— **यथासंख्यमिति।** क्रमपठितानां समुदायद्वयमापन्नानां पाठक्रमानुरोधेनान्वयो यथासंख्यमित्यर्थः। तच्च द्विविधम्— शाब्दमार्थं च। क्रमिकाणां व्यस्तपदप्रतिपाद्यत्वे क्रमसम्बन्धस्याव्यवधानेन प्रतीत्या शब्दत्वं, तेषां समस्तपदप्रतिपाद्यत्वे त्वार्थम्। तत्र समुदाययोरेव मिथस्सम्बन्धस्य शब्दतः प्रतीयमानतया समुदायिनां सम्बन्धस्यार्थलभ्यत्वादिति सर्वस्वकारादयः। तत्र शाब्दमुदाहरणं 'शत्रु'मित्यादि। अत्र शत्रुप्रभृतीनां 'जये'त्यादिक्रियापदैरर्थद्वारकः क्रमेण सम्बन्धः। उत्तरश्लोके शरणं किं प्रपन्ननि, यतो न त्यज्यन्ते, किं वा विषवन्मारयन्ति, यतो न भुज्यन्त इति क्रमपठितयोर्द्वयोर्वाक्यार्थयोः क्रमेण 'न त्यज्यन्ते' इत्यादावन्वयाल्लक्षणानुगतिः। पूर्वत्र पदार्थानां सङ्गतिः। अत्र क्रमिकानेकवाक्यार्थसङ्गतिरिति भेदः। समस्तपदनिबन्धनमार्थं यथा—

नयनरथचक्रमित्रं रूपाहारध्वजं सुवदनायाः ।
वीक्ष्य पदाम्बरगात्रं हरिहरमदनाः कथं न विवदन्ते ।।

अत्र हरिहरमदनानां समुदायावयवानां 'नयनरथचक्रमित्र'मिति द्वितीयसमुदागवयवानां च सम्बन्धोऽर्थलभ्य इत्यार्थमिदं यथासंख्यम्। अन्यतरसमुदायस्य समासनिर्देशेऽपि आर्थमेव। यथा—

कीर्तौ विष्फूर्तिमत्यां ते विधिवैकुण्ठशङ्कराः ।
आरोढुं शयितुं वस्तुं वाञ्छन्ति धरणीपते! ।।

अत्र विधिवैकुण्ठशङ्कराणां समासपदप्रतिपाद्यत्वम्। आरोहणादिक्रियाणां भिन्नपदप्रतिपाद्यतेत्यार्थम्।

ननु, उद्देशक्रमानुसारेणानूद्देशाकरणे क्रमप्रक्रमभङ्गात्मको दोषः। यथा—

४९. यथासङ्ख्य-अलङ्कार—

अन्वयः— क्रमिकाणाम्, यथासंख्यम्, क्रमेण, एव, समन्वयः, यथा सङ्ख्यम्। (१) शत्रुम्, (२) मित्रम्, (३) विपत्तिम्, च, (१) जय, (२) रञ्जय, (३) भञ्जय ।।१०८।।

---

[1] चन्द्रालोके तु, **'यथासंख्यं द्विधार्थाश्चेत्क्रमादेकैकमन्विताः।'** इति पूर्वार्धपाठः।

यथा वा—

शरणं किं प्रपन्नानि विषवन्मारयन्ति वा।
न त्यज्यन्ते न भुज्यन्ते कृपणेन धनानि यत्॥१८५॥

अकलिततपस्तेजोवीर्यप्रथम्नि यशोनिधा-
ववितथमदाध्माते रोषान्मुनावभिधावति।
अभिजनधनुर्विद्यादर्पक्षमाय च कर्मणे
स्फुरति रभसात्पाणिः पादोपसङ्ग्रहणाय च॥

अत्र हि, प्रक्रान्ततपस्तेजःक्रमानुसारेण तपोऽन्वपिनः पादसङ्ग्रहणस्य उत्तरार्धे प्रथमं पठितव्यस्य चरमं पाठः। अतोऽयं क्रमप्रक्रमभङ्ग इति। एवं च यथासंख्योदाहरणेषु तादृशदोषाभावमात्रं न त्वलङ्कारान्तरं कल्पनीयमिति चेन्न, क्रमप्रक्रमभङ्गदोषाभावस्तावद्द्वेधा सम्भवति—क्रमस्यैवाप्रक्रमात् प्रक्रान्तस्य तस्यानिर्वाहाद्वा। तत्र

[१]व्यानम्रा दयितानने सकरुणा मातङ्गचर्माम्बरे
सोत्कम्पा भुजगे सविस्मयरसा चन्द्रेऽमृतस्यन्दिनि।
मीलद्भ्रूस्सुरसिन्धुदर्शनविधौ ह्रीणा कपालोदरे
पार्वत्या नवसङ्गमप्रणयिनी दृष्टिः शिवायास्तु वः॥

लक्षण— क्रम से पंक्ति (दो समुदाय) के पदों (तथा अर्थों) का यथासंख्य (जिस क्रम से पंक्ति है उसी क्रम) से अन्वय 'यथासंख्य' अलंकार होता है।

उदाहरण— [कोई कवि राजा से कह रहा है—] हे राजन् (१) शत्रुओं को जीतिये, (२) मित्रों को प्रसन्न कीजिये और (३) विपत्ति को भंग कीजिये, समाप्त कीजिये।

[यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि दो समुदाय के पदों तथा उनके अर्थों का पाठक्रम के अनुसार ही अन्वय किया जाता है। यह अन्वय शाब्द-शब्दक्रम से तथा आर्थ=अर्थक्रम से होता है। उदाहरण में एक समुदाय में क्रम से पठित हैं— (१) शत्रु, (२) मित्र, (३) विपत्ति, दूसरे में पठित हैं— (१) जय, (२) रञ्जय, (३) भञ्जय। इसलिये (१) शत्रुं जय, (२) मित्रं रञ्जय (३) विपत्तिं भञ्जय—यह अन्वय करके अर्थ किया जाता है।]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— कृपणेन, धनानि, यत्, न, भुज्यन्ते, तत्, किम्, (तानि) शरणम्, प्रपन्नानि, अथवा, विषवत्, मारयन्ति॥१८५॥

---

१. काव्यप्रकाशे उदाहरण सं० ३२१ पाठभेदो उश्यते।

अमुं क्रमालङ्कार इति केचिद् व्याजहुः।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे यथासंख्यप्रकरणम् ॥४९॥

****

इत्यत्राद्यः प्रकारः। अत्र हि दयिताननादीनाम् उद्देश्यानां पृथक्पृथगेव तत्तत्सन्निधौ व्यानम्रत्वादिविधेयोपन्यासः। न तूद्देश्यसमूहपरिसमाप्त्यनन्तरं विधेयोपक्रम इति क्रमप्रक्रमभङ्गाभावः। द्वितीयस्तु प्रकारः उदाहृतयथासंख्य स्थल एव। अत्र हि प्रक्रान्ते उद्देश्यवर्गे पाठबलात्प्रक्रान्तस्य क्रमस्य तेनैव क्रमेण विधेयोपन्यासेन निर्वाहः। इत्थं द्विविधयोरनयोर्दोषाभावयोराद्यस्य विच्छित्तिविशेषाभावेनानलङ्कारत्वेऽपि द्वितीयस्य विच्छित्तिविशेषशालितयालङ्कारत्वं युक्तमेव। न हि विच्छित्तिविशेषशालित्वेऽपि दोषाभावमात्रेणालङ्कारत्वहानिः। तथा सति निरलङ्कारत्वस्य दोषतया अलङ्कारमात्रस्य दोषाभावरूपतया अलङ्कारत्वाभावापत्तेः। अतो दोषाभावरूपस्यापि यथासंख्यस्यालङ्कारत्वं युक्तमेव।

वस्तुतस्तु, प्रक्रमभङ्गदोषस्याभिमतार्थान्वयबोधाभावेन कवेर्विवक्षितान्वयसमर्पकपदविन्यासनसामर्थ्याभावस्फोरणेन रसापकर्षावहतया दोषत्वं तदभावे कवेस्तादृशाशक्ति-स्फोरणमात्रं, न तु विच्छित्तिविशेषः कश्चित्। तस्य शपथनिर्णेयत्वात्। न हि निरलङ्कारत्वं नाम कश्चिद्दोषः शब्दार्थरसनिष्ठतया गणितः, येनालङ्कारवर्गमात्रस्यानलङ्कारता प्रसज्येत। अत एव साभिप्रायैकविशेषणविन्यासे अपुष्टार्थत्वदोषाभावमात्रं न तु परिकरालङ्कार इति सिद्धान्तः। अतो यथासंख्यस्य नालङ्कारत्वमिति युक्तमुत्पश्यामः॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां यथासंख्यप्रकरणम् ॥४९॥

****

कञ्जूस लोग धन को न तो छोड़ते हैं और न (उसका) उपभोग करते हैं तो क्या वे धन उनकी शरण में (रक्षार्थ) आ गये हैं अथवा वे विष के समान उन्हें मार देते हैं। [इसमें उनका उपयोग नहीं करते हैं।]

[यहाँ भी समुदाय हैं— (१) न त्यज्यन्ते (१) शरणं किं प्रपन्नानि, (२) न भुज्यन्ते, (२) विषवत् मारयन्ति वा। अतः दो-दो वाक्यों का क्रमशः अन्वय होता है। अतः 'यथासङ्ख्य' अलंकार है।]

इस यथासंख्य को ही कुछ (डण्डी आदि) आचार्थ 'क्रम' अलङ्कार

५०. अथ पर्यायः—

पर्यायो यदि पर्यायेणैकस्यानेकसंश्रयः[१] ।
पद्मं मुक्त्वा गता चन्द्रं कामिनीवदनप्रभा ।।१०९।।

अत्रैकस्याः कामिनीवदनकान्तेः क्रमेण पद्मचन्द्ररूपानेकाधारसंश्रयणं पर्यायः। यद्यपि पद्मसंश्रयणं कण्ठतो नोक्तम्। तथापि 'पद्मं मुक्त्वे'ति तत्परित्यागोक्त्या प्राक्तत्संश्रयाक्षेपेण पर्यायनिर्वाहः। अतएव

पर्यायं लक्षयति— **पर्याय इति।** एकस्यार्थस्य पर्यायेणानेकाधारसंश्रयणं पर्यायः। उदाहरणे कामिनीवदनकान्तेः पर्यायेण पद्मचन्द्ररूपानेकाधारसंश्रयणवर्णनाल्लक्षणानुगतिरिति भावः।

ननूदाहरणे पद्माश्रयणानुक्तेः कथं पर्याय इत्यत आह— **यद्यपीति।** पद्मसंश्रयणस्य कण्ठतो निबन्धनाभावेऽपि 'पद्मं मुक्त्वे'ति पद्मपरित्यागोक्त्या तत्समाश्रय-

---

ऐसा कहते हैं। [दण्डी की कारिका है— 'उद्दिष्टानां पदार्थानामनदेशो यथाक्रमम्। यथासंख्यमिति प्रोक्तं संख्यानं क्रम इत्यपि' ।। काव्यादर्शः २।२७३]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'यथासंख्य' अलङ्कार सम्पूर्ण हुआ ।।४९।।

****

५०. पर्याय - अलंकार —

अन्वयः— यदि, एकस्य, पर्यायेण, अनेकसंश्रयः, (तदा) पर्यायः ।
कामिनीवदनप्रभा, पद्मम्, मुक्त्वा, चन्द्रम्, गता ॥ १०९ ॥

लक्षण — यदि किसी एक वस्तु का (क्रमशः) अनेक वस्तुओं के साथ रहना=सम्बन्ध होना वर्णित हो तो 'पर्याय' अलङ्कार होता है।

उदाहरण — [रात्रि के समय] कामिनी के मुख की कान्ति कमल को छोड़कर चन्द्रमा के पास चली गई। [भाव यह है कि दिन में कामिनी के मुख की कान्ति की उपमा पद्म के साथ दी जाती है। किन्तु रात्रि में कमल खिलता नहीं अतः यह बराबरी उपमा चन्द्रमा के पास चली गई।]

इस पद्य में कामिनीवदनकान्ति एक ही वस्तु है उसका क्रम से पहले पद्मों के साथ पुनः चन्द्रमा के साथ रहना (संश्रयण) बतलाया गया है— अतः 'पर्याय'अलङ्कार है।

---

[१] पर्यायश्चेदनेकस्य स्यादेकत्र समन्वयः । पद्मं मुक्त्वा गता चन्द्रं कामिनीवदनोपमा ।।' इति चन्द्रालोकपाठः ।

श्रोणीबन्धस्त्यजति तनुतां सेवते मध्यभागः
पद्भ्यां मुक्तास्तरलगतयः संश्रिता लोचनाभ्याम् ।
धत्ते वक्षः कुचसचिवतामद्वितीयं तु वक्त्रं
त्वद्गात्राणां गुणविनिमयः कल्पितो यौवनेन ॥१८६॥

इत्यत्र पर्यायं काव्यप्रकाशकृदुदाजहार ।

सर्वत्र शाब्दः पर्यायो यथा—

चञ्चल नेत्रों वाली इस सुन्दरी का यह अधर बन्धूक (बन्धुओं के जीवों) की प्रभा का हरण करने वाला है तो यह दूसरों की प्रभा को हर लेता है, इसमें आश्चर्य क्या है?

['बन्धुजीव' इस शब्द में श्लेष है । यह (१) एक गाढ़े लाल-लाल रंग वाले फूल का नाम है। (२) बन्धूनां जीवस्य प्रभायाः हरः — यह विग्रह करके अपने बन्धु जनों के जीव की प्रभा का हरण करने वाला। जो अपने बन्धुओं के जीवों की प्रभा हर लेता है उसके लिये अन्य जीवों की प्रभा का हरण कर लेने में कोई आश्चर्य नहीं है, यह बात तो स्वतः सिद्ध है। अतः 'अर्थापत्ति' है।]

अन्वयः — यौ, ययोधरौ, त्वदीपम्, हृदयम्, भित्त्वा, निर्गतौ, अन्यदीयस्य, हृदयस्य, भेदने, तयोः, का, कृपा? ॥२०१॥

जो पयोधर (स्तन) तुम्हारे अर्थात् आश्रयभूत तुम्हारे वक्षःस्थल को फाड़कर (विदीर्ण करके) बाहर निकले हैं उनके लिये दूसरे के हृदय को फाड़ने (विदीर्ण करने) में कहाँ से कृपा होगी?

[कहीं–कहीं 'स्वकीयं हृदयं यह भी पाठ है] आशय यह है जो अपने आश्रयदाता वक्षःस्थल को भी फाड़ने में दया नहीं दिखाते वे भला दूसरे को विदीर्ण करने में कैसे दया दिखला सकते हैं । जो अपनों पर दया नहीं करता उसके लिये दूसरों पर दया की, आशा नहीं करनी चाहिये— यह अर्थ अपने आप सिद्ध हो जाता है। अतः इसमें 'अर्थापत्ति' अलङ्कार है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'काव्यार्थापत्ति' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।५८।।

****

५९. अथ काव्यलिङ्गम् —

समर्थनीयस्यार्थस्य[१] काव्यलिङ्गं समर्थनम् ।
जितोऽसि मन्द! कन्दर्प! मच्चित्तेऽस्ति त्रिलोचनः ।।१२०।।

अत्र कन्दर्पजयोपन्यासो दुष्करविषयत्वात्समर्थनसापेक्षः। तस्य 'मच्चित्तेऽस्ति त्रिलोचन' इति स्वान्तःकरणे शिवसन्निधानप्रदर्शनेन समर्थनं

काव्यलिङ्गं लक्षयति— **समर्थनीयस्येति**। समर्थनसापेक्षस्यार्थस्य समर्थनं हेतुबलेन प्रत्यायनं यत् तत्काव्यलिङ्गमित्यर्थः। लक्षणं योजयन्नुदाहरणं व्याचष्टे— **अत्रेति**। कन्दर्पजयो हीह साध्यतया निर्दिष्टः। सोऽत्र दुष्करतया असम्भवन् केनचिद्धेतुना साधनमपेक्षते। तादृशस्य तस्य 'मच्चित्तेऽस्ती'ति स्वान्तःकरणे मन्मथवैरिपरमेश्वरसन्निधानरूपहेतुप्रदर्शनेन समर्थनं कृतमितीदं काव्यलिङ्गमित्यर्थः। उदाहरणे 'त्रिलोचन' इति विशेष्यं त्वद्दहनानलशालिलोचनवान् परमेश्वरो मद्धृदयेऽस्तीत्यभिप्रायगर्भमिति परिकरांकुरः। तदुत्थापितं च काव्यलिङ्गमिति तयोः सङ्करः।

ननु, लिङ्गेन व्याप्तिपक्षधर्मतावतार्थस्य समर्थने न कश्चिद्विच्छिति

---

५९. काव्यलिङ्ग अलङ्कार—

अन्वयः— समर्थनीयस्य, अर्थस्य, समर्थनम्, काव्यलिङ्गम्, अलङ्कारः ।
अरे मन्द, कन्दर्प! जितः, असि, मच्चित्ते, त्रिलोचनः, अस्ति ।।१२०।।

लक्षण— समर्थन करने योग्य किसी अर्थ का [पदार्थ या वाक्यार्थ के द्वारा] समर्थन किया जाना 'काव्यलिङ्ग' अलङ्कार होता है।

उदाहरण— अरे मूर्ख कामदेव ! तुझे मैंने जीत लिया है क्योंकि मेरे हृदय में त्रिलोचन भगवान् शंकर विराजमान हैं।

यहाँ कामदेव को जीत लेने का वर्णन दुष्कर विषय वाला होने से समर्थन की अपेक्षा रखता है। 'मेरे चित्त में त्रिलोचन भगवान् शंकर हैं— ऐसा कहकर अपने अन्तःकरण में शिव के सन्निधान का प्रदर्शन करते हुए अपने कथन का समर्थन करने से काव्यलिङ्ग है। नैयायिकादिसम्मत लिङ्ग में व्याप्ति, पक्षधर्मता आदि की अपेक्षा होती है अतः उसका व्यावर्तन करने के लिये यहाँ 'काव्य' यह विशेषण दिया गया है। यहाँ वाक्यार्थ हेतु के रूप में होने से वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग है।

---

[१] चन्द्रालोके 'स्यात्काव्यलिंगं वागर्थो नूतनार्थसमर्पकः।' इति पूर्वार्ध पाठः।

काव्यलिङ्गम्। व्याप्तिपक्षधर्मतादिसापेक्षनैय्यायिकाभिमतलिङ्गव्यावर्तनाय काव्यविशेषणम्। इदं वाक्यार्थहेतुकं काव्यलिङ्गम्।

विशेषो धूमादिलिङ्गवदिति नायमलङ्कार इत्यत आह— **व्याप्तीति**। इह हि प्रत्याय्यप्रत्यायकभावे द्वयी गतिः। अप्रतीतसाध्यगोचरः प्रतीतसाध्यगोचरः इति। तत्राप्रतीतप्रत्यायने अनुमानम्। प्रतीतगोचरत्वे तु समर्थ्यसमर्थकभाव इति। तत्रालौकिकतया अस्य विच्छित्तिविशेषसद्भावितया अलङ्कार एव। समर्थ्यसमर्थकभावेऽपि यत्र पदार्थो हेतुत्वेन निबध्यते। यथा— 'नागेन्द्रहस्तास्त्वचि कर्कशत्वा'दिति। न तत्रायमलङ्कारः। यत्र तु उपात्तस्य पदार्थस्यार्थान्तरसमर्थनाय सामर्थ्याद्धेतुतावगतिस्तत्र काव्यलिङ्गम्। यथा 'जितोऽसी'त्यादौ अर्थान्तरन्यासादस्य भेदस्तत्रैव व्यक्तीकरिष्यत इति भावः। अस्य वाक्यार्थपदार्थहेतुकत्वादिकृतनानाभेदान्प्रदर्शयितुमाह— **इदमिति**। 'जितोऽसीति श्लोकगतमित्यर्थः।

विमर्श— दीक्षित ने समर्थनीय अर्थ का समर्थन काव्यलिङ्ग माना है। यह समर्थन किस प्रकार का हो, इसका संकेत यहाँ नहीं किया है। यह समर्थन पदार्थ रूप से और कभी वाक्यार्थ रूप से देखा जाता है। किसी ने कहा 'मूर्ख कामदेव ! तुम्हें मैंने जीत लिया।' यह कथन तब तक अधूरा है जब तक जीत लेने का कोई अकाट्य प्रमाण न दिया जाय क्योंकि कामदेव को अभी तक केवल शंकर जी ने ही जीता है। अतः वह अपने हृदय में त्रिलोचन शंकर की उपस्थिति कहता है। चूँकि तुम्हें त्रिलोचन भगवान् शंकर ने हराया था, अपने तीसरे नेत्र से भस्म किया था वे ही त्रिलोचन मेरे चित्त में विराजमान हैं। अतः उनके सान्निध्य के कारण मैंने तुम्हें जीता है। इससे वक्ता के कथन का समर्थन हो जाता है।

न्याय शास्त्र में 'लिङ्ग' एक अति प्रचलित और महत्त्वपूर्ण शब्द है। व्याप्तिज्ञान में इसकी आवश्यकता पड़ती है। लिङ्ग का सामान्य अर्थ 'हेतु' है। जैसे— 'पर्वतो वह्निमान् धूमात्'। यहाँ धूम यह हेतु=लिङ्ग है। 'पर्वतो वह्निमान् धूमात्, यो यो धूमवान् सः सः वह्निमान्, यथा महानसम्, तथा चायम्, तस्मात् पर्वतो वह्निमान्—यह—अनुमान का आकार है। इसमें प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय, निगमन ये पञ्चावयव वाक्य रहते हैं। निश्चित साध्यवान् को पक्ष कहा जाता है। साध्य और हेतु वह्निः—और धूम का सम्बन्ध व्याप्ति है—यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र वह्निः—आदि विषय न्याय शास्त्र के हैं। इनके लिये

पदार्थहेतुकं यथा—

भस्मोद्धूलन ! भद्रमस्तु भवते रुद्राक्षमाले शुभं
हा सोपानपरम्परे! गिरिसुताकान्तालयालंकृते!।
अद्याराधनतोषितेन विभुना युष्मत्सपर्यासुखा-
लोकोच्छेदिनि मोक्षनामनि महामोहे निलीयामहे ॥२०२॥

अत्र मोक्षस्य महामोहत्वमप्रसिद्धमिति तत्समर्थने 'सुखालोकोच्छेदिनी'ति पदार्थो हेतुः।

अत्र लक्षणं योजयति— अत्र मोक्षस्येति। न चैवमप्रसिद्धमहामोहत्वसमर्थने अनुमानतापत्तिः। व्याप्तिपक्षधर्मताद्युपेतलिङ्गप्रदर्शकाद्यवयवाद्यनुपन्यासात्कवि प्रौढोक्तिसिद्धतया प्रतीतस्य महामोहत्वस्य समर्थन एव कविसंरम्भादिति भावः।

तर्कसंग्रह, तर्कभाषा, न्यायसिद्धान्तमुक्तावली आदि ग्रन्थों में अनुमान प्रकरण पढ़ने चाहिये। यहाँ 'लिङ्ग' के साथ 'काव्य' विशेषण लगा देने से न्याय शास्त्र प्रसिद्ध 'लिङ्ग' का वारण हो जाता है।

पदार्थहेतुक काव्यलिङ्ग का उदाहरण—

अन्वयः— हे भस्मोद्धूलन!, भवते, भद्रम्, अस्तु, हे रुद्राक्षमाले ! (भवत्यै), शुभम्, अस्तु, हे गिरिसुताकान्तालयालंकृते, सोपानपरम्परे!, हा, अद्य, आराधनतोषितेन, विभुना, युष्मत्सपर्यासुखालोकोच्छेदिनि, मोक्षनामनि, महामोहे, निलीयामहे ॥२०२॥

[किसी भक्त को शिवप्रसाद से मोक्ष प्राप्त हो रहा है। उस समय वह कह रहा है—] हे भस्मालेपन ! आपका कल्याण हो, हे रुद्राक्षमाले ! आपका शुभ हो। हे पार्वतीपति भगवान् शंकर के मन्दिर की अलङ्कारभूत सीढ़ियों की पंक्ति ! हाय [आज से मैं तुम्हारा सहयोग नहीं ले सकूँगा] क्योंकि मेरी पूजा से प्रसन्न भगवान् शिव जी मुझे तुम्हारी पूजा के सुख के आलोक को नष्ट कर देने वाले मोक्ष नाम वाले महामोह में लीन कर दे रहे हैं।

इस पद्य में मोक्ष को 'महामोह' कहा गया जो कि अप्रसिद्ध है अतः उस कथन के समर्थन में 'सुखालोकोच्छेदिनि' (सुख रूपी आलोक=प्रकाश के विनाशक) यह पदार्थ हेतु रूप में उपन्यस्त है।

[भाव यह है कि कवि ने 'मोक्ष' को 'महामोह' रूप कहा है जबकि अधिकांश शास्त्र मोक्ष को आनन्द रूप मानते हैं। अतः उक्त कथन का समर्थन]

क्वचित्पदार्थवाक्यार्थौ परस्परसापेक्षं हेतुभावं भजतः ।

यथा वा—

चिकुरप्रकरा जयन्ति ते विदुषी मूर्धनि यान्बिभर्ति सा ।
पशुनाप्यपुरस्कृतेन तत्तुलनामिच्छति चामरेण कः? ॥२०३॥

(नैषध २/२०)

अत्र चामरस्य दमयन्तीकुन्तलभारसाम्याभावेऽपि 'विदुषी मूर्धनि यान्बिभर्ति से'ति वाक्यार्थः, पशुनाप्यपुरस्कृतेने'ति पदार्थश्चेत्युभयं मिलितं हेतुः ।

क्वचित्समर्थनीयार्थसमर्थनार्थे वाक्यार्थे पदार्थो हेतुः।

मिलितोभयहेतुकमपीदं, तयोः परस्परापेक्षातदभावाभ्यां द्वैविध्यमभिप्रेत्याह— **क्वचिदिति।**

अपेक्षित है। इसके लिये कवि ने कहा कि 'मोक्ष' सपर्यासुख रूपी प्रकाश (अनुभवसुख) को भी नष्ट कर देता है। अर्थात् मोक्ष में कोई अनुभूति नहीं रहती है। इसीलिये यहाँ 'मोक्ष' का विशेषण 'महामोह' दिया गया है।

काव्यप्रकाश में द्वितीय पंक्ति का पाठ भिन्न है— "हा सोपानपरम्परां गिरिसुताकान्तालयालङ्कृतिम्'। इसमें भक्त उन सीढ़ियों के वियोग की बात करता है जिनसे वह प्रतिदिन शंकर पूजा के लिये चढ़ कर मन्दिर में जाता था।

(अनु०) कहीं-कहीं पदार्थ और वाक्यार्थ दोनों ही परस्पर सापेक्ष होते हुये हेतुता को प्राप्त करते हैं, अर्थात् हेतु बनते हैं।

इस विषय में उदाहरण—

अन्वयः— ते, चिकुरप्रकराः, जयन्ति, यान्, सा, विदुषी, मूर्धनि, बिभर्ति। पशुना, अपि, अपुरस्कृतेन, चामरेण, कः, तत्तुलनाम्, इच्छति? ॥२०३॥

[नैषधीय चरित द्वितीय सर्ग का २०वाँ श्लोक है। इसमें दमयन्ती के केशपाश की प्रशंसा की गई है।] वे केशपाश सर्वोत्कृष्ट हैं जिन्हें वह विदुषी दमयन्ती अपने सिर पर धारण करती है। उन केशों की चामर के साथ तुलना कौन करना चाहेगा जिस चामर को पशु चमरी गाय भी आगे नहीं रखती है अर्थात् पूँछ के रूप में पीछे ही रखती है। [भाव यह है कि कुछ कवियों ने दमयन्ती के केशपाश की तुलना चमरी गाय के पूँछ के केशों अर्थात् चामर से की है। इस पर श्री हर्ष का यह कथन है कि एक सामान्य मूर्ख पशु होकर भी वह अपने केशों को पीछे पूँछ के रूप में रखती है और विदुषी दमयन्ती अपने

यथा वा—

वपुःप्रादुर्भावादनुमितमिदं जन्मनि पुरा
पुरारे! न [१]क्वापि क्वचिदपि भवन्तं प्रणतवान्।
नमन्मुक्तस्संप्रत्यहमतनुरग्रेऽप्यनतिमान्
इतीश क्षन्तव्यं तदिदमराधद्वयमपि ॥२०४॥

उदाहरणे द्वयोस्सापेक्षतामुपपादयति— **अत्र चामरस्येति**। यद्यपि 'पशुनाप्यपुरस्कृतेने'ति चामरगतत्वेन तद्गतकुन्तलभरसाम्याभावे हेतूभवितुं योग्यः 'विदुषी मूर्धनी'ति वाक्यार्थः तदवृत्तितया कथं तत्र हेतुभावं भजताम्। तथापि साध्यकुन्तलभरसाम्याभावानुप्रविष्टकुन्तलभरगततयोपनिबध्यमानो वाक्यार्थस्तथाविधकुन्तलभरघटितसाम्याभावप्रयोजकतया तत्र हेतुत्वोपपत्तिरित्युभयं मिलितमत्र हेतुरिति भावः।

क्वचित्समर्थकवाक्यार्थहेतुभूतः पदार्थस्तद्द्वारा समर्थनीयार्थसमर्थनोपयोगीत्याह— **वपुः प्रादुर्भावादिति**। स्पष्टम्।

केशपाश सिर पर रखे हुए हैं। अतः इन दोनों की तुलना का कोई औचित्य ही नहीं है। दमयन्ती आदरपूर्वक शिर पर धारण करती है और चमरी उपेक्षा भाव से पूँछ के रूप में पीछे धारण करती है।]

इस पद्य में चामर का दमयन्ती के केशसमूह के साथ साम्य नहीं है— इस कथन के समर्थन में 'विदुषी जिन्हें शिर पर धारण करती है' यह वाक्यार्थ तथा 'पशु होते हुये भी आगे न धारण किये गये अर्थात् पूँछ बनाये गये' यह पदार्थ दोनों मिलकर हेतुरूप में रखे गये हैं अर्थात् वाक्यार्थ और पदार्थ दोनों मिलकर यह बात सिद्ध करते हैं कि चामरकेश दमयन्तीकेशपाश के समान नहीं है।

कहीं-कहीं समर्थनीय अर्थ के समर्थन में वाक्यार्थ प्रयुक्त किया जाता है और उस वाक्यार्थ के समर्थन में कोई पदार्थ हेतु बनाया जाता है।

उक्त विषय में उदाहरण—

अन्वयः— हे पुरारे !, वपुःप्रादुर्भावात्, इदम्, अनुमितम्, यत्, पुरा, जन्मनि, क्वचिद्, अपि, भवन्तम्, न, प्रणतवान्। सम्प्रति, नमन्, मुक्तः, अहम्, अतनुः, अग्रे, अपि, अनतिमान्, इति, हे महेश !, तत्, इदम्, अपराधद्वयम्, अपि, क्षन्तव्यम् ॥२०४॥

---

[१] 'क्वापि, क्वचिदपि—' इत्यनयोः समानार्थकत्वेन 'क्वापि' इत्यस्य स्थाने 'प्रायः' इति पाठो अन्यत्र दृश्यते, स युक्ततर एव।

अत्र तावदपराधद्वयमपि समर्थनीयम्, अस्पष्टत्वात्। तत्समर्थनं च पूर्वापरजन्मनोरनुमानाभ्यां वाक्यार्थभूताभ्यां क्रियते। अत्र द्वितीयवाक्यार्थे अतनुत्वमेकपदार्थो हेतुः। अत्रापि 'संप्रति नमन्मुक्त' इति वाक्यार्थोऽनेकपदार्थो वा हेतुः।

हे पुरारि भगवन् शंकर ! (इस जन्म में) शरीर धारण करने के कारण मैंने यह अनुमान किया है कि पिछले किसी भी जन्म में सम्भवतः आपको कभी कहीं भी प्रणाम नहीं किया है और इस समय प्रणाम करते ही मुक्त हो जा रहा हूँ, इसलिये शरीरधारी नहीं बनूँगा, जिससे अगले जन्म में भी आपको प्रणाम नहीं कर सकूँगा। अतः हे महेश! आप मेरे इन दोनों ही अपराधों को क्षमा कर दें।

इस पद्य में दो अपराधों का वर्णन है। उन दोनों का समर्थन करना है। क्योंकि (अपराधों का स्वरूप) स्पष्ट नहीं है। इसका समर्थन पूर्व तथा अपर जन्म के अनुमान जो कि वाक्यार्थभूत हैं, के द्वारा किया जा रहा है। यहाँ द्वितीय वाक्यार्थ में 'अतनुत्व' (शरीरधारी न होना) यह एक पदार्थ हेतु है और इसमें भी अर्थात् अतनुत्व में भी 'प्रणाम करता हुआ इस समय मुक्त हो गया'— यह पूरा वाक्यार्थ अथवा अनेक पदार्थ हेतु है।

विमर्श— काव्यप्रकाश में उपर्युक्त पद्य वाक्यार्थ की हेतुता के उदाहरण के रूप में दिया गया है। प्रदीपकार ने यह व्याख्या लिखी है— "अत्र पुरा क्वचिदपि नाहं भवन्तं प्रणतवान् अग्रेऽप्यहमनतिमानित्यवान्तरवाक्ययोरर्थोऽनमनमपराधे हेतुः।" किन्तु दीक्षित ने इसमें वाक्यार्थ तथा पदार्थ दोनों की हेतुता लिखी है।

प्रस्तुत संस्करण की आधारभूत पुस्तक में 'तत्समर्थनं च पूर्वापरजन्मनोरनुमानाभ्यां वाक्यार्थभूताभ्यां क्रियते' यही पाठ प्रकाशित है। इसका भाव यह है कि पूर्वजन्मविषयक तथा अपरजन्मविषयक दोनों अनुमान किये गये और ये अनुमान वाक्यार्थभूत हैं। इन दोनों अनुमानवाक्यों से यह सिद्ध है कि दो बार 'अनमन' रूप अपराध किया गया है अर्थात् ये दोनों अनुमान वाक्यार्थ अपराधद्वय का समर्थन करते हैं। अतः यह पाठ शुद्ध ही है।

कुछ संस्करणों में यह पाठ है "तत्समर्थनं च पूर्वापरजन्मनोरनमनाभ्यां वाक्यार्थभूताभ्यां क्रियते।" इसका आशय है कि पूर्व तथा अपर जन्म में अनमन (प्रणाम न करना) रूप जो दो वाक्यार्थ हैं उनके द्वारा दो अपराध होने का समर्थन किया जा रहा है।

क्वचित्परस्परविरुद्धयोस्समर्थनीययोरुभयोः क्रमादुभौहेतुभावं भजतः। यथा—

असोढा तत्कालोल्लसदसहभावस्य तपसः
कथानां विस्रम्भेष्वथ च रसिकश्शैलदुहितुः।
प्रमोदं वो दिश्यात्कपटवटुवेषापनयने
त्वराशैथिल्याभ्यां युगपदभियुक्तः स्मरहरः ॥२०५॥

अत्र शिवस्य युगपत्कृत्रिमब्रह्मचारिवेषापनयनत्वरा तदनुवर्तनेच्छयोर्विरुद्धयोः क्रमाद् गिरिजा-तीव्रतपसोऽसहिष्णुत्वं तत्संल्लापकौतुकं चेत्युभौ हेतुत्वेन निबद्धौ।

यथासंख्यालङ्कारसङ्कीर्णतयाऽस्य चारुतेत्याह— **क्वचिदिति**। उदाहरति— **असोढेति**। अत्र क्रमनिर्दिष्टयोः वटुवेषपरित्यागत्वरातच्छिथिलीकरणयोः परस्परविरुद्धयोः पार्वतीतीव्रतपोऽसहनं तदीयरहस्संल्लापरसिकत्वं चेति क्रमनिर्दिष्टौ पदार्थौ

अस्तु भाव में कोई अन्तर नहीं है। प्रस्तुत संस्करण के पाठ से श्लोकस्थ 'अनुमितमिदम्' का सामञ्जस्य अधिक है। इसलिये यही पाठ रखा गया।

(अनु०) कहीं-कहीं दो परस्पर विरुद्ध समर्थनीय पदार्थों में क्रमशः वे दोनों हेतु बन जाते हैं।

उक्त विषय में उदाहरण—

अन्वयः— तत्कालोल्लसदसहभावस्य, तपसः, असोढा, अथ, च, शैलदुहितु, कथानाम्, विस्रम्भेषु, रसिकः, कपटवटुवेषापनयने, युगपत्, त्वराशैथिल्याभ्याम्, अभियुक्तः, स्मरहरः, वः, प्रमोदम्, दिश्यात् ॥२०५॥

[पार्वती की परीक्षा लेने आये ब्रह्मचारी-वेशधारी शङ्कर का वर्णन है—] बाल्यावस्था में किये जा रहे उस दुःसह तप को सहन करने में असमर्थ [अतः शीघ्र ही अपना वास्तविक रूप दिखलाकर तप से मुक्त कराने की इच्छा करने वाले] किन्तु दूसरी ओर हिमालय की पुत्री पार्वती की बातचीत में अनुरक्त होने वाले [इसलिये अपनी वास्तविकता को शीघ्र प्रकट न करने की इच्छा से विलम्ब करने वाले] इसलिये कपट से धारण किये गये ब्रह्मचारी के वेष को हटाने में शीघ्रता तथा शिथिलता इन दोनों से एक साथ आक्रान्त (विवश) स्मरहन्ता शिव जी आप लोगों को आनन्द प्रदान करें।

इस पद्य में कृत्रिम ब्रह्मचारी वेष को हटाने की त्वरा और उसी वेष को बनाये रखने की इच्छा अर्थात् उसको हटाने की शिथिलता इन दोनों विरुद्ध

क्वचित्परस्परविरुद्धयोरुभयोस्समर्थनीययोरेक एव हेतुः ।
यथा—

जीयादम्बुधितनयाधररसमास्वादयन्मुरारिरयम् ।
अम्बुधिमथनक्लेशं कलयन् सफलं च विफलं च ॥२०६॥

अत्र सफलत्वविफलत्वकलनयोरुभयोर्विरुद्धयोरेक एवाम्बुधितनयाधररसास्वादो हेतुः ।

हेतुभावं भजत इति भावः। क्वचिदेकस्यैव विरुद्धोभयसमर्थकत्वमित्याह— **एक एवेति**। उदाहरणे उक्तभेदमुदाहरति— **अत्र सफलत्वेति**। अम्बुधितनयाधररसा-

---

पदार्थों में क्रमशः पार्वती की अति तीव्र तपस्या को न सहन कर सकना तथा उनके साथ वार्तालाप की कौतुक=उत्सुकता— इन दोनों को हेतु के रूप में वर्णित किया गया है। भाव यह है कि पार्वती की उग्र तपस्या से द्रवित शंकर जी चाहते हैं कि शीघ्र ही अपना वास्तविक रूप प्रकट कर दें जिससे पार्वती अपनी तपस्या समाप्त कर दें। यहाँ कपटवटुवेश को छोड़ने की शीघ्रता में कारण है पार्वती की उग्र तपस्या को न सहन कर पाना। दूसरी ओर पार्वती के साथ वार्तालाप से शंकर जी को आनन्द आ रहा था। आगे भी उसे सुनते रहने की इच्छा थीं इसलिये उस वेश को धारण किये रहने की इच्छा हो रही थी जिससे उस कपट वेश के त्यागने में शिथिलता थी। अतः शिथिलता में हेतु है— वार्तालाप में आसक्ति। यहाँ त्वरा और शिथिलता दो विरोधी पदार्थों का एक साथ वर्णन किया गया है और उनके समर्थन में दो हेतु दिये गये हैं— काव्यप्रकाश में यह पद्य त्वरागम्य आवेग तथा शैथिल्यगम्य धैर्य इन दो भावों की सन्धि के उदाहरण के रूप में पञ्चम उल्लास में उद्धृत है।

(अनु०) कहीं-कहीं दो परस्पर विरुद्ध समर्थनीय पदार्थों का समर्थन करने के लिये एक ही हेतु दिया जाता है।

इस विषय में उदाहरण—

अन्वयः— अम्बुधितनयाधररसम्, आस्वादयन्, अयम्, मुरारिः, अम्बुधिमथनक्लेशम्, सफलम्, विफलम्, च, कलयन्, जीयात् ॥१०६॥

समुद्रपुत्री लक्ष्मी के अधररस का आस्वाद करते हुये उन भगवान् विष्णु की जय हो जो समुद्र के मन्थन के क्लेश को सफल तथा विफल समझ रहे हैं।

इस पद्य में [समुद्रमन्थन की] सफलता और विफलता इन दोनों परस्पर विरोधी पदार्थों को आकलित करने (समझने) के लिये लक्ष्मी के

इदं काव्यलिङ्गं हेत्वलङ्कार इति केचिद्व्याजह्रुः।

हे गोदावरि ! देवि ! तावकतटोद्देशे कलिङ्गः कवि-
वाग्देवीं बहुदेशदर्शनसखीं त्यक्त्वा विरक्तिं गतः।
एनामर्णवमध्यसुप्तमुरभिन्नाभीसरोजासनं
ब्रह्माणं गमय क्षितौ कथमसावेकाकिनी स्थास्यति? ॥२०७॥

स्वादालम्बनलक्ष्मीप्राप्तिहेतुत्वेन प्राप्तलक्ष्मीकस्य ततोऽमृतप्राप्तिपर्यन्ततदनुवर्तन-क्लेशस्य तत्फलामृतास्वादसाध्यफलस्य ततोऽप्यतिशयिताधररसास्वादेन सिद्धतया विफलत्वस्य चाधररसास्वादेनैकेन समर्थनादुक्तभेदोदाहरणं युक्तमिति भावः।

अत्र जयदेवमतं तदभिमतोदाहरणोपन्यासपूर्वकं दर्शयति— हे गोदावरीति।

अधररस का आस्वाद लेना— यह एक ही हेतु वर्णित है। [भाव यह है कि समुद्रमन्थन के पश्चात् लक्ष्मी जी मिलीं और अमृत भी मिला तो उन्हें समुद्रमन्थन सफल लगा। किन्तु जब लक्ष्मी के अधररस का आस्वाद किया तो वह अमृत से भी बढ़कर लगा जिससे उन्हें समुद्रमन्थन व्यर्थ लगा क्योंकि लक्ष्मी की प्राप्ति के बाद जिस अमृतप्राप्ति के लिये दुबारा समुद्रमन्थन किया गया उस अमृत का आस्वाद तो लक्ष्मी के अधररस के आस्वाद से कम आनन्ददायक था। अतः 'अम्बुधितनया-अधररसास्वाद' यह परस्पर विरुद्ध अर्थद्वय का समर्थक एक हेतु है।]

इस 'काव्यलिङ्ग' अलङ्कार को कुछ विद्वान् 'हेतु अलङ्कार' ऐसा भी कहते हैं।

अन्वयः— हे देवि गोदावरि ! (कोऽपि) कलिङ्गः, कविः, बहुदेशदर्शनसखीम्, वाग्देवीम्, तावकतटोद्देशे, त्यक्त्वा, विरक्तिम्, गतः, (अतः त्वम्) एनाम्, अर्णवमध्य-मुरभिन्नाभी-सरोजासनम्, ब्रह्माणम्, गमय, असौ, एकाकिनी, क्षितौ, कथम्, स्थास्यति? ॥२०७॥

[कोई कवि कलिङ्ग=उड़ीसावासी किसी विद्वान् के शरीरत्याग के बाद सरस्वती की दशा गोदावरी नदी से वर्णन कर रहा है—] हे देवि गोदावरि ! कोई कलिङ्ग-देशवासी कवि विद्वान् विभिन्न स्थानों के दर्शन करने में साथ-साथ में रहने वाली सखीसदृश सरस्वती को छोड़कर तुम्हारे तट पर विरक्ति=मुक्ति को प्राप्त कर गया। इसलिये तुम अब समुद्र के मध्य योगनिद्रा में शयन करने वाले भगवान् मुरारि=विष्णु के नाभिकमल पर विराजमान ब्रह्मा जी के समीप इसको पहुँचा दो क्योंकि वह बेचारी सरस्वती पृथ्वी पर अकेली कैसे रह पायेगी?

इत्यत्र ब्रह्मणः प्रापणं कथं गोदावर्या कर्तव्यमित्यसम्भावनीयार्थोपपादकस्यार्णवमध्येत्यादितद्विशेषणस्य न्यसनं श्लेषाख्यो गुण इति।

'श्लेषोऽविघटमानार्थघटकार्थस्य वर्णनम्।'
इति श्लेषलक्षणमिति च जयदेवेनोक्तम्।

वस्तुतस्त्वत्रापि पदार्थहेतुकं काव्यलिङ्गमेव। तद्भेदकाभावात्।

तामालम्ब्य विलीय महीपालस्थानेषु निजवैदुषीख्यापनेन कीर्त्यादिलाभाद्वाग्देव्याः बहुदेशदर्शनसखीत्वकल्पनम्। अत्र तदीयाघटमानार्थघटकविशेषणविन्यासः श्लेषरूपो गुण इति लक्षणकथनपूर्वकं तद्रीत्या श्लेषमुपपादयति— **इत्यत्रेति।**

वस्तुतस्त्विति। अर्णवमध्येत्यादिपदार्थस्य ब्रह्मसमीपप्रापणरूपार्थे हेतुत्वेन काव्यलिङ्गमेव युक्तम्। 'जितोऽसी'त्याद्युदाहरणेषु उक्तश्लेषासम्भवेन काव्यलिङ्गस्या-

इस पद्य में 'गोदावरी सरस्वती को ब्रह्मा के समीप किस प्रकार पहुँचा सकती है' इस असंभावनीय अर्थ का उपपादन (समर्थन) करने वाला— 'अर्णवमध्य'— इत्यादि उसके विशेषण का कथन किया जाना है, यह श्लेषनामक गुण है। क्योंकि 'अविवटमान अर्थ के घटक अर्थ का वर्णन श्लेष होता है'— यह श्लेष का लक्षण है— ऐसा जयदेव ने कहा है।

विमर्श— काव्यलिङ्ग अलङ्कार में लिङ्ग शब्द सामान्य रूप से 'हेतु' का सूचक है। अतएव कुछ विद्वान् इसे 'हेतु' अलङ्कार भी कहते हैं। कुछ आलङ्कारिकों ने दोनों को पृथक्-पृथक् माना है। कुछ ने केवल 'काव्यलिङ्ग' ही माना है। इस प्रसंग में अप्पय दीक्षित का मत है कि ये दोनों अलग-अलग अलङ्कार मानने चाहिये। इसीलिये आगे १००वें अलङ्कार के रूप में १६६वीं कारिका में 'हेतु' अलङ्कार का अलग से विवेचन किया जायेगा।

यहाँ जयदेव के मत की चर्चा की गई है। उनके अनुसार श्लेष गुण वहाँ होता है जहाँ अविघटमान अर्थ का उपपादक कोई हेतु वर्णित कर दिया जाय। यहाँ उद्धृत पद्य में 'सरस्वती को ब्रह्मा के पास पहुँचाना है' कैसे और कहाँ मिलेंगे ब्रह्मा जी, इसके लिये इसी पद्य में लिखा है— 'अर्णवमध्यसुप्त-मुरभिन्नाभीसरोजासनम्' इस कथन से यह ज्ञात होता है कि ब्रह्मा जी विष्णु के नाभिकमल पर विराजमान हैं। यह कथन अर्थ की आकांक्षा पूरी कर देता है।

अप्पय दीक्षित का मत-

(जयदेव के कथन से असहमत होते हुये अप्पय दीक्षित कहते हैं—) वास्तव में इस पद्य में भी पदार्थहेतुक काव्यलिङ्ग ही है। कारण यह है कि यहाँ

ननु, साभिप्रायपदार्थवाक्यार्थविन्यसनरूपात्परिकरात्काव्यलिङ्गस्य किं भेदकम्?

उच्यते।- परिकरे पदार्थवाक्यार्थबलात्प्रतीयमानोऽर्थो वाच्योपस्कारकतां भजते। काव्यलिङ्गे तु पदार्थवाक्यार्थाविव हेतुभावं भजतः।

प्रतिहतत्वात्। इहोदाहरणे सङ्करोपपत्तेः। काव्यप्रकाशकारादिभिरर्थगतवैचित्र्यरूपतयास्य गुणत्वाभावस्य समर्थितत्वाच्चेति भावः। **साभिप्रायेति।** 'जितोऽसी'त्याद्युदाहरणे साभिप्राय-विशेष्यविशेषणविन्यसनस्य स्पष्टत्वान्न ततोऽस्य भेदस्सम्भवति। परिकरविविक्तविषयाभावादिति भावः। 'परिकारा'दित्युपलक्षणम्। परिकरांकुरादपीति द्रष्टव्यम्। समाधत्ते— **परिकर इति।** तत्र हि 'सुधांशुकलितोत्तम' इत्यादौ विशेषणबलात्प्रतीयमानस्य तापनिवारकामृतकिरणसन्निधानस्य तापहरणरूपवाच्योपस्कारकता, न तु पदार्थवाक्यार्थयोस्तत्र उपकारता। अतस्तत्र काव्य-

काव्यलिङ्ग से भिन्नता बताने वाला कोई कारण दिखाई नहीं देता है। [ब्रह्मा के समीप पहुँचाना रूपी पदार्थ का समर्थन 'अर्णवमध्यसुप्त०' आदि पद से उपस्थाप्य अर्थ (हेतु) से हो जाता है (इसके अतिरिक्त अनेक ऐसे स्थल हैं जहाँ श्लेष सम्भव नहीं हो सकता वहाँ काव्यलिङ्ग ही मानना पड़ता है। अतः इस पद्य में भी पदार्थहेतुक काव्यलिङ्ग ही मानना उचित है।]

काव्यलिङ्ग और परिकर का भेद—

यह शंका होती है कि साभिप्राय विशेषणरूप पदार्थ और वाक्यार्थ के कथन से युक्त 'परिकर' नामक अलङ्कार से काव्यलिङ्ग का क्या भेद है? [क्योंकि विशेषण रूप से प्रतिपादित पदार्थ या वाक्यार्थ को हेतु मानकर काव्यलिङ्ग माना जाता है। तब परिकर और परिकराङ्कुर की आवश्यकता ही नहीं रह पायेगी?]

उत्तर यह है कि परिकर अलङ्कार में पदार्थ अथवा वाक्यार्थ के बल से प्रतीत होने वाला प्रतीयमान (व्यङ्ग्य) अर्थ वाच्यार्थ का उपस्कारक (परिपोषक) बन जाता है। जब कि काव्यलिङ्ग में पदार्थ और वाक्यार्थ ही [समर्थनीय अर्थ के] हेतु बन जाते हैं। [भाव यह है कि परिकर अलंकार में सर्वप्रथम पदार्थ अथवा वाक्यार्थ की प्रतीति होती है उसके बाद उन पदार्थ और वाक्यार्थ रूपी वाच्यार्थों से व्यङ्ग्य अर्थ की प्रतीति होती है। यह व्यङ्ग्यार्थ विवक्षित वाच्यार्थ का उपस्कारक=परिपोषक बनता है। इस प्रकार परिकर में बीच में व्यङ्ग्यार्थ भी आता है। काव्यलिङ्ग में केवल वाच्यार्थ ही प्रतीत होते हैं पद या वाक्य से। जब पदार्थ हेतु होता है तब पदार्थहेतुक और जब वाक्य हेतु होता है तब वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग माना जाता है। दोनों में यही भेद है।]

ननु, यद्यपि 'सुखालोकोच्छेदिनी'त्यादिपदार्थहेतुककाव्यलिङ्गोदाहरणे 'अग्रेऽप्यनतिमा' नित्यादिवाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गोदाहरणे च पदार्थवाक्यार्थावेव हेतुभावं भजतः, तथापि 'पशुनाप्यपुरस्कृतेने'ति पदार्थहेतुकोदाहरणे 'मच्चित्तेऽस्ति त्रिलोचन' इति वाक्यार्थहेतुकोदाहरणे च प्रतीयमानार्थस्यापि हेतुकोट्यनुप्रवेशो दृश्यते। 'पशुने'ति ह्यविवेकित्वाभिप्रायगर्भम्। 'विदुषी'त्यस्य प्रतिनिर्देश्यत्वात्। 'त्रिलोचन' इति च कन्दर्पदाहकतृतीयलोचनत्वाभिप्रायगर्भम् कन्दर्पयोपयोगित्वात्तस्य।

लिङ्गासम्भवात् परिकर एव युक्तः। काव्यलिङ्गे तु पदार्थवाक्यार्थयोरेव हेतुत्वं न तु प्रतीयमानार्थापेक्षा। 'सुखालोकोच्छेदिनि' 'अग्रेऽप्यनतिमा'नित्यादिप्रदर्शितपदार्थवाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गोदाहरणे च सुखालोकोच्छेदित्वोत्तरकालानमनरूपाभ्यां पदार्थवाक्यार्थाभ्यामेव प्रतीयमाननैरपेक्ष्येण वाच्यार्थसमर्थनादुभयोर्विविक्तविषयतया भेदस्मस्भवतीति भावः। ननु, उक्तकाव्यलिङ्गोदाहरणयोः परिकरविविक्तविषयसम्भवेऽपि उदाहरणान्तरे प्रतीयमानार्थसद्भावेन तस्य वाच्यार्थहेतु भावसम्भवात्तत्र परिकर एव युक्त इति पुनश्शङ्कते— नन्विति। एतदेव प्रतीयमानार्थस्य हेतुत्वप्रदर्शनेनोपपादयति— पशुनेति हीति।

दूसरी शङ्का और उसका समाधान—

शंका यह होती है कि पूर्वोक्त पद्य सं० २०२'............सुखालोकोच्छेदिनि'- इस पदार्थहेतुक काव्यलिङ्ग के उदाहरण में और पद्य सं० २०४ में 'अग्रेऽप्यनतिमान्' इस वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग के उदाहरण में पदार्थ तथा वाक्यार्थ ही हेतुत्व रूप को प्राप्त करते हैं अर्थात् हेतु बनते हैं [अर्थात् इनमें प्रतीयमान अर्थ की प्रतीति नहीं होती है] तथापि पद्य संख्या २०३ 'पशुनाऽप्यपुरस्कृतेन' इस पदार्थहेतुक काव्यलिङ्ग के उदाहरण में तथा कारिका संख्या १२० में 'मच्चित्तेऽस्ति त्रिलोचनः' इस वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग के उदाहरण में प्रतीयमान (व्यङ्ग्य) अर्थ का भी तो हेतु की कोटि में अनुप्रवेश देखा ही जाता है क्योंकि 'पशुना' यह विशेषण अविवेकित्व (मूर्खता) को अपने में छिपाये हुये है क्योंकि यह (पशुना) पद उसी पद्य में उपात्त 'विदुषी' (बुद्धिमती) के विरोधी के रूप में उपात्त है। [दमयन्ती के लिये 'विदुषी' और चमरी के लिये 'पशु' ये प्रयोग दोनों के विपरीत अर्थ सूचित करने के लिये हैं।] और कारिका में स्थित 'त्रिलोचनः' (तीन नेत्रों वाले) यह प्रयोग भी कामदेव को भस्म करने वाले तृतीयलोचनवाला होना— इस अभिप्राय को छिपाये हुये है क्योंकि उस तृतीय लोचन की उपयोगिता

सत्यम्, तथापि न तयो: परिकरांकुर[1] एव। किं तु तदुत्थापितं काव्यलिङ्गमपि। प्रतीयमानाविवेकित्वविशिष्टेन पशुनाप्यपुरस्कृतत्वस्या— नेकपदार्थस्य प्रतीयमान-कन्दर्पदाहकभावत्तृतीयलोचनविशिष्टस्य शिवस्य चित्ते सन्निधानस्य वाक्यार्थस्य च वाच्यस्यैव[2] हेतुभावात्। न हि तयोर्वाच्ययोर्हेतुभावे ताभ्यां प्रतीयमानं मध्ये किञ्चित्

उक्तरीत्या विविक्तविषययोरनयोरुक्तोदाहरणयोस्मङ्करोपपत्त्या न परिकरपरिशेषणेन काव्यलिङ्गनिरसनं सम्भवतीति परिहरति— तथापीति।

ननु, परिकरे वाच्यस्य हेतुत्वसद्भावात्तत्रापि काव्यलिङ्गमेव स्यादिति परिकरोच्छेद एव स्यादित्यत आह— न हीति। काव्यलिङ्गयो[3] पदार्थवाक्यार्थयो: प्रतीयमान-

---

उस कामदेव को जलाने के लिये थी। [भाव यह है कि चमरी के लिये 'पशु' शब्द का प्रयोग और दमयन्ती के लिये 'विदुषी' शब्द का प्रयोग करने का एक विशेष आशय था जिसकी प्रतीति व्यंजना से होती है कि वह मूर्ख पशु भी जिन बालों को आगे न रखकर पीछे पूँछ के रूप में रखता है। इसी प्रकार 'त्रिलोचन' इससे भी तीन नेत्रों वाले शंकर के उस रूप की प्रतीति हो रही है जो कामदेव को भस्म करने के लिये प्रकट किया गया था। अत: इन सभी में 'वाच्यार्थ से व्यंग्यार्थ' भी प्रतीत हो रहा है। अत: इनमें भी परिकर मानना उचित है न कि काव्यलिङ्ग? [आगे इसका समाधान कर रहे हैं—]

उक्त कथन सत्य है किन्तु इन दोनों उदाहरणों में केवल परिकर (और परिकरांकुर) अलंकार नहीं है किन्तु इसके द्वारा उत्थापित काव्यलिङ्ग अलंकार भी है। कारण यह है कि प्रतीयमान (व्यङ्ग्य) अर्थ अविवेकित्वरूप से विशिष्ट (युक्त) पशु द्वारा भी अपुरस्कृत होना रूप अनेक पदार्थ तथा प्रतीयमान अर्थ कामदेव को जलाने वाले तृतीय नेत्र से विशिष्ट शिव का चित्त में सन्निधान होना रूप वाक्यार्थ— ये दोनों वाच्य होते हुये ही हेतु बने हैं क्योंकि इन (पदार्थ तथा वाक्यार्थ) वाच्यार्थों के हेतु होने में इनके द्वारा प्रतीयमान कोई भी द्वार=माध्यम बीच में नहीं बनता है, अर्थात् ये पदार्थ और वाक्यार्थ सीधे-सीधे हेतु

---

[1] 'परिकर' इति पाठान्तरम्।

[2] 'हेतुभूतस्य सत्त्वात्' इति पाठान्तरम्।

[3] 'काव्यलिङ्गे हि वाच्ययो: पदार्थवाक्यार्थयो: हेतुत्वम्' इति घ. पाठ:। ग. पुस्तके तु 'काव्यलिङ्गे हि वाच्ययो: पदार्थवाक्यार्थयो: प्रतीयमानद्वारापेक्षतां विनापि साक्षादेव हेतुत्वम्' इति पाठ:।

द्वारमस्ति। यथा सर्वाशुचिनिधानस्ये’त्यादिपदार्थपरिकरोदाहरणे ‘सर्वाशुचिनिधानस्ये’त्यादिनानेकेन पदार्थेन प्रतीयमानं शरीरस्यासंरक्षणीयत्वम्। यथा च वाक्यार्थपरिकरोदाहरणेऽपि पर्यायोक्तविधया तत्तद्वाक्यार्थेन प्रतीयमानं ‘नाहं व्यास’ इत्यादि। ‘तस्मात्पशुने’त्यत्र ‘त्रिलोचन’ इत्यत्र च प्रतीयमानं वाच्यस्यैव पदार्थस्य वाक्यार्थस्य च हेतुभावोपपादकतया काव्यलिङ्गस्याङ्गमेव। यथा ‘यत्त्वन्नेत्रसमानकान्ति सलिले मग्न तदिन्दीवर’ मित्यनेकवाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गोदाहरणे ‘त्वन्नेत्रसमानकान्ती’त्यादिकानीन्दीवरशशिहंसविशेषणानि तेषां

द्वारापेक्षतां विनापि साक्षादेव हेतुत्वम्। उदाहरणे तथैवावगतेः। परिकरे तु प्रतीयमानं द्वारीकृत्यैव वाच्यस्य हेतुत्वम्। ‘सुधांशुकलितोत्तमः’, ‘सर्वाशुचिनिधानस्ये’त्यादो तथैव दर्शनादिति भावः। ततश्च प्रतीयमानस्य काव्यलिङ्गोदाहरणे वाच्यार्थहेतुभावोप- पादकतया काव्यलिङ्गाङ्गत्वमेव। न तेनास्यान्यथासिद्धिः। न चैवं प्रतीयमानस्य वाच्यार्थद्वारत्वानुपपत्तिः। द्वारत्वं हि नात्र तज्जन्यत्वलक्षणं चक्षुरादौ संयोगादेरिव। किं तु आरुण्यादेरेकहायन्यादिसापेक्षत्ववद्वाच्यस्य प्रतीयमानसापेक्षमेव हेतुत्वमिति। यस्य हि यत्सापेक्षं हेतुत्वं प्रमाणतोऽवगम्यते तत्तस्य द्वारमिति तल्लक्षणादिति भाव। एतदेवो-दाहरणान्तरोपन्यासपूर्वकं विशदयति— **यत्त्वन्नेत्रेति**। अत्र दैवगतं सादृश्यविनोदाक्षमत्वं प्रधानभूतो वाक्यार्थः। पादत्रयप्रतिपाद्यवाक्यार्थाः समर्थकाः। तेषु च प्रतिवाक्यमिन्दीवरशशिहंसविशेषणानि ‘त्वन्नेत्रसमानकान्ती’त्यादीनि

बनते हैं न कि इनके हेतु बनने से पहले कोई अन्य प्रतीयमान अर्थ भी बीच में आता है। जैसा कि पद्य संख्या ८, ‘सर्वाशुचिनिधानस्य’ इत्यादिपदार्थ परिकर के उदाहरण में ‘सर्वाशुचि-निधानस्य’ आदि अनेक पदार्थों से शरीर का असंरक्षणीय होना रूपी अर्थ प्रतीयमान (व्यङ्ग्य) प्रतीत होता है। और जैसा कि वाक्यार्थरूप परिकर के उदाहरणभूत ८६ पद्य ‘व्यास्र्थ नैकतया’ इत्यादि पद्य में पर्यायोक्त अलंकार की पद्धति से (उस पद्य में प्रयुक्त) उन-उन वाक्यार्थों से ‘नाहं व्यासः’ (नाहं वाल्मीकिः) आदि प्रतीयमान अर्थ रहते हैं। [वैसा अर्थ यहाँ के उदाहरणों में नहीं है। अतः ये परिकर के नहीं अपितु काव्यलिङ्ग के ही उदाहरण मानने चाहिये।] इस कारण ‘पशुना’ इस पद्य में तथा ‘त्रिलोचनः’ इस पद्य में प्रतीयमान अर्थ वाच्य ही पदार्थ तथा वाक्यार्थ की हेतुता का उपपादक होता हुआ काव्यलिङ्ग अलंकार का अङ्ग ही होता है। जैसा कि उदाहरणार्थ ‘यत्त्व-

वाक्यार्थानां हेतुभावोपपादकानीति। तत्र वाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गे पदार्थहेतुककाव्यलिङ्गमङ्गमिति न तयोः काव्यलिङ्गोदाहरणत्वे काचिदनुपपत्तिः ॥

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे काव्यलिङ्गप्रकरणम् ।।५९।।

****

हेतुभावोपपादकानीति। तत्रानेकवाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गे पदार्थहेतुककाव्यलिङ्गमङ्गमिति तत्र काव्यलिङ्गवत् 'पशुने'त्यत्रापि प्रतीयमानं वाच्यस्यैव पदार्थस्य वाक्यार्थस्य हेतुभावोपपादकतया काव्यलिङ्गाङ्गत्वमयुक्तमिति तयोः काव्यलिङ्गोदाहरणतायां न कश्चिद्विरोध इति भावः ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां काव्यलिङ्गप्रकरणम् ।।५९।।

****

न्नेत्रसमानकान्ति सलिले मग्नं तदिन्दीवरम्' (पद्य संख्या ५) इस अनेक वाक्यार्थ हेतुक काव्यलिङ्ग के उदाहरण में 'त्वन्नेत्रसमानकान्ति आदि क्रमशः इन्दीवर, शशी और हंस के विशेषण उन वाक्यार्थों के हेतु बनने के उपपादक हैं। वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग में पदार्थहेतुक काव्यलिङ्ग अङ्ग बन जाता है अतः उन दोनों (पदार्थ तथा वाक्यार्थ) के काव्यलिङ्ग के उदाहरण बनने में कोई अनुपपत्ति नहीं है।

विमर्श— अप्पय दीक्षित ने परिकर तथा काव्यलिङ्ग में भेद सिद्ध करने का प्रयास किया है। प्रमुख भेद यह है कि परिकर में पदार्थ अथवा वाक्यार्थ के बल से कोई प्रतीयमान अर्थ भी अवश्य प्रतीत होता है और यह प्रतीयमान अर्थ काव्य के वाच्यार्थ का उपस्कारक= परिपोषक बनता है। काव्यलिङ्ग में प्रतीयमान अर्थ नहीं रहता है, पदार्थ और वाक्यार्थ सीधे-सीधे हेतु बन जाते हैं जिनसे समर्थनीय अर्थ का समर्थन होता है।

परन्तु कहीं-कहीं प्रतीयमान अर्थ भी रहता है किन्तु वहाँ परिकर अलंकार होता हुआ भी काव्यलिङ्ग का उत्थापक ही माना जाता है। अतः पर्यवसान काव्यलिङ्ग में ही समझना चाहिये। कारण यह है कि ऐसा जो प्रतीयमान अर्थ होता है बीच में द्वार का कार्य नहीं करता है। अतः निष्कर्ष यह निकलता है कि यदि बीच में प्रतीयमान अर्थ रहता हुआ भी वाच्यार्थ का ही उपस्कारक होता हुआ पदार्थरूप अथवा वाक्यार्थरूप से हेतु बनता है तो वहाँ परिकर अलङ्कार

६०. अथ अर्थान्तरन्यासः —

उक्तिरर्थान्तरन्यासस्स्यात्सामान्यविशेषयोः ।
हनुमानब्धिमतरद् दुष्करं किं महात्मनाम्? ।।१२१।।
गुणवद्वस्तुसंसर्गाद्याति स्वल्पोऽपि गौरवम् ।
पुष्पमालानुषङ्गेण सूत्रं शिरसि धार्यते ।।१२२।।

अर्थान्तरन्यासं लक्षयति— **उक्तिरिति** । यत्र सामान्यविशेषयोः प्रस्तुतयोः युगपदुक्तिरन्यतरेणाप्रस्तुतेन सह तत्रार्थान्तरस्य न्यसनमिति अन्वर्थनामा अर्थान्तरन्यासोऽलङ्कार इत्यर्थः । अत्र 'प्रस्तुताप्रस्तुतयोः सहोक्तिरर्थान्तरन्यास इत्येताव-

---

गौण होता हुआ काव्यलिङ्ग का ही उपकारक होता है। यही बात ऊपर के उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट की गई है। विशेष ज्ञानार्थ रसिकरञ्जनी देखनी चाहिये।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'काव्यलिङ्ग' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।५९।।

****

६०. अर्थान्तरन्यास अलङ्कार —

अन्वयः — सामान्यविशेषयोः, उक्तिः, अर्थान्तरन्यासः, (अलङ्कारः, स्यात्)।

(१) हनुमान्, अब्धिम्, अतरत्, महात्मनाम्, किम्, दुष्करम्? ॥१२१॥

(२) गुणवद्वस्तुसंसर्गात्, स्वल्पः, अपि, गौरवम्, याति, पुष्पमालानुषङ्गेण, सूत्रम्, शिरसि, धार्यते ॥१२२॥

लक्षण — सामान्य के समर्थन (के लिये विशेष) का और विशेष (के समर्थन के लिये सामान्य) का कथन करना अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है।

उदाहरण — (१) हनुमान् समुद्र लाँघ गये, बड़े लोगों के लिये कौन सा कार्य दुष्कर होता है? [विशेष बात के समर्थन के लिये सामान्य बात कही गई है।]

---

१. चन्द्रालोके तु '**भवेदर्थान्तरन्यासोऽनुषक्तार्थान्तराभिधा ।**' इति पाठः।

सामान्यविशेषयोर्द्वयोरप्युक्तिरर्थान्तरन्यासः। तयोश्चैकं प्रस्तुतमन्यदप्रस्तुतं भवति। ततश्च विशेषे प्रस्तुते तेन सहाप्रस्तुतसामान्यरूपस्य, सामान्ये प्रस्तुते तेन सहाप्रस्तुतविशेषरूपस्य वार्थान्तरस्य न्यसनमर्थान्तरन्यास इत्युक्तं भवति।

तत्राद्यस्य द्वितीयार्धमुदाहरणम्, द्वितीयस्य द्वितीयश्लोकः ।

दुक्तौ प्रस्तुताप्रस्तुतैकधर्मान्वयरूपे दीपके अतिव्याप्तिः। अतः सामान्यविशेषयोरिति। ततश्च विशेषे प्रस्तुते तेन सहाप्रस्तुतस्य सामान्यस्य, सामान्ये वा प्रस्तुते तेन सहाप्रस्तुतविशेषस्य उक्तिरिति पर्यवसानादुत्तरः सार्धश्लोकः क्रमेणोदाहरणमित्याह— **तत्राद्यस्येति** । द्वितीयार्धे-हनूमदब्धि-तरणस्य विशेषस्य प्रस्तुतस्य 'दुष्करं किं महात्मना'मिति अप्रस्तुतस्य सामान्यस्य चोक्तिः 'गुणवद्वस्तुसंसर्गा'दिति द्वितीयश्लोके क्षुद्रस्य गुणवद्वस्तुसंसर्गहेतुकमहत्त्वापत्तिरूपसामान्यस्य प्रस्तुतस्य पुष्पमालानुषक्तसूत्रशिरोधारणस्याप्रस्तुतविशेषस्योरिति भावः ।

---

(२) छोटी=तुच्छ वस्तु भी गुणवान् के संसर्ग से गौरव प्राप्त कर लेती है। जैसे फूलों की माला के संसर्ग से [बीच में पिरोया गया] सूत्र भी सिर पर धारण किया जाता है। [यहाँ सामान्य बात का समर्थन विशेष बात से किया गया है।]

[भाव यह है कि वानर होते हुये हनुमान् समुद्र लाँघ गये— यह विशेष अर्थ प्रस्तुत है । इसका समर्थन 'महात्माओं=महान् प्राणियों के लिये कौन सा कार्य दुष्कर है—' इस सामान्य रूप अप्रस्तुत कथन से किया गया है । अतः सामान्य से विशेष का समर्थन रूप अर्थान्तरन्यास है। 'गुणवान् के संसर्ग से साधारण वस्तु भी गौरव प्राप्त कर लेती है'— इस सामान्यरूप प्रस्तुत का समर्थन 'पुष्पमाला के साथ पिरोया गया सूत्र भी सिर पर धारण किया जाता है—' इस विशेषरूप अप्रस्तुत से किया गया है। अतः विशेष से सामान्य के समर्थन का यह उदाहरण है। अब ग्रन्थकार इसकी विशद व्याख्या स्वयं कर रहे हैं—]

सामान्य तथा विशेष इन दोनों का ही कथन अर्थान्तरन्यास है । इन दोनों में एक प्रस्तुत रहता है और दूसरा अप्रस्तुत। इस प्रकार विशेष अर्थ के प्रस्तुत रहते उसके साथ अप्रस्तुत सामान्यरूप का अथवा सामान्य रूप प्रस्तुत रहते उसके साथ अप्रस्तुत विशेषरूप एक अन्य अर्थ का उपन्यसन=कथन 'अर्थान्तरन्यास' यह कहा जाता है।

नन्वयं काव्यलिङ्गान्नातिरिच्यते। तथा हि— उदाहरणद्वयेऽप्यप्रस्तुतयोस्सामान्यविशेषयोरुक्तिः प्रस्तुतयोर्विशेषसामान्ययोः कथमुपकरोतीति विवेक्तव्यम्। न हि सर्वथैव प्रस्तुतानन्वय्यप्रस्तुताभिधानं

आक्षिपति— **नन्विति** । **काव्यलिंगादिति**। वाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गादित्यर्थः। **उदाहरणद्वयेऽपीति** । हनूमानित्यादिरूप इत्यर्थः। **कथमिति**। प्रस्तुतस्य वर्णनीयतया कविसंरम्भगोचरत्वेन उक्तिसम्भवेऽपि अप्रस्तुतोक्तिः कविसरंभाविषयतया प्रस्तुतान्वयं विना न सामञ्जस्यमश्नुत इति तदन्वयः कथमप्रस्तुतस्येति निर्धारयितव्यमेवेति भावः। प्रस्तुतान्वयो हि तस्याप्रस्तुतप्रशंसायामिव प्रस्तुतव्यञ्जकतया वा अनुमाना-

---

इनमें प्रथम अर्थात विशेषरूप प्रस्तुत और सामान्यरूप अप्रस्तुत का उदाहरण 'प्रथम श्लोक की द्वितीय पंक्ति में है— ('हनुमानब्धिमतरद्दुष्करं किं महात्मनाम्')। और द्वितीय अर्थात् सामान्य प्रस्तुत और विशेष अप्रस्तुत का उदाहरण द्वितीय श्लोक 'गुणवद् .... धार्यते' है।

विमर्श— अर्थान्तरम्=अन्यः अर्थः, तस्य न्यसनम्=उपस्थापनम् इति अर्थान्तरन्यासः। जहाँ किसी कथन का समर्थन करने के लिये कोई दूसरी बात कह दी जाती है वहाँ यह अलंकार होता है। इसमें कथन दो प्रकार का होता है और उन्हीं दोनों का समर्थ्य-समर्थक-भाव रहता है। इसके अतिरिक्त इनमें एक प्रस्तुत रहता है और दूसरा अप्रस्तुत। (१) सामान्य प्रस्तुत का विशेष अप्रस्तुत से समर्थन और (२) विशेष प्रस्तुत का सामान्य अप्रस्तुत से समर्थन किया जाता है। 'हनुमान् समुद्र लाँघ गये' यह एक विशेष बात प्रस्तुत है। इसका समर्थन करने के लिये सामान्य अप्रस्तुत बात कह दी गई— 'महान् प्राणियों के लिये क्या कार्य दुष्कर है?' इसी प्रकार सामान्यरूप प्रस्तुत का विशेषरूप अप्रस्तुत से समर्थन का उदाहरण— 'गुणवान् के संसर्ग से तुच्छ वस्तु भी गौरवशाली बन जाती है' यह सामान्य बात प्रस्तुत है इसका समर्थन विशेष अप्रस्तुत से किया गया है— 'पुष्पमाला के संसर्ग से उसमें बीच में पिरोया गया सूत्र भी शिर पर धारण कर लिया जाता है।''

इस अलंकार के प्रयोग से प्रतिपाद्य विषय समझने में बहुत सरलता होती है। कालिदास तथा भारवि के अर्थान्तरन्यास बहुत प्रसिद्ध हैं।

अर्थान्तरन्यास और काव्यलिङ्ग का अन्तर—

शंका यह होती है कि यह अर्थान्तरन्यास अलंकार काव्यलिङ्ग से अलग नहीं है अर्थात् उसी में गतार्थ हो सकता है। इसे इस प्रकार समझना चाहिये—

युज्यते। न तावदप्रस्तुतप्रशंसायामिव प्रस्तुतव्यञ्जकतया। प्रस्तुतयोरपि विशेषसामान्ययोस्स्वशब्दोपात्तत्वात्।

नाप्यनुमानालङ्कार इव प्रस्तुतप्रतीतिजनकतया, तद्वदिह व्याप्तिपक्षधर्मताद्यभावात्।

लङ्कार इव प्रस्तुतप्रतीतिजनकतया वा दृष्टान्तालङ्कार इव उपमानतया वा। नाद्य इत्याह— **न तावदिति** । तत्र हि क्षुद्रेभ्यो याचनान्निवृत्तमानिपुरुषस्य वृत्तान्तः प्रस्तुतः। तस्य शब्दानुपात्ततया प्रस्तुतचातकवृत्तान्तवर्णनस्य तद्व्यञ्जकतया 'विधाय वैरं सामर्षे' 'अङ्काधिरोपितभृग' इत्यादिसामान्यविशेषनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसोदाहरणे प्रस्तुतविशेषसामान्यावगमकतया प्रस्तुतसामान्यविशेषाभिधानस्योपयोगसम्भवेऽपि नात्र तत्सम्भवः। अप्रस्तुतस्यापि शब्दनिवेदितत्वादित्यर्थः।

न द्वितीय इत्याह — **नाप्यनुमानेति** । तत्र हि व्याप्तिपक्षधर्मतावदप्रस्तुताभिधानं प्रस्तुतप्रतीतिजनकतया 'यथा रन्ध्रं व्योम्नश्चलजलदधूमः स्थगयती'त्यादौ युज्यते। न चेह तादृशाप्रस्तुताभिधानमित्यर्थः।

ऊपर अर्थान्तरन्यास के जो उदाहरण दिये गये हैं उन दोनों में ही (१) प्रस्तुत विशेष तथा (२) सामान्य का कथन अप्रस्तुत (१) विशेष तथा (२) सामान्य का किस प्रकार से उपकार (समर्थन) करते हैं — यह पहले विचार करना होगा। कारण यह है कि प्रस्तुत के अनन्वयी (असम्बद्ध) अप्रस्तुत का कथन सर्वथा अनुचित ही होता है। [अतः यह आवश्यक है कि अप्रस्तुत का प्रस्तुत के साथ सम्बन्ध होना वर्णित किया जाय। दोनों का यह सम्बन्ध कैसा हो— अब यह देखना होगा।] अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार में जैसे अप्रस्तुत को प्रस्तुत का व्यंजक माना जाता है वैसा यहाँ नहीं माना जा सकता क्योंकि इस अलंकार में प्रस्तुत भी सामान्य और विशेष दोनों ही स्वशब्दोपात्त अर्थात् वाच्य रूप से रहते हैं। [अतः व्यङ्ग्य न होकर वाच्य रह जाने के कारण इसके स्थलों पर अप्रस्तुतप्रशंसा नहीं मानी जा सकती है। अप्रस्तुतप्रशंसा में प्रस्तुत सामान्य और विशेष कभी वाच्य नहीं रहते हैं, व्यङ्ग्य ही रहते हैं जब कि यहाँ दिये गये दोनों उदाहरणों में प्रस्तुत सामान्य तथा विशेष वाच्य रूप में ही वर्णित हैं।]

अनुमान अलंकार में प्रस्तुत की प्रतीति के जनक = अनुमापक के रूप में भी अप्रस्तुत की प्रतीति मानकर यहाँ 'अनुमान' अलंकार भी नहीं हो सकता क्योंकि अनुमान अलंकार के समान यहाँ व्याप्ति तथा पक्षधर्मता आदि नहीं रहती

नापि दृष्टान्तालङ्कार इव उपमानतया ।

विस्रब्धघातदोषः स्ववधाय खलस्य वीर कोपकरः ।
वनतरुभंगध्वनिरिव हरिनिद्रातस्करः करिणः ॥२०८॥

इत्यादिषु सामान्ये विशेषस्योपमानत्वदर्शनेऽपि विशेषे सामान्यस्य क्वचिदपि तददर्शनात्। उपमानतंया तदन्वये सामञ्जस्याप्रतीतेश्च।

न तृतीय इत्याह - **नापि दृष्टान्तेति**। तत्र हि 'विस्रब्धघातदोष' इत्युदाहरणे सामान्ये विशेषस्योपमानत्वनिबन्धनदर्शनेऽपि विशेषे सामान्यस्योपमानत्वादर्शनात् उपमानोपमेयवाक्यगतविशेषणानां 'त्वमेव कीर्तिमा' नित्यादौ बिम्बप्रतिबिम्बभावेनान्वयवदिह तथान्वये सामञ्जस्याभावाच्चेत्याह — **उपमानतयेति** । इदमुपलक्षणम्। सर्वत्राप्रस्तुतस्य वाच्यतया तद्व्यञ्जकत्वानुपपत्तिरिति प्रथमविकल्पोक्तदूषणमनुसन्धेयम्। अत एव निदर्शनावत्प्रस्तुतारोपेणा

है, उनका अभाव है। [जिस प्रकार धूम तथा अग्नि का साहचर्य देखकर 'यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र अग्निः' इस प्रकार की व्याप्ति का ज्ञान होता है तब हेतु देखकर साध्य की अनुमिति होती है। जहाँ पर साध्य रहता है उसे पक्ष कहा जाता है, जैसे अग्नि पर्वत पर रहती है अतः यह पक्ष माना जाता है। पक्षधर्मता— 'वह्निव्याप्य-धूमवानयं पर्वतः'। अनुमिति अलंकार तभी माना जाता है जब व्याप्ति तथा पक्षधर्मता आदि अनुमिति की सामग्री विद्यमान रहे। यहाँ ऐसा नहीं रहता है । अतः इसे अनुमित्यात्मक भी नहीं माना जा सकता।]

यहाँ दृष्टान्त अलंकार के समान उपमान होकर [अप्रस्तुत से प्रस्तुत का ज्ञान होता है—] यह भी नहीं है। जैसा कि निम्न पद्य में है—

अन्वयः— खलस्य, वीरकोपकारः, विस्रब्धघातदोषः, स्ववधाय [भवति] करिणः, हरिनिद्रातस्करः, वनतरुभङ्गध्वनिः, इव ॥२०८॥

वीरों के क्रोध को उत्पन्न कराने वाला विश्वासघातरूपी दोष दुष्ट व्यक्ति के वध के लिये वैसे ही (कारण बन जाता) है जैसे सिंह की निद्रा को भंग कर देने वाली जंगली वृक्षों को तोड़ने की आवाज हाथी के वध के लिये हो जाती है।

इस पद्य में पूर्वार्ध में सामान्य कथन के समर्थन में उत्तरार्ध का विशेष कथन उपमान होता हुआ देखा जाता है। अर्थात् यहाँ सामान्य (प्रस्तुत) विशेष (अप्रस्तुत) का उपमान बनता है किन्तु विशेष (अप्रस्तुत) में सामान्य (प्रस्तुत) उपमान बनता हो— ऐसा कहीं नहीं देखा जाता है। [दृष्टान्त

तस्मात् [१]प्रस्तुतसमर्थकतयैवाप्रस्तुतस्योपयोग इहापि वक्तव्यः। ततश्च वाक्यार्थहेतुकं काव्यलिङ्गमेवात्रापि स्यान्नत्वलङ्कारान्तरस्यावकाश इति चेत्?

अत्र केचित्-समर्थनसापेक्षस्यार्थस्य समर्थने काव्यलिङ्गम्, निरपेक्षस्यापि प्रतिभावैभवात्समर्थने अर्थान्तरन्यासः। न हि 'यत्त्वन्नेत्रसमानकान्ती' (पृ.५८) त्यादिकाव्यलिङ्गोदाहरणेष्विव—

प्रस्तुतोपयोगः। तद्वदिह ऐक्यारोपाभावात्।[२] अतः प्रस्तुतसमर्थकतयैवोपयोगो वाच्य इति वाक्यार्थहेतुककाव्यलिङ्गमित्येव युक्तं न त्वलङ्कारान्तरमभ्युपगन्तुं युक्तमित्यभिप्रेत्याह— **ततश्चेति**। काव्यलिङ्गस्य तु पदार्थहेतुककाव्यलिङ्गोदाहरणे लब्धावकाशत्वान्नानेन तस्यान्यथासिद्धिसम्भव इति भावः।

अत्र केषांचित्परिहारमाह— **अत्र केचिदिति**। **समर्थनेति**। अत एव तल्लक्षणे समर्थनीयार्थस्येति समर्थनसापेक्षत्वं तत्रोट्टङ्कितम। **प्रतिभेति**। निरपेक्षस्यापि

अलंकार में प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव रहता है और दोनों ही अर्थ विशेष रहते हैं तथा अप्रस्तुत को प्रस्तुत का उपमान बनाया जाता है। विशेष कहीं भी सामान्य का उपमान नहीं देखा जाता है।] उपमान के रूप में उस (विशेष) के अन्वय की उपपत्ति भी नहीं होती है। इसलिये यही कहना होगा कि यहाँ भी अप्रस्तुत का प्रयोग प्रस्तुत के समर्थक के रूप में ही है। ऐसी स्थिति में इन पूर्वोक्त उदाहरणों में भी वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग अलंकार ही होना चाहिये, इससे भिन्न किसी अन्य अलंकार को मानने का अवसर नहीं दिखाई देता है?

इस [उपर्युक्त शंका के उत्तर] में कुछ विद्वान् यह कहते हैं— समर्थन-सापेक्ष अर्थ के समर्थन में काव्यलिङ्ग होता है और समर्थननिरपेक्ष का भी यदि कविप्रतिभावैभव से समर्थन रहता है तो अर्थान्तरन्यास होता है। [भाव यह है कि प्रस्तुत कथन के समर्थन की अपेक्षा प्रतीत हो रही हो और किसी वाक्य द्वारा उसका समर्थन किया जा रहा हो, वहाँ अप्रस्तुत वचन प्रस्तुत वचन का समर्थक होता है, जिससे समर्थनसापेक्ष होने से वाक्यार्थहेतुक काव्यलिङ्ग मानना चाहिये। इसके विपरीत जहाँ समर्थन की अपेक्षा नहीं है, ऐसे निरपेक्ष प्रस्तुत का भी अप्रस्तुत वचन से समर्थन करके और अधिक अर्थस्फुटता हो रही हो, वहाँ अर्थान्तरन्यास होता है।] जैसी समर्थनसापेक्षता 'यत्त्वन्नेत्रसमानकान्ति'

---

१. 'प्रस्तुतकारणतयैव' इति पाठान्तरम्।

अथोपगूढे शरदा शशाङ्के प्रावृड्ययौ शान्ततटित्कटाक्षा ।
कासां न सोभाग्यगुणोऽङ्गनानां नष्टः परिभ्रष्टपयोधराणाम् ॥ २०९ ॥
दिवाकराद्रक्षति यो गुहासु लीनं दिवाभीतमिवान्धकारम् ।
क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैश्शिरसां[1] सतीव ॥ २१० ॥
(कुमार० १।१२)

इत्याद्यर्थान्तरन्यासोदाहरणेषु प्रस्तुतस्य समर्थनसापेक्षत्वमस्तीति।

कविना स्वप्रतिभाबलेन समर्थने विच्छित्तिविशेषसद्भावात्तदाधायकतया अलङ्कारान्तरमभ्युपेतव्यमिति भावः। एतदेव तत्तदुदाहरणोपन्यासपूर्वकं द्रढयति— **न हीति।** केचिदित्यस्वरसोद्भावनम्।

(द्र० पृ० ५८) आदि उदाहरणों में देखी जाती है वैसी समर्थनसापेक्षता अर्थान्तरन्यास के निम्न दोनों उदाहरणों में नहीं देखी जाती है —

अन्वयः — अथ, शरदा, शशाङ्के, उपगूढे, सति, शान्ततडित्कटाक्षा, प्रावृट, ययौ। परिभ्रष्ट पयोधराणाम्, कासाम्, अङ्गनानाम्, सौभाग्यगुणः, न, नष्टः? ॥२०९॥

जब शरद् (ऋतुरूपी नायिका) ने चन्द्रमा (रूपी नायक) का आलिङ्गन कर लिया तो वर्षा (रूपी बूढ़ी नायिका) जिसके बिजली के चमकरूपी कटाक्ष शान्त हो चुके थे, (वापस) लौट गयी क्योंकि गिरे (ढीले ढाले) पयोधरों (स्तनों, बादलों) वाली किन अङ्गनाओं का सौभाग्य गुण नष्ट नहीं हो जाता?

[यहाँ प्रथम वाक्य विशेष रूप प्रस्तुत है। इसको समर्थन की अपेक्षा नहीं है फिर भी कवि ने स्वतः पूर्ण रहने पर भी प्रतीतिवैभव के लिये ही, अपने को और प्रभावशाली बनाने की भावना से ही उत्तरार्थ का कथन किया है। अतः यहाँ अर्थान्तरन्यास समझना चाहिये।]

अन्वयः — यः, दिवाकरात्, भीतम्, इव, गुहासु, लीनम्, अन्धकारम्, रक्षति, क्षुद्रे, अपि, शरणम्, प्रपन्ने, उच्चेःशिरसाम्, सतीव, ममत्वम् ॥२१०॥

जो हिमालय पर्वत मानों सूर्य से डर कर गुफाओं में छिपे हुये अन्धकार की रक्षा करता है क्योंकि क्षुद्र व्यक्ति भी जब बड़े लोगों की शरण में आ जाता है तो उसके प्रति भी उनका सती के समान ममत्व (दिखाई देने लगता) है।

---

[1] 'शिरसामतीव' इति पाठान्तरम्।

वस्तुतस्तु प्रायोवादोऽयम्। अर्थान्तरन्यासेऽपि हि विशेषस्य सामान्येन समर्थनानपेक्षत्वेऽपि सामान्यं विशेषेण समर्थनमपेक्षत एव। 'निर्विशेषं न सामान्य'मिति न्यायेन बहूनामप्यसाराणां संयोगः कार्यसाधकः।' इत्यादिसामान्यस्य 'तृणैरारभ्यते रज्जुस्तया नागोऽपि बध्यते।' इत्यादि सम्प्रतिपन्नविशेषावतरणं विना बुद्धौ प्रतिष्ठितत्वासम्भवात्।

तदेव स्पष्टयति— **वस्तुतस्त्विति**। समर्थनानपेक्षत्वं विशेषस्य प्रस्तुततायामस्तीति सामान्यस्य प्रस्तुतत्वे विशेषेण समर्थनमन्तरा न बुद्धावारोहः सम्भवतीति। अत्रापि समर्थनापेक्षणमस्तीति नैवं काव्यलिङ्गाद्वैलक्षण्यं सम्भवतीति भावः। अर्थान्तरन्यासेऽपि सामान्यस्य विशेषावतरणं विनैव 'कासां न सौभाग्यगुणोऽङ्गनाना'मित्यादौ सामान्यस्य लोकसम्प्रतिपन्नतया

इत्यादि अर्थान्तरन्यास के उदाहरणों में प्रस्तुत (विशेष) को समर्थन की अपेक्षा नहीं है। [निष्कर्ष यह है कि काव्यलिङ्ग में समर्थन अपेक्षित रहता है। अन्यथा वह वर्णन अधूरा रहता है। अर्थान्तरन्यास में अपेक्षा नहीं रहती है, यदि कवि समर्थन का वर्णन कर देता है तो उससे प्रतिपाद्य का उत्कर्ष और बढ़ जाता है— यही दोनों में अन्तर है।]

अप्पय दीक्षित का मत —

(दीक्षित का कथन है कि) वास्तव में यह उपर्युक्त निर्धारण प्रायोवाद है अर्थात् प्रायः ऐसा देखा जाता है, न कि 'सार्वत्रिक' है । कारण यह है कि अर्थान्तरन्यास में भी विशेष अर्थ को अपने समर्थन के लिये सामान्य अर्थ के कथन की अपेक्षा भले ही न हो किन्तु सामान्य तो विशेष के कथन की अपेक्षा रखता ही है क्योंकि " सामान्य कभी निर्विशेष = विशेषरहित नहीं होता है" यह न्याय है इसके द्वारा " बहुत से असार निर्बल लोगों का संयोग = समूह कार्य सिद्ध करने वाला हो जाता है" यह सामान्य बात बुद्धि में तब तक प्रतिष्ठित (प्रविष्ट) नहीं हो पाती है जब तक कि 'तिनकों के समूह से रस्सी बनाई जाती है उससे हाथी भी बाँध दिया जाता है" इस विशेष प्रस्तुत का कथन न कर दिया जाय। [इससे सिद्ध होता है कि अर्थान्तरन्यास में भी कहीं-कहीं समर्थन की अपेक्षा रहती है। इसलिये इसमें उपर्युक्त आधार पर काव्यलिङ्ग से भेद सिद्ध नहीं होता है।]

प्रश्न — 'कासां न सौभाग्यगुणोऽङ्गनानां नष्टः परिभ्रष्टपयोधराणाम्' (श्लोक २०९) इत्यादि पूर्वोक्त पद्य में विशेष का समर्थन करने के लिये सामान्य के

न चात्र सामान्यस्य, 'कासां, न सौभाग्यगुणोऽङ्गनाना' मित्यादिविशेषसमर्थनार्थं सामान्यस्येव लोकसम्प्रतिपन्नतया विशेषावतरणं विनैव बुद्धौ प्रतिष्ठितत्वं सम्भवतीति श्लोके तन्न्यसनं नापेक्षितमस्तीति वाच्यम्, सामान्यस्य सर्वत्र लोकसम्प्रतिपन्नत्वनियमाभावात्। न हि 'यो यो धूमवान् स सोऽग्निमा'निति व्याप्तिरूपसामान्यस्य लोकसंप्रतिपन्नतया 'यथा महानसम्' इति तद्विशेषरूपदृष्टान्तानुपादानसंभवमात्रेणाप्रसिद्धव्याप्तिरूपसामान्योपन्यासेऽपि तद्विशेषरूपदृष्टान्तोपन्यासनैरपेक्ष्यं

बुद्ध्यारोहः सम्भवतीत्याशङ्क्य परिहरति — **न चेति।** सामान्यस्यातिप्रसिद्धस्य विशेषोपन्यासमन्तरेण बुद्ध्युपारोहेऽपि असम्प्रतिपन्नसामान्यस्य विशेषोपन्यासमन्तरेण बुद्ध्युपारोहौ न सम्भवत्येव। धूमादिलिङ्गेषु 'यो धूमवान् सोऽग्निमानि' त्यादिसामान्यव्याप्तेर्महानसादिविशेषरूपदृष्टान्तोपादानाभावेऽपि बुद्ध्यारोहवद् द्रव्यत्वादिलिङ्गे यद्द्रव्यं तत्संयोगवदिति सामान्यव्याप्त्युपन्यासेऽपि दृष्टान्तनिर्देश

कथन की अपेक्षा होती है किन्तु इसमें सामान्य के लोकप्रसिद्ध होने के कारण विशेष की अपेक्षा नहीं की जाती है उसी प्रकार 'बहूनामप्यसाराणाम्' आदि सामान्य के लिये भी विशेष का उपन्यसन अपेक्षित नहीं होता है, उसके कथन के बिना भी वह बुद्धि में प्रतिष्ठित हो सकता है— इस कारण श्लोक में उस सामान्य को कहने की आवश्यकता नहीं पड़ती है (उत्तर) पूर्वपक्षी यदि ऐसा कहें तो वह ठीक नहीं है क्योंकि सामान्य सर्वदा लोकसम्प्रतिपन्न (सर्वजनज्ञात) ही हो— ऐसा कोई नियम नहीं है। [भाव यह है कि जैसे 'कासां न सौभाग्यगुणः' आदि श्लोक में विशेष का समर्थन करने के लिये सामान्य का कथन इसलिये नहीं किया गया क्योंकि वह सामान्य लोकसम्प्रतिपन्न = लोक में अच्छी तरह ज्ञात है, उसी प्रकार अन्यत्र भी लोकप्रसिद्ध सामान्य विशेष कथन के बिना भी बुद्धि में आ सकता है, अतः वहाँ विशेष के कथंन की आवश्यकता नहीं है। पूर्वपक्षी के इस तर्क का खण्डन दीक्षित यह कहते हुए करते हैं कि सामान्य सर्वत्र लोकप्रसिद्ध सर्वजनज्ञात ही हो— ऐसा कोई नियम नहीं है। इसलिये अतिप्रसिद्ध सामान्य, विशेष के कथन के बिना भी समझा जा सकता है। किन्तु जो सामान्य अतिप्रसिद्ध नहीं है वह तो विशेष के कथन के बिना बुद्धि में नहीं आ सकता है। अतः वहाँ सामान्य को विशेष कथन की अपेक्षा रहती ही है— ऐसा मानना आवश्यक है। इसको न्याय की शैली में प्रस्तुत कर रहे हैं—] "जो-जो धूमवान है वह वह अग्निमान् है," यह व्याप्तिरूप सामान्य

संभवति।

न चैवं सामान्येन विशेषसमर्थनस्थलेऽपि क्वचित्तस्य सामान्यस्य लोकप्रसिद्धत्वाभावेन तस्य बुद्धावारोहाय पुनर्विशेषान्तरस्य न्यासप्रसङ्ग इति वाच्यम्; इष्टापत्तेः। अत्रैव विषये विकस्वरालङ्कारस्यानुपदमेव दर्शयिष्यमाणत्वात्।

विना न बुद्ध्यारोहस्सम्भवतीत्यभिप्रेत्य परिहरति— **सामान्यस्येति। एवमिति।** सामान्यस्य विशेषोपन्यासमन्तरेण बुद्ध्यारोहाभाव इत्यर्थः। **अत्रैवेति।** विशेषे कस्मिंश्चित् प्रस्तुते तत्समर्थनाय निर्दिष्टस्य सामान्यस्याप्रसिद्धौ पुनस्तस्य बुद्धिविश्रान्तये विशेषान्तरनिर्देशस्थल इत्यर्थः।

लोकसंप्रतिपन्न = सर्वजनज्ञात है इस कारण 'जैसे महानस = रसोईघर' इस उसके विशेष दृष्टान्त को कहना न संभव हो अर्थात् दृष्टान्त देने की भले ही कोई आवश्यकता नहीं हो किन्तु इससे — अप्रसिद्ध व्याप्तिरूप सामान्य के कथन में भी उसके विशेषरूप दृष्टान्त के कथन की अपेक्षा नहीं होती है — ऐसा नहीं कहा जा सकता। [भाव यह है कि 'यो यो धूमवान् सः स वह्निमान्' यह व्याप्ति सामान्य है, अधिकांश लोक जानते हैं अतः इसके समर्थन के लिये उदाहरण के रूप में 'यथा महानसम्' इस विशेष कथन की अपेक्षा नहीं रहती है। किन्तु यदि कोई अप्रसिद्ध व्याप्ति का स्थल है— 'यद् यद् द्रव्यं तत् तत् संयोगवत्' आदि स्थलों पर तो दृष्टान्त का उपन्यास आवश्यक है, अन्यथा समझना कठिन है।]

यह कहना कि ऐसा मानने पर अर्थात् विशेष के कथन के बिना सामान्य बुद्धि में आरूढ नहीं होता है, तब तो सामान्य के द्वारा विशेष का जहाँ समर्थन होता है वहाँ भी उस सामान्य के लोकप्रसिद्ध न होने से उस सामान्य को बुद्धि में आरूढ करने के लिये दुबारा किसी विशेष के कथन की आवश्यकता पड़ेगी। [भाव यह है कि जहाँ पर कवि ने किसी विशेष बात के समर्थन के लिये सामान्य बात कही है वहाँ भी उस सामान्य का भी समर्थन करने के लिये एक अन्य अतिरिक्त विशेष के कथन की भी आवश्यकता पड़ेगी क्योंकि कभी-कभी सामान्य लोकप्रसिद्ध नहीं होने से श्रोता की बुद्धि में आरूढ़ नहीं भी हो सकता अर्थात् विशेष के समर्थन के लिये सामान्य और सामान्य के समर्थन के लिये और अन्य विशेष के कथन की आवश्यकता पड़ेगी— यदि पूर्वपक्षी ऐसी शंका करता है तो उस पर दीक्षित का उत्तर है—] यह तो इष्ट आपत्ति है, अर्थात् ऐसे स्थलों पर अर्थान्तरन्यास अलंकार नहीं मानना चाहिये क्योंकि ऐसे स्थलों पर 'विकस्वर' नामक (नवीन) अलंकार होता है— ऐसा अभी आगे प्रदर्शित किया जायेगा।

किं च, काव्यलिङ्गेऽपि सर्वत्र न समर्थनसापेक्षत्वनियमः। 'चिकुरप्रकरा जयन्ति त' (नैषध० २।२०) इत्यत्र तदभावादुपमानवस्तुषु वर्णनीयसाम्याभावेन निन्दायाः कविकुलक्षुण्णत्वेनात्र समर्थनापेक्षाविरहात्। न हि 'तदास्यदास्येऽपि गतोऽधिकारितां न शारदः पार्वणशर्वरीश्वरः (नैषध० १।२०)।' इत्यादिषु समर्थनं दृश्यते।

न विषेण न शस्त्रेण नाग्निना न च मृत्युना ।
अप्रतीकारपारुष्याः स्त्रीभिरेव स्त्रियः कृताः ।।२११।।

ननु, अर्थान्तरन्यासे समर्थनसापेक्षत्वनियमाभावेऽपि काव्यलिङ्गाद्भेदस्सम्भवत्येव। तस्य समर्थनसापेक्षत्वनियमे सत्येव प्रवृत्तिरत्र तु तदनियम इत्येव तयोर्भेदोपपत्तेरित्यस्वरसादाह— **किं चेति**। तथा च 'तदास्यदास्येऽपी'त्यत्र शारदनिशाकरे मुखसाम्याभावेन निन्दायास्समर्थनानपेक्षत्वच्चामरे दमयन्तीचिकुरभारसाम्याभावस्य कविसमयप्रसिद्धतया समर्थनापेक्षाभावात्र तन्नियमानियमाभ्यां तयोर्भेदः सम्भवतीति भावः।

साथ ही, काव्यलिंग में सदैव समर्थन की सापेक्षता रहती है— ऐसा भी कोई नियम नहीं है [बहुत से ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ समर्थन की अपेक्षा नहीं दिखाई देती है तो भी काव्यलिङ्ग होता है।] उदाहरण के लिये 'चिकुरप्रकराः जयन्ति ते' (उदाहरण) इसमें समर्थनसापेक्षता नहीं है अतः उन केशों की उपमानभूत (चमरीपुच्छकेशसमूह) वस्तुओं में वर्णनीय केशों के साम्य का अभाव होने से उनकी निन्दा व्यक्त होती है तथा यह उपमानता कविसमूह में अतिप्रसिद्ध है । इसलिये इसके समर्थन करने की अपेक्षा नहीं है। जैसा यहाँ है वैसा ही 'तदास्यदास्येऽपि गतोऽधिकारितां न शारदःपार्वणशर्वरीश्वरः' (नैषध १।१५) शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा भी उस राजा नल के मुख की दासता-नौकरी प्राप्त करने का भी अधिकारी नहीं बन सकता— इत्यादि स्थलों में कोई भी समर्थन नहीं दिखाई देता है।

[कहीं-कहीं काव्यलिङ्ग के ऐसे भी उदाहरण मिलते हैं जहाँ समर्थन करने की अपेक्षा नहीं रहती है फिर भी कवि समर्थन के लिये लिख देता है जैसा कि निम्न उदाहरण में देखा जा सकता है—]

अन्वयः — अप्रतीकारपारुष्याः, स्त्रियः, न, विषेण, न , शस्त्रेण, न, अग्निना, न, मृत्युना, स्त्रीभिः, एव, कृताः ।।२११।।

इत्यादिकाव्यलिङ्गविषयेषु समर्थनापेक्षाविरहेऽप्यप्रतीकारपारुष्या इत्यादिना समर्थनदर्शनाच्च। न हि तत्र स्त्रीणां विषादिनिर्मितत्वाभावप्रतिपादनं समर्थनसापेक्षम्, प्रसिद्धत्वात्।

तस्मादुभयतो व्यभिचारात्समर्थनापेक्षसमर्थने काव्यलिंगम्, तन्निरपेक्षसमर्थने अर्थान्तरन्यास इति न विभागः। किं तु समर्थ्यसमर्थकयोस्सामान्यविशेषसंबन्धेऽर्थान्तरन्यासः। तदितरसंबन्धे काव्यलिंगमित्येव व्यवस्थावधारणीया।

उपसंहरति— **तस्मादिति** । विधान्तरेणानयोर्वैधर्म्यमाह — **किंत्विति** । तदितरसम्बन्धे = कार्यकारणभावादिरूप इत्यर्थः। अत एव काव्यलिङ्गोदाहरणेषु त्रिलोचनसन्निधानकन्दर्पजययोः समर्थ्यसमर्थकयोः सुखालोकोच्छेदित्वमहामोहयोश्च

जिनकी परुषता (कठोरता) का कोई प्रतीकार (इलाज, उपचार) संभव नहीं है, ऐसी स्त्रियों का निर्माण [ब्रह्मा द्वारा] न तो विष से, न शस्त्र से, न अग्नि से और न मृत्यु से किया गया है अपि तु स्त्रियों द्वारा ही स्त्रियों का निर्माण किया गया है। [यहाँ स्त्रियों की परुषता बिषादि से बहुत अधिक है— यह बात प्रतिपादित की जा रही है।]

इत्यादि स्थल जो काव्यलिंग के विषय हैं उनमें समर्थन की अपेक्षा नहीं है फिर भी 'अप्रतीकारपारुष्याः' आदि के द्वारा समर्थन देखा जाता है। यहाँ स्त्रियों का निर्माण विषादि के द्वारा नहीं हुआ है, इस उक्ति के समर्थन करने की कोई अपेक्षा नहीं है। क्योंकि ऐसा तो प्रसिद्ध = सर्वजनज्ञात है। [फिर भी कवि ने 'अप्रतीकारपारुष्याः' जिनके पारुष्य= कठोरता का कोई उपचार नहीं है— ऐसा कहकर समर्थन किया है।]

[यहाँ तक यह सिद्ध किया गया कि पूर्वपक्षियों द्वारा किया गया विभाजन (१) जहाँ समर्थन-सापेक्षता है वहाँ काव्यलिङ्ग होता है और (२) जहाँ समर्थन-निरपेक्षता है वहाँ अर्थान्तरन्यास होता है— ऐसा ठीक नहीं है क्योंकि ऊपर इस कथन का व्यभिचार प्रदर्शित किया गया है। क्योंकि कहीं-कहीं काव्यलिङ्ग में भी समर्थनसापेक्षता नहीं रहती है, समर्थननिरपेक्षता रहती है और अर्थान्तरन्यास में समर्थननिरपेक्षता नहीं रहती है समर्थनसापेक्षता भी रहती है। अतः पूर्वपक्षियों के विभाजन का आधार तर्कसंगत नहीं है। यही लिख रहे हैं—] इस कारण दोनों में व्यभिचार देखे जाने के कारण समर्थन की अपेक्षा में समर्थन करने में काव्यलिंग और समर्थन की निरपेक्षता में अर्थान्तरन्यास होता है— ऐसा

प्रपञ्चस्तु चित्रमीमांसायां द्रष्टव्यः ।
एवमप्रकृतेन प्रकृतसमर्थनमुदाहृतम् ।

कार्यकारणभावः स्पष्ट उपलभ्यत इति भावः। अपि च, अर्थान्तरन्यासे अर्थान्तरसमर्थनमेव चमत्कारकारि। अन्यस्य चमत्कारकारिणोऽभावात्। अत एव समर्थ्यसमर्थकभावद्योतकहिशब्दोपादानानुपादानाभ्यां समर्थकपूर्वोपन्यासानन्तरोपन्यासाभ्यामस्य भेदान्तरं सम्भवतीति भट्टोद्भटः प्रतिपादयाम्भभूव। काव्यलिङ्गे वाक्यार्थहेतुके नैवंविधो भेदः सम्भवतीति तयोर्वैलक्षण्यम्। अपि चार्थान्तरन्यासे प्रस्तुतत्वाप्रस्तुतत्वकृतो विशेषस्समर्थ्यसमर्थकयोरस्ति, न तु काव्यलिङ्गे। 'जितोऽसी'त्यादौ दुर्जयकन्दर्पजयोपयोगितया तद्वैरिशिवसन्निधानस्यापि वर्णनीयत्वात्। किं च साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां समर्थ्यसमर्थकभावेऽपि अर्थान्तरन्यासः सम्भवति। यथा —

अहो हि से वह्वपराद्धमायुषा यदप्रियं वाच्यमिदं मयेरितम्।
त एव धन्यास्सुहृदां पराभवं जगत्यदृष्ट्वैव हि ये क्षयं गताः ।।

अत्रायुःकर्तृकापराधाक्षिप्तस्याधन्यत्वस्यायुर्विरोधिक्षयप्रयुक्तं धन्यत्वं विरुद्धं समर्थकत्वेनोक्तमित्यतोऽपि काव्यलिङ्गादस्य वैलक्षण्यसम्भवः।

वस्तुतस्तु, काव्यलिङ्गे समर्थ्यसमर्थकभावस्य नैवापेक्षा। वाक्यार्थपदार्थयोहेतुभावमात्रसापेक्षत्वात्। अत एव 'काव्यलिंङ्गं भवेद्यत्र हेतोर्वाक्यपदार्थता।' इति समर्थ्यसमर्थकभावाघटितमेव काव्यलिङ्गं काव्यप्रकाशकारेण लक्षितम्। तथैव 'हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्ग'मिति काव्यलिङ्गं लक्षयता सर्वस्वकृता एतदेव स्पष्टी- कृतम्। अर्थान्तरन्यासस्तु तद्गर्भ एव लक्षित इति न काव्यलिङ्गतोऽस्य चारितार्थ्यप्रसक्तिः। अतः सामान्यविशेषाभ्यामप्रस्तुताभ्यां तदितरयोः प्रस्तुतयोः समर्थनमर्थान्तरन्यास इत्येव तल्लक्षणम्। काव्यलिङ्गस्य तु, काव्यप्रकाशकाराद्युक्तमेव। समर्थनीयस्येति कारिकोक्तं लक्षणं तु एकदेशिमतेनेत्यभिप्रेत्याह— प्रपञ्चस्त्विवति। अत्राप्रकृतस्य प्रकृतसमर्थकत्ववत् प्रकृतस्याप्यप्रकृतसमर्थकत्वं दृश्यत इत्याह— एवमिति।

विभाजन उचित नहीं है। [अप्पय दीक्षित का मत] किन्तु यदि समर्थनीय और समर्थक में सामान्य विशेष्य भाव सम्बन्ध रहता है तो अर्थान्तरन्यास होता है इससे भिन्न कोई भी सम्बन्ध रहने पर काव्यलिङ्ग होता है— यही व्यवस्था स्वीकार करनी चाहिये।

इस विषय में विशेष चित्रमीमांसा में देखना चाहिये। [चित्रमीमांसा अपूर्ण ही उपलब्ध है। अतः इस अंश को देखना संभव नहीं है।]

इस प्रकार से अप्रकृत के द्वारा प्रकृत के समर्थन के उदाहरण दिखलाये जा चुके हैं।

प्रकृतेनाप्रकृतसमर्थनं यथा — ६०- अर्थान्तरन्यासः]

यदुच्यते पार्वति!पापवृत्तये न रूपमित्यव्यभिचारि तद्वचः ।
तथा हि ते शीलमुदारदर्शनि! तपस्विनामप्युपदेशतां गतम् ।।२१२।।
(कुमार० ५।३६)

उदाहरणमुखेन विवृणोति— **यदुच्यत इति।** अत्र 'रूपं = भव्यस्वरूपं पापवृत्तिसाधनं न भवती'त्येष लौकिकवादो यर्थार्थ इति सामान्यमप्रस्तुतं मुनीनामपि धर्मोपदेशतया स्थितं देव्याश्चरित्रं प्रस्तुतं समर्थ्यत इति।

विमर्श — अर्थान्तरन्यास के उदाहरणों में दो वाक्य रहते हैं एक समर्थ्य जिसका समर्थन किया जाता है और दूसरा समर्थक जो समर्थन करता है। इन दोनों वाक्यों में एक विशेष होता है या सामान्य और इसके विपरीत दूसरा सामान्य होता है या विशेष। यहाँ एक स्थिति और होती है एक वाक्य प्रकृत (वर्णनीय) से सम्बद्ध होता है और दूसरा अप्रकृत (अवर्णनीय) से सम्बद्ध। इसलिये उदाहरणों में भी इनको ध्यान में रखा गया है।

(अनु०) प्रकृत विषय से सम्बद्ध अप्रकृत रूप समर्थ्यवाक्य के समर्थन के उदाहरण दिये जा रहे हैं, जैसे—

अन्वय:— हे पार्वति!, रूपम्, पापवृत्तये, न, इति, यद्, उच्यते, तद्, वचः, अव्यभिचारि। हे उदारदर्शने!, तथा, हि, ते, शीलम्, तपस्विनाम्, अपि, उपदेशताम्, गतम् ।।२१२।।

[कुमारसंभव के पञ्चम सर्ग में ब्रह्मचारी-वेशधारी शिव जी पार्वती से कह रहे हैं —] हे पार्वती ! सुन्दर रूप पापाचरण के लिये नहीं होता है अर्थात् रूपवान् व्यक्ति दूषित आचरण नहीं करता है, यह जो कहा जाता है वह सर्वथा सत्य कथन है। क्योंकि हे उदारदर्शन वाली पार्वति ! तुम्हारा शील = आचरण तपस्वियों के लिये भी उपदेशता को प्राप्त हो गया है, अर्थात् तपस्वियों के लिये भी अनुकरणीय आदर्श बन गया है।

[यहाँ प्रथम वाक्य 'भव्य रूप पाप का साधन नहीं होता है' यह कथन यथार्थ है— यह सामान्य अप्रस्तुत है इसका 'पार्वती का चरित्र मुनियों के लिये भी धर्माचरण के रूप में अनुकरणीय है।' इस प्रस्तुत विशेष वाक्य से समर्थन किया गया है, इस प्रकार इस उदाहरण में प्रस्तुत विशेष से अप्रस्तुत सामान्य का समर्थन किया गया है।]

यथा वा —

दानं ददत्यपि जलैस्सहसाधिरूढे को विद्यमानगतिरासितुमुत्सहेत ।
यद्दन्तिनः कटकटाहतटान्मिमङ्क्षोर्मक्षूदपाति परितः पटलैरलीनाम् ॥२१३॥
(शिशु० ५।३७)

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अर्थान्तरन्यासप्रकरणम् ॥६०॥

****

उदाहरणान्तरमाह— **दानमिति।** अत्र गजवर्णने मज्जनेच्छुकरटिकटकटाहतटतो भृङ्गपटलापगमो वर्णनीयतया प्रकृतः । तेन दुर्विनीतपरगन्धासहजडजनाक्रान्तदानरसिक-महाप्रभुसमीपाद् गत्यन्तरशालिनो निरंकुशवैदुष्यवैदग्ध्यवतोऽपक्रमणमप्रकृतं समर्थ्यत इतीदमपि तत्रोदाहरणमिति भावः। अत्र जलशब्दश्लेषेण विच्छित्तिविशेषो द्रष्टव्यः॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां अर्थान्तरन्यासप्रकरणम् ।।६०।।

****

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— दानम् , ददति, अपि, सहसा, जलैः, अधिरूढे, विद्यमानगतिः, कः, आसितुम्, उत्सहेत? मिमङ्क्षोः, दन्तिनः, कटकटाहतटात्, अलीनाम्, पटलैः, परितः, मङ्क्षु, उदपाति ॥२१३॥

दान (मदजल, धन) का वितरण करते रहने पर भी जल (= मूर्खों, मदजल) से अकस्मात् आक्रान्त हो जाने पर, विद्यमानगति = अन्यत्र जा सकने के सामर्थ्य से युक्त कौन व्यक्ति वहाँ पर रहने का उत्साह करेगा? अर्थात् कोई भी वहाँ नहीं रहना चाहता है। [जल में] डूबने के इच्छुक हांथी के कड़ाह-सदृश अति विशाल और काले) गण्डस्थल से भौरों का समूह तत्काल चारों ओर उड़कर भाग गया। [श्लेष में 'ड' 'ल' में अभेद माना जाता है। अतः 'जल' के अर्थ मदजल और जड़ = मूर्ख पुरुषों— ये दोनों होते हैं।]

[यहाँ गज के वर्णन में 'पानी में डुबकी लगाने के इच्छुक हाथी के गण्डस्थलतट से भौरों के समूह का हट जाना'— यह वर्णन प्रकृत है। इस प्रकृत के द्वारा दुष्टों तथा मूर्खों से घिरे दानी भी व्यक्ति के पास से अन्यत्र जाने में समर्थ व्यक्ति का अचानक हट जाना, छोड़कर चल देना— यह अप्रकृत वर्णन समर्थित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रकृत से अप्रकृत का समर्थन होने से अर्थान्तरन्यास अलंकार है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अर्थान्तरन्यास' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६०।।

****

६१. अथ विकस्वरः —

यस्मिन् विशेषसामान्यविशेषास्स विकस्वरः ।
स न जिग्ये, महान्तो हि दुर्धर्षास्सागरा[1] इव ।।१२३।।

यत्र कस्यचिद्विशेषस्य समर्थनार्थं सामान्यं विन्यस्य तत्प्रसिद्धावप्यपरितुष्यता कविना तत्समर्थनाय पुनर्विशेषान्तरमुप[2]मानरीत्यार्थान्तरन्यासविधया वा विन्यस्यते तत्र विकस्वरालङ्कारः। उत्तरार्धं यथा कथञ्चिदुदाहरणम्।

विकस्वरालङ्कारमाह— **यस्मिन्निति**। अत्र यच्छब्देन 'समर्थनीयस्यार्थस्ये'ति श्लोकंगतसमर्थनपदनिर्दिष्ट समर्थनं परामृश्यते। ततश्च यस्मिन्समर्थने। विषयत्वं सप्तम्यर्थः। तथा च यत्समर्थनविषयाः विशेषसामान्यविशेषाः तत्समर्थनं विकस्वरालङ्कार इत्यर्थः। श्लोकं व्याचष्टे— **यत्रेति। विशेषस्येति**। प्रकृतस्येति शेषः। सामान्यमप्रस्तुतं विन्यस्यार्थान्तरन्यासविधयेति शेषः। पुनर्विशेषान्तरन्यसने हेतुमाह— तत्प्रसिद्धाविति। विशेषोपन्यासमन्तरेण तस्य बुद्धांवनारोहात्तदबुद्ध्युपारोहायाप्रकृतविशेषान्तरं न्यस्यत इति भावः। [2]**उपमानीकृत्येति**। इदमुपलक्षणम्। अर्थान्तरन्यासविधयेत्यपि द्रष्टव्यम्। **यथा कथञ्चिदिति**। अत्र

६१. विकस्वर अलङ्कार —

अन्वयः— यस्मिन्, विशेष सामान्य-विशेषाः, सः, विकस्वरः (अलङ्कारः, भवति)।

सः, न, जिग्ये, हि, महान्तः, सागराः, इव, (दुर्धर्षाः), भवन्तिः ॥१२३॥

लक्षण — जिस काव्य में पहले विशेष फिर सामान्य और फिर विशेष अर्थात् विशेष— सामान्य— विशेष का उपादान किया जाय वहाँ विकस्वर अलंकार होता है। [भाव यह है कि पहले विशेष कहा गया उसका समर्थन करने के लिये सामान्य कहा गया और पुनः उसका समर्थन करने के लिये विशेष का उपादान किया जाय तो वहाँ 'विकस्वर' अलंकार होता है।]

उदाहरण— वह राजा किसी के द्वारा जीता नहीं गया, पराजित नहीं

---

१. **'दुर्धर्षा क्ष्माधरा इव'** इति चन्द्रालोकपाठः।

२. 'उपमानरीत्ये'ति मूले पाठः।

इदं तु व्यक्तमुदाहरणम् —

अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम् ।
एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः ॥२१४॥
(कुमार० १।२)

इदमुपमानरीत्या विशेषान्तरस्य न्यसने उदाहरणम् ।

प्रकृतस्य कस्यचित्पुरुषविशेषस्य दुर्जयत्वं विशेषं समर्थयितुं महतां दुर्धर्षत्वं सामान्यमुपात्तम्। तस्यालोकसामान्यतया बुद्ध्यनारोहात् विशेषान्तरेण सागरदुर्धर्षत्वेन समर्थनं कृतम्। अत्र विशेषसामान्यविशेषाणां प्रस्तुताप्रस्तुतभावस्याव्यक्तत्वादिति भावः।

यत्र तद्व्यक्तं तादृशमुदाहरणमाह — अनन्तेति । अत्र हिमवद्वर्णनस्य प्रस्तुतत्वाद्धिमस्य हिमवत्सौभाग्यविलोपित्वं प्रस्तुतमुत्तरार्धगताभ्यां सामान्यविशेषाभ्यां समर्थ्यसमर्थकभावापन्नाभ्यां समर्थ्यत इति व्यक्तोऽत्र प्रस्तुताप्रस्तुतभाव इति भावः।

किया गया, क्योंकि महान् व्यक्ति दुर्धर्ष (अपराजेय) होते हैं, जैसे समुद्र (अजेय) है।

जिस काव्य में किसी विशेष कथन का संमर्थन करने के लिये सामान्य विषय का कथन किया जाय, उस सामान्य के प्रसिद्ध (सर्वजनज्ञात, विशेष समर्थननिरपेक्ष) होने पर भी, सन्तोष न होने के कारण कवि द्वारा पुनः उस सामान्य का समर्थन करने के लिये किसी एक अन्य विशेष का कथन = उपन्यास उपमान के रूप से या अर्थान्तरन्यास के रूप से किया जाता है वहाँ 'विकस्वर' अलंकार होता है। [कारिका में दिया गया] उत्तरार्ध जिस किसी प्रकार इस अलंकार का उदाहरण बन सकता है । [यहाँ उपमान वाली रीति मानी जाय तो 'स न जिग्ये हि महान्तः सागरा इव दुर्धर्षाः' यह होता है। यदि अर्थान्तरन्यास वाली रीति मानी जाय तो दो बार अर्थान्तरन्यास बनता है । (१) पहले विशेष का समर्थन सामान्य द्वारा और पुनः (२) सामान्य का समर्थन विशेष के द्वारा।]

इसका स्पष्ट उदाहरण यह है —

अन्वयः— अनन्तरत्नप्रभवस्य, यस्य, हिमम्, सौभाग्यलोपि, न, जातम्। हि, एकः, दोषः, गुणसन्निपाते, इन्दोः, किरणेषु, अङ्कः, इव, निमज्जति ॥२१४॥

(कुमारसंभव महाकाव्य में हिमालय का वर्णन है ।) अनन्त रत्नों की उत्पत्ति स्थली जिस (हिमालय) का हिम = बर्फ भी सौभाग्य को कम करने वाला

अर्थान्तरन्यासविधया यथा –

कर्णरुन्तुदमन्तरेण रणित गाहस्व काक ! स्वयं
माकन्दं मकरन्दशालिनमिह त्वां मन्महे कोकिलम् ।
धन्यानि स्थलवैभवेन कतिचिद्वस्तूनि, कस्तूरिकां
नेपालक्षितिपालभालपतिते पङ्के न शङ्केत कः? ।।२१५।।

अस्य द्वितीयं भेदमुदाहरति — **कर्णारुन्तुदमिति**। अत्र काकस्य माकन्दाश्रयणप्रयुक्तमाहात्म्यावगतिविषयतापत्तिः प्रस्तुतार्थान्तरन्यासविधया तुरीयपादगतविशेषसमर्थितेन तृतीयपादगतसामान्येनाप्रस्तुतेन समर्थिता। अत्र श्लोके अप्रस्तुतप्रशंसारीत्या प्रस्तुतकाकवृत्तान्तवर्णनेन मूर्खस्य महागुणशालिनुपाङ्गणगतस्यासबद्धं जल्पतो मौनभजनेन विद्वत्तावगतिविषयत्वं तत्स्वरूपं गम्यत इत्यप्रस्तुतप्रशंसाभ्युपगमे वाच्यस्य विशेषस्याप्रस्तुतत्वादप्रस्तुतानामेव समर्थ्यसमर्थकभाव इति विशेषो द्रष्टव्यः।

नहीं हुआ। गुणों का समूह होने पर कोई एक दोष उनमें उसी प्रकार छिप जाता है, जिस प्रकार चन्द्रमा की किरणों में कलंक।

उपमान की रीति से अन्य विशेष के उपन्यास में यह उक्त श्लोक उदाहरण है। [अनन्त रत्नों की उत्पत्तिस्थली उस हिमालय के सौभाग्य = महिमा को बर्फ कम नहीं कर सकी— यह विशेष बात है, इसके समर्थन के लिये सामान्य बात है— 'अनेक गुणों के समूह में अकेला कोई दोष छिप जाता है, दब जाता है अथवा महत्त्व नहीं दिखा पाता है।' इस सामान्य बात का समर्थन करने के लिये पुनः विशेष बात उपमान के रूप से कही गई है— 'जैसे चन्द्रमा की किरणों के समूह में कलंक।' इसलिये यहाँ विकस्वर अलंकार है।]

अब **अर्थान्तरन्यास** की रीति से विशेष के कथन का उदाहरण —

अन्वयः— हे काक!, कर्णारुन्तुदम्, रणितम्, विना, मकरन्दशालिनम्, माकन्दम्, गाहस्व, इह, त्वाम्, कोकिलम्, मन्महे। कतिचिद्, वस्तूनि, स्थलवैभवेन, धन्यानि, नेपाल-क्षितिपालभालपतिते, पङ्के, कः, कस्तूरिकाम्, न, शङ्केत? ।।२१५।।

[किसी कौवे से कोई कवि कह रहा है—] हे कौवे! कानों को पीड़ा देने वाले (काँव, काँव) शब्द के बिना अर्थात् कर्कश स्वर में बोलना छोड़ कर मकरन्दशाली = पराग से परिपूर्ण काकन्द = आम्रवृक्ष का सेवन करो अर्थात् उस पर बैठो, यहाँ पर तुम्हें हम लोग कोयल मानने लगेंगे। कुछ चीजें स्थानविशेष के

यथा वा –

मालिन्यमब्जशशिनोर्मधुलिट्कलङ्कौ
धत्तो , मुखे तु तव दृक्तिलकाञ्जनाभाम् ।
दोषावितः क्वचन मेलनतो गुणत्वं
वक्तुर्गुणौ हि वचसि भ्रमविप्रलम्भौ ।।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे विकस्वरप्रकरणम् ।।२१६।।

****

अयं चात्रापरो विशेषः। सामान्यविशेषाभ्यां गम्यस्य विशेषस्यापि समर्थनं सम्भवतीति ततो विच्छित्तिविशेषः। अत्रैवाप्रस्तुतप्रशंसासङ्कीर्णमुदाहरणान्तरमाह— **मालिन्यमिति।** अत्राब्जशशिमालिन्यप्रदयोर्भ्रमरकलङ्कयोर्दोषभावमुपगतयोर्भवन्मुखं दृक्तिलकव्याजेनाश्रित्य शोभावहतया गुणत्वकथनं प्रस्तुतं प्रत्येकं दोषतया स्थितमिदमुभयं कथं मिलितं गुणः स्यादिति शङ्कायां दोषावपि सन्तौ मेलनेन क्वचित् अधिकरणविशेषे गुणत्वं प्राप्नुत इति सामान्येन समर्थितम्। तदपि सामान्यमप्रसिद्धतया समर्थनसापेक्षम्। भ्रमविप्रलम्भ्योः प्रत्येकं वाक्यस्या-

---

महत्त्व के कारण धन्य हो जाती हैं। [उदाहरणार्थ] नेपालनरेश के मस्तक पर लगे हुये कीचड़ को भी कौन व्यक्ति कस्तूरी नहीं समझेगा? अर्थात् महाराज के मस्तक पर लगा होने से कीचड़ को भी लोग कस्तूरी समझने लगते हैं।

[इस पद्य में 'आम के पेड़ पर चुपचाप बैठे हुये कौवे को कोयल समझ लिया जाना' यह एक विशेष बात है। इसका समर्थन 'स्थानविशेष के सम्पर्क से साधारण वस्तुयें भी महत्त्वपूर्ण हो जाती हैं' इस सामान्य बात से किया गया है। अब इस सामान्य का भी अर्थान्तरन्यास के द्वारा 'नेपालनरेश के मस्तक पर लगे हुये कीचड़ को भी कस्तूरी समझा जाता है' इस विशेष कथन से समर्थन किया गया है। अतः सामान्य का विशेष से और उस विशेष का पुनः किसी अन्य सामान्य से समर्थन किये जाने के कारण इसमें 'विकस्वर' अलंकार है।]

अथवा [अर्थान्तरन्यास विधि से समर्थन का] दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— मधुलिट्-कलङ्कौ, अब्जशशिनोः, मालिन्यम्, धत्तः, किन्तु, तव, मुखे, दृक्तिलकाञ्जनाभाम्, [धत्तः], इतः, दोषौ, क्वचन, मेलनतः, गुणत्वम्, [धत्तः] हि, वक्तुः, वचसि, भ्रमविप्रलम्भौ, [कदाचन] गुणौ, [भवतः] ।।२१६।।

प्रामाण्यावहतया दोषयोर्मेलनेन तत्प्रामाण्यावहतया गुणभावापत्त्या। यथा विप्रलम्भक: सत्येव सद्मनि देवदत्ते स तत्र नास्तीति भ्राम्यन् स्वज्ञातविपरीतार्थबुबोधयिषारूपविप्रलम्भेन सद्मनि देवदत्तोऽस्तीति पर बोधयति तद्वाक्यं विषयाबाधात्प्रमाणमेवेति भ्रमविप्रलम्भयोर्गुणभाव इत्युपमारीत्या समर्थितमिति भाव:।

अत्रेदं चिन्त्यम्। ([१]'मालिन्य'मित्यादिपूर्वार्धोक्तार्थस्याप्रसिद्धस्य बुद्ध्यारोहाय प्रयुज्यमानस्य तत्समर्थकस्य 'दोषावित' इति तृतीयपादार्थस्य सामान्यस्यापि स्वयमसर्वगोचरतया समर्थकतद्विशेषापेक्षायां तेन विशेषेण सुप्रसिद्धनैव भाव्यम्। न चोक्तविधया तुरीयपादार्थकथने तत्सम्भवति। देवदत्तान्वेष्टुरन्योक्तभ्रान्तिपूर्वकविप्रलम्भवचनस्य तत्त्वार्थविषयकतया गुणीभवनरूपस्य विशेषस्य सुतरामप्रसिद्धतया तत्कथनं सागरमग्नस्य प्रस्तरपोत्रीकरणवदसाम्प्रतमिति तुरीयपादस्यान्य एवार्थो वर्णनीय:। तद्यथा— हि यस्मात् वचसि सुभाषिते = सुकविप्रयोजित इति यावत्। भ्रम: = सादृश्यनिबन्धनान्यत्वबुद्धि:। विप्रलम्भो = निह्नव:। द्वाविमौ कविना प्रयोजिताविति भाव:। वक्तु: तथाविधभ्रान्तिमदपह्नवाद्यलंकृतिविन्यसनशीलस्य कवे: कविनिबद्धस्यान्यस्य वा गुण: श्लाघापदमित्यर्थ:। तथाविधोक्तेरेव चमत्कारकारित्वादिति भाव:। तदुक्तम् —

भौंरा और कलंक (क्रमश:) कमल तथा चन्द्रमा में मलिनता (कालिमा) को धारण करते हैं किन्तु तुम्हारे मुख पर वे नेत्र तथा तिलकांजन की शोभा को धारण करते हैं। इससे सिद्ध होता है कि कभी-कभी दो दोष मिलकर गुण बन जाते हैं। क्योंकि वक्ता की वाणी में भ्रम और विप्रलम्भ (कभी-कभी) गुण बन जाते हैं।

[यहाँ कमल तथा चन्द्रमा में मलिनता देने वाले भ्रमर तथा कलंक नायिका के मुख में नेत्र तथा तिलक के बहाने से रहकर शोभा बढ़ाने वाले हो जाते हैं, यह विशेष वक्तव्य है। इसका समर्थन इस सामान्य वक्तव्य से किया गया है— "कभी-कभी दो दोष परस्पर मिल जाने से गुण बन जाते हैं।" किन्तु यह सामान्य अतिप्रसिद्ध नहीं है अत: इसे समर्थन की अपेक्षा है। इसके लिये फिर अर्थान्तरन्यास विधि से विशेष वक्तव्य कहा जा रहा है— "कभी-कभी वक्ता

---

१. मालिन्यमित्वारभ्य 'इदमन्यदत्र विचिन्त्य'मित्यन्तो ग्रन्थ: ख, पुस्तक एव दृश्यते। नान्येषु। तत: अन्येन केनचिद्विदुषा विलिख्य संयोजित इति प्रतिभाति। तथाप्यनिश्चयाट्टीकायामेव सचिह्न तस्य विन्यास: कृत इति वेदितव्यम्।

वक्रोक्तयो यत्र विभूषणानि वाच्यार्थवाधः परमः प्रकर्षः ।
अर्थेषु बोध्येष्वभिधैव दोषः सा काचिदन्या सरणिः कवीनाम् ।।

इति। अत्रानेनैव ग्रन्थकृता छेकापह्नुतिविशेषोदाहरणतया प्रपञ्चितार्थ 'पद्मे त्वन्नयने स्मरामि सततम्' इत्यादि पद्यमुदाहर्तव्यम्। तत्र हि भगवतो हरेर्लक्ष्म्या- दिगोचरतया प्रवर्तितवचोमूलभूतस्य स्वाप्तिकस्य भ्रमस्य राधानिर्भर्त्सनानन्तरप्रवर्तितस्य तस्यैव राधापरतया प्रपञ्चनरूपस्य विप्रलम्भस्य च स्वप्नेऽपि स्वीयगुणानन्दनोद्भावितानवरतस्वानुसन्धानावगतिजनितभगवद्विषयकराधागतप्रेमातिशयरूपो भगवतो गुण एव भवति। तथा तादृशप्रवक्तृपरिकल्पनपूर्वकचमत्कृतार्थस्य कवेश्च सहृदयहृदयाह्लादकः प्रतिभादिगुणश्च भवतः। इति। तत्र च गुणीभवनं भ्रमविप्रलम्भयोर्मिलितयोरेव, न पुनः केवलस्य भ्रमस्य वा विप्रलम्भस्य वेति। अत इत्थं सुप्रसिद्धस्य दोषयोर्मिलितयोर्गुणीभावविशेषस्य युक्तं सामान्यसमर्थकत्वमित्यलं पल्लवितेन। इदमन्यदत्र विचिन्त्यम्।) अत्र हि विशेषस्य समर्थनार्थे सामान्ये विशेषान्तरं समर्थकतया निर्दिश्यत इत्युपमारीत्या अर्थान्तरन्यासरीत्या वा विशेषेण सामान्यसमर्थनात्मकस्तावदेकोऽर्थान्तरन्यासः। तथा समर्थितेन सामान्येन विशेषस्य समर्थनात्तदुत्थापितो द्वितीयोऽर्थान्तरन्यास इति द्वयोरर्थान्तरन्यासयोरङ्गाङ्गिभावसङ्कर एव चमत्कारकारितया अलङ्कारः। न तु विकस्वराख्यमलङ्कारान्तरं कल्पनीयम्। यथा समर्थनीयार्थसमर्थनार्थवाक्यार्थसमर्थकत्वे पदार्थस्य 'वपुःप्रादुर्भावा'दित्यादौ काव्यलिङ्गोत्थापितं काव्यलिङ्गमेव न त्वलङ्कारान्तरम्। अन्यथा अत्राप्यलङ्कारान्तरकल्पनापत्तेः। न चात्र विशेषसमर्थकसामान्यस्याप्रस्तुततया विशेषेणसमर्थनेऽपि न निर्दिष्टप्रस्तुतसमर्थनात्मा अर्थान्तरन्यासः सम्भवतीति वाच्यम्; प्रस्तुतत्वाप्रस्तुतत्वानादरेण सामान्यस्याप्रस्तुततया कविसंरम्भागोचरत्वेन

की वाणी में भ्रम तथा विप्रलम्भ भी गुण बन जाते हैं।" इस प्रकार यहाँ 'विकस्वर' अलंकार है। इस पद्य की विशेष व्याख्या रसिकरंजनी में देखिये।

पण्डितराज इस प्रकार की स्थिति में अलग अलंकार मानने के पक्ष में नहीं हैं। उनके अनुसार ऐसे स्थलों पर संसृष्टि मान लेना ही तर्कसंगत तथा उचित है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'विकस्वर' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६१।।

****

६२. अथ प्रौढोक्तिः —

प्रौढोक्तिरुत्कर्षहेतौ तद्धेतुत्वप्रकल्पनम् ।
कचाः कलिन्दजातीरतमालस्तोममेचकाः ।।१२४।।

तत्समर्थनार्थविशेषोपन्यसनस्यासामञ्जस्यप्रसङ्गात्, अन्यथा कवेरसम्बद्धाभिधायित्वापत्तेः। न चैवमप्रस्तुतेन प्रस्तुतसमर्थनाभावाद्द्वितीयोऽर्थान्तरन्तरन्तरन्यासो न स्यादिति वाच्यम्। समर्थकविशेषापेक्षया समर्थनीयत्वेन प्रस्तुतत्वेऽपि प्रस्तुतं विशेषमपेक्ष्य तस्य समर्थकतया प्रस्तुतत्वात्प्रकृतेनाप्रकृतसमर्थन इव प्रकृतयोरेवाप्रकृतायोरेव वा सामान्यविशेषयोस्समर्थ्यसमर्थकभावेऽर्थान्तर्न्यास इत्युक्तौ बाधकाभावादलङ्कारान्तर-कल्पनापेक्षयाऽस्य लघुत्वात्। किं च एवं परम्परितरूपकस्थलेऽपि अलङ्कारान्तर-क्रल्पनाप्रसङ्गः। न च तत्र 'सद्वंशमुक्तारत्न'मित्यादौ रूपकाङ्गाङ्गिभावायत्तचमत्कार-विलक्षणचमत्काराभावान्नालङ्कारान्तरकल्पनं युज्यत इति वाच्यम् ; प्रकृतेऽप्यर्थान्तरन्यासोः सङ्करकृत एव सः नाधिक इति वक्तुं शक्यत्वात्तद्विलणोऽत्र चमत्कार इत्यस्य दिब्यमात्रावधारणीयत्वात्[2]। अपि च, प्रतीपोपमयोर्विलक्षणयोर्मेलनरूपोपमेयोपमा-प्रकृताप्रकृतविषयोपमाद्वयरूपतया नालङ्कारान्तरमिति वदतामिह सजातीयालङारद्वयमेलने अलङ्कारान्तरोक्तिः कथं सामञ्जस्यमश्नुताम्। किं बहुना। सजातीयविजातीयालङ्कार-सङ्करमात्रस्यैवं सत्युच्छेद एवापद्येतेति बहुव्याकुली स्यात्। अत एव प्राचीनैरयं न लक्षित इति किमधिकेन।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां विकस्वरप्रकरणम् ।।६१।।

प्रौढोक्तिं लक्षयति — प्रौढोक्तिरिति । किञ्चिदुत्कर्षहेतुभूते वस्तुनि

---

६२. प्रौढोक्ति अलङ्कार —

अन्वयः— उत्कर्षहेतौ, तद्धेतुत्वकल्पनम्, प्रौढ़ोक्तिः।
कचाः, कलिन्दजा-तीर-तमाल-स्तोम-मेचकाः ।।१२४।।

लक्षण— [किसी विषय के] उत्कर्ष के अहेतु में भी उसके हेतुत्व की कल्पना करना 'प्रौढ़ोक्ति अलंकार है।

---

१. चन्द्रालोके तु '**प्रौढोक्तिस्तदशक्तस्य तच्छक्तत्वावकल्पनम्। कलिन्दजातीररुहाः श्यामलास्सरलद्रुमाः।।**' इति पाठः।

२. दिव्यम्-अग्नितुलादिदिव्यप्रमाणमित्यर्थः।. अग्न्यादिदिव्यशोनविधानप्रकाराः मन्वादिस्मृतितोऽवगन्तव्याः।

कार्यातिशयाहेतौ तद्धेतुत्वप्रकल्पनं प्रौढ़ोक्तिः। यथा तमालगतनैल्यातिशयाहेतौ यमुनातटरोहणे तद्धेतुत्वपरिकल्पनम्।

यथा वा –

कल्पतरुकामदोग्ध्री चिन्तामणिधनदशङ्खानाम्।
रचितो रजोभरपयस्तेजश्श्वासान्तराम्बरैरेषः ।। २१७ ।।

अत्र कल्पवृक्षाद्येकैकवितरणातिशायिवर्णनीयराजवितरणातिशयाहेतौ कल्पवृक्षपरागादिरूप-पञ्चभूतनिर्मितत्वेन तद्धेतुत्वपरिकल्पनं प्रौढ़ोक्तिः।।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे प्रौढोक्तिप्रकरणम् ।।६२।।

****

तद्धेतुत्वकल्पनं प्रौढ़ोक्तिरित्यर्थः। उदाहरणे लक्षणं योजयति — तमालगतेति । उत्तरो ग्रन्थः स्पष्टः। अत्रापीदं चिन्त्यम्। 'कलिन्दजातीरे'ति तमालविशेषणं निरभिप्रायतयाऽपुष्टार्थम्। निरभिप्रायविशेषणविन्यासे तस्य दोषस्य —

"अतिविततगगनसरणिप्रसरणपरिमुक्तविश्रमानन्दः ।
मरुदुल्लासितसौरभकमलाकरहासकृद्रविर्जयति ।।"

उदाहरण — [इस नायिका के] केश कलिन्दजा (यमुना) के तट पर उत्पन्न तमाल वृक्षों के समूह के समान काले हैं।

किसी कार्य के अतिशय (उत्कर्ष) के अहेतु में उसके हेतु होने की कल्पना करना प्रौढ़ोक्ति है। यहाँ तमाल में होने वाली नीलिमा (कालिमा) के अतिशय (उत्कर्ष) का हेतु— 'यमुना तट पर उत्पन्न होना' यह नहीं हैं किन्तु इसमें उस नीलिमा के हेतु होने की कल्पना की गई है। अतः यहाँ प्रौढ़ोक्ति अलंकार है।

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— एषः (राजा) कल्पतरु-कामदोग्ध्री चिन्तामणि-धनद-शङ्खानाम्, रजोभर-पयस्तेजश्श्वासान्तराम्बरैः रचितः ।।२१७।।

यह राजा कल्पवृक्ष, कामधेनु, चिन्तामणि, कुबेर तथा शंख के (क्रमशः) परागसमूह, दूध, तेज, श्वास तथा आभ्यन्तर आकाश के द्वारा बनाया गया है।

इस पद्य में कल्पवृक्ष आदि एक-एक पदार्थ के दान देने से अधिक दान देने वाले वर्णनीय राजा के दान देने के अतिशय के अहेतुभूत में भी, कल्पवृक्षपराग आदि रूप पञ्चभूतों से निर्मित होने के कारण, उनमें उस राजा को बनाने के हेतुत्व की कल्पना की गई है अतः यहाँ प्रौढ़ोक्ति अलंकार है। [भाव यह है कि कल्पवृक्ष आदि की अलग-अलग दानशीलता अति प्रसिद्ध है। किन्तु यह राजा

६३. अथ संभावना —

[१]संभावना यदीत्थं स्यादित्यूहोऽन्यस्य सिद्धये ।
यदि शेषो भवेद्वक्ता कथिताः स्युर्गुणास्तव ॥ १२५ ॥

इत्यादौ त्वस्य सम्प्रतिपन्नत्वात्। न च तादृशविशेषणानुपादाने वाच्यार्थस्य कश्चिदपकर्षः, येन तन्निवारकतया विशेषणसार्थक्यं भवेत्। इति ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां प्रौढोक्तिप्रकरणम् ।।६२।।

****

सम्भावनालङ्कारं लक्षयति — सम्भावनेति । यत्र किञ्चित्तर्कणमन्यतर्कणसाधनं तत्सम्भावनमित्यर्थः। उदाहरणे शेषस्य वक्तृत्वतर्कणेन वर्णनीयनृप

तो उन पाँचों का सम्मिलित रूप है, उनके समिश्रण से बनाया गया है। अतः अलग-अलग दानी कल्पवृक्ष आदि की तुलना में उनके समूह से रचित राजा की दानशीलता अधिक है — यह बात व्यक्त होती है। यहाँ राजा की अतिशय दानशीलता में कल्पवृक्ष आदि हेतु नहीं है फिर भी उनके हेतु बनने की कल्पना की गई है। अतः 'प्रौढ़ोक्ति' अलंकार है।

मम्मट ने इसे अलग अलंकार नहीं माना है किन्तु पण्डितराज इसे अलग अलंकार मानने का समर्थन करते हैं।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'प्रौढ़ोक्ति' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६२।।

****

६३. सम्भावना अलङ्कार —

अन्वयः— अन्यस्य, सिद्धये, 'यदि, इत्थम्, स्यात्,' इति, ऊहः, संभावना।
यदि, शेषः, वक्ता, भवेत्, (तदा) तव, गुणाः, कथिताः, स्युः ॥१२५॥

लक्षण — किसी कार्य को सिद्ध करने के लिये 'यदि ऐसा हो तो ऐसा हो सकता है' इस प्रकार का तर्क करना 'संभावना' अलंकार होता है।

उदाहरण— यदि शेषनाग (स्वयं हजार जिह्वाओं से) वक्ता बन जायें तो (हे राजन्!) आपके गुण कहे जा सकते हैं। [यहाँ शेषनाग की वक्तृत्व

---

[१] चन्द्रालोके तु 'सम्भावनं यदीत्थं स्यादित्यूहोऽन्यप्रसिद्धये । सिक्तं स्फटिककुम्भान्तःस्थितिश्वेतीकृतैर्जलैः।। मौक्तिकं चेल्लतां सूते तत्पुष्पैस्ते समं यशः।।' इति पाठः।

यथा वा —

कस्तूरिकामृगाणामण्डाद्गन्धगुणमखिलमादाय ।
यदि पुनरहं विधिः स्यां खलजिह्वायां निवेशयिष्यामि ।।१८।।
'यद्यर्थोक्तौ च कल्पनमतिशयोक्तिभेद' इति काव्यप्रकाशकारः ।।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे संभावनाप्रकरणम् ।।६३।।

****

गुणानां कथितत्वतर्कणाल्लक्षणानुगतिः स्फुटा । द्वितीयोदाहरणेऽपि स्वस्य विधित्वतर्कणेन खलजिह्वाया गन्धगुणनिवेशकर्तृत्वतर्कणमिति लक्षणसङ्गतिः।

अत्र काव्यप्रकाशकारस्य मतमाह — **यद्यर्थोक्ताविति** । तेन हि 'यद्यर्थोक्तौ च कल्पन' मित्यतिशयोक्तिभेदं लक्षयित्वा।

राकायामकलङ्कं चेदमृतांशोर्भवेद्वपुः ।
तस्या मुखं तदा साम्यपराभवमवाप्नुयात् ।।

इत्युदाहरता 'यदि शेषो भवे' दित्यादावप्यमेवातिशयोक्तिभेद उररीकृत इति भावः।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां सम्भावनाप्रकरणम् ।।६३।।

****

की कल्पना से राजा के गुणों के कहे जाने की कल्पना संभव हो सकती है। अतः यहाँ 'संभावना' अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— यदि, अहम्, विधिः, स्याम्, तदा, कस्तूरिका-मृगाणाम्, अण्डाद्, अखिलम्, गन्धगुणम्, आदाय, पुनः, खलजिह्वायाम्, निवेशयिष्यामि ।।२१८।।

'यदि मैं ब्रह्मा बन जाऊँ तो कस्तूरी मृगों के अण्डों से सारा गन्धगुण लेकर फिर दुष्टों की जिह्वा पर रख दूँ ।' [यहाँ 'यदि मैं ब्रह्मा बन जाऊँ' यह कल्पना 'दुष्टों की जीभ पर कस्तूरी मृगों के अण्डों की सारी गन्ध रख दूँ' इस बात को सिद्ध कर सकती है। अतः 'संभावना' अलंकार है।]

काव्यप्रकाशकार ने यहाँ 'यद्यर्थोक्तौ च कल्पनम् ' यह अतिशयोक्ति का भेद माना है, इसी में इसे गतार्थ किया है इसके लिये काव्यप्रकाशकारिका १०।१०० देखें।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'सम्भावना' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६३।।

****

६४. अथ मिथ्याध्यवसितिः —

किञ्चिन्मिथ्यात्वसिद्ध्यर्थं[1] मिथ्यार्थान्तरकल्पनम् ।
मिथ्याध्यवसितिर्वेश्यां वशयेत्खस्रजं वहन् ।।१२६।।

अत्र वेश्यावशीकरणस्यात्यन्तासंभावितत्वसिद्धये गगनकुसुममालिकाधारणरूपार्थान्तरकल्पनं मिथ्याध्यवसितिः।

मिथ्याध्यवसितिं लक्षयति — **किञ्चिदिति।** कस्यचिदात्यन्तिकविरहसिद्धये अत्यन्तासम्भाविता कल्पनं मिथ्याध्यवसितिरित्यर्थः। उदाहरणे 'खपुष्पमालिकां वहन्वेश्यां वशये'दिति निदर्शनामुखेन वेश्यावशीकरणस्यात्यन्तासम्भावितत्वसिद्धये गगनकुसुममालिकावहनरूपमिथ्यार्थकल्पनमिति लक्षणसङ्गतिः स्पष्टेत्याह — **अत्रेति** । न चात्र वेश्यावशीकरणासम्भावितत्वसिद्ध्यर्थतायाश्शब्देनाप्रतिपादनात्कथं मिथ्या-

६४. मिथ्याऽध्यवसिति अलङ्कार —

अन्वयः— किञ्चिन्मिध्यात्वसिद्ध्यर्थम्, मिथ्यान्तरकल्पनम् । मिथ्याध्यवसितिः, [अलङ्कारः] ।

खस्रजम्, वहन्, वैश्याम्, वशयेत् ।।१२६।।

लक्षण — किसी (एक) का मिथ्यात्व सिद्ध करने के लिये अन्य मिथ्यात्व की कल्पना करना 'मिथ्याध्यवसिति' अलंकार होता है।

उदाहरण — आकाशपुष्प की माला पहनने वाला ही वेश्या को वश में कर सकता है।

इस उदाहरण में वेश्या का वशीकरण अत्यन्त असम्भव है, इस बात को सिद्ध करने के लिये आकाशपुष्पमाला को धारण करना रूपी एक अन्य अर्थ की

---

[1] चन्द्रालोके तृतीये काव्यलक्षणमयूखे काव्यलक्षणत्वेन यानि अक्षरसंहतिशोभाभिमानहेतुप्रतिषेधनिरुक्तमिथ्याध्यवसायसिद्धियुक्तिकार्याणि दश निरूपितानि तान्यत्र अर्थालङ्कारतया मूलकृन्न्यरूपयत्। तेष्वेकतमेयं मिथ्याध्यवसितिरिति वेदितव्यम्। चन्द्रालोके तृतीयमयूखे एवं पाठः। यथा — 'स्यान्मिथ्याध्यवसायश्चेदसती साध्यसाधने। चन्द्रांशुसूत्रग्रथितां नभःपुष्पस्रजं वह ।। इति पाठः।

यथा वा —

अस्य क्षोणिपतेः परार्द्धपरया लक्षीकृताः सङ्ख्यया
प्रज्ञाचक्षुरवेक्ष्यमाणबधिरश्राव्याः किलाकीर्तयः ।
गीयन्ते स्वरमष्टमं कलयता जातेन वन्ध्योदरा-
न्मूकानां प्रकरेण कूर्मरणी-दुग्धोदधेः रोधसि ॥२१९॥

ध्यवसितिरिति वाच्यम्, 'वह'न्निति हेत्वर्थकेन शतृप्रत्ययेन तस्याः प्रतिपादनादिति तात्पर्यात्।]

उदाहरणान्तरमाह — **अस्य क्षोणिपतेरिति** । अत्र वर्ण्यगताकीर्त्यसम्भावितत्व-सिद्ध्यर्थं परार्धाधिकसंख्यादिरूपमिथ्यार्थान्तरकल्पनमिति अत्रापि

कल्पना— यह दूसरा मिथ्या अर्थ कल्पित किया है। अतः 'मिथ्याध्यवसिति' अलंकार है।]

[इस उदाहरण में— 'वेश्या को वश में करना अत्यन्त असम्भव है'— इस बात को सिद्ध करने के लिये एक अन्य झूठी बात की कल्पना की गई है— गगन-पुष्प की माला धारण करना। वेश्या को वश में करना उसी प्रकार झूठ है जिस प्रकार गगनकुसुम की माला धारण करना— यहाँ निदर्शना अलंकार मूल में रहता है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — अस्य, क्षोणिपतेः, परार्द्धपरया, संख्यया, लक्षीकृताः, प्रज्ञा-चक्षुरवेक्ष्यमाणबधिरश्राव्याः, अकीर्तयः, बन्ध्योदरात्, जातेन, मूकानाम्, प्रकरेण, कूर्मरमणी-दूग्धोदधेः, रोधसि, अष्टमम्, स्वरम्, कलयता, गीयन्ते ॥२१९॥

[कोई कवि निन्दा के व्याज से किसी राजा की प्रशंसा कर रहा है] — इस राजा की अपकीर्तियाँ परार्ध के बाद की संख्या की लक्ष्य बनी हैं अर्थात् परार्ध से भी अधिक हैं, वे प्रज्ञाचक्षुओं=अन्धों द्वारा देखी जा रही हैं और वधिरों द्वारा सुनी जा रहीं हैं, वन्ध्या के पेट से उत्पन्न गूंगों के समूह द्वारा कूर्मरमणा= कच्छपी के दूध के समुद्र के किनारे अष्टम स्वर में गायी जा रही हैं। [यहाँ प्रस्तुत राजा की किसी प्रकार की अपकीर्ति नहीं है— यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया है। 'परार्ध से अधिक होना' अन्धों द्वारा देखा जाना' बहरों द्वारा सुना जाना' तथा 'कछपी के दुग्ध के समुद्र के तट पर' वन्ध्या के गर्भ से उत्पन्न मूकों के समूह द्वारा अष्टम स्वर में गाया जाना' यह सब असत्य है। इन सभी के मिथ्यात्व की कल्पना की

अत्राद्योदाहरणं निदर्शनागर्भम्। द्वितीयं तु शुद्धम् ।

असम्बन्धे सम्बन्धरूपातिशयोक्तितो मिथ्याध्यवसिते: किञ्चिन्मिथ्यात्वसिद्ध्यर्थं मिथ्यार्थान्तरकल्पनात्मना विच्छित्तिविशेषेण भेद: ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे मिथ्याध्यवसितिप्रकरणम् ॥६४॥

****

मिथ्याध्यवसितियुक्तेति भाव:। उदाहरणयोर्वैलक्षण्यं प्रदर्शयति— **अत्रेति** । नन्वसम्बन्धे सम्बन्धरूपातिशयोक्तितो नास्या वैलक्षण्यमित्यत आह **असम्बन्धे** । ततश्च 'किञ्चिन्मिथ्यात्वसिद्ध्यर्थ'मिति तत्स्वरूपकथनमेव विशेषद्योतनमुखेन अस्यास्ततो वैलक्षण्यं स्पष्टयतीति भाव:॥

।।इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां मिथ्याध्यवसितिप्रकरणम् ।।६४।।

****

गई है राजा की अपकीर्ति का मिथ्यात्व सिद्ध करने के लिये। अत: 'मिथ्याध्यवसिति' अलंकार है।]

पहले वाले कारिकास्थित उदाहरण में निदर्शना अलंकार भी गर्भ में है। [क्योंकि 'आकाशकुसुममाला धारण करना' तथा 'वेश्या को वश में करना' इन दोनों में बिम्बप्रतिबिम्बभाव है।] दूसरा उदाहरण शुद्ध है अर्थात् अन्य कोई अलंकार नहीं है।

अतिशयोक्ति से भेद —

असम्बन्ध में सम्बन्ध की कल्पना करना रूपी जो अतिशयोक्ति का भेद है उससे इस मिथ्याध्यवसिति का भेद इसलिये है कि यहाँ किसी एक मिथ्यात्व के सिद्ध करने के लिये एक अन्य मिथ्यात्व की कल्पना की जाती है— एक झूठ को सिद्ध करने के लिये दूसरे झूठ की कल्पना की जाती है, इस प्रकार का एक अलग चमत्कार रहता है [जो कि अतिशयोक्ति में नहीं रहता है। अत: इस अलंकार को मानना उचित है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'मिथ्याध्यवसिति' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६४।।

****

६५. अथ ललितम् —

प्रस्तुते[१] वर्ण्यवाक्यार्थप्रतिबिम्बस्य वर्णनम् ।
ललितं, निर्गते नीरे सेतुमेषा चिकीर्षति ।।१२७।।

प्रस्तुते धर्मिणि यो वर्णनीयो वाक्यार्थस्तमवर्णयित्वा तत्रैव तत्प्रतिबिम्बरूपस्य कस्यचिद्प्रस्तुतवाक्यार्थस्य वर्णनं ललितम्। यथा कथञ्चिद्दाक्षिण्यसमागततत्कालोपेक्षितप्रतिनिवृत्त-नायिकान्तरासक्त-नायका-

ललितालङ्कार लक्षयति— **प्रस्तुते इति** । प्रस्तुते धर्मिणि वर्णनीयवृत्तान्त-सरूपप्रस्तुतवृत्तान्तवर्णनं यत्तल्ललितमित्यभिप्रायेण लक्षणं व्याचष्टे— **प्रस्तुते धर्मिणीति।** अत्र 'तमवर्णयित्वे'ति प्रस्तुतवाक्यार्थवर्णनमपि न लक्षणे निवेशनीयम्, प्रयोजनविरहात्। यथोक्तस्यैवानतिप्रसक्तत्वात्। अप्रस्तुतप्रशंसायां प्रस्तुतवाक्यार्थसरूपाप्रस्तुतवाक्यार्थवर्णनसत्वेऽपि तस्य प्रस्तुतधर्मिकत्वाभावात् तत एव तद्व्यावृत्तेः। अतः स्वरूपकथनमेव तदिति द्रष्टव्यम्।

उदाहरणे लक्षणं योजयति — **यथा कथंचिदिति** । नानाविधसान्त्वनादिकृत-दाक्षिण्यसमागतेत्यर्थः। तत्कालोपेक्षितेति। नायिकान्तरानुरागनिवारणेन

६५. ललित अलङ्कार—

अन्वयः— प्रस्तुते (सति) वर्ण्य-वाक्यार्थ प्रतिबिम्बस्य, वर्णनम्, ललितम्, स्यात्।
नीरे, निर्गते, एषा, सेतुम् , चिकीर्षति ।।१२७।।

लक्षण— प्रस्तुत वर्णनीय के रहने पर [उसका वर्णन न करके] वर्णनीय वाक्यार्थ के प्रतिबिम्ब का वर्णन करना 'ललित' अलङ्कार होता है।

उदाहरण— यह नायिका पानी निकल (वह) जाने के बाद सेतु (बाँध, या पुल) बनाना चाहती है।

प्रस्तुत धर्मी (वर्णनीय) के रहने पर जो वर्णनीय वाक्यार्थ होता है उसका वर्णन न करके उसके प्रतिबिम्ब रूप किसी अप्रस्तुत वाक्यार्थ का वर्णन करना 'ललित' अलङ्कार होता है। उदाहरणार्थ— जिस किसी प्रकार अपने दाक्षिण्य के कारण समीप में आये हुए किन्तु उसी समय उपेक्षित होने से वापस लौटे हुये (फलतः) किसी दूसरी नायिका में आसक्त नायक को वापस बुलाने

---

[१] अयमलङ्कारश्चन्द्रालोके नास्ति। प्रकाशकारादिभिर्निदर्शनायमन्तर्भावित इति च वेद्यम्।

नयनार्थं सखीं प्रेषयितुकामां नायिकामुद्दिश्य, सख्या वचनेन तद्व्यापार-प्रतिबिम्बभूतगतजलसेतुबन्धनवर्णनम् ।

नेयमप्रस्तुतप्रशंसा, प्रस्तुतधर्मिकत्वात् ।

स्वाधीनताकरणतात्पर्यं व्यज्यते। 'प्रतिनिवृत्ते'त्यनेन स्वाच्छन्द्याद्वर्तमानोऽहं नैतदीयवञ्चनाभाजनीभूय तद्वशीभवेयमिति व्यज्यते। 'नायिकान्तरासक्ते'त्यनेन नायिकान्तरासक्त्यवगमेन समागतस्य नायकस्य निजदुर्विनयकृतवैमुख्यकृतरोषातिशयो व्यज्यते। इत्थम्भूतस्य नायकस्य समनन्तरोपजातपश्चात्तापकातरहृदयां विरहवेदनामसहमानां तथाविधं नायकमानेतुं सखीं प्रेषयितुमुद्यतामिति भावः। **उद्दिश्येति** । लक्षीकृत्येत्यर्थः। न तु सम्बोध्येति। तथा सति उदाहरणे 'एषा चिकीर्षती'त्यस्यासामञ्जस्यप्रसङ्गादित्यर्थः। **व्यापारेति।** प्रतिनिवृत्तनायकानयनरूपव्यापारेत्यर्थः।

अप्रस्तुतवर्णनमात्रमभिप्रेत्य निषेधति — **नेयमिति** । **प्रस्तुतधर्मिकत्वादिति** । एतदभिप्रायो लक्षणविवरणावसर एवाविष्कृत इति भावः ।

के लिये अपनी सखी को भेजने की इच्छा करने वाली नायिका को लक्षित करके सखी के वचन से उस नायिका के व्यापार के प्रतिबिम्बभूत— निकल गये पानी पर बाँध या पुल बनाने का वर्णन है। [भाव यह है कि कोई नायक किसी अन्यनायिका में भी आसक्त है। यह ज्ञान जब उसकी प्रथम प्रेयसी को हो जाता है तो वह नायक उसे विविध प्रकार से सन्तुष्ट कर, उसका कोप दूर करने की भावना से वहाँ आता है किन्तु प्रथम नायिका उसकी इतनी उपेक्षा करती है कि वह निराश होकर लौट जाता है द्वितीय नायिका के पास। अब प्रथम नायिका उसे वापस बुलाने के लिये किसी सखी को भेजती है। वह सखी यह कहती है— 'पानी बह जाने के बाद अब यह बाँध या पुल बनाना चाहती है।' यहाँ लौट कर चले गये नायक को वापस बुलाना रूपी व्यापार का प्रतिबिम्ब है— 'पानी बह जाने पर बाँध या पुल बाँधना।' अतः यहाँ 'ललित' अलंकार है। दण्डी, मम्मट आदि प्राचीन आलंकारिक इसे अलग अलंकार नहीं मानते हैं, निदर्शनों में ही इसे समाविष्ट करते हैं। परन्तु पण्डितराज ने इसे अलग अलंकार स्वीकार किया है।]

प्रस्तुत लक्ष्य में अप्रस्तुतप्रशंसा, समासोक्ति तथा निदर्शना का खण्डन

यहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा नहीं हो सकती है क्योंकि यहाँ व्यवहार प्रस्तुत धर्मी से सम्बद्ध है। [भाव यह है कि लक्षण में यह कहा गया है कि प्रस्तुत धर्मी के

नापि समासोक्तिः। प्रस्तुतवृत्तान्ते वर्ण्यमाने विशेषणसाधारण्येन सारूप्येण वा अप्रस्तुतवृत्तान्तस्फूर्त्यभावात्। अप्रस्तुतवृत्तान्तादेव सरूपादिह प्रस्तुतवृत्तान्तस्य गम्यत्वात्।

नापि निदर्शना। प्रस्तुताप्रस्तुतवृत्तान्तयोश्शब्दोपात्तयोरैक्यसमारोप एव तस्यास्समुन्मेषात्।

यदि विषयविषयिणोश्शब्दोपात्तयोः प्रवर्तमान एवालङ्कारो विषयि

प्रस्तुतवृत्तान्तावगतिमात्रेण समासोक्तिरिति निमीलिताक्षशङ्कां परिहरति— **नापीति।** **प्रस्तुतेति** । नयनोन्मीलनमभिप्रेत्य।

ननु मास्तु उक्तालङ्कारयोरप्रस्तुतवृत्तान्तस्य शब्दोपादानप्रस्तुतधर्मिकत्वाभ्यां समासोक्त्यप्रस्तुतप्रशंसयोर्मास्त्वस्यान्तर्भावः। प्रस्तुताप्रस्तुतवृत्तान्तयोरैक्यारोपात् सम्भवन्तीं निदर्शनां को वा निवारयितुं प्रभवतीत्याशङ्क्य निषेधति— **नापीति।** **शब्दोपात्तयोरिति।** 'विषयविषयिवाचकशब्दयोः सामानाधिकरण्येन ऐक्यारोप एव निदर्शने'ति तल्लक्षणम्। प्रकृते तदभावान्नात्र युज्यत इति भावः।

रहते हुये उसका वर्णन न करके वर्णनीय वृत्तान्त के सरूप प्रस्तुत वृत्तान्त का वर्णन किये जाने पर यह अलंकार माना जाता है। यहाँ पर यह व्यवहार प्रस्तुत धर्मीनायक के आनयनरूप व्यापार से सम्बद्ध है जब कि अप्रस्तुतप्रशंसा में वर्णित व्यवहार केवल अप्रस्तुत से ही सम्बद्ध रहता है।]

यह समासोक्ति का भी लक्ष्य नहीं है क्योंकि प्रस्तुत वृत्तान्त का वर्णन किये जाने पर विशेषणों की समानता से अथवा सारूप्य के कारण अप्रस्तुत वृत्तान्त की व्यंजना नहीं हो रही है। [समासोक्ति वहीं होती है जहाँ समान विशेषणों के द्वारा अथवा सारूप्य के द्वारा प्रस्तुत वृत्तान्त वर्णन से अप्रस्तुत वृतान्त की व्यंजना होती हैं, यहाँ ऐसा नहीं है अपितु इसके विपरीत] यहाँ सरूप अप्रस्तुतवृत्तान्त से ही प्रस्तुतवृत्तान्त की व्यंजना हो रही है।

यहाँ निदर्शना भी नहीं है क्योंकि प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत जो दोनों वृत्तान्त शब्दोपात्त हों, उनके ऐक्य का समारोप होने पर ही निदर्शना संभव होती है। [किन्तु यहाँ पर केवल अप्रस्तुतवृत्तान्त का शब्दों से वर्णन किया गया है, प्रस्तुत का नहीं। अतः निदर्शना नहीं मानी जा सकती । यदि कोई इस पर यह कहे कि किसी एक के शब्दोपात्त होने पर दोनों को शब्दोपात्त मान लेने में क्या हानि है?]

यदि विषय (प्रस्तुत) तथा विषयी (अप्रस्तुत) दोनों के ही शब्दोपात्त होने पर प्रयुक्त होने वाला अलंकार केवल विषयी (अप्रस्तुत) के शब्दोपात्त होने पर

मात्रोपादानेऽपि स्यात्तदा रूपकमेव भेदेऽप्यभेदरूपाया अतिशयोक्तेरपि विषयमाक्रामेत्।

ननु, तर्ह्यत्र प्रस्तुतनायकादिनिगरणेन तत्र शब्दोपात्ताप्रस्तुतनीराद्यभेदाध्यवसाय इति भेदे अभेदरूपातिशयोक्तिरस्तु, एवंतर्हि सारूप्यनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसाविषयेऽपि सैवातिशयोक्तिः स्यात्। अप्रस्तुतधर्मिकत्वान्न भवतीति चेत् तत्राप्यप्रस्तुतधर्मिवाचकपदस्यापि प्रसिद्धातिशयोक्त्युदाहरणेष्विव प्रस्तुतधर्मिलक्षकत्वसंभवात्।

ननु, विषयविषयिणोश्शब्दयोरेषा शाब्दी। आर्थी तु विषयानुपादानात्स्यादेवेत्यत आह — **यदीति**। विषयविषयिणोः शब्दोपादान एव लब्धात्मनोऽलङ्कारस्य विषयिमात्रोपादाने प्रवृत्त्यङ्गीकारे आद्यातिशयाक्तेरपि आर्थत्वरूपकभावापत्त्या दत्तजलाञ्जलितापत्तिरिति भावः।

ननु, अतिशयोक्तिविषये मा भूद्रूपकप्रसक्तिः। मा च भूदत्र निदर्शना। आद्यातिशयोक्तिस्तु स्यात्। अत्राप्रस्तुतबाचकनीरादिशब्देन साध्यवसानलक्षणया प्रस्तुतनायकादेर्निगरणेन प्रतिपादनपूर्वकं नीराद्यभेदाध्यवसायसम्भवादित्यभिप्रेत्य शङ्कते— **ननु तर्हीति**। एव सति 'एकः कृती शकुन्तेष्विति सारूप्यनिबन्धनाप्रस्तुत-

भी मान लिया जायेगा तब तो रूपक यही अलंकार 'भेद में भी अभेदरूपा अतिशयोक्ति' के विषय का अतिक्रमण करने लगेगा अर्थात् वहाँ अतिशयोक्ति न मान कर रूपक मानना पड़ेगा। [भाव यह है कि जहाँ प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत दोनों ही शब्दोपात्त, शब्दतः प्रतिपादित रहते हैं वहीं पर निदर्शना मानी जाती है। यहाँ केवल अप्रस्तुत ही शब्दोपात्त है अतः निदर्शना नहीं मानी जा सकती।]

प्रस्तुत लक्ष्य में अतिशयोक्ति का खण्डन —

[यदि पूर्वोक्त स्थिति में उक्त अलंकार नहीं माने जा सकते] तो यहाँ भेद में अभेद रूपा अतिशयोक्ति ही मान ली जाय क्योंकि यहाँ प्रस्तुत नायक आदि (= नायकगमन तथा नायकपुनरानयन) का निगरण होने से शब्दोपात्त अप्रस्तुत (नीरनिःसरण तथा सेतुबन्धन) का अभेदाध्यवसाय हो गया है अर्थात् अप्रस्तुत ने प्रस्तुत का निगरण कर लिया है इस कारण वास्तव में भेद रहने पर भी अभेदाध्य- वाय होने से 'अभेद में भी भेद रूपा' अतिशयोक्ति हो सकती है — यदि पूर्वपक्षी ऐसा कहे तब तो सारूप्यनिबन्धन अप्रस्तुतप्रशंसा के विषय में भी सारूप्यनिबन्धना वह अतिशयोक्ति ही होने लगेगी। [फलतः अप्रस्तुतप्रशंसा का यह भेद मानने की कोई आवश्यकता नहीं रह जायेगी।] यदि यह कहा जाय कि [अप्रस्तुतप्रशंसा में]

नन्वप्रस्तुतप्रशंसायां सरूपादप्रस्तुतवाक्यार्थात्प्रस्तुतवाक्यार्थोऽवगम्यते, न त्वतिशयोक्ताविव विषयिवाचकैस्तत्तत्पदैर्विषया लक्ष्यन्त इति भेद इति

प्रशंसास्थलेऽपि आद्यातिशयोक्तिप्रसङ्गः। क्षुद्रयाचननिवृत्तमानिपुरुप्रवृत्तान्ते प्रस्तुत अप्रस्तुतचातकवृत्तान्तारोपसम्भवादिति प्रतिबन्द्या परिहरति— **एवं तर्हीति।**

शङ्कते — **अप्रस्तुतेति** । यद्यप्रस्तुतारोपः प्रस्तुते स्यात्तदैव प्रस्तुतस्यानुपादाने आद्यातिशयोक्तिः। अप्रस्तुतप्रशंसायां तु अप्रस्तुतधर्मिगतत्वेन तत्प्रतिपादनादतो न तत्रातिशयोक्तिप्रसङ्ग इति भावः। **प्रस्तुतधर्मीति** । अप्रस्तुतवाचकचातकादिपदैर्लक्षणया अतिशयोक्तिगतचन्द्रादिपदैरिव प्रस्तुतधर्मिप्रतिपत्तिसम्भवेन तत्राप्रस्तुतैक्यारोपसम्भवेनातिशयोक्तेर्दुर्निवारत्वादिति भावः।

धर्मी = वर्ण्य अप्रस्तुत होता है [यहाँ ऐसा नहीं है। अतिशयोक्ति में अप्रस्तुत के द्वारा प्रस्तुत का निगरण कर लिया जाता है और अभेदाध्यवसाय होता है तथा वर्ण्य प्रस्तुत रहता है। अतः अप्रस्तुतप्रशंसास्थल में अतिशयोक्ति नहीं मानी जा सकती]— यदि पूर्वपक्षी ऐसा कहे तो नहीं कह सकता क्योंकि अतिशयोक्ति के अतिप्रसिद्ध उदाहरणों में जैसा देखा जाता है उसी के समान ललित अलंकार में भी अप्रस्तुत धर्मी (अर्थ) के वाचक पद भी प्रस्तुत धर्मी (वर्ण्य) का लक्षक हो सकता है। [भाव यह है कि अतिशयोक्ति में प्रयुक्त पद अभिधावृत्ति से तो अप्रस्तुत से सम्बद्ध होते हैं, अप्रस्तुत का प्रतिपादन करते हैं किन्तु लक्षणा द्वारा प्रस्तुत को बोधित करते हैं जब कि अप्रस्तुतप्रशंसा में प्रयुक्त पद केवल अप्रस्तुत के ही बोधक होते हैं। प्रस्तुत का बोध तो व्यंजनावृत्ति से ही होता है, इस कारण दोनों में भेद होने से अतिशयोक्ति में अप्रस्तुतप्रशंसा का अन्तर्भाव संभव नहीं है । इसका खण्डन करते हुये दीक्षित का कथन है कि जैसे अतिशयोक्ति के अति प्रसिद्ध उदाहरणों में अप्रस्तुत धर्मी के वाचक पद को प्रस्तुत धर्मी का लक्षक होना संभव होता है। उसी प्रकार कभी-कभी अप्रस्तुतप्रशंसा में भी अप्रस्तुत के वाचक पद प्रस्तुत के लक्षक हो सकते हैं। फलतः दोनों प्रस्तुत हो जाने से अप्रस्तुतप्रशंसा का अन्तर्भाव अभेदातिशयोक्ति में माना जा सकता है।]

पूर्वपक्षी यह कहे कि— अप्रस्तुत प्रशंसा में सरूप (तुल्यरूप) अप्रस्तुत वाक्यार्थ से प्रस्तुत वाक्यार्थ का अवगम होता है अर्थात् व्यंजना से प्रतीति होती है, अतिशयोक्ति के समान विषयी (अप्रस्तुत) के वाचक उन-उन पदों के द्वारा विषयों (उन-उन प्रस्तुत पदार्थों) की लक्षणा से प्रतीति नहीं होती है, यह दोनों में भेद है, अर्थात् अप्रस्तुतप्रशंसा में अप्रस्तुत के द्वारा व्यंजना से प्रस्तुत की

चेत्; तर्हीहापि प्रस्तुतगतादप्रस्तुतवृत्तान्तरूपाद्वाक्यार्थात्तद्गतप्रस्तुतवृत्तान्तरूपो वाक्यार्थोऽवगम्यत इत्येवातिशयोक्तितो भेदोऽस्तु। वस्तुतस्तु-

सोऽपूर्वो रसनाविपर्ययविधिस्तत्कर्णयोश्चापलं
दृष्टिस्सा मदविस्मृतस्वपरदिक्किं भूयसोक्तेन वा?

ननु, तत्राप्रस्तुतवाक्यार्थात्सारूप्यादिना सम्बन्धेन प्रस्तुतवाक्याय विगतिमात्रं न तु विषयिवाचकशकुन्तादिवाचकपदैर्विषयाणां मानिपुरुषमनुष्यसामान्यादीनां लक्षणया प्रतिपत्तिस्तथात्वे अप्रस्तुतवाक्यार्थान्वयासामञ्जस्यप्रसङ्गादित्यभिप्रेत्य पुनश्शङ्कते — **नन्विति । इहापीति ।** प्रकृतेऽपि प्रस्तुतगततया प्रतिपाद्यमानात्तद्गतस्यैव प्रस्तुतवृत्तान्तस्यावगममात्र न तु अप्रस्तुतवाचकनीरादिपदलक्षणया प्रस्तुतावगतिरिति नातिशयोक्तिः सम्भवतीत्यर्थः। वस्तुतत्वावधारणे अप्रस्तुतप्रशंसाविशेषे प्रस्तुते धर्मिणि वाक्यार्थान्वयायाप्रस्तुतधर्मिणः प्रस्तुतविषयाभेदारोपस्यावश्यवक्तव्यतया तत्रातिशयोक्तिः प्रस्तुतविषयनिगरणादापद्येतेति वक्तुं शक्यम्। न तु प्रकृत प्रस्तुते धर्मिणि वाक्यार्थान्वयासामञ्जस्यम्। येन तदनुरोधादप्रस्तुततादात्म्यापत्तिर्वक्तव्येति अतिशयोक्तितो भेदो न घटत इत्यभिप्रायेणाह— **वस्तुतस्त्विति।**

प्रतीति होती है और अतिशयोक्ति में अप्रस्तुत वाचक पदों से प्रस्तुत की प्रतीति लक्षणा से होती है। इसलिये दोनों में प्रस्तुत = विषय की प्रतीति में भेद होने से अप्रस्तुतप्रशंसा का अन्तर्भाव अतिशयोक्ति में नहीं मानना चाहिये—] तो नहीं कह सकते क्योंकि ऐसा मानने पर तो यहाँ (ललित अलंकार में) भी प्रस्तुतगत = प्रस्तुत के सम्बन्ध में वर्णित अप्रस्तुत वृत्तान्तरूप वाक्यार्थ से तद्गत (प्रस्तुत सम्बन्धी) प्रस्तुतवृत्तान्तरूप वाक्यार्थ का अवगम होता है, अर्थात् व्यजना से प्रतीति होती है— अतः ललित का अतिशयोक्ति से— यही भेद मानना चाहिये। [यहाँ अप्रस्तुतवाचक नीर आदि पदों से लक्षणा द्वारा प्रस्तुत का अवगमन नहीं होता है। अतः ललित के विषय में अतिशयोक्ति प्रवृत्त नहीं हो सकती। भाव यह है कि अतिशयोक्ति में अप्रस्तुतप्रशंसा का अन्तर्भाव रोकने के लिये जो मार्ग पूर्वपक्षी ने स्वीकार किया है उसी मार्ग को अपना कर 'ललित और 'अतिशयोक्ति' में भी भेद किया जा सकता है। फलतः अतिशयोक्ति में अन्तर्भाव मानना उचित नहीं है।]

अन्वयः— हे भ्रमर! सः, अपूर्वः, रसनाविपर्ययः, कर्णयोः, तत् चापलम्, मदविस्मृतस्वपरदिक्, सा, दृष्टिः, अथवा, भूयसा, उक्तेन, किम्? हे भ्रमर!,

पूर्वं निश्चितवानसि भ्रमर! हे! यद्वारणोऽद्याप्यसा-
वन्तश्शून्यकरो निषेव्यत इति भ्रातः[१] क एष ग्रहः ॥ २२०॥

इत्याद्यप्रस्तुतप्रशंसोदाहरणे प्रथमप्रतीतादप्रस्तुतवाक्यार्थात्प्रस्तुतवाक्यार्थोऽवगम्यत इत्येतन्न घटते। अप्रस्तुते वारणस्य भ्रमरासेव्यत्वे कर्णचापलमात्रस्य भ्रमरनिरासकरणहेतुत्वसंभवेऽपि रसनाविपर्ययान्तश्शून्यकरत्वयोर्हेतुत्वासंभवेन मदस्य प्रत्युत तत्सेव्यत्व एव हेतुत्वेन च

अप्रस्तुत इति। तत्सरूपदुष्प्रभुसेवात्यागात्मन इव भ्रमरसेवात्यागे रसनाविपर्ययादेर्हेतुत्वान्वयस्य वक्तव्यत्वात्।

पूर्वम्, निश्चितवान्, असि, यद, अन्तःशून्यकरः, भ्रातः! असौ, वारणः अद्यापि, निषेव्यते, एषः, कः, ग्रहः? ॥२२०॥

वास्तव में तो —

हे भौंरे भाई! [तुम हाथी के] उस अपूर्व = अद्भुत जिह्वाविपर्यय (जीभ का उल्टी होना), कानों की उस (विलक्षण) चंचलता, तथा मद के कारण अपने पराये मार्ग को भुला देने वाली दृष्टि को, अधिक क्या कहें तुम पहले से ही यह सब निश्चित कर चुके हो, जान चुके हो, फिर भी यह वारण (हाथी, सभी को रोकने वाला) जो भीतर से खाली शुण्डादण्डवाला (खाली हाथों वाला) है, इसकी अभी भी तुम सेवा कर रहे हो, यह तुम्हारा कैसा दुराग्रह है?

इत्यादि अप्रस्तुतप्रशंसा का उदाहरण है इसमें 'अप्रस्तुत (वारणरूप) वाक्यार्थ की प्रतीति पहले होती है, बाद में उसी से प्रस्तुत (दुष्ट स्वामी रूप) वाक्यार्थ की व्यंजना से प्रतीति होती है— यह कथन संगत नहीं होता है [अर्थात् पूर्वपक्षी ने नियम ऊपर बनाया था वह इस उदाहरण में संगत नहीं हो पा रहा है] क्योंकि— वारण = हाथी भौंरे द्वारा सेवन करने योग्य नहीं है— इसमें यद्यपि केवल हाथी के कानों का चंचल होना तो भ्रमरों के निरास (निराकरण, अलग कराने) का हेतु बन सकता है तथापि 'जिह्वा का विपर्यय = उल्टी होना तथा शुण्डादण्ड का भीतर से रिक्त होना'— ये दोनों [भ्रमरसेव्यत्व के] हेतु नहीं माने जा सकते और मदजल तो भ्रमरों द्वारा सेवन किये जाने में हेतु ही है। [भाव यह है कि भौंरे द्वारा हाथी की सेवा नहीं की जानी चाहिये— इसके लिये चार हेतु दिये गये— (१) रसनाविपर्यय, (२) कर्णचापल (३) मद (४) अन्तःशून्यकरत्व। इनमें केवल कर्णचापल ही एक ऐसा हेतु है जो भौंरों को हाथी की सेवा से

---

[१] 'भ्रान्तः! क एष ग्रहः।' इति पाठान्तरम्।

रसनाविपर्ययादीनां तत्र हेतुत्वान्वयार्थं वारणपदस्य दुष्प्रभुरूपविषयक्रोडीकारेणैव प्रवृत्तेर्वक्तव्यत्वात्। एवं सत्यपि यद्यप्रस्तुतसंबोधनादिविच्छित्तिविशेषात्तत्राप्रस्तुतप्रशंसाया अतिशयोक्तितो भेदो घटते तदात्रापि प्रस्तुतंधर्मिणं स्वपदेन निर्दिश्य तत्राप्रस्तुतवर्णनारूपस्य विच्छित्तिविशेषस्य

यद्यप्रस्तुतेति । एवमतिशयोक्तेरस्मिन्नप्रस्तुतप्रशंसाविशेषे वक्तुं शक्यत्वेऽपि अप्रस्तुतसम्बोधनादिकृतवैचित्र्यावलम्बनेनाप्रस्तुतप्रशंसातिशयोक्त्योर्वैलक्षण्यमुपपाद्यते चेत् प्रकृतेऽपि प्रस्तुत एव धर्मिणि शब्दनिर्देशपूर्वकमप्रस्तुतवृत्तान्तवर्णनात्मनो वैचित्र्यस्याप्रत्याख्येयतया नातिशयोक्तिः सम्भवतीति नःस्यालङ्कारस्यातिशयोक्त्या चारितार्थ्यमिति भावः।

रोकता है। शेष दो रसनाविपर्यय और अन्तःशून्यकरत्व तो सेवा से रोकने में हेतु नहीं बन सकते। इसके अतिरिक्त चतुर्थ हेतु जो 'मद' कहा गया है वह सेवा से रोकने में नहीं अपि तु सेवन में ही हेतु है, मदजल के कारण ही भौंरे हाथी के आस-पास आते हैं। इसलिये ये हेतु भ्रमरासेव्यत्व में उचित नहीं माने जा सकते। ऐसी स्थिति में इस पद्य में हस्तिरूप वाच्यार्थ की निर्बाध प्रतीति प्रथम क्षण में नहीं मानी जा सकती।] इस कारण रसनाविपर्यय आदि का यहाँ हेतुत्वरूप से अन्वय बैठाने के लिये वारण पद की, दुष्ट स्वामीरूप प्रकृत विषय को बीच में रखकर ही अर्थात् प्रस्तुत दुष्ट स्वामी रूपी अर्थ की पहले क्षण में प्रतीति मानकर ही प्रवृत्ति उचित कही जा सकती है अर्थात् उक्त सभी हेतुओं का अन्वय संगत करने के लिये 'वारण' पद से 'दुष्ट स्वामी रूपी' अर्थ की प्रतीति प्रथम क्षण में ही कहनी पड़ेगी अन्यथा उक्त हेतुओं का अन्वय ही नहीं संगत होगा। [इससे यह सिद्ध हो जाता है कि प्रस्तुत अर्थ की प्रतीति पहले होती है और अप्रस्तुत की बाद में] ऐसा होने पर भी यदि अप्रस्तुतप्रशंसा का अतिशयोक्ति से इसलिये भेद रहता है क्योंकि अप्रस्तुत को सम्बोधित करके कथन होने से चमत्कारविशेष रहता है तब तो यहाँ (ललित अलंकार में) भी प्रस्तुत धर्मी को स्ववाचक (उस प्रस्तुत के वाचक) पद के द्वारा निर्दिष्ट करके, वर्णित करके उस अप्रस्तुत का वर्णनरूप चमत्कारविशेष रहता है, जिसके कारण यहाँ भी अतिशयोक्ति से भेद रहता है। [जिस प्रकार ललित में प्रस्तुत धर्मी वाचक पद प्रयुक्त रहता है अतिशयोक्ति में वैसा प्रयुक्त नहीं रहता है। अतः दोनों में भेद स्पष्ट हैं। कहीं-कहीं 'ततोऽभेदः' यह भी पाठ है। इसके अनुसार जैसे अतिशयोक्ति और अप्रस्तुतप्रशंसा में भेद रहता है वही स्थिति अतिशयोक्ति तथा 'ललित' में

सद्भावात्[1] ततोभेदः सुतरां घटते। 'पश्य नीलोत्पलद्वन्द्वान्निस्सरन्ति' 'वापी कापि स्फुरति गगने तत्परं सूक्ष्मपद्ये'त्यादिषु तु प्रस्तुतस्य कस्यचिद्धर्मिणः स्ववाचकेनानिर्दिष्टत्वादतिशयोक्तिरेव।

एतेन गतजलसेतुबन्धवर्णनादिष्वसंबन्धे संबन्धरूपातिशयोक्तिरस्त्विति शङ्कापिनिरस्ता। तथा च सति 'कस्त्वं भोः कथयामी' त्यादावपि तत्प्रसङ्गात-

ननु, अतिशयोक्त्या अस्यागतार्थत्वऽपि अनेन तस्या विषयापहारः किं न स्यात् , तदुदाहरणेष्वस्यैव सम्भवादित्यत आह **पश्येति** । तत्र प्रस्तुतधर्मिणश्शब्दानुपात्ततया तत्राप्रस्तुतवृत्तान्तवर्णनाभावान्नायमलङ्कारो वक्तुं शक्यः। किं तु अतिशयोक्तिरेवेति भावः।

ननु तथापि अत्राद्यातिशयोक्तेरसम्भवेऽपि असम्बन्धे सम्बन्धरूपातिशयोक्तिरस्तु वर्णनीयनायिकादौ गतजलसेतुबन्धासम्बन्धेऽपि तत्सम्बन्धवर्णनसद्भावादित्याशङ्क्य निराकरोति— **एतेनेति** । अतिशयोक्तितो नास्य चारि-

भी है अर्थात् दोनों की स्थिति एक सी है, दोनों में अभेद है।] [यदि अतिशयोक्ति के द्वारा 'ललित' का अन्तर्भाव नहीं हो पाता है तो इसी ललित के द्वारा अतिशयोक्ति के विषय का अपहरण अर्थात् अपने में ही अन्तर्भाव कर लें— इस शंका का समाधान दे रहे हैं —] 'पश्य नीलोत्पलद्वन्द्वान्निःसरन्ति' (पृष्ठ सं. १४५) 'वापी क्वापि स्फुरति गगने तत्परं सूक्ष्मपद्मा' (पृ० सं० १४९) इत्यादि पद्यों में तो प्रस्तुत किसी भी धर्मी (प्रकृत) का स्ववाचक पद द्वारा निर्देश नहीं किया गया है अतः इनमें अतिशयोक्ति ही है। [अतिशयोक्ति में निगरण हो जाने से प्रकृत का उल्लेख नहीं रहता है।]

[अब यह शंका हो सकती है कि अभेदरूपा अतिशयोक्ति भले ही संभव न हो किन्तु असम्बन्ध में सम्बन्धरूपा अतिशयोक्ति तो 'निर्गते नीरे सेतुमेषा चिकीर्षति'' इसमें मानी ही जा सकती है क्योंकि वर्णनीय प्रकृत नायिका आदि में निर्गत-नीर में सेतुबन्ध का सम्बन्ध न रहने पर भी उसके सम्बन्ध का वर्णन किया गया है? इसका निराकरण किया जाता है।] इससे अर्थात् अतिशयोक्ति द्वारा इसकी गतार्थता न होने से— निर्गतजल- सेतु-सम्बन्ध के वर्णन आदि में असम्बन्ध रहने पर भी सम्बन्धरूपा अतिशयोक्ति ही मान ली जाय— यह कहना भी खण्डित हो जाता है। क्योंकि यदि ऐसा मान लेंगे अर्थात् यहाँ असम्बन्ध में भी सम्बन्धरूपा अतिशयोक्ति मान लेंगे तो "कस्त्वं भोः! कथयामि" इस (पृ. सं. प्रस्तुतांकुर २९५)

---

[1] ततोऽभेदः इत्यपि पाठः।

सारूप्यनिबन्धनाप्रस्तुतवाक्यार्थावगतिरूपविच्छित्तिविशेषेण अलङ्कारान्तरत्वकल्पनं तु इहापि तुल्यम्। तस्मात्सर्वालङ्कारविलक्षणमिदं ललितम्।

यथा वा —

क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः।
तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम् ॥२२१॥

तार्थ्यमेतेनेत्यर्थः। किञ्चैवं 'कस्त्वं भो' इत्यादावपि प्रश्नोत्तरनिबन्धनस्याचेतने असम्भवात् असम्बन्धे सम्बन्धरूपातिशयोक्तिः स्यादित्याह— **तथासतीति** । प्रस्तुताप्रस्तुतवृत्तान्तावगतिः समासोक्त्यप्रस्तुतप्रशंसाश्लेषललितेष्वविशिष्टा। तत्र समासोक्तौ प्रस्तुतधर्मिगतवृत्तान्तवर्णनेनाप्रस्तुतधर्मिव्यक्तिपूर्वकतद्वृत्तान्तारोपश्चारुताहेतुः। अप्रस्तुतप्रशंसायां पुनरप्रस्तुतधर्मिगततया तद्वृत्तान्तवर्णनात्प्रस्तुतवृत्तान्तः प्रस्तुतधर्मिगत एव प्रतीयते सारूप्यादिसम्बन्धत्रितयेनेति। तत्र तदवगतिरेव चारुताहेतुर्न तु तदारोपः। 'सोऽपूर्व'इत्यादौ क्वचिद्वाच्यार्थासम्भाविनोऽपि अर्थस्याभिधानं प्रस्तुतावगतिद्वारा विच्छित्तिविशेषहेतुः। एवं प्रस्तुताप्रस्तुतश्लेषे तयोर्द्वयोरपि तुल्यतयैवावगतिर्न त्वेकत्रैकतारारोपः। प्रकृते तु प्रस्तुते धर्मिणि अप्रस्तुतवृत्तान्त-अध्यारोपस्समासोक्तिवदेव चारुताहेतुः। तत्रारापो गम्यः इह शाब्द इति। अतिशयोक्तौ तु नैव वृत्तान्तावगतिः काचिदपि। अप्रकृतरूपमात्रारोपो विषय इति नात्रालङ्कारान्तरं सम्भावनापदवीमारोहतीति ललितमेव विलक्षणं स्वीकार्यमित्यभिप्रेत्य उपसंहरति— **तस्मादिति**।

उदाहरणान्तरमाह क्व **सूर्येति** । नन्वत्र 'दोर्भ्यां तितीर्षेदप्यब्धि' मित्या

उदाहरण में भी अतिशयोक्ति का अतिप्रसङ्ग उपस्थित होने लगेगा, अतः सारूप्यनिबन्धन के कारण प्रस्तुत वाक्यार्थ की व्यंजना से प्रतीतिरूप विशेष चमत्कार के कारण एक अन्य अर्थात् प्रस्तुतांकुर अलंकार की कल्पना जैसे की जाती है ठीक वैसे ही इस प्रस्तुत उदाहरण में भी नवीन अर्थात् 'ललित' नामक अलंकार की कल्पना करनी उचित ही है। इससे निष्कर्ष यही निकलता है कि] उक्त कारणों से यह 'ललित' अलंकार सभी अलंकारों से विलक्षण है।

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— क्व, सूर्यप्रभवः, वंशः क्व, च, अल्पविषया, मतिः? दुस्तरम्, सागरम्, मोहात्, उडुपेन, तितीर्षुः, अस्मि ॥२२१॥

कहाँ सूर्य से उत्पन्न होने वाला वंश और कहाँ अल्पज्ञ मेरी बुद्धि? मैं दुस्तर समुद्र को अज्ञानवश (मोहवश) एक छोटी सी नौका (डोंगी) द्वारा पार करना चाहता हूँ।

अत्रापि निदर्शनाभ्रान्तिर्न कार्या। अल्पविषया मत्या सूर्यवंशं वर्णयितुमिच्छुरहमिति प्रस्तुतवृत्तान्तानुपन्यासात्तत्प्रतिबिम्बभूतस्य 'उडुपेन सागरं तितीर्षुरस्मी'त्यप्रस्तुतवृत्तान्तस्य वर्णनेनादौ विषमालङ्कारविन्यासेन च केवलं तत्र तात्पर्यस्य गम्यमानत्वात्।

यथा वा —

अनायि देशः कतमस्त्वयाद्य वसन्तमुक्तस्य दशां वनस्य ।
त्वदात्तसङ्केततया कृतार्था श्रव्यापि नानेन जनेन संज्ञा ? ॥२२२॥
(नैषध० ८।२५)

दाविव निदर्शनैव युक्ता न ललितमित्यत आह— **अत्रापीति** । तत्र 'तुष्टूवुस्त्वद् - गुणार्णव'मिति प्रस्तुतवाक्यार्थस्यापि शब्देनावेदनात्प्रतुताप्रस्तुतवाक्यार्थयोरैक्योरोपाद्युक्ता निदर्शना । इहाधिकरणशक्तिप्रधानाभ्यामदन्ताभ्यामव्ययाभ्यामननुरूपयोर्महावंशाल्पविषयमत्योर्घटनरूपविषमालङ्कारेणाप्रस्तुतार्थवर्णने अल्पविषयमतिकरणकसूर्यवंशवर्णनेच्छुरहमिति प्रस्तुतार्थस्य गम्यमानतया तयोरैक्यारोपाभावान्न निदर्शना सम्भवतीति भावः।

इस (रघुवंशीय पद्य) में भी निदर्शना का भ्रम नहीं करना चाहिये। कारण यह है कि "मैं अल्पज्ञ मति द्वारा सूर्यवंश का वर्णन करने का इच्छुक हूँ" इस प्रस्तुत वृत्तान्त का उपन्यास = कथन नहीं किया गया है इस कारण तथा इसके प्रतिबिम्बभूत अप्रस्तुत वृत्तान्त—'उड़प = डोंगी से सागर पार करने का इच्छुक है' के वर्णन से तथा पद्य के आदि (पूर्वार्ध) में विषम अलंकार का प्रयोग करने से कवि का तात्पर्य केवल उसमें अर्थात् "तुच्छ बुद्धि के द्वारा सूर्यवंश का वर्णन करने का इच्छुक हूँ" इस अर्थ में प्रतीत हो रहा है। [भाव यह है कि 'पूर्वार्ध में 'क्व क्व' अव्यय दो बार प्रयुक्त है। इनमें अधिकरण अर्थ की प्रतीति होती है। यहाँ पद्य में दो अननुरूप पदार्थ—महावंशवर्णन तथा अल्पविषयिणी मति का एक साथ वर्णन किये जाने से विषम अलंकार द्वारा अप्रस्तुत अर्थ का वर्णन होने पर 'अल्पविषयमतकरणक—सूर्यवंशवर्णनेच्छुः अहम्' ऐसा प्रस्तुत अर्थ व्यङ्ग्य होता है। अतः प्रस्तुत-अप्रस्तुत का ऐक्य संभव नहीं है जिसके कारण निदर्शना अलंकार नहीं मानना चाहिये अपितु अन्य अलंकार 'ललित' ही मानना चाहिये ।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — अद्य, त्वया, कतमः, देशः, वसन्तमुक्तस्य, वनस्य, दशाम्, अनायि? त्वदात्त-संकेततया, कृतार्था, संज्ञा, अनेन, जनेन, श्रव्या अपि, न?॥२२२॥

अत्र 'कतमो देशस्त्वया परित्यक्त' इति प्रस्तुतार्थमनुपन्यस्य 'वसन्तमुक्तस्य वनस्य दशामनायी'ति तत्प्रतिबिम्बभूतार्थमात्रोपन्यासाल्ललितालङ्कारः॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे ललितप्रकरणम् ॥ ६५ ॥

****

उदाहरणान्तरमाह — **अनायीति** । अत्रापि लक्षणं योजयति — **अत्र कतम इति** ।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां ललितप्रकरणम् ।।६५।।

****

आज तुमने किस देश को वसन्त द्वारा परित्यक्त वन की दशा को पहुँचा दिया है? तुम्हारे विषय में संकेत प्राप्त कर लेने से चरितार्थ संज्ञा (नाम) क्या इस (मुझ) व्यक्ति के द्वारा सुनने योग्य है? [यहाँ तुम कहाँ से आ रहे हो? तुम्हारा क्या नाम है? ये प्रस्तुत है।]

इस पद्य में 'कौन सा देश तुमने छोड़ा है' इस प्रस्तुत अर्थ का कथन न करके 'वसन्त द्वारा परित्यक्त वन की दशा को पहुँचा दिया है ' इस केवल प्रतिबिम्ब भूत अर्थ का ही कथन किया गया है, इसलिये यहाँ भी 'ललित' अलंकार ही है।

विमर्श — आलंकारिकों में सर्वप्रथम कुवलयानन्दकार अप्पय दीक्षित ने ही ललित अलंकार का विवेचन किया हैं। इसके बाद पण्डितराज ने भी इनका अनुसरण करके इसे स्वतन्त्र अलंकार माना है। इसको अन्य अलंकारों से पृथक् स्वतन्त्र अलंकार मानने के लिये निम्न बातों पर ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि उनमें भ्रान्ति की संभावना रहती है —

(१) वर्णनीय वृत्तान्त का वर्णन न करके उसके प्रतिबिम्बभूत का वर्णन होने पर यह 'ललित' माना जाता है।

(२) जो कहना रहता है वह न कहकर उसकी छायामात्र का वर्णन किया जाता है।

(३) इसमें प्रस्तुत की छाया का वर्णन होने से प्रस्तुत की तुलना में छाया = अप्रस्तुत का महत्त्व अधिक हो जाता है।

(४) ललित में वाच्यार्थ सदैव प्रस्तुत रहता है जब कि अप्रस्तुत प्रशंसा में

६६. अथ प्रहर्षणम् —

उत्कण्ठितार्थसंसिद्धिर्विना[१] यत्नं प्रहर्षणम् ।
तामेव ध्यायते तस्मै निसृष्टा सैव दूतिका ॥ १२८ ॥

उत्कण्ठा = इच्छाविशेषः —

सर्वेन्द्रियमुखास्वादो यात्रास्तीत्यभिमन्यते ।
तत्प्राप्तीच्छां ससङ्कल्पामुत्कण्ठां कवयो विदुः ॥ २२३ ॥

प्रहर्षणालङ्कारं लक्षयति — **उत्कण्ठितेति** । उत्कण्ठाशब्दार्थविवरणपूर्वकं कारिकां विवृणोति — **उत्कण्ठेति** । **सर्वेन्द्रियेति** । सर्वेन्द्रियजन्यसुखास्वादो यस्मिन्नु -

---

वाच्यार्थ अप्रस्तुत रहता है ललित में वर्णनीय वस्तु प्रस्तुत धर्मी से सम्बद्ध होती और अप्रस्तुतप्रशंसा में वर्णित वृत्तान्त सदैव अप्रस्तुत से सम्बद्ध रहता है ।

५. समासोक्ति में प्रस्तुत विषय के वर्णन से अप्रस्तुत विषय का बोध होता है। किन्तु ललित में प्रस्तुत विषय के प्रतिबिम्ब से प्रस्तुत वृत्तान्त की प्रतीति होती है ।

६. निदर्शना में प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत दोनों ही वृत्तान्त सदैव शब्दोपात्त रहते हैं, उनमें एकरूपता तथा ऐक्य ही रहता है किन्तु ललित में प्रस्तुत का कथन नहीं रहता हैं और अप्रस्तुत वृत्तान्त स्वशब्दोपात्त होता है, अप्रस्तुत वृत्तान्त का ही शब्दतः कथन होता है ।

'ललित' नाम देकर दीक्षित ने इस अलंकार की विलक्षणता सिद्ध करने का प्रयास किया है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'ललित' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६५।।

****

६६. प्रहर्षण अलङ्कार —

अन्वयः — यत्नम् , विना, उत्कण्ठितार्थसंसिद्धिः, प्रहर्षणम् ।
ताम्, ध्यायते, तस्मै, स, एव, दूतिका, निसृष्टा ॥ १२८ ॥

लक्षण — यत्न के बिना ही उत्कण्ठित अर्थ की सिद्धि हो जाना 'प्रहर्षण' अलंकार होता है।

---

[१] प्रहर्षणस्यायमाद्यो भेदश्चन्द्रालोके न दृश्यते।

इत्युक्तलक्षणः, तद्विषयस्यार्थस्य तदुपायसंपादनयत्नं विना सिद्धिः प्रहर्षणम् । उदाहरणं स्पष्टम् ।

पाये अनुष्ठिते सति भवति तत्प्राप्तीच्छां सङ्कल्पसहितामुत्कण्ठां विदुरिति कारिकार्थः। **तद्विषयस्येति।** उक्तलक्षणलक्षितोत्कण्ठाविषयस्येत्यर्थः। **तदुपायेति।** उत्कण्ठितार्थप्राप्त्युपायेत्यर्थः। तथा च उत्कण्ठितार्थप्राप्त्यनुकूलतदुपायगोचरयत्नं विना उत्कण्ठाविषयार्थसिद्धः प्रहर्षणमिति भावः। उदाहरणे 'तामेव ध्यायत' इत्यनेन तद्गोचरसङ्कल्पोक्त्या तादृशसङ्कल्पविषयीभूतप्रियतमालाभे सति आलिङ्गनप्रेक्षणचुम्बनाङ्गरागसौरभमणितादिध्वनीनां त्वङ्नेत्ररसनाघ्राणश्रोत्रेन्द्रियविषयाणां निष्पत्त्या सर्वेन्द्रियप्रयोज्यसुखास्वादसम्पत्तेस्तादृशप्रियतमालाभगोचरेच्छासङ्कल्पोपनता उत्कण्ठेति तद्विषयीभूतप्रियतमालाभानुकूलदूतीसम्प्रेषणगोचरप्रयत्नमन्तरेणैव नायिकाया एव दूतीभावोक्त्या प्रियतमालाभसिद्धिवर्णनाल्लक्षणानुगतिः स्पष्टेत्याह —

उदाहरण — वह नायक जिसका ध्यान कर रहा था उसे ही दूती बनाकर (उसके पास) भेज दिया गया।

उत्कण्ठा = इच्छा विशेष।

अन्वयः — यत्र, सर्वेन्द्रियसुखास्वादः, अस्ति, इति अभिमन्यते, ससङ्कल्पाम्, तत्प्राप्तीच्छाम्, कवयः, उत्कण्ठाम्, बिदुः ॥२२३॥

जिसमें सभी इन्द्रियों के सुख का आस्वाद है — ऐसा समझा जाता है, वस्तु को प्राप्त करने के लिये संकल्प सहित की गई उस इच्छा को कवि लोग उत्कण्ठा कहते हैं।

लक्षण — इस प्रकार की इच्छाविशेष उत्कण्ठा है। ऐसी उत्कण्ठा के विषयभूत वस्तु की, उसके पाने के लिये बिना उपाय के ही सिद्धि = प्राप्ति वर्णित होना 'प्रहर्षण' अलंकार होता है।

उदाहरण — कारिका का उत्तरार्ध उदाहरण है। [कोई नायक किसी सेविका विशेष को चाह रहा था। सौभाग्यवश वही सेविका उसके पास दूती बनाकर भेज दी गयी। यहाँ उस सेविकाविशेष की प्राप्ति की इच्छा की पूर्ति बिना किसी प्रयत्न के ही हो जाती है। अतः यहाँ 'प्रहषर्ण' अलंकार है।]

यथा वा —

मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमैः
नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे! गृहं प्रापय ।
इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं
राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः ॥२२४॥

अत्र राधामाधवयोः परस्परमुत्कण्ठितत्वं प्रसिद्धतरम्। अग्रे च ग्रन्थकारेण निबद्धमित्यत्रोदाहरणे लक्षणानुगतिः ॥

उदाहरणमिति । उदाहरणान्तरमाह — **मेघैरिति ।** अत्र नन्दाज्ञया गृहं प्रति प्रचलितयोरन्योन्यालम्बनिरन्तरपयोदसम्भृताम्बराद्युद्दीपितौत्सुक्यावेगादिव्यभिचारिव्यञ्जितः सम्भोगशृङ्गारो ध्वन्यत इति शृङ्गारध्वनिः। अत्र लक्षणानुगतिं दर्शयति— **अत्रेति।** 'त्वमेव प्रापये'त्यनेन राधाप्राप्तिसाधनतदन्तिकदूतीप्रेषणादिव्यापारगोचरयत्नं विनैव माधवस्योत्कण्ठितराधाप्राप्तेः राधायाश्च उत्कण्ठितमाधवप्राप्त्यनुकूलतदन्तिकसखीप्रेषणादिगोचरयत्नं विनैव माधवप्राप्तेश्च प्रतीतेरुत्कण्ठितार्थसिद्धिः परस्परमुभयोर्जातेति लक्षणानुगतिरत्राविहतेति भावः।

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे राधे!, अम्बरम्, मेघैः, मेदुरम्, वनभुवः, तमालद्रुमैः, श्यामः, नक्तम् (कालः), अयम् (कृष्णः), भीरुः तत्, त्वम्, एव, इमम्, गृहम्, प्रापय, इत्थम्, नन्दनिदेशतः, चलितयोः, राधामाधवयोः, यमुनाकूले, प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमम्, रहःकेलयः, जयन्ति ॥२२४॥

[गीतगोविन्द का यह श्लोक है। नन्द जी राधा से कह रहे हैं—] 'हे राधे! आकाश बादलों से भरा हुआ है, (चारों ओर खूब घने बादल हैं) सारी वनभूमि तमाल वृक्षों से काली-काली हो गई है, रात का समय है, यह कृष्ण डरने वाला भी है, इसलिये तुम्हीं इसे इसके घर पहुँचा दो।' इस प्रकार की नन्द की आज्ञा से [कृष्ण के घर की ओर] चलते हुए राधा और माधव (कृष्ण) की यमुना के किनारे मार्ग के लताकुंजों में की गई एकान्त क्रीडायें सर्वोत्कृष्ट हैं।

यहाँ राधा तथा कृष्ण का परस्पर उत्कण्ठित होना (एक दूसरे से मिलने के लिए व्यग्र होना) अत्यन्त प्रसिद्ध है। गीतगोविन्द ग्रन्थ के रचयिता जयदेव ने इस विषय में आगे लिखा भी है इसलिये इस उदाहरण में लक्षण की संगति बैठ जाती है। [भाव यह है कि राधा और कृष्ण एक दूसरे से एकान्त मिलन के लिये लालायित थे। नन्द की आज्ञा से वह कार्य अनायास सम्पन्न होने वाला है। अतः यह 'प्रहर्षण' अलंकार का उदाहरण बन गया है।]

वाञ्छितादधिकार्थस्य[१] संसिद्धिश्च प्रहर्षणम् ।
दीपमुद्योजयेद्यावत्तावदभ्युदितो रविः ।।१२९।।

स्पष्टम्

यथा वा —

चातकस्त्रिचतुरान्पयःकणान् याचते जलधरं पिपासया ।
सोऽपि पूरयति विश्वमम्भसा हन्त हन्त महतामुदारता ।।२२५।।

द्वितीय प्रहर्षणभेदं लक्षयति— **वाञ्छितादिति** । इच्छाविषयीभूतार्थादधिकार्थस्य तद्गोचरयत्न विनैव सिद्धिर्द्वितीयं प्रहर्षणमित्यर्थः । उदाहरणे इष्टस्या लोकस्य सिद्धये तत्साधनदीपोत्तेजनव्यापारकाले सूर्योदयेन भुवनोदरविसृमरतया दीपप्रकाशादधिकस्यालोकस्य सम्पत्तिवर्णनाल्लक्षणानुगतिर्लक्ष्ये स्पष्टा ।

उदाहरणान्तरमाह— **चातक इति** । अत्र चातकस्य त्रिचतुरतोयबिन्दुयाचनोक्त्या तदिच्छाविषयीभूतत्रिचतुर-कणिकाधिकपयोधरविसृमरधारासम्पातेन विश्वपूरणवर्णनादधिकार्थसिद्धिरविकलेति भावः ।

---

२. प्रहर्षण का द्वितीय भेद—

अन्वयः — वाञ्छितात् (अर्थात्), अधिकार्थस्य, संसिद्धिः, च, प्रहर्षणम् ।
यावत्, दीपम्, उद्योजयेत्, तावत्, रविः, अभ्युदितः ।।१२९।।

लक्षण— वाञ्छित=अभीप्सित वस्तु से अधिक वस्तु का [बिना यत्न प्राप्त हो जाना भी 'प्रहर्षण' होता है। कारिका का अर्थ स्पष्ट है।]

उदाहरण— वह जब तक [प्रकाश प्राप्ति के लिये] दीपक जलावे तब तक सूर्य ही उदित हो गया, निकल आया।

[यहाँ प्रकाश प्राप्त करना अभीप्सित था उसके लिये दीपक को जब तक जलाता उससे पहले उससे अधिक प्रकाश देने वाला सूर्य उदित हो गया। अतः अभीप्सित से अधिक की प्राप्ति हो जाने से 'प्रहर्षण' के द्वितीय भेद का उदाहरण बन जाता है ।]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— चातकः, पिपासया, जलधरम्, त्रिचतुरः, पयःकणान्, याचते, सः, अपि, अम्भसा, विश्वम्, पूरयति, हन्त, हन्त, महताम्, उदारता ।।२२५।।

---

[१] चन्द्रालोके तु 'वाञ्छितार्थाधिकप्राप्तिरयत्नेन प्रहर्षणम् । दीपमुद्योजयेद्यावत्तावदभ्युदितो रविः ।।' इति एक एव भेदो निरूपितः ।

[1]यत्नादुपायसिद्ध्यर्थात्साक्षाल्लाभः फलस्य च ।
निध्यञ्जनौषधीमूलं खनता साधितो निधिः ।।१३०।।

फलोपायसिद्ध्यर्थाद्यत्नान्मध्ये उपायसिद्धिमनपेक्ष्यापि साक्षात्फलस्यैव लाभोऽपि प्रहर्षणम्। यथा निध्यञ्जनसिद्ध्यर्थं मूलिकां खनतस्तत्रैव निधेर्लाभः ।

अथास्यैव तृतीयं भेद लक्षयति— **यत्नादिति** । लक्षणं व्याचष्टे— **फलोपायेति** । फलानवाप्त्या तत्प्राप्तये तदुपायगोचरयत्नो लोके प्रसिद्धः । तादृशयत्नादतर्किततत्फलस्यैव लाभो यस्सोऽपि तृतीयं प्रहर्षणमित्यर्थः । ईप्सितनिधिसाधनीभूताञ्जनसाधनमूलिकाप्राप्त्यनुकूलखननयत्नतोऽञ्जननैरपेक्ष्येण निधिलाभवर्णनाल्लक्षणानुगतिः ।

चातक पक्षी प्यास के कारण बादल से केवल तीन या चार बूँद ही पानी माँगता है। मेघ भी सारे संसार को पानी से भर देता है। बड़ी प्रसन्नता की बात है बड़े लोगों की उदारता [अवर्णनीय होती] है।

[यहाँ चातक द्वारा तीन-चार बूँद जल की याचना की जाती है किन्तु याच्य व्यक्ति की उदारता देखिये वह याचक की इच्छा की पूर्ति के साथ-साथ सारे संसार को जल से परिपूर्ण कर देता है। इससे वाञ्छित से अधिक अर्थ की संसिद्धि होने से 'प्रहर्षण' का द्वितीय भेद संगत होता है।]

३. प्रहर्षण का तृतीय भेद—१

अन्वयः— उपायसिद्ध्यर्थात्, यत्नात्, साक्षात्, फलस्य, लाभः, च, प्रहर्षणम्।
निध्यञ्जनौषधीमूलम्, खनता, निधिः, साधितः ।।१३०।।

लक्षण— [फल के] उपाय की सिद्धि के लिये किये गये यत्न द्वारा साक्षात् फल का ही लाभ होना भी 'प्रहर्षण' का तृतीय भेद होता है।

उदाहरण— [निधि की प्राप्ति के लिये] निध्यंजन औषधि की जड़ खोदने वाले की निधि=खजाना ही मिल गया।

किसी फल के उपाय (साधन) की सिद्धि के लिये किये जा रहे यत्न से, बीच में उपाय सिद्धि की अपेक्षा के बिना भी यदि साक्षात्, सीधे-सीधे फल की ही प्राप्ति हो जाती है तो वह भी 'प्रहर्षण' होता है। उदाहरणार्थ— निध्यंजन की सिद्धि के लिये उसकी जड़ खोदते हुए व्यक्ति को उसी स्थान पर निधि=खजाना

---

१. अयं तृतीयो भेदश्च चन्द्रालोके नास्ति।

यथा वा—

उच्चित्य प्रथममधः स्थितं मृगाक्षी पुष्पौघं श्रितविटपं गृहीतुकामा ।
आरोढुं पदमदधादशोकयष्ट्यामामूलं पुनरपि तेन पुष्पिताभूत् ।।२२६।।

अत्र पुष्पग्रहणोपायभूतारोहणासिद्ध्यर्थात् पदनिधानात्तत्रैव पुष्पग्रहणलाभः ।।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे प्रहर्षणप्रकरणम् ।।६६।।

****

उदाहरणान्तरेऽपि कुसुमलिप्सया अशोकसमीपं गताया नायिकायाः करग्राह्याधोभागस्थितपुष्पापचये विटपाश्रितपुष्पग्रहणाय तरुसमारोहणाय चरणनिधाने यत्नः। तेन दोहदसम्पत्त्या आमूलाग्र-पुष्पोद्गमेन विनैवारोहणं यावदपेक्षितपुष्पलाभाल्लक्षणानुगतिः स्पष्टेत्याह— **अत्रेति**। अत्रेदं वक्तव्यम्। प्रथमप्रहर्षणोदाहरणे इष्टार्थानुकूलप्रयत्नाभावेऽपि इष्टप्राप्तिवर्णनेन प्रहर्षणाख्यमलङ्कारान्तरमुरीकरणीयम्। प्रयत्नस्य कार्यमात्रकारणतया दृष्टार्थं तदुपायगोचरप्रयत्नाभावेऽपि इष्टार्थसिद्ध्या विभावनालङ्कारस्य लब्धप्रसरत्वात्। 'अप्यलाक्षारसासिक्त'मित्यादाविव लक्षारसावसेकादिरूपव्यापाराभावेऽपि कार्योत्पत्तिवर्णना-

---

ही मिल गया। [निधि अर्थात् गड़े हुये खजाने को देखने के लिये 'निध्यंजन' नामक औषधि की जड़ आँखों में लगाई जाती है। किसी ने निधि पाने के लिये निध्यंजन की जड़-खोदनी प्रारंभ की कि उसे उसी में निधि=खजाना ही मिल गया अब निध्यंजन के उपयोग की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है। अतः निध्यंजन की सहायता के बिना ही निधि का लाभ हो जाने से 'प्रहर्षण' का तृतीय भेद सिद्ध होता है।]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— मृगाक्षी, प्रथमम्, अधःस्थितम्, पुष्पौघम्, उच्चित्य, श्रितविटपम्, (पुष्पौघम्) गृहीतुकामा, आरोढुम्, अशोकयष्ट्याम्, पदम्, अदधात्, तेन, पुनः, अपि, (सा अशोकयष्टी) आमूलम्, पुष्पिता, अभूत् ।।२२६।।

[अशोकपुष्पचयनेच्छुक किसी नायिका का वर्णन है।] हरिणसदृश नेत्रों वाली किसी नायिका ने अशोक लता के नीचे गिरे हुये फूलों को पहले चुना, उसके बाद पेड़ के ऊपरी भाग में लगे हुये पुष्पसमूह को चुनने की इच्छा से ऊपर चढ़ने के लिये अशोक-लता पर जड़ के पास जैसे ही पैर रखा कि उसके पैर से आहत वह अशोक-लता फिर से फूलों से युक्त हो गई।

६७. अथ विषादनम्—

इष्यमाणविरुद्धार्थसंप्राप्तिस्तु विषादनम् ।
दीपमुद्योजयेद्यावन्निर्वाणस्तावदेव सः ।।१३१।।

न्मात्रयाप्यस्य ततो भेदाभावात्तत्र चरणारुणिम्नोऽनागन्तुकत्वेन विरोधपरिहारवदिहापि रागौत्सुक्यादिना स्वत एव प्रियतमासमागमेन नायकस्य तल्लाभोऽभूदिति विरोधपरिहारस्यापि साम्यात्। अतः प्रहर्षणस्य भेदद्वयमेवेति। इयांस्तु विशेषः। यत्तत्र कारणाभावश्शाब्दः। इह तु प्रियतमाया एव दूतीभावोक्त्या दूतीप्रेषणाभावोऽर्थसिद्ध इत्यस्फुटा सेति ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां प्रहर्षणप्रकरणम् ।।६६।।

****

विषादनं लक्षयति— इष्यमाणेति। इष्टार्थप्राप्त्यनुकूलयत्नतस्तद्विरुद्धार्थप्राप्तिर्विषादनमित्यर्थः। उदाहरणे प्रकाशार्थं तत्साधनदीपोद्योजनयत्नेन दीपोपरमादिष्यमाणप्रकाशविरोधितमः प्रादुर्भावप्रतीतेर्लक्षणानुगम इति भावः। उदाहरणान्तरेऽपि रात्रिविरामप्रातरागमभास्वदुदयपङ्कजविकासतन्निबन्धनस्वच्छन्दमकरन्द-

---

इसमें पुष्प लेने के लिये उसके उपायभूत=वृक्ष पर चढ़ना है इसकी सिद्धि के बिना ही अर्थात् पेड़ पर चढ़े बिना ही, उस पर पैर रख देने से वहीं नीचे ही फूलों की प्राप्ति हो जाती है। [पेड़ के ऊपरी भाग के फूलों को पाने के लिये पेड़ पर चढ़ना उपाय है। इस उपाय की सिद्धि के बिना ही उस नायिका को पेड़ की जड़ पर ही पैर रखते फूल मिल जाते हैं। अतः यहाँ 'प्रहर्षण' का तृतीय भेद है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'प्रहर्षण' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६६।।

****

६७. विषादन अलङ्कार—

अन्वयः— इष्यमाणविरुद्धार्थसम्प्राप्तिः, तु, विषादनम्।
यावत्, दीपम्, उद्योज्येत्, तावत्, एव, सः, निर्वाणः ॥१३१॥

लक्षण— वाञ्छित पदार्थ से विरुद्ध पदार्थ की प्राप्ति होना 'विषादन' अलंकार होता है।

यथा वा—

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति च प्रभातं
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पङ्कजं च।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे
हा हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार ॥२२७॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे विषादनप्रकरणम् ॥६७॥

****

पानबहिर्विहारादिगोचरेष्टार्थचिन्तनसमकाल गजकर्तृकनलिनीभञ्जनोक्त्या भ्रमरस्येष्टार्थविपरीतानिष्टवर्णनात्सुगमा लक्षणानुगतिः।

अत्रेदं विषादनालङ्कारकथनमिष्टार्थसमुद्यमादिष्टार्थविपरीतावाप्तिरूपविषमालङ्कारलक्षणमिष्टार्थोद्यमघटितं वदतां काव्यप्रकाशसर्वस्वकारादीनां मतेन। ते हि 'कर्तुः क्रियाफलावाप्तिर्नैवानथैश्च तद्भवे'दिति कर्तृघटितं विषमालङ्कारलक्षणं वदन्त इष्टार्थगोचरोद्यममपि लक्षणे न्यवेशयन्। यद्यपि सर्वस्वकारादिभि'र्विरूपकार्यानर्थयोरुत्पत्तिर्विरूपसंघटना च विषम'मिति इष्टार्थोद्यमाघटितमेव विषमलक्षणं सूत्रितम्, तथापीष्टार्थमुद्यतस्य न केवलं तदनवाप्तिरित्यादिनोद्यमगर्भतयैव स्वकृतलक्षणं व्याख्यातमिति तेषामपि तथैव सम्प्रतिपत्तेरतस्तद्घटितविषमलक्षणस्य 'रात्रिर्गमिष्यती'त्यादावप्रवृत्तेरुक्तविषमस्य तन्मतंरीत्या विषादनालङ्कारविशेषत्वमेष्टव्यम्, इष्टार्थविरुद्धावाप्तिरूपतल्लक्षणसत्त्वात्।

उदाहरण— वह ज्यों ही दीपक जलाता कि वह बुझ गया। जब कोई किसी विशेष पदार्थ की प्राप्ति की इच्छा से कोई कार्य कर रहा हो तो वह न प्राप्त होकर उससे विरुद्ध पदार्थ मिलने लग जाय तो 'विषादन' अलंकार होता है। जैसे कोई प्रकाश प्राप्ति के लिये दीपक जला रहा था कि जलाते ही वह बुझ गया। अतः प्रकाशप्राप्ति के विरुद्ध अन्धकार प्राप्ति होने से 'विषादन' अलंकार का उदाहरण बना है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — रात्रिः, गमिष्यति, सुप्रभातम्, भविष्यति, भास्वान्, उदेष्यति, पङ्कजनम्, च, हसिष्यति, कोशगते, द्विरेफे, इत्थम्, विचिन्तयति, सति, हा, हन्त, हन्त, गजः, नलिनीम्, उज्जहार ॥२२७॥

[सायंकाल कोई भौंरा कमल के भीतर बन्द हो गया था। वह रात भर

६८. अथ उल्लासः —

एकस्य[१] गुणदोषाभ्यामुल्लासोऽन्यस्य तौ यदि ।
अपि मां पावयेत्साध्वी स्नात्वेतीच्छति जाह्नवी ।।१३२।।
काठिन्यं कुचयोः स्रष्टुं वाञ्छन्त्यः पादपद्मयोः ।
निन्दन्ति च विधातारं त्वद्धाटीष्वरियोषितः ।।१३३।।
तदभाग्यं धनस्यैव यन्नाश्रयति सज्जनम् ।
लाभोऽयमेव भूपाल-सेवकानां न चेद्वधः ।।१३४।।

ग्रन्थकृतापि तदनुसारेणैव लक्षणोक्तेश्च । ये त्विष्टार्थमीप्सतस्तद्विपरीतावाप्तिर्विषम'मिति वदन्ति, तन्मते प्रकृतोदाहरणेऽपि विषमालङ्कारस्यैव प्रवृत्त्या नालङ्कारान्तरं कल्पनीयम् । यद्यपि 'दीपमुद्योजये' दित्युदाहरणे इष्टार्थोद्यमो निबद्ध इति प्रागुक्तविषमालङ्कार एव तथापि द्वितीयोदाहरण युक्तमेवेत्याकलनीयम् ।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां विषादनप्रकरणम् ।। ६७ ।।

****

सोचता रहा —] 'रात बीत जायेगी, सुप्रभात होगा, सूर्य उदित होगा, कमल की शोभा हँसेगी, खिलेगी', — कमलकोश में बन्द भौंरा यह सोच ही रहा था कि बड़े ही दुःख का विषय है कि हाथी ने कमलपुष्पसहित कमलिनी को उखाड़ डाला । [यहाँ भौंरा प्रातःकाल कमलकोश खुल जाने पर बाहर निकलने की इच्छा कर रहा था किन्तु हाथी ने कोशसहित भौंरे को रौंद डाला। अतः मुक्ति के स्थान पर बन्ध या मृत्यु की प्राप्ति होने से 'विषादन' अलङ्कार है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'विषादन' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६७।।

****

६८. उल्लास अलङ्कार —

अन्वयः — एकस्य, गुणदोषाभ्याम्, यदि, अन्यस्य, तौ, तदा, उल्लासः। साध्वी, स्नात्वा, माम् , अपि, पावयेत् , इति, जाह्नवी, इच्छति ॥ १३२ ॥

---

[१] उल्लासोऽन्यमहिम्ना चेद्दोषो ह्यन्यत्र वर्ण्यते । तदभाग्यं धनस्यैव यन्नाश्रयति सज्जनम् ।।" इति चन्द्रालोके पाठः ।

यत्र कस्यचिद् (१) गुणेनान्यस्य गुणो, (२) दोषेण दोषो, (३) गुणेन दोषो (४) दोषेण गुणो वा वर्ण्यते स उल्लासः।

द्वितीयार्धमाद्यस्योदाहरणम्। तत्र पतिव्रतामहिमगुणेन तदीयस्नानतो गङ्गायाः पावनत्वगुणो वर्णितः ।

उल्लासालङ्कारं लक्षयति — **एकस्येति**। लक्षणं व्याचष्टे — **कस्यचिदिति**। किञ्चित्पदार्थगतगुणदोषाभ्यामन्यस्मिनुगुणदोषाधानमुल्लास इत्यर्थः । अन्यगुणेनान्यगुणः। तद्दोषेण तद्दोषः। दोषेण गुणः। इति। **ताविति** तच्छब्देन गुणदोषयोर्दोषगुणयोश्च क्रमव्युत्क्रमाभ्यां परामर्शाच्चतुर्विधोऽयमित्यभिप्रेत्य लक्षणविवरणमुखेनामुं विभजते — **कस्यचिदिति** । क्रमेणोदाहरणेषु लक्षणं योजयति — **द्वितीयार्धमिति** । 'अपि मा।' मित्येतदित्यर्थः । अत्र यद्यपि पतिव्रतास्नानतो गङ्गायाः पावनत्वगुणो न वर्णितः किं तु तदिच्छामात्रम् । तथापि इच्छानिबन्धने तस्येप्सि

त्वद्घाटीषु, अरियोषितः कुचयोः, काठिन्यम्, पादपद्मयोः, वाञ्छन्त्यः, विधातारम्, निन्दन्ति ॥१३३॥

धनस्य, तद्, अभाग्यम्, यत्, सज्जनम्, न, आश्रयति । भूपालसेवकानाम्, वधः, न, चेत्, अयम्, लाभः, एव, ॥१३४॥

लक्षण — किसी एक के गुण अथवा दोष के कारण किसी अन्य के यदि गुण अथवा दोष हो जाते हैं तो 'उल्लास' अलंकार होता है। [यहाँ (१) गुण से गुण, (२) गुण से दोष, (३) दोष से दोष, (४) दोष से गुण — ये भेद होते हैं। यह आगे व्याख्या में दिखाया जायेगा ।]

उदाहरण — (१) यह पतिव्रता मुझमें स्नान करके मुझे भी पवित्र कर दे— ऐसा गङ्गा चाहती है ।

(२) [कोई कवि राजा की प्रशंसा में कह रहा है —] हे राजन् ! तुम्हारे आक्रमण कर देने पर शत्रुओं की स्त्रियाँ अपने कुचों की कठोरता को अपने चरण-कमलों में बनाने की इच्छा करती हुई (वैसा न करने वाले) ब्रह्मा की निन्दा करती हैं ।

(३) धन का यह दुर्भाग्य ही है कि वह सज्जनों का आश्रय नहीं लेता है, उनके पास नहीं रहता है ।

(४) राजसेवकों का यदि वध नहीं किया जाता है तो वह उसका लाभ ही है ।

द्वितीयश्लोके द्वितीयस्योदाहरणम्। तत्र राज्ञो [1]घाटीषु वने पलायमानानामरियोषितां पादयोर्धावनपरिपन्थिमार्दवदोषेण तयोः काठिन्यमसृष्ट्वा व्यर्थं कुचयोः तत्सृष्टवतो धातुर्निन्द्यत्वदोषो वर्णितः।

तृतीयश्लोकस्तृतीयचतुर्थयोरुदाहरणम्। तत्र सज्जनमहिमगुणेन धनस्य तत्वप्रतीतेः पावनत्वगुणवर्णनं द्रष्टव्यम् ।

द्वितीयश्लोक इति। 'काठिन्यं कुचयो'रित्यादिरित्यर्थः। **द्वितीयस्येति।** अन्यदोषेणान्यस्य दोषस्येत्यर्थः। द्वितीयोदाहरणे लक्षणानुगमं स्पष्टयति— **तत्रेति।** 'धावने'त्यनेन चरणमार्दवस्य दोषत्वं व्यक्तीकृतम् । **तृतीयश्लोक इति।** 'तदभाग्य' मित्यादिरित्यर्थः। **तृतीयचतुर्थयोरिति।** अन्यगुणेन दोषस्य, अन्यदोषेण गुणस्य चेत्यर्थः। **उदाहरणमिति।** तृतीयश्लोकस्य पूर्वार्द्ध तृतीयस्योदाहरणंमुत्तरार्धं चतुर्थस्येत्यर्थः। क्रमेण तयोर्लक्षणं योजयति — **तत्रेति।**

यदि किसी काव्य में किसी एक के (१) गुण से अन्य के गुण का, या (२) किसी के दोष से अन्य के दोष का, या (३) अन्य के गुण से अन्य के दोष का, या (४) दोष से अन्य के गुण का वर्णन किया जाय तो वहाँ 'उल्लास' अलङ्कार होता है [अर्थात् (१) गुण से गुण, (२) गुण से दोष, (३) दोष से गुण, (४) दोष से दोष का वर्णन करने पर चार प्रकार का उल्लास अलंकार होता है ।]

(१) प्रथम कारिका की दूसरी पंक्ति प्रथम भेद अर्थात् गुण से गुण का उदाहरण है। पतिव्रता स्त्री के महिमारूपी गुण से उसके द्वारा किये जाने वाले स्नान से गङ्गा के पावनत्व गुण (के उत्पन्न होने) का वर्णन किया गया है।

(२) द्वितीय श्लोक में द्वितीय भेद अर्थात् गुण से दोष का उदाहरण है। इसमें राजा के आक्रमणों के समय वन में भागने वाली शत्रुओं की स्त्रियों के पैरों में भागने में प्रतिबन्धक मृदुतारूपी दोष के कारण, उन पैरों की कठोरता की रचना न करके व्यर्थ में कुचों में कठोरता की रचना करने वाले ब्रह्मा का निन्दनीयत्व दोष वर्णित है।

(३) तृतीय श्लोक [का पूर्वार्ध] तृतीय का और [उत्तरार्ध] चतुर्थ भेद का उदाहरण हैं । इनमें सज्जनों के महिमारूपी गुण से धन का उन लोगों का आश्रयण न करना दोष के रूप से और राजा के क्रूरतारूपी दोष से उसके सेवकों का वध (मृत्युदण्ड) से बच कर बाहर निकलना गुणरूप से वर्णित है ।

इसी क्रम से अन्य उदाहरणों में भी देखना चाहिये ।

---

[1] घाटी = घट् + घञ् + ङीप् । धावा, आक्रमण आदि अर्थ हैं ।

तदनाश्रयणे दोषत्वेन, राज्ञः क्रौर्यदोषेण तत्सेवकानां वधं विना निर्गमन गुणत्वेन वर्णितम् ।

अनेनैव क्रमेणोदाहरणान्तराणि ।

यदयं रथसक्षोभादंसेनांसो निपीडितः ।
एकः कृती मदङ्गेषु शेषमङ्गं भुवो भरः ॥२२॥

अत्र नायिकासौन्दर्यगुणेन तदंसनिपीङ्डितस्य स्वांसस्य कृतित्वगुणो वर्णितः।

लोकानन्दन ! चन्दनद्रुम ! सखे ! नास्मिन्वने स्थीयतां
दुर्वंशैः परुषैरसारहृदयैराक्रान्तमेतद्वनम् ।
ते ह्यन्योन्यनिघर्षजातदहनज्वालावलीसंकुला
न स्वान्येव कुलानि केवलममी सर्वं दहेयुर्वनम् ॥२२९॥

अत्र वेणूनां परस्परसंघर्षसञ्जातदहनसंकुलत्वदोषेण वननाशरूपदोषो दर्शितः।

यदयमिति । उदाहरणे लक्षानुगमः स्पष्ट इत्याह — अत्रेति । लोकानन्दनेति। द्वितीयोदाहरणे लक्षणमुपपादयति — अत्र वेणूनामिति । दानार्थिन इति ।

---

(१) एक के गुण द्वारा दूसरे के गुण होने का उदाहरण —

अन्वयः — रथसंक्षोभात् , असेन, अयम् , अंसः, यत् , निपीडितः, (तत्) मदङ्गेषु, एकः, कृती, शेषम् , अङ्गम् , भुवः, भरः ॥२२८॥

[कोई प्रेमी अपनी प्रेमिका के साथ रथ पर बैठ कर जा रहा था । मार्ग में किसी कारण रथ बहुत तेजी से हिला जिसके कारण प्रेमिका का कन्धा उस प्रेमी के कन्धे से टकरा गया जिससे वह अपने कन्धे के सौभाग्य की सराहना कर रहा है —] रथ के हिलने के कारण उसके कन्धे से जो मेरा यह कन्धा टकरा गया, अतः मेरे अंगों में केवल अकेला कन्धा ही भाग्यशाली है शेष अङ्ग तो पृथ्वी के भार हैं । [नायिका के सुन्दर कन्धे के सम्पर्क के कारण उसका सौन्दर्य गुण नायक के कन्धे में भी आ जाने का वर्णन होने से गुण से गुण उत्पन्न होने के वर्णनं का उदाहरण है ।]

इस पद्य में नायिका के सौन्दर्य गुण के द्वारा उस नायिका के कन्धे से टकराये अपने (नायक के) कन्धे के कृतित्व सौभाग्यशालित्व गुण का वर्णन किया गया है।

(२) किसी एक के दोष के कारण अन्य के दोष के वर्णन का उदाहरण —

अन्वयः — हे लोकानन्दन ! चन्दनद्रुम ! सखे ! अस्मिन्, वने, न, स्थीयताम्, यतः, हि) परुषैः, असारहृदयैः दुर्वंशैः एतद्, वनम्, आक्रान्तम्,

---

दानार्थिनो मधुकरा यदि कर्णतालैर्दूरीकृताः करिवरेण मदान्धबुद्ध्या ।
तस्यैव गण्डतलमण्डनहानिरेषा भृङ्गाः पुनर्विकचनपद्मवने चरन्ति ॥ २३० ॥

अत्र भ्रमराणामलङ्कारत्वगुणेन गजस्य तत्प्रतिक्षेपो दोषत्वेन वर्णितः।

तृतीयोदाहरणे तृतीयस्य लक्षणमुपपादयति — **अत्र भ्रमराणामिति** ।

हि, अन्योन्यनिघर्षजातदहनज्वालावलीसंकुलाः, ते, अमी, न, केवलम् , स्वानि, कुलानि, एव, अपि तु) सर्वम् , वनम् , दहेयुः ॥२२९॥

[कोई कवि चन्दनवृक्ष से कह रहा है —] हे सभी लोगों को आनन्द देने वाले चन्दनवृक्ष ! मित्र ! इस वन में [कभी भी] मत ठहरना क्योंकि यह वन कठोर तथा नीरसहृदय वाले बुरे बाँस के वृक्षों से आक्रान्त है, भरा पड़ा है । वे (दुष्ट बाँस) आपस के घर्षण = टकराहट से उत्पन्न अग्नि की लपटों से युक्त होकर केवल अपने कुल का नाश नहीं (कर डालते हैं) अपि तु सम्पूर्ण वन को जला डालते हैं।

इस पद्य में बाँसों की आपसी टकराहट से उत्पन्न आग से घिर जाना रूपी दोष से सम्पूर्ण वन के नाशरूपी दोष का वर्णन किया गया है।

[इस पद्य में अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार भी स्पष्ट है क्योंकि चन्दन-वंशगत वृत्तान्त के द्वारा सज्जन-दुर्जन पुरुष रूप वृत्तान्त की प्रतीति व्यंजना से हो रही है ।]

३. किसी के गुण के द्वारा दूसरे के दोष की उत्पत्ति का उदाहरण —

अन्वयः — यदि, करिवरेण, मदान्धबुद्ध्या, कर्णतालैः, दानार्थिनः, मधुकराः, दूरीकृताः, (तदा) तस्य, एव, एषा, गण्डतलमण्डनहानि, पुनः, भृङ्गाः, विकचपद्मवने चरन्ति ॥२३०॥

[कोई कवि किसी हाथी की मूर्खता तथा मदान्धता से होने वाली उसी की हानि का वर्णन कर रहा है —] यदि गजराज ने (अपनी) मद से अन्धी बुद्धि के कारण अपने कर्णतालों (पत्राकार विशाल कानों) से मदजलाभिलाषा भ्रमरों को हटा दिया, भगा दिया [तो इससे उन याचक भौंरों की कोई हानि नहीं होती हैं अपि तु] उस हाथी के ही गण्डस्थल को सजाने की हानि होती है, क्योंकि वे भौंरे तो खिले कमलों से युक्त वन = सरोवर में विचरण करने लग जाते हैं। [मधु उन्हें वहाँ भी मिल जाता है।]

आघ्रातं परिचुम्बितं परिमुहुर्लीढं पुनश्चर्वितं
त्यक्तं वा भुवि नीरसेन मनसा तत्र व्यथां मा कृथाः ।
हे ! सद्रत्न ! तवैतदेव कुशलं यद्वानरेणादरा—
दन्तस्सारविलोकनव्यसनिना चूर्णीकृतं नाश्मना ॥ २३१ ॥

अत्र वानरस्य चापलदोषेण रत्नस्य चूर्णनाभावो गुणत्वेन वर्णितः।

आघ्रातमिति । चतुर्थश्लोके चतुर्थोल्लासमुपपादयति — अत्र वानरस्येति । प्रथम-

---

इस पद्य में भौंरों द्वारा हाथी के गण्डस्थल को अलंकृत करना रूपी गुण के द्वारा हाथी का उनका तिरस्कार करना दोषरूप से वर्णित है। [यहाँ अलंकृत करना गुण से तिरस्कार करना रूपी दोष का वर्णन किये जाने से उल्लास का तृतीय भेद है।]

(४) किसी के दोष द्वारा अन्य के गुण का वर्णन —

अन्वयः — हे सद्रत्न !, वानरेण, आघ्रातम्, परिचुम्बितम्, परिमुहुः, लीढम्, पुनः, चर्वितम् , वा, नीरसेन, मनसा, भुवि, त्यक्तम्, तत्र, व्यथाम्, मा, कृथाः, तव, एतत्, एव, कुशलम्, यत्, आदरात्, अन्तःसारविलोकन-व्यसनिना, (वानरेण) अश्मना, न, चूर्णीकृतम् ॥२३१॥

[बन्दर द्वारा जमीन पर फेंके गये उत्कृष्ट रत्न को दुःखी देखकर कोई कवि उससे कहता है—] हे उत्कृष्ट रत्न ! बन्दर ने तुम्हें सूँघा, फिर चूमा, फिर चाटा, फिर चबाया, इसके बाद नीरस मन (उपेक्षा से) जमीन पर फेंक दिया [क्योंकि उसे किसी प्रकार का कोई स्वाद नहीं मिला] इस विषय में तुम व्यथा (का अनुभव) मत करो। तुम्हारी यह कुशलता समझो कि भीतर तोड़ कर देखने के व्यसनी (स्वभाव वाले) बानर ने पत्थर से तुम्हें चूर-चूर नहीं कर डाला।

यहाँ पर बन्दर के चापल्य दोष से मणि का चूर्ण-चूर्ण न कर डालना रूप गुण वर्णित है।

[इस पद्य में अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार भी है। कोई सुयोग्य व्यक्ति मूर्ख परीक्षक के सामने अपमानित होने पर, उचित सम्मान न प्राप्त करने पर दुःखी हो रहा है। उसे समझाते हुये कवि कह रहा है कि जितना हुआ उतना कम समझ कर दुःख मत करो अन्यथा उस मूर्ख से तो और अधिक पीड़ित होने की संभावना थी।]

अत्र प्रथमचतुर्थयोरुल्लासोऽन्वर्थः । मध्यमयोश्छत्रिन्यायेन लाक्षणिकः ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे उल्लासप्रकरणम् ॥६८॥

****

चतुर्थयोर्गुणाधानस्य साम्येऽपि दोषेण गुणाधानवर्णनात्मनस्तस्य प्रथमोल्लासतो विच्छित्तिविशेषसद्भावाच्चारुत्वं द्रष्टव्यम्। ननु, प्रथमचतुर्थयोर्गुणाधानादुल्लासशब्दस्यान्वर्थतया प्रवृत्तिसंभवेऽपि मध्यमयोर्दोषाधानलक्षणयोः कथमस्य शब्दस्य प्रवृत्तिरित्यत आह— **अत्रेति । मध्यमयोरिति ।** दोषाधानात्मनोस्तयोश्छत्रिशब्दस्येवाच्छत्रिषु उल्लासशब्दस्यापि लक्षणया प्रवृत्तिस्सम्भवतीति भावः । न च तत्र छत्र्यच्छत्रिसाधारणैकलक्ष्यतावच्छेदकवदिह नानुगतमेकं लक्ष्यतावच्छेदकमस्तीति शङ्क्यम् ; अन्याधीनधर्माधानत्वस्य चतुष्टयानुगतस्य सद्भावात्।

वस्तुतस्तु, इह शास्त्रे तत्तदलङ्कारनाम्नां वैयाकरणाभिमतनदीवृद्ध्यादिवद्‌दर्थविशेषे **पारिभाषिकत्वेन न लक्षणापेक्षेति** द्रष्टव्यम्।

अत्रेदमवधेयम्। उल्लासाख्यमलङ्कारान्तरमलक्षयतां प्राचामयमभिसन्धिः — उल्लासोदाहरणेषु अलङ्कारान्तराणां यथायथं सम्भवात् नाधिकोऽयमभ्युपगन्तव्यः । 'अपि मां पावयेदि'त्यत्र इच्छासम्बन्धेऽपि सम्बन्धवर्णनरूपातिशयोक्तेः पतिव्रतास्नानस्य गङ्गागतपावनत्वाहेतोस्तद्धेतुत्ववर्णनेन चातिशयोक्तेस्सम्भवात् । 'यदयं रथसंक्षोभा' दित्युदाहरणे अंसकृतित्वस्य समर्थनीयस्य नायिकांससङ्घर्षेण रथसंक्षोभकृतेन समर्थनात्काव्यलिङ्गस्य

इस उल्लास अलंकार के प्रथम भेद (गुण से गुण) तथा चतुर्थ भेद (दोष से गुण) में 'उल्लास' यह अन्वर्थ नाम हैं और मध्यवर्ती द्वितीय (गुण से दोष) तथा तृतीय (दोष से दोष) भेदों में छत्रिन्याय से लाक्षणिक प्रयोग समझना चाहिये। [लक्षणा का उदाहरण है, छत्रिणो यान्ति = छातावाले जा रहे हैं। यहाँ कुछ के पास छाता नहीं होता है तो भी साथ वालों के कारण उन्हें भी छत्री कह दिया जाता है । इसी प्रकार यहाँ भी द्वितीय और तृतीय में प्रथम तथा चतुर्थ के कारण 'उल्लास' की प्रतीति हो जाने से यह नाम संगत हो जाता है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'उल्लास' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६८।।

****

६९. अथ अवज्ञा —

ताभ्यां[1] तौ यदि न स्यातामवज्ञालंकृतिस्तु सा ।
स्वल्पमेवाम्बु लभते प्रस्थं प्राप्यापि सागरम् ।।
मीलन्ति यदि पद्मानि का हानिरमृतद्युतेः? ।।१३५।।

सम्भवात् 'काठिन्यं कुचयो'रित्यत्र विधातृनिन्दायास्समर्थनसापेक्षायाः पदमार्दवस्यास्थानसृष्ट्या समर्थनात् 'तदभाग्यं धनस्ये'त्यत्रापि सज्जनानाश्रयणेन धनगताभाग्यस्य समर्थनाच्च काव्यलिङ्गस्योपपत्तेः। 'लाभोऽयमेवे'त्यत्रापि विच्छित्तिविशेषाभावान्न कश्चिदलङ्कारः। 'लोकानन्दने'त्यादिषु सारूप्यनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसायाः स्पष्टं प्रतीतेरुक्तोदाहरणानां प्राक्प्रदर्शिततत्तःलङ्कारोदाहरणेभ्यो न वैलक्षण्यमनुभवरूढमस्ति यद्बलेनालङ्कारान्तरमन्वेषणीयमिति। न चैतेषूदाहरणेषु तत्तदलङ्कारान्तरसम्भवे अस्य तत्सङ्कर एव। न त्वेतावतास्यापलाप इति वाच्यम्, असङ्कीर्णस्यास्य विषयाभावेनाप्रवृत्तेः ।।इति।।

।।इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां उल्लासप्रकरणम् ।।६८।।

****

अवज्ञालङ्कारं लक्षयति — **ताभ्यामिति** । ताभ्यामन्यगुणदोषाभ्यामन्य-

६९. अवज्ञा अलङ्कार —

अन्वयः — (एकस्य) ताभ्याम् (= गुणदोषाभ्याम् अन्यस्य) तौ (गुणदोषौ), न, स्याताम्, तु, सा, अवज्ञा, अलङ्कृतिः ।।

प्रस्थम् , सागरम् , प्राप्य, अपि, स्वल्पम् , एव अम्बु, लभते ।
यदि, पद्मानि, मीलन्ति, तदा, अमृतद्युतेः, का, हानिः ? ।।१३५।।

लक्षण — यदि किसी के गुण और दोष से दूसरे के गुण और दोष नहीं उत्पन्न होते हैं तो 'अवज्ञा' अलंकार होता है।

उदाहरण — प्रस्थ (मापविशेष, उसके बराबर का पात्र) समुद्र को प्राप्त कर भी थोड़ा ही जल ले पाता है।

[चन्द्रोदय होने पर] यदि कमल बन्द हो जाते हैं तो इसमें चन्द्रमा की क्या हानि, दोष है?

---

[1] चन्द्रालोके तु **'अवज्ञा वर्ण्यते वस्तु गुणदोषाक्षमं यदि । म्लायन्ति यदि पद्मानि का हानिस्तुहिनद्यु तेः ।।'** इति पाठः ।

ताभ्यां = गुणदोषाभ्याम्। तौ = गुणदोषो। अत्र कस्यचिद् गुणेनान्यस्य गुणालाभे द्वितीयार्धमुदाहरणम्। दोषेण दोषस्याप्राप्तौ तृतीयार्धम्।

यथा वा —

मदुक्तिश्चेदन्तर्मदयति सुधीभूय सुधियः
किमस्या नाम स्यादरसपुरुषानादरभरैः।
यथा यूनस्तद्वत्परमरमणीयापि रमणी
कुमाराणामन्तःकरणहरणं नैव कुरुते ॥२३२॥

(महाकविः श्रीहर्षः)

गुणदोषयोरभावे अवज्ञालङ्कार इत्यर्थः। **द्वितीयार्धमिति।** तत्र हि सागरे अम्बुसमृद्धिसत्त्वेऽपि प्रस्थे तदनुरूपाम्बुसमृद्ध्यभावाल्लक्षणानुगतिरित्यर्थः। **तृतीयार्धमिति।** तत्र पद्मनिमीलनदोषेण चन्द्रस्य दोषलेशाभाववर्णनात् द्वितीयावज्ञेत्यर्थः। क्रमेणोदाहरणान्तरमाह — मदुक्तिश्चेदित्यादि। अत्रोभयत्रापि

उनके द्वारा = गुण और दोष के द्वारा, वे = गुण और दोष। इस अलंकार में किसी एक के गुण से अन्य को गुण की प्राप्ति न होने का उदाहरण द्वितीय पंक्ति में है— 'प्रस्थ सागर पाकर भी स्वल्प ही जल ले पाता है। [सागर अथाह जल वाला है, इसके इस गुण का लाभ प्रस्थ नहीं ले पाता है।] दोष से दोष की अप्राप्ति में तृतीय पंक्ति का उदाहरण— 'चन्द्रोदय होने पर यदि कमल बन्द हो जाते हैं तो इसमें चन्द्रमा की क्या हानि है? [कमलों के बन्द हो जाना रूपी दोष से चन्द्रमा की कोई हानि = दोष नहीं होता है। अतः दोष से दोषाभाव का उदाहरण बन जाता है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— मदुक्तिः, सूधीभूय, सुधियः, अन्तर्मदयति, चेत्, (तदा) अरसपुरुषानादरभरैः, अस्याः, किम्, स्यात्? परमरमणीया, अपि, रमणी, यथा, यूनः, [अन्तःकरणहरणम्, कुरुते] तद्वत्, कुमाराणाम्, अन्तःकरणहरणम्, नैव, कुरुते ॥२३२॥

[महाकवि श्रीहर्ष अपनी कविता की प्रशंसा करते हुये कहते हैं—] यदि मेरी उक्ति-कविता अमृत बन कर सुधी लोगों के चित्त को मत्त (अत्यानन्दित) कर देती है तो फिर नीरस लोगों द्वारा किये जाने वाले अनादर से क्या लेना-देना? क्योंकि अतिशय रमणीय भी रमणी जिस प्रकार से युवकों के मन को आकर्षित कर लेती है उस प्रकार से बालकों के मन को नहीं।

६९. अथ अवज्ञा —

ताभ्यां[1] तौ यदि न स्यातामवज्ञालंकृतिस्तु सा ।
स्वल्पमेवाम्बु लभते प्रस्थं प्राप्यापि सागरम् ।।
मीलन्ति यदि पद्मानि का हानिरमृतद्युते:? ।।१३५।।

सम्भवात् 'काठिन्यं कुचयो'रित्यत्र विधातृनिन्दायास्समर्थनसापेक्षाया: पदमार्दवस्यास्थानसृष्ट्या समर्थनात् 'तदभाग्यं धनस्ये'त्यत्रापि सज्जनानाश्रयणेन धनगताभाग्यस्य समर्थनाच्च काव्यलिङ्गस्योपपत्ते:। 'लाभोऽयमेवे'त्यत्रापि विच्छित्तिविशेषाभावान्न कश्चिदलङ्कार:। 'लोकानन्दने'त्यादिषु सारूप्यनिबन्धनाप्रस्तुतप्रशंसाया: स्पष्टं प्रतीतेरुक्तोदाहरणानां प्राक्प्रदर्शिततत्त:लङ्कारोदाहरणेभ्यो न वैलक्षण्यमनुभवरूढमस्ति यद्बलेनालङ्कारान्तरमन्वेषणीयमिति। न चैतेषूदाहरणेषु तत्तदलङ्कारान्तरसम्भवे अस्य तत्सङ्कर एव। न त्वेतावतास्यापलाप इति वाच्यम्, असङ्कीर्णस्यास्य विषयाभावेनाप्रवृत्ते: ।।इति।।

।।इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां उल्लासप्रकरणम् ।।६८।।

****

अवज्ञालङ्कारं लक्षयति — **ताभ्यामिति** । ताभ्यामन्यगुणदोषाभ्यामन्य-

६९. अवज्ञा अलङ्कार —

अन्वय: — (एकस्य) ताभ्याम् (= गुणदोषाभ्याम् अन्यस्य) तौ (गुणदोषौ), न, स्याताम्, तु, सा, अवज्ञा, अलङ्कृति: ॥

प्रस्थम् , सागरम् , प्राप्य, अपि, स्वल्पम् , एव अम्बु, लभते ।
यदि, पद्मानि, मीलन्ति, तदा, अमृतद्युते:, का, हानि: ? ।।१३५।।

लक्षण — यदि किसी के गुण और दोष से दूसरे के गुण और द्रोष नहीं उत्पन्न होते हैं तो 'अवज्ञा' अलंकार होता है।

उदाहरण — प्रस्थ (मापविशेष, उसके बराबर का पात्र) समुद्र को प्राप्त कर भी थोड़ा ही जल ले पाता है।

[चन्द्रोदय होने पर] यदि कमल बन्द हो जाते हैं तो इसमें चन्द्रमा की क्या हानि, दोष है?

---

[1] चन्द्रालोके तु **'अवज्ञा वर्ण्यते वस्तु गुणदोषाक्षमं यदि । म्लायन्ति यदि पद्मानि का हानिस्तुहिनद्यु तेः ।।'** इति पाठः ।

ताभ्यां = गुणदोषाभ्याम्। तौ = गुणदोषो। अत्र कस्यचिद् गुणेनान्यस्य गुणालाभे द्वितीयार्धमुदाहरणम्। दोषेण दोषस्याप्राप्तौ तृतीयार्धम्।

यथा वा —

मदुक्तिश्चेदन्तर्मदयति सुधीभूय सुधियः
किमस्या नाम स्यादरसपुरुषानादरभरैः ।
यथा यूनस्तद्वत्परमरमणीयापि रमणी
कुमाराणामन्तःकरणहरणं नैव कुरुते ॥२३२॥

(महाकविः श्रीहर्षः)

गुणदोषयोरभावे अवज्ञालङ्कार इत्यर्थः। द्वितीयार्धमिति। तत्र हि सागरे अम्बुसमृद्धिसत्त्वेऽपि प्रस्थे तदनुरूपाम्बुसमृद्ध्यभावाल्लक्षणानुगतिरित्यर्थः। तृतीयार्धमिति। तत्र पद्मनिमीलनदोषेण चन्द्रस्य दोषलेशाभाववर्णनात् द्वितीयावज्ञेत्यर्थः । क्रमेणोदाहरणान्तरमाह — मदुक्तिश्चेदित्यादि। अत्रोभयत्रापि

उनके द्वारा = गुण और दोष के द्वारा, वे = गुण और दोष। इस अलंकार में किसी एक के गुण से अन्य को गुण की प्राप्ति न होने का उदाहरण द्वितीय पंक्ति में है— 'प्रस्थ सागर पाकर भी स्वल्प ही जल ले पाता है। [सागर अथाह जल वाला है, इसके इस गुण का लाभ प्रस्थ नहीं ले पाता है।] दोष से दोष की अप्राप्ति में तृतीय पंक्ति का उदाहरण— 'चन्द्रोदय होने पर यदि कमल बन्द हो जाते हैं तो इसमें चन्द्रमा की क्या हानि है? [कमलों के बन्द हो जाना रूपी दोष से चन्द्रमा की कोई हानि = दोष नहीं होता है। अतः दोष से दोषाभाव का उदाहरण बन जाता है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— मदुक्तिः, सूधीभूय, सुधियः, अन्तर्मदयति, चेत्, (तदा) अरसपुरुषानादरभरैः, अस्याः, किम् , स्यात्? परमरमणीया, अपि, रमणी, यथा, यूनः, [अन्तःकरणहरणम्, कुरुते] तद्वत्, कुमाराणाम्, अन्तःकरणहरणम्, नैव, कुरुते ॥२३२॥

[महाकवि श्रीहर्ष अपनी कविता की प्रशंसा करते हुये कहते हैं—] यदि मेरी उक्ति-कविता अमृत बन कर सुधी लोगों के चित्त को मत्त (अत्यानन्दित) कर देती है तो फिर नीरस लोगों द्वारा किये जाने वाले अनादर से क्या लेना-देना? क्योंकि अतिशय रमणीय भी रमणी जिस प्रकार से युवकों के मन को आकर्षित कर लेती है उस प्रकार से बालकों के मन को नहीं।

त्वं चेत्सञ्चरसे वृषेण लघुता का नाम दिग्दन्तिनां
व्यालैः कङ्कणभूषणानि कुरुषे हानिर्न हेम्नामपि।
मूर्धन्यं कुरुषे सुधांशुमयशः किं नाम लोकत्रयी-
दीपस्याम्बुजबान्धवस्य जगतामीशोऽसि किं ब्रूमहे?॥२३३॥

अत्राद्ये कविता-रमणीगुणाभ्यामरस-बलिशहृदयोल्लासरूपगुणाभावो

लक्षणमुपपादयति— **अत्राद्य इति।**

अत्र केचित्— अवज्ञोदाहरणेषु 'स्वल्पमेवाम्बु लभत'इत्यादिषु प्रदर्शितेषु नावज्ञाख्यमलङ्कारान्तरमभ्युपेयम्। तत्रान्यगुणेनान्यगुणदोषयोरन्यगुणदोषजननसमर्थयोः सतोरपि तदजननवर्णनेन विशेषोक्तेरेव वक्तुमुचितत्वात्। सागरसलिलसमृद्धिसत्त्वेऽपि प्रस्थे समृद्ध्यभावस्य पद्मसङ्कोचेऽपि चन्द्रगतदोषाभावस्य कवितायां सहृदयोल्लासकत्वगुणे सत्यपि अलसहृदयोल्लासाभावस्य परमेश्वरानारोहणदोषे सत्यपि दिग्गजादीनां लाघवादिलक्षणदोषाभावस्य च वर्णनेन तल्लक्षणस्याविकलत्वादिति वदन्ति।

[इस पद्य में कविता तथा रमणी के सौन्दर्य, उत्कर्ष रूप गुणों के द्वारा नीरस तथा बालक के हृदय में उल्लासरूप गुण का अभाव वर्णित किया गया है। अतः गुण से गुण न होना वर्णित होने से अवज्ञा के प्रथम भेद का उदाहरण है।]

अन्वयः— त्वम्, वृषेण, सञ्चरसे, चेत्, दिग्दन्तिनाम्, का, नाम, लघुता? व्यालैः, कङ्कणभूषणानि, कुरुषे, हेम्नाम्, अपि, न, हानिः, यदि, नाम, सुधांशुम्, मूर्धन्यम्, कुरुषे, (तदा) लोकत्रयीदीपस्य, अम्बुजबान्धवस्य, किम्, अयशः, जगताम्, ईशः, असि, किम्, ब्रूमहे? ॥२३३॥

[कोई भक्त भगवान् शंकर से कह रहा है—] हे शङ्करजी! यदि आप बैल से अर्थात् उस पर बैठ कर घूमते हो तो इससे दिग्गजों की क्या लघुता? उनकी लघुता नहीं हो जाती है अर्थात् वे छोटे नहीं हो जाते हैं। यदि साँपों से कंकण तथा अन्य आभूषण बना लेते हो तो इससे स्वर्ण की क्या हानि, अर्थात् कुछ नहीं। यदि तुम सुधांशु चन्द्रमा को अपने सिर का आभूषण बना लेते हो तो तीनों लोकों के दीपक तथा कमलों के बान्धव सूर्य की क्या हानि? तुम तो समस्त संसार के स्वामी हो, (तुम्हारे विषय में) हम क्या कह सकते हैं?

[यहाँ शंकर द्वारा दिग्गज आदि को स्वीकार न करना रूपी दोष से उन दिग्गजों के लघुता आदि दोष का न होना वर्णित होने से 'अवज्ञा' के द्वितीय भेद का उदाहरण है।]

वर्णितः। द्वितीये परमेश्वरानङ्गीकरणदोषेण दिग्गजादीनां लघुतादिदोषाभावो वर्णितः।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अवज्ञाप्रकरणम् ।।६९।।

****

७०. अथ अनुज्ञा—

दोषस्याभ्यर्थनानुज्ञा[1] तत्रैव गुणदर्शनात्।
विपदस्सन्तु नश्शश्वद्यासु सङ्कीर्त्यते हरिः ।।१३६।।

वस्तुतस्तु, नात्र विशेषोक्तिर्वक्तुं शक्या। 'हृदि स्नेहक्षयो नाभू'दित्यादितदुदाहरणेषु दीपज्वालास्नेहयोरिवात्र सागरसलिलसन्निधानप्रस्थगताम्बुसमृद्ध्यभावयोः कार्यकारणभावस्य लोकसिद्धस्याभावेनोक्तविशेषोक्तिलक्षणाभावा'न्मदुक्तिश्चे'दित्यत्र कवितारमणीगुणाभ्यामलसबालिशहृदयोल्लासाभाववर्णनेऽपि तयोः सहृदयतरुणोल्लासं प्रत्येव कारणतया तत्सत्त्वे सरसतरुणजनोल्लासाजन्मन्येव विशेषोक्तेर्लब्धप्रसरत्वाच्च। अतो ग्रन्थकारोक्तरीतिरेव समाश्रयणीयेति ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां अवज्ञाप्रकरणम् ।।६९।।

****

अनुज्ञालङ्कारं लक्षयति— दोषस्येति। अनिष्टसाधनतया प्रतीयमानस्य दोषस्य बलवदिष्टसाधनीभूतगुणावहतया इष्टसाधनत्वावगमेनाभ्यर्थनमनुज्ञालङ्कार

उपर्युक्त प्रथम पद्य में कविता और रमणी के (सौन्दर्यादि) गुणों से नीरस और बालकों के हृदय में उल्लास-मस्ती रूप गुण का न होना वर्णित है। द्वितीय पद्य में शंकर जी द्वारा स्वीकार न करना रूपी दोष से दिग्गज आदि की लघुतादि होना रूप दोष का अभाव वर्णित है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'अवज्ञा' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।६९।।

****

७०. अनुज्ञा अलंकार —

अन्वयः— तत्र, एव, गुणदर्शनात्, दोषस्य, अभ्यर्थना, अनुज्ञा, (अलंकारः, भवति)।
नः, शश्वत्, विपदः, सन्तु, यासु, हरिः, संकीर्त्यते ॥१३६॥

---

[1] अयं चन्द्रालोकेऽनुक्तः।

यथा वा—

मय्येव जीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतं हरे ! ।
नरः प्रत्युपकारार्थी विपत्तिमभिकाङ्क्षति ॥२३४॥

इयं हनुमन्तं प्रति राघवस्योक्तिः । अत्र प्रत्युपकाराभावो दोषः ।

इत्यर्थः । उदाहरणे विपदामनिष्टसाधनत्वेन प्रसिद्धानां बलवदिष्टसाधनीभूतहरिस्मरणापादकतयेष्टसाधनत्वात्तदभ्यर्थनं वर्णितमिति लक्षणानुगतिरिति भावः ।

उदाहरणान्तरमाह— **मय्येवेति** । अत्र लशणसत्त्वमुपपादयति— **अत्रेति** । उपकारिणः प्रत्युपकारस्य कर्तव्यताया लोकशास्त्रसिद्धतया तदभावो दोष इत्यर्थः । **तदिति** । अत्र विपत्याकाङ्क्षाप्रसक्त्यभावो बलवदिष्टसाधनतया गुणः । तदाधायकतया प्रत्युपकाराभावस्याभ्यर्थनं वर्णितमितीदमपि अभ्यर्थनोदाहरणमिति भावः ।

लक्षण— दोष में भी गुण दिखाई देने से यदि दोष की अभ्यर्थना=याचना, इच्छा की जाती है तो 'अनुज्ञा' अलंकार होता है । [विशेष व्याख्या रसिकरंजनी में देखें ।]

उदाहरण— [कोई भक्त भगवान् का सदा स्मरण करता रहे, इसके लिये वह कहता है—] हमें सदैव विपत्तियाँ मिलती रहें जिन विपत्तियों में भगवान् का कीर्तन=स्मरण, गुणगान किया जाता है । [यहाँ सदैव विपत्तियाँ आने की प्रार्थना इसलिये की जा रही है क्योंकि विपत्ति में ही भगवान् का स्मरण किया जाता है— "दुःख में सुमिरन सब करैं सुख में करे न कोय ।"]

अथवा दूसरा उदाहरण—

अन्वयः— हे हरे !, यत्, त्वया, उपकृतम्, तत्, मयि, एव, जीर्णताम्, यातु । [यतो हि] प्रत्युपकारार्थी, नरः, [उपकारकस्य] विपत्तिम्, अभिकाङ्क्षति ॥२३४॥

[भगवान् रामचन्द्र हनुमान् से कह रहे हैं—] हे हनुमान् ! तुमने जो उपकार किया है वह मुझमें ही जीर्ण हो जाय अर्थात् प्रत्युपकार करने का सामर्थ्य न हो क्योंकि प्रत्युपकार करने का इच्छुक व्यक्ति [उपकार करने वाले की] विपत्ति की इच्छा करता है [जिससे वह उपकार का बदला प्रत्युपकार करके पूरा कर सके ।]

इस पद्य में हनुमान् से रामचन्द्र का कथन है। इसमें प्रत्युपकार का अभाव दोष है। इस दोष को स्वीकार करने में हेतु गुण— [उपकारक की]

तदभ्युपगमे हेतुर्गुणो विपत्त्याकांक्षाया अप्रसक्तिः। सा च व्यतिरेकमुखप्रवृत्तेन सामान्येन विशेषसमर्थनरूपेणार्थान्तरन्यासेन दर्शिता।

यथा वा—

भजेम भवदन्तिकं प्रकृतिमेत्य पैशाचिकीं
किमित्यमरसंपदः प्रमथनाथ! नाथामहे।
भवद्भवनदेहलीविकटतुण्डदण्डाहति-
त्रुटन्मुकुटकोटिभिर्मघवदादिभिर्भूयते ॥२३५॥

।। [१]इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अवज्ञाप्रकरणम् ।।७०।।

****

नन्वत्र विपत्त्याकाङ्क्षाप्रसक्तिरूपगुणस्याप्रतिपादनात्कथमुदाहरणतेत्यत आह— **सा चेति**। अप्रसक्तिरित्यर्थः। तथा च वैधर्म्यनिबन्धनसामान्यकृतविशेषसमर्थनरूपार्थान्तरन्यायेन तस्याः प्रदर्शितत्वादुक्तावलङ्कारोदाहरणतास्य युज्यत इत्यर्थः।

उदाहरणान्तरमाह— **भजेमेति**। अत्रापि पिशाचस्वरूपप्राप्तिरूपदोषस्य भगवन्मन्दिरदेहलीस्थित-त्रैलोक्याधिपत्यैश्वर्यशालि-शतमखादिदिक्पाल-किरीटकोटिभञ्जकप्रमथाधिपतितुण्डप्रभृतिदण्डाघाताभावरूपप्रबलगुणावहतया काव्यलिङ्गविधया समर्थितस्याभ्यनुज्ञानमभ्यर्थनं निबद्धमिति इदमपि तदुदाहरणमिति भावः।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां अवज्ञाप्रकरणम्[१] ।।७०।।

****

विपत्ति की इच्छा का न होना। और यह विपत्ति की इच्छा का अभाव व्यतिरेकमुख से प्रवृत्त-सामान्य से विशेष के समर्थन रूप-अर्थान्तरन्यास से दिखाया गया है। [यहाँ भाव यह है कि राम हनुमान् के उपकार का बदला देने की इच्छा इसलिये नहीं कर रहे हैं कि ऐसी इच्छा की पूर्ति तभी होगी जब हनुमान् पर संकट आयेगा। अतः यहाँ 'प्रत्युपकार करने की इच्छा न करने वाला व्यक्ति उपकार करने वाले की विपत्ति की इच्छा नहीं करता है।' यहाँ अभावमुखेन अर्थान्तरन्यास है। यह इच्छा न करना यद्यपि दोष है किन्तु इसमें गुण यह है कि उपकारक पर कभी कोई विपत्ति न आवे।]

---

[१] अस्मादलङ्कारात् परं नवीनः 'तिरस्कार' इति नामकोऽपि अलङ्कारः रसगङ्गाधरे दृश्यते, स च, पण्डितराजकल्पितः। अतएव कुवलयानन्दे न वर्णित इति बोध्यम्।

---

७१. अथ लेशः—

लेशः[१] स्याद्दोषगुणयोर्गुणदोषत्वकल्पनम् ।
अखिलेषु विहङ्गेषु हन्त स्वच्छन्दचारिषु ।।
शुक ! पञ्जरबन्धस्ते मधुराणां गिरां फलम् ।।१३७।।

लेशालङ्कारं लक्षयति— लेशः स्यादिति । दोषगुणयोस्तद्विपरीतभावकल्पनं

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— हे प्रमथनाथ ! पैशाचिकीम्, प्रकृतिम्, एत्य, भवदन्तिकम्, भजेम, इति, अमरसम्पदः, किम्, नाथामहे !, भवद्-भवन-देहली-विकटतुण्ड-दण्डाहति-त्रुटन्मुकुटकोटिभिः, मघवदादिभिः, भूयते ।।२३५।।

हे प्रमथों के स्वामी शंकर जी ! [हम यही चाहते हैं कि] पिशाच स्वरूप प्राप्त कर आपके समीप ही रहें इसलिये हम देवताओं की सम्पत्ति की याचना क्यों करें? इन्द्रादि देवता भी आपके भवन की देहली पर विराजमान विकटतुण्ड वाले गणेश जी की सूँड़ के प्रहार से टूटते-फूटते मुकुटों वाले होते रहते हैं। [भाव यह है कि आपके पास पहुँचना इन्द्रादि के लिये भी जब दुष्कर है तो हमारे जैसे सामान्य प्राणी की क्या बात? अतः हम यही चाहते हैं कि हम पिशाच ही बने रहें? और आपका सान्निध्य प्राप्त करें। यहाँ 'पिशाच बनना' यह दोष हैं किन्तु इसके द्वारा 'शिवसामीप्यप्राप्ति' रूप गुण प्राप्त होता है। अतः दोष से गुण की स्थिति बनने के कारण यह 'अनुज्ञा' का उदाहरण है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अनुज्ञा' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७०।।

****

७१. लेश अलंकार—

अन्वयः— दोषगुणयोः, गुणदोषत्वकल्पनम्, लेशः, स्यात् । स्वच्छन्दचारिषु, अखिलेषु, विहङ्गेषु, हन्त !, शुक !, पञ्जरबन्धः, ते, मधुराणाम्, गिराम्, फलम् ।।१३७।।

लक्षण— दोष का गुणत्व और गुण का दोषत्व कल्पित किया जाना 'लेश' अलंकार होता है।

---

[१] अयमलङ्कारश्चन्द्रालोकेनोक्तः ।

दोषस्य गुणत्वकल्पनं, गुणस्य दोषत्वकल्पनं च लेशः। उदाहरणम्— राज्ञोऽभिमते विदुषि पुत्रे चिरं राजधान्यां प्रवसति तद्दर्शनोत्कण्ठितस्य गृहे स्थितस्य पितुर्वचनम् अप्रस्तुतप्रशंसारूपम्। तत्र प्रथमार्धे इतरविहङ्गानामवक्तृत्वदोषस्य स्वच्छन्दचरणानुकूलतया गुणत्वं कल्पितम्। द्वितीयार्धे मधुरभाषित्वस्य गुणस्य पञ्जरबन्धहेतुतया दोषत्वं कल्पितम्।

न च अत्र व्याजस्तुतिराशङ्कनीया। न ह्यत्र विहङ्गान्तराणां स्तुतिव्याजेन निन्दायां शुकस्य निन्दाव्याजेन स्तुतौ च तात्पर्यम्। किं तु पुत्रदर्शनोत्क-

लेश इत्यर्थः। लक्षणं लक्ष्ये उपपादयति— **राज्ञ इति**। अयं श्लोकोऽप्रस्तुतप्रशंसारूपोऽप्रस्तुतशुकवृत्तान्तेन राजबहुमतचिरकालप्रवासशीलवैदुष्यान्वितपुत्रादिदृक्षुगृहस्थितजनकवाक्यतया पुत्रवृत्तान्तस्य प्रतीतेरप्रस्तुतप्रशंसैवात्रालङ्कारो युक्तः। न त्वलङ्कारान्तरं लेशनामकं युक्तस्थित्यत आह— **तत्र प्रथमार्ध इति**। वाच्यव्यङ्ग्ययोरप्रस्तुतप्रस्तुतवृत्तान्तयोस्समुदितयोरप्रस्तुताप्रस्तुतप्रशंसाविश्रान्तावपि अप्रस्तुतवाच्यकक्ष्ययां लेशः सम्भवत्येवेति भावः।

ननु, 'कस्ते शौर्यमदो योद्धु'मित्यादाविव निन्दया स्तुत्यभिव्यक्तिवत् स्तुत्या निन्दाभिव्यक्तिवच्चात्रापि विहगान्तराणां स्तुतिव्याजेन निन्दायाश्शुकनिन्दाव्याजेन पुत्रस्तुतेश्च प्रतीतेर्व्याजस्तुतिरेवात्र युक्तेत्याशङ्क्य परिहरति— **न चेति**। न

उदाहरण— हाय शुक! जब सभी पक्षी स्वच्छन्द होकर उड़ रहे हैं तब तुम्हारा पिंजरे में बन्धन तुम्हारी मीठी-मीठी वाणियों का ही फल है।

दोष को गुण मान लेना और गुण को दोष मान लेना— 'लेश' अलंकार होता है।

उदाहरण का आशय यह है— किसी राजा का विद्वान् पुत्र राजधानी में चिरकाल तक रहता है, उसे देखने के लिये घर में रहने वाले उत्कण्ठित पिता (राजा) द्वारा अप्रस्तुत-प्रशंसा रूप वचन है। [किसी राजा का बहुत सुयोग्य विद्वान् पुत्र था। वह उसे अपनी इच्छानुसार सदैव देखना चाहता था। अतः उसे लम्बे समय तक राजधानी में ही रोक रखा। इसके बाद वह अप्रस्तुत शुकवृत्तान्त से पुत्र को समझाना चाहता है कि उसकी योग्यता गुण ही उसके बन्धन का कारण बन गई है।] उदाहरण के पूर्वार्ध में अन्य पक्षियों का अवक्तृत्व (न बोल पाना रूप) दोष स्वच्छन्द विचरण के अनुकूल होने से गुण मान लिया गया है। और द्वितीयार्ध में मधुरभाषित्व (मीठा-मीठा बोलना रूप) गुण को पिंजरे में बन्धन के हेतु रूप से दोष माना गया है। [पहले में दोष गुण माना गया और दूसरे में गुण दोष माना गया।]

ण्ठितस्य पितुर्दोषगुणयोर्गुणत्वदोषत्वाभिमान एवात्र श्लोके निबद्धः।

यथा वा—

सन्तस्सच्चरितोदयव्यसनिनः प्रादुर्भवद्यन्त्रणाः
सर्वत्रैव जनापवादचकिता जीवन्ति दुःखं सदा।
अव्युत्पन्नमतिः कृतेन न सता नैवासता व्याकुलो
युक्तायुक्तविवेकशून्यहृदयो धन्यो जनः प्राकृतः ॥२३६॥

ह्यत्रेति। व्याजस्तुत्युदाहरणे ह्यत्र नृपनिन्दाव्याजेन वर्णनीयराजस्तुतौ तात्पर्यवदिह विहगान्तरनिन्दाशुकस्तुतिभ्यां विद्वत्पुरुषान्तरनिन्दा-विद्वत्तनयस्तुत्योस्तात्पर्यविरहान्न व्याजस्तुतिरत्र युक्तेत्यर्थः।

क्व तर्हि तात्पर्यमित्यत्राह— किं त्विति। पुत्रदर्शनोत्कण्ठितपितृवचने अस्मिन्नितरविहगानामवक्तृत्वदोषस्यैच्छिकविहारसाधनतया गुणत्वकल्पने मधुरभाषितारूपगुणस्य पञ्जरबन्धहेतुतया दोषत्वकल्पन एव तात्पर्यं, न तु निन्दास्तुत्योरित्यर्थः।

उदाहरणान्तरमाह— सन्त इति। व्यसनिनः = उद्योगिन इत्यर्थः।

व्याजस्तुति का खण्डन—

इस पद्य में व्याजस्तुति अलंकार की शंका नहीं करनी चाहिये। कारण यह है कि इस पद्य में अन्य पक्षियों की स्तुति के व्याज से उनकी निन्दा करने में अथवा शुक की निन्दा के व्याज से उसकी प्रशंसा में कवि का तात्पर्य नहीं है। अपितु पुत्रदर्शन के लिये उत्कण्ठित पिता का दोष में गुणत्व और गुण में दोषत्व का अभिमान ही यहाँ श्लोक में प्रतिपादित है। [भाव यह है कि पुत्रदर्शन के लिये उत्कण्ठित पिता जो कह रहा है उसके वचनों में— अन्य पक्षियों का अवक्तृत्व दोष उनके अभीष्ट विचरण का साधन होने से गुणत्व के रूप में कल्पित किया गया और इस प्रस्तुत शुक के मधुरभाषित्वरूप गुण को पञ्जरबन्धन के हेतु रूप होने से दोषत्व के रूप में कल्पित किया गया है— यही आशय कवि को विवक्षित है न कि किसी की स्तुति या निन्दा। अतः यह लेश का ही उदाहरण समझना चाहिये न कि व्याजस्तुति का।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— सच्चरितोदयव्यसनिनः, प्रादुर्भवद्यन्त्रणाः, सर्वत्र, एव, लोकापवादचकिताः, सन्तः, सदा, दुःखम्, जीवन्ति, अव्युत्पन्नमतिः, न, सता, कृतेन, न, एव, असता, कृतेन, व्याकुलः, युक्तायुक्तविवेकशून्यहृदयः, प्राकृतः, जनः, धन्यः ॥२३६॥

दण्डी त्वत्रोदाजहार —

युवैष गुणवान् राजा योग्यस्ते पतिरूर्जित: ।
रणोत्सवे मनस्सक्तं यस्य कामोत्सवादपि ॥२३७॥
(काव्यादर्श: २।२६९)

चपलो निर्दयश्चासौ जन: किं तेन मे सखि! ।
आग:प्रमार्जनायैव चाटवो येन शिक्षित: ॥२३८॥
(काव्यदर्श: २।२७१)

प्रादुर्भवद्यन्त्रणा इति । यन्त्रणमिह शास्त्रमार्गानतिलङ्घनं तच्छालिन इत्यर्थ: । 'जनापवादचकिता' इत्यनेन आस्तिकता त्यज्यते । अत्र सत्पुरुषसौशील्यविवेकादिगुणस्य सार्वत्रिकदु:खाकुलजीवनसाधनतया दोषत्वस्य प्राकृतजनचारित्रस्य दोषस्य तद्धन्यत्वोक्त्या गुणत्वस्य च कल्पनादिदमपि लेशोदाहरणमिति भाव: ।

सच्चरित के उदय (होने, बनाने) में प्रयासरत, (शास्त्रीय नियमों के) नियन्त्रण से युक्त, सभी स्थानों पर लोकापवाद से चकित (भयभीत) रहने वाले सज्जन लोग सदैव दु:खपूर्वक जीवन बिताते हैं। किन्तु मूर्ख बुद्धि वाला न तो अच्छे कर्म से और न ही बुरे कर्म से व्याकुल होता है अर्थात् दोनों प्रकार के कर्मों का उस पर कोई अलग-अलग प्रभाव नहीं पड़ता है, ऐसा अच्छे और बुरे का भेद न कर सकने वाला प्राकृत (गँवार व्यक्ति) ही धन्य है, भाग्यशाली है।

[इस पद्य में सज्जनों की सुशीलता, सदाचार विवेक आदि गुणों की सदैव दु:खी जीवन के हेतु होने से दोष की कल्पना की गई है और प्राकृत लोगों के चारित्रिक दोष की उनके धन्यत्व गुण की कल्पना की गई है । अत: गुण की दोषत्व-कल्पना और दोष की गुणत्वकल्पना होने से इसमें 'लेश' अलंकार है ।]

दण्डी का 'लेश' सम्बन्धी विचार —

दण्डी ने तो लेश के ये उदाहरण दिये हैं—

अन्वय: — युवा, गुणवान, ऊर्जित:, एष:, राजा, ते, योग्य:, पति:, यस्य, मन:, कामोत्सवाद्, अपि, रणोत्सवे, सक्तम् [विद्यते] ॥२३७॥

असौ, जन:, चपल:, निर्दय:, च, सखि ! तेन, मे, किम्? येन:, आग:- प्रमार्जनाय एव, बहव:, चाटव:, शिक्षिता: ॥२३८॥

[स्वयंवर के समय कोई सखी राजकुमारी को समझा रही है—] हे सखि! युवा, गुणवान् तथा ऊर्जावान् (बलशाली) यह राजा तुम्हारे लिये योग्य पति है। इसका मन कामोत्सव की अपेक्षा रणोत्सव में अधिक लगता है ।

इस पद्य में सखी ने राजा के गुण पहले बतलाये बाद में उसका दोष

अत्राद्यश्लोके राज्ञो वीर्योत्कर्षस्तुतिः कन्याया निरन्तरं भोगं निर्विविक्षोर्दोषत्वेन प्रतिभासतामित्यभिप्रेत्य विदग्धया सख्या राजप्रकोपपरिजिहीर्षया स एव दोषो गुणत्वेन वर्णितः।

उत्तरश्लोके सखीभिरुपदिष्टं मानं कर्तुमशक्तट्यापि तासामग्रतो मानपरिग्रहानुगुणं प्रतिज्ञाय तदनिर्वाहमाशङ्कमानया सखीनामुपहासं परिजिहीर्षन्त्या नायिकया नायकस्य चाटुकारितागुण एव दोषत्वेन वर्णितः।

श्लोकयोः क्रमेण लक्षणमुपपादयति — **अत्रेति** । कामोत्सवादिति ल्यब्लोपे पञ्चमी । कामोत्सवमपेक्ष्येत्यर्थः । तथा च तदतिशयित-रणोत्सवप्रीतिवर्णनेन राज्ञो वीर्यातिशयस्तुतिरित्यर्थः । **दोषत्वेनेति** । युवतिं परित्यज्य यूनोऽन्यत्रासक्तिर्लोके दोषत्वेन प्रसिद्धेति कान्तापरित्यागेन रणोत्सवासक्तिवर्णनेन तस्य शौर्यस्तुतिर्दोषत्वेन भासतामिमित्यभिप्रायेण प्रतिपादनाद्वैदग्ध्यशालिन्या सख्या राजक्रोधपरिहाराय वीर्योत्सेकस्तुतिरूपदोषस्य गुणत्वेन वर्णनादाद्यश्लोक आद्यलेशस्योदाहरणमिति भावः ।

उत्तरश्लोक इति । 'चपलो निर्दयश्चे'ति द्वितीयश्लोके नायिकावाक्ये नायकवृत्तान्तं सदा स्वस्मिन् सापराधमाकर्ण्य सखीभिर्मानवत्या त्वया

भी बतलाया कि यह सदैव युद्ध में व्यस्त रहेगा जिससे तुम्हें अभीष्ट आनन्द देने के लिये इसके पास समय नहीं रहेगा।]

[कोई सखी नायक की ओर से नायिका से प्रार्थना कर उसे मनाने का प्रयास कर रही है। इसके उत्तर में नायिका सखी से कह रही है—] हे सखि ! यह (नायक) बड़ा चंचल तथा निर्दय है— इससे मुझे क्या लेना-देना? इसने तो अपराध क्षमा कराने के लिये ही चाटुकारितायें (चापलूसियाँ) सीखीं हैं।

[इसमें चाटुकारिता रूप गुण को दोष के रूप में वर्णित किया गया है क्योंकि इसकी चाटुकारिताओं के समक्ष नायिका मान करने में अपने को असमर्थ समझती है।]

यहाँ उदाहरणों के प्रथम श्लोक में राजा की वीरता की प्रशंसा निरन्तर भोग की कामना करने वाली कन्या को दोष के रूप में समझ में आ जाये— यह ध्यान में रख कर किसी चतुर बुद्धिमती सखी ने राजा के कोप से बचने की इच्छा से उसी दोष को गुणत्व रूप से वर्णित किया है । [यहाँ युवती की आसक्ति को छोड़कर संग्राम की आसक्ति वर्णन करना दोष है । किन्तु राजा के कोप से बचने

न चाद्यश्लोके स्तुतिर्निन्दापर्यवसायिनी द्वितीयश्लोके निन्दा स्तुतिपर्यवसायिनीति व्याजस्तुतिराशङ्कनीया, राजप्रकोपादिपरिहारार्थमिह निन्दास्तुत्योरन्याविदिततया लेशत एवोद्घाटनेन ततो विशेषादिति ।

भवितव्यं तथा सति विविधसान्त्वनादिभिः स्वयमेव पादयोः पतिष्यतीत्युपदिष्टं मानं तदागमनजनितहर्षादिपरवशतया कर्तुमसमर्थायाः 'मानङ्करिष्यामीति'तासां पुरः प्रतिज्ञाय तदकरणेन सखीनामुपहासं परिहर्तुं नायिकाया विदग्धाया उक्तौ तदीयचाटुकारितागुणस्याग प्रमार्जनैदम्पर्यवर्णनेन दोषत्ववर्णनात् द्वितीयस्य लेशस्येदमुदाहरणं युक्तमेवेति भावः।

ननु, श्लोकयोरनयोर्वीर्योत्सेकस्तुतिर्निर्दयत्वादिकृतनायकनिन्दयोर्निन्दास्तुतिपर्यवसायितया व्याजस्तुतिरेवाच युक्तेत्याशङ्क्य परिहरति — **न चेति** । **राजेति**। स्तुतिनिन्दयोरिह निन्दास्तुतिपर्यवसानस्य विदग्धसखीनायिकावचनप्रतिपादितगुणदोषभाववर्णनरूपलेशतः एव प्रतीतेः 'कस्स्वर्धुनी'त्यादि व्याजस्तुत्युदाहरण इव स्वतो

की इच्छा से उस सखी ने राजा के गुण के रूप में ही संग्रामासक्ति का वर्णन किया है । अतः शूरतारूपी दोष का गुणत्व रूप से वर्णन किया गया है । अतः यह प्रथम भेद का उदाहरण बन जाता है ।]

द्वितीय श्लोक में सखियों द्वारा सिखाये गये मान (रूठना) को करने में असमर्थ होती हुई भी नायिका ने उन सखियों के सामने मान धारण करने के अनुकूल प्रतिज्ञा तो की किन्तु इसको निबाहने में अपने को असमर्थ समझने की शंका करने वाली नायिका अपनी सखियों द्वारा किये जा सकने वाले उपहासों को दूर करने की इच्छा से उसने नायक के चाटुकारिता (चापलूसी करना रूप) गुण को ही दोष के रूप में वर्णित किया। [भाव यह है कि सखियों के सिखाने पर नायिका ने रूठने की प्रतिज्ञा तो कर डाली। किन्तु जब उसे ऐसा आभास हुआ कि चाटुकारी पति की बातों के आगे वह रूठी नहीं रह सकती तब सखियों से कहने लगी कि मेरा नायक तो इतना बड़ा चाटुकार है कि उसके आगे 'मान' (रूठना) धारण करना संभव ही नहीं है। इस प्रकार यहाँ चाटुकारिता गुण को ही उसने दोषत्व रूप से वर्णित किया है।]

यहाँ प्रथम श्लोक में निन्दापर्यवसायिनी स्तुति है और द्वितीय श्लोक में स्तुतिपर्यवसायिनी निन्दा है— इस प्रकार की व्याजस्तुति की शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि (प्रथम श्लोक में) राजा के प्रकोप आदि (द्वितीय श्लोक में सखियों के उपहास) का परिहार करने के लिये इन दोनों ही पद्यों में क्रमशः

वस्तुतस्त्विह व्याजस्तुतिसद्भावेऽपि न दोषः। न ह्येतावता लेशमात्रस्य व्याजस्तुत्यन्तर्भावः प्रसज्यते। तदसङ्कीर्णयोरपि लेशोदाहरणयोर्दर्शितत्वात्। नापि व्याजस्तुतिमात्रस्य लेशान्तर्भावः प्रसज्यते, भिन्नविषयव्याजस्तुत्युदाहरणेषु —

निन्दास्तुतिपर्यवसानाभावान्नेह व्याजस्तुतेरवकाश इति भावः। तत्सद्भावेऽपि व्याजस्तुतिलेशयोरन्योन्यविविक्तविषययोरत्र सङ्करोपपत्तिरित्याह — **वस्तुतस्त्विति** । **दर्शितत्वादिति** । 'अखिलेषु विहङ्गेषु' 'सन्तस्सच्चरितोदये'त्युदाहरणयोः स्तुतिनिन्दाभ्यां निन्दास्तुत्योरनभिव्यक्त्या व्याजस्तुतेस्तत्रावकाशाभावस्य उदाहरणव्याख्यावसरे प्रदर्शनादित्यर्थः ।

नन्वेवमपि व्याजस्तुतौ सर्वत्र लेशप्रसराद्व्याजस्तुतेर्लेशान्तर्भावोऽस्त्वित्याशङ्क्य परिहरति — **नापीति**। **भिन्नविषयेति**। अन्यविषयकनिन्दास्तुतिभ्यामन्यत्र स्तुतिनिन्दापर्यवसानसद्भावेऽपि दोषगुणयोर्गुणदोषभाववर्णनविरहेण

निन्दा तथा स्तुति अन्य को नहीं मालूम हो सकने पर ही निर्वाह संभव है, अतः इनमें 'लेश' अलंकार के द्वारा ही (गुण और दोष का) उद्घाटन होने से व्याज स्तुति की अपेक्षा इसमें भेद है। [भाव यह है कि व्याजस्तुति में तो व्याज से स्तुति और निन्दा की प्रतीति अन्यों को होनी ही चाहिये जब कि इसमें ऐसा नहीं है। अतः उससे यह अलंकार भिन्न है। यदि ऐसा नहीं माना जायेगा तो राजा को अपनी निन्दा की प्रतीति होते ही उस सखी को दण्डित किया जाना अनिवार्य होगा। अतः दोनों में भेद है।]

अप्पय दीक्षित का मत —

[दीक्षित का यह कथन है—] वास्तव में यहाँ व्याजस्तुति के रहने पर भी (संकर अलंकार रहने पर भी) कोई दोष नहीं है । कारण यह है कि ऐसा होने पर 'लेश' का अन्तर्भाव व्याजस्तुति में नहीं किया जा सकता क्योंकि व्याजस्तुति से असङ्कीर्ण (शुद्ध) भी लेश के दोनों प्रकार के उदाहरण दिखलाये जा चुके हैं । [जैसे लेशमात्र का व्याजस्तुति में अन्तर्भाव नहीं हो सकता ठीक इसी प्रकार] व्याज स्तुतिमात्र का भी लेश में अन्तर्भाव नहीं हो सकता । कारण यह है कि जहाँ भिन्न-भिन्न विषय रहते हैं अर्थात् किसी एक की निन्दा की जाती है उससे भिन्न की स्तुति होती है इसी प्रकार किसी एक की स्तुति की जाती है उससे

'कस्त्वं वानर! रामचन्द्रभवने लेखार्थसंवाहकः' । २३९ (अ)
'यद्वक्त्रं मुहुरीक्षसे न धनिनां ब्रू षे न चाटून्मृषा' । २३९ (आ)

इत्यादिषु दोषगुणीकरणस्य गुणदोषीकरणस्य चाभावात् । तत्रान्यगुणदोषाभ्यामन्यत्र गुणदोषयोः प्रतीतेः ।

विषयैक्येऽपि —

इन्दोर्लक्ष्म त्रिपुरजयिनः कण्ठमूलं मुरारिः
दिङ्नागानां मदजलमषीभाञ्जि गण्डस्थलानि ।
अद्याप्युर्वीवलयतिलक! श्यामलिम्नानुलिप्ता-
न्याभासन्ते वद धवलितं किं यशोभिस्त्वदीयैः ? ॥२४०॥

लेशासम्भवाद्व्याजस्तुतेर्लेशालङ्कारान्तर्भावासम्भवादिति भावः । भिन्नविषयव्याजस्तुतेर्लेशासङ्करं प्रतिपाद्य विषयैक्येऽपि तमाह— **विषयैक्येऽपीति** ।

भिन्न की निन्दा होती है — ऐसे उदाहरणों में दोष को गुण बनाना और गुण को दोष बनाना नहीं देखा जाता है जैसा कि (पूर्वोक्त) निम्न उदाहरणों में है —

अन्वयः — रे वानर!, त्वम्, कः? राम-राजभवने, लेखार्थसंवाहकः ॥ (२३९अ)

अन्वयः — यत्, धनिनाम्, वक्त्रम्, न, मुहः, ईक्षसे, मृषा, चाटून्, न, भाषसे॥ (२३९ आ)

"रे वानर! तू कौन है?" राम के राजमहल में मैं सन्देशपत्र ले जाने वाला दूत हूँ" उदहारण सं. २३९ में तथा "जो तुम धनिकों के मुख की ओर बार-बार नहीं देखते हो और न ही झूठी चापलूसी करते हो।" (उदा० २३९ आ।)

इन व्याजस्तुति के (पूर्वोक्त) उदाहरणों में दोष को गुण बना देना और गुण को दोष बनाना नहीं है। [प्रथम में हनुमान् की निन्दा से अन्य वानरों की स्तुति व्यक्त होती है। द्वितीय उदाहरण में 'हरिण की स्तुति से राजसेवा करने से अत्यन्त दुःखी व्यक्ति की अपनी आत्मा की निन्दा व्यक्त होती है।] क्योंकि इन दोनों उदाहरणों में अन्य के गुण और दोष के द्वारा उससे भिन्न में गुण और दोष व्यक्त होते हैं। [इस कारण ऐसी व्याजस्तुति के उदाहरणों का अन्तर्भाव 'लेश' में किया जाना संभव नहीं है।]

(कहीं कहीं स्तुति-निन्दा का) विषय एक होने पर भी व्याजस्तुति का अन्तर्भाव 'लेश' में नहीं किया जा सकता। जैसा कि निम्न उदाहरण में है—

इत्याद्युदाहरणेषु लेशास्पर्शनात्। अत्र हीन्दुलक्ष्मादीनां धवलीकरणाभावदोष एव गुणत्वेन न पर्यवस्यति। किं तु परिसङ्ख्यारूपेण ततोऽन्यत्सर्वं धवलितमित्यन्यो गुणः प्रतीयते।

क्वचिद्व्याजस्तुत्युदाहरणे गुणदोषीकरणसत्त्वेऽपि स्तुतेर्विषयान्तरमपि दृश्यते।

असङ्करमेवोदाहरणे प्रदर्शयति— **अत्रहीति । परिसंख्यारूपेणेति** । इन्दुकलङ्कादिव्यतिरिक्तानां धवलीकरणस्य ऐन्दवकलङ्कादौ धवलिमविरोधिश्यामलतोपरागवर्णनेन धवलिमनिषेधप्रतीतेस्तदतिरिक्तवस्तुधवलीकरणलक्षणगुणान्तरप्रतीतेर्नात्र लेशसंस्पर्श इति भावः।

क्वचिद् व्याजस्तुत्युदाहरणे लेशसद्भावेऽपि स्तुतेरन्यविषयतया नैतत्सङ्कर

अन्वयः — हे उर्वी-वलय तिलक !, इन्दोः, लक्ष्म, त्रिपुरजयिनः, कण्ठमूलम्, मुरारिः, दिङ्नागानाम्, मदजलमषीभाञ्जि, गण्डस्थलानि, अद्य, अपि, श्यामलिम्ना, अनुलिप्तानि, आभासन्ते, (तर्हि) वद, त्वदीयैः, यशोभिः, किम्, धवलितम्? ॥२४०॥

[कोई कवि उसी राजा की निन्दा के व्याज से उसी की स्तुति कर रहा है—] हे भूमण्डल के तिलकस्वरूप राजन्!, चन्द्रमा का कलङ्क, त्रिपुरविजयी शङ्कर जी के कण्ठ का मूलभाग, विष्णु (का सम्पूर्ण शरीर), दिग्गजों के मदजल की मषी (स्याही) वाले गण्डस्थल आज भी कालिमा से युक्त हैं, तब फिर आप ही बतलाइये कि आपके यश ने किस पदार्थ को श्वेत किया है?

इस प्रकार के उदाहरणों में 'लेश' का स्पर्श भी नहीं है, क्योंकि इसमें चन्द्र के कलंक आदि का धवलीकरणाभावरूप दोष ही गुणत्व रूप से पर्यवसित (फलित) नहीं होता है प्रत्युत 'परिसंख्या' रूप से श्लोकोक्त से भिन्न सभी को श्वेत बना दिया— इससे अन्य श्वैल्य गुण ही प्रतीत होता है। [अर्थात् परिसंख्या अलंकार के कारण— चन्द्र के कलंक आदि से भिन्न को धवल करना तथा चन्द्र कलंक आदि को ही कालिमा युक्त करना — इससे चन्द्रकलंकादि में धवलिमा का निषेध फलित होता है। फलतः 'लेश' का संस्पर्श भी संभव नहीं है।]

कहीं-कहीं व्याजस्तुति के उदाहरण में गुण को दोष बना देने पर भी स्तुति का विषय दूसरा व्यक्ति भी देखा जाता है । जैसा कि इसमें है—

यथा —

सर्वदा सर्वदोऽसीति मिथ्या संस्तूयसे बुधैः ।
नारयो लेभिरे पृष्ठं न वक्षः परयोषितः ॥ २४१ ॥

अत्र हि वाच्यया निन्दया परिसङ्ख्यारूपेण ततोऽन्यत्सर्वमर्थिनामभिमतं दीनारादि दीयते इति स्तुत्यन्तरमपि प्रतीयते । एवं च येषूदाहरणेषु

इत्यभिप्रेत्याह — **क्वचिदिति । सर्वदेति** । अत्र सर्वदातृत्वप्रथाया मिथ्यात्वं नारयो लेभिर' इत्युत्तरार्धगताभ्यां वाक्यार्थाभ्यां परिसंख्याविधया समर्थनात्काव्यलिङ्गं परिसंख्या च। ततश्च ताभ्यां निन्दाप्रतीतेस्तया निन्दया पृष्ठभागवक्षोव्यतिरिक्तं सर्वं ददासीति स्तुत्यन्तरप्रतीतिरिति भावः । अत्र सर्वदातृत्वस्य मिथ्यात्ववर्णनेन दोषत्वकल्पनाल्लेशसद्भावेऽपि न तावन्मात्रेण वाच्यकक्ष्यायां व्याजस्तुतेः पर्यवसानम् । किं तु व्यङ्ग्यकक्ष्यायां स्तुतिप्रतीतौ तत्र न लेशावकाश इति व्याजस्तुत्येकदेशे लेशसंस्पर्शेऽप्येकदेशान्तरे तदसंस्पर्शो व्यक्त इति भावः। एवं विविक्तविषयोरनयोः क्वचिदुदाहरणे समावेशे सङ्कर एव। नैकेनापरस्यान्यथासिद्धिरित्यह— **येष्विति** । 'कस्ते शौर्यमदो योद्धु'मित्यादिषु शौर्यमदलक्षणगुणस्य सप्तसप्तिपदश्लेषनिबन्धनदोषत्वकल्पनात्मक-लेशस्य वाच्यनृपनिन्दया तत्स्तुतेश्च प्रतीतेरुभयोरेकवाचकानुप्रवेशसङ्कर इत्यर्थः।

अन्वयः — (हे राजन्!) बुधैः, सर्वदा, सर्वदः, असि, इति, मिथ्या, संस्तूयसे, (यतो हि) अरयः, (तव) पृष्ठम्, न, लेभिरे, परयोषितः, (तव), वक्षः, (न लेभिरे) ॥२४१॥

[कोई कवि राजा की निन्दा के द्वारा उसकी प्रशंसा कर रहा है —] हे राजन्! विद्वान् लोग झूठ मूठ में आपकी यह प्रशंसा करते हैं कि आप सर्वदा सर्वद = सभी कुछ देने वाले हैं। कारण यह है कि आपके शत्रुओं को कभी भी आपका पृष्ठ भाग (पीठ) नहीं मिल सका और न शत्रुस्त्रियों को आपका वक्षःस्थल।

इस पद्य में निन्दा वाच्य है उसके द्वारा परिसंख्या के माध्यम से पद्योक्त दो वस्तुओं (पृष्ठ भाग और वक्षःस्थल) के अतिरिक्त अन्य सभी कुछ जो याचकों को चाहिये दीनार मुद्रा आदि, दे दी जाती हैं, — यह एक अतिरिक्त प्रशंसा भी प्रतीत होती अर्थात् 'ये ही दो वस्तुयें नहीं देते हो और सभी कुछ दे देते हो' यहाँ प्रशंसा फलित होती है [निष्कर्ष यह निकला कि उपर्युक्त जैसे स्थलों में संकर अलंकार होता है वैसा ही यहाँ भी होना चाहिये —

कस्ते शौर्यमदो योद्धु'मित्यादिषु गुणदोषादिषु गुणदोषीकरणादिकमेव व्याजस्तुतिरूपतयावतिष्ठते, तत्र लेशव्याजस्तुत्योस्सङ्करोऽस्तु । इत्थमेव हि व्याजस्तुत्यप्रस्तुतप्रशंसयोरपि प्राक्सङ्करो दर्शितः ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे लेशप्रकरणम् ॥ ७१ ॥

****

७२. अथ मुद्रा —

सूच्यार्थसूचनं[1] मुद्रा प्रकृतार्थपरैः पदैः ।
नितम्बगुर्वी तरुणी दृग्युग्मविपुला च सा ।।१३८।।

नन्वेवंविधः सङ्करः क्वापि न दृष्ट इत्यत आह— **इत्थमेवेति** । 'लावण्यद्रविणव्ययो न गणित' इंत्यत्र व्याजस्तुत्यप्रस्तुतप्रशंसयोरेकवाचकानुप्रवेशसङ्करो दर्शितः॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां लेशप्रकरणम् ।। ७१ ।।

****

मुद्रालङ्कारं लक्षयति — **सूच्यार्थेति** । विवक्षितार्थप्रतिपादनपरैः पदैः

यही लिख रहे हैं —] इस प्रकार जिन उदाहरणों में, जैसे 'कस्ते शौर्यमदस्ते' (उदाहरण सं० १२०) इत्यादि में गुण-दोषादि में केवल गुण-दोषादि ही किये जाते हैं, ये ही व्याजस्तुति रूप से फलित होते हैं, उन स्थलों पर 'व्याजस्तुति' तथा 'लेश' इन दोनों का संकर मान लेना चाहिये । जैसा यहाँ मानना है वैसा ही पहले व्याजस्तुति तथा अप्रस्तुतप्रशंसा के प्रसंग में भी 'संकर' दिखलाया जा चुका है । [अतः लेश से व्याजस्तुति का अथवा व्याजस्तुति से लेश का अन्तर्भाव मानना उचित नहीं है । इन दोनों का संकर मानना ही तर्कसंगत है ।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'लेश' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।। ७१ ।।

****

७२. मुद्रा अलङ्कार —

अन्वयः — प्रकृतार्थपरैः, पदैः, सूच्यार्थप्रकाशनम्, मुद्रा ।
सा, तरुणी, नितम्बगुर्वी, दृग्युग्मविपुला, च ॥१३८॥

---

[1] अयमलङ्कारश्चन्द्रालोके नास्ति ।

अत्र नायिकावर्णनपरेण युग्मविपुलापदेनास्या अनुष्टुभो युग्मविपुलानामत्वरूपसूच्यार्थसूचनं मुद्रा । यद्यप्यत्र ग्रन्थे वृत्तनाम्नो नास्ति सूचनीयत्वं तथाप्यस्योत्तरार्धस्य लक्ष्यलक्षणयुक्तच्छन्दश्शास्त्रमध्यपातित्वेन तस्य सूचनीयत्वमस्तीति तदभिप्रायेण लक्षणं योज्यम् । एवं नवरत्नमालायां

सूचनीयस्यार्थस्य सूचनं मुद्रेत्यर्थः । उत्तरार्धे लक्षणमुपपादयति— **अत्र नायिकेति** । नायिकावर्णनमिह विवक्षितम् । 'दृग्युग्मविपुले'ति नायिकाविशेषणेन तदीयनयनवैपुल्यप्रतिपादनपरेण युग्मविपुलापदेन युग्मविपुलानामिकेयमनुष्टुबित्यनुष्टुबवान्तरभेदनामसूचनान्मुद्रालङ्कार इत्यर्थः । युग्मविपुलारूपानुष्टुभो लक्षणमाहुर्वृत्तलक्षणविदः — 'यस्यां लस्सप्तमो युग्मे सा युग्मविपुला मता ।' इति । यस्याः अनुप्टुभः युग्मे पादे द्वितीये चतुर्थे च पादे सप्तमो वर्णो लघुर्भवति सा युग्मविपुलेति तदर्थः ।

नन्वत्र तरुणीवर्णनप्रस्तावे वृत्तस्यालक्षणीयतया तन्नाम्नः सूचनीयत्वाभावान्नेह मुद्रालङ्कारो युज्य । इत्याक्षिपति — **यद्यपीति** । सत्यम् । नात्र वृत्तनाम सूचनीयम्। तथापि प्रागुक्तविपुलालक्षणश्लोकोत्तरार्द्धे 'यदि नितम्बगुर्वी'त्युत्तरार्धमुदाहरणं

लक्षण — प्रकृत अर्थ (विषय) से सम्बद्ध पदों के द्वारा सूचनीय अर्थ का प्रकाशन 'मुद्रा' अलंकार होता है ।

उदाहरण — वह (नायिका) नितम्बदेश में गुरु (विशाल) आकार वाली और नेत्रद्वय में विशाल है । [भाव यह है कि उस नायिका के नितम्ब भारी तथा नेत्रद्वय विशाल = लम्बे हैं]

इस पद्य में नायिका का वर्णन करने वाले 'युग्मविपुला' पद द्वारा इस (प्रयुज्यमान) अनुष्टुप् का 'युग्मविपुला' नाम है, इस सूचनीय अर्थ की सूचना होने से 'मुद्रा' अलंकार है। [युग्मविपुला अनुष्टुप् का यह लक्षण है — 'यस्यां लः सप्तमो युग्मे सा युग्मविपुला मता' अर्थात् जिस अनुष्टुप् के युग्म अर्थात् द्वितीय और चतुर्थ पादों का सप्तम स्वर लघु होता है उसे 'युग्मविपुला' कहते हैं।] यद्यपि इस (अलंकार-प्रतिपादक) ग्रन्थ में वृत्त = छन्दों का नाम सूचनीय (प्रति- पादनीय) नहीं है तथापि इस कारिका का उत्तरार्ध लक्ष्यलक्षणयुक्त छन्दःशास्त्र के मध्य में आने वाला अर्थात् उसका विषय हो जाने से उस छन्दः की भी सूचनीयता है ही। इसी अभिप्राय से यहाँ लक्षण की योजना करनी चाहिये। [भाव यह है कि प्रस्तुत ग्रन्थ अलंकारविषयक है किन्तु यहाँ कारिका में 'युग्मविपुला' नाम आने से इसे छन्द से संबद्ध भी माना जा सकता है। इसीलिये यहाँ छन्द भी सूचनीय अर्थ

तत्तद्रत्ननामनिवेशनेन तत्तन्नामकजातिसूचनम्। नक्षत्रमालायामग्न्यादि- देवतानामभिः नक्षत्रसूचनमित्यादावयमेवालङ्कारः। एवं नाटकेषु वक्ष्य- माणार्थसूचनेष्वपि।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे मुद्राप्रकरणम् ।।७२।।

****

७३. अथ रत्नावली —

क्रमिकं[१] प्रकृतार्थानां न्यासं रत्नावलीं विदुः ।
चतुरास्यः, पतिर्लक्ष्म्याः, सर्वज्ञस्त्वं महीपते ! ।।१३९।।

भवेत्तदा तत्र वृत्तस्य सूचनीयत्वमस्तीत्यभिप्रेत्यात्र मुद्रालङ्कारोदाहरणमिति परिहरति — तथापीति ।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां मुद्राप्रकरणम् ।।७२।।

****

रत्नावलीं लक्षयति — क्रमिकमिति । प्रकृतार्थानां क्रमिको विन्यासो रत्ना-

---

बन सकता है। इसी आशय के समर्थन में आगे भी लिख रहे हैं—] इसी प्रकार 'नवरत्नमाला' नामक ग्रन्थ में (नौ पद्यों के संग्रह में) उन-उन रत्नविशेषों के नामों का निवेश होने से उन-उन नाम वाली रत्नजातियों की सूचना भी होती है। 'नक्षत्रमाला' (सत्ताईस श्लोकों वाले भगवत्स्तुतिपरक) ग्रन्थ में भी 'अग्नि' आदि देवताओं के नामों से [अश्विनी, भरणी आदि] २७ नक्षत्रों की सूचना होती है। इसी प्रकार नाटकों में भी वक्ष्यमाण (भविष्य में कहे जाने वाले) अर्थ=विषय की सूचना में भी 'मुद्रा' अलंकार होता है। [नाटकों में भावी वृत्तान्त की सूचना देकर कथानक को सरलता से आगे बढ़ाया जाता है। वहाँ किसी पद्य के वर्णन में यह अलंकार मानना चाहिये।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'मुद्रा' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७२।।

****

७३. रत्नावली अलङ्कार —

अन्वयः— पदार्थानाम्, क्रमिकम्, न्यासम्, रत्नावलीम्, विदुः ।
हे महीपतेः !, त्वम्, चतुरास्यः, लक्ष्म्याः, पतिः, सर्वज्ञः, असि ।।१३९।।

---

१. अयमपि चन्द्रालोके नास्ति।

अत्र चतुरास्यादिपदैर्वर्णनीयस्य राज्ञः ब्रह्मविष्णुरुद्रात्मता प्रतीयत इति प्रसिद्धसहपाठानां ब्रह्मादीनां क्रमेण निवेशनं रत्नावली।

यथा वा—

रत्याप्तप्रियलाञ्छने कठिनतावासे रसालिङ्गिते
प्रह्लादैकरसे क्रमादुपचिते भूभृद्गुरुत्वापहे।
कोकस्पर्धिनि भोगभाजि जनितानङ्गे खलीनोन्मुखे
भाति श्रीरमणावतारदशकं बाले! भवत्याः स्तने ॥२४०॥

वलीत्यर्थः। उदाहरणे लक्षणं योजयति— **अत्रेति**। यद्यपि राजवर्णनप्रस्तावादत्र न ब्रह्मादीनां प्रकृतता तथापि राज्ञोऽत्र त्रिमूर्त्यात्मकता वर्णनीयेति तेऽपि प्रकृताः। तेषां च यथाप्रसिद्धि क्रमेण विनिवेशवर्णनादिदमूदाहरणं युक्तमेवेति भावः।

उदाहरणान्तरमाह— **रत्याप्तेति**। अत्र 'रत्याप्तप्रियलाञ्छना'दिपदश्लेषेण मत्स्यादिभगवदवताराणां क्रमविन्यासवर्णनाद्रत्नावलीति भावः।

लक्षण— प्रकृत अर्थों का (प्रसिद्धि के) क्रम से रखना, वर्णन करना, 'रत्नावली' अलंकार होता है।

उदाहरण— हे राजन्! आप चतुरों में श्रेष्ठ (चार मुखों वाले ब्रह्मा) लक्ष्मी के पति (विष्णु) सभी कुछ जानने वाले (सर्वज्ञ शंकर) हो।

इस पद्य में 'चतुरास्य' आदि पदों के द्वारा उस वर्णनीय (प्रकृत) राजा का ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव रूप वाला होना प्रतीत होता है इसलिये प्रसिद्ध और एक साथ पढ़े जाने वाले ब्रह्मा आदि का प्रसिद्ध क्रम के अनुसार ही पाठ होने से 'रत्नावली' अलंकार है।

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— हे बाले!, रत्याप्तप्रियलाञ्छने, कठिनतावासे, रसालिङ्गिते, प्रह्लादैकरसे, क्रमात्, उपचित्रे, भूभृद्गुरुत्वापहे, कोकस्पर्धिनि, भोगभाजि, जनितानङ्गे, खलीनोन्मुखे, भवत्याः, स्तने, श्रीरमणावतारदशकम्, भाति ॥२४२॥

(कोई कवि किसी बालिका के स्तनों में भगवान् के दशों अवतारों का अस्तित्व वर्णित कर रहा है—) हे बालिके तुम्हारे स्तनों में श्रीरमण=विष्णु भगवान् के दशों अवतार सुशोभित हो रहे हैं, जो (स्तन) सुरत काल में प्रिय द्वारा किये गये (दन्तक्षत तथा नखक्षत के) चिन्हों से युक्त है (रति के द्वारा प्राप्त प्रिय कामदेव के चिह्न=मत्स्य से युक्त अर्थात् मत्स्यावतार से युक्त हैं), जो कठिनता के आवास अर्थात् अति कठोर हैं (कच्छप का पृष्ठ देश अति कठोर

यथा वा—

लीलाब्जानां नयनयुगलद्राघिमा दत्तपत्रः
कुम्भावैभौ कुचपरिकरः पूर्वपक्षीचकार ।
भ्रूविभ्रान्तिर्मदनधनुषो विभ्रमानन्ववादी-
द्वक्त्रज्योत्स्ना शशधररुचं दूषयामास यस्याः ॥२४३॥

माना जाता है। अतः कच्छपावतार से युक्त हैं), रसा=पृथिवी से युक्त है (पृथ्वी के द्वारा आलिङ्गित=युक्त वाराहावतार से युक्त हैं।), जो प्रह्लाद=आनन्दरूपी एक रस वाले हैं। (भक्तराज प्रह्लाद में प्रेम रखने वाले हैं, अर्थात् नृसिंहावतार से युक्त हैं) जो क्रमशः बड़े होने वाले हैं। (क्रम=चरण के उठाने से विशालाकार होने वाले अर्थात् वामनावतार से युक्त हैं।) जो भूभृत्=पर्वतों की गुरुता को परास्त करने वाले हैं। (भुभृत्=क्षत्रियों के गौरव का उन्मूलन करने वाले अर्थात् परशुराम से युक्त हैं), जो (आकार में) कोक=चक्रवाक से स्पर्धा करने वाले हैं, (रामावतार में सीतावियोग में व्यथित राम द्वारा चक्रवाक को शाप दिया गया था ऐसे कोकस्पर्धी अर्थात् राम से युक्त हैं), जो भोगों=सुखों को प्रदान करने वाले हैं (भोग=फन से युक्त शेषनाग के अवतारभूत बलराम से युक्त हैं,) जो अनङ्ग कामदेव (कामवासना) को उत्पन्न करने वाले हैं (जो अङ्ग=शरीर की उपेक्षा करने वाली समाधि आदि का आश्रयण लेने वाले अर्थात् बुद्धावतार से युक्त हैं) जो ख=इन्द्रियों में लीन=आसक्त तथा उन्मुख=ऊपर उठे हुये अग्रभाग वाले हैं, (जो खलीन=घोड़े की लगाम पकड़ने में लगे हुये अर्थात् कल्कि अवतार से युक्त हैं)। यहाँ मत्स्यावतार से लेकर कल्कि अवतार-पर्यन्त सभी का क्रमिक वर्णन है। साथ ही प्रकृत अर्थ स्तनों की शोभा का वर्णन भी हो रहा है। अतः 'रत्नावली' अलंकार का उदाहरण है। भगवान् के दश अवतारों का क्रमिक सुन्दर वर्णन जयदेव ने गीतगोविन्द में इस पद्य में किया है—

वेदानुद्धरते, जगन्निवहते, भूगोलमुद्बिभ्रते
दैत्यं दारयते बलिं छलयते क्षत्रक्षयं कुर्वते ।
पौलस्त्यं दलते, हलं कलयते कारुण्यमातन्वते
म्लेच्छान् मूर्छयते दशाकृतिकृते कृष्णाय तुभ्यं नमः ॥

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— यस्याः, नयनयुगल-द्राघिमा, लीलाब्जानाम्, दत्तपत्रः (अस्ति), कुचपरिकरः, ऐभौ, कुम्भौ, पूर्वपक्षीचकार, भूविभ्रान्तिः, मदनधनुषः, विभ्रमान्, अन्ववादीत्, वक्त्रज्योत्स्ना, शशधररुचम्, दूषयामास ॥२४३॥

अत्र पत्रदानपूर्वपक्षोपन्यासानुवाददूषणोद्भावनानि बुधजनप्रसिद्धक्रमेण न्यस्तानि ।

प्रसिद्धसहपाठानां प्रसिद्धक्रमाननुसरणेऽप्ययमेवालङ्कारः ।

यथा वा—

'यस्य वह्निमयो हृदयेषु, जलमयो लोचनपुटेषु, मारुतमयः श्वसितेषु, क्ष्मामयोऽङ्गेष्वाकाशमयस्स्वान्तेषु पञ्चमहाभूतमयो मूर्त इवादृश्यत निहतपतिषु सामन्तान्तःपुरेषु प्रतापः ॥'

क्वचित् क्रमिकाणां प्रसिद्धक्रमाणां तत्क्रमोल्लङ्घनेन विनिवेशेऽपि अयमेवालङ्कार इत्याह— **प्रसिद्धेति** । 'यस्य वह्निमय' इत्युदाहरणे पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशानां प्रसिद्धक्रमोल्लङ्घनेन वह्निजलादिक्रमेण विनिवेशादवापि रत्नावलीति

[कोई कवि नायिका के अङ्गों के उपमानभूत समस्त प्रसिद्ध पदार्थों की तुच्छता बतला रहा है—] इस सुन्दरी के दोनों नेत्रों की विशालता ने लीला कमलों को पत्र दान किया है अर्थात् पत्रों को विशालता नयनों द्वारा दी गई है। इसके कुचपरिकर (स्तन के विशाल गोलाकार) ने हाथी के गण्डस्थलों को पूर्वपक्षी (प्रतिद्वन्द्वी) बना दिया है, भौंहों के विभ्रम ने कामदेव के धनुष के विभ्रमों का अनुवाद किया है अर्थात् उसी प्रकार के हैं और मुख की कान्ति ने चन्द्रमा की कान्ति को दूषित कर दिया है।

इस पद्य में पत्रदान, पूर्वपक्ष में रखना, अनुवाद करना और दूषणों की उद्भावना— ये सभी उसी क्रम से वर्णित की गई हैं जिस क्रम से पण्डितों में प्रसिद्ध हैं, [अतः यहाँ भी 'रत्नावली' अलंकार है। वास्तव में यहाँ अंगों को सही क्रम में नहीं रखा गया है। आँख, कुच, भौंह, मुख— इस क्रम की अपेक्षा, मुख, भौंह, आँख तब कुच का वर्णन किये जाने पर क्रम अधिक अच्छा रहता।]

कहीं-कहीं प्रसिद्ध सहपाठ वालों (एक साथ जिनका पाठ किया जाता है उन) का यदि क्रम से पाठ नहीं भी रहता है तो भी यह अलंकार होता है [क्योंकि लोगों को प्रसिद्ध क्रम का भलीभाँति ज्ञान रहने से वे क्रम का उपपादन स्वयं कर लेते हैं।] जैसा कि इस पद्य में है—

जिस राजा का प्रताप, मारे गये पतियों वाली अन्तःपुर की स्त्रियों में पञ्च महाभूतमय सा दिखाई दे रहा था, उन स्त्रियों के हृदयों में वह्निमय था, लोचनपुटों में जलमय था, श्वासों में मारुतमय था, अङ्गों में क्षमा (=पृथिवी)

एवमष्टलोकपाल-नवग्रहादीनां प्रसिद्धसहपाठानां यथाकथञ्चित् प्रकृतोपमानोपरञ्जकतादिप्रकारेण निवेशने रत्नावल्यलंकार। प्रकृतान्वयं विना क्रमिकतत्तन्नाम्नां श्लेषभङ्ग्या निवेशने क्रमप्रसिद्धिरहितानां प्रसिद्धसहपाठानां नवरत्नादीनां निवेशनेऽप्ययमेवालङ्कारः ।।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे रत्नावलीप्रकरणम् ।।७३।।

****

भावः । **अष्टलोकपालेति ।** 'यः पुरन्दर इवाधिपत्ये, वह्निरिव शुचितायां, दण्डधर इव दण्डे, निर्ऋतिरिव भयोत्पादने, वरुण इव परोपकृतौ, अनिल इव जवे, धनद इव धनसमृद्धौ, ईशान इव मदनमथने धरणिमण्डले व्यराजत। भास्वतालङ्कारेण श्वेतरोचिषा स्मितेन लोहितेनाधरेण सौम्येन दर्शनेन गुरुणा नितम्बेन सितेन दशनेन शनैश्चरेण पादेन त्रिभुवनविजयकेतुना रूपेण तमसा केचन' इत्यादौ

मय था, अन्तःकरणों में आकाशमय था।' भाव यह है कि शत्रुओं की वे नारियाँ जिनके पति मार दिये गये थे उनके हृदयों में क्रोध की ज्वाला दहक रही थी, आँखों में आँसू बर रहे थे, लम्बी-लम्बी साँसें चल रही थीं, अङ्गों में पृथ्वी की जड़ता थी, अन्तःकरणों मे विचारशून्यता थी। पञ्चमहाभूत आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी इस क्रम से प्रसिद्ध हैं। अथवा उल्टे क्रम से प्रसिद्ध हैं किन्तु उक्त गद्यांश में— अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश— ऐसा क्रम है फिर भी पञ्च महाभूतों का क्रम अतिप्रसिद्ध होने के कारण यहाँ क्रम न रहने पर भी 'रत्नावली' अलङ्कार माना जाता है।]

इसी प्रकार अष्ट लोकपाल (इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, मरुत्, कुबेर, ईश— ये पूर्वादिदिशाओं के पालक हैं—अमर १।३।३६) तथा नवग्रह आदि जिनका सहपाठ प्रसिद्ध है, उनका प्रकृत के उपमान अथवा उपरञ्जक (रूपकादि) आदि के रूप में वर्णन करने में 'रत्नावली' अलंकार होता है। प्रकृत के साथ सम्बन्ध न रहने पर भी क्रमशः उन-उन नामों से श्लेष के माध्यम से वर्णन किये जाने पर क्रम से प्रसिद्धि से रहित प्रसिद्ध सहपाठ वाले 'नवरत्न' आदि के वर्णन में भी यह 'रत्नावली' अलङ्कार ही होता है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'रत्नावली' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७३।।

****

७४. अथ तद्गुणः—

तद्गुणस्स्वगुणत्यागादन्यदीयगुणग्रहः[1] ।
पद्मरागायते नासामौक्तिकं तेऽधरत्विषा ।।१४०।।

वर्णनीयराजवनितादेर्ग्रहमयत्वोत्प्रेक्षानिमित्ततया[2] प्रसिद्धसहपाठानां दिक्पालनवग्रहाणां क्रमेण निवेशने अनिवेशने चायमेवालङ्कार इति भावः । सर्वमिदं प्रकृतार्थान्वयेनाप्रकृतार्थानां निवेशने उदाहरणम् । क्वचित्प्रकृतान्वयं विनापि क्रमिकाणां श्लेषभङ्ग्या तत्तन्नाम्ना निर्देशेऽप्येषा सम्भवतीत्याह— **प्रकृतान्वयं विनेति ।।**

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां रत्नावलीप्रकरणम् ।।७३।।

****

तद्गुणालङ्कारं लक्षयति— **तद्गुण इति ।** स्वगुणपरित्यागेनान्यदीयगुणस्वीकारस्तद्गुणः । तस्य गुणोऽत्रास्तीति अन्वर्थनामा तद्गुणालङ्कारः इत्यर्थः । उदाहरणे नासामौक्तिकस्याधरसन्निधानेन पद्मरागायितत्ववर्णनात्स्वीयधावल्यपरित्यागेनारुण्यस्वीकारात् ।

७४. तद्गुण अलङ्कार—

अन्वयः— स्वगुणत्यागात्, अन्यदीयगुणग्रहः, तद्गुणः [अलङ्कारः भवति] ।
नासामौक्तिकम्, ते, अधरत्विषा, पद्मरागायते ।।१४०।।

लक्षण— (एक वस्तु द्वारा) अपना गुण छोड़कर दूसरी वस्तु के गुण को ग्रहण कर लेना 'तद्गुण' अलङ्कार होता है ।

उदाहरण— हे सुन्दरि ! तुम्हारी नाक में पहना गया (सफेद) मोती तुम्हारे अधर की कान्ति के कारण पद्मराग मणि जैसा लाल-लाल लग रहा है ।

---

[1] चन्द्रालोके तु 'तद्गुणस्स्वगुणग्लानावन्यतस्स्वगुणोदयः । पद्मरागारुणं नासामौक्तिकं तेऽधराश्रितम् ।' इति पाठः ।

[2] 'वनितादेरुपमानतया ग्रहमयत्वोत्प्रेक्षानिमित्ततया च' इति ग. पाठः ।

यथा वा—

वीर ! त्वद्रिपुरमणी परिधातुं पल्लवानि संस्पृश्य ।
न हरति वनभुवि निजकररुहरुचिखचितानि पाण्डुपत्रधिया ॥२४४॥

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे तद्गुणप्रकरणम् ।।७४।।

****

उदाहरणान्तरे रिपुरमणीपाणिस्पर्शेन स्वीयारुणिमत्यागात्तदीयनखरुचेः श्वैत्यस्य स्वीकाराच्च उभयत्र तद्गुणालङ्कार इति भावः। पूर्वोदाहरणादत्र पाण्डुपत्रभ्रान्त्या पल्लवानि परिधातुं प्रवृत्तायाः रिपुरमण्यास्तत्परित्यागवर्णनेन विच्छित्तिविशेषः ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां तद्गुणप्रकरणम् ।।७४।।

****

[यहाँ मोती अपने श्वेत गुण का परित्याग करके पद्मराग मणि की लालिमा को धारण कर रहा है। अतः 'तद्गुण' नामक अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण—

अन्वयः— हे वीर !, वनमुवि, त्वद्रिपुरमणी, परिधातुम्, पल्लवानि, संस्पृश्य, निजकररुह-रुचिखचितानि, (तानि पल्लवानि), पाण्डुपत्रधिया, न, हरति ॥२४४॥

हे वीर ! वन में (घूमती हुई) आपके शत्रु की स्त्री पहनने के लिये पल्लवों को हाथ से छूती है किन्तु अपने (हाथ की अंगुलियों के) नाखूनों की (श्वेत) कान्ति से युक्त उन पत्तों को पके पत्ते समझ कर नहीं लेती है अर्थात् छोड़ देती है। [इसमें हरे पत्ते अपनी हरीतिमा छोड़कर रानी के नाखूनों की श्वेतिमा धारण कर लेते हैं जिससे वे पाण्डुवर्ण के लगते हैं। अतः 'तद्गुण' अलङ्कार है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'तद्गुण' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७४।।

****

७५. अथ पूर्वरूपम्—

पुनस्स्वगुणसम्प्राप्तिः पूर्वरूपमुदाहृतम्[१] ।
हरकण्ठांशुलिप्तोऽपि शेषस्त्वद्यशसा सितः ।।१४१।।

यथा वा—

विभिन्नवर्णा गरुडाग्रजेन सूर्यस्य रथ्याः परितः स्फुरन्त्या ।
रत्नैः पुनर्यत्र रुचा रुचं स्वामानिन्यिरे वशकरीरनीलैः ।।२४५।।
(शिशु० ४।१४)

पूर्वरूपालङ्कारं लक्षयति— पुनरिति । प्रथमं स्वगुणत्यागेन स्वीकृतान्यगुणस्य पुनर्निजगुणप्राप्तिः पूर्वरूपमित्यर्थः। उदाहरणे शेषस्य स्वतश्शुभ्रस्य शिवकण्ठांशुसम्पर्कात्परित्यक्तनिजधवलिम्नः स्वीकृततद्वर्णस्य पुनर्यशसा निजरूपप्राप्तिवर्णनात्। द्वितीयोदाहरणे रविरथहयानामरुणवर्णस्वीकारस्य तदनु तत्पग्त्यिागेन गारुत्मतरत्नप्रभास्वीकारेण स्वगुणसम्प्राप्तेः पूर्वरूपमिति भावः ।

७५. पूर्वरूप अलंकार—

अन्वयः— पुनः, स्वगुणसम्प्राप्तिः; पूर्वरूपम्, उदाहृतम् ।
हरकण्ठांशुलिप्तः, अपि, शेषः, त्वद्यशसा, सितः ।।१४१।।

लक्षण— (किसी पदार्थ द्वारा एक़ बार अपने गुण को छोड़ कर) पुनः दुबारा अपने गुण को प्राप्त कर लेना 'पूर्वरूप' अलंकार कहा जाता है।

उदाहरण— हे राजन्! भगवान् शंकर के कण्ठ की नीली किरणों से लिप्त अर्थात् नीला प्रतीत होने वाला भी शेष नाग आपके यश के द्वारा सफेद हो गया। [यहाँ कोई कवि किसी राजा की प्रशंसा में उसके यश का विस्तार इतना अधिक बताना चाहता है कि भगवान् शंकर के गले में लिपटा श्वेत शेषनाग जो कि कण्ठ की कालिमा से काला हो गया था अब राजा के श्वेत यश के प्रभाव से पुनः श्वेत प्रतीत होने लगा है।]

अथवा अन्य उदाहरण (शिशुपालवध ४।१४) —

अन्वयः— गरुडाग्रजेन, विभिन्नवर्णाः, सूर्यस्य, रथ्याः, यत्र, वंश-करीर-नीलैः, रत्नैः, परितः, स्फुरन्त्या, रुचा, पुनः, स्वाम् , रुचम् , आनिन्यिरे ।। २४५ ।।

गरुड़ के अग्रज अरुण (की लाल कान्ति के प्रभाव) से दूसरे वर्ण वाले अर्थात् लाल वर्ण वाले, सूर्य के घोड़े जिस रैवतक पर्वत पर (टगे हुये) बाँसों के

---

[१] 'विज्ञेया पूर्वरूपता' इति चन्द्रालोकपाठः ।

अयमेव तद्गुण इति केचिद् व्याजह्रुः ।

पूर्वावस्थानुवृत्तिश्च[1] विकृते सति वस्तुनि ।
दीपे निर्वापितेऽप्यासीत्काञ्चीरत्नैर्महन्महः ।।१४२।।

लक्षणे चकारात्पूर्वरूपमिति लक्ष्यवाचकपदानुवृत्तिः ।

अयमेवेति । एवकारेण नालङ्कारान्तरं स्वीकर्तव्यमिति व्यवच्छेदः प्रतीयते। केचिदित्यस्वरसोद्भावनाम् । तद्बीजं तु नात्र तद्गुणस्यावकाशः। स्वगुणत्यागेनान्यदीयगुणपरिग्रहे हि तस्य प्रवृत्तिः। न चेह तत्सम्भवः। शेषस्य रविरथहयानां च प्रथमं स्वगुणत्यागेनान्यदीयगुणग्रहणसत्त्वेऽपि पश्चात्स्वगुणत्यागान्यदीयगुणग्रहणयोरभावात्। अत एव 'स्वगुणत्यागादि'ति तद्गुणलक्षणे 'स्वगुणे'त्यत्र समासान्तर्हितगुणगुणिसम्बन्धमात्रमागन्तुकानाग तुकसाधारणं विवक्षितम्। ततश्च 'विभिन्नवर्णा' इत्यादावरुणवर्णसंक्रान्तेरपि स्वीयगुणसंक्रान्तितया तत्परित्यागेनान्यदीयगुणस्वीकारसत्त्वात्तद्गुण एवेति। निरस्तम्। तथापि स्वीयस्यैव गुणस्य प्राप्त्या अन्यदीयगुणाभावेन तद्गुणस्य वक्तुमशक्यत्वादिति।

पूर्वावस्थेति । स्पष्टम् उदाहरणे दीपनिर्वापणेन तमोऽनुवृत्त्या विकृतस्य

करीर = कोपलों के समान हरे रत्नों = मरकतमणियों (पन्नों) द्वारा चारों ओर फैलने वाली अपनी (हरी) कान्ति से पुनः अपनी हरी कान्ति को प्राप्त कर लेते थे। [सूर्य के घोड़े वास्तव में हरे रंग वाले हैं किन्तु अरुण की प्रखर रक्त कान्ति से वे लाल-लाल लगते थे किन्तु उस पर्वत की मरकत मणि के समीप आने पर वहाँ पर मरकतमणियों की हरी कान्ति से वे अश्व पुनः हरे रंग वाले हो जाते थे। इस प्रकार अश्वों द्वारा दुबारा अपना रूप प्राप्त कर लेने से 'पूर्वरूप' अलंकार हैं।]

यह पूर्वरूप अलंकार ही 'तद्गुण' अलंकार है— ऐसा कुछ लोगों ने व्यवहार किया है।

[मम्मट, रुय्यक, पण्डितराज आदि ने इस उदाहरण को 'तद्गुण' का ही माना है। उन्होंने पूर्वरूप अलंकार नहीं माना है।]

पूर्वरूप का द्वितीय भेद —

अन्वयः— वस्तुनि, विकृते, सति, पूर्वावस्थानुवृत्तिः, च, [पूर्वरूपम्, अलंकारः]
दीपे, निर्वापिते, काञ्चीरत्नैः, महन्महः, आसीत् ।।१४२।।

---

[1] 'यद्वस्तुनोऽन्यथारूप तथा स्यात्पूर्वरूपता।' इति चन्द्रालोकपाठः।

यथा वा —

द्वारं खड्गिभिरावृतं बहिरपि प्रस्विन्नगण्डैर्गजै-
रन्तः कञ्चुकिभिः स्फुरन्मणिधरैरध्यासिता भूमयः ।
आक्रान्तं महिषीभिरेव शयनं त्वद्विद्विषां मन्दिरे
राजन् ! सैव चिरन्तनप्रणयिनी शून्येऽपि राज्यस्थितिः॥२४६॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां पूर्वरूपप्रकरणम् ।।७५।।

****

गृहादेः काञ्चीरत्नकान्तिभिः दीपसन्निधानकालिकानन्धकारितालक्षणपूर्वावस्थानुवृत्तेर्लक्षणानुगतिः स्पष्टेति ।

उदाहरणान्तरमाह— द्वारमिति । खड्गिभिः = खड्गपाणिभिः पूर्वमावृत्तं सम्प्रत्यपि खड्गिभिरेव = खड्गमृगैरेव । गजैः = वनगजैः । कंचुकिभिः = दौवारिकैः भुजङ्गैश्च। महिषीभिः = पट्टस्त्रीभिः वनमहिषीभिश्च । एवमत्र श्लेषमहिम्ना राज्यस्थितेः पूर्वावस्थावर्णनादिहापि पूर्वरूपमिति भावः ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां पूर्वरूपप्रकरणम् ।। ७५ ।।

****

लक्षण — वस्तु के विकृत हो जाने पर भी दुवारा पूर्व जैसी स्थिति वनी रहना भी 'पूर्वरूप' अलंकार का भेद होता है।

उदाहरण — दीपक बुझा देने पर भी (नायिका की) करधनी के रत्नों से बहुत अधिक प्रकाश बना रहा। [दीपक जलने पर प्रकाश था। बुझा देने पर भी रत्नों के कारण प्रकाश बना रहा। अतः पूर्व की स्थिति वनी रहने से 'पूर्वरूप' अलंकार है।]

कारिकास्थित लक्षण में 'च' के प्रयोग से 'पूर्वरूप' इस लक्ष्यवाचक पद की अनुवृत्ति होती है (जिससे प्रस्तुत प्रकार का भी 'पूर्वरूप' होना सिद्ध है।)

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे राजन् ! त्वद्विद्विषाम् , मन्दिरे, शून्ये, अपि, चिरन्तन- प्रणयिनी, राज्यस्थितिः, वर्तते, (यतो हि) द्वारम्, खड्गिभिः, आवृतम्, वहिः, अपि, प्रस्विन्नगण्डेः, गजैः (आवृतम्), अन्तः, भूमयः, स्फुरन्मणिधरैः कञ्चुकिभिः, (आवृतम), शयनम्, महिषीभिः, एव, आक्रान्तम् ॥२४६॥

(इस पद्य में कोई कवि राजा द्वारा परास्त कर अधीन वनाये गये शत्रु

---

७६. अथ अतद्गुणः —

सङ्गतान्यगुणानङ्गीकारमाहुरतद्गुणम् ।
चिरं[१] रागिणि मच्चित्ते निहितोऽपि न रञ्जसि ।।१४३।।

अतद्गुणं लक्षयति — संगतेति । गुणवत्सन्निधावपि तदीयगुणानङ्गीकारोऽतद्गुण इत्यर्थः। उदाहरणयोः रागिचित्तसन्निधानेऽपि तदीयरागास्वीकारात् श्याम-

---

राजा की राज्यस्थिति का वर्णन कर रहा है—) हे राजन्! आपके शत्रुओं के महल सूनसान होने पर भी राज्य की स्थिति वही पुरानी जैसी ही बनी हुई है क्योंकि दरवाजा खड्गियों (खड्गधारी रक्षकों, गैंडों) से घिरा हुआ है, (उनके) बाहरी स्थान भी बहते हुये मदजल वाले गजों (जंगलों हाथियों) से युक्त है, अन्तःपुर की भूमि कञ्चुकी मणिधरों (मणियाँ पहने हुये कञ्चुकियों, मणिधारी सर्पों) द्वारा अधिष्ठित हैं, शय्यायें महिषियों (महारानियों, भैंसों) से आक्रान्त = व्याप्त हैं।

[इस पद्य में श्लेष के माध्यम से शत्रुराजा के महल की बाहरी तथा भीतरी दशा का वर्णन करते हुये उसकी पूर्व अवस्था का वर्णन किये जाने से 'पूर्वरूप' अलंकार है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'पूर्वरूप' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७५।।

****

७६. अतद्गुण अलङ्कार —

अन्वयः — संगतान्यगुणानङ्गीकारम्, अतद्गुणम्, आहुः ।
रागिणि, मच्चित्ते, चिरम्, निहितः, अपि, न, रञ्जसि ।।१४३।।

लक्षण — साथ में सम्बद्ध [किसी गुणवान् भी] अन्य पदार्थ के गुणों को स्वीकार न करना (अपने ऊपर उनका प्रभाव न पड़ने देना) को 'अतद्गुण' अलङ्कार कहते हैं।

हे प्रिय ! रागयुक्त मेरे चित्त में दीर्घकाल से स्थापित किये गये भी तुम रागयुक्त नहीं हो रहे हो । [चित्त अनुरागी = प्रेमयुक्त, लालिमायुक्त है, उसके सम्पर्क में रहता हुआ भी नायक किसी नायिका के प्रति अनुरक्त = प्रेमयुक्त, लालिमायुक्त नहीं हुआ है । उस पर वह दुःख प्रकट करती हुई कह रही है।

---

[१] 'विशन्नपि रवेर्मध्यं शीत एव सदा शशी।' इति चन्द्रालोकपाठः।

यथा वा —

गण्डाभोगे विहरति मदैः पिच्छिले दिग्गजानां
वैरिस्त्रीणां नयनकमलेष्वञ्जनानि प्रमार्ष्टि ।
यद्यप्येषा हिमकरकराद्वैतसौवस्तिकी ते
कीर्तिर्दिक्षु स्फुरति तदपि श्रीनृसिह्मक्षितीन्द्र! ॥२४७॥

ननु चान्यगुणेनान्यत्र गुणोदयानुदयरूपाभ्यामुल्लासावज्ञालंकाराभ्यां तद्गुणातद्गुणयोः को भेदः ?

रूपाश्रयदिग्गजमदाकीर्णगण्डाभोगवैरिस्त्रीनयनकमलाञ्जनसम्बन्धेऽपि यशसि तदीयगुणश्यामिकास्वीकाराल्लक्षणसङ्गतिः ।

ननु 'अपि मां पावयेत्साध्वी'त्युल्लासालङ्कारे पतिव्रतामाहात्म्यलक्षणगुणेन गङ्गायाः पावनत्वलक्षणगुणोदयवर्णनात् तद्गुणस्य न ततो भेदः । 'स्वल्पमेवाम्बु लभत' इत्यत्र पयोनिधिसलिलसमृद्धिलक्षणगुणेन प्रस्थे तत्समृद्ध्यभाववर्णनात्मनोऽव-

---

यहाँ चित्त रागी है नायक उससे सम्बद्ध होता हुआ भी रागी = प्रेमी नहीं बना। अतः गुण ग्रहण न करने से 'अतद्गुण' अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे राजन् नृसिह्म !, यद्यपि, एषा, ते, कीर्तिः, मदैः, पिच्छिले, गण्डाभोगे, विहरति, वैरिस्त्रीणाम् , नयनकमलेषु, अञ्जनानि, प्रमार्ष्टि, तदपि, हिमकरकराद्वैत-सौवस्तिकी, दिक्षु स्फुरति ॥ २४७ ॥

हे नृसिह्म महाराज ! आपकी यह कीर्ति यद्यपि दिग्गजों के मदजल से पङ्कयुक्त बने गण्डस्थल पर विहरण करती है और शत्रु राजाओं की स्त्रियों के नयनकमलों में अञ्जन (काजल) को पोंछती है तथापि चन्द्रमा की किरणों के अद्वैतभाव (अभिन्नता) की स्वस्ति (कुशल) करने वाली होकर अर्थात् चन्द्रमा की किरणों की श्वेतिमा से युक्त होकर सारी दिशाओं में स्फुरित = प्रकाशित हो रही हैं। [यहाँ दिग्गजों के मदजल भरे गण्डस्थलों में रहती हुई, तथा शत्रुराजमहिषियों के नेत्रों के काजल को पोंछती हुई भी, उन दोनों के सम्पर्क में आती हुई भी उनके श्यामलत्व गुण को नहीं धारण करती है। अतः 'अतद्गुण' अलङ्कार है।]

उल्लास और तद्गुण का तथा अवज्ञा और अतद्गुण का भेद —

प्रश्न यह है कि किसी एक पदार्थ के गुण से दूसरे पदार्थ में गुण का उत्पन्न होना 'उल्लास' अलङ्कार है, इसी प्रकार [एक पदार्थ के गुण से अन्य पदार्थ में] गुण का उदय न होना 'अवज्ञा' अलंकार है, इन दोनों से 'तद्गुण'

उच्यते। उल्लासावज्ञालक्षणयोः गुणशब्दो दोषप्रतिपक्षवाची। अन्यगुणेनान्यत्र गुणोदयानुदयौ च न तस्यैव गुणस्य संक्रमणासंक्रमणे। किं तु सद्गुरूपदेशेन सदसच्छिष्ययोर्ज्ञानोत्पत्त्यनुत्पत्तिवत्तद्गुणजन्यत्वेन सम्भावितयोर्गुणान्तरयोरुपत्त्यनुत्पत्ती। तद्गुणातद्गुणयोः पुनः गुणशब्दो

ज्ञालङ्कारादतद्गुणस्य भेदो न सम्भवतीत्याक्षिपति— **नन्विति । उल्लासेति ।** तल्लक्षणयोर्गुणशब्दस्य दोषविपरीतधर्मरूपगुणवाचकता। इह तु रूपादिलक्षणगुण-वाचकता। किं च, तयोर्नान्यगुणसंक्रमेणासंक्रमणे अन्यगुणस्यान्यत्र न संक्रमासंक्रमौ। किं तु तद्गुणाधीनगुणान्तरोत्पादानुत्पादौ। इह पुनरन्यगतरूपादिलक्षणगुणसंक्रमणे इति नानयोस्ताभ्यामभेदप्रसक्तिरिति भावः।

और 'अतद्गुण' का क्या भेद है? [क्योंकि तद्गुण में एक पदार्थ का गुण दूसरे पदार्थ में उत्पन्न हो जाता है और 'अतद्गुण में उत्पन्न नहीं होता है। अतः प्रस्तुत दोनों को अलग से मानने का औचित्य क्या है?]

इसका उत्तर यह है कि 'उल्लास' तथा 'अवज्ञा', अलङ्कारों के लक्षण में 'गुण' शब्दा दोष के प्रतिपक्ष = विरोधी का वाचक है । अतः इनमें अन्य के गुण से अन्य में गुण का उदय अथवा अनुदय का तात्पर्य उसी गुणविशेष का संक्रमण होना अथवा संक्रमण न होना नहीं है, अर्थात् रंग जाना अथवा न रंग जाना नहीं है अपितु जिस प्रकार सद्गुरु के उपदेश द्वारा सत् शिष्य में ज्ञान का उदय होता है और असत् शिष्य में ज्ञान का उदय नहीं होता है उसी प्रकार किसी एक वस्तु विशेष के गुण के कारण जन्यत्व रूप से संभावित दूसरे गुण की उत्पत्ति और अनुत्पत्ति होती है अर्थात् 'उल्लास' में उस संभावित गुण की उत्पत्ति होती है और 'अवज्ञा' में उत्पत्ति नहीं होती है' (इस प्रकार इन दोनों का गुण शब्द दोष के विरोधी अर्थ का वाचक माना जाता है।) किन्तु 'तद्गुण' तथा 'अतद्गुण' में गुण शब्द रूप, रस आदि प्रसिद्ध गुणों का वाचक माना जाता है। इन (तद्गुण तथा अतद्गुण के लक्षणों) में अन्य सम्बन्धी गुण को धारण कर लेना अथवा धारण न करना — इनका तात्पर्य है 'अन्य वस्तु के गुण से अनुरंजित होना अथवा अनुरंजित न होना उसी प्रकार से होता है जिस प्रकार से किसी लाल पदार्थ से (श्वेत) स्फटिक की लालिमा होती है तथा मलिन वस्त्र आदि की लालिमा नहीं देखी जाती है। [स्फटिक स्वभावतः श्वेत होता है परन्तु रक्त आदि पदार्थ के साथ रखने पर लाल-लाल दिखाई देता है, वह सम्बद्ध वस्तु के गुण को लेता है। किन्तु किसी से सम्बद्ध होने पर भी

रूपरसगन्धादिगुणवाची। तत्रान्यदीयगुणग्रहणाग्रहणे च रक्तस्फटिकवस्त्र-मालिन्यादिन्यायेन अन्यदीयगुणेनैवानुरञ्जनाननुरञ्जने विवक्षिते। तथैव चोदाहरणानि दर्शितानि।

यद्यप्यवज्ञालंकृतिरतद्गुणश्च विशेषोक्तिविशेषावेव — 'कार्याजनिर्विशेषोक्तिस्सति पुष्कलंकारणे।' इति तत्सामान्यलक्षणाक्रान्तत्वात्, तथाप्युल्लास-तद्गुणप्रतिद्वन्द्विना विशेषाकारेणालङ्कारान्तरतया परिगणिताविति ध्येयम् ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अतद्गुणप्रकरणम् ॥ ७६ ॥

****

ननु तथापि गुणवद्वस्तुसन्निधिलक्षणकारणसद्भावेऽपि गुणानुदयस्यावज्ञालङ्कारातद्गुणयोः सद्भावाद्विशेषोक्तितो भेदो न घटत इत्याक्षिपति — **यद्यपीति।**

मलिन वस्त्र में कोई गुण नहीं आता है। यही स्थिति गुण के ग्रहण और अग्रहण में देखनी चाहिये। यदि रंग का प्रभाव पड़ता है तो गुणग्रहण होता है यदि प्रभाव नहीं पड़ता है तो गुण का ग्रहण नहीं होता है। [उदाहरण भी ऊपर इसी प्रकार के दिखाये गये हैं । जैसे अतद्गुण में कीर्ति मदजलादि के श्यामत्व गुण को ग्रहण नहीं करती है । तद्गुण के उदाहरण में अधरकान्ति के रक्त गुण को नाक का मोती ग्रहण कर लेता है । अतः इन्हें स्वतन्त्र अलङ्कार ही मानना तर्कसंगत है ।]

विशेषोक्ति संभव रहने पर भी पार्थक्य का औचित्य —

यद्यपि 'अवज्ञा' और 'अतद्गुण' अलंकार विशेषोक्ति के ही विशेष भेद हैं क्योंकि विशेषोक्ति का सामान्य लक्षण है— 'पर्याप्त कारण रहने पर भी कार्य की उत्पत्ति न होना।'' [अतः गुणग्रहण के कारण रहने पर भी ग्रहण रूप कार्य नहीं होने से 'विशेषोक्ति' में ही इनका अन्तर्भाव उचित है क्योंकि] विशेषोक्ति का उपर्युक्त सामान्य लक्षण इनमें घटित होता है तथापि 'उल्लास' तथा 'तद्गुण' अलंकारों के विरोधी विशेष आकार (स्वरूप, लक्षण) वाले होने के कारण इन दोनों (अवज्ञा और अतद्गुण) को स्वतन्त्र पृथक् अलंकार के रूप में माना गया है।

विमर्श — 'पुष्कल कारण रहने पर भी कार्य की उत्पत्ति न होना विशेषोक्ति' अलंकार माना जाता है। यह लक्षण 'अवज्ञा' और 'अतद्गुण' इन

७७. अथ अनुगुणः —

[१]प्राक्सिद्धस्वगुणोत्कर्षोऽनुगुणः परसन्निधेः ।
नीलोत्पलानि दधते कटाक्षैरतिनीलताम् ॥१४४॥

तथापीति। उल्लास-तद्गुणप्रतिद्वन्द्विना रूपेणालङ्कारान्तरतया अनयोः परिगणनमिति भावः। एतत्तत्त्वमस्माभिः अवज्ञालङ्कारप्रस्तावे प्रपञ्चितं न विस्मर्तव्यम् ॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां अतद्गुणप्रकरणम् ॥ ७६ ॥

****

अनुगुणालङ्कारं लक्षयति — प्रागिति । सजातीयगुणवदन्यसन्निधानात्

पर भी घटित होता है, क्योंकि 'अवज्ञा' में कहा गया है— 'यदि गुणदोष के द्वारा गुण-दोष उत्पन्न न होते हों तो यह 'अवज्ञा' अलंकार होता है। कारण है किन्तु कार्य नहीं होता है अतः विशेषोक्ति घटती है। 'अतद्गुण' में भी सगत वस्तु के गुण को अन्य वस्तु स्वीकार नहीं करती है तब 'अतद्गुण' होता है। यहाँ भी विशेषोक्ति घटित होती है। तब इन दोनों को स्वतन्त्र क्यों माना जाय? इसका समाधान यह है कि यदि 'उल्लास' माना जाता है तो उसका विरोधी 'अवज्ञा' अलंकार और यदि 'तद्गुण' माना जाता है तो उसका विरोधी 'अतद्गुण' भी मानना चाहिये। इसीलिये पण्डितराज प्रभृति अधिकांश आचार्यों ने इन्हें स्वतन्त्र अलङ्कार मानकर विवेचन किया है।

॥ इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अतद्गुण' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ॥७६॥

****

७७. अनुगुण अलङ्कार —

अन्वयः — परसन्निधेः, प्राक्सिद्धस्वगुणोत्कर्षः, अनुगुणः, (अलङ्कारो भवति)।
नीलोत्पलानि, कटाक्षैः, अतिनीलताम्, दधते ॥१४४॥

---

[१] केचितु चन्द्रालोके 'प्राक्सिद्धिरस्वगुणोत्कर्षोऽनुगुणः परसन्निधेः।' इति पठन्तः 'परसन्निधानादनुगुणस्वगुणोत्कर्षवर्णनं प्राक्सिद्धिर्नामालङ्कार' इति व्याचख्युः।

यथा वा —

कपिरपि च कापिशायनमदमत्तो वृश्चिकेन सन्दष्टः ।
अपि च पिशाचग्रस्तः किं ब्रू मो वैकृतं तस्य? ॥ २४८ ॥

अत्र कपित्वजात्या स्वतस्सिद्धस्य वैकृतस्य मद्यसेवादिभिरुत्कर्षः ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे अनुगुणप्रकरणम् ॥ ७७ ॥

****

प्राग्विद्यमानस्वीयगुणोत्कर्षवर्णनमनुगुणालङ्कार इत्यर्थः। उदाहरणे नीलोत्पलानां स्वतो नीलानामतिनीलकटाक्षसन्निधानान्नैल्यातिशयवर्णनाल्लक्षणानुगमः स्फुटः। उदाहरणान्तरे लक्षणमुपपादयति — **अत्र कपित्वेति** ।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां अनुगुणप्रकरणम् ।।७७।।

****

लक्षण — किसी अन्य वस्तु की सन्निधि (सम्कन्ध) के कारण पहले से सिद्ध अपने गुण का उत्कर्ष (वर्णित होना) 'अनुगुण' अलंकार होता है।

उदाहरण — [किसी नायिका द्वारा आभूषण के रूप में कानों में लटकाये गये] नीलकमल [उस नायिका के] कटाक्षों के कारण और अधिक नीलिमा धारण कर रहे हैं। [नेत्र नीले हैं, कटाक्ष नीले हैं अतः इनके संसर्ग से कमलों की अपनी नीलिमा और अधिक बढ़ जाती है। अतः 'अनुगुण' अलंकार का उदाहरण बन जाता है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः— कपिः, अपि च, कापिशायनमदमत्तः, (अथ च) वृश्चिकेन, सन्दष्टः, अपि च, पिशाचग्रस्तः, तस्य, वैकृतम्, किम्, ब्रूमः? ॥२४८॥

पहले तो वानर, वह भी मदिरा के मद से मत, अर्थात् शराब पी चुका हो, उसके बाद बिच्छू द्वारा काट लिया गया हो, उस पर भी पिशाच से आक्रान्त हो तब उसके विकार (चञ्चल स्वभाव) के विषय में क्या कहें?

[कपि की चञ्चलता स्वभावसिद्ध है। उस पर मदिरा का पान, बिच्छू द्वारा डंक मारा जाना— इन सभी से उसके चाञ्चल्य गुण की वृद्धि = उत्कर्ष होता जाता है। अतः यहाँ 'अनुगुण' अलंकार है।]

कपित्व जाति के कारण स्वतः सिद्ध वैकृत = विकार = चाञ्चल्य का उत्कर्ष मद्यसेवा आदि से बढ़ जाता है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'अनुगुण' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७७।।

****

७८. अथ मीलितम् —

मीलितं[1] यदि सादृश्याद् भेद एव न लक्ष्यते ।
रसो नालक्षि लाक्षायाश्चरणे सहजारुणे ।।१४५।।

यथा वा —

मल्लिकामाल्यभारिण्यस्सर्वाङ्गाणार्द्रचन्दनाः ।
क्षौमवत्यो न लक्ष्यन्ते ज्योत्स्नायामभिसारिकाः ।।२४९।।

अत्राद्ये चरणालक्तकरसयोररुणिमगुणसाम्याद्भेदानध्यवसायः ।

मीलितालङ्कारं लक्षयति — मीलितमिति । सदृशयोर्वस्तुनोऽसादृश्यात्

७८. मीलित अलङ्कार —

अन्वयः — यदि, सादृश्यात्, भेदः, एव, न, लक्ष्यते, (तदा) मीलितम् ।
सहजारुणे, चरणे, लाक्षायाः, रसः, न, अलक्षि ।।१४५।।

लक्षण — (दो अत्यन्त समान वस्तुओं में) यदि सादृश्य के कारण भेद की प्रतीति ही न होती हो, दोनों एक सी ही दिखाई पड़ रही हों तो 'मीलित' अलङ्कार होता है।

उदाहरण — (उस नायिका के) स्वभावतः रक्त वर्ण वाले चरण में लाक्षा रस (महावर का रंग) (अलग से) नहीं दिखाई पड़ता है। (चरण की लालिमा और लाक्षा की लालिमा अलग-अलग हैं किन्तु मिल जाने पर भी उनका भेद = पार्थक्य प्रतीत नहीं होने से 'मीलित' अलंकार है ।)

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — मल्लिकामाल्य-भारिण्यः, सर्वाङ्गीणार्द्रचन्दनाः, क्षौमवत्यः, अभिसारिकाः, ज्योत्स्नायाम्, न, लक्ष्यन्ते ।।२४९।।

मल्लिका के फूलों की मालाओं से लदी हुईं, सम्पूर्ण शरीर में गीला चन्दन लगाये हुई श्वेत रेशमी वस्त्र पहने हुई अभिसारिकायें चाँदनी में (अलग से) नहीं दिखाई पड़ती हैं।

प्रथम उदाहरण में चरण तथा महावर के रस का लालिमा गुण एक समान है अर्थात् दोनों लाल-लाल ही हैं इस कारण उनके भेद का निश्चय नहीं हो पाता है।

---

[1] अयं चन्द्रालोके अनुक्तः।

द्वितीयोदाहरणे चन्द्रिकाभिसारिकाणां धवलिमगुणसाम्याद्भेदानध्यवसायः।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे मीलितप्रकरणम् ॥७८॥

****

७९. अथ सामान्यम् —

सामान्यं[१] यदि सादृश्याद्विशेषो नोपलक्ष्यते।
पद्माकरप्रविष्टानां मुखं नालक्षि सुभ्रुवाम् ॥१४६॥

भेदानभिव्यक्तौ मीलितमित्यर्थः। उदाहरणयोर्लक्षणमुपपादयति — अत्राद्य इति। चरणस्य स्वभावारुणतया अलक्तकरसानुरागेऽपि तयोररुणिमगुणस्योत्कर्षापकर्षयोरभावेन तत्साम्यात् भेदानभिव्यक्तिः। अत्र 'सहजारुण' इति चरणविशेषणं भेदानभिव्यक्तिहेतुत्वोपपादकम्। **द्वितीयेति**। तत्र ज्योत्स्नाभिसारिकाणां धवलप्रसाधनानामभिसरणसाधनानां भेदानभिव्यक्तिहेतुत्वाभिप्रायगर्भाणि 'मल्लिके'त्यादीनि त्रीणि विशेषणानि। ततश्च धवलिमगुणसाधारण्यादभिसारिकाणां चन्द्रिकायाश्च भेदानुपलम्भ इति भावः ॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां मीलितप्रकरणम् ॥ ७८ ॥

****

सामान्यालङ्कारं लक्षयति — **सामान्यमिति**। यदनेकस्य वस्तुनः साम्येन

दूसरे उदाहरण में चाँदनी और (वस्त्रादिवेष्टित) अभिसारिकाओं में श्वेत गुण की समानता है, दोनों अत्यन्त श्वेत हैं इस कारण उन दोनों का भेद नहीं ज्ञात हो पाता है।

[मीलित नाम का तात्पर्य है कि दो परस्पर समान वर्ण वाली वस्तुओं का एक में मिल जाना। उदाहरणों में दो-दो वस्तुयें हैं किन्तु गुणसादृश्य के कारण उनका भेद = पार्थक्य लक्षित नहीं हो पाता है।]

॥ इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'मीलित' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ॥७८॥

****

७९. सामान्य अलङ्कार —

अन्वयः — [अनेकवस्तूनाम्] सादृश्यात्, यदि, विशेषः, न, उपलक्ष्यते, (तदा) सामान्यम्।

पद्माकरप्रविष्टानाम्, सुभ्रुवाम्, मुखम्, न, अलक्षि ॥१४६॥

---

[१] अयमपि इमौ चन्द्रालोके अनुक्तः।

यथा वा —

रत्नस्तम्भेषु संक्रान्तैः प्रतिबिम्बशतैर्वृतः ।
लङ्केश्वरस्सभामध्ये न ज्ञातो बालिसूनुना ॥२५०॥

मीलितालङ्कारे एकेनापरस्य भिन्नस्वरूपानवभासरूपं मीलनं क्रियते। सामान्यालङ्कारे तु भिन्नस्वरूपावभासेऽपि व्यावर्तकविशेषो नोपलक्ष्यत इति भेदः ।

व्यावर्तकधर्मानुपलम्भस्तत्सामान्यं नामालङ्कारं इत्यर्थः । उदाहरणयोः सरःप्रविष्टाङ्गनामुखाना पद्मानां च साधारणधर्मवत्तया व्यावर्तकधर्मादर्शनात्, रत्नस्तम्भरावणप्रतिबिम्बानां बिम्बसादृश्यात्, परस्परबिम्बप्रतिबिम्बव्यावर्तकधर्मानुपलम्भाच्च लक्षणानुगतिरिति भावः।

ननु , भेदानध्यवसायस्य साम्यान्मीलितादस्य को भेद इत्यत आह — **मीलितेति।** मीलितालङ्कारे सर्वात्मना भेदस्यैव सामान्यधर्मनिबन्धनस्य तत्तद्व्यक्तित्वादिविशेषनिबन्धनस्य चानुपलम्भः। अत एव मीलितमित्यन्वर्थं नाम, भेदस्वरूपस्य सर्वथैव तिरोधानात्। सामान्ये तु व्यक्तीनां परस्परभेदावगमेऽपि परस्परव्यावर्तकधर्मानुपलम्भमात्रं सादृश्यादुपनिबध्यते। मुखानां कमलानां च बिम्बप्रतिबिम्बानां च परस्परव्यावर्तकधर्मास्फुरणस्यैव प्रतीतेरिति भावः।

लक्षण — सादृश्य के कारण यदि अनेक वस्तुओं का विशेष (भेद, अन्तर) नहीं लक्षित होता है तो 'सामान्य' अलङ्कार होता है।

उदाहरण — कमलों के तालाब में प्रविष्ट सुन्दरियों का मुख (अलग से) नहीं दिखाई दे रहा है। [कमल और मुख दोनों एक समान हैं। तालाब में कमलों के मध्य मुख अलग से नहीं समझ में आ पा रहे हैं, अर्थात् कमल और मुख एक जैसे ही प्रतीत हो रहे हैं।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — रत्नस्तम्भेषु, संक्रान्तप्रतिबिम्बशतैः, वृतः, लङ्केश्वरः, बालिसूनुना, सभामध्ये, न, ज्ञातः ॥२५०॥

रत्नजटित खम्भों में संक्रान्त सैकड़ों प्रतिबिम्बों (परछाइयों) से युक्त रावण को सभा के मध्य में बालिपुत्र अंगद अलग से नहीं पहचान सके। [सभी प्रतिबिम्ब और बिम्ब = वास्तविक मुख एक समान ही थे। उनमें मिला हुआ दशानन कौन है— यह अंगद को नहीं मालूम हो सका। अतः यहाँ 'सामान्य' अलङ्कार है।]

मीलित तथा सामान्य में भेद —

'मीलित' अलंकार में एक वस्तु द्वारा दूसरी वस्तु के भिन्न स्वरूप का

मीलितोदाहरणे हि सहजारुण्याच्चरणोदेर्वस्त्वन्तरत्वेनागन्तुकं यावकारुण्यं न भासते सामान्योदाहरणे तु पद्मानां मुखानां च व्यक्त्यन्तरतया भानमस्त्येव। यथा रावणदेहस्य तत्प्रतिबिम्बानां च। किं त्विदं पद्ममिदं मुखमयं बिम्बोऽयं प्रतिबिम्ब इति विशेषः परं नोपलक्ष्यते। अत एव भेदतिरोधानान्मीलितं तदतिरोधानेऽपि साम्येन व्यावर्तकानवभासे सामान्यमित्युभयोरप्यन्वर्थता।

केचित्तु, वस्तुद्वयस्य लक्षणसाम्यात्तयोः केनचिद् बलीयसा तदन्यस्य स्वरूपतिरोधाने मीलितम्। स्वरूपप्रतीतावपि गुणसाम्याद् भेदतिरोधाने सामांन्यम्। एवं च—

केचिदिति। सर्वस्वकारादाय इत्यर्थः। ते हि सहजस्य वा आगन्तुकस्य वा लक्षणस्य साम्यात्तद्द्वारेण केनचित् बलीयसा इतरस्य तिरोधाने मीलितम्। सहजलक्षणेन

अवभास न होना रूप मीलन कर दिया जाता है अर्थात् एक वस्तु के साथ दूसरी वस्तु इतनी अधिक घुल-मिल जाती है कि उसका अलग से भेद नहीं प्रतीत हो पाता है [जैसा कि उदाहरण में लाल पैर में लाक्षारस की अलग से प्रतीति नहीं हो पाती है] परन्तु 'सामान्य' अलंकार में [दूसरी वस्तु के] भिन्न स्वरूप का अवभास तो होता है किन्तु (एक दूसरे के पार्थक्य को सूचित करने वाला) कोई व्यावर्तक धर्म लक्षित नहीं होता है— यह दोनों में भेद है। क्योंकि 'मीलित' के पूर्वोक्त उदाहरण में चरण आदि वस्तु की स्वाभाविक लालिमा के कारण दूसरी वस्तु के रूप में आने वाली महावर की लालिमा (अलग से) भासित नहीं होती है अर्थात् चरण की लालिमा और महावर की लालिमा अलग-अलग नहीं प्रतीत होती है, परस्पर घुली-मिली एक जैसी दिखाई देती है। किन्तु 'सामान्य' अलंकार के उदाहरण में तो कमलों का तथा मुखों का अलग-अलग व्यक्ति (पदार्थ) के रूप में भान होता ही है जैसा कि रावण के शरीर का और उसके प्रतिबिम्ब का अलग-अलग भान होता है। किन्तु 'यह कमल हैं' 'यह मुख है' 'यह बिम्ब = रावणका शरीर है' 'यह प्रतिबिम्ब = उसकी परछाई हैं'— इस प्रकार विशेष (भेद) नहीं दिखाई पड़ता है। इसीलिये भेद के तिरोधान=छिप जाने के कारण 'मीलित' और उसके अतिरोधान=न छिपने पर साम्य के कारण व्यावर्तक धर्म का अवभास न होने पर 'सामान्य' अलंकार होता है— इस प्रकार दोनों अर्थात् 'मीलित' और 'सामान्य' इन नामों की अन्वर्थता सिद्ध हो जाती है अर्थात् ये दोनों नाम सार्थक सिद्ध हो जाते हैं। [भाव यह है कि मीलित का अर्थात् दो वस्तुओं का मिला

अपाङ्गतरले दृशौ तरलवक्रवर्णा गिरो
विलासभरमन्थरा गतिरतीव कान्तं मुखम्।
इति स्फुरितमङ्गके मृगदृशां स्वतो लीलया
तदत्र न मदोदयः कृतपदोऽपि संलक्ष्यते ॥२५१॥

तिरोधाने 'अपाङ्गतरले दृशा'वित्युदाहृत्य दृक्तारल्यादेरङ्गचिह्नस्य स्वाभाविकत्वेऽपि साधारणतां, 'मदोदयेन तत्राप्येतस्य दर्शनात्, अतः स्वाभाविकेन सता अनेन बलीयसा मदोदयस्य वस्त्वन्तरस्य तिरोधाना'दित्युपपाद्यागन्तुकेन तिरोधानस्य—

ये कन्दरासु निवसन्ति सदा हिमाद्रेस्त्वत्पातशङ्कितधियो विवशा द्विषस्ते।
अप्यङ्गमुत्पुलकमावहतां सकम्पं तेषामहो बत भिदां न बुधोऽप्यभिज्ञः ॥

इत्युदाहृत्य, शैत्यस्यागन्तुकतया कम्पपुलकयोस्तज्जन्ययोरप्यागन्तुकत्वम्। अतस्ताभ्यां भयकृतयोस्तयोःतिरोधान'मिति मीलितं लक्षयित्वा, यत्र प्रस्तुतस्य वस्तुनोऽप्रस्तुतेन साधारणगुणयोगाद्भेदानध्यवसायेनैक्यमुपनिबध्यते तत्सामान्यमिति लक्षयित्वा—

मलयजरसलवलिप्ततनवो नवहारलताविभूषिताः
सिततरदन्तपत्रकृतपत्ररुचो रुचिरा मलयांशुकाः।
शशभृति विततधाम्नि धवलयति धरामभिभाव्यतां गताः
प्रियवसतिं प्रयान्ति सुखमेव निरस्तभियोऽभिसारिकाः ॥

हुआ एक सा रूप। सामान्य का अर्थ है दोनों वस्तुयें एक जैसी दिखाई देना, भेद का कोई कारण स्पष्ट लक्षित न होना।]

कुछ विद्वान् (अलंकारसर्वस्वकार आदि) यह कहते हैं— "दोनों वस्तुओं में लक्षण समान होने से किसी एक बलशाली वस्तु द्वारा उससे भिन्न (निर्बल) वस्तु का स्वरूप (अलग से) अवभासित न होने पर 'मीलित' होता है। दोनों वस्तुओं के स्वरूप की प्रतीति तो हो परन्तु दोनों के गुण की समानता के कारण उनका भेद छिप जाय, भेद दिखाई न दे, तब 'सामान्य' अलंकार होता है। इसी आधार पर निम्न पद्य में 'मीलित' अलंकार है—

अन्वयः — मृगदृशाम्, अङ्गके, लीलया, स्वतः, स्फुरितम्, (तथाहि), दृशौ, अपाङ्गतरले, गिरः, तरल-वक्रवर्णाः, गतिः, विलासभरमन्थरा, मुखम्, अतीव, कान्तम्, तत्, अत्र, कृतपदः, अपि, मदोदयः, न, लक्ष्यते ॥२५१॥

इत्यत्र मीलितालङ्कारः। अत्र हि दृक्तारल्यादीनां नारीवपुषस्सहजधर्मत्वान्मदोदयकार्यत्वाच्च तदुभयसाधारण्यादुत्कृष्टतारल्यादियोगिना वपुषा मदोदयस्य स्वरूपमेव तिरोधीयते, लिङ्गसाधारण्येन तज्ज्ञानोपायाभावात्।

'मल्लिकामालभारिण्य' इत्यादिषु तु सामान्यालङ्कार इत्याहुः।

इत्युदाहृतम्।

ननु, दृक्तारल्यादिना मदोदयस्याप्यवगतिसम्भवात् कथमत्र मीलितमित्यत आह— **लिंगेति**। ननु, 'मल्लिकामालभारिण्य' इत्यादिषु उक्तमीलितलक्षणाभावादव्याप्तिरित्यत आह— **मल्लिकेति**।

नन्वेतन्मते 'पद्माकरप्रविष्टाना'मित्यत्र न मीलितालङ्कारः, स्वरूप-

---

इन मृगनयना रमणियों के अंगों में लीला स्वतः स्फुरित हो रही है क्योंकि आँखों के किनारे (अपांग) बहुत चंचल हैं, इनकी वाणी कम्पनयुक्त तथा वक्रिमा से युक्त है। इनकी गति विलासों के भार से मन्द है, इनका मुख बहुत अधिक कमनीय है तब इनमें मद का उदय (मदिरापान का नशा) चढ़ा हुआ होने पर भी समझ में नहीं आ रहा है।

इसमें 'नयनों' का चञ्चल होना आदि सभी के शरीर के सहज (स्वाभाविक) धर्म हैं (सभी स्त्रियों में रहते हैं) और (ये चाञ्चल्य आदि) मद के उदय (नशा चढ़ने) के कारण भी उत्पन्न होते हैं, (नयन-चाञ्चल्यादि) उभय-साधारण हैं अर्थात् स्त्रियों में स्वाभाविक भी हैं और मदिरा पीने से भी होते हैं। इस कारण यहाँ उत्कृष्ट चाञ्चल्यादि से युक्त शरीर के द्वारा मदोदय (मदिरा पान) का स्वरूप ही छिपा दिया जाता है क्योंकि दोनों में एक समान लिङ्ग (कारण) होने से उस मदोदय के ज्ञान का कोई अलग से उपाय नहीं रहता है। [भाव यह है कि नेत्रों की चाञ्चल्य आदि बातें स्त्रियों के शरीर में स्वाभाविक रूप से रहते हैं और मदिरा पान से भी ये स्थितियाँ होती हैं। अब यदि कोई सुन्दरी नायिका वास्तव में मदिरा पान किये हुए भी है और उसके कारण उक्त स्थितियाँ उसमें हो रही हैं तो भी वे नारी शरीर की स्वाभाविक स्थितियों से दबा दी जाती हैं, लोग यही समझते हैं कि ये चंचलता आदि इसके स्वाभाविक कार्य हैं, भले ही वे मदिरा पान से भी हो रहे हों। अतः भेद लक्षित न होने से यहाँ 'मीलित' ही मानना चाहिये।]

तन्मते 'पद्माकरप्रविष्टाना'मित्यादौ भेदाध्यवसायेऽपि व्यावर्तकास्फुरणेनालङ्कारान्तरेण भाव्यम्। सामान्यावालङ्कारावान्तरभेदेन वा। पूर्वस्मिन्मते स्वरूपतिरोधानेनालङ्कारान्तरेण भाव्यम्, मीलितावान्तरभेदेन।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे सामान्यप्रकरणम् ॥७९॥

****

तिरोधानाभावात्। नापि सामान्यं, भेदावभासाभावादित्यत आह— **तन्मत इति**। भेदाध्यवसायेऽपि व्यावर्तकवैलक्षण्याज्ञानादुक्तालङ्कारयोरप्रवृत्त्या अलङ्कारान्तरमेव परिकल्पनीयम्। भेदानध्यवसायेन तदध्यवसायेऽपि वैधर्म्यास्फुरणेन च सामान्यालङ्कारस्य लक्षणेन तदवान्तरभेदो वात्रेति द्रष्टव्यमिति भावः। **पूर्वस्मिन्निति**। 'अपाङ्गललिते दृशा'दित्यादाविति शेषः। **स्वरूपतिरोधानेनेति**। गुणसाम्यकृतभेदानध्यवसायविरहान्न मीलितम्। भेदानध्यवसायविरहाच्च न सामान्यम्। किं तु अलङ्कारान्तरं कल्प्यम्। अथ वा गुणसाम्येन बलीयसा तिरोधानेन वा भेदानध्यवसाये मीलितमिति मीलितं लक्षयित्वा तदवान्तरभेदो वाच्य इत्यर्थः॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां सामान्यप्रकरणम् ।।७९।।

****

परन्तु 'मल्लिकामालभारिण्यः' (उदाहरण २४९) इत्यादि पद्य में तो 'सामान्य' अलंकार ही है।

इनके मत में 'पद्माकारप्रविष्टानाम्' (कारिका सं. १५६) आदि पद्य में भेद का अध्यवसाय (ज्ञान) होने पर भी व्यावर्तक धर्म का स्फुरण नहीं होता है इसलिये 'सामान्य' से भिन्न कोई अलंकार होना चाहिये अथवा 'सामान्य' अलंकार का कोई अवान्तर भेद मानना चाहिये। पहले वाले अर्थात् कारिकोक्त (जयदेव के) मत में तो स्वरूप का तिरोधान (छिपना) हो जाने से 'मीलित' से भिन्न कोई अलंकार होना चाहिये अथवा 'मीलित' का कोई अवान्तर भेद होना चाहिये।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'सामान्य' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।७९।।

****

८०-८१. उन्मीलितविशेषकौ —

भेदवैशिष्ट्ययोः[1] स्फूर्तावुन्मीलितविशेषकौ ।
हिमाद्रिं त्वद्यशोमग्नं सुराश्शीतेन जानते ।।
लक्षितान्युदिते चन्द्रे पद्मानि च मुखानि च ।।१४७।।

एतयोः प्रतिद्वन्द्विनौ द्वावलङ्कारौ लक्षयति— **भेदेति**। अतुल्यगुणशालिनोर्द्वयोर्भेदस्फूर्तौ मीलितविपरीतमुन्मीलितमलङ्कारः। सदृशयोर्द्वयोर्वैधर्म्यस्फूर्तौ विशेषकनामा सामान्यप्रतिद्वन्द्वी अलङ्कार इत्यर्थः। क्रमेणोदाहरणयोर्लक्षणसत्त्व-

८०-८१. उन्मीलित तथा विशेषक दो अलङ्कार—

अन्वयः— भेद-वैशिष्ट्ययोः, स्फूर्तौ, उन्मीलितविशेषकौ (अलङ्कारौ भवतः)।

(क) त्वद्यशोमग्नम्, हिमाद्रिम्, सुराः, शीतेन, जानते।

(ख) उदिते, चन्द्रे, पद्मानि, च मुखानि, च, लक्षितानि ।।१४७।।

लक्षण— ['मीलित' की स्थिति रहने पर भी किसी कारणवश] भेद की स्पष्ट प्रतीति रहने पर 'उन्मीलित' अलङ्कार होता है और ['सामान्य' की स्थिति रहने पर भी किसी कारणवश] वैशिष्ट्य (विशेष) की स्पष्ट प्रतीति होने पर 'विशेष अलङ्कार होता है। [पूर्वोक्त 'मीलित' का प्रतिद्वन्द्वी=उल्टा यह 'उन्मीलित' अलङ्कार है और 'सामान्य' का प्रतिद्वन्द्वी = उल्टा 'विशेषक' अलङ्कार है।]

क्रमशः **उदाहरण**— (१) हे राजन्! तुम्हारे यश में मग्न=डूबे हुये, मिले हुये हिमालय पर्वत को देवतागण उसकी शीतलता के कारण ही अलग से पहचान पाते हैं। [यहाँ श्वेत यश और श्वेत हिमालय का संसर्ग होंने से हिमालय का पार्थक्येन ज्ञान कठिन है किन्तु उसके शीत गुण के कारण उसकी अलग प्रतीति हो जाती है, यश में श्वेतता तो है किन्तु शीतता नहीं है। अतः 'उन्मीलित' का उदाहरण बन जाता है।]

(२) चन्द्रमा का उदय होने पर (सरोवर में स्नानार्थ प्रविष्ट सुन्दरियों के) मुख और कमल [अलग-अलग] प्रतीत होने लगते हैं। [कारण यह है कि चन्द्रोदय काल में कमल तो मुरझाने लगते हैं किन्तु रमणियों के मुख और अधिक खिलने लगते हैं। यहाँ चन्द्रोदय के कारण दोनों में भेद लक्षित हो जाता है।]

---

[1] इमौ चन्द्रालोके अनुक्तौ।

मीलितन्यायेन भेदानध्यवसाये प्राप्ते कुतोऽपि हेतोर्भेदस्फूर्तौ मीलितप्रतिद्वन्द्युन्मीलितम्। तथा सामान्यरीत्या विशेषास्फुरणे प्राप्ते कुतश्चित्कारणाद्विशेषस्फूर्तौ तत्प्रतिद्वन्द्वी विशेषकः। क्रमेणोदाहरणद्वयम्।

तद्गुणरीत्यापि भेदानध्यवसायप्राप्तावुन्मीलितं दृश्यते। यथा—

नृत्यद्भर्गाट्टहासप्रसरसहचरैस्तावकीनैर्यशोभि-
धावल्यं नीयमाने त्रिजगति परितः श्रीनृसिंह्मक्षितीन्द्र ! ।
नेदृग्यद्येष नाभीकमलपरिमलप्रौढिमासादयिष्य-
द्देवानां नाभविष्यत्कथमपि कमलाकामुकस्यावबोधः ॥२५२॥

मुपपादयति— **मीलितन्यायेनेति**। हिमाद्रियशसोर्गुणसाम्यादित्यर्थः। **सामान्यरीत्येति**। भेदतिरोधानाभावेऽपि सादृश्याद्विशेषास्फुरण इत्यर्थः। **कुतश्चित्कारणादिति**। पद्मसङ्कोचमुखासङ्कोचलक्षणकारणादित्यर्थः। मीलितन्यायेन भेदानध्यवसायप्राप्तौ तत्प्रतिद्वन्द्वि उन्मीलितमुदाहृतम्।

मीलित न्याय से अर्थात् हिमालय और यश दोनों के श्वेत गुण वाले होने के कारण भेद का ज्ञान संभव नहीं होता है फिर भी किसी अन्य कारण से [यहाँ पर शीत गुण के कारण] भेद की स्पष्ट प्रतीति हो जाने पर 'पूर्वोक्त', 'मीलित' अलंकार का प्रतिद्वन्द्वी 'उन्मीलित' अलंकार होता है। इसी प्रकार 'सामान्य' अलंकार की रीति से [भेदतिरोधान न होने पर भी सादृश्य के कारण] 'विशेष' (भेद) की स्पष्ट प्रतीति नहीं हो पाती है फिर भी किसी कारणविशेष से 'विशेष' की स्फूर्ति=स्पष्ट प्रतीति होने पर 'सामान्य' का प्रतिद्वन्द्वी 'विशेष' अलंकार होता है। (जैसे प्रकृत उदाहरण में— चन्द्रोदय होने पर कमल सिकुड़ जाते हैं, नायिका मुख नहीं सिकुड़ते हैं— इसी कारण उन मुखों का अलग ज्ञान हो जाने से 'विशेष' अलंकार होता है। कारिका की द्वितीय पंक्ति में 'उन्मीलित' के और तृतीय पंक्ति में 'विशेष' के क्रमशः उदाहरण दिये गये हैं।

'तद्गुण' अलंकार की रीति से भी अर्थात् जब प्रबल गुण दुर्बल गुण को दबाकर अपने समान कर देता है, उससे भी भेद की स्पष्ट प्रतीति न होने पर 'उन्मीलित' अलंकार देखा जाता है। उदाहरण—

अन्वयः — हे क्षितीन्द्र !, नृत्यद्भर्गाट्टहास प्रसर-सहचरैः, तावकीनैः, यशोभिः, त्रिजगति, परितः, धावल्यम्, नीयमाने, सति, एषः, नाभी=कमल=परिमलप्रौढिम्, न, आसादयिष्यत्, (तदा) देवानाम्, कमलाकामुकस्य, ईदृक्, अवबोधः, कथम्, अपि, न, अभविष्यत् ॥२५२॥

काकः कृष्णः पिकः कृष्णः को भेदः पिककाकयोः ।
वसन्तसमये प्राप्ते काकः काकः, पिकः पिकः ॥२५३॥

इदं विशेषकस्योदाहरणान्तरम् । अत्र द्वितीयौ काकपिकशब्दौ काकत्वेन ज्ञातः, पिकत्वेन ज्ञात इत्यर्थान्तरसंक्रमितवाच्यौ ।

तद्गुणरीत्या भेदानध्यवसायप्राप्तौ तदुदाहरति— **नृत्यद्भर्गाट्टहासेति** । अत्र वर्णनीयनृपयशसां नारायणस्य स्वीयरूपत्यागेन यशोगतधवलिमरूपस्वीकारेण तद्गुणालङ्काररीतिः । तद्रीत्या नारायणस्य तुल्यगुणयोगाद्भेदानध्यवसाये प्राप्ते भगवन्नाभिनलिनसौरभेण भेदाध्यवसायो देवानामासीदिति वर्णनादुन्मीलितमिति भावः । **काकः कृष्ण इति** । अत्र काकपिकयोः स्वरूपभेदे प्रतीयमानेऽपि व्यावर्तकधर्मास्फूर्तिरावसन्तागममेव । वसन्ते तु, समागते व्यावर्तकध्वनिवैलक्षण्यात् वैलक्षण्यस्फूर्तेर्विशेषोऽलङ्कार इत्याह— **इदमिति** ।

नन्वत्र श्लोके द्वितीयकाकपिकपदयोः पौनरुक्त्यमित्याशङ्क्याह — **अत्र द्वितीयाविति**। द्वितीयकाकपिकपदयोः कांकत्वपिकत्वप्रकारकज्ञानविषयत्वरूपार्थान्तरेण निमित्तेन लक्षणया तदवच्छिन्नबोधकत्वान्न पौनरुक्त्यमिति भावः । **अर्थान्तरेति** । शक्यतावच्छेदकरूपभिन्नरूपेण संक्रमितो बोधविषयीकृतो वाच्यो ययोस्तौ तथाभूतावित्यर्थः । अस्यां च लक्षणायां प्रयोजनं प्रियां विहाय प्रवासेच्छूनां ततो निवृत्त्यादिप्रतीतिरिति द्रष्टव्यम् ।

हे महाराज नृसिह्म ! नृत्य करते हुये भगवान् शंकर के अट्टहास के प्रसार के समान आपके यश से जब तीनों लोक सभी और श्वेत बना दिये गये तब यदि ये भगवान् विष्णु अपने नाभिकमल की सुगन्ध की प्रौढ़ता न प्राप्त करते अर्थात् अपने नाभिकमल की सुगन्ध न बढ़ाते तो अन्य देवताओं के मध्य में अलग से उनकी पहचान नहीं हो पाती क्योंकि सभी एक समान श्वेत हो गये थे। विष्णु ने अपना श्यामत्व गुण छोड़ कर यश का श्वेत गुण प्राप्त कर लिया था। केवल कमलगन्ध की विशेषता से ही 'विष्णु' की अलग पहचान हो पा रही थी । यहाँ 'तद्गुण' अलंकार के कारण एक सी प्रतीति होने पर भी 'सुगन्ध' के कारण विष्णु की अलग पहचान हो जाने से 'उन्मीलित' अलंकार है।]

अन्वयः— काकः, कृष्णः, पिकः, कृष्णः, पिककाकयोः, कः, भेदः? वसन्तसमये, प्राप्ते, काकः, काकः, पिकः, पिकः [प्रतीयते] ॥२५३॥

कौवा काला होता है, कोयल भी काली होती है अतः कौवे और कोयल में भेद ही क्या है? (उत्तर) वसन्त ऋतु आने पर कौवा कौवा हो जाता है

यथा वा —

वाराणसीवासवतां जनानां साधारणे शङ्करलाञ्छनेऽपि ।
पार्थप्रहारव्रणमुत्तमाङ्गं प्राचीनमीशं प्रकटीकरोति ॥ २५४ ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे उन्मीलितविशेषकप्रकरणम् ॥ ८०-८१ ॥

****

विशेषकस्यैवोदाहरणान्तरमाह — **वाराणसीति** । अत्र वाराणसी-परासु-जनानां शङ्करलाञ्छनचन्द्रकलाडमरुकतृतीयलोचनादीनां साधारण्येन व्यावर्तकास्फूर्ति सामान्यरीत्या पूर्वार्धे प्रतिपाद्य उत्तरार्धे शङ्करशिरोगतपार्थप्रहारकृतव्रणकिणरूपवैधर्म्यस्फूर्तिवर्णनादिदमपि विशेषोदाहरणमिति भावः ।

और कोयल कोयल। (अर्थात् श्यामत्त्व गुण दोनों में समान है किन्तु वसन्त ऋतु रूपी कारण से कोयल की आवाज से उनके काकत्त्व तथा कोकिलत्त्व का पार्थक्येन ज्ञान हो जाता है ।

यह उपर्युक्त उदहारण 'विशेषक' अलंकार का है । इसमें दूसरे 'काक' तथा 'पिक' शब्द 'काक रूप से पहचाना गया' कोयल रूप से पहचाना गया' — इस प्रकार अर्थान्तर-संक्रमित वाच्य हैं, अर्थात् काक केवल काकत्त्व विशिष्ट का और पिक केवल पिकत्त्व विशिष्ट का ही बोध न करा कर 'काकत्वेन ज्ञातः' 'पिकत्वेन ज्ञातः' इतने अर्थों का बोध कराने के कारण लाक्षणिक बन जाते हैं।

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — वाराणसी-वासवताम्, जनानाम्, शंकरलाञ्छने, साधारणे, अपि, पार्थप्रहारव्रणम्, उत्तमाङ्गम्, प्राचीनम्, ईशम्, प्रकटीकरोति ॥२५४॥

वाराणसी में रहने वाले मृत्यु (पाने वाले) सभी लोगों में शंकर के लक्षण एक समान ही हैं (अर्थात् मृत्यु के बाद सभी लोग शंकर जी के चिह्नों — चन्द्रकला, डमरू, त्रिशूल आदि से युक्त होकर शंकर के समान ही लगते हैं ।) फिर भी अर्जुन के बाणों के प्रहार से घायल (घावयुक्त) उत्तमाङ्ग (मस्तक) प्राचीन शिव = वास्तविक शंकर को (पृथक् रूप से) प्रकट ही कर देता है। [यहाँ काशी में मृत्यु के फलस्वरूप शंकर रूप प्राप्त करने वाले और वास्तविक शंकर के चिह्न एक समान होने से वास्तविक शंकर का अलग से ज्ञान नहीं हो पाता है किन्तु जब 'अर्जुन के बाणों के प्रहारों से घावयुक्त मस्तक' यह कहा गया तब वास्तविक शंकर का ज्ञान अलग से हो जाने से यहाँ 'विशेषक' अलंकार है ।]

८२. अथ गूढोत्तरम् —

किञ्चिदाकूतसहितं[1] स्याद् गूढोत्तरमुत्तरम् ।
यत्रासौ वेतसी पान्थ ! तत्रेयं सुतरा सरित् ।।१४८।।

प्राञ्चस्तु, भेदवैधर्म्ययोः स्फूर्तौ नालङ्कारद्वयं कल्प्यम् किं तु उक्तालङ्कार- भावमात्रम्। भेदवैशिष्ट्यस्फूर्त्यो स्वतः सिद्धत्वेन कविप्रतिभागोचरतया वैचित्र्याभावात् । न च मीलिततद्गुणरीतिभ्यां भेदविशेषस्फूर्तौ तदपवादवर्णनकृतवैचित्र्यसद्भावादलङ्कारान्तरकल्पन युक्तमिति वाच्यम् । तावता मीलितसामान्यापवादमात्रत्वेन वैचित्र्याभावतादवस्थ्यादित्याहुः।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां उन्मीलितविशेषप्रकरणम् ।।८०-८१।।

****

गूढोत्तरालङ्कारं लक्षयति — **किञ्चिदिति** । किञ्चिद् गूढाभिप्रायगर्भमुत्तरं गूढस्य प्रश्नस्योन्नायकं तद्गूढोत्तरं नामालङ्कारान्तरमित्यर्थः। इदमुपलक्षणम्। द्वयोरपि प्रश्नोत्तरयोर्निबन्धेऽपि उत्तरस्य गूढाभिप्रायस्य सम्भावितगोचरतया

विमर्श — अधिकांश आचार्यों ने 'उन्मीलित' तथा 'विशेषक' अलंकारों को अलग से नहीं स्वीकार किया है। पण्डितराज ने दीक्षित का स्पष्ट खण्डन भी किया है। रसिकरञ्जनीकार भी इन्हें पृथक् मानने का समर्थन नहीं करते हैं। वास्तव में इन्हें अलग मानना अप्पय दीक्षित का प्रौढिमात्र ही समझना चाहिये ।।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'उन्मीलित' तथा 'विशेषक' अलंकार सम्पूर्ण हुये ।।८०-८१।।

****

८२. गूढोत्तर अलङ्कार —

अन्वयः — आकूतसहितम्, किञ्चित्, उत्तरम्, गूढोत्तरम्, स्यात् ।
हे पान्थ! यत्र, असौ, वेतसी, तत्र, इयम्, सरित्, सुतरा ।।१४८।।

लक्षण — आकूत = गूढ अभिप्राय से युक्त किसी उत्तर को देना 'गूढोत्तर' अलंकार होता है ।

---

[1] 'प्रश्नोत्तरक्रमोक्तौ तु स्यूतमुत्तरमुत्तरम् ।' इति चन्द्रालोकपाठः ।

सरित्तरणमार्गं पृच्छन्तं प्रति तं कामयमानाया उत्तरमिदम्। वेतसीकुञ्जे स्वाच्छन्द्यमित्याकूतगर्भम्।

यथा वा —

ग्रामेऽस्मिन् प्रस्तरप्राये न किञ्चित् पान्थ! विद्यते।
पयोधरोन्नतिं दृष्ट्वा वस्तुमिच्छसि चेद्वस ।।२२५।।

आस्तरणादिकं प्रार्थयमानं पान्थं प्रत्युक्तिरियम् । स्तनोन्नतिं दृष्ट्वा रन्तुमिच्छसि चेद्वस । अविदग्धजनप्रायेऽस्मिन् ग्रामे कश्चिदवगमिष्य

लक्षणसाम्यान्नामसाम्याच्च गूढोत्तरस्यैव प्रवृत्तेरिति भावः। उदाहरणे पान्थं प्रति कस्याश्चित्स्वैरिण्याः गमनमार्गोक्तौ वेतसीगाढप्रदेशे नदीतरणकथनेन तत्प्रश्नस्योन्नयनाद्वेतसीगाढकुञ्जे तन्मार्गेण गमने स्वाच्छन्द्यनियन्त्रणं सम्पत्स्यत इत्यभिप्रायगर्भतया च लक्षणानुगतिरित्यभिप्रेत्याह — **सरित्तरणेति** ।

उदाहरणान्तरमाह — **ग्रामेऽस्मिन्निति** । अत्रापि लक्षणं योजयति — **आस्तरणादिकमिति** । प्रस्तरप्राय इत्येतद्विशेषणव्यङ्ग्यमाह— **अविदग्धेति** ।

उदाहरण — [कोई पथिक नदी पार करने के लिये सुरक्षित स्थान पूछता है। उस पर कोई स्वैरिणी स्त्री उत्तर देती है —] हे पथिक ! जहाँ यह बेतों का कुंज है वहीं पर यह नदी सरलतया पार करने लायक है।

नदी पार करने का मार्ग पूछने वाले किसी पथिक के प्रति किसी कामुकी स्त्री का यह (कारिकोक्त) उत्तर है। वेतसीकुञ्ज में स्वच्छन्दतापूर्वक कामक्रीड़ा हो सकती है— इस प्रकार के गूढ़ अभिप्राय को छिपाये हुये यह उत्तर दिया गया है। [जिस स्त्री ने उत्तर दिया वह अपने विशेष अभिप्राय से कह रही थी क्योंकि बेतस कुंज में निर्बाध रतिक्रीड़ा संभव है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे पान्थ ! प्रस्तरप्राये, अस्मिन्, ग्रामे, किञ्चित्, न, विद्यते, पयोधरोन्नतिम्, दृष्ट्वा, चेत्, वस्तुम्, इच्छसि, (तर्हि) वस ।।२२५।।

[सायंकाल कोई पथिक किसी गाँव में ठहरने तथा सोने का स्थान किसी स्त्री से पूछता है। वह कामुक स्त्री उसे उत्तर देती है—] हे पथिक ! इस पत्थरों के गाँव में कुछ भी नहीं है। अब यदि बादलों की उन्नति (आकाश में छा जाना, घुमड़ना) देखकर तुम ठहरना चाहो तो ठहर सकते हो।

बिछौना आदि माँगने वाले पथिक से यह कहा गया है। ['पयोधर' में श्लेष से दो अर्थ निकलते हैं— (१) बादल (२) स्तन। वह बादलों को कह रही

तीत्येतादृशं प्रतिबन्धकं किञ्चिदपि नास्तीति हृदयम्। इदमुन्नेयप्रश्नस्योत्तरस्योदाहरणम्।

निबद्धप्रश्नोत्तरं यथा —

कुशलं तस्याः? जीवति, कुशलं पृच्छामि, जीवतीत्युक्तम् ।
पुनरपि तदेव कथयसि, मृतां नु कथं कथयामि या श्वसिति? ॥२५६॥

ईर्ष्यामानानन्तरमनुतप्ताया नायिकायास्सखीमागतां प्रति 'कुशलं तस्या' इति नायकस्य प्रश्न। 'जीवती'ति सख्या उत्तरम्। जीवन्त्याः

द्वितीयं भेदमुदाहरति — **कुशलमिति** । अयं च निबद्धप्रश्नोत्तरयोः सकृत्त्वे चारुताभावादसकृत्प्रश्नोत्तरनिबन्धन एव प्रवर्तत इत्यभिप्रेत्य लक्षणानुगमं दर्शयति — **ईर्ष्यामानेति** । अत्र 'जीवती'त्याद्युत्तराणामसम्भाव्यविषयता; प्रश्ना-

---

है किन्तु उसका गूढ़ संकेत अपने पुष्ट विशाल स्तनों के उभार लिये हैं। इसके अतिरिक्त 'प्रस्तर' शब्द भी गूढ़ बात सूचित करता है —] मूर्खों की बहुलता वाले इस गाँव में कोई भी व्यक्ति हम लोगों की कामक्रीड़ा को जान लेगा — ऐसा कोई प्रतिबन्धक नहीं है। [अतः यदि रमणाभिलाषी हो तो यहाँ ठहर जाओ।] यह उसके वक्तव्य का हृदय = रहस्य है। यह उत्तर उन्नेय (स्वयं कल्पित) प्रश्न का है अर्थात् वह स्त्री स्वयं प्रश्न की कल्पना करके स्वयं पद्योक्त उत्तर देती है।]

कहीं-कहीं प्रश्न तथा उत्तर दोनों के वर्णन का उदाहरण —

अन्वयः — तस्याः, कुशलम्?, जीवति, कुशलम्, पृच्छामि? जीवति, इति, उक्तम्, पुनः, अपि, तत्, एव, कथयसि? या, श्वसिति, (ताम्) मृताम्, कथम्, नु, कथयामि? ॥२५६॥

[किसी अत्यन्त कामसन्तप्त मरणासन्न नायिका की सखी उसके प्रेमी के पास जाती है। वहाँ प्रेगी और सखी के प्रश्न तथा उत्तर इस प्रकार निबद्ध हैं। नायक पूछता है] "उस (नायिका) का कुशल तो है?" [सखी उत्तर देती है] "वह जी रही है।" [नायक कहता है } "उसका कुशल पूछ रहा हूँ ।" [सखी उत्तर देती है—] "अभी तक तो जी रही हूँ— यही कहा है।" [नायक फिर कहता है—] "अरे फिर वही उत्तर दे रही हो?" [सखी उत्तर देती है—] " तो (बताओ) उसे मरा हुआ कैसे कह सकती हूँ जो अभी साँसें ले रही है।".

इसमें ईर्ष्या तथा मान के कारण अनुतप्त (अत्यन्त व्याकुल) नायिका

कुतः कुशलमिति तदभिप्रायः। अन्यत्पृष्टमन्यदुत्तरमिति नायकस्य पुनः 'कुशलं पृच्छामी'ति प्रश्नः। पृष्टस्यैवोत्तरमुक्तमिस्यभिप्रायेण 'जीवतीत्युक्त'मिति सख्या वचनम्। सखीवचनाभिप्रायोद्घाटनार्थः 'पुनरपि तदेव कथयसी'ति नायकस्याक्षेपः। 'मृतां नु कथं कथयामि या श्वसिती'ति सख्याः स्वाभिप्रायोद्घाटनम्। सति मरणे खलु तस्याः कुशलं भवति। मदागमनसमयेऽपि श्वासेषु सञ्चरत्सु कथं तां मृतां कथयेयमित्यभिप्रायः।

।। इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे गूढोत्तरप्रकरणम् ।।८२।।

****

ननुगुणत्वात्। कुशलप्रश्ने प्रश्नविषयतदभावान्यतरस्यैव वक्तव्यत्वादिति भावः। अन्यदतिरोहितार्थम्।

केचित्तु, यत्र प्रश्नपुरस्सरमुत्तरं परस्परं द्वयोरसकृत्प्रवर्तते निराकृतं तत्र प्रश्नोत्तरिका नामकमलङ्कारान्तरमाहुः। यथा — 'कालिन्दि ! ब्रूहि कुम्भोद्भवे'-

---

की सखी जो (नायक के पास) आई है उससे "उस नायिका का कुशल तो है" यह नायक का प्रश्न है। "वह जी रही है" — यह सखी का उत्तर है। 'जीवित रहते उसका कुशल कैसे हो सकता है?"— यह उसके उत्तर का अभिप्राय है । पूछा कुछ और उत्तर दिया कुछ, इस कारण नायक पुनः प्रश्न करता है— "अरे मैं उसका कुशल पूछ रहा हूँ।" पूछे गये प्रश्न का ही उत्तर कहा है"— इस अभिप्राय से "वह जी रही है" — ऐसा सखी का उत्तर है। सखी के वचन का अभिप्राय उद्घाटित कराने के लिये "फिर से वही उत्तर कह रही हो?" इस प्रकार से नायक का आक्षेप है। "मरी हुई उसे कैसे कह सकती हूँ जो अभी भी साँसें ले रही है"— इस प्रकार से सखी द्वारा अपने अभिप्राय का उद्घाटन किया गया है। "मृत्यु हो जाने पर ही उसका कुशल हो सकता है । मैं जब उसके पास से यहाँ के लिये चली थी तब भी उसकी साँसें चल रहीं थीं तो भला उसे मरी हुई कैसे कह सकती हूँ ।" [यहाँ सखी उत्तर देती है 'जीवित है"। इसका तात्पर्य है कि जीवित रहते तो वह विरहसन्ताप भोगती ही रहेगी क्योंकि आपसे उसका मिलन होगा नहीं। मृत्यु हो जाने पर वह इस कष्ट से मुक्त हो सकती है और वह मृत्यु अभी हुई नहीं है क्योंकि वह साँसें ले रही है। साँसें लेने वाले को मरा हुआ नहीं कहा जा सकता। यही गूढ़ उत्तर छिपा हुआ है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'गूढोत्तर' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।८२।।

****

---

८३. अथ चित्रोत्तरम् —

प्रश्नोत्तरान्तराभिन्नमुत्तरं[१] चित्रमुच्यते ।
केदारपोषणरताः? के खेटाः? किं चलं? वयः ।।१४९।।

अत्र केदारपोषणरता इति प्रश्नाभिन्नमुत्तरम्। केखेटाः?किं चलमि?ति प्रश्नद्वयस्य 'वय' इत्येकमुत्तरम् । उदाहरणान्तराणि विदग्धमुखमण्डने द्रष्टव्यानि ।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे चित्रोत्तरप्रकरणम् ।।८३।।

त्यादौ । अत्र न गूढोत्तरसम्भावना, साकूतत्वाभावादित्याहुः । कस्मिंश्चित् गूढोत्तरविषये नानुमानलङ्कारस्य प्रसक्तिः, व्याप्तिपक्षधर्मतादेरनिर्देशादिति द्रष्टव्यम् ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां गूढोत्तरप्रकरणम् ।।८२।।

****

चित्रोत्तरालङ्कारं लक्षयति — **प्रश्नेति** । प्रश्नश्चोत्तरं च ताभ्यामभिन्नमिति द्वन्द्वगर्भंकर्मधारयः। तथा च प्रश्नाभिन्नं वा द्वयोः प्रश्नयोरेकं वा यदुत्तरं तच्चित्रोत्तरमिति भावः। स्पष्टमुत्तरम् ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां चित्रोत्तरप्रकरणम् ।। ८३ ।।

****

---

८३. चित्रोत्तर अलङ्कार —

अन्वयः — प्रश्नोत्तरान्तराभिन्नम्, उत्तरम्, चित्रम्, उत्तरम्, उच्यते ।
केदारपोषणरताः?, के खेटाः?, किम् चलम्? वयः ।

लक्षण — प्रश्न तथा अन्य उत्तर से मिश्रित उत्तर दिये जाने पर 'चित्रोत्तर अलंकार होता है। [इससे दो स्थितियाँ होती हैं (१) एक प्रश्न में एक उत्तर मिला हुआ रहता है, (२) दो प्रश्नों का एक ही उत्तर दिया जाता है। कारिका का पहला उदाहरण प्रथम भेद का है और दूसरे भेद का उदाहरण दूसरा है।]

उदाहरण — केदारपोषणरताः? इसमें "के दारपोषणरताः?" (स्त्रियों के पोषण में कौन लोग लगे हुये हैं?) यह प्रश्न है इसका उत्तर भी यही है 'केदारपोषणरताः' (जो लोग केदार = खेतों की क्यारियों के पोषण में लगे हैं)।

---

[१] अयमपि चन्द्रालोके नास्ति ।

---

८४. अथ सूक्ष्मम् —

सूक्ष्मं[१] पराशयाभिज्ञेतर-साकूतचेष्टितम् ।
मयि पश्यति सा केशैः सीमन्तमणिमावृणोत् ।।१५०।।

सूक्ष्मालङ्कारं लक्षयति — **सूक्ष्ममिति।** पराशयमिङ्गितादिना ज्ञातवतोऽन्यस्य

'के खेटाः?' किं चलम्?' (आकाश में घूमने वाले कौन हैं? चंचल कौन है?) इन दोनों प्रश्नों का एक ही उत्तर है 'वयः' [पक्षी = 'वि' शब्द का बहुवचन का रूप है— वयः। अतः आकाश में घूमने वाले कौन हैं?' इसका उत्तर है 'वयः= पक्षीगण। चंचल कौन है? इसका भी वही उत्तर है 'वयः = उम्र, आयु। उम्र स्थिर नहीं रहती है। प्रतिक्षण बढ़ती रहती है। अतः दोनों प्रश्नों का एक ही उत्तर 'वयः' दिया गया है। इसलिये यहाँ 'चित्रोत्तर' अलंकार है ।] इस उदाहरण में 'केदारपोषणरताः' इसमें प्रश्न और उत्तर दोनों एक साथ मिले हुये हैं। 'कौन आकाश-चारी हैं? और कौन चल = अस्थिर है? इन दोनों का एक ही उत्तर है — वयः। इस चित्रोत्तर अलंकार के अन्य उदाहरण 'विदग्धमुखमण्डन' नामक ग्रन्थ में देखने चाहिये ।।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'चित्रोत्तर' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।८३।।

****

८४. सूक्ष्म अलङ्कार —

अन्वयः— पराशयाभिज्ञेतर-साकूतचेष्टितम्, सूक्ष्मम् ।
मयि, पश्यति, सति, सा, केशैः, सीमन्तमणिम्, आवृणोत् ।।१५०।।

लक्षण — किसी अन्य व्यक्ति के आशय को समझ लेने वाले व्यक्ति का (उसके प्रति) गुप्त आशय के साथ चेष्टा करना 'सूक्ष्म' अलंकार होता है । [कोई व्यक्ति दूसरे के अभिप्राय को समझ कर अभिप्रायविशेष प्रकट करने की दृष्टि से जो क्रिया (चेष्टा) करता है वहाँ 'सूक्ष्म' अलंकार होता है।]

उदाहरण — जब मैंने उसे (घूरकर) देखा तो उसने अपने केशों से सीमन्तमणि (शिरःस्थ केशों के मध्य भाग में धारण की गई चमकती हुई मणि) को ढक लिया।

---

[१] अयं चन्द्रालोके अनुक्तः

कामुकस्यावलोकनेन सङ्केतकालप्रश्नभावं ज्ञातवत्याश्चेष्टेयम्। अस्तं गते सूर्ये सङ्केतकाल इत्याकूतम्।

यथा वा —

सङ्केतकालमनसं विटं ज्ञात्वा विदग्धया।
आसीन्नेत्रार्पिताकूतं लीलापद्मं निमीलितम् ॥२५७॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे सूक्ष्मप्रकरणम् ॥ ८४ ॥

****

साकूतव्यापारः सूक्ष्मालङ्कार इत्यर्थः। उदाहरणे लक्षणमुपपादयति— **अत्रेति** । कामुकदर्शनलक्षणेनेङ्गितेन तदीयसङ्केतकालप्रश्नाशयं ज्ञात्वा नायिकया तदानुकूल्येन सायं सङ्केतकाल इति तदुत्तरं स्वहृदयगतं व्यङ्क्तुं सीमन्तमणेः केशैराच्छादनरूपव्यापारः कृत इति अत्र सूक्ष्मालङ्कारो युक्त इति भावः।

उदाहरणान्तरमाह— **संकेतेति** । अत्र सङ्केतकालाभिप्रायं विटसम्बन्धिभ्रूविक्षेपादिना इङ्गितेन लक्षयित्वा रजनिकालभाविलीलापद्मनिमीलनं नायिकया कृतं सायं सङ्केतकाल इत्यभिप्रायेण।

क्वचिदाकारेण पराशयज्ञानाच्च, इष्टोदयो यथा —

किसी कामुक व्यक्ति कें द्वारा देखे जाने पर संकेतकाल (मिलन के समय) से सम्बद्ध प्रश्न को समझ जाने वाली अर्थात् तुम मुझे कब मिलोगी?— इस बात को समझ जाने वाली नायिका की [सीमन्त मणि ढकने की] चेष्टा वर्णित है। सूर्य अस्त हो जाने पर 'संकेत काल' है। [सूर्य सदृश मणि को अन्धकार सदृश केशों से ढकने का आशय यही था कि जब सूर्य अस्त होकर अंधेरा हो जायेगा तब मैं मिल सकूँगी।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — संकेतकालमनसम्, विटम्, ज्ञात्वा, विदग्धया, नेत्रार्पिताकूतम्, लीलापद्मम्, निमीलितम्, आसीत् ॥२५७॥

किसी चतुर नायिका ने विट = उपपति, जार को संकेत काल जानने का इच्छुक समझने के बाद अर्थात् वह जार मिलन का समय जानना चाहता है, ऐसा समझ कर उसने अपने नेत्रों से संकेत करते हुये अर्थात् अपनी आँखें मटका कर लीलापद्म को बन्द कर दिया था।

८५. अथ पिहितम् —

पिहितं परवृत्तान्तज्ञातुः[1] साकूतचेष्टितम् ।
प्रिये गृहागते प्रातः कान्ता तल्पमकल्पयत् ।।१५१।।

'वक्त्रस्यन्दिस्वेदबिन्दुप्रबन्धैर्दृष्ट्वा भिन्नं कुंकुमं कापि कण्ठे ।
पुंस्त्वं तन्व्या व्यञ्जयन्ती वयस्या स्मित्वा पाणौ खड्गरेखां लिलेख ॥

अत्र नायिकागत-पुरुषायित-स्वेदबिन्दुप्रचयकृतकुंकुमभेदलक्षणेनाकारेण ज्ञातवत्या सख्या पाणौ पुरुषोचितखड्गलेखनेन गाढप्रियानुरागादिकृतं त्वदीयं सौभाग्यभित्याकूतगर्भं चेष्टितमिति । इङ्गितं बुद्धिपूर्वकश्चेष्टाविशेषः । अबुद्धिपूर्व — **कश्चेष्टाविशेष** आकार इति तयोर्भेदः ॥

।। इति कुवलयानन्दटींकायां रसिकरञ्जन्यां सूक्ष्मप्रकरणम् ।।८४।।

****

पिहितालङ्कारं लक्षयति — **पिहितमिति** । परकीयस्य व्यापारं बुद्ध्वा

[यहाँ लीलापद्म को बन्द कर देना एक साभिप्राय चेष्टा है, क्योंकि सूर्यास्त के समय कमल मुरझा जाते हैं । इससे वह यह संकेत देती है कि सूर्यास्त काल ही हमारे मिलन का उचित समय है । अतः यहाँ 'सूक्ष्म' अलंकार है । यहाँ चेष्टा ऐसी होनी चाहिये जिसे केवल बोद्धव्य व्यक्ति ही समझ सके तभी 'सूक्ष्म' शब्द की सार्थकता है।]

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'सूक्ष्म' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।८४।।

****

८५. पिहित अलङ्कार —

अन्वयः— परवृत्तान्तज्ञातुः, साकूतकेष्टितम्, पिहितम् ।
प्रातः, प्रिये, समागते, सति, कान्ता, तल्पम्, अकल्पयत् ॥१५१॥

---

[1] 'ज्ञातुरन्यस्य चेष्टितम् ।' इति (५/१०९) चन्द्रालोकपाठः ।

रात्रौ सपत्नीगृहे कृतजागरणेन श्रान्तोऽसीति तल्पकल्पनाकूतम्। यथा वा —

वक्रस्यन्दिस्वेदबिन्दुप्रबन्धैर्दृष्ट्वा भिन्नं कुंकुमं कापि कण्ठे।
पुंस्त्वं तन्व्या व्यञ्जयन्ती वयस्या स्मित्वा पाणौ खड्गरेखां लिलेख ॥२५८॥

साकूतचेष्टितं पिहितमित्यर्थः । उत्तरार्धे लक्षणं योजयति — रात्राविति । उदाहरणान्तरं सलक्षणोपपादनं स्पष्टम् । न च सूक्ष्मपिहितयोस्साकूतचेष्टितसाम्यान्न भेदसम्भव इति वाच्यम्, पराशयवृत्तान्तज्ञानगर्भतया द्वयोर्भेदोपपत्तेरिति भावः ।

सर्वस्वकारादयस्तु — संलक्षितसूक्ष्मार्थप्रकाशनं सूक्ष्ममिति स्थूलमतिभिरसंलक्षणीयः कुशाग्रबुद्धिभिः संलक्ष्यते यः सूक्ष्मार्थ तस्य विदग्धं प्रति प्रकाशनमिति सूक्ष्मार्थत्वेन पराशयवृत्तान्तयोः क्रोडीकारेण लक्षयित्वा 'वक्त्रस्यन्दि' 'सङ्केतकाले'त्याद्युदाहरणे लक्षणसत्त्वमुपपादयन्तः पिहितनामकमलङ्कारान्तरं नानुमेनिरे। युक्तं चैतदेव।

लक्षण — किसी अन्य व्यक्ति की रहस्यमय बात को जान लेने वाले के द्वारा साभिप्राय की जाने वाली चेष्टा में 'पिहित' अलंकार होता है।

उदाहरण — नायक जब प्रातःकाल घर (वापस) आया तो नायिका ने शय्या सजा दी। [कोई नायक किसी अन्य स्त्री के पास रात बिताने के बाद जब प्रातः अपने घर आया तो उसकी थकान जान कर विश्राम करने के लिये उसकी पत्नी ने पलंग सजा दिया जिससे वह अपनी थकान मिटा सके। उसके इस कार्य से नायक को यह आभास हो जाता है कि नायिका को उसके अपराध का बोध हो गया है।]

सपत्नी के घर जगने के कारण थक गये होंगे— ऐसा कहकर उसके द्वारा पलंग सजाना साभिप्राय कार्य है।

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — कापि, वयस्या, (नायिकायाः), वक्त्र स्यन्दि-स्वेद-बिन्दुप्रबन्धैः, भिन्नम्, कुङ्कुमम्, कण्ठे, दृष्ट्वा, स्मित्वा, तन्व्याः, पुंस्त्वम्, व्यञ्जयन्ती, पाणौ, खड्गरेखाम्, लिलेख ।।२५२।।

[नायिका के] मुख से टपके (बहे) हुये पसीने की बूँदों की धार से मिले हुये कुंकुम को कण्ठ में देखकर, मुस्कुरा कर उस नायिका के पुरुषत्व (पुरुष-सदृश कार्य) को व्यक्त करती हुयी किसी सखी ने उस नायिका के हाथ में (पत्रावली) न बना कर) खड्गरेखा बना दी।

अत्र स्वेदानुमितपुरुषायितं पुरुषोचितखड्गरेखालेखनेन प्रकाशितम् ॥

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे पिहितप्रकरणम् ॥ ८५ ॥

****

अलङ्कारान्तरकल्पनातो वैचित्र्यहेतोः साकूतचेष्टितविन्यसनस्य भेदाभावे आशयवृत्तान्तरूपप्रकाश्यभेदमात्रेण भेदानुपपत्तेरिति ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां पिहितप्रकरणम् ।। ८५ ।।

****

इस पद्य में सखी ने [नायिका के मुख से बहते हुये] पसीने से अनुमित किये गये पुरुषसदृश आचरण को, पुरुषों के हाथ में बनाने योग्य खड्ग रेखा के चित्र बनाने के द्वारा, प्रकाशित किया है । [भाव यह है कि कोई नायिका विपरीत रति के पश्चात् सखी के पास हथेली पर पत्रलेखा आदि रचवाने आयी किन्तु उसके मुख से टपके पसीने की बूँदों से कुंकुम को कण्ठ में लगा हुआ देख कर उसने अनुमान लगा लिया कि यह विपरीत रति का श्रम करके आ रही है जिसमें पुरुष नीचे और स्त्री ऊपर रहती है। और स्त्री कामक्रीड़ा में प्रधान रहती है, उसी को श्रम करना पड़ता है जिससे उसी के मुख में पसीना आता है। अतः सखी ने उसके पौरुष को व्यक्त करने वाले खड्गचिह्न को उसके हाथ में बना दिया।]

विमर्श — दीक्षित ने 'सूक्ष्म' और 'पिहित' दो अलग-अलग अलंकार माने हैं किन्तु मम्मट 'पिहित' नहीं मानते हैं और प्रस्तुत उदाहरण को 'सूक्ष्म' का मानते हैं। उसके विपरीत जयदेव 'सूक्ष्म' न मानकर केवल 'पिहित' मानते हैं। रुद्रट के 'पिहित' और अप्पय दीक्षित के 'पिहित' के लक्षणों में भिन्नता है । अप्पय दीक्षित ने मम्मट तथा जयदेव दोनों को महत्त्व देकर दोनों अलंकार मान लिये हैं ।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'पिहित' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।८५।।

****

---

८६. अथ व्याजोक्तिः —

व्याजोक्तिरन्यहेतूक्त्या[१] यदाकारस्य गोपनम् ।
सखि! पश्य गृहारामपरागैरस्मि धूसरा ।।१५२।।

अत्र चौर्यरतिकृतसङ्केतभू-पृष्ठलुण्ठनलग्नधूलिजालस्य गोपनम् ।

यथा वा —

कस्य वा न भवेद्रोषः प्रियायास्सव्रणेऽधरे ।
सभृङ्गं पद्ममाघ्रासीर्वारितापि मयाऽधुना ।। २५९ ।।

व्याजोक्तिं लक्षयति — **व्याजोक्तिरिति** । निगूढस्य वस्तुनः केनचित्प्रकटतां गतस्य हेत्वन्तरोक्त्या यद्गोपनं तद्व्याजोक्तिः । व्याजस्य = हेत्वन्तरलक्षणस्य वचनाद्व्याजोक्तिरित्यन्तर्थं नामेत्यर्थः । उदाहरणे लक्षणमुपपादयति — **अत्रेति** । चौर्यरतस्य केनाप्यविदितस्य कृतसङ्केतभूतलपरिवर्तनलगत्परागेण नायिकाङ्गधूसरत्वेन प्रकटीभूतस्य तथाविधधूसरताया हेत्वन्तरोक्त्या गोपनाल्लक्षणसङ्गतिरिति भावः ।

---

८६. व्याजोक्ति अलङ्कार —

अन्वयः — अन्यहेतूक्त्या, आकारस्य, यद्, गोपनम्, (सा) व्याजोक्तिः।
सखि !, पश्य, गृहारामपरागैः, धूसरा, अस्मि ।।१५२।।

लक्षण — किसी अन्य हेतु (कारण) के कथन द्वारा जो आकार का गोपन (छिपाना) है वह 'व्याजोक्ति' अलंकार होता है।

उदाहरण — (कोई स्वेच्छाचारिणी चौर्यरत में पृथ्वी पर लेट जाने से धूलिधूसरित हो गई थी। वह इस बात को छिपाने के लिये दूसरा कारण यह कह रही है—) " हे सखि ! देखो तो घर के बगीचे के पराग से मैं धूसरित हो गई हूँ"

यहाँ चौर्यरत के समय संकेत स्थान भूपृष्ठ पर लेटने के कारण (रतिक्रीड़ा में लगी हुई) धूलि के समूह का छिपाना वर्णित है । [यहाँ वास्तविक आकार छिपाने के लिये अन्य हेतु घर के बगीचे के पराग से धूलिधूसरित होना' कहा गया है। अतः व्याजोक्ति अलंकार है।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — प्रियायाः, अधरे, सव्रणे, सति, कस्य, रोषः, न, भवेत् ? मया, अधुना, वारिता, अपि, सभृङ्गम् , पद्मम् , आघ्रासीः ।। २५९ ।।

---

[१] 'व्याजोक्तिः शंकमानस्य छद्मना वस्तुगोपनम् ।' (५।११०) इति चन्द्रालोकपाठः।

उपपतिना खण्डिताधराया नायिकायास्सकाशमागच्छन्तं प्रियमपश्यन्त्येव सख्या नायिकां प्रति हितोपदेशव्याजेन तं प्रति नायिकापराधगोपनम्।

छेकापह्नुतेरस्याश्चायं विशेषः — तस्यां वचनस्यान्यथानयने -

उदाहरणान्तरमाह — **कस्य वेति**। अत्रापि लक्षणं योजयति — **उपपतिनेति**। इयं हि कांचिदविनीतामुपपतिखण्डिताधरां लक्ष्यीकृत्य तद्भर्तारं समीपवर्तिनमप्यनवलोकमानाया इव कस्याश्चिद्विदग्धसख्या व्यलीकपरिहारायोक्तिः। अत्र प्रियाधरव्रणस्य उपपतिकृतस्य दर्शनेन नायिकाचौर्यरतलक्षणापराधस्य प्रियाधरव्रणहेत्वन्तरस्य सभृङ्गकमलाघ्राणस्योक्त्या गोपनाल्लक्षणं ध्रुवमिति भावः।

ननु, 'प्रजल्पन्मत्पदे लग्न' इति प्राक्प्रदर्शितच्छेकापह्नुतावपि उद्भिन्नवस्तुनो हेत्वन्तरेण गोपनस्य सत्त्वान्नास्यास्ततो भेद इत्यत आह— **छेकापह्नुतेरिति**।

(कोई अति चतुर सखी किसी जार = उपपति द्वारा खण्डिताधरा नायिका के चौर्यरत को उसके पति से छिपाने के लिये वह दंशन दोष भौंरे के ऊपर डाल देती है—) हे सखि, (अपने द्वारा न किये जाने पर भी) प्रिया के अधर को घावयुक्त= कटा हुआ देखकर किस व्यक्ति को गुस्सा नहीं आता है? मेरे द्वारा रोकी जाने पर भी तुमने भौंरे सहित कमल को सूँघा था। (उसी ने तुम्हारे अधरोष्ठ को काट लिया है।) इस पद्य में उपनायक (उपपति) द्वारा खण्डिताधरा नायिका के समीप आते हुये भी उसके पति को (देखकर भी) न देखती हुई सी उस सखी द्वारा अपनी नायिका के प्रति उसके हित की बात कहने के बहाने से उस नायिका के (परपुरुषदंशनरूप) अपराध को छिपाना वर्णित है। [भाव यह है कि कोई पुंश्चली परपुरुष के साथ रमण करते समय उसके द्वारा अधरोष्ठ में स्पष्ट काट ली गई थी। उसी बीच अचानक उसका पति वापस लौट आया। सखी उसके पति को देखकर अपनी नायिका के अपराध को छिपाने के लिये यह पद्य बोलती है। इस पद्य को वह सुना तो रही है नायिका को, किन्तु वास्तव में वह यह सब कुछ नायक को समझाने के लिये ही कह रही है। ध्वन्यालोकलोचन में इसकी विस्तृत व्याख्या दर्शनीय है। यह ध्वनि काव्य का एक अति प्रसिद्ध और उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। किन्तु वहाँ का श्लोक कुछ भिन्न है।

छेकापह्नुति तथा व्याजोक्ति में अन्तर —

छेकापह्नुति (अपह्नुति का एक भेद) और इस व्याजोक्ति का अन्तर यह है कि उस छेकापह्नुति में बात को दूसरे ढंग से समझा कर (स्पष्ट करके)

नापह्नवः, अस्यामाकारस्य हेत्वन्तरर्णनेन गोपनमिति लक्षणे लक्ष्यनाम्नि चोक्तिग्रहणमाकारस्य गोपनार्थं हेत्वन्तरप्रत्यायकव्यापारमात्रोपलक्षणम्।

ततश्च —

आयान्तमालोक्य हरिं प्रतोल्यामाल्याः पुरस्तादनुरागमेका ।
रोमाञ्चकम्पादिभिरुच्यमानं भामा जुगूह प्रणमन्त्यथैनम् ॥ २६० ॥

तत्र 'प्रजल्पन्मत्पदे लग्न' इति वचनस्यान्यथा नयनेनापह्नवः । अत्राकारस्य हेत्वन्तरोक्त्या गोपनमिति ततोऽस्या भेद इत्यर्थः ।

सर्वस्वकारादयस्तु, उद्भिन्नवस्तुनिगूहनं व्याजोक्ति'रिति लक्षयन्तो वस्तुशब्दस्य वचनाकारसाधारणतया अन्यथानयनेन वचनविवक्षितार्थगोपनस्याविशेषाद्व्याजोक्तिमेव छेकापह्नुतिविषयेऽपि मन्यमानाः छेकापह्नुतिं न लक्षयाम्बभूवुः ।

ननु , आयान्तमालोक्ये'त्यत्रानुरागकृतरोमाञ्चाद्याकारस्य भक्तिरूपहेत्वन्तरकृतत्वप्रत्यायकप्रमाणलक्षणव्यापारेण निगूहनसत्त्वेऽपि हेत्वन्तरोक्तिकृतगोपनाभावादव्याप्तिरित्यत आह — **लक्षण इति** । ततश्चात्रापि लक्षणसद्भावान्नोक्तदोष

वास्तविकता छिपा दी जाती है जब कि इस व्याजोक्ति में अन्य हेतु कह कर (वास्तविक हेतु न कह कर) आकार का गोपन (छिपाना) कर दिया जाता है ।

यहाँ लक्षण में तथा लक्ष्य में 'उक्ति' शब्द का जो ग्रहण किया गया है वह आकारगोपन के लिये प्रयुक्त अन्य प्रत्यायक हेतुमात्र का उपलक्षण है। (इस कारण आकारगोपन के लिये की जाने वाली चेष्टा आदि सभी व्यापारमात्र 'उक्ति' शब्द से समझना चाहिये।) इसलिये निम्नलिखित पद्य में भी 'व्याजोक्ति' अलंकार ही मानना चाहिये —

अन्वयः — एका, भामा, प्रतोल्याम्, आयान्तम्, हरिम्, आलोक्य, आल्याः, पुरस्तात् , रोमाञ्चकम्पादिभिः, उच्यमानम्, एनम्, अनुरागम्, प्रणमन्ती, जुगूह ॥ २६०॥

किसी एक सुन्दरी रमणी ने गली में कृष्ण को आता हुआ देखकर अपनी सखी के सामने, रोमाञ्च तथा कम्पनादि से प्रतीत होने वाले उस अनुराग को (श्रीकृष्ण को) प्रणाम करते हुये छिपा लिया । [कृष्ण सामने आ रहे थे । उन्हें देखकर उस नायिका का रोमांच आदि होने लगा । उसे सखी जब तक समझ पाती तब तक उसने श्रीकृष्ण को प्रणाम करके उन रोमाञ्चादि को भक्ति-भावजन्य बना दिया।]

इत्यत्रापि व्याजोक्तिरेव । अत्र ह्यनुरागकृतस्य रोमाञ्चाद्याकारस्य भक्तिरूपहेत्वन्तरप्रत्यायकेन प्रणामेन गोपनं कृतम् । सूक्ष्मपिहितालङ्कारयोरपि चेष्टितग्रहणमुक्तिसाधारणव्यापारमात्रोपणम् । ततश्च —

नलिनीदले बलाका मरकतपात्र इव दृश्यते शुक्तिः ।
इति मम सङ्केतभुवि ज्ञात्वा भावं तदाब्रवीदालीम् ॥ २६१ ॥

इत्याह — **अत्र हीति** । एवमेव सूक्ष्मपिहितालङ्कारलक्षणयोरपि चेष्टितपदमुक्तिसाधारणव्यापारपरमित्याह — **सूक्ष्मेति** । वस्तुतस्तु, नेदं वक्तव्यम् । चेष्टितशब्दस्य व्यापारसामान्यपरतया वचनस्यापि चेष्टितत्वाविशेषेण यथाश्रुतस्यैव युक्तत्वादिति द्रष्टव्यम्।

उपलक्षणफलमाह — **ततश्चेति** । अत्र लक्षणसत्त्वमुपपादयति — **अत्रेति** । सङ्केतस्थानप्रश्नाशयसूचनप्रवृत्तकामुकाशयाभिज्ञया नायिकया दासीं प्रति साकूत -

---

इस पद्य में अनुराग के कारण उत्पन्न किये गये रोमाञ्चादि के आकार का भक्ति रूप अन्य हेतु के प्रत्यायक (सूचक) प्रणाम के द्वारा गोपन किया गया है। [यहाँ कोई 'उक्ति' नहीं है अपितु प्रणाम रूप व्यापार ही किया गया है तब भी व्याजोक्ति इसीलिये मानी जाती है कि 'उक्ति' के गोपन के लिये जो भी दूसरा (अवास्तविक) हेत्वन्तर का प्रत्यायक व्यापार किया जाता है वह सभी 'उक्ति' की व्यापक सीमा में मान लिया जाता है। 'सूक्ष्म' तथा 'पिहित' इन पूर्वोक्त अलंकारों में भी 'चेष्टित' का ग्रहण उक्तिसाधारण व्यापारमात्र का उपलक्षण (समझना चाहिये) अर्थात् चेष्टित का सीमित अर्थ न लेकर साकूत उक्ति अर्थ भी लेना चाहिये और 'सूक्ष्म' तथा 'पिहित' अलंकार मानने चाहिये। वास्तव में 'चेष्टित' शब्द को व्यापारसामान्य का प्रत्यायक मान लेना चाहिये। चूँकि 'कहना' भी एक व्यापार = चेष्टित हो जाता है। अतः इस अलंकार का लक्षण घट जाता है ।]

इसी कारण निम्न पद्य में भी 'सूक्ष्म' अलंकार का प्रसार = क्षेत्र (विषय) बन जाता है —

अन्वयः — संकेतभुवि, मम, भावम्, ज्ञात्वा, सा, तदा, आलीम्, 'नलिनीदले, बलाका, मरकतपात्रे, शुक्तिः इव, दृश्यते' — इति, अब्रवीत् ॥ २६१ ॥

[कोई नायक अपने किसी मित्र से अपनी प्रेयसी की प्रतिक्रिया बतला रहा है —] 'संकेत स्थान के विषय में मेरे भाव को जानकर उस नायिका ने

इत्यादिष्वपि सूक्ष्मालङ्कारः प्रसरति । अत्र श्लोके तावत् 'किमावयोः सङ्केतस्थानं भविष्यती'ति प्रश्नाशयं सूचयति कामुके तदभिज्ञया विदग्धया तदा सखीं प्रति साकूतमुक्तमिति सूक्ष्मालङ्कारो भवति । यतोऽत्र बलाकायाः मरकतपात्रप्रतिष्ठितशुक्त्युपमया तस्या निश्चलत्वेनाश्वस्तत्वं तेन तस्य प्रदेशस्य निर्जनत्वं तेन तदेवावयोः सङ्केतस्थानमिति कामुकं प्रति सूचनं लक्ष्यते।

मुक्तमिति उक्तिरूपव्यापारसत्त्वात् सूक्ष्मालङ्कार एवेति भावः । आकूतमेव स्फोरयति— **यतोऽत्रेति** । नन्वत्र निश्चलत्वेनाश्वस्तत्वस्य तेन तत्प्रदेशस्य निर्जनतायास्तत इदमेवावयोः सङ्केतस्थानमित्यादिव्यङ्ग्यपरम्परया आविष्कृतचमत्कारसत्त्वादुपमया वस्तुध्वनिरिति संल्लक्ष्यक्रमव्यङ्ग्योऽलङ्कारेण वस्तुध्वनिरेवात्र युक्त

अपनी सखी से कहा था — 'हे सखि! (जरा देखो तो) इस कमलिनीपत्र पर यह बगुली उसी प्रकार शान्त बैठी है जैसे मरकत मणि = पन्ने के पात्र पर (कोई निश्चल) शीप रखी हो।'

इस श्लोक में किसी कामुक द्वारा 'हमलोगों का मिलने का संकेत स्थान कौन होगा?' ऐसा प्रश्नाशय सूचित किया गया। उस आशय को जान लेने वाली विदग्ध नायिका द्वारा उस समय अपनी सखी से साकूत उक्त बात कही गई हैं, इसलिये 'सूक्ष्म' अलंकार होता है । [यद्यपि 'चेष्टित' नहीं है किन्तु उसका 'व्यापारमात्र' अर्थ लेने से 'कथन' भी उसमें आ जाता है जिसके कारण यह भी 'सूक्ष्म' का उदाहरण बन जाता है। ग्रन्थकार आकूत = रहस्य का स्फोरण कर रहे हैं—] इस पद्य में बलाका (बगुली) की उपमा मरकत पात्र (पन्नानिर्मित पात्र) पर रखी = बैठी हुई सीप के साथ दी गई है । इस कारण उस बलाका (बगुली) का निश्चल (पूर्ण शान्त) होना और इससे आश्वस्त (निश्चिन्त) होना, इससे उस स्थान का निर्जन (जनशून्य) होना, इससे वही हम दोनों के मिलने का संकेत (गुप्त) स्थान है— ऐसा कामुक के प्रति सूचित करना लक्षित होता है । [पन्ना पर रखी गई सीप के साथ कमलिनीपत्र पर बैठी बलाका की उपमा दी गई है। इससे कई बातों की सूचना नायक को दी गई है— (१) बलाका का निश्चल होना, इससे (२) उसका आश्वस्त (निश्चिन्त) होना, इससे (३) उस स्थान पर किसी का आना-जाना न होना, निर्जन होना, इससे (४) ऐसा सायंकाल तालाब का किनारा, हमलोगों का निरापद मिलन स्थान है, वहीं आकर मिलना।]

न चात्र ध्वनिराशङ्कनीयः दूरे व्यज्यमानस्यापि सङ्केतस्थानप्रश्नोत्तरस्य स्वोक्त्यैवाविष्कृतत्वात्। एवं पिहितालङ्कारेऽप्युदाहार्यम्।

इत्याशङ्क्य निराकरोति — **न चेति** । दूरे = व्यङ्ग्यपरम्परया प्रतीयमानस्यापि 'इति मम सङ्केतभुवी'त्यादि स्वोक्त्याऽऽविष्कृतत्वान्त ध्वनिः सम्भवतीत्यर्थः । **एवमिति** ।

प्रिये गृहागते प्रातः कान्ता रोषसमाकुला ।
रात्रिजागरखिन्नस्त्वमिति तल्पमकल्पयत् ॥

इत्याद्युदाहरणे नायिकया स्वाकूतस्याविष्कृतत्वान्नात्र ध्वनिबुद्धिः कार्येत्यर्थः ।

ननु, प्रतीयमानस्य स्वोक्त्या आविष्करणाभावेऽपि गूढोत्तरसूक्ष्मालङ्का -

---

इसमें ध्वनि का खण्डन—

इस पद्य में (वस्तु से वस्तु ध्वनिरूप) ध्वनि की शंका नहीं करनी चाहिये, कारण यह है कि यहाँ संकेत स्थान का प्रश्न तथा उत्तर दूर = व्यङ्ग्यपरम्परा से यद्यपि प्रतीत हो रहा है तथापि उस नायिका द्वारा अपने कथन से वाच्यरूप से ही आविष्कृत कर दिया गया है । [भाव यह है कि सामान्य रूप से संकेत स्थान की व्यञ्जना भले प्रतीत हो रही हो किन्तु उसी के उत्तरार्ध में नायक की स्वयं की उक्ति है— "इति मम संकेतभुवि ज्ञात्वा भावं तदाब्रवीदालीम्।" यहाँ स्पष्ट रूप से 'ब्रू' का प्रयोग होने से वाच्यता ही है। इस पद्य का यह परिवर्तित रूप है। प्राकृत गाथा में यह पद्य इस रूप में है —

उअ णिच्चलनिप्पंदा भिसिणीत्तम्भि रेहई बलाआ ।
णिम्मलमरगअभाअणपरिट्ठिआ संखसुत्ति व ॥

यहाँ ध्वनि ही है क्योंकि वाच्यार्थ का प्रत्यायक कोई पद नहीं है]

जैसा इस व्याजोक्ति के लक्षण में ('उक्ति' का व्यापक अर्थ लिया जाता) है उसी प्रकार 'पिहित' अलंकार में भी ('चेष्टित' का व्यापक अर्थ लेकर 'उक्ति' को भी उसमें समाविष्ट करके) उदाहरण देने चाहिये। [अतः वहाँ कारिका सं. १५१ में दिये गये उदाहरण को इस रूप में परिवर्तित कर देने पर ध्वनि की शंका दूर हो जाती है—

प्रिये समागते प्रातः कान्ता रोषसमाकुला ।
'रात्रिजागरखिन्नस्त्वमि'ति तल्पमकल्पयत् ॥

इदं चान्यदत्रावधेयम्। 'यत्रासौ वेतसी पान्थे' (का. सं. १४८) त्यादिषु गूढोत्तरसूक्ष्मपिहितव्याजोक्त्युदाहरणेषु भावो न स्वोक्त्याविष्कृतः किं तु वस्तुसौन्दर्यबलात् वक्तृबोद्धव्यविशेषविशेषिताद् गम्यः। तत्रैव वस्तुतो नालङ्कारत्वम्, ध्वनिभावास्पदत्वात्। प्राचीनैः स्वोक्त्याविष्करणे सत्यलङ्कारास्पदताऽस्तीत्युदाहृतत्वादस्माभिरप्युदाहृतानि। शक्यं हि —

राद्युदाहरणेषु प्राचीनैर्न ध्वनिरुक्तः। किंतु तत्तदलङ्कार एवेति तद्विरोध इत्यभिप्रेत्याह— **इदं चेति** । प्रागुदाहृतेषु तत्तदुदाहरणेषु भावस्य न स्वोक्त्याऽऽविष्करणम् । किंतु 'यत्रासौ वेतसी पान्थे'त्यादौ वक्त्र्याः स्वैरिणीत्वात्तद्वैशिष्ट्यरूपसहकारिमहिम्ना वेतसीकुञ्जे स्वाच्छन्द्यमित्याकूतस्य 'मपि पश्यति सा केशै'रित्यादौ बोद्धव्यस्य कामुकस्य वक्त्र्याश्च जारिण्या वैशिष्ट्येनास्तं गते भानौ सङ्केतकाल इत्याकूतस्य वस्तुसौन्दर्यादभिव्यक्तेर्नालङ्कारत्वम्, तेषां ध्वनित्वास्पदत्वादिति भावः ।

ननु, कथं तर्हि स्वोक्त्याविष्करणहितानि प्रागदर्शितान्युदाहरणानीत्यत आह — **प्राचीनैरिति**। स्वोक्त्याविष्करणे तेषामलङ्कारोदाहरणार्हतासम्भवात् तदभिप्रायेण तैस्तथाभूतान्युदाहृतानीति तदनुसारिभिरस्माभिरपि तान्युदाहृतानीत्यर्थः। तेष्वेवोदाहरणेष्वर्थान्तरादियोजनया स्वोक्त्याविष्करणं सम्भवतीत्याह — **शक्यं हीति**। अत एव —

अलङ्कारत्व तथा ध्वनित्व का भेद —

इन अलंकारों के विषय में यह और ध्यान देने का विषय है — 'यत्रासौ वेतसी पान्थ!' (कारिका सं. १४८) इत्यादि जो गूढ़ोत्तर, सूक्ष्म, पिहित तथा व्याजोक्ति आदि अलंकारों के उदाहरणों में भाव = स्वाभिप्राय अपनी उक्ति द्वारा नहीं प्रकट किया गया है अर्थात् अभिप्राय की प्रतीति शब्द से वाच्य रूप में नहीं होती है अपितु वक्तृविशेष तथा बोद्धव्यविशेष से विशेषित वस्तुसौन्दर्य के द्वारा गम्य = प्रतीयमान है, इसलिये इनमें वास्तव में अलंकार नहीं होना चाहिये, क्योंकि ये ध्वनित्व के उदाहरण हैं । परन्तु प्राचीन आलंकारिकों ने इनमें स्वोक्ति द्वारा भाव की प्रतीति हो जाने में अलंकारत्व है— यह मानकर उदाहरण दिये हैं इसलिये हम (अप्पय दीक्षित) ने भी अलंकार के उदाहरण रूप में उद्धृत किये हैं । कारण यह है कि निम्न रूप में पाठ करके स्वोक्ति से भी भाव = स्वाभिप्राय प्रकट किया जा सकता है—

यत्रासौ वेतसी पान्थ ! तत्रेयं सुतरा सरित् ।
इति पृच्छन्तमध्वानं कामिन्याह ससूचनम् ॥ २६२ ॥

इत्याद्यर्थान्तरकल्पनया भावाविष्करणमिति। अतः प्राग्निखितेषु येषूदाहरणेषु 'सङ्केतकालमनसं' (उदा. २५७) 'पुंस्त्वं तन्व्या व्यञ्जयन्ती' (उदा. २५८) 'भामा जुगूहे' (उदा. २६०) ति भावाविष्करणमस्ति तेष्वेव तत्तदलङ्कार इति।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे व्याजोक्तिप्रकरणम् ॥ ८६ ॥

शब्दार्थशक्त्याक्षिप्तोऽपि व्यङ्ग्योऽर्थः कविना पुनः ।
यत्राविष्क्रियते स्वोक्त्या सान्यैवालंकृतिर्ध्वनेः ॥ (ध्वन्या. २।२)

इति वदन् ध्वनिकारः 'सङ्केतकालमनस'मित्यत्र लीलाकमलनिमीलनस्य व्यञ्जकत्वमुक्त्यैव निवेदितमित्यभिदधानो भावाविष्करणरहितेष्वलङ्कारमब्रुवतामुपादेयं वचनं कथं स्यादित्यभिप्रेत्याह — अतः प्रागिति ।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां व्याजोक्तिप्रकरणम् ।।८६।।

****

अन्वयः — अध्वानम्, पृच्छन्तम्, हे पान्थ! यत्र, असौ, वेतसी, तत्र, इयम्, सरित्, सुतरा, कामिनी, ससूचनम्, आह ॥२६२॥

मार्ग पूछने वाले किसी पथिक से किसी कामुकी नायिका ने "हे पान्थ ! जहाँ बेंतों वाला रास्ता है वहाँ यह नदी आराम से पार कर लेने लायक है।' ऐसा ससूचन कहा।

इस प्रकार के अन्य अर्थ की कल्पना कर लेने से उस नायिका के स्वाशय की प्रतीति (शब्दतः) हो सकती है। इसलिये पहले कहे गये उदाहरणों "संकेतकालमनसं" (उदाहरण सं. २५७) "पुंस्त्वं तन्व्या व्यज्जयन्ती" (उदाहरण सं. २५८) "भामा जुगूह" (उदाः सं. २६०) आदि में भाव का प्रकाशन सुस्पष्ट है (वाच्य के समान प्रतीत हो रहा है) अतः उन्हीं में पूर्वोक्त वे (क्रमशः सूक्ष्म, पिहित तथा व्याजोक्ति) अलंकार होते हैं।

८७. अथ गूढोक्तिः —

गूढोक्तिरन्योद्देश्यं[1] चेद्यदन्यं प्रति कथ्यते ।
वृषापेहि परक्षेत्रादायाति क्षेत्ररक्षकः ।।१५३।।

गूढोक्तिं लक्षयति— गूढोक्तिरिति । किञ्चित्प्रति विवक्षितस्यार्थस्य अन्यं

विमर्श — दीक्षित ने यहाँ एक स्पष्टीकरण देना चाहा है कि उपर्युक्त उदाहरण ऐसे हैं जहाँ सामान्यतया ध्वनित्व संभव है । परन्तु प्राचीन आलंकारिकों ने इन्हें अलंकार के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया था अतः उन्होंने भी उन्हीं का अनुकरण करके इनमें अलंकारत्व माना है । तर्क यह दिया कि उक्त उदाहरणों में भाव = वक्ता का स्वाभिप्राय इतना स्पष्ट है कि वह वाच्य जैसा लगता है । दीक्षित के कथन के समर्थन में ध्वन्यालोक की निम्न कारिका प्रस्तुत की जा सकती है ।

शब्दार्थशक्त्याक्षिप्तोपि व्यङ्ग्योऽर्थः कविना पुनः ।
यत्राविष्क्रियते स्वोक्त्या सान्यैवालङ्कृतिर्ध्वनेः ।।
(ध्वन्या २।२३)

शब्दशक्ति से, अर्थशक्ति से या उभयशक्ति से आक्षिप्त भी जो अर्थ कवि द्वारा अपनी उक्ति से प्रकाशित कर दिया जाता है वह ध्वनि से भिन्न अलंकार ही होता है, ध्वनि नहीं । इसी आधार पर उपर्युक्त उदाहरण अलंकारत्व के विषय बने हैं। इस विषय में ध्वन्यालोक की उक्त कारिका तथा उसकी लोचन व्याख्या ध्यान देने योग्य है ।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'व्याजोक्ति' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।।८६।।

८७. गूढोक्ति अलंकार —

अन्वयः — अन्योद्देश्यम्, यत् (तत्) चेत्, अन्यम्, प्रति, कथ्यते, (सा) गूढोक्तिः।
रे वृष!, परक्षेत्रात्, अपेहि, क्षेत्ररक्षकः, आयाति ।।१५३।।

लक्षण — किसी अन्य व्यक्ति को उद्देश = लक्षित करके यदि उससे भिन्न से कुछ कहा जाता है तो वह 'गूढोक्ति' होती है ।

---

[1] अयं चन्द्रालोके अनुक्तः।

यं प्रति किञ्चिद्वक्तव्यं तत्तटस्थैर्माज्ञायीति तदेव तदन्यं कंचित् प्रति श्लेषेणोच्यते चेत्सा गूढोक्तिः। 'वृषे'त्याद्युदाहरणम्। इह परकलत्रमुपभुञ्जानं कामुकं प्रति वक्तव्यं परक्षेत्रे सस्यानि भक्षयन्तं कञ्चिदुक्षाणं समीपे चरन्तं निर्दिश्य कथ्यते।

नेयमप्रस्तुतप्रशंसा, कार्यकारणादिव्यङ्ग्यत्वाभावात् ।

प्रति यत् श्लेषेण कथनं तद्गूढोक्तिरित्यर्थः । उदाहरणे लक्षणं स्फुटयति — इहेति। कामुकं प्रति सम्बोध्य वक्तव्यस्यार्थस्य अन्योद्देशेन श्लेषेण कथनाल्लक्षणसङ्गतिरिति भावः। नन्वत्र कामुकं प्रति वक्तव्ये प्रस्तुते अप्रस्तुतोक्षवृत्तान्तवर्णनादप्रस्तुतप्रशंसैव किं न स्यादित्यत आह— नेयमिति। कार्यकारणादीत्यादिपदेन सामान्यविशेषसारूप्याणि ग्राह्याणि।

उदाहरण — अरे बैल ! दूसरे के खेत से दूर हट जा, खेत का स्वामी आ रहा है। [यहाँ किसी नायिका के साथ रमण करते हुये उपपति को उद्देश्य बनाकर उस नायिका की कोई सखी बैल से यह बात कह रही है ।]

जिस किसी के प्रति जो कुछ (गुप्त) कहना है (उसे केवल वही समझ सके) उसे तटस्थ अन्य कोई न समझ सके, इसलिये वही बात उस (बोद्धव्य) से भिन्न किसी दूसरे से श्लेष द्वारा कही जाती है तब वह 'गूढोक्ति' अलंकार होता है। कारिका में 'वृष! अपेहि' आदि उदाहरण दिया गया है। इस उदाहरण में किसी दूसरे की पत्नी के साथ उपभोग करने वाले कामुक व्यक्ति के प्रति जो कहना है वह (उससे साक्षात् न कहकर) दूसरे के खेत में धान खा रहे, समीप में चरते हुए किसी बैल को लक्षित करके कहा जा रहा है । [भाव यह है कि कहने का लक्ष्य तो वह संभोगरत कामुक पुरुष है। किन्तु उससे न कहकर उसी के सदृश आचरण करने वाले, अर्थात् दूसरे का खेत चरने वाले बैल को लक्षित करके कहा जा रहा है। इससे वह कामुक तो गूढ़ भाव समझ लेता है अन्य लोग नहीं समझ पाते हैं। इसलिये यह नाम अन्वर्थक है।]

यहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा नहीं हो सकती क्योंकि कार्यकारणभाव आदि कोई व्यङ्ग्य नहीं है । [अप्रस्तुतप्रशंसा में कार्य से कारण या सामान्य से विशेष आदि व्यङ्ग्य रहते हैं । वह स्थिति इसमें नहीं है । अतः अप्रस्तुतप्रशंसा नहीं हो सकती]

नापि श्लेषमात्रम् । अप्रकृतार्थस्य प्रकृतार्थान्वयित्वेनाविवक्षितत्वात् । तस्य केवलमितरवञ्चनार्थं निर्दिष्टतया विच्छित्तिविशेषसद्भावात् । यथा वा—

नाथो मे विपणिं गतो न गणयत्येषा सपत्नी च मां
त्यक्त्वा मामिह पुष्पिणीति गुरवः प्राप्ता गृहाभ्यन्तरम् ।
शय्यामात्रसहायिनीं परिजनः श्रान्तो न मां सेवते
स्वामिन्नागमलालनीय ! रजनीं लक्ष्मीपते ! रक्ष माम् ॥२६३॥

ननु , तर्हि श्लेषमात्रमिहालङ्कारोऽस्त्वित्यत आह — **नापीति** । प्रकृताप्रकृतश्लेषे हि अप्रस्तुतार्थस्य प्रस्तुतार्थोपमानभावेन विवक्षास्ति । न चात्राप्रस्तुतार्थस्य तथा विवक्षास्ति। अतो न श्लेषोऽपीति भावः । ननु , तर्हि विच्छित्तिविशेषाभावान्न कश्चिदलङ्कार इत्यत आह– **तस्येति** । अप्रस्तुतस्येत्यर्थः । तटस्थाः प्रकृतमर्थं मा बुद्ध्यन्तामिति तदतिसन्धानायाप्रस्तुतार्थस्य निर्दिष्टतया विच्छित्तिविशेषद्भावेन परिशेषाद् गूढोक्तिरेवात्रालङ्कार इति युक्तमिति भावः ।

उदाहरणान्तरमाह — **नाथो म इति** । **विपणिं गत इति** । नेदानीं तदागमनशङ्केति । **न गणयत्येषेति** । सहजविरोधेन समीपे सहावस्थानाभावः । **त्यक्त्वा मामिहेति**। गुरुजनानां समीपे अवस्थानाभावः **शय्यामात्रेति** । अनुपनीतपुत्रादिसन्निधानाभावः । **परिजनः श्रान्त इति** । गृहकर्मव्यापारपारवश्येन परिजनस्य परिसरे अभाव इति व्यञ्जनात् भवदागमनेन यथाभिलषितमावयोः निर्यन्त्रणरतोत्सवः सम्पत्स्यते । यावन्न प्रभाता रजनी तावदागच्छेत्यभिप्रायः प्रकृतः। तदनुकूलतया लक्ष्मीपतिनाम-जाराह्वानं करोतीति तटस्था न जानीयुरिति तद्वञ्चनाय भगवन्तं

यहाँ श्लेष (अर्थश्लेष) मात्र अलंकार भी नहीं हो सकता क्योंकि यहाँ अप्रकृतार्थ (बैल) का प्रकृतार्थ (कामुक उपपति) के साथ अन्वय होना विवक्षित नहीं है । [जब कि अर्थश्लेष में दोनों ही प्रकृत होते हैं।] यहाँ तो केवल अन्य (तटस्थ) लोगों को ठगने के लिये, मूर्ख बनाने के लिये निर्देश किये जाने से चमत्कार हो रहा है ।

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — मे, नाथः, विपणिम् , गतः, एषा, सपत्नी, च, माम् , न, गणयति, पुष्पिणी, इति, इह, माम् , त्यक्त्वा, गुरवः, गृहाभ्यन्तरम् , प्राप्ताः, श्रान्तः, परिजनः, शय्यामात्रसहायिनीम् , माम् , न, सेवते, हे आगमलालनीय ! लक्ष्मीपते ! स्वामिन् ! माम् , रजनीम् , रक्ष ॥ २६३ ॥

अत्र लक्ष्मीपतिनाम्नो जारस्यागमनं प्रार्थयमानायाः तटस्थवञ्चनाय भगवन्तं प्रत्याक्रोशस्य प्रत्यायनम् ।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे गूढोक्तिप्रकरणम् ॥ ८७ ॥

****

प्रत्याक्रोशस्याप्रकृतस्य सम्बोधनमिति लक्षणानुगतिरूह्येत्याह — अत्रेति । न च गूढोक्तौ तटस्थातिसन्धानादिरूपव्यङ्ग्यस्य स्वोक्त्याऽऽविष्करणाभावात् ध्वनिरेव वाच्यो नालङ्कार इति वाच्यम् , श्लेषेण तस्यार्थस्याविष्करणेन ध्वनेरसम्भवादिति भावः ॥

॥ इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां गूढोक्तिप्रकरणम् ॥ ८७ ॥

[कोई स्वेच्छाचारिणी लक्ष्मीपति नामक उपपति को रात्रि में अपने पास बुलाने के लिये गूढ़ोक्ति का प्रयोग कर रही है—]

"मेरा पति बाजार गया है, यह सौत मुझे कुछ गिनती नहीं है, मैं रजस्वला हूँ— यह सोच कर बड़े बूढ़े लोग घर के भीतर चले गये हैं, थके हुये नौकर चाकर अकेली शय्या पर पड़ी हुई मेरी सेवा नहीं करते हैं, हे आगमलालनीय (आगमों द्वारा प्रशंसनीय, अपने आगम द्वारा मेरी इच्छा पूर्ति करने वाले !) हे लक्ष्मीपते, हे स्वामिन् ! रात भर मेरी रक्षा करो।"

इस पद्य में 'लक्ष्मीपति' नामक जार (उपपति) के आगमन की प्रार्थना करने वाली पुंश्चली नायिका तटस्थ लोगों की वंचना करने (ठगने) के लिये भगवान् के प्रति प्रार्थना का ज्ञान करवा रही है। [लक्ष्मीपति नाम उसके उपपति का है और विष्णु का तो सर्वविदित है। यहाँ वह इस नाम का प्रयोग केवल दूसरों को धोखा देने के लिये ही कर रही है। साथ ही जिसे बुलाना है उसे सम्बोधित भी कर रही है। यहाँ इस 'लक्ष्मीपति' में श्लेष है जिससे दूसरा अर्थ वाच्य हो जाने से ध्वनि का विषय नहीं रह जाता है। यहाँ लक्ष्मीपति उपपति प्रकृत है और लक्ष्मीपति विष्णु अप्रकृत है। इसलिये केवल श्लेष न मानकर गूढ़ोक्ति माननी चाहिये क्योंकि श्लेष में दोनों अर्थ प्रकृत होते हैं।]

॥ इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में 'गूढोक्ति' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ॥८७॥

****

---

८८. अथ विवृतोक्तिः —

विवृतोक्तिः[१] श्लिष्टगुप्तं कविनाविष्कृतं यदि ।
वृषापेहि परक्षेत्रादिति वक्ति ससूचनम् ।।१५४।।

शिलष्टगुप्तं वस्तु यथाकथञ्चित्कविनाऽऽविष्कृतं चेद्विवृतोक्तिः 'वृषापेहीं'-त्युदाहरणे पूर्ववद् गुप्तं वस्तु ससूचनमिति कविनाऽऽविष्कृतम्।

यथा वा —

वत्से ! मा गा विषादं श्वसनमुरुजवं सन्त्यजोर्ध्वप्रवृत्तं
कंपः को वा गुरुस्ते किमिह बलभिदा जृम्भितेनात्र याहि ।

गूढोक्तिप्रतिद्वन्द्विनीं विवृतोक्तिं लक्षयति — **विवृतोक्तिरिति** । श्लेषेण गुप्तोऽर्थः कविना स्वोक्त्या स्फुटीक्रियते चेत् सा विवृतोक्तिरित्यर्थः । उदाहरणे लक्षणं योजयति— **वृषेति । पूर्ववदिति** । गूढोक्तिन्यायेनेत्यर्थः ।

उदाहरणान्तरमाह — **वत्से ! मा गा इति** । अत्र पयोधेर्मथनादुद्गता

---

८८. विवृतोक्ति अलङ्कार —

अन्वयः — शिलष्टगुप्तम्, यदि, कविना, आविष्कृतम् (तर्हि) विवृत्तोक्तिः।
अरे वृष! परक्षेत्रात्, अपेहि, इति (काचित्) ससूचनम्, वक्ति ।।१५४।।

लक्षण — शिलष्ट गुप्त बात यदि कवि द्वारा प्रकट कर दी जाती है तो 'विवृत्तोक्ति' अलंकार होता है ।

उदाहरण — 'अरे बैल ! दूसरे के खेत से हट जा' — इस प्रकार ससूचन कोई कह रही हैं' (सूचन = संकेत से बतलाना, इशारा करना आदि)

शिलष्ट = श्लेष द्वारा गुप्त = छिपाई गई बात को यदि किसी प्रकार कवि द्वारा प्रकट कर दिया जाता है तो वहाँ 'विवृतोक्ति' अलंकार होता है [यह पूर्वोक्त 'गूढोक्ति' का उल्टा है ।] कारिका के उदाहरण — 'वृषापेहि' आदि में पूर्ववत् = गूढोक्ति के समान' प्रयोग करके उस गुप्तता को प्रकट कर दिया है । [यहाँ सूचन के साथ कह रहा है— इसका आशय यह है कि वह ऐसा इशारा आदि करके कह रही है जिससे सारी बात खुल जाती है, गुप्त नहीं रहती है ।

अथवा अन्य उदहारण —

अन्वयः — वत्से !, विषादम् , मा, गाः, उरुजवम् , ऊर्ध्वप्रवृत्तम् , श्वसनम्

---

[१] अयमपि चन्द्रालोके नास्ति ।

प्रत्याख्यानं सुराणामिति भयशमनच्छद्मना कारयित्वा
यस्मै लक्ष्मीमदाद्वस्य दहतु दुरितं मन्थमूढां पयोधिः ॥ २६४ ॥

इदं परवञ्चनाय गुप्ताविष्करणम् ।

मिन्दिरां निखिलदेवासुरसन्निधौ स्वतो वरणीयदेवताविशेषनिर्धारणायापारयन्तीं प्रति स्पष्टं देवतान्तरनामग्रहणपूर्वकं तन्निरासकथने तद्रोषशङ्काव्याकुलचेतसः सागरस्य लक्ष्मीशोकापनोदनव्याजेन देवतान्तरवञ्चनाय श्लेषेणोक्तौ विषादं = शोकं मा गा इति। उरुजवमधिकवेगं श्वसनं श्वासं सन्त्यज ऊर्ध्वप्रवृत्तम् । को वा महान् ते = तव कंपः। किमिह बलहानिकरया जृमिकया — इत्येवं रूपेण वाक्यार्थेन देवतान्तरप्रत्याख्यानं गुप्तं 'भयशमनच्छद्मने'ति विशेषणेनाविष्कृतम् । ततश्च वत्से! विषादं = महादेवं भागाः। अधिकवेगं = वायुं त्यज । ऊर्ध्वप्रवृत्तम् — अग्निं त्यज। कं पातीति कम्पो = वरुणः। को = ब्रह्मा । गुरुः = बृर्बृहस्पतिः । जृंभितेन = ऐश्वर्यमत्तेन इन्द्रेण — इत्यादेरर्थान्तरस्य श्लेषमहिम्ना स्फुटं प्रतीतेः कविना श्लिष्ट-गुप्तमाविष्कृतमिति इयं विवृतोक्तिः । इदं परवञ्चनाय स्वेन गुप्तस्याविष्करणम् ।

सन्त्यज, ते, गुरुः, कम्पः, कः, वा, बलभिदा, जृम्भितेन, इह, किम् , अत्र, याहि, इति, भयशमनछद्मना, सुराणाम्, प्रत्याख्यानम्, कारयित्वा, पयोधिः, यस्मै, मन्थमूढाम्, लक्ष्मीम् . अदात्, सः, वः, दुरितम् , दहतु ॥ २६४ ॥

[समुद्रमन्थन के पश्चात् निकली हुई घबड़ाई लक्ष्मी को चतुरतापूर्वक केवल विष्णु को देने के लिये समुद्र द्वारा दूसरों को धोखा देने के लिये जो कहा गया उसको कवि ने उद्घाटित कर दिया अतः 'विवृतोक्ति' का उदाहरण है—]

हे पुत्री लक्ष्मी ! विषाद मत करो (विषभक्षण करने वाले शंकर जी के पास मत जाओ) लम्बी-लम्बी और ऊर्ध्वगामी साँसें भरना छोड़ दो। (अधिक वेग वाले वायु को और ऊर्ध्वगामी अग्नि को छोड़ दो) तुम्हें यह बहुत कम्प क्यों हो रहा है? (कम् = जलम् पाति इति कम्पः = वरुण, कः = ब्रह्मा, गुरुः = बृहस्पतिः = वे वरुण, ब्रह्मा, बृहस्पति हैं) यहाँ शक्ति नष्ट करने वाली जमुहाई से क्या लाभ? (बल नामक राक्षस के संहारक इन्द्र से क्या लेना देना?) वहाँ ज्ञाओ । इस प्रकार (लक्ष्मी के मन के) भय को शान्त करने के बहाने से अन्य देवताओं का प्रत्याख्यान कराकर समुद्र ने मन्थन के कारण घबड़ाई हुई लक्ष्मी जिन्हें प्रदान की वे भगवान् विष्णु आप लोगों का दुरित = पाप जला दें, नष्ट कर दें।

इस पद्य में दूसरों अर्थात् देवताओं को वंचना के लिये प्रयुक्त गुप्त वस्तु को कवि द्वारा तृतीय पंक्ति कहकर प्रकाश में ला दिया गया है। [अतः यहाँ

त्रपागुप्ताविष्करणं यथा —

दृष्ट्या केशवगोपरागहतया किञ्चिन्न दृष्टं मया
तेनेह स्खलितास्मि नाथ ! पतितां किं नाम नालम्बसे ?
एकस्त्वं विषमेषु खिन्नमनसां सर्वाबलानां गति-
र्गोप्यैव गदितस्सलेशमवताद् गोष्ठे हरिर्वश्चिरम् ॥ २६५ ॥

अत्र कृष्णस्य पुरतो विषमे पथि स्खलनमभिनीय हस्तालम्बं कामय-

परगुप्ताविष्करणमुदाहरति — **दृष्ट्येति** । इदं च पद्यं श्लेषालङ्कारप्रकरणे अस्माभिर्व्याख्यातम् (टीकायाम् पृ० २६२) ।

अत्र लक्षणानुगतिं योजयति — **अत्र विषम इति** । स्फुप्रतीयमानार्था-

---

'विवृतोक्ति' अलंकार है । इसमें दूसरों की वंचना के लिये अपने द्वारा गुप्त वस्तु को प्रकाशित किया गया है ।]

लज्जा के कारण गुप्त के प्रकाशित होने का उदाहरण —

इनमें ध्वनित्व का निराकरण —

यद्यपि यहाँ इन विधि तथा निषेध (प्रतिषेध) के उदाहरणों में व्यङ्ग्यार्थ अर्थान्तरसंक्रमित वाच्य रूप में प्रतीत होते हैं तथापि इन्हें ध्वनित्व का विषय नहीं माना जा सकता। कारण यह है कि स्वोक्ति (कितव आदि पदों) के द्वारा ही व्यङ्ग्यविशेषों को प्रकट किया गया है। [अतः ये ध्वनि के विषय नहीं माने जा सकते।] व्यङ्ग्य के आविष्करण = शब्द से बोधित होने पर अलङ्कार ही होता है — वह पूर्व में प्रस्तुताङ्कुर अलंकार के समय व्यवस्थापित किया जा चुका है। (द्र० प्र० ३००)

पहले (आक्षेप अलंकार के प्रसङ्ग में पृ० सं० ३३६-४ में) बाधित विधि तथा प्रतिषेध को आक्षेप के भेद के रूप में प्रतिपादित किया गया है किन्तु यहाँ तो प्रसिद्ध (सर्वजनज्ञात) विधि तथा प्रतिषेध उनके प्रतिद्वन्द्वी अलंकार के रूप में वर्णित किये गये हैं। [अर्थात् यहाँ बाधित न होने के कारण इन्हें अलग से स्वतन्त्र

१००. अथ हेतुः —

हेतोर्हेतुमता[१] सार्धं वर्णनं हेतुरुच्यते ।
असावुदेति शीतांशुर्मानच्छेदाय सुभ्रुवाम् ।। १६६ ।।

युक्तमित्यत आह — **पूर्वमिति** । बाधितयोराक्षेपभेदत्वं प्रागुक्तम्। इह तु सिद्धयोस्त योरलङ्कारत्वमिति युक्तो भेद इत्यर्थः।।

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां विधिप्रकरणम् ।। ९९ ।।

****

हेत्वलङ्कारं लक्षयति — [२]अहेतोरिंति । कार्यस्येत्यर्थः । तथा च कार्यस्य

अलंकार के रूप में वर्णित किया गया है— यह दोनों स्थलों में भेद है। अतः इनका पूर्ववर्ती में अन्तर्भाव नहीं माना जा सकता।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'विधि' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।। ९९ ।।

****

१००. हेतु अलङ्कार —

अन्वयः — हेतोः, हेतुमता, सार्धम् , वर्णनम् , हेतुः, उच्यते ।

असौ, सुधांशुः, सुभ्रुवाम् , मानच्छेदाय, उदेति ।। १६६ ।।

लक्षण — कारण का कार्य के साथ वर्णन करना 'हेतु' अलंकार होता है।

उदाहरण — यह चन्द्रमा सुन्दर भौहों वाली नायिकाओं के मान का खण्डन (भंग) करने के लिये उदित हो रहा है।

[इस पद्य में 'चन्द्रमा का उदय होना' हेतु = कारण है तथा 'सुभ्रू स्त्रियों का मानभंग होना' हेतुमान् (कार्य) है। इसमें कारण के साथ कार्य का भी वर्णन किये जाने से 'हेतु' अलंकार है।]

---

१. चन्द्रालोके तृतीयमयूखे अयं हेत्वलङ्कारः कार्यनाम्ना व्यवह्रियते। यथा— कार्यं फलोपलम्भश्चेद्व्यापाराद्वस्तुतोऽथवा । असावुदेति शीतांशुर्मानच्छेदाय सुभ्रुवाम्।' (चन्द्रा० ३।१०) इति पठ्यते। किं च तत्रैव हेतुरिति कश्चिन्निरूपितः तथा हि— हेतुस्त्यक्त्वा बहून्यक्षान् युक्त्यैकस्यावधारणम्। नेन्दुर्नार्कोऽयमौर्वाग्निः सागरा - दुत्थितो दहन्।।' (चन्द्रा० ३।४) इति पाठः।।

२. मूले 'हेतो'रिति पाठः।

यथा वा —

एष ते विद्रुमच्छायो मरुमार्ग इवाधरः ।
कस्य नो तनुते तन्वि ! पिपासाकुलितं मनः ? ॥ २८५ ॥

मानेनेच्छति वारयत्यपशमे क्ष्मामालिखन्त्यां ह्रियां
स्वातन्त्र्ये परिवृत्य तिष्ठति करौ व्याधूय धैर्ये गते ।
तृष्णे ! त्वामनुबध्नता फलमियत् प्राप्तं जनेनामुना
यत्स्पृष्टो न पदा स एव चरणौ स्प्रष्टुं न सम्मन्यते ॥ २८६ ॥

इत्याद्युदाहरणम् ।

कारणेन सह वर्णनं हेत्वलङ्कार इत्यर्थः। उदाहरणेषु मानच्छेद-शीतांशूदययोरधरपिपासयोस्तृष्णानुबन्धातिनीचोपसर्पणयोः कार्यकारणभूतयोः सहनिबन्धनाद् हेत्वलंकार इति भावः। यद्यप्यधरपिपासयोर्हेतुहेतुमद्भावो न लोकसिद्धस्तथापि 'विद्रुमच्छाय' इति श्लेषेण द्रुमच्छायाराहित्येन प्रतीतस्य तस्य तत्र सञ्चरन्मानसपिपासाहेतुत्वं काल्पनिकमस्तीति विच्छित्तिविशेषः।

अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे तन्वि ! मरुमार्गः, इव, विद्रुमच्छायः, ते, अधरः, कस्य, मनः, पिपासाकुलितम् , नो, कुरुते ? ॥ २८५ ॥

हे कृशाङ्गि ! मरुस्थलीय मार्ग के समान विद्रुमच्छाय, (मूंगे के समान लाल-लाल सौन्दर्य वाला तथा वृक्षों की छाया से रहित) तुम्हारा अधर किसके मन को प्यास से व्याकुल नहीं कर देता है ? अर्थात् सभी को पान करने के लिये बेचैन कर देता है।

[इसमें 'विद्रुमच्छोयः' पद में श्लेष है। मरुस्थलीय मार्ग अर्थ' में 'वृक्षों की छाया से रहित' यह अर्थ है और अधरोष्ठ पक्ष में 'मूंगे के समान लाल-लाल कान्ति वाला' यह अर्थ है । यद्यपि अधर और पिपासा का कार्यकारणभाव प्रसिद्ध नहीं है तथापि 'विद्रुमच्छायः' में श्लेष के कारण वृक्षों की छाया के राहित्य की प्रतीति होने से पिपासा रूप कार्य की प्रतीति मान लेनी चाहिये। इसलिये यहाँ कारण 'अधरोष्ठदर्शन' से 'पिपासा' रूप कार्य की उत्पत्ति का वर्णन होने से 'हेतु' अलंकार है ।]

दूसरा उदाहरण —

अन्वयः — मानेः न, इच्छति, (सति) उपशमे, वारयति, (सति) ह्रियाम्, क्षमाम् , आलिखन्त्याम् , (सत्याम्), स्वातन्त्र्ये, परिवृत्य, तिष्ठति, (सति), धैर्ये,

हेतुहेतुमतोरैक्यं[1] हेतुं केचित् प्रचक्षते ।
लक्ष्मीविलासा विदुषां कटाक्षा वेङ्कटप्रभोः ।। १६७ ।।

मतान्तरेण हेत्वलङ्कारं लक्षयति — **हेतुहेतुमतोरिति** । कार्यकारणयोरभेदवर्णनं हेत्वलङ्कार इति केचित् प्राचीना वदन्तीत्यर्थः । उदाहरणे कार्यकारणभूतानां वेङ्कटप्रभुकटाक्षविद्वत्सम्पद्विलासानां कार्यकारणानामभेदवर्णनात् स्पष्टा लक्षणसङ्गतिरिति भावः।

करौ, व्याधूय, गते, (सति), हे तृष्णे ! त्वाम् , अनुबध्नता, अमुना, जनेन, इयत्, फलम् , प्राप्तम् , यत् , यः, पदा, न, स्पृष्टः, सः, एव, चरणौ, स्प्रष्टुम् , न, अनुमन्यते ॥ २८६ ॥

[इस पद्य में कोई कवि तृष्णा की निन्दा कर रहा है—] अभिमान इच्छा नहीं कर रहा था, उपशम = शान्ति मना कर रही थी, लज्जा पृथ्वी कुरेद रही थी, उस पर कुछ लिख रही थी, स्वतन्त्रता पीठ करके खड़ी थी, धैर्य हाथ हिला-हिला कर जा चुका था, किन्तु हे तृष्णे! तुम्हारा पीछा करने वाले इस व्यक्ति ने इतना फल अवश्य पाया कि जिसे कभी पैर से भी नहीं छुआ वही (निकृष्ट) व्यक्ति (अब) अपने पैर छुआने की भी अनुमति नहीं देता है । अर्थात् अब अपने पैर छुआना भी सम्मान की बात नहीं समझता है।

[इस पद्य में तृष्णा रूप हेतु और उसके फलस्वरूप होने वाले कार्यों का वर्णन एक साथ किये जाने से यहाँ 'हेतु' अलंकार है।]

'हेतु' अलंकार का दूसरा भेद और उदाहरण —

अन्वयः — केचित् , हेतु-हेतुमतोः, ऐक्यम् , हेतुम् , प्रचक्षते ।
वेङ्कटप्रभोः, कटाक्षाः, विदुषाम् , लक्ष्मी-विलासाः ॥ १६७ ॥

लक्षण — कुछ प्राचीन आचार्य कारण तथा कार्य के ऐक्य = अभेद को 'हेतु' अलंकार कहते हैं। कार्य तथा कारण के अभेदवर्णन को 'हेतु' अलंकार कहते हैं।

उदाहरण — वेङ्कट राजा के कटाक्ष विद्वानों के लिये लक्ष्मी के विलास होते हैं। [यहाँ वेङ्कट राजा के कटाक्ष कारण हैं लक्ष्मी के विलास कार्य हैं। दोनों का अभेद वर्णित होने से 'हेतु' अलंकार है।]

इस अलंकार में कारण तथा कार्य के अभेद का व्यपदेश (व्यवहार) — (१) उस कार्य का अवश्य होना और (२) शीघ्र होना आदि की प्रतीति कराने

---

[1] अयं हेत्वलङ्कारभेदश्चन्द्रालोके नास्ति ।

अत्र च कार्यावश्यम्भाव–तच्छैघ्र्यादिप्रत्यायनार्थः कार्यकारणाभेदव्यपदेशः। रूपके सादृश्यादभेदव्यपदेशः । इह कार्यकारणभावादिति भेदः ।

यथा वा —

आयुर्दानमहोत्सवस्य विनतक्षोणीभृतां मूर्तिमान्
विश्वासो नयनोत्सवो मृगदृशां कीर्तेः प्रकाशः परः ।
आनन्दः कलिताकृतिस्सुमनसां वीरश्रियो जीवितं
धर्मस्यैष निकेतनं विजयते वीरः कलिङ्गेश्वरः ॥ २८७ ॥

अत्र दानमहोत्सवायुष्करत्वादिनाध्यवसिते राज्ञि तदायुरादिव्यपदेशः ॥

नन्वभेदव्यपदेशस्य न चमत्कारकारितेति नालङ्कारतेत्यत आह — **अत्रेति** । अव्यभिचारविलम्बाभ्यां सह कार्यान्तरनैरपेक्ष्येण कार्योत्पादन-प्रत्ययनेन तस्य चमत्कारकारितया अलङ्कारत्वं युक्तमिति भावः ।

उदाहरणान्तरमाह — **आयुरिति** । अत्र लक्षणं योजयति— **अत्रेति** । 'आयुष्ट्वादी'त्यादिशब्देन प्रणतभूपविश्वासत्वनिखिलवनितानयनोत्सवत्वादि गृह्यते ।

के लिये किया जाता है । रूपक में सादृश्य के आधार पर दोनों में अभेद होता है किन्तु इसमें कारण – कार्यभाव के आधार पर अभेद होता है— यह दोनों में भेद है ।

दूसरा उदाहरण —

अन्वयः — दानमहोत्सवस्य, आयुः, विनतक्षोणीभृताम् , मूर्तिमान् , विश्वासः, मृगदृशाम् , नयनोत्सवः, कीर्तेः, परः. प्रकाशः, सुमनसाम् , कलिताकृतिः, आनन्दः, वीरश्रिय, जीवितम्, धर्मस्य, निकेतनम् , एषः, वीरः, कलिङ्गेश्वरः, विजयते ॥ २८७॥

[कोई कवि कलिङ्गराज की प्रशंसा कर रहा है—] जो दानमहोत्सव की आयु हैं, विनत राजाओं के लिये मूर्तिमान् विश्वास हैं, सुन्दरियों के लिये नयनों को आनन्दित करने वाले उत्सव हैं, कीर्ति के दूसरे प्रकाश हैं, सज्जनों अथवा देवताओं के लिये शरीरधारी आनन्द हैं, वीरश्री = विजय लक्ष्मी के जीवन हैं, धर्म के निकेतन = आवास हैं, ऐसे वीर कलिङ्गराज की जय हो ।

इस पद्य में दानमहोत्सव आदि में आयु प्रदान करने वाले आदि हेतु रूप से अध्यवसित राजा में उन 'आयु' आदि शब्दों का व्यवहार हो रहा है, अर्थात् दान-महोत्सव में आयु = जीवन प्रदान करने वाले राजा का आयु = जीवन शब्द से व्यवहार हेतु हेतुमान् का अभेद मान कर ही किया गया है । पद्य में जितने

इत्थं शतमलङ्कारा लक्षयित्वा निदर्शिताः ।
प्राचामाधुनिकानां च मतान्यालोच्य सर्वतः ।। १६८ ।।

॥ इति श्रीमदप्पयदीक्षितकृतौ कुवलयानन्दे हेतुप्रकरणम् ॥ १०० ॥

****

१०१-११५ यथा रसवदादयः —

[1]रस-भाव-तदाभास-भावशान्तिनिबन्धनाः ।
चत्वारो रसवत्प्रेय ऊर्जस्वि च समाहितम् ।। १६९ ।।
भावस्य चोदयस्सन्धिः शबलत्वमिति त्रयः ।

एवमियता प्रबन्धेन प्रदर्शितानलङ्कारानियतया सङ्कलय्योपसंहरति — **इत्थमिति ।** प्राचां उद्भटभामहादीनाम् । आधुनिकानां रुचकमङ्खुकादीनाम् ॥

।। इति कुवलयानन्दटीकायां रसिकरञ्जन्यां हेतुप्रकरणम् ।। १०० ।।

****

अथादन्येऽपि पञ्चदशालङ्कारा लक्ष्येषु प्रचुरप्रयोगा मूलकारेणानुक्तास्ते प्रदर्श्यन्त इत्यभिप्रेत्य तान्विभजते — **चत्वार इति ।** यद्यप्येते रसवदादयः सप्त सर्वस्वकारादिभिरभिहिताः। अतस्ते प्रागेव गणनीयाः। न पुनरिदम्प्रथमतयोन्मीलितप्रमाणालङ्कारैस्सह

भाववाची हैं सभी को कर्तृवाची मान कर उनमें अभेद की कल्पना करनी चाहिये। अतः दानमहोत्सव की आयु हैं — का तात्पर्य दानमहोत्सव में आयुर्दान तक करने वाले हैं। इस प्रकार अन्य में भी संगति बैठानी चाहिये।]

अन्वयः — इत्थम् , प्राचाम् , आधुनिकानाम् , च, मतानि, सर्वतः, आलोच्य, लक्षयित्वा, शतम् , अलङ्काराः, निदर्शिताः ॥ १६८ ॥

इस प्रकार पूर्वोक्त रीति से प्राचीन (उद्भट तथा भामह आदि) तथा आधुनिक (नवीन रुचक तथा मंखुक आदि) आचार्यों के मतों की सब प्रकार से समीक्षा करने के बाद लक्षण बनाकर एक सौ अलंकारों का विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

।। इस प्रकार श्रीमान् अप्पय दीक्षित की कृति कुवलयानन्द में
'हेतु' अलंकार सम्पूर्ण हुआ ।। १०० ।।

****

---

[1] चन्द्रालोके पञ्चममयूखसमाप्तावयं पाठक्रमः । यथा —
रसभावतदाभासभावशान्तिनिबन्धनाः ।
रसवत्प्रेय-ऊर्जस्वि-समाहितमयाभिधाः ।।

अष्टौ प्रमाणालङ्काराः प्रत्यक्षप्रमुखाः क्रमात् ।
एवं पञ्चदशाप्यन्यानलङ्कारान्विदुर्बुधाः ।। १७० ।।

पठितुं युक्ताः तथापि काव्यप्रकाशकारादिभिरेते रसावदादयो गुणीभूतव्यङ्ग्यभेदत्वेनोदाहृतास्तन्मतनिरासमभिप्रेत्य प्रमाणालङ्कारैस्सह परिगणनं तेषामिति भावः । रसो विद्यते यस्मिन्निबन्धने तद्रसवत् । प्रेयः = प्रियतमम् । ऊर्ज = बलं विद्यते यस्मिन् तदूर्जस्वि । समाहितं = प्रशमः यस्मिन् तत्समाहितमिति मत्वर्थीयाच्प्रत्ययेनेत्येवं निबन्धनविशेषणत्वेनं रसवदादिशब्दानां व्युत्पत्तिर्द्रष्टव्या ।

१०१–११५ रसवद् आदि अलंकारों का विवेचन —

अन्वयः — रस-भाव-तदाभास-भावशन्ति-निबन्धनाः, चत्वारः, रसवत् , प्रेयः, ऊर्जस्वि, समाहितम् (अलङ्कारा भवन्ति) ।

भावानामुदयः सन्धिः शबलत्वमिति त्रयः ।
अलंकारानिमान्सप्त केचिदाहुर्मनीषणः ।।
शुद्धिरेकप्रधानत्वं तथा संसृष्टिसंकरौ ।
एतेषामेव विन्यातान्नालंकारान्तराण्यमी ।।
सर्वेषां च प्रतिद्वन्द्वप्रतिच्छन्दभिदाभृताम् ।
उपाधिः क्वचिदुद्भिन्नः स्यादन्यत्रापि सम्भवात् ।।
मालापरम्परा चैषां भूयसामनुकूलके ।
मनुष्ये भावतः क्वापि ह्यलंकारांगतां गते ।।
पदे पदार्थे वाक्यार्थे वाक्यार्थे स्तवके तथा ।
एते भवन्ति विन्यासाः स्वभावातिशयात्मकाः ।।
कस्याप्यतिशयस्योक्तेरित्यन्वर्थविचारणात् ।
प्रायेणामी अलंकारा भिन्नानातिशयोक्तितः ।।
अलंकारप्रधानेषु दधानेष्वपि साम्यताम् ।
वैलक्षण्यं प्रतिव्यक्ति प्रतिभाति मुखेष्विव ।।
अलंकारेषु तथ्येषु यद्यनास्था मनीषिणाम् ।
तदर्वाचीनभेदेषु नाम्नाम्नायोऽथ दूष्यताम् ।।' इति।

(चन्द्रालोकः ५।११७-१२५)

तत्र रसस्वरूप प्रतिपादयन् रसवदलङ्कारं लक्षयति — तत्रेति ।

अत्रेयं सिद्धान्तस्थितिः। रतिहासशोकक्रोधोत्साहभयजुगुप्साविस्मयनिर्वेदाख्याः नव चेतोवृत्तिविशेषाः वासनात्मतया सदावस्थायिनः आनन्दाङ्कुरपूर्वावस्थारूपाः। भरतमुनिना

विरुद्धा अविरुद्धा वा यं तिरोहितुमक्षमाः।
आनन्दाङ्कुरकन्दोऽसौ भावः स्थायिपदास्पदम् ॥

इति लक्षणोक्तेः विरुद्धाविरुद्धसजातीयविजातीयभावान्तरातिरस्कृतानन्दसूक्ष्मावस्थात्वेन लक्षितास्तेषां चेतोवृत्तिविशेषाणां कारणकार्यसहकारिणः क्रमेण विभावानुभावव्यभिचारिशब्दैः काव्ये नाट्ये प्रतिपादिताः कथ्यन्ते। तद्यथा शृङ्गारे रतिः स्थायिभावः तस्या रतेः कारणानि लोकसिद्धानि नायिकानायकरहोवस्थानोद्यानमलयमारुतचन्द्रोदयादयः। तत्कार्याणि आलिङ्गनावलोकनचुम्बनभुजाक्षेपनीवीविस्रंसनादीनि। सहकारिणो निर्वेदादिभेदेन त्रयस्त्रिंशद्भेदाः। यथा—

निर्वेदग्लानिशङ्काख्यास्तथाऽसूयामदश्रमाः ।
आलस्यं चैव दैन्यं च चिन्ता मोहः स्मृतिर्धृतिः ॥

व्रीडा चपलता हर्ष आवेगो जडता तथा ।
गर्वो विषाद औत्सुक्यं निद्रापस्मार एव च ॥

सुप्तिर्विबोधो हर्षश्चाप्यवहित्थमथोग्रता ।
मतिर्व्याधिस्तथोन्मादस्तथा मरणमेव च ॥

त्रासश्चैव विकल्पश्च विज्ञेया व्यभिचारिणः ।
त्रयस्त्रिंशदमी भावाः समाख्यातास्तु नामतः ॥

भावस्य, च, उदयः, (भावस्य) सन्धिः, (भावस्य) शबलत्वम् , च, त्रयः, (अलंकाराः भवन्ति) क्रमात् , प्रत्यक्षप्रमुखाः, अष्टौ, प्रमाणालंकाराः, (भवन्ति) एवम् , बुधाः, अन्यान्, अपि, पञ्चदश, अलंकारान् , विदुः ॥ १६९–१७० ॥

(१) रस, (२), भाव, रसाभास, भावाभास, (४) भावशान्ति को आधार मानकर क्रमशः (१) रसवत् (२) प्रेयः, (३) अर्जस्वि तथा (४) समाहितये चार अलङ्कार और होते हैं। इनके अतिरिक्त (५) भावोदय, (६) भावसन्धि, (७) भावशबलता ये तीन अर्थात् पहले के चार मिलाकर सात अलंकार और अधिक होते हैं।

[उपर्युक्त सात के अतिरिक्त] प्रत्यक्ष आदि आठ प्रमाण हैं वे भी काव्यालंकार होते हैं। इस प्रकार ७ + ८ = १५ अलंकार भी होते हैं अर्थात् पूर्वोक्त एक सौ तथा यहाँ निर्दिष्ट पन्द्रह अलंकार मिलाकर एक सौ पन्द्रह काव्यालंकार होते हैं, ऐसा साहित्य-शास्त्री कहते हैं।

तत्र विभावानुभावव्यभिचारिभिरभिव्यञ्जितो रतिहासशोकादिश्चित्तवृत्तिविशेषो रसः । स यत्रापरस्याङ्गं भवति तत्र रसवदलङ्कारः ।

इति मुनिना लक्षिताः ।

एते च यथासम्भवं नवानामपि स्थायिभावानां सहकारिणः। प्रकृते च औत्सुक्यचिन्ताहर्षचपलतादयः सहकारिणः। हासरूपस्थायिभावस्य वेश्याविटविकृतवस्तुदर्शनादयो विभावाः। उल्लसवक्त्रव्याकोशरदनविवृतिप्रभृतयोऽनुभावाः। चापलत्रासादयो व्यभिचारिण इत्यनया रीत्या रसान्तराणामपिविभावादय उन्नेयाः। एवमेतैर्विभावानुभावव्यभिचारिभिः काव्ये श्लोकानुसन्धानप्रतीतेर्नाट्याभ्यासपाटवं निर्वर्तितवाचिकाङ्गिकाद्यभिनयैश्चाभिव्यञ्जितो रत्यादिः सामाजिकनिष्ठस्थायिभावो रसः। तदुक्तं मुनिना — 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति'रिति तदेतत्सर्वमभिप्रेत्याह — **विभावेति । रस इति । उक्तप्रकार** इत्यर्थः। अपरस्य भावस्य रसादेर्वा अङ्गं भवतीति रसस्य प्राधान्ये ध्वनित्वम्। इतराङ्गत्वे रसवदलङ्कारता । अत एव ध्वनिकारः —

प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्राङ्गं तु रसादयः ।
काव्ये तस्मिन्नलङ्कारो रसादिरिति मे मतिः ॥ (ध्वन्या. २।५)

इति व्यक्तं प्रत्यपादयदिति भावः। ततश्च **इतराङ्गीभूतस्थायिभावत्वं रसवदलङ्कारत्वं तल्लक्षणमिह** विवक्षितमिति स्थायिभावस्यैव इतराङ्गत्वेन रसवदल-

---

१०१. 'रसवत्' अलंकार का लक्षण —

विभाव, अनुभाव तथा व्यभिचारी भाव से अभिव्यक्त रति, हास, शोकादि रूप वाली चित्तवृत्ति विशेष 'रस' कही जाती है । यह एक रस जब किसी दूसरे रस का अङ्ग बन जाता है तब वहाँ 'रसवत् ' अलंकार होता है ।

विमर्श — जब एक चित्तवृत्तिविशेष रूप स्थायी भाव किसी अन्य भाव अथवा रस का अङ्ग बन जाता है, दूसरा प्रधान हो जाता है तब यह 'रसवत् ' अलङ्कार होता है । रसिकरञ्जनीकार का यह वक्तव्य ध्यान देने योग्य है — 'इतराङ्गीभूतस्थायिभावत्वं रसवदलंङ्कारत्वम् ।' इसके अनुसार स्थायिभाव ही दूसरे के प्रति अङ्ग = गौण बनता है न कि रस । क्योंकि रस यह संज्ञा तभी प्रयुक्त होती है जब उसका प्राधान्य रहता है। इस विषय में आनन्दवर्धन की यह कारिका भी महत्त्वपूर्ण है —

विभावानुभावाभ्यामभिव्यञ्जितो निर्वेदादिस्त्रयस्त्रिंशद्भेदो देवतागुरुशिष्य-द्विजपुत्रादावभिव्यज्यमाना रतिश्च भावः। स यत्रापरस्याङ्गं तत्र प्रेयोऽलङ्कारः। अनौचित्येन प्रवृत्तो रसो भावश्च रसाभासो भावाभासश्चेत्युच्यते। स यत्रापरस्याङ्ग तदूर्जस्वि। भावस्य प्रशाम्यदवस्था भावशान्तिः।

ङ्कारव्यवहारः, न त्वलौकिकाखण्डब्रह्मानन्दसब्रह्मचारिणो विभावादिपरामर्शजीवितावधेः रसस्याङ्गत्वमस्तीति। **अभिव्यञ्जित इति।** अनेन वाच्यस्य निर्वेदादेर्न भावत्वमिति सूचितम्। अत एव 'रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः। भावः प्रोक्त' इति काव्यप्रकाशकारस्तथैव व्याचष्ट। **निर्वेदादिरिति।** निर्वेदस्यामङ्गलप्रायस्यापि व्यभिचारिषु प्रथमनिर्देशः शान्तरसस्थायित्वप्रत्यायनायेति भावः। **स यत्रेति। इतराङ्गीभूतभावत्वं प्रेयोऽलङ्कारत्वमिति** द्रष्टव्यम्। रसाभासभावाभासयोरपराङ्गत्वे ऊर्जस्व्यलङ्कार इति वदन् तौ लक्षयति — **अनौचित्येनेति।** अनौचित्यं = धर्मादिविरोधित्वं तिर्यगादिविषयत्वं च। तेन प्रवर्तितयोः रसभावयोराभासत्वमित्यर्थः। समाहितालङ्कारं लक्षयति — **भावस्येति। प्रशम्यद** वस्था = विनश्यदवस्था। सा भावशान्तिरित्यर्थः। भावस्येति। न च भावोदयो भावालङ्कारशब्दितात् प्रेयोलङ्कारान्नातिरिच्यते। भावोदयाङ्गत्वस्योदीयमानभावाङ्गत्वपर्यवसितत्वादिति वाच्यम् , **उदीयमानावस्थ-भावस्येतराङ्गत्वे भावोदयः। उदितावस्थभावस्याङ्गत्वे प्रेयोऽलङ्कार इति तयोर्भेदात्।** एवं **प्रशाम्यदवस्थभावस्येतराङ्गत्वे समाहितमिति** न तस्यापि प्रेयोऽलङ्कारान्तर्भाव इति द्रष्टव्यम्।

प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्राङ्गं तु रसादयः ।
काव्ये तस्मिन्नलङ्कारो रसादिरिति मे मतिः ॥ (ध्वन्यालोक २।५)

(१०२) 'प्रेयः' अलङ्कार का लक्षण —

विभाव तथा अनुभाव से अभिव्यक्त होने वाले तेंतीस भेदों वाले निर्वेद आदि संचारी भाव तथा देवता, गुरु, शिष्य, ब्राह्मण, पुत्र आदि के विषय में अभिव्यक्त होने वाली 'रति' को भाव कहते हैं। यह (दोनों प्रकार का) भाव जहाँ दूसरे किसी भाव का अङ्ग बन जाता है वहाँ 'प्रेयः' अलंकार होता है। इसका लक्षण होता है — "इतरभावाङ्गीभूतभावत्वं प्रेयोऽलंकारत्वम्"

(१०३) 'ऊर्जस्वि' अलंकार का लक्षण –

अनौचित्य द्वारा प्रवृत्त रस 'रसाभास' तथा अनौचित्य द्वारा प्रवृत्त भाव 'भावाभास' कहा जाता है। यह रसाभास और भावाभास जहाँ दूसरे रसाभास, या भावाभास का अङ्ग बन जाता है वहाँ वह 'ऊर्जस्वि' अलंकार हो जाता है।

तस्या अपराङ्गत्वे समाहितम् । भावस्योद्गमावस्था भावोदयः । द्वयोर्विरुद्धयोर्भावयोः परस्परस्पर्धाभावो भावसन्धिः । बहूनां भावानां पूर्वपूर्वोपमर्देनोत्पत्तिर्भावशबलता । एतेषामितराङ्गत्वे भावोदयाद्यास्त्रयोऽलङ्काराः ।

१०१. तत्र रसवदुदाहरणम् —

मुनिर्जयति योगीन्द्रो महात्मा कुम्भसम्भवः ।
येनैकचुलके दृष्टौ तौ दिव्यौ मत्स्यकच्छपौ ।। २८८ ।।

अत्र मुनिविषयरतिरूपस्य भावस्याद्भुतरसोऽङ्गम् ।

भावसन्धिभावशबलतयोरपि स्वरूपकथनपूर्वकं लक्षणमाह — द्वयोरिति ।

इत्थं लक्षितान् रसवदादीत् क्रमेणोदाहरति—मुनिर्जयतीत्यादिना। अत्र लक्षणमुपपादयति—अत्र मुनीति । मुनिर्जयतीति तदीयसर्वोत्कर्षवर्तनस्यैव प्राधान्येन विवक्षितत्वात्तद्विषयकरत्याख्यो भावः प्रधानभूतः । तत्र बहुयुगावर्तितदुष्करतपश्चर्यालभ्यदर्शनयोर्दिव्यमीनकमठपोश्चुलकदर्शनवर्णनेन विस्मयप्रतीतेस्तस्याङ्गता । रसस्य भावाङ्गत्वे इदमुदाहरणम् ।

---

(१०४) 'समाहित' अलंकार का लक्षण —

किसी एक भाव के शान्त होने वाली अवस्था 'भावशान्ति' कही जाती है । एक भावशान्ति किसी दूसरे का अङ्ग होने पर 'समाहित' अलंकार होता है ।

(१०५–१०७) भावोदय, भावसन्धि तथा भावशबलता के लक्षण —

किसी एक भाव की उद्गमकालीन अवस्था (५) 'भावोदय' [कही जाती है]।, (६) दो विरुद्ध = परस्पर विरोधी भावों का परस्पर स्पर्धाभाव 'भावसन्धि' [कही जाती है] (७) बहुत से भावों का एक साथ पूर्व का उपमर्दन करते हुये, दबाते हुये उत्पन्न होना 'भावशबलता' [कही जाती है। ये तीनों (भावोदय, 'भावसन्धि तथा भावशबलता') जब किसी दूसरे के अङ्ग बन जाते हैं तब 'भावोदय' 'भावसन्धि' तथा 'भावशबलता' नामक तीन अलंकार [माने जाते हैं]। [यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि जब उदीयमान अवस्था वाला भाव दूसरे का अङ्ग बन जाता है तब 'भावोदय' अलंकार होता है और जब उदित अवस्था वाला भाव दूसरे का अङ्ग होता है तब 'प्रेयः' अलंकार होता है। अतः भाव की स्थिति के आधार पर ही ये दो अलंकार अलग-अलग समझने चाहिये। जहाँ पर रस आदि उपर्युक्त सभी किसी के अङ्ग न होकर प्रधान रूप से वर्णित किये जाते हैं वहाँ इन्हें 'ध्वनि' कहा जाता है ।]

(१०१) रसवत् अलंकार का उदाहरण —

अन्वयः — योगीन्द्रः, महात्मा, मुनिः, कुम्भसम्भवः, जयति, येन, एकचुलके: तौ, दिव्यौ, मत्स्य-कच्छपौ, दृष्टौ ।। २८८ ।।

यथा वा —

अयं स रशनोत्कर्षी पीनस्तनविमर्दनः ।
नाभ्यूरुजघनस्पर्शी नीवीविस्रंसनः करः ।।२८९।।

(म. भा. स्त्रीपर्व.)

अत्र करुणस्य शृङ्गाररसोऽङ्गम् । (१०१)

रसस्य रसाङ्गत्वे उदाहरति — **अयमिति** । अत्र रणिशरसि निपतितं भूरिश्रवसमालोक्य तद्वधूनां प्रलापे मृतभूरिश्रवोऽवलम्बनः छिन्नतदीयाङ्गदर्शनाद्युद्दीपिती रोदनादिनां अनुभावितः स इति पूर्वावस्थास्मृत्यादिना सञ्चारितः प्रबन्धव्यङ्ग्यः करुणो रसः प्रधानम् । रशनोत्कर्षीत्यादिकरविशेषणैर्विप्रलम्भरसः प्रतीयमानस्तदङ्गमित्यभिप्रेत्याह — **अत्रेति** । **शृंगार इति** । शृङ्गाररसस्थायिभावः इत्यर्थः ॥ १०१ ॥

उन योगिराज महात्मा मुनि अगस्त्य की जय हो जिन्होंने केवल चुल्लू भर पानी में ही उन दिव्य रूप वाले मत्स्य तथा कच्छप के दर्शन कर लिये थे ।

[इस पद्य में एक चुल्लू पानी में ही दिव्य मत्स्य तथा कच्छप का दर्शन वर्णित होने से अद्भुत 'रस' अभिव्यक्त हो रहा है] यहाँ अद्भुत रस मुनिविषयक रति रूप भाव का अङ्ग बना कर वर्णित किया गया है। इसलिये 'यहाँ 'रसवत्' अलंकार है । [यहाँ रस भाव का अङ्ग बना है । आगे एक रस दूसरे रस का अंग बनने का उदाहरण दिया जा रहा है।]

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः — अयम् , सः, रशनोत्कर्षी, पीनस्तनविमर्दनः, नाभ्यूरु–जघनस्पर्शी, नीवीविस्रंशनः, करः अस्ति ॥ २८९ ॥

यह वही हाथ है जो करधनी को खींचता था, पीन (परिपुष्ट) स्तनों को दबाता था, नाभि, ऊरु, तथा जाँघों का स्पर्श करता था और नीवी (कटिवस्त्र लहँगा आदि को बाँधने का नाड़ा) को ढीला करता था ।

[प्रस्तुत पद्य महाभारत में मारे गये भूरिश्रवा राजा की रानियों के विलाप के प्रसंग का है । वे मृत राजा के हाथ को देखकर उसके द्वारा पहले की गई क्रियाओं का स्मरण करने लग जाती हैं । किन्तु] यहाँ प्रधान रस करुण ही है, यह शृङ्गार इस करुण रस का अङ्ग हो गया है अर्थात् शृङ्गार रस का स्थायिभाव करुण रस का अङ्ग होने का उदाहरण बन गया है ॥ १०१ ॥

---

१०२. प्रेयोऽलङ्कार एव भावालङ्कार उच्यते । स यथा

कदा वाराणस्याममरतटिनीरोधसि वसन्
वसानः कौपीनं शिरसि निदधानोऽञ्जलिपुटम् ।
अये गौरीनाथ ! त्रिपुरहर ! शंभो ! त्रिनयन !
प्रसीदेति क्रोशन्निमिषमिव नेष्यामि दिवसान् ।। २९० ।।

अत्र शान्तिरसस्य 'कदे'ति पदसूचितश्चिन्ताख्यो व्यभिचारिभावोऽङ्गम् ।

यथा वा –

अत्युच्चाः परितस्स्फुरन्ति गिरयः स्फारास्तयाम्भोधयः
तानेतानपि बिभ्रती किमपि न श्रान्तासि तुभ्यं नमः ।

भावालङ्कारः प्रेयोऽलङ्कारादतिरिक्त इति भ्रमं वारयन् प्रेयोऽलङ्कारमुदाहरति — **प्रेयोऽलंकार इति। अत्र शान्तरसस्येति।** अत्र विरक्तालम्बनः विषयानित्यत्वदर्शनेनोद्दीपितः एकान्तवासाद्यनुभावितस्तत्त्वज्ञानक्षमामतिधृत्यादिभिस्सञ्चारितः शान्तरसो ध्वन्यत इति स प्रधानभूतः। तत्र कदेति पदसूचितश्चिन्ताख्यो व्यभिचारिभावोऽङ्गमिति प्रेयोऽलङ्कारोऽयमिति भावः। इदं व्यभिचारिभावस्य रसाङ्गत्वे उदाहरणम्।

---

(१०२) प्रेयः अलंकार ही भावालंकार भी कहा जाता है, अलग-अलग दो अलंकार नहीं हैं ।

'प्रेयः' अलंकार का उदाहरण —

अन्वयः — कदा, वाराणस्याम्, अमरतटिनी-रोधसि, वसन्, कौपीनम्, वसानः, शिरसि, अञ्जलिपुटम् , निदधानः, अये गौरीनाथ !, त्रिपुरहर !, शम्भो!, त्रिनयन! प्रसीद, इति, क्रोशन् , दिवसान् , निमिषम् , इव, नेष्यामि ? ।। २९० ।।

कब वाराणसी में गंगा के तट पर निवास करता हुआ, कौपीन धारण करता हुआ, शिर पर प्रणामाञ्जलि बाँधे हुये — " हे गौरीनाथ! हे त्रिपुरहर !, हे शम्भो !, हे त्रिनयन! [मुझ पर] प्रसन्न हो जाओ — इस प्रकार से चिल्लाता हुआ अपने जीवन के अवशिष्ट दिनों को क्षण के समान बिताऊँगा?''

इस पद्य में 'कदा' (कब) इस पद द्वारा सूचित चिन्ता नामक व्यभिचारी भाव शान्त रस का अङ्ग बना गया है। [भाव यह है कि भक्त की चिन्ता की व्यंजना 'कदा' इस पद से हो रही है। यह चिन्ता नामक व्यभिचारी भाव मुख्य शान्त रस का अङ्ग बनकर व्यंजित हो रहा है अतः यहाँ भाव रस का अंग होने से 'प्रेयः' नामक अलंकार है ।]

आश्चर्येण मुहुर्मुहुः स्तुतिमिति प्रस्तौमि यावद्भुव-
स्तावद्बिभ्रदिमां स्मृतस्तव भुजो वाचस्ततो मुद्रिताः ।। २९१।।
अत्र प्रभुविषयरतिभावस्य वसुमतीविषयरतिभावोऽङ्गम् ।(१०२)

****

१०३. ऊर्जस्वि यथा –

त्वत्प्रत्यर्थिवसुन्धरेश–तरुणीस्सन्त्रासतस्सत्वरं
यान्तीर्वीर । विलुण्ठितुं सरभसं याताः किराता वने ।
तिष्ठन्ति स्तिमिताः प्ररूढपुलकास्ते विस्मृतोक्रमा–
स्तासामुत्तरलैस्स्तनैरतितरां लोलैरपाङ्गैरपि ।। २९२ ।।

रतिरूपभावस्य रतिरूपभावाङ्गत्वे उदाहरति — अत्युच्चा इति । प्रभुविषयो रत्याख्यो भावः विभावेन मौनादिना व्यञ्जितः प्रधानभूतो वाक्यार्थस्तस्य भूविषयरतिभावोऽङ्गमिति प्रेयोऽलङ्कार इति भावः ।। १०२ ।।

****

ऊर्जस्व्यलङ्कारमुदाहरति — त्वत्प्रत्यर्थीति ।

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः — अत्युच्चाः, गिरयः, परितः, स्फुरन्ति, तथा, स्फाराः, अम्भोधयः, [स्फुरन्ति], तान् , एतान् , बिभ्रती, अपि, किमपि, न, श्रान्ता, असि, [अतः] तुभ्यम् , नमः, इति, आश्चर्येण, मुहुः, मुहुः, भुवः, स्तुतिम् , यावत् , प्रस्तौमि, तावत् , इमाम्, बिभ्रद् , तव, भुजः, स्मृतः, ततः, मे, वाचः, मुद्रिताः ।। २९१ ।।

बहुत ऊँचे–ऊँचे पहाड़ चारों ओर खड़े हुये हैं, तथा अति विशाल फैले हुये समुद्र भी हैं, इनको धारण करती हुईं भी तुम कुछ भी नहीं थकती हो, तुम्हें प्रणाम है'— इस प्रकार बार-बार आश्चर्यचकित होकर जैसे ही पृथ्वी की स्तुति करने लगता हूँ, हे राजेन्द्र! वैसे ही इस (पूर्ववर्णित) पृथ्वी को भी धारण करने वालीं आपकी भुजायें याद आ जाती हैं जिससे मेरी वाणी बन्द हो जाती है। [पर्वतों तथा समुद्रों को धारण करने वाली पृथ्वी ही अतिशय गुरुभूत है, उसी क़ी स्तुति करना कठिन है। फिर भी प्रयास करके उसकी स्तुति आरम्भ की गई तभी उस पृथ्वी को भी धारण करने वाले राजा के भुजदण्ड याद आ गये। अब इनकी प्रशंसा के लिये तो कवि के पास शब्द ही नहीं हैं]

इस पद्य में पृथ्वी-विषयिणी रतिरूपी भाव राजविषयिणी रति रूपी भाव का अङ्ग बन गया है। [अतः यहाँ 'प्रेयः' अलंकार है।] ।। १०२ ।।

(१०३) 'ऊर्जस्वि' अलंकार के उदाहरण —

अन्वयः — हे वीर !, सन्त्रासतः, सत्वरम् , यान्तीः, त्वत्प्रत्यर्थि–वसुन्धरेश–तरुणीः, वने, विलुण्ठितम् , किराताः, सरभसम् , याताः, (किन्तु) तासाम् , उत्तरलैः,

अत्र प्रभुविषयरतिभावस्य शृङ्गाररसाभासोऽङ्गम् ।

यथा वा —

त्वयि लोचनगोचरं गते सफलं जन्म नृसिंहभूपते! ।
अजनिष्ट ममेति सादरं युधि विज्ञापयति द्विषां गणः ।। २९३ ।।

अत्र कवेः प्रभुविषयस्य रतिभावस्य तद्विषयद्विषद्गणरतिरूपो भावाभासोऽङ्गम् । (१०३)

****

श्रृंगारेति । पारदारिकतयास्य शृङ्गाररस आभास इति भावः ।

भावाभासोदाहरणमाह — त्वयीति । अत्र प्रभुविषयरतिभावस्य द्विषद्गतरतिलक्षण-भावाभासोऽङ्गम् । तस्य च स्वसदृश-प्रभवन्तरविषयतया अनौचित्येन प्रवृत्तत्वादाभासत्वमिति भावः ॥ १०३ ॥

****

स्तनैः, अतितराम्, लोलैः, अपाङ्गैः, अपि, स्तिमिताः, प्ररूढपुलकाः, ते, विस्मृतोपक्रमाः, तिष्ठन्ति ॥ २९२ ॥

हे वीर राजेन्द्र ! (तुम्हारे) भय के कारण तेजी से भागती हुईं तुम्हारे शत्रु राजाओं की रमणियों को लूटने के लिये वन में किरातों ने तेजी से उनका पीछा किया, उनके पीछे दौड़ पड़े। [किन्तु समीप पहुँचने पर उन स्त्रियों के दौड़ने के क़ारण] चंचल स्तनों तथा घबड़ाये नेत्रों से स्तब्ध और रोमाञ्चयुक्त होकर वे किरात अपने उपक्रम (लूटना) को भूल गये।

इस पद्य में शृङ्गार रसाभास राजविषयकरतिरूप भाव का अङ्ग बन गया हैं। [अतः 'ऊर्जस्वि' अलंकार है। पद्य का मुख्य प्रतिपाद्य राजा की स्तुति करना है। यह रति भाव रूप है। किरातों का रानियों के प्रति प्रेमवर्णन अनौचित्य से प्रवृत्त होने के कारण शृङ्गार रस न होकर रसाभास है। यह शृङ्गाररसाभास राजस्तुतिरूप भाव का अङ्ग बन गया है। अतः यहाँ 'ऊर्जस्वि' अलंकार है ।]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — हे नृसिंहभूपते !, त्वयि, लोचनगोचरम्, गते, सति, मम, जन्म, सफलम्, अजनिष्ट, इति, युधि, द्विषाम्, गणः, सादरम्; विज्ञापयति ॥ २९३ ॥

---

२०४. समाहितं यथा –

पश्यामः किमियं प्रपद्यत इति स्थैर्यं यथालम्बितं
किं मां नालपतीत्ययं खलु शठः कोपस्तयाप्याश्रितः ।
इत्यन्योन्यविलक्षदृष्टिचतुरे तस्मिन्नवस्थान्तरे
सव्याजं हसितं मया धृतिहरो वाष्पस्तु मुक्तस्तया ।। २९४ ।।

अत्र शृङ्गारस्य कोपशान्तिरङ्गम् । (१०४)

****

युद्धभूमि में शत्रुगण आपसे ऐसा सादर निवेदन करते हैं— " हे राजन् नृसिंह ! आपका दर्शन हो जाने पर हमारा जन्म सफल हो गया" ।

[इस पद्य में दो रतिभाव व्यक्त हो रहे हैं (१) कवि का अपने राजा के विषय में और (२) शत्रु राजाओं का कवि के राजा के विषय में। दूसरा भाव अनौचित्य से प्रवृत्त है क्योंकि कोई राजा अपने शत्रु राजा की स्तुति वास्तव में नहीं करता है। अतः यह रतिभावाभास है ।]

इस पद्य में राजा से सम्बद्ध शत्रुओं का रतिरूप जो भावाभास है वह कवि के राजविषयक रतिभाव का अङ्ग है अर्थात् एक भावाभास दूसरे भाव का अङ्ग बन जाने से इसमें 'ऊर्जस्वि अलंकार है ।।

(१०४) 'समाहित' अलंकार का उदाहरण —

अन्वयः — पश्यामः, इयम् , किम् , प्रपद्यते? इति यथा (मया), स्थैर्यम् , आलम्बितम् , अयम्, शठः, माम् , किम् , न, आलपति, खलु, इति, तया, अपि, कोपः, आश्रितः, इति, अन्योन्यविलक्षदृष्टिचतुरे, तस्मिन् , अवस्थान्तरे, मया, सव्याजम् , हसितम् , तया, तु, धृतिहरः, वाष्पः, मुक्तः ।। २९४ ।।

[इस पद्य में कोई नायक अपनी नायिका के प्रणयकोप की घटना अपने किसी मित्र को बता रहा है कि हम दोनों कोप करके बैठे थे। तो मैंने सोचा—] 'देखें यह (नायिका) क्या करती है?' यह सोचकर मैंने स्थिरता = निष्क्रियता = चुप्पी जिस प्रकार धारण कर ली उसी प्रकार उस (नायिका) ने भी 'यह शठ मुझसे बात क्यों नहीं करता है', ऐसा सोचकर कोप का अवलम्बन कर लिया अर्थात् कुपित हो गई। इस प्रकार जब हम दोनों एक दूसरे की लक्ष्यहीन दृष्टि वाली एक अन्य ही अवस्था में पहुँच गये, तब मैं किसी बहाने से हँस पड़ा, (अब क्या कहना) उसने तो धैर्य डिगा देने वाले आँसू ही छोड़ दिये अर्थात् वह फूट-फूट कर रोने लगी ।

इस पद्य में नायिका का कोपरूपी संचारी भाव शृङ्गार रस का अङ्ग बन गया है। [अतः भाव रस का अङ्ग बन जाने से यहाँ 'समाहित' अलंकार है।] ।। १०४ ।।

अथ भावोदयप्रभृतयः —

१०५. भावोदयो यथा —

तदद्य विश्रम्य दयालुरेधि मे दिनन्निनीषामि भवद्विलोकिनी ।
अदर्शि पादेन विलिख्य पत्रिणा तवैव रूपेण समस्समत्प्रियः ।। २९५ ।।

(नैषध. ९/६६)

अत्र नलं प्रति दमयन्त्या औत्सुक्यरूपभावस्योदयश्शृंगाररसस्याङ्गम् । (१०५)

****

समाहितमुदाहरति — **पश्याम इति** । स्पष्टम् ॥ १०४ ॥

****

भावोदयमुदाहरति — **तदद्येति।** अत्रौत्सुक्यरूपभावस्योदीयमानस्य शृङ्गाररसाङ्गत्वात् भावोदयालङ्कारः। अत्र नलालम्बनो रहोदर्शनसम्भाषणाद्युद्दीपितोऽवलोकनादिनानुभावितः औत्सुक्येन व्यभिचारिणा सञ्चारितः शृङ्गाररसः प्रधानभूत इति भावः ॥ १०५ ॥

****

भावोदय आदि अलङ्कारों के उदाहरणों का वर्णन —

(१०५) भावोदय का उदाहरण —

अन्वयः — तत् , अद्य, विश्रम्य, दयालुः एधि, (अहम्) भवद्विलोकिनी, मे, दिनम् , निनीषामि, (यतोहि) पत्रिणा, पादेन, विलिख्य, तव, एव, रूपेण, समः, सः, मत्प्रियः, अदर्शि ॥ २९५ ॥

(नैषधीयचरित का ९।६६ पद्य है। इसमें दूत बने नल से दमयन्ती प्रार्थना कर रही है—) हे हंस ! आज यहाँ विश्राम करके मेरे प्रति दयालु बन जाओ अर्थात् यहाँ रुक कर मेरे ऊपर दया करो क्योंकि मैं आपको देखती हुई यह दिन बिताना चाहती हूँ। उस हंस पक्षी ने पैर से लिखकर दिखा दिया था कि मेरा प्रिय नल तुम्हारे समान ही है अर्थात् पक्षी द्वारा बनाये गये नल के रूप में और तुम्हारे रूप में पूर्ण समानता है अतः तुम्हारा दर्शन करती हुई नलदर्शन का आनन्द लेना चाहती हूँ।

इस पद्य में नल के प्रति औत्सुक्यरूप भाव का उदय (दमयन्ती के) नलविषयक शृङ्गाररस का अङ्ग है । (अतः यहाँ 'भावोदय' अलंकार है ।) ॥ १०५ ॥

१०६. भावसन्धिर्यथा –

एकाभूत्कुसुमायुधेषुधिरिव प्रव्यक्तपुङ्खावलि –
जेंतुर्मङ्गलपालिकेव पुलकैरन्या कपोलस्थली ।
लोलाक्षीं क्षणमात्रभाविविरहक्लेशासहां पश्यतो
द्रागाकर्णयतश्च वीर ! भवतः प्रौढाहवाडम्बरम् ।। २९६ ।।

अत्र रमणीप्रेम-रणौत्सुक्ययोस्संधिः प्रभुविषयभावस्याङ्गम् । (१०६)

****

भावसन्धिमुदाहरति — एकाभूदिति । अत्र वर्णनीयभूपविषयकभावः प्रधानभूतो वाक्याथस्तस्य प्रियतमावलोकनाहवाडम्बराकर्णनजनितयोः परस्परस्पर्धया समबलत्वेनान्योन्य-पराभवमसहमानयोः प्रियतमाप्रेम-रणौत्सुक्ययोः सन्धिरङ्गमिति भावः ॥ १०६ ॥

****

(१०६) 'भावसन्धि' अलङ्कार के उदाहरण —

अन्वयः — हे वीर ! क्षणमात्र भावि-विरहक्लेशासहाम् , लोलाक्षीम् , पश्यतः, द्राक् , प्रौढाहवाडम्बरम् , आकर्णयतः, च, भवतः, एका, कपोलस्थली, प्रव्यक्तपुङ्खावलिः, कुसुमायुधेषुधिः, इव, अन्या, च, पुलकैः, जेतुः, मङ्गलपालिका, इव, अभूत् ॥ २९६ ॥

(इस पद्य में कवि किसी राजा की एक दशाविशेष का वर्णन कर रहा है जिसमें प्रेम तथा औत्सुक्य दोनों का मेल दिखाई दे रहा है —) हे वीर ! (युद्ध भूमि में जाते समय) एक क्षण का भी विरह क्लेश सहन करने में असमर्थ चंचल नेत्रों वाली अपनी प्रेयसी को देखकर आप की एक कपोलस्थली (गाल) साफ–साफ पंख दिखाई देने वाले कामदेव के बाणों के रखने वाले तूणीर के समान हो जाती है और तत्काल दूसरी गण्डस्थली (गाल) युद्धभूमि की भीषण रणभेरी (आडम्बर) को सुनकर रोमांचों से उसी प्रकार युक्त हो जाती है जिस प्रकार विजय के लिये प्रस्थान करने वाले किसी राजा की मंगलपालिका (कुशादि मांगलिक वस्तुओं से सजाई गई वेदी) हो ।

इस पद्य में (राजा के) रमणीविषयक प्रेम तथा रणविषयक उत्सुकता इन दोनों भावों की सन्धि है और यह भावसन्धि कवि की राजविषयक रति (भाव) का अङ्ग बन गई हैं । (अतः यहाँ 'भावसन्धि' अलंकार है।) ॥ १०६ ॥

---

१०७. भावशबलं यथा –

क्वाकार्यं शशलक्ष्मणः क्व च कुलं भूयोऽपि दृश्येत सा
दोषाणां प्रशमाय नश्श्रुतमहो कोपेऽपि कान्तं मुखम् ।
किं वक्ष्यन्त्यपकल्मषा कृतधियस्स्वप्नेऽपि सा दुर्लभा
चेतस्स्वास्थ्यमुपैहि कः खलु युवा धन्योऽधरं धास्यति ।। २९७।।

भावशबलतामुदाहरति — **क्वाकार्यमिति** । अत्र 'क्वाकार्य'मित्यनेन सूचितस्य वितर्काख्यस्य भावस्य 'भूयोऽपि दृश्येत से'ति दर्शनाशंसासूचितेन औत्सुक्येन तस्य दोषाणामुशान्तये स्मृतमिति सूचितया मत्या 'अहो कोपेऽपि कान्तं मुख'मिति सूचितस्मरणेन तस्य 'किं वक्ष्यन्त्यपकल्मषा'इति सूचितया शङ्कया तस्याः 'स्वप्नेऽपि सा दुर्लभे'ति सूचितदैन्येन तस्य 'चेतः स्वास्थ्यमुपेही'ति सूचितधृत्या तस्याः 'कः खलु युवे'ति सूचितया चिन्तया उपमर्देन पूर्वपूर्वोमर्दनपूर्वकमुत्तरोत्तरभावोत्थानात् भावशबलता । सेयं विप्रलम्भ-शृंगाररस्याङ्गमिति भावः ।

---

(१०७) 'भावशबल' अलंकार का उदाहरण —

अन्वयः — क्व, अकार्यम् , क्व, च, शशलक्ष्मणः, कुलम् , सा, भूयः, अपि, दृश्येत, नः, श्रुतम् , दोषाणाम् , प्रशमाय, कोपे, अपि, मुखम् , कान्तम् , अपकल्मषाः, कृतधियः, किम् , वक्ष्यन्ति, सा, स्वप्ने, अपि, दुर्लभा, हे चेतः । स्वास्थ्यम् , उपैहि, कः, खलु, धन्यः, युवा, अधरम् , पास्यति ? ।। २९७ ।।

[इस श्लोक में अनेक भाव एक साथ वर्णित हैं —]

(१) कहाँ यह अनुचित कार्य और कहाँ चन्द्रमा का कुल (चन्द्रवंश)? [यह तर्क है ।]

(२) क्या फिर दुबारा वह देखने को मिल सकेगी ? [औत्सुक्य]

(३) दोषों पर नियन्त्रण करने के लिये ही मैंने शास्त्र पढ़े हैं। [मति]

(४) क्रोध में भी, नाराज हो जाने पर भी उसका मुख कितना सुन्दर लगता था । [स्मरण]

(५) विद्वान् तथा पवित्रात्मा लोग [मेरे इस आचरण से] मेरे विषय में क्या कहेंगे? [शंका]

(६) अरे, अब तो वह स्वप्न में भी दुर्लभ हो गई । [दैन्य]

(७) हे मन ! धीरज रखो । [धैर्य, धृति]

(८) न जाने कौन सौभाग्यशाली युवक उस सुन्दरी के अधरामृत का पान करेगा। [चिन्ता]

अत्र वितर्कौत्सुक्यमतिस्मरणशङ्कादैन्यधृतिचिन्तानां शबलता विप्रलम्भशृंगारस्याङ्गम् ।। (१०७)

****

अत्रेदं चिन्त्यम् । इयं हि भावशबलता प्राधान्येन काव्यप्रकाशकारादिभिरुदाहृत्य 'नन्वत्र सर्वत्र शृङ्गाररसस्य प्राधान्येन सत्त्वादेषां तदङ्गतया गुणीभूतव्यङ्ग्यतैव वाच्येत्याशङ्क्य 'मुख्ये रसेऽपि तेऽङ्गित्वं प्राप्नुवन्ति कदाचन।' इति राजानुगतविवाहप्रवृत्तभृत्यवद्रसाविनाभावेन सततं रसाङ्गभूतानामपि भावोदयादीनां तत्प्रयुक्तचमत्कारातिशये सहृदयानुभवसाक्षिके सत्यङ्गित्वविवक्षया तानादाय ध्वनिव्यपदेशो युक्तः । तत्र तदा चेतसः विवाहप्रवृत्तभृत्य इव जननयनानां विश्रमात्तैरैव ध्वनिव्यपदेशो युक्त इति ध्वनित्वं समर्थितम् । ग्रन्थकृतापि भावोदयभावसन्ध्योस्तथैवोदाहरणे दर्शिते । भावशबलताङ्गित्वं च —

'पश्येत्कश्चिच्चल चपल ! रे ! का त्वराहं कुमारी
हस्तालम्बं वितर हहह व्युत्क्रमः क्वासि यासि ।
इत्थं पृथ्वीपरिवृढ ! भवद्विद्विषोऽरण्यवृत्तेः
कन्या कञ्चित्फलकिसलयान्याददानाभिधत्ते ।।

इत्यत्रोदाहृतम् । यद्यप्यत्रापि प्रबन्धव्यङ्ग्यं विप्रलम्भमादाय भावशबलताया अङ्गत्वं सम्भवति तथापि प्रबन्धमपर्यालोचयतः भावशबलतामात्रकृतचमत्कारोदयात् विवक्षानुसार्यङ्गित्वसद्भावात् भावशबलताध्वनिरेव युक्त इति ।। १०७ ।।

****

इस पद्य में (१) वितर्क, (२) औत्सुक्य, (३) मति, (४) स्मरण, (५) शङ्का, (६) दैन्य, (८) धृति, तथा (८) चिन्ता — इन आठ (व्यभिचारी) भावों [का एक साथ वर्णन किये जाने से उन भावों] की शबलता है, यह शबलता विप्रलम्भ शृङ्गार का अङ्ग बन गई है। [अतः इसमें 'भावशबल' अलंकार है।]

विशर्म — प्रस्तुत श्लोक काव्यप्रकाश में भावशबलता के उदाहरण के रूप में श्लोक संख्या ५३ में उद्धृत है । किन्तु यह श्लोक कहाँ का है, इसके रचयिता कौन हैं ? यह सन्दिग्ध है । आचार्य विश्वेश्वर की टिप्पणी के अनुसार काव्यप्रकाश के टीकाकारों में दो मत हैं । श्रीवत्सलाञ्छन, कमलाकर, वैद्यनाथ, भीमसेन आदि अनेक टीकाकारों ने इस पद्य को शुक्राचार्य की कन्या को देखकर राजा ययाति द्वारा कहा गया पद्य माना है। परन्तु कुछ अन्य व्याख्याकारों ने (विक्रमोर्वशीय' नाटक के चतुर्थ अङ्क में उर्वशी को देखकर राजा पुरुरवा द्वारा कहा गया माना

अथ प्रमाणालङ्काराः –

१०८. प्रमाणालङ्कारेषु प्रत्यक्षं यथा –

क्रान्तकान्तवदनप्रतिबिम्बे भग्नबालसहकारसुगन्धौ ।
स्वादुनि प्रणदितालिनि शीते निर्वावार मधुनीन्द्रियवर्गः ।। २९८ ।।
(शिशु १०/३)

(१) प्रमाणालङ्कारान् क्रमेणोदाहरति — **प्रमाणेति** । उदाहरणे 'क्रान्तकान्ते'ति प्रथमविशेषणेन चक्षुर्विषयस्य, द्वितीयविशेषणेन घ्राणविषयस्य, तृतीयविशेषणेन रसनेन्द्रियविषयस्य, तुरीयविशेषणेन श्रवणविषयस्य, पञ्चमविशेषणेन त्वगिन्द्रियविषयस्य, 'निर्ववारे'त्यनेन सकलेन्द्रियविषयानुभवजन्यसुखस्योक्त्या षडिन्द्रियजन्यप्रत्यक्षाणां प्रतीतेः प्रत्यक्षालङ्कार इत्यर्थः।

है । यद्यपि आज के प्रकाशित 'विक्रमोर्वशीय' नाटक में यह श्लोक नहीं मिलता है किन्तु १८५७ ई. के मुद्रित संस्करण के पृष्ठ १२२ पर अधिक पाठ के रूप में यह श्लोक पाया जाता है । (द्र. आचार्य विशेश्वर की काव्यप्रकाश व्याख्या पृ. १४४)

इसमें एक साथ आठ भावों का वर्णन है और कोई किसी का अंग नहीं है। ये सभी मिलकर विप्रलम्भ शृङ्गार के अङ्ग बने हैं। अतः यहाँ 'भावशबल' अलंकार समझना चाहिये ॥ १०७ ॥

प्रमाण अलङ्कार —

विमर्श — भारतीय शास्त्रों में प्रमाणों का गम्भीर विवेचन किया गया है । 'प्रभाकरणं = प्रमाणम्, अर्थात् जो यथार्थ ज्ञान का साधन होता है उसे 'प्रमाण' कहते हैं । प्रमाणों की संख्या के विषय में बहुत मतभेद हैं । प्रमाणों की संख्या एक से लेकर दश तक मानी गई है । चार्वाक केवल 'प्रत्यक्ष' प्रमाण ही मानते हैं । सांख्य केवल तीन प्रमाण मानते हैं— प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द। नैयायिक–प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान तथा शब्द इन चार प्रमाणों को मानते हैं । वेदान्ती तथा मीमांसक 'अनुपलब्धि' तथा 'अर्थापत्ति' को मिला कर छह प्रमाण मानते हैं । पुराणकारों ने दश प्रमाण स्वीकार किये हैं — (१) प्रत्यक्ष, (२) अनुमान, (३) उपमान, (४) शब्द, (५) स्मृति, (६) श्रुति, (७) अर्थापत्ति, (८) अनुपलब्धि, (९) संभव तथा (१०) ऐतिह्य । यहाँ पर दश प्रमाणों के आधार पर उन्हीं के नाम से दश अलंकारों का सोदाहरण विवेचन किया गया है ।

(१०८) प्रमाण अलंकारों में 'प्रत्यक्ष' का उदाहरण —

अन्वयः — क्रान्त–कान्त–वदन–प्रतिबिम्बे, भग्न–बाल–सहकार–सुगन्धौ, स्वादुनि, प्रणदितालिनि, शीते, मधुनि, इन्द्रियवर्गः, निर्ववार ॥ २९८ ॥

(शिशुपालवध दशम सर्ग का तृतीय पद्य है । इसमें मदिरापान का वर्णन

यथा वा –

किंतावत्सरसि सरोजमेतदारा –
दाहोस्विन्मुखमवभासते युवत्याः ।
संशय्य क्षणमिति निश्चिकाय कश्चि–
द्बिब्बोकैर्बकसहवासिनां परोक्षैः ।। २९८ ।। (शिशु ८।२९)

पूर्वत्र प्रत्यक्षमात्रम् । इह तु विशेषदर्शनजन्यसंशयोत्तरप्रत्यक्षमिति भेदः । (१०८)

****

उदाहरणान्तरमाह — किं तावदिति । पूर्वस्मादस्य विशेषमाह — पूर्वमिति ॥१०८॥

****

किया गया है ।) प्रियतम के प्रतिबिम्ब से युक्त, (अतः दृश्य वस्तु के रूपग्राही नेत्रों के लिये सुखप्रद), तोड़े गये नवीन तथा सुगन्धयुक्त आम्रपल्लवों या मञ्जरी की सुगन्ध से युक्त (अतः गन्धग्राहिणी नासिका के लिये सुखप्रद), सुस्वादु (अतः रसग्राहिणी जिह्वा के लिये सुखप्रद), भ्रमरों के गुञ्जार से युक्त (अतः शब्द = ध्वनिग्राही कानों के लिये सुखप्रद) तथा शीतल (अतः स्पर्शग्राहिणी त्वचा के लिये सुखप्रद) मधु = मद्य में इन्द्रियों का समूह (क्रमशः नेत्र, नासिका, जिह्वा, कर्ण, और त्वचा–इन पाँचों ज्ञानेन्द्रियों का समूह) (अपने-अपने ग्राह्य विषयों के ग्रहण करने में) अत्यधिक सन्तुष्ट हो गया) [इनमें इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षों की प्रतीति होने से 'प्रत्यक्षालङ्कार' है । मल्लिनाथ ने इसमें काव्यलिङ्ग अलंकार माना है " अत्र रूपरसादि-पदार्थानां मधुविशेषणभावेन निवृत्तिहेतुत्वात् पदार्थहेतुकं काव्यलिङ्गम् ।" शिशु. १०।३]

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — सरसि, तावत् , सरोजम् , किम् ? आहोस्वित् युवत्याः, मुखम् , अवभासते, इति, क्षणम् , संशय्य, कश्चित् , बकसहवासिनाम् , परोक्षैः, बिब्बोकैः, निश्चितकाय ॥ २९९ ॥

(शिशुपालवध अष्टम सर्ग के सरोवर वर्णन के प्रसंग में यह ८।२९ श्लोक है–) सरोवर में समीप में दिखाई देने वाली वस्तु क्या कमल है ? अथवा किसी युवती का मुख सुशोभित हो रहा है ? — ऐसा क्षणमात्र संशय करके किसी पुरुष ने बगुलों के सहचारियों (कमलों) में परोक्ष (अननुभूत अर्थात् अविद्यमान) बिब्बोकों (विलासों) के द्वारा (यह अङ्गना का मुख ही है — ऐसा) निश्चय किया ।

१०९. अनुमानं यथा –

यथा रन्ध्रं व्योम्नश्चलजलदधूमस्स्थगयति
स्फुलिङ्गानां रूपं दधति च यथा कीटमणयः ।
यथा विद्युज्ज्वालोल्लसितपरिपिङ्गाश्च ककुभ–
स्तथा मन्ये लग्नः पथिकतरुषण्डे स्मरदवः ।। ३०० ।।

---

(२) अनुमानालङ्कारमुदाहरति — **यथा रन्ध्रं व्योम्न इति** । अत्र पथिकतरुषण्डे पक्षे जलदलक्षणधूमलेखया अभ्रंलिहया कीटमणिलक्षणस्फुलिङ्गैर्दिग्विभागपिशङ्गतया च विद्युन्निवहलक्षणज्वालोल्लसितया स्मरदावानलव्यतिरेकानुमितेर्वर्णनादनुमानालङ्कार इति भावः।

प्रथम उदाहरण केवल 'प्रत्यक्ष' अलंकार का है । किन्तु यह द्वितीय उदाहरण तो विशेषदर्शन से जन्य संशय के उत्तर के प्रत्यक्ष का है— यह भेद है । [क्योंकि 'विब्बोक' के कारण संशय दूर हो जाता है ।]

विमर्श — स्त्रियों की युवावस्था में उनके मुख तथा शरीर के अङ्गों में विशेष परिस्थितिवश होने वाले हावभावविलासरूप परिवर्तनों को आचार्य 'अलंकार' कहते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं— (१) अङ्गज ३ (२) अयत्नज ७, और (३) स्वभावज १८, कुल मिलाकर २८ प्रकार के होते हैं । इनमें अभीष्ट वस्तु में भी अत्यधिक गर्व के कारण होने वाले अनादर को 'विब्बोक' नामक स्वभावज अलंकार कहा जाता है । (द्र. साहित्यदर्पण ३।१२९, ३।१४३) यह 'विब्बोक' कमलों में नहीं होता है । अतः प्रस्तुत वर्णन में 'विब्बोक' द्वारा 'स्त्रियों का मुख है' यह निश्चय किया गया ।। १०८ ।।

इस श्लोक को साहित्यदर्पणकार ने 'निश्चयान्त सन्देह' अलंकार का उदाहरण लिखा है । चित्रमीमांसा में अप्पय दीक्षित ने भी 'निश्चयान्त सन्देह' का ही उदाहरण लिखा है किन्तु कुवलयानन्द में इन्होंने 'प्रत्यक्ष' अलंकार का उदाहरण माना है ।

[दर्शनों में अनुमान प्रमाण का अति विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है । पञ्चावयव वाक्य से अनुमान बनता है— (१) प्रतिज्ञा, (२) हेतु, (३) उदाहरण (४) उपनय, (५) निगमन। उदाहरण — पर्वतो वह्निमान् धूमात् , यो यो धूमवान् स स वह्निमान् यथा महानसम् , तथा चायम् , तस्मात् तथा = पर्वतो वह्निमान्। यह अनुमान जब कविप्रतिमोत्थापित होकर काव्य में वर्णित हो जाता है तब 'अनुमान' अलंकार मान लिया जाता है ।]

यथा वा –

यत्रैता लहरीचलाचलदृशो व्यापारयन्ति भ्रुवौ
यत्तत्रैव पतन्ति सन्ततममी मर्मस्पृशो मार्गणाः ।
तच्चक्रीकृतचापपुङ्खितशरप्रेङ्खत्करः क्रोधनो
धावत्यग्रत एव शासनधरस्सत्यं तदासां स्मरः ।। ३०१ ।।

उदाहरणान्तरमाह — यत्रैता इति । अत्राङ्गनाकटाक्षाणां मन्मथमार्गणात्वेनाध्यवसितानां निपतनेन लिङ्गेन चक्रीकृतचापालंकृतमन्मथपुरोधावनानुमितेरत्राप्यनुमानालङ्कार इति भावः ।

---

(१०९) 'अनुमान' अलंकार का उदाहरण —

अन्वयः — यथा, चल जलदधूमः, व्योम्नः, रन्ध्रम् , स्थगयति, यथा, कीटमणयः, स्फुलिङ्गानाम् , रूपम् , दधति, यथा, ककुभः, च, विद्युज्ज्वालोल्लसितपरिपिङ्गाः, [सन्ति] तथा, मन्ये, पथिकतरुषण्डे, स्मरदवः, लग्नः ।। ३०० ।।

चूँकि चलते हुये (चंचल) बादलों का धुआँ आकाशछिद्र को ढक रहा है, कीटमणि (जुगनू) स्फुलिंगों (चिनगारियों) का रूप धारण कर रहे हैं, और सारी दिशायें बिजली की ज्वाला (लपट) से व्याप्त होने से सभी ओर पीली-पीली हो गईं हैं, इससे समझता हूँ, अनुमान करता हूँ कि विरहिजनरूपी वृक्षों के समूह में कामदेवरूपी दावानल जलने लगा है ।

विमर्श — 'मन्ये' के प्रयोग के कारण सामान्यतया यह उत्प्रेक्षा का उदाहरण माना जाता है । किन्तु इसमें अनुमिति सामग्री होने से यह 'अनुमान' अलंकार का भी उदाहरण बन जाता है । अनुमिति का आकार यह होगा — इदं पथिकतरुषण्डम् (पक्ष), स्मरदावानलवत् (स्मरदावानलवत्ता साध्य), चलजलदधूमवत्त्वात् , कीटमणिरूप-स्फुलिङ्गवत्त्वात् , दिग्व्यापि-विद्युज्ज्वालोल्लसितत्वात् च । ये हेतु हैं ।)

अथवा अन्य उदाहरण —

अन्वयः — लहरीचलाचलदृशः एताः, यत्र, भ्रुवम् , व्यापारयन्ति, तत्र, एव, अमी, मर्मस्पृशः मार्गणाः, सततम् , यत् , पतन्ति, तत् , चक्रीकृत-चाप-पुङ्खितशर-प्रेङ्खत्करः, क्रोधनः, आसाम् , शासनधरः, स्मरः, सत्यम् , अग्रतः, एव, धावति ।।३०१।।

जल की तरङ्गों (लहरों) के समान अत्यन्त चंचल नेत्रों वाली ये युवतियाँ जहाँ जिस पर अपनी भौंहें चला देती हैं, जिसके ऊपर अपनी दृष्टि डाल देती हैं

पूर्वं रूपकसङ्कीर्णम् । इदमतिशयोक्तिसङ्कीर्णमिति भेदः ।।

शुद्धानुमानं यथा –

निलीयमानैर्विहगैर्निमीलद्भिश्च पङ्कजैः ।
विकसन्त्या च मालत्या गतोऽस्तं ज्ञायते रविः ।। ३०२ ।।

उदाहरणयोर्भेदं दर्शयति — **पूर्वमिति** । 'जलदधूम' इत्यादौ रूपकस्य व्यक्तं प्रतीतेः रूपकसङ्कीर्णं पूर्वोदाहरणम् । वनितादृगन्तानां मार्गणैर्निगरणादतिशयोक्तिसङ्कीर्णमिति तयोर्भेद इति भावः । असङ्कीर्णमुदाहरति — **शुद्धेति** ।

वहीं ये [कामदेव के] मर्मस्पर्शी बाण जो लगातार गिरने लगते हैं, उससे यही (प्रतीत होता है), अनुमान किया जा सकता है कि धनुष को गोलाकार किये अर्थात् चढ़ाये हुये तथा बाण के ऊपर ही हाथ रखे हुये क्रोधयुक्त उनका आज्ञाकारी कामदेव सचमुच सदा इनके आगे-आगे ही दौड़ता रहता है।

[यहाँ अनुमिति इस प्रकार की होती है— एताः चक्रीकृतचापालंकृतमन्मथपुरोधावनयुक्ताः, मर्मस्पर्शि–कामबाणपाताश्रवभ्रूसंज्ञकस्थानवत्त्वात् । इसमें 'कामदेव का आगे-आगे बाणयुक्त धनुष लेकर दौड़ते रहना' — साध्य है ।]

प्रथम उदाहरण में रूपक तथा अनुमान का संकर है। [क्योंकि 'जलद' 'कीटमणि' 'विद्युज्ज्वाला तथा 'स्मर' पर क्रमशः 'धूम' 'स्फुलिङ्ग' 'अग्निज्वाला' और 'दावानल' का आरोप है। यह रूपक अनुमान का अङ्ग बन गया है अतः अङ्गाङ्गिभाव 'संकर' का उदाहरण है।]

दूसरा उदाहरण अतिशयोक्ति से संकीर्ण है अर्थात् अतिशयोक्ति तथा अनुमान का अङ्गाङ्गिभाव संकर है । [इसमें वनितादृग् आदि का कामबाण आदि के द्वारा निगरण होने से अतिशयोक्ति है जो अनुमान का अङ्ग बन गई है । काव्यप्रकाश में भी उक्त द्वितीय श्लोक 'अनुमान' अलंकार के उदाहरण के रूप में उद्धृत है ।]

शुद्ध अनुमान का उदाहरण —

अन्वयः — निलीयमानैः विहगैः, निमीलद्भिः, पङ्कजैः, च, विकसन्त्या, मालत्या, च, ज्ञायते, (यत्) रविः, अस्तम् , गतः ।। ३०२ ।।

घोंसलों में घुसते हुये पक्षियों से, कमलों के मुरझाने लगने से तथा मालती के खिलने लगने से यह ज्ञात होता है, ऐसा अनुमान होता है कि 'सूर्य अस्त हो गया'।

[इसमें कोई दूसरा अलंकार नहीं है केवल 'अनुमान' है । अतः यह शुद्ध का उदाहरण है । 'अयं सूर्यः, अस्तंगतः, निलीयमानविहगवत्त्वात् , निमीलत्पङ्क-

यथा वा –

सौमित्रे ! ननु सेव्यतां तरुतलं चण्डांशुरुज्जृम्भते ,
चण्डांशोर्निशि का कथा रघुपते ! चन्द्रोऽयमुन्मीलति ।
वत्सैतद्विदितं कथं नु भवता, धत्ते कुरङ्गं यतः
क्वासि प्रेयसि ! हा कुरङ्गनयने ! चन्द्रानने ! जानकि? ।।३०३।।

(१०९)

* * * *

अत्रैवोदाहरणान्तरं दर्शयति — **सौमित्र इति** । अत्र चन्द्रोदयविजृम्भितविरहानलजनिततापातिरेकतप्यमानमानसस्य रामभद्रस्य सौमित्रेश्चोक्तिप्रत्युक्तौ तरुतलसमाश्रयणकर्त्तव्यतया चण्डांशूदयानुमितेरनुमानालङ्कारः । ततः 'चण्डांशोर्निशि का कथे'ति लक्ष्मणोक्त्या चण्डांशूदयाभावनिश्चयेन बाधोदयेन पूर्वानुमितेः भ्रमत्वनिश्चयः। कथं चन्द्रोदय इति कुतो विदितमिति रघुपतेरुक्तिः । ततः 'धत्ते कुरङ्गं यत' इति लक्ष्मणस्योक्तिः। अनया लक्ष्मणोक्त्या चन्द्राविनाभूतकुरङ्गपक्षधर्मतया चन्द्रानुमितेः प्रतीरेरयमप्यनुमानालङ्कारः। पूर्वानुमानोपमर्देनास्योत्थानात् पूर्वस्माद्विच्छित्तिविशेषः । अयं च 'क्वासि प्रेयसी'ति तुरीयचणव्यङ्ग्यस्य सीतालम्बनस्य चन्द्रोदयोद्दीपितस्य तापानलाद्यनुभावेनानुभावितस्य 'क्वासि प्रेयसी'ति सूचितौत्सुक्यस्मृत्यादिभिः सञ्चारितस्य विप्रलम्भरसस्याङ्गमिति द्रष्टव्यम् ।। १०९।।

जवत्त्वात् , विकसन्मालतीवत्त्वाच्च' — ऐसा अनुमानाकार बनाया जा सकता है ।]

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः — हे सौमित्रे !, तरुतलम् , सेव्यताम् , ननु, चण्डांशुः उज्जृम्भते, हे रघुपते !, निशि, चण्डांशोः,का, कथा?, वत्स !, अयम् , चन्द्रः. उन्मीलति, भवता, एतत् , कथम् , नु, विदितम् ? यतः, तुरङ्गम् , धत्ते, हा प्रेयसि!, हा कुरङ्गनयने ! हा चन्द्रानने ! हा जानकि !, क्व, असि ? ।। ३०३ ।।

[सीताविरह में व्याकुल राम लक्ष्मण से कह रहे हैं —] हे सुमित्रानन्दन लक्ष्मण! वृक्ष के नीचे आ जाओ क्योंकि यह तीखी किरणों वाला सूर्य प्रचण्ड रूप से तप रहा है। [लक्ष्मण उत्तर देते हैं] हे रघुपते! रात में सूर्य की बात कहाँ से? यह तो चन्द्रमा प्रकाशित हो रहा है । [राम पूछते हैं—] हे वत्स ! तुमने यह कैसे जान लिया [कि यह सूर्य नहीं तप रहा है अपि तु चन्द्रमा प्रकाशित हो रहा है । इस पर लक्ष्मण उत्तर देते हैं—] चूँकि यह (अपने मध्य भाग में) हिरन को धारण किये हुये है। (यह सुनकर राम जोर से चिल्लाने लगते हैं —) हे प्रेयसि !, हे कुरंग के समान नेत्रों वाली, हे! चन्द्रसदृश मुख वाली सीते ! तुम कहाँ हो ?

११०. उपमानं यथा –

तां रोहिणीं विजानीहि ज्योतिषामत्र मण्डले ।
यस्तन्वि ! तारकान्यासश्शकटाकारमाश्रितः ।। ३०४ ।।
अत्र मन्मथमिवातिसुन्दरं दानवारिमिव दिव्यतेजसम् ।
शैलराजमिव धैर्यशलिनं वेद्मि वेङ्कटपतिं महीपतिम् ।। ३०५ ।।

पूर्वोदाहरणे उपमानमूलभूतमतिदेशवाक्यं दर्शितम् । अत्रातिदेशवाक्यार्थसादृश्यप्रत्यक्षरूपमुपमानं फलेन सह दर्शितमिति विशेषः ।। (११०)

****

---

(३) उपमानालङ्कारमुदाहरति — **तां रोहिणीमिति** । अत्र शकटसदृशाकारताशालितारकाविन्यासो रोहिणोपदवाच्य इत्यतिदेशवाक्योपन्यासेन तद्वाक्यार्थज्ञानादयं तारकाविशेषो रोहिणीपदवाच्य इत्युपमितिप्रतीतेरुपमानालङ्कार इत्यर्थः।

उदाहरणान्तरमाह— **अत्र मन्मथमिति** । पूर्वोदाहरणादत्र यो विशेषस्तमाह — **अत्रेति** । 'मन्मथमिवेत्यादिभिर्वाक्यैर्मन्मथतुल्यसौन्दर्यशालित्व-दानवारितुल्यदि

[इस पद्य में राम तथा लक्ष्मण की उक्ति और प्रत्युक्ति में अनुमान अलंकार प्रतीत हो रहा है । इसका वास्तविक आशय रसिकरज्जनी में देखें ।] ।। १०९ ।।

(११०) उपमान अलंकार के उदाहरण—

[सादृश्य के आधार पर होने वाले ज्ञान को उपमिति कहा जाता है। जैसे— गौः इव गवयः। नीचे उदाहरणों में भी सादृश्य का वर्णन किये जाने से 'उपमान' अलंकार है ।]

अन्वयः— हे तन्वि!, अत्र, ज्योतिषाम्, मण्डले, शकटाकारम्, आश्रितः, यः, तारकान्यासः, ताम्, रोहिणीम्, विजानीहि ।।३०४।।

हे कृशाङ्गि! इस ज्योतिर्मण्डल में शकट (गाड़ी) के आकार के समान बना हुआ जो तारकामण्डल है, उसे 'रोहिणी' समझो ।

[इस पद्य में शकट के आकार के समान आकार वाला जो तारकाविन्यास है वह 'रोहिणी' है यह ज्ञान होता है । इससे तारकाविशेष रोहिणीपदवाच्य है— इस प्रकार की उपमिति की प्रतीति होने से 'उपमान' अलंकार है ।]

अथवा दूसरा उदाहरण —

अन्वयः— अत्र, मन्मथम्, इव, अतिसुन्दरम्, दानवारिम्, इव, अतितेजसम्, शैलराजम्, इव, धैर्यशालिनाम्, महीपतिम्, वेङ्कटपतिम्, वेद्मि ।।३०५।।

कामदेव के समान अतिसुन्दर, दानवारि=विष्णु के समान अत्यन्त तेजस्वी तथा पर्वतराज हिमालय के समान धैर्यशाली राजा वेङ्कटपति को समझता हूँ।

१११. शब्दप्रमाणं यथा—

विवृण्वता दोषमपि च्युतात्मना त्वयैकमीशं प्रति साधु भाषितम् ।
यमामनन्त्यात्मभुवोऽपि कारणं कथं स लक्ष्यप्रभवो भविष्यति? ।।३०६।।
(कुमार० ५।८१)

व्यतेजस्वित्व हिमाद्रितुल्यधैर्यवत्त्वस्यातिदेशवाक्यार्थभूतसादृश्यात्मकस्य प्रतिपादनाद् वेङ्कटपतिशब्दवाच्यं 'वेद्मी'ति वेङ्कटपतिपदशक्तिग्रहरूपोपमितेः फलस्य प्रतिपादनेन फलसहितोपमाननिबन्धनेन पूर्वस्याच्चमत्कार इति भावः ।।११०।।

(४) शब्दप्रमाणस्य श्रुतिस्मृतिपुराणादिभेदेन बहुविधतया यथासम्भवमुदाहरति— **शब्देति** । 'यमामनन्ती'त्यनेन विधातुरपि कारणत्वेन वेदाश्शिवमाम-

पहले उदाहरण में उपमान जिसके मूल में है ऐसे अतिदेश वाक्य को प्रदर्शित किया गया है। इस दूसरे उदाहरण में अतिदेशवाक्य के अर्थभूत सादृश्य से प्रत्यक्ष रूप (मांसपिण्डविशेष वाले, शरीरधारी) उपमान की फल (उपमिति) के साथ प्रतीति को प्रदर्शित किया गया है — यह भेद है ।

विमर्श — भाव यह है कि 'शकटसदृशाकारताशालि–तारकाविन्यासः रोहिणीपद–वाच्यः' यह अतिदेश वाक्य है । इस अतिदेशवाक्य के अर्थज्ञान से 'अयं तारकाविशेषः रोहिणीपदवाच्यः' इस उपमिति की प्रतीति होती है । अतः यहाँ मूल में उपमान रहता है। दूसरे उदाहरण में 'मन्मथमिवातिसुन्दरम् ' आदि तीन वाक्यों से मन्मथ के समान सौन्दर्यशाली होना, विष्णु के समान अति तेजस्वी होना तथा हिमालय के समान धैर्यशाली होना — ऐसे अतिदेशवाक्यार्थभूत सादृश्य का प्रतिपादन किया जा रहा है जिससे 'वेङ्कटपतिशब्द के वाक्यार्थ को जानता हूँ' — इस प्रकार की वेङ्कटपतिशक्तिग्रहरूप उपमिति (फल) का प्रतिपादन कराया जा रहा है जिससे फल (उपमिति) के साथ उपमान का ज्ञान कराया जा रहा है । अतः दोनों उदाहरणों में कुछ अन्तर है ।। ११० ।।

(१११) शब्द अलंकार के उदाहरण —

अन्वयः — च्युतात्मना, दोषम् , विवृण्वता, अपि, त्वया, ईशम् , प्रति, एकम्, साधु, भाषितम् , (वेदाः) यम् , आत्ममुवः, अपि, कारणम् , आमनन्ति, सः, लक्ष्यप्रभवः, कथम् , भविष्यति ? ।। ३०६ ।।

[कुमारसम्भव ५।८१ में ब्रह्मचारीवेशधारी शिव के साथ पार्वती का संवाद है। पार्वती ब्रह्मचारी को उत्तर दे रही है—] हे ब्रह्मचारिन् ! तुमने दोष बताते हुये भी शिव के विषय में यह एक अच्छी बात कही है कि वे अलक्ष्यजन्मा

अत्र शिवः परमेष्ठिनोऽपि कारणमित्यत्र 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्व'-मिति श्रुतिरूपं शब्दप्रमाणमुपन्यस्तम् । एवं स्मृतिपुराणागमलौकिकवाक्यरूपाण्यपि शब्दप्रमाणान्युदाहरणीयानि ।

१११. क तत्र स्मृतिर्यथा —

बलात्कुरुत पापानि सन्तु तान्यकृतानि वः ।
सर्वान् बलकृतानर्थानकृतान्मनुरब्रवीत् ।।३०७।।

पूर्वं श्रुतिरभिमतार्थे प्रमाणत्वेनोपन्यस्ता । इह तु स्मृतिरनभिमतार्थे तद्दूषणपरेण प्रमाणतया नीतेति भेदः ।

न्तीति श्रुतिरूपशब्दप्रमाणोदाहरणमित्याह — **अत्रेति** ।

स्मृतिमुदाहरति — **बलादिति** । अत्र लक्षणं योजयति — **इह त्विति** । पापकर्तव्यतारूपानभिमतार्थे पापकर्त्तव्यतादूषणाभिप्रायेण सर्वान् बलकृतानिति मनुस्मृतिः प्रमाणतयोपन्यस्तेति भावः ।

है क्योंकि वेद जिन शिव को आत्मभू = ब्रह्मा का भी कारण (जनक) कहते हैं, तो फिर उनके जन्म का ज्ञान कैसे हो सकता है?

इस पद्य में 'शिव परमेष्ठी ब्रह्मा के भी कारण = उत्पादक हैं' इस कथन में 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्' इस श्रुति वाक्य को प्रमाण के रूप में उपन्यस्त किया गया है। इसी प्रकार से स्मृतियों, पुराणों तथा आगमों के वचनरूपी लौकिक वाक्य रूपी शब्द प्रमाणों के उदाहरण दिये जा सकते हैं।

१११. 'स्मृति' अलंकार का उदाहरण —

अन्वयः — (मानवाः !), बलात् , पापानि, कुरुत, तानि, वः, अकृतानि, सन्तु, हि, मनुः, सर्वान् बलकृतान् , अर्थान् , अकृतान् , अब्रवीत् ॥ ३०७ ॥

[किसी नास्तिक पुरुष ने अपने मत के समर्थन में यह वचन कहा है–] अरे मनुष्यों! तुम बलपूर्वक पाप करो, [तुम्हें इसका कोई फल नहीं भोगना पड़ेगा] ऐसे कर्म अकृत=बिना किये गये कर्म हैं। क्योंकि मनु ने बलपूर्वक किये गये सभी कर्मों को 'अकृत कर्म' कहा है। [और अकृत कर्मों का कोई फल नहीं माना जाता है।]

है वह मुख में भी संभव होने से उसको भी साधारण धर्म बना देने से उपमित समास है। (कुड्मलीकृतं सरोजं लोचनम् इव— ऐसा विग्रह मानकर) और 'सरोजलोचनम्' में समासोक्त वाक्योपमा है, यह उपमा में अंग (सहायक) बनती हुई शशिकर्तृक— निशामुखचुम्बन रूप (मानों चन्द्रमा रजनीमुख चूम रहा है— इस प्रकार की) उत्प्रेक्षा की प्रतीति कराती है किन्तु इस उत्प्रेक्षा की प्रतीतिकाल में ही निशा और शशी में दाम्पत्य (=पतिपत्नीभाव) व्यवहाररूपी समासोक्ति गर्भ में ही रहती है अर्थात् उपमा से प्रतीत होने वाली उत्प्रेक्षा अकेली न प्रतीत होकर समासोक्ति के साथ ही प्रतीत होती है क्योंकि उक्त (अंगुलीभिः इव और सरोजलोचनम्) दोनों की उपमायें इन उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति की समान रूप से उत्थापिका होती हैं, दोनों की सहायक होती हैं, इसके अतिरिक्त जब तक समासोक्ति मध्य में नहीं मान ली जाती है तब तक उत्प्रेक्षा करने का कोई आधार ही नहीं बन सकता है। [कारण यह है कि चुम्बन क्रिया की प्रतीति से पहले शशी पर नायक के और निशामुख पर नायिका के दाम्पत्यव्यवहार का समारोप नहीं मान लिया जाता तब तक उत्प्रेक्षा सम्भव नहीं है।] इस कारण उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति ये दोनों ही एक काल में होती हैं अतः दोनों समान रूप से प्रधान हैं अतः 'समप्राधान्य संकर' अलंकार है। [निष्कर्ष यह है कि पहले दोनों उपमायें प्रतीत होती हैं उसके बाद ये उपमायें समासोक्ति तथा उत्प्रेक्षा की अंग बनती हैं, सहायक होती हैं। किन्तु समासोक्ति और उत्प्रेक्षा में कोई किसी का अंग न होने से इन दोनों अलंकारों की तुल्य रूप से प्रधानता है।]

यद्यप्यत्रोपमाभ्यां शशिनिशागतावेव धर्मौ समर्थ्येते न तु शशिनायकयोर्निशानायिकयोश्च साधारणौ धर्मौ, साधारणधर्मसमर्पणं चोत्प्रेक्षासमासोक्त्योरपेक्षितम्। उत्प्रेक्षायाः प्रकृताप्रकृतसाधारणगुणक्रियारूपनिमित्तसापेक्षत्वात्समासोक्तेर्विशेषणसाम्यमूलकत्वाच्च।

तथापि वाक्योक्तोपमायामिवकारस्य मरीचिभिरिवेत्यन्वयान्तरमभ्युपगम्यान्वयभेदलब्धस्य प्रकृताप्रकृतयोरेकैकविषयस्यार्थद्वयस्य समासोक्तोपमायां सरोजसदृशं लोचनमिति समासान्तरमभ्युपगम्य समासभेदलब्धार्थद्वयस्य चाभेदाध्यवसायेन साधारण्यं सम्पाद्य च तयोरुत्प्रेक्षासमासोक्त्योरङ्गता निर्वाह्या।

ननु, वाक्यसमासलब्धाभ्यामुपमाभ्यामुत्प्रेक्षासमासोक्त्योरुत्थितिर्न सम्भवति, तत्प्रयोजकसाधारणधर्मसम्बन्धस्यासम्भवात्। उपमाभ्यां प्राधान्येन पूर्वपदार्थान्विताभ्यां शशिनिशागतयोरेव धर्मयोरारोपात् शशिनायकयोर्निशानायिकयोश्च न साधारणधर्मारोपः, उपमयोः प्रकृताप्रकृतसाधारण्याभावात्। अतोऽत्रोत्प्रेक्षासमासोक्त्योरुपमाभ्यामुत्थितिरयुक्तेति शङ्कते— **यद्यप्यत्रेति।** **साधारणधर्मेति।** [1]प्रकृताप्रकृतशशिनायकयोरंगुलिमरीचिसरोजलोचनादीनां बिम्बप्रतिबिम्बभावेन साधारण्यमिह न सम्भवति। तेषामुपमानुप्रविष्टतया व्यवस्थितोपमानोपमेयभावेन निर्देशेन साधारण्यासम्भवादित्यर्थः।

अन्वयभेदेति। 'मारस्य हन्तुर्मनसा वृणीते योगीव पादौ शरणं वियोगी।' इत्यत्रेवान्वयभेदलब्धार्थद्वयाभेदाद्ध्यवसायस्य, 'तया विवृद्धाननचन्द्रकान्त्ये'

[पूर्वपक्षी यह कह सकता है कि यहाँ उपमा द्वारा समासोक्ति तथा उत्प्रेक्षा का उत्थापन नहीं होता है— क्योंकि उपमाओं का प्रकृता-प्रकृतसाधारण्य नहीं है— इसका उत्तर दिया जा रहा है—] यद्यपि प्रस्तुत स्थल में दोनों ('अंगुलीभिरिव' तथा 'सरोजलोचनम्' इन) उपमाओं द्वारा शशि तथा निशा में रहने वाले धर्मों का ही समर्थन किया जाता है। [क्योंकि ये प्रस्तुत हैं।] और वे धर्म प्रस्तुताप्रस्तुत शशि-नायक तथा निशानायिका के साधारण धर्म नहीं हैं, अप्रकृतों से सम्बद्ध नहीं हैं [जब कि उपमागत साधारण धर्म उभयनिष्ठ होते हैं।] उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति इन दोनों में ही साधारण धर्मों का समर्पण (बिम्बप्रतिबिम्बभावेन बोधन) रहता है। कारण यह है कि उत्प्रेक्षा के लिये प्रकृत तथा अप्रकृत उभयसाधारण गुण या क्रिया रूप निमित्त की अपेक्षा रहती है, ऐसी क्रिया या गुण रूप धर्म होना आवश्यक है जो प्रकृत तथा अप्रकृत दोनों में रहने

---

[1] 'शशिनायकनिशानायिकयोः' इति ग.ङ. पाठः।

वाला हो, और इसी प्रकार समासोक्ति के लिये भी उभयनिष्ठ विशेषणमूलक साम्य की आवश्यकता रहती है, दोनों के विशेषण समान रहने पर ही समासोक्ति मानी जाती है। [यहाँ जो साधारण धर्म हैं वे केवल प्रकृत, शशि तथा निशा के ही प्रतीत होते हैं—]

[समाधान] तथापि वाक्य (अंगुलीभिः इव) में कही गई उपमा में प्रयुक्त 'इव' शब्द 'मरीचिभिः इव' इस एक अन्य अन्वय को भी स्वीकार कर दूसरे अन्वय के भेद के द्वारा प्राप्त प्रकृत तथा अप्रकृत के एक-एक विषय वाले दोनों अर्थों का तथा समासोक्त उपमा (सरोजलोचनम्) में 'सरोजसदृशं लोचनम्' इस प्रकार के एक अन्य समास को स्वीकार कर दो समासों के भेद से प्राप्त दोनों अर्थों का अध्यवसाय मानकर दोनों का साधारणधर्मत्व कल्पित करके उन दोनों धर्मों को उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति का अंग बना लेना चाहिये। [जिससे इन दोनों अलंकारों का उत्थान कराया जा सके।

विमर्श — प्रस्तुत स्थल में उपमा को समासोक्ति तथा उत्प्रेक्षा का समान रूप से उत्थापक कहा गया है। किन्तु यहाँ जो साधारण धर्म हैं वे तो केवल प्रकृत शशी और निशा का ही समर्थन करते हैं जब कि उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति दोनों में साधारण धर्म प्रकृत–अप्रकृत–उभय–विषयक होना अपेक्षित है। अतः ये उपमायें इनकी उत्थापिका = अंग कैसे बन सकती हैं ? इस शंका का समाधान करने के लिये अप्पय दीक्षित ने प्रथम उपाय यह प्रस्तुत किया है कि 'अंगुलिभिः इव' इस वाक्य में 'इव' शब्द उपमान के साथ है इसे उपमेय 'मरीचि' के साथ भी अन्वित कर दें— 'मरीचिभिः इव'। अब ये दो अन्वय हो गये जिससे अर्थ भी दो हो गये— एक प्रकृतविषयक और दूसरा अप्रकृतविषयक। इसी प्रकार 'सरोजलोचनम्' इसमें (सरोजं लोचनम् इव - इस उपमित समास के अतिरिक्त दूसरा अन्वय— सरोजम् इव लोचनम्) 'सरोजसदृशं लोचनम्' यह भी समास मान लिया जाय। इस समासभेद के कारण दो अर्थ प्रतीत होते हैं उनका अभेदाध्यवसाय मान लिया जांय जिससे दोनों का साधारण धर्म एक बन जाता है। फलतः प्रतीत होने वाले धर्म प्रकृत शशी-विषयक तथा अप्रकृत नायक-विषयक, इसी प्रकार प्रकृत निशाविषयक तथा अप्रकृत नायिकाविषयक बन सकते हैं, जिससे यहाँ की उपमायें उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति की अंग = उत्थापिका बन जाती हैं। इस प्रकार के भेद की कल्पना का उल्लेख रसिकरञ्जनी में देखा जा सकता है।

[उपर्युक्त समाधान में दोष हैं — (१) उक्त रीति मान लेने पर तो एकदेश-विवर्तिरूपक न्याय से नायकनायिकत्वारोप ही होने लगेगा न कि उनके वृत्तान्त का आरोप, जिससे समासोक्ति नहीं मानी जा सकती। अतः अब दूसरा समाधान लिखा जा रहा है—]

यद्वा — इह प्रकृतकोटिगतानां मरीचि–तिमिर–सरोजानामप्रकृतकोटि–गतानामङ्गुलिकेशसञ्चयलोचनानां च तनुदीर्घारुणत्व–नीलनीरन्ध्रत्वकान्तिमत्त्वादिना सदृशानां प्रातिस्विकरूपेण भेदवदनुगतसादृश्यप्रयोजकरूपेणाभेदोऽप्यति । स चात्र विवक्षित एव, भेदाभेदोभयप्रधानोपमेत्यालङ्कारिकसिद्धान्तात् । तत्र च प्रयोजकाण्डनिष्कर्षन्यायेनाभेदगर्भतांशोपजीवनेन साधारण्यं संपाद्य प्रधानभूतोत्प्रेक्षासमासोक्त्यङ्गता निर्वाह्या । न

त्यादाविव समासभेदाश्रयणनिबन्धनार्थद्वयभेदाध्यवसायस्य च साधारण्यप्रयोजकतया अङ्गुलिमरीचिसरोजलोचनादीनामभेदाध्यवसायेन साम्पादिकं साधारण्यमादायोत्प्रेक्षासमासोक्त्योरुत्थितिः सम्भवतीति भावः।

ननु, अन्वयसमासभेदलब्धार्थद्वयाभेदाध्यवसायाङ्गीकारे लोचनत्वारोपस्य मरीचिष्वंगुलित्वारोपस्य च सिद्ध्या एकदेशविवर्तिरूपकन्यायेन नायिकानायकत्वारोप एव सिद्ध्येन्न तु नायिकानायकवृत्तान्तसमारोपरूपसमास्सोक्तिः, समासभेदाश्रयणकृताभेदाध्यवसायमूलविशेषणसाधारण्यमादाय समासोक्त्यसम्भवस्य समासोक्तिप्रकरणे अस्माभिर्व्यवस्थापितत्वादित्यस्वरसादाह — **यद्वेति**। यथाश्रुतान्वयसमासाभ्युपगमेऽपि प्रकृताप्रकृतकोटिगतानां धर्माणां तत्तदसाधारणरूपेण भेदेऽप्यनुगतकान्तिमत्त्वादिरूपेणाभेदस्यापि सर्वसम्प्रतिपन्नतया तदंशमादाय विशेषणसाधारण्यसम्भवेन उत्प्रेक्षासमासोक्त्योरुत्थानं सम्भवतीति भावः।

अथवा प्रकृत (प्रस्तुत) की कोटि में आने वाले (१) मरीचि = किरणें, (२) तिमिर = अन्धकार तथा (३) सरोज = कमल हैं, और अप्रकृत (अप्रस्तुत) की कोटि में (१) अंगुलियाँ, (२) केशसमूह, (३) लोचन हैं — इन दोनों कोटिगतों की समानतायें (१) अंगुलियाँ और किरणें — तनु = पतली, दीर्घ = लम्बी और अरुण = लाल-लाल रंगवाली हैं अर्थात् किरणों तथा अंगुलियों के साधारण धर्म हैं— तनुत्व, दीर्घत्व तथा अरुणत्व। तिमिर तथा केशसमूह के साधारण धर्म हैं— नीलत्व तथा नीरन्ध्रत्व क्योंकि अन्धेरा तथा केशसमूह नीला और घना है। सरोज तथा लोचनों का साधारण धर्म है— कान्तिमत्त्व = कान्तिमान् होना। इस प्रकार उक्त साधारण धर्मों से प्रकृत तथा अप्रकृत दोनों समान हैं किन्तु प्रातिस्विक = प्रत्येक के अपने-अपने रूप से इनका भेद जिस प्रकार रहता है उसी प्रकार उभयानुगत सादृश्य के प्रयोजक रूप से इनका अभेद भी रहता ही है । और यह अभेद यहाँ कवि का विवक्षित भी है क्योंकि उपमा अलंकार भेदाभेदप्रधान होता है— यह आलंकारिकों का सिद्धान्त है। [जब उपमा मानी गई तो भेदाभेद–

हि प्रकाशनशीताऽपनयनशक्तिमतः सौरतेजसः शीतापनयनशक्तिमात्रेण शीतालूपयोगिता न दृष्टा? एवमनभ्युपगमे च—

पाण्ड्योऽयमंसार्पितलम्बहारः क्लृप्ताङ्गरागो हरिचन्दनेन ।
आभाति बालातपरक्तसानुस्सनिर्झरोद्गार इवाद्रिराजः ॥ ३२७ ॥
(रघु. ६।६०)

ननु, उपमायां भेदाभेदयोः प्राधान्यस्य तुल्यतया न भेदांशपरित्यागेनाभेदांशस्य कार्यक्षमतेत्याशङ्क्याह— **प्रकाशनेति।** उभयशक्तिमतोऽपि सौरतेजसः शीतापनयनशक्तितः शीतार्तजनोपयोगितावत् विधिप्रत्ययस्य बलवदनिष्टाननुबन्धित्वादित्रितयशक्तस्यापि बलवदनिष्टाननुबन्धित्वत्यागेन इष्टसाधनत्वादिशक्तिमात्रेण श्येनादिवाक्यार्थनिर्वाहकत्वस्य तान्त्रिकसम्प्रतिपन्नत्ववच्च भेदाभेदोभयप्राधान्यसत्त्वेऽपि अभेदांशमादाय साधारण्यं सम्भवत्येवेति भावः। एवमनभ्युपगमे बाधकमाह— **एवमिति।**

प्रधानता है ही। फलतः प्रकृत और अप्रकृत में साधारण धर्म का सम्बन्ध सिद्ध हो जाता है।] इसमें प्रयाजकाण्ड के निष्कर्ष के न्याय के अनुसार अभेदगर्भतांश = अभेदमूलक अंश को मानकर दोनों के धर्मों का साधारण्य सम्पादित करके [उपमा की अपेक्षा] प्रधानीभूत उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति का अंग बना लेना चाहिये अर्थात् अंगभूत उपमा इन दोनों की उत्थापक बन सकती है। [यहाँ पुनः शंका हो सकती है कि उपमा में भेद तथा अभेद दोनों की प्रधानता रहने पर भेद अंश को छोड़ देने पर केवल अभेद को मान लेने पर कार्यक्षमता नष्ट हो जानी चाहिये, उत्थापक नहीं बनना चाहिये— इसका समाधान यह है—] प्रकाशन तथा शीतापनयन (ठंड को दूर करना) रूपी दो प्रकार की शक्तियों वाले सूर्य के तेज की केवल अकेली शीतापनयन शक्ति से शीतालु (शीत से आर्त्त) व्यक्ति के लिये सौर तेज की उपयोगिता नहीं दिखाई देती है क्या? अर्थात् दो शक्तियों में एक शक्ति की भी आवश्यकतानुसार उपयोगिता जैसे देखी जाती है ठीक उसी प्रकार उपमा में भेदाभेद दोनों के रहने पर भी केवल अभेदांश मानकर भी वह कार्य करती ही है। [इसलिये प्रकृत तथा अप्रकृत में साधारण्य संभव होने से उत्प्रेक्षा तथा समासोक्ति की उत्थापकता उपमा में रहती है।]

यदि ऐसा [दो में से एक को मान लेने पर भी उपमा होना] नहीं मानेंगे तो निम्नलिखित पद्य आदि में भी उपमा सिद्ध नहीं हो सकेगी —

अन्वयः — अंसार्पित-लम्बहारः, हरिचन्दनेन, क्लृप्ताङ्गरागः, अयम् , पाण्ड्यः (नरेशः) बालातप–रक्तसानुः, सनिर्झरोद्गारः, अद्रिराजः, इव, आभाति ।३२७।।

कन्धों पर (गले में) लटकते हुये लम्बे हार वाला, हरिचन्दन (पीले रंग वाले चन्दन या स्वर्ग के पाँच विशेष वृक्षों में से एक) के (चूर्ण को)

इत्याद्युपमापि न निर्वहेत् । न ह्यत्राद्रिराज-पाण्ड्ययोरुपमानोपमेययोरनुगतस्साधारणधर्मो निर्दिष्टः । एकत्र बालातपनिर्झरावन्यत्र हरिचन्दनहाराविति धर्मभेदात् । तस्मात्तत्र बालातपहरिचन्दनयोर्निर्झरहारयोश्च सदृशयोरभेदांशोपजीवनमेव गतिः । यथा वा —

पिनष्टीव तरङ्गाग्रैस्समुद्रः फेनचन्दनम् ।
तदादाय करैरिन्दुर्लिम्पतीव दिगङ्गनाः ॥ ३२८ ॥

अभेदांशोपजीवनमेवेति। न च बिम्बप्रतिबिम्बभावेन साधारण्यमादायात्रोपमानिर्वाहः। बिम्बप्रतिबिम्बभावस्य साधारण्यापादकत्वे सादृश्यमूलकाभेदाध्यवसायस्यैव तन्त्रत्वात् बिम्बप्रतिबिम्बभावघटकसादृश्यप्रयोज्यत्वस्याभेदाध्यवसाये अभेदांशोपजीवनमन्तरेण निर्वाहादिति भावः। पूर्वोक्तसमप्राधान्योदाहरण इवात्रापि समासोक्तेरुत्प्रेक्षाङ्गतैवेत्यनुशयानं प्रति उदाहरणान्तरमाह— **पिनष्टी-**

अंगराग के रूप में लगाये हुय पाण्ड्यदेश का यह राजा उसी प्रकार सुशोभित हो रहा है जिस प्रकार प्रातःकालीन सूर्य के प्रकाश से रक्तवर्ण की चोटियों वाला तथा बहती हुई धारा वाले झरनों से युक्त पर्वतराज हिमालय शोभित होता है। [रघुवंश षष्ठ सर्ग में इन्दुमती-स्वयंम्बर वर्णन का ६०वाँ श्लोक है । इसमें पाण्ड्यनरेश की तुलना हिमालय से की गई है।]

इस पद्य में पर्वतराज हिमालय तथा पाण्ड्यदेश-नरेश इन दोनों उपमान तथा उपमेय का कोई एक साधारण धर्म नहीं कहा गया है, हिमालय में प्रातःकालीन सूर्य का प्रकाश तथा झरना (वर्णित) हैं तथा राजा में हरिचन्दन और हार (वर्णित) हैं। इस कारण दोनों के धर्म भिन्न-भिन्न हैं अतः इसमें [उपमा का उपपादन करने के लिये हिमालय के बालातप तथा (राजा के) हरिचन्दन में और (हिमालय के) निर्झर में तथा (राजा के) हार में जो सादृश्य माने गये हैं वे अभेदांश का सहारा लेकर ही संभव हैं। [क्योंकि बालातप तथा हरिचन्दन दोनों में रक्तवर्णत्व की समानता है तथा निर्झर और हार में स्वच्छता, धवलता, प्रलम्बता की समानता है, यह समानता = अभेद ही यहाँ मानना आवश्यक है, दूसरा कोई उपाय नहीं है जिससे उपमा बन सके।]

[समासोक्ति तथा उत्प्रेक्षा का समप्राधान्य कैसे है क्योंकि समासोक्ति तो उत्प्रेक्षा का अंग बन जाती है ? इसका समाधान दे रहे हैं—] अथवा जैसे —

अन्वयः— समुद्रः, तरङ्गाग्रैः, फेनचन्दनम् , पिनष्टि, इव, इन्दुः, तत् , आदाय, करैः, दिङ्गना; लिम्पति, इव, ॥ ३२८ ॥

यह समुद्र लहरों (हाथों) के अग्रभाग में मानों फेनारूपी चन्दन को

इत्यत्रोत्प्रेक्षयोः कालभेदेऽपि समप्राधान्यम्, अन्योन्यनिरपेक्षवाक्यद्वयोपात्तत्वात्। 'तदादाये'ति फेनचन्दनरूपकमात्रोपजीवनेन पूर्वोत्प्रेक्षानपेक्षणात्।

न चैवं 'लिंपतीव तमोऽङ्गानीति' वदुत्प्रेक्षाद्वयस्य संसृष्टिरेवेयमिति वाच्यम्, लौकिकसिद्धपेषणलेपनपौर्वापर्यच्छायानुकारेणोत्प्रेक्षाद्वय-

---

वेति । नन्वत्रोत्प्रेक्षयोः समकालोत्थानाभावान्न समप्राधान्यसम्भव इत्यत आह — **अत्रोत्प्रेक्षयोरिति।** अन्योन्यनिरपेक्षतया वाक्यद्वयेन प्रतिपाद्यमानयोरुत्प्रेक्षयोराग्नेयादिवत् समप्राधान्यं सम्भवतीति भावः। ननु, उत्तरार्धगततच्छव्देन पूर्वार्धसाकाङ्क्षत्वप्रतीतेरुत्प्रेक्षाबोधकवाक्ययोर्न नैरपेक्ष्यमित्यत आह— तदादायेति। सत्यं, तच्छब्दस्य सन्निहितपरामर्शिन पूर्वार्धसापेक्षत्वेऽपि नोत्प्रेक्षयोः परस्परसापेक्षता । तच्छब्देन फेनचन्दनपरामर्शेन रूपकमात्रोपजीवनेनैवोत्तरोत्प्रेक्षाप्रवृत्त्या

पीस रहा है और चन्द्रमा उस (फेनरूपी चन्दन) को लेकर अपनी किरणों (हाथों) से दिशारूपी नायिकाओं का मानों अनुलेपन कर रहा है, उन पर मल रहा है।

इस पद्य में दो उत्प्रेक्षाओं का कालभेद रहने पर भी दोनों का समप्राधान्य ही [माना जाता] है क्योंकि परस्पर अपेक्षा न रखने वाले दो वाक्यों का उपादान किया गया है। [यहाँ पहली उत्प्रेक्षा है— 'मानों पीस रहा है और दूसरी उत्प्रेक्षा है— मानों लीप रहा है, लेपन कर रहा है। इनमें कालभेद है क्योंकि पीसने के बाद ही लेपन तैयार हो जाने पर लगाया जाता है। अतः कालभेद स्पष्ट है इसीलिये कवि ने अलग-अलग दो वाक्य लिखे हैं।] 'तद् आदाय' यहाँ 'फेनचन्द्रन' परक केवल रूपक अलंकार की सहायता से ही द्वितीय उत्प्रेक्षा की पुष्टि होती है। अतः इसे प्रथम उत्प्रेक्षा (मानों पीस रहा है-) की अपेक्षा नहीं रहती है। [इससे स्पष्ट है कि न तो पहली उत्प्रेक्षा को दूसरी उत्प्रेक्षा की और न दूसरी उत्प्रेक्षा को पहली उत्प्रेक्षा की कोई अपेक्षा है। ये दोनों परस्पर निरपेक्ष होने से दोनों की समान रूप से प्रधानता है।]

[यहाँ यह शंका हो सकती है कि जब ये दोनों उत्प्रेक्षायें परस्पर निरपेक्ष हैं तब तो इनकी संसृष्टि मान लेनी चाहिये न कि संकर?— इस शंका का समाधान लिखते हैं—] ऐसा अर्थात् दोनों की परस्पर निरपेक्षता मान लेने पर तो जैसे 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' (उदा. स. ३२२) में दोनों उत्प्रेक्षाओं (अन्धकार मानों अंगों को लीप रहा है 'आकाश मानों काजल बरसा रहा है) की संसृष्टि मानी जाती है उसी प्रकार यहाँ भी दोनों की संसृष्टि ही क्यों न मान ली जाय? [समप्राधान्य संकर न माना जाय] ? ऐसा कहना उचित नहीं है क्योंकि लोक में सिद्ध अर्थात् देखे गये पहले 'पेषण' = पीसना, घिसना और

पौर्वापर्येण चारुतातिशयसमुन्मेषतः संसृष्टिवैषम्यात्। तस्माद्दर्शादिवदेकफलसाधनतया समप्रधानमिदमुत्प्रेक्षाद्वयम्। एवं समप्रधानसङ्करोऽप्युदाहृतः। (११७ ख.)

पूर्वोत्प्रेक्षाया अनपेक्षणादिति भावः। **उत्प्रेक्षाद्वयस्येति।** लेपनपेषणक्रियोत्प्रेक्षयोरन्योन्यनैरपेक्ष्येण संसृष्टिवत् इहापि तथैव स्यादिति भावः। **लोकसिद्धेति।** पेषणलेपनयोः पौर्वापर्यस्य लोकसिद्धस्य छायामनुगृह्योत्प्रेक्षाद्वयस्य पौर्वापर्यं कविना निबद्धमिति तन्निबन्धनविच्छित्तिविशेषसद्भावेन संसृष्टितोऽस्य वैलक्षण्यमिति भावः। उपसंहरति—**तस्मादिति।** उत्पत्तौ नैरपेक्ष्येऽपि आग्नेयादीनां फले परस्परसापेक्षतया प्राधान्यवदिहाप्युत्प्रेक्षाद्वयस्य विच्छित्तिविशेषरूपफले अन्योन्यसापेक्षत्वसत्त्वात् प्राधान्यं युक्तमिति भावः।

इदं त्विह वक्तव्यम्। संसृष्टेः प्रातिस्विकत्तदलङ्कारापेक्षया वैचित्र्यविशेषाधायकतया अलङ्कारान्तरत्वं सिद्धान्तसम्प्रतिपन्नम्। तच्चान्योन्यनैरपेक्ष्येण प्रतिपन्नानां वैचित्र्यविशेषे सापेक्षतया निर्वाह्यम्। ततश्च समप्राधान्यलक्षणे सङ्करे अभ्युपगम्यमाने संसृष्टेर्विषयापहार एव स्यात्। अत एव संसृष्ट्यैव समप्राधान्यचारितार्थ्यम्मन्यमानैः प्राचीनैः समप्राधान्यनामा सङ्करभेदो न दर्शित इति प्रदर्शितेषूदाहरणेषुसंसृष्टिरेव वक्तव्येति ॥ (११७ ख) ॥

उसके बाद 'लेपन' = लगाना इनके पौर्वापर्य की छाया का अनुकरण करते हुये दोनों उत्प्रेक्षाओं (पिनष्टीव तथा 'लिम्पतीव') के पौर्वापर्य = पहले तथा बाद में वर्णन करने से अधिक चारुत्व फलित होता है इस कारण संसृष्टि से भेद है। [लोक में पहले चन्दन आदि पीसा जाता है उसके बाद उसका लेप किया जाता है, यह पौर्वापर्य कवि भी चाहता है। इसी से यहाँ चारुता प्रतीत होती है। इसलिये परस्पर निरपेक्ष होने पर भी संसृष्टि न मानकर संकर ही मानना चाहिये जिसमें इन दोनों उत्प्रेक्षाओं की प्रधानता समान रूप से रहती है।] इस कारण जिस प्रकार स्वर्ग प्राप्ति रूप एक फल के लिये दर्श पौर्णमास आदि अनेक याग साधन बनते हैं उन सभी की प्रधानता रहती है, किसी की गौणता अन्य के प्रति नहीं मानी जाती है। इसी प्रकार यहाँ भी उक्त दोनों उत्प्रेक्षाओं की समान रूप से प्रधानता मानकर समप्राधान्य संकर ही मानना चाहिये। इस प्रकार समप्राधान्य संकर का भी उदाहरण दिखलाया गया।

विमर्श — वास्तव में यहाँ परस्परनैरपेक्ष्येण स्थिति होने से दोनों उत्प्रेक्षाओं की 'संसृष्टि' मानना अधिक तर्कसंगत है। इसीलिये मम्मट आदि अनेक प्राचीन आचार्यों ने संकर का समप्राधान्य वाला भेद न मानकर इस प्रकार के लक्ष्यों में संसृष्टि का ही प्रतिपादन किया है। विशेष विवेचन रसिकरञ्जनी में देखना चाहिये।

११७ ग. सन्देहसङ्करो यथा —

शशिनमुपगतेयं कौमुदी मेघमुक्तं
जलनिधिमनुरूपं जह्नुकन्यावतीर्णा ।
इति समगुणयोगप्रीतयस्तत्र पौरा-
श्श्रवणकटु नृपाणामेकवाक्यं विवव्रुः ॥३२९॥
(रघु. ६।८५)

अत्र इयमिति सर्वनाम्ना यद्यजं वृतवतीन्दुमती विशिष्टरूपेण निर्दिश्यते, तदा बिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नधर्मविशिष्टयोस्सदृशयोरैक्यारोपरूपा

सन्देहसङ्करमुदाहरति — **शशिनमिति।** अत्रालङ्कारसन्देहमुदाहरति — **इयमिति।** पूर्वप्रतिपादिताजवरणरूपधर्मविशिष्टत्वेन रूपेण इन्दुमत्याः परामर्शः, किं वा स्वरूपेण केवलेन परामर्शः? तत्राद्ये निदर्शनालङ्कारोत्थितिः। अजशशिप्रभृतेबिम्बप्रतिबिम्बभावापन्नतया तद्विशिष्टयोः कौमुदीन्दुमत्योरैक्यारोपादित्याह —

११७ग. सन्देह संकर का उदाहरण —

[जहाँ एक साथ अनेक अलंकारों का सन्देह होता हो, किसी एक के विषय में साधक तथा अन्य के विषय में बाधक प्रमाण न होने से जो अनिश्चय होता है वहाँ सन्देह रूप संकर माना जाता है।]

अन्वयः — इयम् (इन्दुमती) कौमुदी, मेघमुक्तम् , शशिनम् , उपगता, जह्नु कन्या, अनुरूपम् , जलनिधिम् , अवतीर्णा, इति, समगुणयोग-प्रीतयः, पौराः, नृपाणाम् , श्रवणकटु, एकवाक्यम् , विवव्रुः ॥ ३२९ ॥

समान गुणों वाले इन्दुमती तथा अज के परस्पर मिलन से प्रसन्न हुये नगरवासी लोग [स्वयंवर में पधारे दूसरे] राजाओं के श्रवणों को दुःख पहुँचाने वाले एक ही वाक्य को बोल रहे थे— यह चन्द्रिका (इन्दुमती) मेघों से मुक्त चन्द्र को प्राप्त हो गई है, जह्नु-पुत्री गङ्गा अपने अनुरूप (योग्य) समुद्र में अवतीर्ण हो गई हैं, मिल गई हैं। [रघुवंश इन्दुमती-स्वयंवर वर्णन का यह पद्य है।]

[इस पद्य में कौन-कौन अलंकार हो सकते हैं इस सन्देह का विवेचन कर रहे हैं —] इस पद्य में 'इयम्' इस सर्वनामवाचक से यदि 'अज का वरण करने वाली इन्दुमती' इस विशिष्टधर्मयुक्त इन्दुमती का निर्देश = प्रतीति मानी जाय तब तो बिम्ब-प्रतिबिम्ब-भाव को प्राप्त धर्म से विशिष्ट दो सदृश पदार्थों के ऐक्य की आरोपरूपा 'निदर्शना' अलंकार है । [भाव यह है कि अज और

निदर्शना । यदि तेन सा स्वरूपेणैव निर्दिश्यते, बिम्बभूतो धर्मस्तु पूर्वप्रस्तावात् 'समगुणयोगप्रीतय' इति पौरविशेषणाच्चावगम्यते तदा प्रस्तुते धर्मिणि तद्वृत्तान्तप्रतिबिम्बभूताप्रस्तुतवृत्तान्तारोपरूपं ललितमित्यनध्यवसायात्सन्देहः । यथा वा —

बिम्बप्रतिबिम्बेति। द्वितीय आह — **यदीति**। ननु, स्वरूपेण निर्देशे अजवरणरूपबिम्बधर्मस्य कुतस्तर्हि लाभ इत्यत आह— **बिम्बभूत इति**। **प्रस्तुते धर्मिणीति**। इन्दुमतीरूपे इति शेषः। **तद्वृत्तान्तेति**। अजवरणात्मकेन्दुमतीवृत्तान्तप्रतिबिम्बभूताप्रस्तुतकौमुदीवृत्तान्तस्य शशिसमागमस्यारोपरूपेत्यर्थः। **अनध्यवसायादिति**। अन्यतरनिर्धारणहेत्वभावादिति भावः। नन्वत्र इयमिति सर्वनाम्ना स्वरूपेण इन्दुमतीपरामर्शपक्षे ललितालङ्कार इति कोट्यन्तरोपन्यासो न सङ्गच्छते। प्रस्तुतधर्मिणि वर्णनीयवाक्यार्थप्रतिबिम्बभूताप्रस्तुतवृत्तान्तस्य 'तितीर्षुर्दुस्तरं मोहा'दित्यादाविवारोपाभावात्। स्वधर्मविशिष्टकौमुद्या इयमिति निर्दिष्टेन्दुमत्या सह सामानाधिकरण्यादभेदस्यैव प्रतीतेर्विशिष्टरूपकमेव। तेन प्रकृताप्रकृतधर्मिविशेषणयोरैक्यारोप

शशि का बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव बन जाने से इनसे विशिष्ट कौमुदी और इन्दुमती में तथा गङ्गा और इन्दुमती में ऐक्य का आरोप व्यक्त होता है, जिसके कारण यहाँ 'निदर्शना' अलंकार सम्भव होता है। अब दूसरे अलंकार की संभावना प्रस्तुत की जा रही है —] यदि 'इयम् ' इस सर्वनामवाचक द्वारा [विशिष्टधर्मसम्पन्न इन्दुमती का निर्देश न मानकर] केवल स्वरूप अर्थात् सामान्य रूप से ही इन्दुमती का निर्देश = प्रतीति मानी जाती है तब तो [अजवरणरूप] बिम्बभूत धर्म की प्रतीति, पूर्व में किये गये वर्णन के द्वारा तथा 'समान गुणों वाले इन्दु और अज के मिलन से प्रसन्न पुरवासी' इस प्रकार के पुरवासियों के विशेषण के द्वारा हो जाती है इस स्थिति में तो प्रस्तुत (इन्दुमती रूपी) धर्मी में उस वृत्तान्त (अजवरणात्मक – इन्दुमतीवृत्तान्त = अज –इन्दुमती-योग) के प्रतिबिम्बभूत अप्रस्तुत वृत्तान्त (चन्द्र-चन्द्रिका-समागम तथा समुद्रगंगासमागम) के आरोप रूप 'ललित' अलंकार फलित होता है— इस स्थिति में किसी एक अलंकार का निश्चय न हो सकने के कारण सन्देह संकर अलंकार है।

विमर्श — 'वाक्यार्थयोः सदृशयोरैक्यारोपो निदर्शना' (का. ५२) यह निदर्शना का लक्षण है। इसके अनुसार उपमेय वाक्यार्थ पर उपमान वाक्यार्थ के आरोप में 'निदर्शना' होती है। ऐसी स्थिति प्रस्तुत स्थल पर है, यह प्रतिपादित किया गया है जिससे यहाँ 'निदर्शना' की संभावना है।

'वर्ण्ये स्याद् वर्ण्यवृत्तान्तप्रतिबिम्बस्य वर्णनम्' (का. १२७) वर्ण्य विषय के प्रस्तुत रहने पर उससे सम्बद्ध विषय (धर्म) का वर्णन न करके उसके

विलीयेन्दुस्साक्षादमृतरसवापी यदि भवे-
त्कलङ्कस्तत्रत्यो यदि च विकचेन्दीवरवनम् ।
ततः स्नानक्रीडाजनितजडभावैरवयवैः
कदाचिन्मुञ्चेयं मदनपरिपीडापरिभवम् ॥३३०॥

अत्र यद्येतावत्साधनं सम्पद्येतं तदा तापश्शाम्यतीत्यर्थे कवि-संरम्भश्चेत्तदैतदुपात्तसिध्यर्थमूह इति सम्भावनालङ्कारः । एतावत्साधनं

आक्षिप्यते । विशिष्टविधिनेव विशेषणविधेरियांस्तु विशेषः । विशेषणारोपविषयस्य प्रस्तुतवृत्तान्तस्य प्रकरणादिना आक्षेप इति रूपकनिदर्शनयोरेवात्र सन्देहो न तु ललितनिदर्शनयोरित्यस्वरसादुदाहरणान्तरमाह — **विलीयेन्दुरिति** ।

प्रतिबिम्बभूत अन्य (अप्रस्तुत) वृत्तान्त का वर्णन किये जाने पर 'ललित' अलंकार होता है। यह ललित अलंकार कुवलयानन्दकार द्वारा ही कल्पित है।

प्रस्तुत पद्य में दोनों में से किसी एक के निर्णय करने का कोई साधक न होने से यहाँ सन्देह संकर मानना चाहिये। इस उदाहरण में कुछ विद्वानों के अनुसार रूपक तथा निदर्शना का ही सन्देह है। अतः आगे दूसरा उदाहरण दिया जा रहा है—

अथवा सन्देह संकर का अन्य उदाहरण —

अन्वयः — यदि, इन्दुः, विलीय, साक्षात् , अमृतरसवापी, भवेत् तत्रत्यः, च, कलङ्कः, यदि, विकचेन्दीवरवनम् , (भवेत् , तदा) ततः, स्नानक्रीडा-जनित-जडभावैः, अवयवैः, कदाचित् , मदन-परिपीडा-परिभवम् , मुञ्चेयम् ॥ ३३० ॥

[कोई विरहिणी या विरही अपनी उग्र विरह-वेदना की शान्ति का उपाय बतला रहा है—] यदि चन्द्रमा साक्षात् (स्वयं) पिघल कर अमृतरस की बावड़ी बन जाय और उस चन्द्र में रहने वाला कलंक विकसित कमलों का वन (समुदाय) बन जाय तब उस बाबड़ी में की गई स्नानक्रीड़ा से उत्पन्न जड़ता (शीतलता) से युक्त अङ्गों से मैं कदाचित् कामरूपी अग्नि की पीड़ा के क्लेश को छोड़ सकता हूँ अर्थात् उक्त स्थिति सम्भव हो जाने पर सम्भव है कि मैं कामाग्नि-जनित पीड़ा से छुटकारा पा सकूँ।

इस पद्य में— 'यदि इतना (श्लोकोक्त) साधन बन जाय तब मेरा ताप शान्त होना सम्भव है — इस अर्थ को व्यक्त करने में यदि कवि का उपक्रम हो; विवक्षा हो तब उपात्त (वर्णित) पदार्थ की सिद्धि के लिये ऊह करने के कारण यहाँ 'संभावना' अलङ्कार हो सकता है। [संभावना अलंकार का यह लक्षण है—

कदापि न सम्भवत्येव, अतस्तापशान्तिरपि गगनकुसुमकल्पेत्यर्थे कविसंरम्भश्चेदुपात्तमिथ्यात्वसिध्यर्थं मिथ्यार्थान्तरकल्पनारूपा मिथ्याध्यवसितिरित्युभयथा सम्भवात्सन्देहः । एवम् —

सिक्तं स्फटिककुम्भान्तःस्थितिश्वेतीकृतैर्जलैः ।
मौक्तिकं चेल्लतां सूते तत्पुष्पैस्ते समं यशः ॥३३१॥

इत्यादिष्ववपि सम्भावना मिथ्याध्यवसितिसन्देहसङ्करो द्रष्टव्यः ।

अनयोरेव सन्देहे उदाहरणान्तरमाह— **सिक्तमिति** ।

'सम्भावना यदीत्त्थं स्यादित्यूहोऽन्यस्य सिद्धये।' (का. १२५) चूँकि 'इतना अर्थात् चन्द्रमा का पिघल कर अमृत रस की बावड़ी बन जाना और कलंक का कमल वन बन जाना) कभी भी संभव नहीं है इस कारण [वक्ता के] ताप की शान्ति भी आकाशकुसुम के समान असम्भव है— इस अर्थ में यदि कवि का उपक्रम = विवक्षा है तब तो उपात्त (वर्णित) पदार्थ को मिथ्या सिद्ध करने के लिये एक अन्य मिथ्या अर्थ की कल्पना की गई है, अतः 'मिथ्याध्यवसिति' नामक अलंकार है— इस प्रकार दोनों ही स्थितियाँ सम्भव होने से इन दोनों अलंकारों का सन्देह है। [फलतः 'सन्देहसंकर' अलंकार है । मिथ्याध्यवसिति अलंकार का यह लक्षण है— "किञ्चिन्मिथ्यात्वसिद्ध्यर्थं मिथ्यान्तरकल्पनम् । मिथ्याध्यवसितिः ॥" का. १२६]

जैसा यहाँ है वैसा ही निम्न पद्यों आदि में भी सन्देह संकर समझना चाहिये—

अन्वयः — स्फटिक-कुम्भान्तःस्थिति श्वेतीकृतैः, जलैः, सिक्तम्, मौक्तिकम्, लताम्, सूते, चेत् , तत्पुष्पैः, समम् , ते, यशः, (अस्ति) ॥३३१॥

[कोई कवि किसी राजा के यश की प्रशंसा करता हुआ कह रहा है—] हे राजन् ! स्फटिक-मणिनिर्मित कलसों में रखे जाने के कारण श्वेत बनाये गये जल से सींचा गया कोई मोती (अर्थात् उसका बीज) यदि किसी लता को उत्पन्न करे तो उस लता के पुष्पों के समान श्वेत तुम्हारा यश है।

इत्यादि पद्यों में भी संभावना तथा मिथ्याध्यवसिति इन दो अलंकारों का सन्देह समझना चाहिये । [भाव यह है कि पद्य में वर्णित विषय यह है— विशेष प्रकार के जल से सींचे गये मोती के बीज की लता से यदि फूल निकलें तो उनके श्वैत्य के समान आपका यश है' यहाँ 'सम्भावना अलंकार होगा क्योंकि इसका लक्षण है— "सम्भावना यदीत्त्थं स्यादित्यूहोऽन्यस्य सिद्धये ।" (का. १२५) चूँकि जैसा मोती कहा गया है वैसा होता नहीं है, न मोती से कभी लता उत्पन्न होती है और न उस लता के फूल होते हैं अतः तुम्हारे यश की श्वेतता की समानता

मुखेन गरलं मुञ्चन् मूले वसति चेत्फणी ।
फलसन्दोहगुरुणा तरुणा किं प्रयोजनम् ? ॥३३२॥

अत्र महोरगवृत्तान्ते वर्ण्यमाने राजद्वारारूढखलवृत्तान्तोऽपि प्रतीयते। तत्र किं वस्तुतस्तथाभूतमहोरगवृत्तान्त एव प्रस्तुते अप्रस्तुतः खलवृत्तान्तस्ततः प्रतीयत इति समासोक्तिः।

यद्वा प्रस्तुतखलवृत्तान्तप्रत्यायनायाप्रस्तुतमहोरगवृत्तान्तकीर्तनमप्रस्तुतप्रशंसा।

यद्वा वर्ण्यमानमहोरगवृत्तान्तकीर्तनेन समीपस्थितखलमर्मोद्घाटनं क्रियत इत्युभयस्यापि प्रस्तुतत्वात् प्रस्तुताङ्कुर इति सन्देहः। (११७ग.)

मुखेनेति । अत्र वाच्यमहोरगवृत्तान्तमात्रस्य प्रस्तुतत्वे तत्सादृश्यमूलकराजद्वारगताप्रस्तुतखलवृत्तान्तप्रतीतेः समासोक्तिः। उभयोरपि प्रस्तुतत्वे प्रस्तुतांकुरः। खलवृत्तान्तमात्रस्य प्रस्तुतत्वे सादृश्यनिबन्धानाप्रस्तुतप्रशंसेत्येषामन्यतमनिर्णयप्रमाणाभावादेषां सन्देहसङ्कर इत्यभिप्रेत्याह— **अत्रेति** ।। (११७ग.)

करने वाले, अर्थात् तुम्हारे यश के समान श्वेत दूसरा कोई पदार्थ नहीं है'— ऐसा अभिप्राय होने से 'मिथ्याध्यवसिति' अलंकार होगा। इसका लक्षण हैं— 'किञ्चिन्मिध्यात्वसिद्ध्यर्थं मिथ्यान्तरकल्पनम्। मिथ्याध्यवसितिः — का. १२६) इन दोनों में से किसी एक का निश्चय न हो सकने के कारण 'सन्देहसंकर' मानना चाहिये।

अन्वयः — मुखेन, गरलम्, मुञ्चन् , फणी, मूले, वसति, चेत् , फलसन्दोह, गुरुणा, तरुणा, किम् , प्रयोजनम् ? ॥३३२॥

मुख से जहर निकालने (उगलने) वाला साँप यदि जड़ में रह रहा हो तो फलों के झुण्ड से लदे हुये भी वृक्ष से क्या लाभ ? [क्योंकि फल पाने के पहले सँर्पविष से मृत्यु का भय सम्भव है।]

[इस पद्य में सर्पवृत्तान्त का वर्णन किये जाने पर इसके माध्यम से राजदरबार में अपना प्रभाव जमाये हुये दुष्ट पुरुषों का वृत्तान्त भी प्रतीत हो रहा है, उसकी अभिव्यंजना हो रही है। इसमें तीन स्थितियाँ सम्भव हैं — (१) सर्पवृत्तान्त प्रस्तुत है खलवृत्तान्त अप्रस्तुत प्रस्तुत है इसकी व्यंजना हो रही है। अतः 'समासोक्ति' है। (२) अथवा खलवृत्तान्त प्रस्तुत है इसकी प्रतीति कराने के लिये अप्रस्तुत सर्पवृत्तान्त का वर्णन किया जाने से 'अप्रस्तुतप्रशंसा' है। (३) अथवा प्रस्तुत सर्पवृत्तान्त के वर्णन से समीप स्थित दुष्टवृत्तान्त के मर्म का प्रकाशन होता है अतः दोनों के प्रस्तुत होने से 'प्रस्तुतांकुर' अलंकार है। इन तीनों के

११७ घ. एकवाचकानुप्रवेशसंकरस्तु शब्दार्थालंकारयोरेवेति लक्षयित्वा काव्यप्रकाशकार उदाजहार —

स्पष्टोच्छ्वसत्किरणकेसरसूर्यबिम्ब-
विस्तीर्णकर्णिकमथो दिवसारविन्दम् ।
श्लिष्टाष्टदिग्दलकलापमुखावतार-
बद्धान्धकारमधुपावलि संचुकोच ॥३३३॥

लक्षयित्वेति । 'स्फुटमेकत्र विषये शब्दार्थालंकृतिद्वय'मिति यत्र शब्दार्थालङ्कारावेकस्मिन्पदे स्फुटं प्रतीयेते तत्रायं सङ्कर इति तल्लक्षणात् । न च शब्दालङ्कारस्य पदावाच्यतया एकस्मिन्वाचके वाच्यतया अनुप्रवेशाभावात् कथं शब्दालङ्कारस्य एकवाचकानुप्रवेश इति वाच्यम्, एकवाचकाश्रितत्वमात्रस्यैव

सन्देह का उपपादन किया जा रहा है—] इस पद्य में महोरग = भयानक सर्पवृत्तान्त वर्ण्यमान = प्रस्तुत है इससे राजदरबार में अपना प्रभुत्त्व बनाये हुये दुष्ट पुरुष का वृत्तान्त भी व्यंजना से प्रतीत होता है । अब इसमें (१) क्या वास्तव में जहर उगलने वाले सर्प का वृत्तान्त ही प्रस्तुत है और इस वृत्तान्त से अप्रस्तुत खलवृत्तान्त (दुष्ट पुरुष का व्यवहार) व्यंजना से प्रतीत होता है, यदि ऐसा है तो 'समासोक्ति' है [क्योंकि समासोक्ति का लक्षण है— "समासोक्तिः परिस्फूर्तिः प्रस्तुतेऽप्रस्तुतस्य चेत्।" (का. ६०) अथवा (२) खलवृत्तान्त प्रस्तुत है उसकी व्यंजना (प्रतीति) कराने के लिये अप्रस्तुत सर्पवृत्तान्त का वर्णन किया जा रहा है, इसलिये 'अप्रस्तुतप्रशंसा' अलंकार है। [क्योंकि इसका लक्षण है— " अप्रस्तुतप्रशंसा स्यात् सा यत्र प्रस्तुताश्रया ।" (का. ६५) अथवा (३) प्रस्तुत सर्पवृत्तान्त का वर्णन करने से समीप में स्थित (प्रस्तुत) दुष्ट पुरुष के मर्म (रहस्य) का उद्घाटन किया जा रहा है, इस प्रकार ये दोनों ही प्रस्तुत हैं इस कारण यहाँ 'प्रस्तुतांकुर' अलंकार है। [इसका लक्षण "प्रस्तुतेन प्रस्तुतस्य द्योतने प्रस्तुताङ्कुरः।" (का. ६६) इन तीनों अर्थात् समासोक्ति, अप्रस्तुतप्रशंसा तथा प्रस्तुतांकुर का 'सन्देहसंकर' है।

११७घ. एकवाचकानुप्रवेश संकर के उदाहरण —

[जहाँ किसी एक ही शब्द के द्वारा दो अलंकार प्रतीत हो रहे हों, निर्णय की स्थिति नहीं बन पाती हो तब 'एकवाचकानुप्रवेश संकर' अलंकार होता है]

काव्यप्रकाशकार का मत—

एकवाचकानुप्रवेश संकर तभी होता है जब शब्दालंकार और अर्थालंकार दोनों की [एक शब्द से] प्रतीति होती है ["स्फुटमेकत्र विषये शब्दार्था-

अत्र एकपदानुप्रविष्टौ रूपकानुप्रासौ । यत्रैकस्मिन् श्लोके पदभेदेन शब्दार्थालंकारयोः स्थितिः तत्र तयोस्संसृष्टिः । इह तु संकर इति ।

अलङ्कारसर्वस्वकारस्तु — 'एकस्मिन् वाचके अनुप्रवेशो वाच्ययोरेवालङ्कारयोः स्वारसिकः, वाच्यप्रतियोगिकत्वाद्वाचकस्येति मत्वार्थालङ्कारयोरप्येकवाचकानुप्रवेशसंकरमुदाजहार —

तत्र एकवाचकानुप्रवेशशब्दार्थत्वात्। न चैवमर्थालङ्कारस्य वाचकवृत्तित्वाभावात् कथमेकवाचकानुप्रवेशविषयतेति वाच्यम्। तस्यापि वाच्यतासम्बन्धेन तद्वृत्तितया तदुपपत्तेरित्यभिप्रेत्य काव्यप्रकाशकार एकवाचकानुप्रवेशमुदाजहारेति भावः। **अत्रेति**। स्पष्टोल्लसत्किरणेति पदे रूपकच्छेकानुप्रासयोस्सत्त्वमिति भावः । संसृष्टितोऽस्य भेदः कुत इत्यतस्तमुपपादयति— **यत्रेति**। तथा च एकश्लोकगतपदभेदाभेदाभ्यां तयोर्भेद इति भावः।

सर्वस्वकारमतमाह **एकस्मिन्निति** । वाचकशब्दस्य सम्बन्धिशब्दतया वाच्यस्यैवानुप्रवेशप्रतियोगित्वेनोपस्थितेरेकवाचकसम्बन्धित्वमात्रेणार्थालङ्कारयोरप्येष सम्भवतीत्यभिप्रेत्योदाहृतवानित्यर्थः ।

लङ्कृतिद्वयम् । व्यवस्थितं च — ॥ का. प्र. १४१ ।] ऐसा लक्षण बनाकर काव्यप्रकाशकार ने निम्न पद्य उदाहरण के रूप में दिया है —

अन्वयः — अथो, स्पष्टोच्छ्वसत्किरण–केसर–सूर्यबिम्ब–विस्तीर्ण–कर्णिकम् , श्लिष्टाष्ट–दिग्दल कलाप–मुखावतार–बद्धान्धकार–मधुपावलि, दिवसारविन्दम्, सञ्चुकोच॥३३३॥

[यह पद्य हरविजय महाकाव्य के १९वें सर्ग का है। इसमें सायंकाल का वर्णन करते हुये सूर्य अस्त होने का सुन्दर वर्णन है—] इसके बाद स्पष्ट रूप से प्रकाशित होती हुई किरण रूप केसर से युक्त सूर्यबिम्ब रूप विशाल कर्णिक (बीजकोश) वाला तथा आपस में मिली हुई आठ दिशाओं रूपी दल = पंखुड़ियों के समूह से युक्त मुख (रात्रि के प्रारम्भ) होने से अन्धकार रूपी भ्रमरसमूह से सुशोभित निरुद्ध दिवस रूपी कमल सिकुड़ गया, बन्द हो गया, अर्थात् सूर्य अस्त हो गया।

इस पद्य में 'स्पष्टोच्छ्वसत्किरण–केसर–सूर्य–बिम्बविस्तीर्णकर्णिकम्' तथा 'दिग्दलकलाप' इन पदों में एक साथ रूपक तथा अनुप्रास ये दोनों (अर्थालंकार तथा शब्दालंकार) समाविष्ट हैं। [तब संसृष्टि से इसका भेद कहाँ होगा?] जहाँ एक ही श्लोक में पदभेद से शब्दालंकार तथा अर्थालंकार की सत्ता रहती है उसमें उन दोनों की संसृष्टि मानी जाती है। किन्तु इस प्रस्तुत पद्य में तो एकवाचकानुप्रवेश संकर ही है।

[१]सत्पुष्करद्योतितरम्यशोभिन्यमन्दमारब्धमृदङ्गवाद्ये ।
उद्यानवापीपयसीव यस्यामेणीदृशो नाट्यगृहे रमन्ते ॥३३४॥

अत्र नाट्यगृहवापीपयसोस्सत्पुष्करे'त्यादिविशेषणे शब्दसाम्यं श्लेषः । 'अमन्दमारब्धे'त्यादिविशेषणेऽर्थसाम्यमुपमा । तदुभयमेकस्मिन्निवशब्दे अनुप्रविष्टमिति ।

तदपि न मन्यामहे । 'सत्पुष्करे'त्यादिविशेषणेऽपि श्लेष-

अत्र नाट्यगृहेति । सद्भिः पुष्करैः कमलैरित्यादिरूपेणार्थद्वयप्रतीत्या शब्दसाम्यं द्वितीयविशेषणे अर्थसाम्यं चेत्युभयमिवशब्दे वाच्यत्वेनानुप्रविष्टमित्येवमेकवाच-

विमर्श — इस पद्य में "किरणकेसर" सूर्यबिम्बविस्तीर्णकर्णिक' तथा 'दिग्दलकलाप' इनमें अनुप्रास तथा रूपक का एकपदानुप्रवेश संकर है । यहाँ तीन समास वाले पदों में प्रत्येक में उक्त दोनों अलंकार हैं । ककार, दकार तथा लकार की आवृत्ति होने से अनुप्रास = छेकानुप्रास है। 'किरणरूपीकेसर' 'सूर्यमण्डलरूपी विस्तीर्ण कर्णिका= बीजकोश' 'दिशा रूपी दलकलाप = दलसमूह' ये तीन रूपक हैं । ये दोनों अलंकार समास वाले एक एक = तीन पदों से प्रतीत होते हैं अतः 'एकवाचकानुप्रवेश संकर' है । यहाँ ध्यान रखना आवश्यक है कि यदि एक ही श्लोक में अलग-अलग पदों से शब्दालंकार तथा अर्थालंकार की प्रतीति होती है तो वहाँ 'संसृष्टि' ही माननी चाहिये ।

अलंकारसर्वस्वकार का मत —

[रुय्यक ने दो अर्थालंकारों का संकर भी एकवाचकानुप्रवेश संकर माना है—] अलंकार - सर्वस्वकाररुय्यक ने तो 'एक वाचक (पद) में दो वाच्य अर्थालंकारों का अनुप्रवेश स्वारसिक = उचित माना है क्योंकि वाचक अर्थात् पद (शब्द) तो वाच्य अर्थात् अर्थ का प्रतियोगी = सम्बन्धी होता है, ऐसा मानकर दो अर्थालंकारों का भी एकवाचकानुप्रवेश संकर का उदाहरण दिया है। [भाव यह है कि वाचक और वाच्य दोनों परस्पर सम्बद्ध रहते हैं। अतः वाचक शब्द का सम्बन्धी होने के कारण वाच्य का ही अनुप्रवेश उचित होता है। अतः दोनों अर्थालंकारों में भी यह भेद मानना उचित है।]

अन्वयः — यस्याम् , एणीदृशः, अमन्दम् , आरब्धमृदङ्गवाद्ये, नाट्यगृहे, सत्पुष्कर-द्योतित-रम्य-शोभिनि, उद्यानवापीपयसि, इव, रमन्ते ॥ ३३४ ॥

जिस नगरी में हिरनियों के सदृश नयनों वाली स्त्रियाँ जोर से बजते हुये मृदङ्ग नामक वाद्य से युक्त (शोभायमान) नाट्य (अभिनय) शाला में

---

[१] "सत्पुरुष." इति प्रकाशितपाठः अलङ्कारसर्वस्व पृ. २५५ ।

भित्तिकाभेदाध्यवसायरूपातिशयोक्तिलभ्यस्य धर्मसाम्यस्यैव तत्रैव-

कानुप्रवेश इति भावः । श्लेषभित्तिकेति । श्लेषलब्धार्थद्वयस्य एकशब्दोपादाने नाभेदाध्यवसायस्य श्लिष्टविशेषणविन्यासे सर्वसम्प्रतिपन्नतया 'सत्पुष्करे'त्यत्रापि धर्मसाम्यस्यैव इवशब्दार्थतया शब्दसाम्यरूपश्लेषस्य इवशब्दाप्रतिपाद्यतया

उसी प्रकार रमण करती हैं जिस प्रकार उद्यान की बावड़ी के जल में रमण करती हैं जो (बावड़ी का जल) विद्यमान अथवा सुन्दर कमलों से सुशोभित तरंगों की शोभा से युक्त तथा मृदंग आदि वाद्यों की ध्वनि के समान ध्वनियुक्त है ।

इस पद्य में 'नाट्यगृह' तथा 'वापीजल' इन दोनों के लिये 'सत्पुष्करद्योतित-रम्यशोभिनि' आदि विशेषण में शब्दसाम्य = श्लेष है । तथा 'अमन्दमारब्धमृदङ्ग-वाद्ये' इस विशेषण में अर्थसाम्य = उपमा है । ये दोनों (शब्दसाम्य श्लेष तथा अर्थसाम्य उपमा) एक 'इव' शब्द में अनुप्रविष्ट हैं अर्थात् एक वाचक में ही शब्दालंकार और अर्थालंकार दोनों अनुप्रविष्ट हैं । अतः यह भी एकवाचकानुप्रवेश संकर का उदाहरण है—

विमर्श — अलंकारसर्वस्व के निर्णयसागरीय १९३९ के संस्करण में प्रस्तुत पद्य का पाठ कुछ भिन्न है—

'सत्पुरुष-द्योतितरंगशोभिनि' (पृ. २५५) । इसमें 'पुष्कर' के स्थान पर पुरुष' पाठ है। यह पाठ उचित भी लगता है। इसके अनुसार 'सत्पुरुषद्योति— तरंगशोभिनि' उत्कृष्ट पुरुषों से शोभायमान तरंगों की शोभा वाले वापीजल में — यह अर्थ किया जा सकता है। और नाट्यगृहपक्ष में 'सत्पुरुषद्योतित— रंगशोभिनि' यह विग्रह करके उत्कृष्ट कलाकार पुरुषों से शोभायमान रंगशाला की शोभा वाले नाट्य गृह में— यह अर्थ किया जा सकता है। 'पुष्कर' पाठ मानने पर 'नाट्य-गृह' पक्ष में इसका सामंजस्य कठिन है। यदि 'पुष्कर' का अर्थ ढोल आदि वाद्य मान लिया जाय जैसा कि 'पुष्करेष्वाहतेषु' यह मेघदूत ६६ श्लोक तथा 'रघुवंश १७/११ पद्य में है, तब तो नाट्य गृह पक्ष में— 'सत्पुष्कर' आदि का यह अर्थ करना चाहिये— 'सत्पुष्कर-द्योतित-रंग-शोभिनि' उत्कृष्ट ढोल आदि से अलंकृत रंगमञ्च से सुशोभित, अस्तु।

रुय्यक के अनुसार 'इव' यह एक पद ही शब्दसाम्य प्रतिपादित करता हुआ श्लेष को और अर्थसाम्य प्रतिपादित करता हुआ उपमा को सूचित करता है। इस कारण ये दोनों अलंकार इस एक 'इव' पद में ही अनुप्रविष्ट हैं। अतः यहाँ शब्दालंकार का ही एकवाचकानुप्रवेश है।

अप्पय दीक्षित का मत —

[अप्पय दीक्षित रुय्यक के उक्त वक्तव्य सं असहमति दिखाते हैं —] उपर्युक्त

शब्दप्रतिपाद्यतया शब्दसाम्यस्य तदप्रतिपाद्यत्वात्। श्लेषभित्तिकाभेदाध्यवसायेन धर्मसाम्यमतानङ्गीकारे 'अहो रागवती सन्ध्या जहाति स्वयम्बर' मित्यादिश्लिष्टविशेषणसमासोक्त्युदाहरणे विशेषणसाम्याभावेन समासोक्त्यभावप्रसङ्गात्। शब्दसाम्यस्येव-शब्दप्रतिपाद्यत्वेऽपि तस्योपमा वाचकत्वस्यैव प्राप्त्या श्लेषवाचकत्वाभावाच्च। शब्दतोऽर्थतो वा कविसम्मतसाम्यप्रतिपादने सर्वविधेऽप्युपमालङ्कारस्वीकारात्। अन्यथा—

अर्थालङ्कारयोरेकवाचकानुप्रवेशासम्भवादिति भावः। तथाविधधर्मसाम्यानङ्गीकारे 'अहो! रागवती'त्यादौ विशेषणसाम्याभावेन समासोक्तिर्न स्यादित्यत आह— **श्लेषभित्तिकेति।**

ननु, अभङ्गश्लेषे एकवृन्तगतफलद्वयन्यायेनार्थद्वयस्य एकशब्दोपादाननिबन्धनाभेदाध्यवसायसम्भवेऽपि सभङ्गश्लेषे जतुकाष्ठन्यायेन शब्दद्वयस्य संश्लिष्टतया एकशब्दोपादानाभावेनार्थद्वयाभेदाध्यवसायासम्भवात् शब्दसाम्यस्यैव तत्र वक्तव्यतया प्रकृतेऽपि तस्य उपमात्वे प्रयोजकसादृश्यरूपकतया उपमाया एव प्राप्त्या श्लेषप्रसक्त्यभावादित्यभिप्रेत्याह — **शब्दसाम्यस्येति** । तथा च तस्य इवशब्दप्रतिपाद्यत्वेऽपि न तवेष्टसिद्धिरिति भावः।

ननु, धर्मसाम्यस्यैव उपमाप्रयोजकतया 'सकलकलं पुरमेतज्जातं सम्प्रति

वक्तव्य अर्थात् यहाँ शब्दालंकार का एकवाचकानुप्रवेश संकर है — ऐसा हम नहीं मानते हैं। कारण यह है कि 'सत्पुष्कर' इत्यादि विशेषण में भी श्लेषभित्तिक = श्लेषाधारित अभेदाध्यवसायरूपा अतिशयोक्ति है। इस अतिशयोक्ति से लभ्य (प्रतीत होने वाला) धर्मगत साम्य (अर्थगत साम्य) ही 'इव' शब्द से प्रतिपादित हो रहा है शब्द साम्य तो 'इव' द्वारा प्रतिपादित नहीं हो रहा है। [कारण यह है कि 'इव' यह शब्द कभी भी शब्दों का साम्य नहीं प्रतिपादित करता है।] यदि श्लेषभित्तिक = श्लेषाधारित अभेदाध्यवसाय रूप अतिशयोक्ति से धर्म साम्य वाला मत नहीं मानेंगे तब तो कई अलंकार प्रतीत नहीं हो सकेंगे जैसे— 'अहो रागवती सन्ध्या जहाति स्वयमम्बरम्' (१) अरे यह लाल-लाल सन्ध्या आकाश को अपने आप छोड़ दे रही है। (२) अरे प्रेमपरिपूर्ण यह नायिका अपने वस्त्र स्वयं छोड़ दे रही है, उतार दे रही है— यह श्लिष्ट विशेषणों वाली समासोक्ति का उदाहरण है। इसमें विशेषण-साम्य न होने से समासोक्ति न हो सकने की समस्या आ जायेगी। [क्योंकि केवल शब्द साम्य में समासोक्ति न होकर विशेषणों के अर्थों के साम्य में ही समासोक्ति मानी जाती है। अतः जैसा धर्म साम्य= अर्थगत साम्य प्रस्तुत स्थल में मानकर समासोक्ति मानी जाती है। उसी प्रकार का

[1]यथा प्रह्लादनाच्चन्द्रः प्रतापात्तपनो यथा ।
तथैव सोऽभूदन्वर्थो राजा प्रकृतिरञ्जनात् ॥३३५॥

(रघु. ४।१२)

इत्यत्राप्युपमा न स्यात्। नह्यत्रान्वर्थनामरूपशब्दसाम्यं विना किञ्चिदर्थसाम्यं कविविवक्षितमस्ति। तस्माद्यत्रैकस्मिन्नर्थे प्रतिपाद्यमाने

सुधांशुबिम्बमिव ।' इत्यादाविव शब्दसाम्येश्लेषसम्प्रतिपत्तेरिहापि इवशब्दे उपमायाः श्लेषस्य च समावेशस्सम्भवतीत्यत आह— **शब्दतोऽर्थतो वेति** । न हि शब्दातिरिक्तार्थसाम्य एवोपमा न तु शब्दसाम्य इति नियमोऽस्ति, कविसम्मतसाम्यमात्रस्यैव उपमाप्रयोजकत्वादिति भावः। स्वयमुपसंहरन्नेकवाचकानुप्रवेशसङ्करं लक्षयति— **तस्मादिति**।

अर्थसाम्य' सत्पुष्कर' इत्यादि प्रस्तुत पद्य में भी मानना होगा।] [अभंगश्लेष आदि स्थलों में] इव शब्द से शब्द साम्य का ही यद्यपि प्रतिपादन किया जाता है तथापि वह 'इव' शब्द उपमा = सादृश्य का ही वाचक होता है अर्थात् अर्थालंकार का ही वाचक है अतः श्लेष = शब्दालंकार का वाचक नहीं है। कविसम्मत साम्य का प्रतिपादन चाहे शब्द के द्वारा हो रहा हो अथवा अर्थ के द्वारा, सभी प्रकार के साम्य में उपमा अलंकार ही माना गया है। [अतः रुय्यक द्वारा प्रस्तुत पद्य में शब्दालंकार श्लेष को महत्त्व देना परम्पराविरुद्ध भी है।] यदि सभी प्रकार के साम्य में उपमा नहीं मानी जायेगी तो निम्न पद्य में भी उपमा नहीं संभव हो सकेगी —

अन्वयः — यथा, (विश्वस्य) प्रह्लादनात् , चन्द्रः, यथा, प्रतापात् , तपनः, तथा, एव, प्रकृतिरञ्जनात् , सः, राजा, अन्वर्थः, अभूत् ॥३३५॥

(विश्व की) आनन्दित करने से जैसे चन्द्रमा अन्वर्थनामा है तथा (विश्व की) तपाने के कारण तपन = सूर्य अन्वर्थनामा है उसी प्रकार प्रकृति = प्रजा का रञ्जन (सुखसम्पादन) करने से वह (दिलीप) अन्वर्थनामा (यथार्थनामा) राजा था अर्थात् दिलीप के लिये 'राजा' यह नाम अन्वर्थ = सार्थक था।

इस पद्य में अन्वर्थ नाम रूपी शब्द साम्य को छोड़कर और कोई दूसरा अर्थ साम्य कवि का विवक्षित नहीं है। [क्योंकि चन्द्र तथा सूर्य इन शब्दों की

---

[1] चन्द्रति इति चन्द्रः, इत्यत्र 'चदिराह्लादने' इति धातोरौणाकिः, रक्प्रत्ययः। तापयति तपतीति वा तपनः, 'तप सन्तापे' इति धातोर्ल्युप्रत्ययः। रञ्जयतीति राजा इत्यत्र 'रज रञ्जने' इति धातोः कनिन् प्रत्यय।

अलंकारद्वयलक्षणयोगादलङ्कारद्वयप्रतीतिः तत्र तयोरलंकारयोरेकवाचकानुप्रवेशः। यथा—

विधुकरपरिरम्भादात्तनिष्यन्दपूर्णे-
शशिदृषदुपक्लृप्तैरालवालैस्तरूणाम् ।
विफलितजलसेकप्रक्रियागौरवेण
व्यरचि स हृतचित्तस्तत्र भैमीवनेन ॥३३६॥
(नैषध. २।१०६)

अत्र हिं प्रतिपाद्यमानोऽर्थः 'समृद्धिमद्वस्तुवर्णनमुदात्त'मिति लक्षणानुसारादुदात्तालङ्काररूपः, 'असम्बन्धे सम्बन्धकथनमतिशयोक्ति'रिति लक्षणादतिशयोक्तिरूपश्च।

उदाहरणे एकवाचकानुप्रवेशमुपपादयति— अत्र हीति । श्लोकेऽस्मिन् सम्पत्समृद्धिवर्णनादुदात्तालङ्कारः। असम्बन्धे सम्बन्धरूपातिशयोक्तिश्चालङ्कारः प्रतीयत इति एकस्मिन् श्लोके समृद्धिमद्वस्तुप्रतिपादके अलङ्कारद्वयसमावेशादेकवाचकानुप्रवेशसंकरः। लक्ष्यनाम्नि च वाचकपदं प्रतिपादकपरमिति भावः।

जैसे अन्वर्थता = यथार्थनामता है वैसी ही दिलीप के लिये 'राजा' इस शब्द की अन्वर्थता = यथार्थनामता है। इसलिये यहाँ तो शब्दों का साम्य बताना ही महाकवि कालिदास का विवक्षित है।] इस विवेचन से यह निष्कर्ष निकलता है कि जिस एक अर्थ का प्रतिपादन किये जाने पर दो अलंकारों के लक्षण संभव होने से दो अलंकार प्रतीत होने लगते हैं वहाँ उन दोनों अलंकारों का एकवाचकानुप्रवेश संकर होता है। [निष्कर्ष यह है कि केवल दो शब्दालंकारों का अथवा केवल दो अर्थालंकारों का एकवाचकानुप्रवेश संकर मानना तर्कसंगत नहीं है। किन्हीं भी दो अलंकारों की प्रतीति एक अर्थ में हो रही हो वहाँ एकवाचकानुप्रवेश संकर मानना उचित है। उदाहरणार्थ निम्न पद्य में—

अन्वयः —विधुकर–परिरम्भाद् , आत्तनिष्यन्दपूर्णैः, शशिदृषदुपक्लृप्तैः, तरूणाम्, आलवालैः, विफलित–जलसेक–प्रक्रियागौरवेण, भैमीवनेन, सः, तत्र, हृतचितः व्यरचि ॥३३६॥

[नैषधीयचरित द्वितीय सर्ग में दमयन्ती के उपवन वर्णन में यह श्लोक है। पहले उदात्त अलंकार संख्या ९५ के उदाहरण के रूप में भी यह श्लोक कहीं–कहीं उद्धृत है।] कुण्डिनपुरी में दमयन्ती के उस उपवन ने हंस को हृतचित्त (मोहितचित्त–वाला) बना दिया जिस उपवन में चन्द्रमा की किरणों के संश्लेष (सम्पर्क)

न च सर्वत्रोदात्तस्यासम्बन्धे सम्बन्धकथनरूपत्वं निर्णीतमिति न विविक्तालङ्कारद्वयलक्षणसमावेशोऽस्तीति वाच्यम्, दिव्यलोकगतसंपत्समृद्धि-वर्णनादिष्वतिशयोक्त्यस्पृष्टस्योदात्तस्य, शौर्यादार्यदारिद्र्यादिविषयातिशयोक्ति-वर्णनेषूदात्तास्पृष्टाया अतिशयोक्तेश्च परस्परविविक्ततया विश्रान्तेः।

नन्वनयोः परस्परविविक्तविषयाभावे भेदानुपपत्तेः कथमत्रालंकारयोरुक्तस्संकर इत्याशंक्य परिहरति — **न चेति।**

से निकलते हुये झरने (पानी) से परिपूर्ण, चन्द्रकान्तमणिनिर्मित, वृक्षों के आलवालों (थलहों) के द्वारा जल से सींचने की क्रिया को व्यर्थ कर दिया गया था।

इस पद्य में प्रतिपादित किये जाने वाला अर्थ 'समद्धियुक्त वस्तु का वर्णन उदात अलंकार होता है' ('उदात्तमृद्धेश्चरितं श्लाघ्यं चान्योपलक्षणम्', कारिका १६१) इस लक्षण के अनुसार उदात्त अलंकार रूप है। (क्योंकि इसमें दमयन्ती के उपवन की समृद्धि की प्रशंसा वर्णित है।) इसके साथ ही साथ 'सम्बन्ध न रहने पर भी सम्बन्ध का कथन रूप अतिशयोक्ति अलंकार होता है' (कारिका सं. ३८) इस लक्षण के अनुसार अतिशयोक्ति अलंकार भी है अर्थात् उदात्त और अतिशयोक्ति ये दो अलंकार हैं।

[यहाँ यह शंका हो सकती है कि जहाँ भी समृद्धिशाली वस्तु का वर्णन किया जाता है अर्थात् किसी का वर्णन बढ़ा चढ़ा कर किया जाता है वहाँ अतिशयोक्ति रहती ही है। अतः ऐसे स्थलों पर केवल अतिशयोक्ति ही माननी चाहिये उदात्त नहीं— यही पूर्व पक्ष लिख रहे हैं—] यह कि उदात्त अलंकार की असम्बन्ध में भी सम्बन्ध वर्णनरूपता निश्चित है— अर्थात् जहाँ-जहाँ असम्बन्ध में भी सम्बन्ध वर्णन है वहाँ उदात्त है— ऐसा तो निर्णीत है । इसलिये यहाँ अलग–अलग दो अलंकारों के लक्षणों का समावेश नहीं है— ऐसा नहीं कहना चाहिये। [भाव यह है कि असम्बन्ध में सम्बन्ध वर्णन रूप स्थल में अतिशयोक्ति और उदात्त दोनों सदैव साथ-साथ रहते हैं अलग-अलग नहीं— ऐसा पूर्व पक्ष उचित नहीं है।] कारण यह है कि दिव्य लोक = स्वर्गादि की सम्पन्नता तथा समृद्धि के वर्णन आदि में अतिशयोक्ति से अस्पृष्ट उदात्त अलंकार देखा जाता है (अर्थात् उक्त स्थलों के वर्णन में केवल उदात्त ही रहता है, अतिशयोक्ति का स्पर्श भी नहीं रहता है क्योंकि वे वर्णन यथार्थपरक होते हैं।) तथा शूरता, उदारता और दारिद्र्य आदि से सम्बद्ध अतिशयोक्ति के वर्णन में उदात्त अलंकार के

तयोश्चेहार्थवशसंपन्नसमावेशयोर्नाङ्गाङ्गिभावः, एकेनापरस्यानुत्थापनात्। स्वातन्त्र्यपारतन्त्र्यविशेषादर्शनाच्च।

नापि समप्राधान्यम्। यैश्शब्दैरिह समृद्धिमद्वस्तु प्रतिपाद्यते तैरेव तस्यैव वस्तुतोऽसम्बन्धे सम्बन्धरूपस्य प्रतिपाद्यमानतया भिन्नप्रतिपादक-शब्दव्यवस्थितार्थभेदाभावात्।

नन्वस्त्विहालंकारद्वयं तथापि नोक्तस्तयोः संकरः। अङ्गाङ्गिभावस्य समप्राधान्यस्य वोपपत्तेरित्याशंक्य क्रमेण निरस्यति— **तयोश्चेति**। उभयोरपि वाक्यार्थे प्रतीयमाने युगपदुन्मेषेण एकेनापरस्यानुत्थितेर्नाङ्गाङ्गिभाव इति भावः।

संमप्राधान्यं निरस्यति— **नापीति**। भिन्नशब्दप्रतिपाद्यार्थभेदे ह्याग्नेयादीनामिव प्राधान्यसम्भवः। न ह्यत्र भिन्नशब्दाभ्यामलंकारद्वयप्रतीतिरस्ति येन समप्राधान्यं सम्भवतीति भावः।

अत्रेदं चिन्त्यम्। समप्राधान्यसंकरमभ्युपगच्छतो भिन्नशब्दव्यवस्थितार्थभेदः समप्राधान्यप्रयोजकः आग्नेयादावुत्पत्तिविधिभेदसत्त्वेऽपि 'सप्तदशप्राजापत्यान् पशूनालभत' इत्यादौ विधिभेदावेऽपि समप्राधान्यव्यवस्थितेस्तद्वदत्रापि प्रतिपादकशब्दभेदाभावेऽपि प्राधान्यसम्भवात् । इतोऽपि न समप्राधान्यससंकरसम्भवः। एकवाचकानुप्रवेशसंकरस्य निर्विषयत्वापत्तेः तत्रानुप्रविष्टयोरलङ्कारयोरेकजातीयचमत्कारप्रयोजकतया समप्राधान्यस्यैवापपत्तेः। किं च प्रकृतोदाहरणे उदात्तातिशयोक्त्योर्न समकालोत्थितिः। असम्बन्धे सम्बन्धवर्णनस्य समृद्धिमद्वस्तुवर्णनोपजीवित्वेन तदात्मना पर्यवसानाभावात्। अतो नेदमेकवाचकानुप्रवेशसङ्करोदाहरणमिति ॥ (११७ घ.)

स्पर्श से भी रहित अतिशयोक्ति देखी जाती है इसलिये परस्पर अलग-अलग विषय में इन दोनों अलंकारों की प्रतीति देखी जाती है। [निष्कर्ष यह है कि जहाँ भी उदात्त है वहाँ अतिशयोक्ति भी है अथवा जहाँ अतिशयोक्ति है वहाँ उदात्त भी है— ऐसा सुनिश्चित नहीं है । दोनों अलग-अलग स्वतन्त्र रूप में भी रहते हैं । कहीं-कहीं दोनों का समावेश भी देखा जाता है।]

इस प्रस्तुत 'विधुकरपरिरम्भात्' पद्य में ये दोनों (उदात्त तथा अतिशयोक्ति) अलंकार अर्थवश एक साथ हैं अतः इनका परस्पर अङ्गाङ्गिभाव नहीं है, क्योंकि एक अलंकार दूसरे का उत्थापक नहीं है (अङ्गाङ्गिभाव वहीं माना जाता है जहाँ कोई एक अलंकार दूसरे अलंकार का उत्थापक देखा जाता है। उनमें एक अंगी रहता है और दूसरा अंग = सहायक। इनमें स्वतन्त्र (अंगी) होना और

नापि सन्देहसंकरः। एकालंकारकोट्यां तदन्यालंकारकोटिप्रतिक्षेपाभावात्। तस्मादिहोदातातिशयोक्त्योरेकवाचकानुप्रवेशलक्षणस्संकरः।

(११७ घ.)

११७ ङ. क्वचित्संकराणामपि संकरो दृश्यते । यथा—

संकराणामिति । संसृष्टेः सङ्करस्य च सङ्करो न सम्भवतीति निरपेक्षालङ्कारद्वयरूपायास्तस्या अङ्गत्वे अङ्गाङ्गिभावसङ्कराद्भेदानुपपत्तेः। अतस्सङ्कराणामेव सङ्करः प्रदर्श्यत इति भावः।

परतन्त्र (अंग) होना— यह भेद = विशेष भी नहीं देखा जाता है। [वाक्यार्थ प्रतीत हो जाने पर एक साथ उदात्त तथा अतिशयोक्ति इन दोनों का उन्मेष = प्रतीति होने के कारण कोई किसी का उत्थापक न होने से इनमें परस्पर अङ्गाङ्गिभाव भी नहीं है।]

यहाँ इन दोनों का समप्राधान्य संकर भी नहीं है क्योंकि जिन शब्दों से समृद्धिशाली वस्तु का प्रतिपादन किया जा रहा है उन्हीं शब्दों के द्वारा उसी वस्तु के असम्बन्ध में भी सम्बन्ध रूप का प्रतिपादन किया जाने से भिन्न-प्रतिपादन न किया जाने के कारण भिन्न प्रतिपादक शब्द और व्यवस्थित अर्थ में भेद नहीं है। [भाव यह है कि जहाँ भी अलंकारों का समप्राधान्य होता है वहाँ प्रतिपादक शब्द तथा प्रतिपाद्य अर्थ ये दोनों अलग-अलग ही होते हैं जब कि प्रस्तुत पद्य में जो शब्द समृद्धिशाली वस्तु की प्रतीति करा रहे हैं वे ही शब्द असम्बन्ध में सम्बन्ध रूप (अतिशयोक्ति) की भी प्रतीति करा रहे हैं अर्थात् यहाँ अलग-अलग शब्दों से अलग-अलग अलंकारों की प्रतीति नहीं हो रही है, अपितु समान शब्दों से ही दोनों की प्रतीति कराई जा रही है अतः समप्राधान्य का विषय नहीं माना जा सकता। वास्तव में दीक्षित का यह कथन प्रौढ़िवादमात्र है। द्रष्टव्य रसिकरञ्जनी]

इसमें सन्देहसंकर भी नहीं है क्योंकि एक अलंकार की कोटि में उससे भिन्न अलंकार की कोटि का प्रतिक्षेप (प्रवृत्ति) नहीं है। [भाव यह है कि सन्देह संकर तभी माना जाता है जब एक अलंकार की प्रतीति होते ही दूसरे अलंकार की प्रतीति भी होने लग जाय तब किसी एक के विषय में निर्णय न हो सकने से 'सन्देहसंकर' माना जाता है। यहाँ तो उदात्त तथा अतिशयोक्ति दोनों की समानरूपेण प्रतीति हो रही है, सन्देह नहीं है।] इस उपुर्यक्त विवेचन से यही निष्कर्ष है कि इस पद्य में 'उदात्त' तथा 'अतिशयोक्ति' इन दोनों अलंकारों का एकवाचकानुप्रवेश रूप संकर है।

मुक्ताः केलि–विसूत्रहार–गलितास्सम्मार्जनीभिः कृताः
प्रातः प्रांगणसीम्नि मन्थरचलद्बालाङ्घ्रिलाक्षारुणाः।
दूराद्दाडिमबीजशंकितधियः कर्षन्ति केलीशुकाः
यद्विद्वद्भवनेषु भोजनृपतेस्तत्त्यागलीलायितम्॥३३७॥

अत्र तावद्विदुषां संपत्समृद्धिवर्णनमुदात्तालंकारः । तन्मूलको 'बालांघ्रिलाक्षारुणा' इत्यत्र तद्गुणालंकारः। तत्रैव वक्ष्यमाणभ्रान्त्युपपादकः

अत्र तावदिति । तावच्छब्दः प्राथम्ये। प्रथमपादे सम्पत्समृद्धिवर्णनादुदात्तालंकारः। ततो द्वितीय पादे स्वतः शुभ्राणा मुक्तानां चरणालक्तकरसारुणिमसंक्रान्तिवर्णनात् स्वगुणत्यागपूर्वकान्यदीयगुणग्रहणवर्णनात्तद्गुणालंकारो दाडिमबीजभ्रान्तिहेतुभूतस्तेनैव भ्रान्तेस्समर्थनात्काव्यलिङ्गालंकारश्चेत्यनयोर्बालांघ्रिलाक्षारुणा इत्यत्रानु–

(११७ ङ.) संकर–संकर अलङ्कार के उदाहरण —

कहीं–कहीं संकर अलङ्कारों का एक और संकर भी होता है। [ध्यान रखना चाहिये कि — संसृष्टि और संकर का संकर नहीं होता है, संकरों का ही संकर होता है।] उदाहरण —

अन्वयः — विद्वद्भवनेषु, केलि–विसूत्र–हार–गलिताः, संमार्जनीभिः, हृताः, प्रातः, प्रांगणसीम्नि, मन्थरचलद्–बालाङ्घ्र–लाक्षारुणाः, मुक्ताः, दूराद् , दाडिमबीज–शङ्कितधियः, केलीशुकाः, यत्, कर्षन्ति, तत्, भोजनृपतेः, त्यागलीलायितम् ॥३३७॥

(कोई कवि राजा भोज की दानशीलता का वर्णन कर रहा है कि राजा भोज से सम्मान में प्राप्त विपुल सम्पत्ति वाले) विद्वानों के भवनों में सुरति–क्रीड़ा के अवसर पर (मोतियों की माला के सूत्र टूट जाने पर) विसूत्र = सूत्ररहित हार से निकलकर गिरे हुये और झाडुओं से बुहार कर (झाड़कर) इकट्ठे किये गये तथा प्रातःकाल आँगन के किनारों पर धीरे–धीरे चलती हुई बालिकाओं के चरणों के महावर (की कान्ति) से लाल–लाल दिखाई देने वाले मोतियों को, मन बहलाने के लिये पाले गये शुकों द्वारा दूर से अनार के दाने समझ कर शंकालु दृष्टि से, जो खींचा जा रहा है, उठाया जा रहा है, वह राजा भोज के दान की लीला के समान दिखाई दे रहा है अर्थात् भोजराज की दान की महिमा प्रकट की जा रही है।

इस पद्य में विद्वानों की सम्पत्ति तथा समृद्धि का वर्णन होने से 'उदात्त' अलंकार है। इसी को आधार मानकर 'बालिकाओं के चरणों के महावर से लाल–लाल रंग वाले' इसमें ' तद्गुण' अलंकार है। (तद्गुण का लक्षण है—

पदार्थहेतुककाव्यलिंगालंकारश्चेति तयोरेकवाचकानुप्रवेशसंकरः। तन्मूलकः 'शङ्कितधिय' इत्यत्र भ्रान्तिमदलंकारः। ताभ्यां चोदात्तालंकारश्चारुतां नीत इति तयोश्च तस्य चांगांगिभावेन संकरः।

